तम्हा देविंदो वि य मरणाउ ण रक्खदे को वि ॥ २८ ॥

[छाया-आयुःक्षयेण मरणम् आयुः दातुं न शक्नोति कः अपि । तस्मात् देवेन्द्रः अपि च मरणात् न रक्षति कः अपि ॥] अस्मादित्यध्याहार्यम् । आयुःक्षयेण आयुष्कर्मणः क्षयेण विनाशेन मरणं पञ्चत्वं भवेत् । कोऽपि इन्द्रो वा नरेन्द्रो वा आयुः जीवितव्यं दातुं वितरितुं न शक्नोति समर्थो न भवति । तस्मात्कारणात्, अपि च विशेषे, कोऽपि देवेन्द्रः सुरपतिर्वा मरणात् मृत्योः न रक्षति नावति ॥ २८ ॥

अप्पाणं पि[1] चवंतं[2] जइ सक्कदि [3]रक्खिदुं सुरिंदो वि ।
तो किं छंडदि[4] सग्गं सव्वुत्तम-भोय-संजुत्तं ॥ २९ ॥

[छाया-आत्मानमपि च्यवन्तं यदि शक्नोति रक्षितुं सुरेन्द्रः अपि । तत् किं त्यजति स्वर्गं सर्वोत्तमभोग-संयुक्तम् ॥] अपि च पुनः[5], यदि चेत् सुरेन्द्रोऽपि देवलोकपतिः न केवलमन्यः, आत्मानमपि, अपिशब्दात् [6]अन्यमपि च्यवन्तं स्वर्गाद्विपतितं, रक्षितुं पालयितुं शक्तः समर्थो भवति, तो तर्हि स्वर्गं देवलोकम् इन्द्रः किं कथं त्यजति मुञ्चति । कीदृशं तम् । सर्वोत्तमभोगसंयुक्तं सर्वोत्कृष्टभोग्यदेवीविमानवैक्रियादिमुकुटवास्तैः संयुक्तं सहितम् ॥ २९ ॥

वगैरह व्यन्तरोंको शरण मानकर उनकी आराधना करता है ॥ २७ ॥ **अर्थ**–आयुके क्षयसे मरण होता है, और आयु देने के लिये कोई भी समर्थ नहीं है। अतः देवोंका स्वामी इन्द्र भी मरणसे नहीं बचा सकता है ॥ **भावार्थ**–अभीतक ग्रन्थकार यही कहते आये थे, कि मरणसे कोई नहीं बचा सकता। किन्तु उसका वास्तविक कारण उन्होंने नहीं बतलाया था। यहाँ उन्होंने उसका कारण बतलाया है। उनका कहना है, कि आयुकर्मके समाप्त होजानेसे ही मरण होता है, जबतक आयुकर्म बाकी है, तबतक कोई किसीको मार नहीं सकता। अतः प्राणीका जीवन आयुकर्मके आधीन है। किन्तु आयुका दान करनेकी शक्ति किसीमें भी नहीं है; क्योंकि उसका बन्ध तो पहले भवमें स्वयं जीव ही करता है। पहले भवमें जिस गतिकी जितनी आयु बँध जाती है, आगामी भवमें उस गतिमें जन्म लेकर जीव उतने ही समयतक ठहरा रहता है। बँधी हुई आयुमें घट-बढ़ उसी भवमें हो सकती है, जिस भवमें वह बाँधी गई है। नया जन्म ले लेनेके बाद वह बढ़ तो सकती ही नहीं, घट जरूर सकती है। किन्तु घटना भी मनुष्य और तिर्यञ्चगति में ही संभव है, क्योंकि इन दोनों गतियोंमें अकालमरण हो सकता है। किन्तु देवगति और नरकगतिमें अकालमरण भी नहीं होसकता, अतः वहाँ आयु घट भी नहीं सकती। शङ्का–यदि आयु बढ़ नहीं सकती तो मनुष्योंका मृत्युके भयसे औषधी सेवन करना भी व्यर्थ है। समाधान–ऊपर बतलाया गया है, कि मनुष्यगतिमें अकाल-मरण हो सकता है। अतः औषधीका सेवन आयुको बढ़ानेके लिये नहीं किया जाता, किन्तु होसकने-वाले अकालमरणको रोकनेके लिये किया जाता है। अतः मृत्युसे कोई भी नहीं बचा सकता ॥ २८ ॥ **अर्थ**–यदि देवोंका स्वामी इन्द्र मरणसे अपनी भी रक्षा करनेमें समर्थ होता तो सबसे उत्तम भोगसा-मग्रीसे युक्त स्वर्गको क्यों छोड़ता? **भावार्थ**–दूसरोंको मृत्युसे बचानेकी तो बात ही दूर है। किन्तु

---

१ ल ग च। २ ब चवंतो। ३ ब रक्खियं, ग रक्खिदो। ४ ग छंडिदि। ५ ल अपि न पुनः। ६ ल अन्यम् किमपि च्यवन्तं।

दंसण-णाण-चरित्तं सरणं सेवेह[1] परम-सद्धाए ।
अण्णं किं पि ण सरणं संसारे संसरंताणं ॥ ३० ॥

[छाया–दर्शनज्ञानचारित्रं शरणं सेवध्वं परमश्रद्धया । अन्यत् किमपि न शरणं संसारे संसरताम् ॥] हे भव्य इत्यध्याहार्यम्, परमश्रद्धया सर्वोत्कृष्टपरिणामेन सेवस्व भजस्व । किम् । दर्शनज्ञानचारित्रं शरणं व्यवहारनिश्चय-सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रं शरणं, संसारे भवे संसरतां भ्रमतां जीवानाम् अन्यत् किमपि न शरणम् आश्रयः ॥ ३० ॥

अप्पा णं पि य सरणं खमादि-भावेहिं परिणदो[2] होदि ।
तिव्व-कसायाविट्ठो अप्पाणं हणदि अप्पेण ॥ ३१ ॥[3]

[छाया–आत्मा ननु अपि च शरणं क्षमादिभावैः परिणतः भवति । तीव्रकषायाविष्टः आत्मानं हन्ति आत्मना ॥] भवति क्षमादिभावैः उत्तमक्षमादिस्वभावैः परिणतम् एकत्वभावं गतम् आत्मानं स्वस्वरूपम्, अपि एवकारार्थे, शरणम् आश्रयः । च पुनः, तीव्रकषायाविष्टः तीव्रकषाया अनन्तानुबन्धिक्रोधादयः तैराविष्टः युक्तः हन्ति हिनस्ति । कम् आत्मानं स्वं स्वरूपम्[4] । केन । आत्मना स्वस्वरूपेण ॥ ३१ ॥

स जयतु शुभचन्द्रश्चन्द्रवत्सत्कलापः स्वमतसुमतिकीर्तिः सन्मतिः सत्पदो वः ।
प्रतपतु तपनार्तेस्तापकः स्वात्मवेत्ता हरतु भवसमुत्थां वेदनां वेदनाढ्यः ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविधविद्याधरषड्भाषाकवि-
चक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायाम्
अशरणानुप्रेक्षायां द्वितीयोऽधिकारः ॥ २ ॥

इन्द्र अपनेको भी मृत्युसे नहीं बचा सकता । यदि वह ऐसा कर सकता तो कभी भी उस स्थानको न छोड़ता, जहाँ संसारके उत्तमसे उत्तम सुख भोगनेको मिलते हैं, जिन्हें प्राप्त करनेके लिये संसारके प्राणी लालायित रहते हैं ॥ २९ ॥ **अर्थ**–हे भव्य, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र शरण हैं । परम श्रद्धाके साथ उन्हींका सेवन कर । संसारमें भ्रमण करते हुये जीवोंको इनके सिवाय अन्य कुछ भी शरण नहीं है । **भावार्थ**-संसारकी अशरणताका चित्रण करके ग्रंथकार कहते हैं, कि संसारमें यदि कोई शरण हैं तो व्यवहार और निश्चयरूप सम्यक्दर्शन, सम्यक्ज्ञान और सम्यक्चारित्र है । अतः प्रत्येक भव्यको उन्हींका सेवन करना चाहिये । जीव, अजीव आदि तत्त्वोंका श्रद्धान करना व्यवहार-सम्यक्त्व है, और व्यवहारसम्यक्त्वके द्वारा साधने योग्य वीतरागसम्यक्त्वको निश्चयसम्यक्त्व कहते हैं । आत्माके और परपदार्थोंके संशय, विपर्यय और अनध्यवसायसे रहित ज्ञानको व्यवहार-सम्यग्ज्ञान कहते हैं, और अपने स्वरूपके निर्विकल्प रूपसे जाननेको अर्थात् निर्विकल्पस्व संवेदन-ज्ञानको निश्चयज्ञान कहते हैं, अशुभ कार्योंसे निवृत्त होना और शुभकार्योंमें प्रवृत्त होना व्यवहार सम्यक्चारित्र है, और संसारके कारणोंको नष्ट करनेके लिये ज्ञानीके बहिरङ्ग और अन्तरङ्ग क्रियाओंके रोकनेको निश्चयचारित्र कहते हैं ॥ ३० ॥ **अर्थ**–आत्माको उत्तम क्षमा आदि भावोंसे युक्त करना भी शरण है । जिसकी कषाय तीव्र होती है, वह स्वयं अपना ही घात करता है ॥ **भावार्थ**–संसारके मूढ़ प्राणी शरीरको ही आत्मा समझकर उसकी रक्षाके लिये शरणकी खोजमें भटकते फिरते हैं । किन्तु

---

१ ल म स ग सेवेहि । २ ल स ग परिणदं । ३ म गाथाके अन्तमें 'असरणानुपेक्खा ॥ २ ॥' ४ ल स्वरूपम् ।

[३. संसारानुप्रेक्षा]

अथ संसारानुप्रेक्षां गाथाद्वयेन प्रथयति—

> एक्कं चयदि सरीरं अण्णं गिण्हेदि णव-णवं जीवो ।
> पुणु पुणु[1] अण्णं अण्णं गिण्हदि मुंचेदि[2] बहु-वारं ॥ ३२ ॥
> एवं जं संसरणं णाणा-देहेसु होदि[3] जीवस्स ।
> सो संसारो भण्णदि मिच्छ-कसाएहिं जुत्तस्स ॥ ३३ ॥

[छाया–एकं त्यजति शरीरमन्यत् गृह्णाति नवनवं जीवः । पुनः पुनः अन्यत् अन्यत् गृह्णाति मुञ्चति बहुवारम् ॥ एवं यत्संसरणं नानादेहेषु भवति जीवस्य । स संसारः भण्यते मिथ्याकषायैः युक्तस्य ॥] एवं पूर्वोक्तगाथाप्रकारेण, नानादेहेषु एकेन्द्रियाद्यनेकशरीरेषु जीवस्य आत्मनः यत्संसरणं परिभ्रमणं स प्रसिद्धः संसारो भवो भण्यते

आत्मा शरीरसे पृथक् वस्तु है । वह अजर और अमर है । शरीरके उत्पन्न होनेपर न वह उत्पन्न होता है और न शरीरके छूटनेपर नष्ट होता है । अतः उसके विनाशके भयसे शरणकी खोजमें भटकते फिरना और अपनेको अशरण समझकर घबराना अज्ञानता है । वास्तवमें आत्मा स्वयं ही अपना रक्षक है, और स्वयं ही अपना घातक है; क्योंकि जब हम काम क्रोध आदिके वशमें होकर दूसरोंको हानि पहुँचानेपर उतारू होते हैं; तो पहले अपनी ही हानि करते हैं; क्योंकि काम क्रोध आदि हमारी सुख और शान्तिको नष्ट कर देते हैं; तथा हमारी बुद्धिको भ्रष्ट करके हमसे ऐसे ऐसे दुष्कर्म करा डालते हैं, जिनका हमें बुरा फल भोगना पड़ता है । अतः आत्मा स्वयं ही अपना घातक है । तथा यदि हम काम क्रोध आदिको वशमें करके, उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य आदि सद्गुणोंको अपनाते हैं और अपने अन्दर कोई ऐसा विकार उत्पन्न नहीं होने देते, जो हमारी सुख-शान्तिको नष्ट करता हो, तथा हमारी बुद्धिको भ्रष्ट करके हमसे दुष्कर्म करवा डालता हो, तो हम स्वयं ही अपने रक्षक हैं । क्योंकि वैसा करनेसे हम अपनेको दुर्गतिके दुःखोंसे बचाते हैं और अपनी आत्माकी उन्नतिमें सहायक होते हैं । यह स्मरण रखना चाहिये, कि आत्माका दुर्गुणोंसे लिप्त होजाना ही उसका घात है और उसमें सद्गुणोंका विकास होना ही उसकी रक्षा है; क्योंकि आत्मा एक ऐसी वस्तु है जो न कभी मरता है और न जन्म लेता है । अतः उसके मरणकी चिन्ता ही व्यर्थ है । इसीसे ग्रन्थकारने बतलाया है, कि रत्नत्रयका शरण लेकर आत्माको उत्तम क्षमादि रूप परिणत करना ही संसारमें शरण है, वही आत्माको संसारके कष्टोंसे बचा सकता है ॥३१॥ इति अशरणानुप्रेक्षा ॥२॥ अब दो गाथाओंसे संसारअनुप्रेक्षाको कहते हैं—

अर्थ–जीव एक शरीरको छोड़ता है और दूसरे नये शरीरको ग्रहण करता है । पश्चात् उसे भी छोड़कर दूसरा नया शरीर धारण करता है । इस प्रकार अनेक बार शरीरको ग्रहण करता है और अनेक बार उसे छोड़ता है । मिथ्यात्व कषाय वगैरहसे युक्त जीवका इस प्रकार अनेक शरीरमें जो संसरण (परिभ्रमण) होता है, उसे संसार कहते हैं ॥ **भावार्थ**–तीसरी अनुप्रेक्षाका वर्णन प्रारम्भ

---

१ स पुण पुण । २ ब मुञ्चेदि । ३ ल म ग हवदि ।

कथ्यते। कर्मभूतस्य जीवस्य। मिथ्यात्वकषायैर्युक्तस्य, मिथ्यात्वं नास्तिकता कषायाः क्रोधादयस्तैः संयुक्तस्य। एवं कथम्। आत्मा त्यजति मुञ्चति। किम्। एकं शरीरं पूर्वकर्मोपात्तं शरीरम्। अन्यत् अपरं उत्तरभवसंबन्धि नवं नवं भवे भवे नूतनं नूतनं गृह्णाति अङ्गीकरोति, पुनः पुनः अन्यदन्यत् शरीरं बहुवारं गृह्णाति मुञ्चति च ॥३२-३३॥ अथ नरकगतौ महद्दुःखं गाथाषट्केनोट्टीकते—

पाव-उदयेण[1] णरए जायदि जीवो सहेदि बहु-दुक्खं।
पंच-पयारं विविहं अणोवमं[2] अण्ण-दुक्खेहिं ॥३४॥

[छाया-पापोदयेन नरके जायते जीवः सहते बहुदुःखम्। पञ्चप्रकारं विविधमनौपम्यमन्यदुःखैः॥] जायते उत्पद्यते। कः। जीवः संसारात्मा। क्व। नरके सप्तनरके। केन। पापोदयेन अशुभकर्मोदयेन। तथा चोक्तम्-'जो घायइ सत्ताइं अलियं जंपेइ परधणं हरइ। परदारं चिय वच्चइ बहुपावपरिग्गहासत्तो॥ चंडो माणी थद्धो मायावी णिट्ठुरो खरो पावो। पिसुणो संगहसीलो साहूणं णिंदओ अहमो॥ वाचल्लाकपसंगी दुट्ठो बुद्धीएँ जो कयग्घो य॥ बहुदुक्खसोगपउरे मरिउं णरयम्मि सो जाइ॥' सहते क्षमते। किम्। बहुदुःखं तीव्रतरमशर्म। कियत्प्रकारम्। पञ्चप्रकारम् असुरोदीरितादिपञ्चभेदं, विविधम् अनेकप्रकारम्, अन्यदुःखैः अन्येषां तिर्यगादीनां दुःखैरनुपमम् उपमातिक्रान्तम् ॥३४॥ अथ तान् पञ्चप्रकारान् व्याकरोति—

असुरोदीरिय-दुक्खं सारीरं माणसं तहा विविहं।
खित्तुब्भवं च तिव्वं अण्णोण्ण[3]-कयं च पंचविहं ॥३५॥

[छाया-असुरोदीरितदुःखं शारीरं मानसं तथा विविधम्। क्षेत्रोद्भवं च तीव्रम् अन्योन्यकृतं च पञ्चविधम्॥] एतत्पञ्चप्रकारं दुःखम्। एकम् असुरोदीरितदुःखम् असुरैरसुरकुमारैरुदीरितं प्रकटीकृतं तच्च तद्दुःखं च असुरोदीरितदुःखम्।

करते हुए ग्रन्थकारने पहले संसारका स्वरूप बतलाया है। बार बार जन्म लेने और मरनेको संसार कहते हैं। अर्थात्, जन्म और मरणके चक्रमें पड़कर जीवका भ्रमण करना ही संसार है। यह संसार चार गतिरूप है और उसका कारण मिथ्यात्व और कषाय हैं। मिथ्यात्व और कषायका नाश होनेपर जीवकी इस संसारसे मुक्ति होजाती है ॥ ३२-३३ ॥ अब छह गाथाओंसे चार गतियोंमेंसे पहले नरकगतिके दुःखोंका वर्णन करते हैं। **अर्थ**—पापकर्मके उदयसे यह जीव नरकमें जन्म लेता है, और वहाँ पाँच प्रकारके अनेक दुःखोंको सहता है, जिनकी उपमा अन्य गतियोंके दुःखोंसे नहीं दी जा सकती ॥ **भावार्थ**—शास्त्रमें कहा है, कि जो प्राणियोंका घात करता है, झूठ बोलता है, दूसरोंका धन हरता है, परनारियोंको बुरी निगाहसे देखता है, परिग्रहमें आसक्त रहता है, बहुत क्रोधी, मानी, कपटी और लालची होता है, कठोर वचन बोलता है, दूसरोंकी चुगली करता है, रात-दिन धनसञ्चयमें लगा रहता है, साधुओंकी निन्दा करता है, वह नीच और खोटी बुद्धिवाला है, कृतघ्नी है, और बात बातपर शोक तथा दुःख करना जिसका स्वभाव है, वह जीव मरकर नरकगतिमें जन्म लेता है। वहाँ उसे ऐसे ऐसे कष्ट सहने पड़ते हैं, जिनकी तुलना किसी अन्य गतिके कष्टोंसे नहीं की जा सकती ॥३४॥ अब दुःखके पाँच प्रकारोंको बतलाते हैं। **अर्थ**—पहला असुरकुमारोंके द्वारा दिया गया दुःख, दूसरा शारीरिक दुःख, तीसरा मानसिक दुःख, चौथा क्षेत्रसे उत्पन्न होनेवाला अनेक प्रकारका दुःख और पाँचवाँ परस्परमें दिया गया दुःख, दुःखके ये पाँच प्रकार हैं॥ **भावार्थ**—भवनवासी देवोंमें एक असुरकुमारजातिके देव होते हैं। वे बड़े कलहप्रिय होते हैं। इन्हें

१ ल म ग पाउदयेण, स पाओदएण। २ ब अणोवमं अण्ण॰। ३ ल म स ग अण्णुण्ण।

द्वितीयं शारीरं शरीरे देहे छेदनभेदनादिभवम् । तथा मानसं मनसि भवम् । विविधम् अनेकप्रकारं क्षेत्रोद्भवं भूमिस्पर्श-शीतोष्णवातवैतरणीमज्जनशाल्मलीपत्रपातकुम्भीपाकादिभवम् । च पुनः, [तीव्रं] दुःसहं सोढुमशक्यम् अन्योन्यकृतं नारकैः परस्परं शूलारोपणकुन्तखड्गच्छेदनादिकृतं निष्पादितम् । च-शब्दः समुच्चयार्थे ॥ ३५ ॥

छिज्जइ तिल-तिल-मित्तं भिंदिज्जइ तिल-तिलंतरं सयलं ।
वज्जग्गीएँ[1] कढिज्जइ णिहप्पए पूय-कुंडम्हि[2] ॥ ३६ ॥

[छाया-छिद्यते तिलतिलमात्रं भिद्यते तिलतिलान्तरं सकलम् । वज्राग्निना क्वथ्यते निधीयते पूतिकुण्डे ॥] छिद्यते खण्डीक्रियते शरीरं तिलतिलमात्र तिलतिलप्रमाणखण्डम्, भिद्यते विदार्यते सकलं तरामतिशयेन* समस्तं तिलतिलम् । पूर्वं तिलतिलमात्रं कृतं तदपि पुनः पुनः छिद्यते । कढिज्जइ क्वथ्यते पच्यते, क्वथ् निष्पाके, अस्य धातोः प्रयोगः । क्व । वज्राग्नौ वज्ररूपवैश्वानरे निक्षिप्यते प्रक्षेपः क्रियते । क्व । पूयकुण्डे ॥ ३६ ॥

इच्चेवमाइ-दुक्खं जं णरए[3] सहदि एय-समयम्हि[4] ।
तं सयलं वण्णेदुं ण सक्कदे सहस-जीहो वि ॥ ३७ ॥

दूसरोंको लड़ाने-भिड़ानेमें बड़ा आनन्द आता है। ये तीसरे नरकतक जा सकते हैं। वहाँ जाकर ये नारकियोंको अनेक तरहका कष्ट देते हैं और उन्हें लड़ने झगड़नेके लिये उकसाते हैं। एक तो वे यों ही आपसमें मारते काटते रहते हैं, उसपर इनके उकसानेसे उनका क्रोध और भी भड़क उठता है। तब वे अपनी विक्रियाशक्तिके द्वारा बनाये गये भाला तलवार आदि शस्त्रोंसे परस्परमें मार-काट करने लगते हैं। इससे उनके शरीरके टुकड़े टुकड़े होजाते हैं, किन्तु बादको वे टुकड़े पारेकी तरह आपसमें पुनः मिल जाते हैं। अनेक प्रकारकी शारीरिक वेदना होनेपर भी उनका अकालमें मरण नहीं होता। कभी कभी वे सोचते हैं, कि हम न लड़ें, किन्तु समयपर उन्हें उसका कुछ भी ध्यान नहीं रहता। इस लिये भी उनका मन बड़ा खेदखिन्न रहता है। इन दुःखोंके सिवाय उन्हें नरकके क्षेत्रके कारण भी बहुत दुःख सहना पड़ता है। क्योंकि ऊपरके नरक अत्यन्त गर्म हैं तथा पाँचवें नरकका नीचेके कुछ भाग, छट्ठे तथा सातवें नरक अत्यन्त ठंडे हैं। उनकी गर्मी और सर्दीका अनुमान इससे ही किया जा सकता है, यदि सुमेरुपर्वतके बराबर ताम्बेके एक पहाड़को गर्म नरकोंमें डाल दिया जाये तो वह क्षणभरमें पिघलकर पानीसा हो सकता है। तथा उस पिघले हुये पहाड़को यदि शीत नरकोंमें डाल दिया जाये तो वह क्षणभरमें कड़ा होकर पहलेके जैसा हो सकता है। इसके सिवाय वहाँकी घास सुईकी तरह नुकीली होती है। वृक्षोंके पत्ते तलवारकी तरह पैने होते हैं। वैतरणी नामकी नदी खून, पीव जैसी दुर्गन्धित वस्तुओंसे परिपूर्ण होती है। उसमें अनेक प्रकारके कीड़े बिलबिलाते रहते हैं। जब कोई नारकी उन वृक्षोंके नीचे विश्राम करनेके लिये पहुंचता है तो हवाके झोकेसे वृक्षके हिलते ही उसके तीक्ष्ण पत्ते नीचे गिर पड़ते हैं और विश्राम करनेवालेके शरीरमें घुस जाते हैं। वहाँसे भागकर शीतल जलकी इच्छासे वह नदीमें घुसता है, तो दुर्गन्धित पीव और कीड़ोंका कष्ट भोगना पड़ता है। इस प्रकार नरकमें पाँच प्रकारका दुःख पाया जाता है। ॥ ३५ ॥ **अर्थ**—शरीरके तिल तिल बराबर टुकड़े कर दिये जाते हैं। उन तिल तिल बराबर टुकड़ोंको भी भेदा जाता है। वज्राग्निमें पकाया जाता है। पीवके कुण्डमें फेंक दिया जाता है ॥ ३६ ॥ **अर्थ**—इस प्रकार नरकमें छेदन-भेदन आदिका जो दुःख

---

१ ब वज्जग्गिइ । २ ब कुंडंमि, स कुंडम्मि । ३ ब णिरइ । ४ ब समियंमि, म समयंमि (?) ।

[छाया–इत्येवमादिदुःखं यत् नरके सहते एकसमये । तत् सकलं वर्णयितुं न शक्नोति सहस्रजिह्वः अपि ॥] सहते क्षमते एकस्मिन् समये क्षणे । क्व । नरके रत्नप्रभादौ, यत् इत्येवमादि दुःखं पूर्वोक्तं छेदनभेदनाद्यशर्मं, तत् सकलदुःखं वर्णयितुं कथयितुं न समर्थो भवति । कः । सहस्रजिह्वः रसना यस्य स तथोक्तः । अपिशब्दात् न केवलम् एकजिह्वः ॥ ३७ ॥

सव्वं पि होदि णरए खेत्त-सहावेण दुक्खदं असुहं ।
कुविदा वि सव्व-कालं अण्णोण्णं[2] होंति[3] णेरइया[4] ॥३८॥

[छाया–सर्वमपि भवति नरके क्षेत्रस्वभावेन दुःखदमशुभम् । कुपिताः अपि सर्वकालमन्योन्यं भवन्ति नैरयिकाः ॥] नरके घर्मादिनरके क्षेत्रस्वभावेन सर्वमपि वस्तु दुःखदं दुःखानां दायकं भवति, अशुभम् अप्रशस्तम् । यत्र नारकाः सर्वकालमपि सर्वदापि अन्योन्यं परस्परं कुपिताः क्रोधाक्रान्ताः भवन्ति ॥ ३८ ॥

अण्ण-भवे जो सुयणो सो वि य णरए[5] हणेइ अइ-कुविदो ।
एवं तिव्व-विवागं बहु-कालं विसहदे दुक्खं ॥३९॥

[छाया–अन्यभवे यः सुजनः स अपि च नरके हन्यते अतिकुपितः । एवं तीव्रविपाकं बहुकालं विषहते दुःखम् ॥] यो जीवः अन्यभवे मनुष्यभवे तिर्यग्भवे वा स्वजनः स्वकीयजनः आत्मीयः, अपि च स स्वजनः नरके रत्नप्रभादौ उत्पन्नः सन् अतिकुपितः क्षेत्रस्वभावात् अतिक्रुद्धः सन् हन्ति पूर्वभवसम्बन्धिनस्तत्र जातान् हिनस्ति । एवं पूर्वोक्तप्रकारेण दुःखम् असातं बहुकालं पल्योपमादिसागरोपमादिकालं सहते क्षमते । कथंभूतं दुःखम् । तीव्रविपाकम् अनेकप्रकारेण पञ्चकोट्यष्टषष्टिलक्षनवनवतिसहस्रपञ्चशतचतुरशीतिसंख्यरोगादीनां तीव्रविपाकः उदयो यत्र तत्तथोक्तम् ॥३९॥ अथ तिर्यग्गतिं सार्धचतुर्गाथाभिः कथयति—

तत्तो णीसरिदूणं[6] जायदि तिरिएसु[7] बहु-वियप्पेसु ।
तत्थ वि पावदि दुक्खं गब्भे वि य छेयणादीयं ॥४०॥

[छाया–ततः निःसृत्य जायते तिर्यक्षु बहुविकल्पेषु । तत्रापि प्राप्नोति दुःखं गर्भे अपि च छेदनादिकम् ॥] जायते उत्पद्यते । क्व । तिर्यक्षु एकेन्द्रियविकलत्रयसंज्ञ्यसंज्ञीपञ्चेन्द्रियादिबहुविकल्पेषु । किं कृत्वा । ततः नरकेभ्यः निःसृत्य

जीव एक समयमें सहता है, उस सबका वर्णन करनेके लिये हजार जिह्वावाला भी समर्थ नहीं है ॥ **भावार्थ**–जब नरकमें एक समयमें होनेवाले दुःखोंका भी वर्णन करना शक्य नहीं है, तब जीवनभरके दुःखोंकी तो कथा ही क्या है ? ॥ ३७ ॥ **अर्थ**–नरकमें सभी वस्तुएँ दुःखको देनेवाली और अशुभ होती हैं, क्योंकि वहाँके क्षेत्रका ऐसा ही स्वभाव है । तथा नारकी सदा ही परस्परमें क्रोध करते रहते हैं ॥३८॥ **अर्थ**–पूर्वभवमें जो जीव अपना सगा-सम्बन्धी था, नरकमें वह भी अति क्रुद्ध होकर घात करता है । इस प्रकार जीव बहुत समयतक दुःखके तीव्र उदयको सहता है । [इसकी संस्कृतटीकामें ५६८९९५८४ प्रकारके रोग बतलाये हैं । अनु०] **भावार्थ**–पूर्वभवका मित्र भी नरकमें जाकर शत्रु होजाता है, इसे वहाँके क्षेत्रका और अपने अशुभ कर्मोंका ही परिणाम समझना चाहिये ॥३९॥ अब साढ़े चार गाथाओंसे तिर्यञ्चगतिका वर्णन करते हैं । **अर्थ**–नरकसे निकलकर जीव अनेक प्रकारके तिर्यञ्चोंमें जन्म लेता है । वहाँ भी गर्भज अवस्थामें भी छेदन वगैरहका दुःख पाता है ॥ **भावार्थ**–तिर्यञ्चगतिमें दो जन्म होते हैं, एक सम्मूर्छन और दूसरा गर्भ । एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय,

१ ल म ग खित्त । २ ल म स ग अण्णुण्णं । ३ [हुंति] । ४ ब णेरइया । ५ ब णरइ । ६ ल म स ग णीसरिऊंण । ७ ब तिरइसु ।

निर्गत्य, तथापि तिर्यग्गतौ गर्भे, अपिशब्दात् न केवलं गर्भे, संमूर्च्छने छेदनादिकम्, आदिशब्दात् शीतोष्णक्षुधातृषादिकम्, दुःखं प्राप्नोति लभते ॥ ४० ॥

तिरिएहिं खज्जमाणो दुट्ठ-मणुस्सेहिं हम्ममाणो वि ।

सव्वत्थ वि संतट्ठो भय[1]-दुक्खं विसहदे भीमं ॥ ४१ ॥

[छाया–तिर्यग्भिः खाद्यमानः दुष्टमनुष्यैः हन्यमानः अपि । सर्वत्र अपि सन्त्रस्तः भयदुःखं विषहते भीमम् ॥] विषहते विशेषेण क्षमते । किम् । भयदुःखं भीतिकृतमसुखं सर्वत्रापि तिर्यग्गतौ, जीव इत्यध्याहार्यम्, दुःखं भीमं रौद्रम् । कथंभूतो जीवः । तिर्यग्गतिखाद्यमानः[2] व्याघ्रसिंहवृकभल्लूकमार्जारकुक्कुरमत्स्यादिभिः भक्ष्यमाणः, अपि पुनः, हन्यमानः मार्यमाणः । कैः । दुष्टमनुष्यैः म्लेच्छभिल्लधीवरपापिष्ठैर्मानुषैः । कीदृक्षः । सर्वत्रापि प्रदेशेषु संत्रस्तः भयभीतः ॥ ४१ ॥

अण्णोण्णं[3] खज्जंता तिरिया पावंति दारुणं दुक्खं ।

माया वि जत्थ भक्खदि अ[4]ण्णो को तत्थ रक्खेदि ॥ ४२ ॥

[छाया–अन्योन्यं खादन्तः तिर्यञ्चः प्राप्नुवन्ति दारुणं दुःखम् । मातापि यत्र भक्षति अन्यः कः तत्र रक्षति ॥] तिर्यञ्चः एकेन्द्रियादयो जीवाः प्राप्नुवन्ति लभन्ते । किम् । दारुणं दुःखं रौद्रतरमसुखम् । कीदृक्षाः । अन्योन्यं खाद्यमानाः परस्परं भक्षयन्तः, यत्र तिर्यग्भवे मातापि, अपिशब्दात् अन्यापि, सर्पिणीमार्जारीप्रमुखवत् भक्षति खादति तत्र तिर्यग्भवे अन्यः परः मनुष्यादिः को रक्षति । न कोऽपि ॥ ४२ ॥

तिव्व-तिसाए[5] तिसिदो तिव्व-विभुक्खाइ भुक्खिदो संतो ।

तिव्वं पावदि दुक्खं उयर[6]-हुयासेण[7] डज्झंतो ॥ ४३ ॥

[छाया–तीव्रतृषया तृषितः तीव्रबुभुक्षया बुभुक्षितः सन् । तीव्रं प्राप्नोति दुःखम् उदरहुताशेन दह्यमानः ॥] प्राप्नोति लभते । किम् । तीव्रं दुःखम् । कः । तिर्यग्जीवः इत्यध्याहार्यम् । कीदृक्षः सन् । तृषितः तृषाकान्तः सन् ।

चतुरिन्द्रिय वगैरहके सम्मूर्छन जन्म होता है और पञ्चेन्द्रियोंके सम्मूर्छन और गर्भ दोनों जन्म होते हैं। दोनों ही प्रकारके तिर्यञ्चोंको छेदन-भेदनका दुःख सहना पड़ता है। अपि शब्दसे ग्रन्थकारने यही बात प्रकट की है ॥ ४० ॥ **अर्थ**–अन्य तिर्यञ्च उसे खा डालते हैं। दुष्ट मनुष्य उसे मार डालते हैं। अतः सब जगहसे भयभीत हुआ प्राणी भयके भयानक दुःखको सहता है ॥ **भावार्थ**–तिर्यञ्चगतिमें भी जीवको अनेक कष्टोंका सामना करना पड़ता है। सबसे प्रथम उसे उससे बलवान व्याघ्र, सिंह, भालू, बिलाव, कुत्ता, मगर-मच्छ वगैरह हिंस्र जन्तु ही खा डालते हैं। यदि किसी प्रकार उनसे बच जाता है, तो म्लेच्छ, भील, धीवर आदि हिंसक मनुष्य उसे मार डालते हैं। अतः बेचारा रात-दिन भयका मारा मरा जाता है ॥ ४१ ॥ **अर्थ**–तिर्यञ्च परस्परमें ही एक दूसरेको खाजाते हैं, अतः दारुण दुःख पाते हैं। जहाँ माता ही भक्षक है, वहाँ दूसरा कौन रक्षा कर सकता है ॥ **भावार्थ**–'जीव जीवका भक्षक है' यह कहावत तिर्यञ्चजातिमें अक्षरशः घटित होती है। क्योंकि पृथ्वीपर वनराज सिंह वनवासी पशुओंसे अपनी भूख मिटाता है, आकाशमें गिद्ध चील वगैरह उड़ते हुये पक्षियोंको झपटकर पकड़ लेते हैं, जलमें बड़े बड़े मच्छ छोटी-मोटी मछलियोंको अपने पेटमें रख लेते हैं। अधिक क्या, सर्पिणी, बिल्ली वगैरह अपने बच्चोंको ही खा डालती हैं। अतः पशुगतिमें यह एक बड़ा भारी दुःख है ॥ ४२ ॥ **अर्थ**–तिर्यञ्च जीव तीव्र प्याससे प्यासा होकर और तीव्र भूखसे भूखा होकर पेटकी आगसे जलता हुआ बड़ा कष्ट पाता है ॥ **भावार्थ**–तिर्यञ्चगतिमें भूख

---

१ म भयचक्कं । २ [तिर्यग्भिः खाद्यमानः] । ३ ल म स ग अण्णुण्णं । ४ ग भिक्खदि यण्णो । ५ ब तिसाइ । ६ ग उयर । ७ ल म स ग हुयासेहिं ।

कया। तीव्रतृषया अतिदुःसहपिपासया। पुनः कीदृक्षः। तीव्रबुभुक्षाविबुभुक्षितः तीव्रतरक्षुधाग्निभिः क्षुधाक्रान्तः। पुनः कीदृक्षः। दहन् ज्वाल्यमानः। कैः। उदरहुताशैः जठरवैश्वानरैः ॥४३॥

एवं बहु-प्पयारं दुक्खं विसहेवि तिरिय-जोणीसु।
तत्तो णीसरिदूणं लद्धि-अपुण्णो णरो होदि ॥४४॥

[छाया-एवं बहुप्रकारं दुःखं विषहते तिर्यग्योनिषु। ततः निःसृत्य लब्ध्यपूर्णः नरः भवति ॥] तिर्यग्योनिषु विषहते क्षमते। किम्। दुःखम्। कीदृशं दुःखम्। एवं पूर्वोक्तप्रकारेण बहुप्रकारम् अनेकभेदभिन्नम्। नरः मनुष्यो भवति लब्ध्यपूर्णः लब्ध्यपर्याप्तकः, लब्धिः प्राप्तिः अपूर्णस्य अपर्याप्तिनामकर्मः यस्य स तथोक्तः। किं कृत्वा। ततः तिर्यग्भ्यः निःसृत्य निर्गत्य ॥ ४४ ॥

अह गब्भे वि य जायदि तत्थ वि णिवडीकयंग-पच्चंगो[4]।
विसहदि तिव्वं दुक्खं णिग्गमभाणो[5] वि जोणीदो ॥४५॥

[छाया-अथ च गर्भेऽपि च जायते तत्रापि निबिडीकृताङ्गप्रत्यङ्गः। विषहते तीव्रं दुःखं निर्गच्छन् अपि योनितः ॥] अथ अथवा जायते उत्पद्यते। क्व। गर्भे स्त्रीणामुदरे, तत्रापि गर्भेऽपि तीव्रं घोरं दुःखं विषहते क्षमते। कीदृक्षः सन्। निबिडीकृतानि संकुचितानि अङ्गानि नलकबाहुशिरःपृष्ठिनितम्बोरांसि। शेषाणि अङ्गुलीनासिकादीनि प्रत्यङ्गानि यस्य स तथोक्तः, अपि पुनः, निर्गममानः निस्सरन्। कुतः। जन्मकाले योनितः स्त्रीभगात् ॥ ४५ ॥

बालो वि पियर-चत्तो पर-उच्छिट्ठेण[7] वड्ढदे दुहिदो।
एवं जायण-सीलो गमेदि कालं महादुक्खं ॥४६॥

[छाया-बालोऽपि पितृत्यक्तः परोच्छिष्टेन वर्धते दुःखितः। एवं याचनशीलः गमयति कालं महादुःखम् ॥] बालोऽपि शिशुरपि दुःखितः दुःखाक्रान्तः वर्धते वृद्धिं याति। केन। परोच्छिष्टेन परभुक्तमुक्तान्नेन। कीदृक्षः सन्।

और प्यासकी असह्य वेदना सहनी पड़ती है। जो पशु पालतू होते हैं, उन्हें तो कुछ दाना पानी मिल भी जाता है, किन्तु जो पालतू नहीं होते, उन बेचारोंकी तो बुरी हालत होती है, वे खानेकी खोजमें इधर उधर भटकते हैं, और जहाँ किसीके चारेपर मुँह मारते हैं, वहीं उन्हें मार खानी पड़ती है ॥४३॥ अब तिर्यञ्चगतिके दुःखोंका उपसंहार करते हुए साढ़े सोलह गाथाओंसे मनुष्यगतिका वर्णन करते हैं- **अर्थ**-इस प्रकार तिर्यञ्चयोनिमें जीव अनेक प्रकारके दुःख सहता है। वहाँसे निकलकर लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्य होता है। [स्त्रियोंके काँख वगैरह प्रदेशोंमें ये मनुष्य नामके प्राणी उत्पन्न होजाते हैं। इनका सम्मूर्छन जन्म होता है। तथा शरीर पर्याप्तिपूर्ण होनेसे पहले ही अन्तर्मुहूर्तकालतक जीवित रहकर मर जाते हैं। अनु०] **अर्थ**-अथवा यदि गर्भमें भी उत्पन्न होता है तो वहाँ भी शरीरके अङ्ग-उपाङ्ग संकुचित रहते हैं, तथा योनिसे निकलते हुए भी तीव्र दुःख सहना पड़ता है॥ **भावार्थ**-तिर्यञ्चयोनिसे निकलकर लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्यपर्यायमें जन्म लेनेका कोई नियम नहीं है। यही इस गाथामें 'अह' पदसे सूचित किया गया है। यदि लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्य न होकर गर्भज मनुष्य होता है तो गर्भमें भी नौमास तक हाथ, पैर, सिर, अंगुली, नाक वगैरह अङ्ग-प्रत्यङ्गोंको समेटकर रहना पड़ता है, और जब बाहर आता है तो संकुचित द्वारसे बाहर निकलते समय बड़ी वेदना सहनी पड़ती है॥ ४५॥ **अर्थ**-बाल अवस्थामें ही यदि माता-पिता छोड़कर मर जाते हैं या विदेश चले जाते हैं, तो दुःखी होता हुआ दूसरोंके उच्छिष्ट

---

१ ग तीव्र विभुक्षादि। २ ल म स ग णीसरिऊणं। ३ ग लद्धिअपुण्णो। ४ ब सव्वंगो। ५ ब णिग्गममाणो। ६ ग निवडी°। ७ ब उच्छट्ठेण।

पितृत्यक्तः पापवशात् मातृपितृभ्यां मृतिवशात् देशान्तरादिगमनेन वा त्यक्तः मुक्तः, एवमुक्तप्रकारेण महादुःखं महाकष्टं यथा भवति तथा कालं समयं गमयति नयति । कीदृक्षः सन् । याच्याशीलः परपुरुषेभ्यः याच्यां कर्तुं स्वभावः ॥ ४६ ॥

पावेण जणो एसो दुक्कम्म-वसेण जायदे सव्वो ।
पुणरवि करेदि पावं ण य पुण्णं को वि अज्जेदि ॥४७॥

[छाया-पापेन जनः एष दुष्कर्मवशेन जायते सर्वः । पुनरपि करोति पापं न च पुण्यं कोऽपि अर्जयति ॥] जायते उत्पद्यते सर्वः समस्तः एष प्रत्यक्षीभूतः जनो लोकः । केन । पापेन अशुभेन । कीदृक्षेण । [दुष्कर्मवशेन] दुष्कर्माणि द्व्यशीतिप्रकृतयः तेषां वशम् अधीनं यत् तत् तेन, पुनरपि मुहुर्मुहुः पापं दुरितं हिंसादिकं करोति विदधाति, च पुनः, कोऽपि पुमान् पुण्यं दानपूजातपश्चरणध्यानादिलक्षणं न अर्जयति नोपार्जयति ॥ ४७ ॥

विरलो[1] अज्जदि[2] पुण्णं सम्मादिट्ठी[3] वएहिं संजुत्तो ।
उवसम-भावे सहिदो णिंदण-गरहाहिं संजुत्तो[4] ॥४८॥

[छाया-विरलः अर्जयति पुण्यं सम्यग्दृष्टिः व्रतैः संयुक्तः । उपशमभावेन सहितः निन्दनगर्हाभ्यां संयुक्तः ॥] विरलः स्वल्पो जनः पुण्यं द्वाचत्वारिंशत्प्रकृतिभेदभिन्नं प्रशस्तं कर्म अर्जयति उपार्जयति संचिनोति । कीदृक्षः सन् । सम्यग्दृष्टिः उपशमवेदकक्षायिकसम्यक्त्वयुक्तः । पुनः कीदृक् । व्रतैः द्वादशप्रकारैः पञ्चमहाव्रतैर्वा संयुक्तः सहितः, उपशमस्वभावेन उत्तमक्षमादिलक्षणेन सहितः परिणतः । पुनरपि कीदृक्षः । निन्दनेत्यादि निन्दनम् आत्मकृतदुष्कर्मणः स्वयंप्रकाशनं गर्हणं गुरुसाक्षिकात्मदोषप्रकाशनं ताभ्यां संयुक्तः ॥ ४८ ॥

अन्नसे बड़ा होता है, और इस तरह भिखारी बनकर बड़े दुःखसे समय बिताता है । **भावार्थ**–गर्भ और प्रसवकी वेदना सहकर जिस किसी तरह बाहर आता है । किन्तु यदि बाल्यकालमें ही माता-पिताका बिछोह हो जाता है तो दूसरोंका जूठा अन्न खाकर पेट भरना पड़ता है ॥४६॥ **अर्थ**–ये सभी जन बुरे कामोंसे उपार्जित पापकर्मके उदयसे जन्म लेते हैं, किन्तु फिर भी पाप ही करते हैं । पुण्यका उपार्जन कोई भी नहीं करता ॥ [आठ कर्मोंकी उत्तरप्रकृतियोंमेंसे ८२ पापप्रकृतियाँ होती हैं और ४२ पुण्यप्रकृतियाँ होती हैं । इनके नाम जाननेके लिये देखो गोम्मटसार कर्मकाण्ड-गाथा ४१-४४ ।[अनु०] **भावार्थ**-संसारके जीव रात-दिन पापके कामोंमें ही लगे रहते हैं । अतः पापकर्मका ही बन्ध करते हैं । इस पापकर्मके कारण उन्हें पुनः जन्म लेना पड़ता है । किन्तु पुनः जन्म लेकर भी वे पापके ही सञ्चयमें लगे रहते हैं । उनका समस्त जीवन खाने कमाने और इन्द्रियोंकी दासता करनेमें ही बीत जाता है । कोई भी भला आदमी दान, पूजा, तपस्या वगैरह शुभ कामोंके करनेमें अपने मनको नहीं लगाता है ॥४७॥ **अर्थ**–सम्यग्दृष्टि, व्रती, उपशमभावसे युक्त तथा अपनी निन्दा और गर्हा करनेवाले बिरले जन ही पुण्यकर्मका उपार्जन करते हैं ॥ **भावार्थ**–जीव अजीव आदि सात तत्वोंके श्रद्धानको सम्यक्दर्शन कहते हैं । यह सम्यग्दर्शन तीन प्रकारका होता है–औपशमिक, क्षायिक, और क्षायोपशमिक । मिथ्यात्व, सम्यक्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व तथा अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ, इन सात कर्मप्रकृतियोंके उपशमसे जो सम्यग्दर्शन होता है उसे औपशमिक सम्यग्दर्शन कहते हैं । इन सातोंके क्षयसे जो सम्यग्दर्शन होता है उसे क्षायिक कहते हैं । तथा देशघातिसम्यक्त्वप्रकृतिका उदय रहते हुए मिथ्यात्व सम्यक्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्क प्रकृतियोंके

---

१ ब म बिरला । २ ब अज्जहि । ३ ब सम्माइट्ठी । ४ ब संयुत्ता ।

पुण्ण-जुवस्स वि दीसदि[1] इट्ठ-विओयं अणिट्ठ-संजोयं।
भरहो वि साहिमाणो परिज्जिओ लहुय-भाएण ॥ ४९ ॥

[छाया-पुण्ययुतस्यापि दृश्यते इष्टवियोग अनिष्टसंयोगः। भरतोऽपि साभिमानः पराजितः लघुकभ्राता ॥] दृश्यते ईक्ष्यते [ईक्षते ?]। कम्। इष्टवियोगम् इष्टानां धनधान्यपुत्रकलत्रपौत्रमित्रादीनां वियोगः विप्रयोगः तम् अनिष्टसंयोगं च अनिष्टानाम् अहिकण्टकशत्रुप्रमुखानां संयोगः मेलापकः तम्। कस्य। पुण्ययुतस्य शुभप्रकृतिविपाकसहितस्य, अपिशब्दात् न केवलम् अपुण्ययुतस्य, इष्टोऽपि अनिष्टतामेति। तत्र कथा कथयति। भरतोऽपि श्रीमदादिदेवपुत्रोऽपि प्रथमचक्रवर्त्यपि साभिमानः सन् सगर्वः सन् पराजितः पराजयं नीतः। केन। लघुकभ्राता अनुजेन श्रीबाहुबलिना ॥४९॥

सर्वघाती स्पर्द्धकोंके उदयाभावी क्षय और सदवस्थारूप उपशमसे जो सम्यग्दर्शन होता है, उसे क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन कहते हैं। जिसके तीनोंमेंसे कोई भी एक सम्यक्त्व होता है, उसे सम्यग्दृष्टि कहते हैं। गोम्मटसार जीवकाण्डमें सम्यग्दृष्टिका स्वरूप बतलाते हुए लिखा है-"णो इंदियेसु विरदो णो जीवे थावरे तसे वा पि। जो सद्दहदि जिणुत्तं सम्माइट्ठी अविरदो सो ॥ २९ ॥"अर्थात्, जो न तो इन्द्रियोंके विषयोंसे विरत है, न त्रस अथवा स्थावर जीवकी हिंसासे ही विरत है। किन्तु जो जिन-भगवानके वचनोंपर श्रद्धान करता है, वह अविरतसम्यग्दृष्टि है। जो सम्यग्दृष्टि व्रतसे युक्त होता है, उसे व्रती कहते हैं। व्रती दो प्रकार के होते हैं-एक अणुव्रती श्रावक और दूसरे महाव्रती मुनि। श्रावकके १२ व्रत होते हैं-[इन व्रतोंका स्वरूप जाननेके लिये देखो सर्वार्थसिद्धिका ७वाँ अध्याय अथवा रत्नकरंडश्रावकाचारका ३, ४, ५ वाँ परिच्छेद। अनु०।] पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत। तथा महाव्रती मुनिके पाँच महाव्रत होते हैं-अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह। इन्हीं पाँच महाव्रतोंके एकदेश पालन करनेको अणुव्रत कहते हैं। अपने किये हुए पापोंके स्वयं प्रकट करनेको निन्दा कहते हैं, और गुरुकी साक्षीपूर्वक अपने दोषोंके प्रकट करनेको गर्हा कहते हैं। कषायोंके मन्द होनेसे उत्तम क्षमा आदि रूप जो परिणाम होते हैं, उन्हें उपशम भाव कहते हैं। इन सम्यक्त्व, व्रत, निन्दा, गर्हा, आदि भावोंसे पुण्यकर्मका बन्ध होता है। किन्तु उनकी ओर विरले ही मनुष्योंकी प्रवृत्ति होती है। अतः विरले ही मनुष्य पुण्यकर्मका बन्ध करते हैं ॥ ४८ ॥ **अर्थ**-पुण्यात्मा जीवके भी इष्टका वियोग और अनिष्टका संयोग देखा जाता है। अभिमानी भरत चक्रवर्तीको भी अपने लघुभ्राता बाहुबलिके द्वारा पराजित होना पड़ा ॥ **भावार्थ**-पहली गाथाओंमें पापकर्मसे पुण्यकर्मको उत्तम बतलाकर पुण्यकर्मकी ओर लोगोंकी प्रवृत्ति न होनेकी शिकायत की थी। किन्तु इसमें कोई यह न समझे कि पुण्यात्मा जीवोंको सुख ही सुख मिलता है। जिन जीवोंके पुण्यकर्मका उदय है, वे भी संसारमें दुःखी देखे जाते हैं। उन्हें भी अपने धन, धान्य, स्त्री, पुत्र, पौत्र, मित्र वगैरह इष्ट वस्तुओंका वियोग सहना पड़ता है, और सर्प, कण्टक, शत्रु वगैरह अनिष्ट वस्तुओंका संयोग होजानेपर उन्हें दूर करनेके लिये रात-दिन चिन्ता करनी पड़ती है। अतः यह नहीं समझना चाहिये कि जिनके पुण्यकर्मका उदय है, वे सब सुखी ही हैं। देखो, भगवान आदिनाथके बड़े पुत्र सम्राट् भरतको अपने ही छोटे भाई

---

१ ल म स ग दीसइ।

सयलट्ठ-विसय-जोओ[1] बहु-पुण्णस्स वि ण सव्वहा[2] होदि ।
तं पुण्णं पि ण कस्स वि सव्वं [3]जेणिच्छिदं लहदि ॥ ५० ॥

[छाया-सकलार्थविषययोगः बहुपुण्यस्यापि न सर्वथा भवति । तत्पुण्यमपि न कस्यापि सर्वं येनेप्सितं लभते ॥] भवति सर्वतः साकल्येन, न इति निषेधे । कः । सकलार्थविषययोगः, अर्था धनधान्यादिदशधा विषयाः पञ्चेन्द्रियगोचराः सकलाः सर्वे च ते च अर्थविषयाश्च सकलार्थविषयाः तेषां योगः संयोगः । कस्य । बहुपुण्यस्य प्रचुरपुण्यस्य, अपिशब्दात् न केवलं स्वल्पपुण्यस्य अपुण्यस्य च, कस्यापि प्राणिनः तत्पुण्यं न विद्यते येन पुण्येन सर्वं समस्तम् ईप्सितं वाञ्छितं वस्तु लभते प्राप्नोति ॥ ५० ॥ अथात्र संसारे[4] मनुष्याणां सर्वेषामपीदुर्लभत्वं गाथादशकेनाह-

कस्स वि णत्थि कलत्तं अहव कलत्तं ण पुत्त-संपत्ती ।
अह तेसिं संपत्ती तह वि सरोओ[5] हवे देहो ॥ ५१ ॥

[छाया-कस्यापि नास्ति कलत्रं अथवा कलत्रं न पुत्रसंप्राप्तिः । अथ तेषां संप्राप्तिः तथापि सरोगः भवेत् देहः ॥] कस्यापि मनुष्यस्य कलत्रं भार्या नास्ति न विद्यते, अथवा कलत्रं चेत् तर्हि पुत्रसंपत्तिः पुत्राणां प्राप्तिर्न विद्यते, अथवा तेषां पुत्राणां प्राप्तिश्चेत् तथापि देहः शरीरं सरोगः श्वासोच्छ्वासभगंदरकुष्ठोदरकुष्ठादिव्याधिभिर्भवेत् ॥ ५१ ॥

अह[6] णीरोओ[7] देहो तो धण-धण्णाण णेय[8] संपत्ती ।
अह धण-धण्णं होदि हु तो मरणं झत्ति ढुक्केदि[9] ॥ ५२ ॥

[छाया-अथ नीरोगः देहः तत् धनधान्यानां नैव संप्राप्तिः । अथ धनधान्यं भवति खलु तत् मरणं झगिति ढौकते ॥] अथ अथवा देहः शरीरं नीरोगः रोगरहितः तो तर्हि धनधान्यानां संपत्तिर्नैव, अथवा धनधान्यानां संपत्तिर्भवति चेत् तर्हि, हु स्फुटं, झगिति बालकुमारयौवनावस्थादिषु मरणं मृत्युं ढौकते प्राप्नोति ॥ ५२ ॥

बाहुबलीसे पराजित होना पड़ा और उनका सब अभिमान धूलमें मिल गया [इनकी कथाके लिये आदिपुराण सर्ग ३५-३६ देखना चाहिये । अनु०] ॥ ४९ ॥ **अर्थ-**बहुत पुण्यशालीको भी सकल धन, धान्य, आदि पदार्थ तथा भोग पूरी तरहसे प्राप्त नहीं होते हैं। किसीके भी ऐसा पुण्य ही नहीं है, जिससे सभी इच्छित वस्तुयें प्राप्त हो सकें ॥ **भावार्थ-**पूर्वोक्त शुभ-कार्योंमें प्रवृत्ति करनेसे पुण्यकर्मका बन्ध होता है, यह पहले कहा है। किन्तु प्रवृत्तिपरक मनुष्यमें वे बुराईयाँ वर्तमान रहती हैं, जिनसे पापकर्मका बन्ध होता है। अतः शुभ कार्योंमें प्रवृत्ति करते हुये भी कुछ न कुछ पापकर्म भी बँधते ही रहते हैं। फलतः जबतक जीवके साथ घातिकर्म लगे हुये हैं, तबतक पुण्यप्रकृतियोंके साथ पापप्रकृतियाँ भी बँधती ही रहती हैं, अतः ऐसा कोई क्षण ही नहीं होता जिसमें पुण्य ही पुण्यकर्मका बन्ध होता हो, इसलिए पुण्यात्मासे पुण्यात्मा जीवके साथ भी पापकर्म लगे ही रहते हैं और उनके कारण महापुण्यशाली जीवको भी संसारके सभी इच्छित पदार्थ प्राप्त नहीं हो सकते ॥ ५० ॥ **अर्थ-**किसी मनुष्यके तो स्त्री नहीं है, किसीके स्त्री है तो उसके पुत्र नहीं होता है, किसीके पुत्र भी हुआ तो शरीर रोगी रहता है ॥ ५१ ॥ **अर्थ-**किसीका शरीर नीरोग हुआ तो धन धान्य सम्पदा नहीं होती। किसीके धन धान्य भी हुआ तो उसकी मृत्यु शीघ्र हो जाती है ॥५२॥

---

१ ब सयलिट्ठ विसंजोउ । २ ल स ग सव्वदो, म सव्वदा । ३ ब जो णिच्छिदं । ४ ल संसारि । ५ ब स सरोवो । ६ म अहवणी । ७ ब निरोओ । ८ ब णेव । ९ ल म स ग दुक्केइ ।

कस्स वि दुट्ठ-कलत्तं[1] कस्स वि दुव्वसण-वसणिओ पुत्तो ।
कस्स वि अरि-सम-बंधु कस्स वि दुहिदा वि दुच्चरिया[2] ॥ ५३ ॥

[छाया-कस्यापि दुष्टकलत्रं कस्यापि दुर्व्यसनव्यसनिकः पुत्रः । कस्यापि अरिसमबन्धु कस्यापि दुहितापि दुश्चरिता ॥] कस्यापि नरस्य दुष्टं कलत्रं दुष्टं दुःशीलं दुश्चरित्रं मनोवचनकायकुटिलं तथा तत् कलत्रं च दुष्टकलत्रं दुराचारिणी भार्या । कस्यापि नरस्यापि पुत्रः अङ्गजः दुर्व्यसनव्यसनिकः दुर्व्यसनेन द्यूतपलमद्यपण्याङ्गनापरवधूस्तेयमृगयाभिधानेन व्यसनिकः व्यसनयुक्तः । कस्यापि अरिसमबन्धुः शत्रुसदृशबन्धुजनः कुटुम्बवर्गः । कस्यापि दुहितापि सुतापि दुश्चरित्रा दुःशीला दुराचारिणी ॥ ५३ ॥

मरदि सुपुत्तो कस्स वि[3] कस्स वि महिला विणस्सदे[4] इट्ठा ।
कस्स वि अग्गि-पलित्तं गिहं कुडंबं च डज्झेइ ॥ ५४ ॥

[छाया-म्रियते सुपुत्रः कस्यापि कस्यापि महिला विनश्यति इष्टा । कस्यापि अग्निप्रदीप्तं गृहं कुटुम्बं च दह्यते ॥] कस्यापि म्रियते विनश्यति सुपुत्रः त्रिवर्गसाधनस्तनुजः । कस्यापि नरस्यापि महिला भार्या इष्टा वल्लभा विनश्यति म्रियते । कस्यापि गृहं कुटुम्बं च बन्धुवर्गः दह्यते दाहं प्राप्नोति । कीदृक्षम् । अग्निप्रक्षिप्तम् अग्निना परीतं व्याप्तम् अग्निज्वालितमित्यर्थः ॥ ५४ ॥

एवं मणुय-गदीए णाणा-दुक्खाइं विसहमाणो वि ।
ण वि धम्मे कुणदि मइं आरंभं णेय परिचयइ ॥ ५५ ॥

[छाया-एवं मनुजगतौ नानादुःखानि विषहमाणः अपि । नापि धर्मे करोति मतिम् आरम्भं नैव परित्यजति ॥] एवं पूर्वोक्तप्रकारेण मनुष्यगत्यां धर्मे वृषे पुमान् मतिं बुद्धिं नापि कुरुते । नैव परित्यजति नैव परिहरति । कम् । आरम्भं गृहव्यापारजं प्रारम्भम् । कीदृशः सन् । नानादुःखानि अनेकक्षुधातृषायोगवियोगभवानि अशर्माणि विषहमाणः क्षममाणः ॥ ५५ ॥ किं च इत्थं संसारे, अत्र संसारे किंचिद्विशेषं दर्शयति-

[6]सधणो वि होदि णिधणो धण-हीणो तह य ईसरो होदि ।
राया वि होदि भिच्चो भिच्चो वि य होदि णर-णाहो ॥ ५६ ॥

[छाया-सधनोऽपि भवति निर्धनः धनहीनः तथा च ईश्वरः भवति । राजापि भवति भृत्यः भृत्योऽपि च भवति नरनाथः ॥] सधनोऽपि धनवानपि कालतः निर्धनो धनहीनः दरिद्री भवति, तथा च धनहीनः निर्धनः ईश्वरः अनेकैश्वर्य-

अर्थ-किसीकी स्त्री दुष्टा है । किसीका पुत्र जुआ आदि दुर्व्यसनोंमें फँसा हुआ है । किसीके भाई-बन्धु शत्रुके समान वैरी हैं । किसीकी पुत्री दुराचारिणी है ॥ ५३ ॥ अर्थ-किसीका सुपुत्र मर जाता है । किसीकी प्रिय स्त्री मर जाती है । किसीका घर कुटुम्ब आगमें पड़कर भस्म होजाता है ॥ ५४ ॥ भावार्थ-इस प्रकार मनुष्यगतिमें अनेक दुःखोंको सहते हुये भी जीव न तो धर्ममें ही मन लगाता है, और न आरम्भको ही छोड़ता है ॥ ५५ ॥ इस संसारकी कुछ और भी विशेषता दिखाते हैं । अर्थ-धनवान निर्धन हो जाता है । निर्धन धनवान हो जाता है । राजा सेवक हो जाता है और सेवक भी राजा हो जाता है ॥ भावार्थ-इस संसारकी दशा बड़ी विचित्र है । जो आज धनवान है, कल वही निर्धन हो जाता है, और आज जो निर्धन है कल वही मालिक बन जाता है । अधिक क्या ? पलभरमें राजा रङ्क हो जाता है और रङ्क राजा हो जाता है । इसका दृष्टान्त जीवन्धरकुमारके पिता राजा सत्यन्धरकी कथा है । विषयासक्त राजा सत्यन्धरने राज-काजका भार अपने मंत्री काष्ठाङ्गारको सौंप दिया था । काष्ठाङ्गारके

१ म कलत्ता । २ ग दुच्चरिता । ३ ल म स ग कस्स वि मरदि सुपुत्तो । ४ ब विणिस्सदे । ५ ब कुणइ रई आ° । ६ गाथाके आरंभमें, ब किंच इत्थ संसारे स्वरूपं ।

संपदा युक्तः राजापि भूपतिरपि भृत्यः सेवको भवति, च पुनः, भृत्योऽपि दासोऽपि नरनाथः समस्तपृथ्वीपालको राजा काष्ठाङ्गारवत् भवति ॥५६॥

सत्तू वि होदि मित्तो मित्तो वि य जायदे तहा सत्तू ।
कम्म-विवाग[1]-वसादो एसो संसार-सब्भावो ॥५७॥

[छाया-शत्रुः अपि भवति मित्रं मित्रमपि च जायते तथा शत्रुः । कर्मविपाकवशतः एष संसारस्वभावः ॥] शत्रुरपि वैर्यपि मित्रं सखा भवति । रामस्य विभीषणवत् । अपि च तथापि मित्रमपि शत्रुः वैरी जायते । रावणस्य विभीषणवत् । कुतः । कर्मविपाकवशात् कर्मणामुदयवशात् । एष पूर्वोक्तः संसारसद्भावः ससारस्वरूपम् ॥५७॥ अथ देवगतिस्वरूपं विवृणोति—

अह कह वि हवदि देवो तस्स वि[2] जाएदि माणसं दुक्खं ।
दट्ठूण महड्ढीणं[3] देवाणं रिद्धि-संपत्ती ॥५८॥

[छाया-अथ कथमपि भवति देवः तस्यापि जायते मानसं दुःखम् । दृष्ट्वा महर्द्धीनां देवानां ऋद्धिसंप्राप्तिम् ॥] अह अथवा, कथमपि महता कष्टेन भवति जायते । कः । देवः चतुर्णिकायदेवः । तस्य च देवस्य जायते उत्पद्यते । किं तत् । मानसं मनोभवं दुःखम् असातम् । किं कृत्वा । दृष्ट्वा अवलोक्य । काः । ऋद्धिसंपत्तीः ऋद्धीनां वैक्रियादीनां संपत्तीः संपदाः । केषाम् । देवानां सुराणां महर्द्धिकानाम् इन्द्रसामानिकत्रायस्त्रिंशादिसुराणाम् ॥५८॥

इट्ठ-विओगं[4]-दुक्खं होदि महड्ढीण[5] विसय-तण्हादो ।
विसय-वसादो सुक्खं जेसिं तेसिं कुदो तित्ती ॥५९॥

मनमें धूर्तता आई और उसने राजद्रोही बनकर राजमहलको जा घेरा। उस समय रानी गर्भवती थी। राजाने रानीको तो मयूरयंत्रमें बैठाकर आकाशमार्गसे चलता कर दिया और स्वयं युद्धमें मारा गया। मयूरयंत्र रानीको लेकर स्मशानभूमिमें जा गिरा और वहींपर रानीने पुत्र प्रसव किया। इस घटनाका वर्णन करते हुए क्षत्रचूडामणिकारने ठीक ही कहा है, कि प्रातःकालके समय जिस रानीकी पूजा स्वयं राजाने की थी, सन्ध्याके समय उसी रानीको स्मशानभूमिकी शरण लेनी पड़ी। अतः समझदारोंको पापसे डरना चाहिये ॥५६॥ **अर्थ**—कर्मके उदयके कारण शत्रु भी मित्र हो जाता है और मित्र भी शत्रु हो जाता है। यही संसारका स्वभाव है ॥ **भावार्थ**—इस संसारमें सब कुछ कर्मका खेल है। शुभ कर्मका उदय होनेसे शत्रु भी मित्र हो जाता है। जैसे, रावणका भाई विभीषण रामचंद्रजीका मित्र बन गया था। और अशुभ कर्मका उदय होनेसे मित्र भी शत्रु हो जाता है। जैसे, वही विभीषण अपने सहोदर रावणका ही शत्रु बनगया था। संसारका यही नग्न स्वरूप है ॥५७॥ अब देवगतिका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**—अथवा जिस किसी तरह देव होता है, तो महर्द्धिक देवोंकी ऋद्धि सम्पदाको देखकर उसे मानसिक दुःख होता है॥ **भावार्थ**—मनुष्यगतिसे निकलकर जिस किसी तरह बड़ा कष्ट सहकर देव होता है, क्योंकि देव पर्याय पाना सहज नहीं है, तो वहाँ भी अपनेसे बड़े महाऋद्धिके धारक इन्द्र, सामानिक, त्रायस्त्रिंश आदि देवोंकी विभूतिको देखकर मन ही मन झुरता है ॥५८॥ **अर्थ**—महर्द्धिक देवोंको विषयसुखकी बड़ी-तृष्णा होती है, अतः उन्हें भी अपने प्रिय देव-देवाङ्गनाओंके वियोगका दुःख होता हैं। जिनका सुख विषयोंके अधीन है, उनकी तृप्ति

---

१ ब म स विवाय। २ ल म स ग य। ३ ल म स ग महड्ढीणं। ४ ब विउवं, म विओगे। ५ब महड्ढीण, ल म स ग महड्ढीण।

[छाया-इष्टवियोगदुःखं भवति महर्द्धीनां विषयतृष्णातः । विषयवशात् सुखं येषां तेषां कुतः तृप्तिः ॥] होदि भवति। किं तत्। दुःखम्। कीदृक्षम्। इष्टवियोगम् इष्टानां देवाप्सरोविषयादीनां वियोगजं विप्रयोगस्तत्संभवम्। केषाम्। महर्द्धीनां महर्द्धिकानाम् इन्द्रसामानिकत्रायस्त्रिंशादिदेवानाम्। कुतः। विषयतृष्णातः पञ्चेन्द्रियविषयसुखवाञ्छातः। येषां जीवानां विषयवशात् स्पर्शनादिविषयसुखवशतः सुखं शर्म तेषां जीवानां कुतः तृप्तिः सतोषः। न कुतोऽपि ॥५९॥

सारीरिय-दुक्खादो माणस-दुक्खं हवेइ अइ-पउरं ।
माणस-दुक्ख-जुदस्स हि[1] विसया वि दुहावहा हुंति ॥६०॥

[छाया-शारीरिकदुःखतः मानसदुःखं भवति अतिप्रचुरम्। मानसदुःखयुतस्य हि विषयाः अपि दुःखावहाः भवन्ति ॥] ननु देवानां शारीरिकं दुःखं प्रायेण न संभवति मानसदुःखं किंयन्मात्रम् इत्युक्ते वावदीति। मानसदुःखम् अतिप्रचुरम् अतिघनं भवेत्। कुतः शारीरिकदुःखात् शरीरसंभवाशर्मतः। हि यस्मात्, मानसदुःखयुतस्य पुंसः विषया अपि इन्द्रियगोचरा अपि दुःखावहा दुःखकारिणो भवन्ति ॥६०॥

देवाणं पि य सुक्खं मणहर-विसएहिं कीरदे[2] जदि हि ।
विसय[4]-वसं[5] जं सुक्खं दुक्खस्स वि कारणं तं पि ॥६१॥

[छाया-देवानामपि चसुखं मनोहरविषयैः क्रियते यदि हि। विषयवश यत्सुखं दुःखस्यापि कारणं तदपि ॥] हि स्फुटम्, यदि चेत्, क्रियते निष्पाद्यते। किं तत्। सुखं शर्म। केषाम्। देवानाम्, अपिशब्दात् न केवलमन्येषाम्। कैः। मनोहरविषयैः देवीनवशरीरविक्रियाप्रमुखैः। यत् विषयवशं विषयाधीनं सुखं तदपि विषयवशं सुखम्। कालान्तरे द्रव्यान्तरसंबन्धे च तदपि सुख दुःखस्य कारणं हेतुर्जायते ॥६१॥

कैसे हो सकती है? **भावार्थ**-स्वर्गमें केवल सामान्य देव ही दुःखी नहीं हैं, किन्तु महर्द्धिक देव भी दुःखी हैं। उन्हें भी विषयोंकी तृष्णा सतत सताती रहती है। अतः जब कोई उनका प्रियजन स्वर्गसे च्युत होता है, तो उन्हें उसका बड़ा दुःख होता है। ग्रन्थकार कहते हैं, कि यह ठीक ही है, क्योंकि जिनका सुख स्वाधीन नहीं है, पराधीन है, तथा जो विषयोंके दास हैं, उनको सन्तोष कैसे हो सकता है? ॥५९॥ **अर्थ**-शारीरिक दुःखसे मानसिक दुःख बड़ा होता है। क्योंकि जिसका मन दुःखी होता है, उसे विषय भी दुःखदायक लगते हैं। **भावार्थ**-शायद कोई यह कहे कि देवोंको शारीरिक दुःख तो प्रायः होता ही नहीं है, केवल मानसिक दुःख होता है, और वह दुःख साधारण है। तो आचार्य कहते हैं, कि मानसिक दुःखको साधारण नहीं समझना चाहिये, वह शारीरिक दुःखसे भी बड़ा है; क्योंकि शारीरिक सुखके सब साधन होते हुए भी यदि मन दुःखी होता है तो सब साधन नीरस और दुःखदायी लगते हैं। अतः देव भी कम दुःखी नहीं है ॥६०॥ **अर्थ**-यदि देवोंका भी सुख मनको हरनेवाले विषयोंसे उत्पन्न होता है, तो जो सुख विषयोंके आधीन है, वह दुःखका भी कारण है॥ **भावार्थ**-सब समझते हैं कि देवलोकमें बड़ा सुख है और किसी दृष्टिसे ऐसा समझना ठीक भी है, क्योंकि वैषयिक सुखकी दृष्टिसे सब गतियोंमें देवगति ही उत्तम है। किन्तु वैषयिक सुख विषयोंके अधीन है और जो विषयोंके अधीन है वह दुःखका भी कारण है। क्योंकि जो विषय आज हमें सुखदायक प्रतीत होते हैं, कल वे ही दुःखदायक लगने लगते हैं। जब तक हमारा मन उनमें लगता है, या जब तक वे हमारे मनके अनुकूल रहते हैं, तब तक तो वे

---

१ ब वि। २ ल ग अतिइन्द्रिय। ३ ल म स ग कीरए। ४ ब विसइ। ५ ग विसं।

एवं सुट्ठु असारे संसारे दुक्ख-सायरे घोरे ।
किं कत्थ वि अत्थि सुहं वियारमाणं सुणिच्छयदो ॥६२॥

[छाया-एवं सुष्ठु असारे संसारे दुःखसागरे घोरे । किं कुत्रापि अस्ति सुखं विचार्यमाणं सुनिश्चयतः ॥] एवं चतुर्गतिषु दुःखसुखभावस्योपसंहारं दर्शयति । एवं पूर्वोक्तप्रकारेण सुनिश्चयतः परमार्थतः विचार्यमाणं चर्च्यमान कुत्रापि चतुर्गतिसंसारे सुख किमस्ति । अपि तु नास्ति । कथंभूते संसारे । सुष्ठु असारे अतिशयेन सारवर्जिते । पुनः कीदृक्षे । दुःखसागरे असुखसमुद्रे, घोरे रौद्रे ॥६२॥ अथ जीवानाम् एकत्र स्थितौ नियतत्व नास्तीत्यावेदयति—

दुक्किय-कम्म-वसादो राया वि य असुइ-कीडओ होदि ।
तत्थेव य कुणइ रई पेक्खह[1] मोहस्स माहप्पं ॥६३॥

[छाया-दुष्कृतकर्मवशात् राजापि च अशुचिकीटकः भवति । तत्रैव च करोति रतिं प्रेक्षध्वं मोहस्य माहात्म्यम् ॥] च पुनः, राजापि भूपतिरपि न केवलमन्यः भवति जायते । कः । अशुचिकीटकः विष्ठाकीटकः । कुतः । दुःकर्मवशात् पापकर्मोदयवशतः, च पुनः, तत्र विष्ठामध्ये रतिं रागं कुरुते सुख कृत्वा मन्यते । पश्यत यूयं प्रेक्षध्वं मोहस्य मोहनीयकर्मणः माहात्म्यं प्राबल्य यथा ॥६३॥ येन अथैकस्मिन् भवे अनेके संबन्धा जायन्ते इति प्ररूपयति—

हमें सुखदायक मालूम होते हैं, किन्तु मनके उधरसे उचटते ही वे दुःखदायक लगने लगते हैं। या आज हमें जो वस्तु प्रिय है, उसका वियोग हो जानेपर वही दुःखका कारण बन जाती है। अतः विषयसुख दुःखका भी कारण है ॥६१॥ **अर्थ**—इस प्रकार परमार्थसे विचार करनेपर, सर्वथा असार, दुःखोंके सागर इस भयानक संसारमें क्या किसीको भी सुख है ? **भावार्थ**—चारगतिरूप संसारमें सुख-दुःखका विचार करके आचार्य पूछते हैं, कि निश्चयनयसे विचार कर देखो कि इस संसारमें क्या किसीको भी सच्चा सुख प्राप्त है ? जिन्हें हम सुखी समझते हैं, वस्तुतः वे भी दुखी ही हैं। दुःखोंके समुद्रमें सुख कहाँ ? ॥६२॥ अब यह बतलाते हैं कि जीवोंका एक पर्यायमें रहना भी नियत नहीं है। **अर्थ**—पापकर्मके उदयसे राजा भी मरकर विष्ठाका कीड़ा होता है, और उसी विष्ठामें रति करने लगता है। मोहका माहात्म्य तो देखो ॥ **भावार्थ**—विदेह देशमें मिथिला नामकी नगरी है। उसमें सुभोग नामका राजा राज्य करता था। उसकी पत्नीका नाम मनोरमा था। उन दोनोंके देवरति नामका युवा पुत्र था। एक बार देवकुरु नामके तपस्वी आचार्य संघके साथ मिथिला नगरीके उद्यानमें आकर ठहरे। उनका आगमन सुनकर राजा सुभोग मुनियोंकी वन्दना करनेके लिये गया। और आचार्यको नमस्कार करके उनसे पूछने लगा-मुनिराज ! मैं यहाँसे मरकर कहाँ जन्म लूँगा ? राजाका प्रश्न सुनकर मुनिराज बोले-'हे राजेन्द्र ! आजसे सातवें दिन बिजलीके गिरनेसे तुम्हारी मृत्यु हो जायेगी और तुम मरकर अपने अशौचालयमें टट्टीके कीड़े होओगे। हमारे इस कथनकी सत्यताका प्रमाण यह है, कि आज जब तुम यहाँसे जाते हुए नगरमें प्रवेश करोगे तो तुम मार्गमें एक भौंरेकी तरह काले कुत्तेको देखोगे।' मुनिके वचन सुनकर राजाने अपने पुत्रको बुलाकर उससे कहा, 'पुत्र ! आजसे सातवें दिन मरकर मैं अपने अशौचालयमें टट्टीका कीड़ा हूँगा। तुम मुझे मार देना।' पुत्रसे ऐसा कहकर राजाने अपना राजपाट छोड़ दिया और बिजली गिरनेके भयसे जलके अन्दर बने हुए महलमें छिपकर बैठ गया। सातवें दिन बिजलीके गिरनेसे राजाकी मृत्यु हो गई

---

१ ब पेक्खह, ल म ग पिच्छह ।

पुत्तो वि भाउ जाओ सो चिय[1] भाओ वि देवरो होदि ।
माया होदि सवत्ती जणणो वि य होदि[2] भत्तारो ॥६४॥
[3]एयम्मि भवे एदे संबंधा होंति एय-जीवस्स ।
अण्ण-भवे किं भण्णइ जीवाणं धम्म-रहिदाणं ॥६५॥ [4]युगलम्

[छाया-पुत्रोऽपि भ्राता जातः स एव भ्रातापि देवरः भवति । माता भवति सपत्नी जनकोऽपि च भवति भर्ता ॥ एकस्मिन् भवे एते संबन्धाः भवन्ति एकजीवस्य । अन्यभवे किं भण्यते जीवानां धर्मरहितानाम् ॥] एकजीवस्य एकप्राणिनः एकस्मिन्नेव भवे जन्मनि एते पूर्वोक्ताः संबन्धा भ्रातृपुत्राविकल्पेण संयोगा भवन्ति[5] जायन्ते । ते के । पुत्रः तनुजः भ्राता बान्धवो जातः अभूत् । सोऽपि च भ्राता देवरः[6] भवति । माता जननी सपत्नी भर्तृभार्या भवति । जनकोऽपि च पितापि भर्ता वल्लभो भवति । अन्यभवे परभवे धर्मरहितानां किं भण्यते किं कथ्यते । वसन्ततिलकायाः वेश्यायाः धनदेवस्य कमलायाश्च एते पूर्वोक्ता दृष्टान्ताः ॥ उक्तं च । मालवदेशे उज्जयिन्यां राजा विश्वसेनः, श्रेष्ठी सुदत्तः षोडशकोटिद्रव्यस्वामी, वसन्ततिलका वेश्या । सा सुदत्तेन गृहवासे धृता । सा गुर्विणी सती कण्डूकासश्वासादिरोगाक्रान्ता तेन त्यक्ता । स्वगृहे सा वसन्ततिलका बालयुगलं पुत्र पुत्रीं प्रसूता । उद्विग्नया रत्नकम्बलेनावृत्य दक्षिणदिशि प्रतोल्यां सा कमला पुत्री मुक्ता । प्रयागवासिसुकेतुसार्थवाहेन सुप्रभाप्रियायाः दत्ता । तथैवोत्तरदिशि प्रतोल्यां पुत्रो धनदेवो मुक्तः सन् साकेतपुरस्थसुभद्रेण सुव्रतायाः दत्तः । पूर्वोपार्जितपापात् तयोः धनदेवकमलयोः दम्पतीत्वं जातम् । धनदेवः उज्जयिन्यां व्यापारार्थं गतः तया वसन्ततिलकया वेश्यया सह लुब्धः । ततस्तयोर्वरुणनामा बालो जातः । कमलया श्रीमुनिदत्तः पृष्टः । तेन श्रीमुनिवरेण सर्वः संबन्धः कथितः । कथं तत् । उज्जयिन्यां विप्रः सोमशर्मा, भार्या काश्यपी,

और वह मरकर अपने अशौचालयके विष्ठामें सफेद कीड़ा हुआ । पुत्रने जैसे ही उसे देखा और वह उसे मारनेको प्रवृत्त हुआ, वह कीड़ा विष्ठामें घुस गया । संसारकी यह विचित्रता देखकर पुत्रको बड़ा अचरज हुआ और वह विचारोंमें डूब गया । संसारकी यह स्थिति कितनी करुणाजनक है ॥६३॥ अब कहते हैं कि एक ही भवमें अनेक नाते हो जाते हैं । अर्थ–पुत्र भी भाई होता है । वह भाई भी देवर होता है । माता सौत होती है । पिता भी पति होता है । जब एक जीवके एकही भवमें ये नाते होते हैं, तो धर्मरहित जीवोंके दूसरे भवमें कहना ही क्या है ? भावार्थ–जैन शास्त्रोंमें अठारह नातेकी कथा प्रसिद्ध है । उसी कथाके प्रमुख पात्र धनदेव और पात्री वसन्ततिलका वेश्या तथा उसकी पुत्री कमलाके पारस्परिक सम्बन्धोंको लेकर उक्त बातें कही गई हैं । कथा इस प्रकार है-मालवदेशकी उज्जैनी नगरीमें राजा विश्वसेन, सेठ सुदत्त और वसन्ततिलका वेश्या रहती थी । सेठ सुदत्त सोलह करोड़ द्रव्यका स्वामी था । उसने वसन्ततिलका वेश्याको अपने घरमें रख लिया । वह गर्भवती हुई और खाज, खाँसी, श्वास आदि रोगोंने उसे घेर लिया । तब सेठने उसे अपने घरसे निकाल दिया । अपने घरमें आकर वसन्ततिलकाने एक पुत्र और एक पुत्रीको जन्म दिया । खिन्न होकर उसने

१ ल म स ग चिय । २ ल म स ग होइ । ३ एषा गाथा ल-पुस्तके नास्ति । ४ इस गाथाके अनन्तर नीचे लिखा हुआ अधिक पाठ, जैसा मिला, लिखा है । म "वसंततिलयाभाणदेवस्स उभाइवि इत्थि दिट्ठं ता । माया मति जय देवरो सि पुत्तो सि मुत्तपुत्तो सि । भित्तसन्न सि बालय होसि पत्तछकेणं ॥६६॥ तुज्झ पिया मम माया सुसुरो पुत्तो पइ य जणणो य । तह य पियामह होइ बालयवत्तणत्थकेणं ॥६७॥ माया य तुज्झ बालय मम जणणी सासुय सवकी य । बहु भाउजया य पियामही य इत्थेव जाया या ॥ ६८ ॥" स-वसंततिलया धणदेवस्स उभाएइवि दिट्ठं अ बालय जिमु गहि वयणं तुहु सरिसइ हुंति अट्ठवह मत्ता ॥६६॥ पुत्त, भत्तीजउ भायउ देवर पित्तियउ पुत्तो जो ॥६६॥ तुहु पियरो महु पियरो पियामहो तहइ [य] हवइ भत्तारो । भायउ तहा वि पुत्तो सुसुरु हवय [इ] बालया मज्झ ॥६७॥ तुहु जणणी हुइ मज्झा पियम्महि तह य भामही । सवई हवइ वह उह सा सुव कहिया अट्ठस्स पाना ॥६८॥ ५ ल संबंधा जायंते उत्पद्यन्ते । ६ फ देवरः भर्तृनुजो भवति ।

तयोः पुत्रौ अग्निभूतसोमभूतिनामानौ द्वावपि बहिः पठित्वा आगच्छन्तौ जिनदत्तपुत्रमुनेः मातरं जिनमत्यर्यिकां शरीरसमाधानं पृच्छन्तीम् आलोक्य जिनभद्रश्वशुरमुनेश्च वधूटिका सुभद्रार्यिकां शरीरसमाधानं पृच्छन्तीमालोक्य द्वाभ्यां भ्रातृभ्याम् उपहास्यं कृतम् । तरुणस्य [वृद्धा] वृद्धस्य तरुणी धात्रा विपरीतं कृतमिति । तयोपार्जितकर्मवशात् कालेनाऽऽजयिन्यां सोमशर्मा मृत्वा वसन्तसेनासुता वसन्ततिलका जाता, अग्निभूतसोमभूतिद्वन्द्वं मृत्वा तस्याः शिशुयुग्मं कमलाधनदेवपुत्रपुत्रीयुग्मं यथासंख्यं जातम्, काश्यपीस्वरीवरुणशिशुत्वं प्राप्ता । सर्वमेतच्छ्रुत्वा जातिस्मरी भूत्वाऽणुव्रतं लात्वा[1] उज्जयिनीं गत्वा वसन्ततिलकागृहं प्रविश्य पालणस्थं वरुणम् आन्दोलयति । उक्तं च। 'बालय[2] णिसुणसु वयणं तुज्झ सरिस्सा हि अट्ठदह णत्ता। पुत्त् भतिज्जउ भायउ देवरु पित्तियउ पोत्तज्जु[3] ॥' मम भर्तुः पुत्रत्वात् त्वं पुत्रः ।१। धनदेवभ्रातुः पुत्रत्वात् त्वं बालो भ्रातृव्यः ।२। त्वन्मदेकमातृत्वात् त्वं मम भ्राता ।३। धनदेवस्य लघुभ्रातृत्वात् एवं मम देवरः । ४ । धनदेवो मम तातः तद्भ्राता त्वं तेन मे पितृव्यः । ५ । अहं वेश्यासपत्नी तेन धनदेवो मत्पुत्रः तस्यापि त्वं पुत्रः तस्मान्मम पौत्रस्त्वम् । ६ । इति शिशुना सह संबन्धः ॥ 'तुह पियरो मह[4] पियरो पियामहो तह य हवइ भत्तारो। मायउ तह वि य पुत्तो ससुरो हवई स बालया मज्झ ॥' धनदेवो वसन्ततिलका भर्तृत्वात् मम पिता ।१। त्वं मम पितृव्यस्तवापि स धनदेवः तातत्वात् मे पितामहः । २ । तथा मम सोऽपि भर्ता । ३ । एकमातृत्वात् स च मम भ्राता ।४। अहं वेश्यायाः सपत्नी, स च तस्या वेश्यायाः पुत्रत्वात् ममापि पुत्रः । ५ । वेश्या मे श्वश्रूरहं तस्या वधूः, धनदेवो वेश्याभर्तृत्वात् मदीयः श्वशुरः ।६। इति धनदेवेन सह संबन्धः ॥ 'माउज्जा मि तुमं वा पियामही तह य मायरी सवई। हवइ बहू तह सासू[5] एक्कहिया अट्ठदह णत्ता ॥' तव भ्रातृभार्यात्वात् मम भ्रातृजाया ।१। तव मम च

रत्नकम्बलमें लपेट कर कमला नामकी पुत्रीको तो दक्षिण ओरकी गलीमें डाल दिया। उसे प्रयागका व्यापारी सुकेत लेगया और उसने उसे अपनी सुपुत्रा नामकी पत्नीको सौंप दिया। तथा धनदेव पुत्रको उसी तरह रत्नकम्बलसे लपेटकर उत्तर ओरकी गलीमें रख दिया। उसे अयोध्यावासी सुभद्र ले गया और उसने उसे अपनी सुव्रता नामकी पत्नीको सौंप दिया। पूर्वजन्ममें उपार्जित पापकर्मके उदयसे धनदेव और कमलाका आपसमें विवाह होगया। एक बार धनदेव व्यापारके लिये उज्जैनी गया। वहाँ वसन्ततिलका वेश्यासे उसका सम्बन्ध होगया। दोनोंके सम्बन्धसे वरुण नामका पुत्र उत्पन्न हुआ। एक बार कमलाने श्रीमुनिदत्तसे अपने पूर्वभवका वृत्तान्त पूछा। श्रीमुनिदत्तने सब सम्बन्ध बतलाया, जो इस प्रकार है। उज्जैनीमें सोमशर्मा नामका ब्राह्मण था। उसकी पत्नीका नाम काश्यपी था। उन दोनोंके अग्निभूति और सोमभूति नामके दो पुत्र थे। वे दोनों परदेशसे विद्याध्ययन करके लौट रहे थे। मार्गमें उन्होंने जिनमति आर्यिकाको अपने पुत्र जिनदत्तमुनिसे कुशलक्षेम पूछते हुए देखा, तथा सुभद्रा आर्यिकाको अपने श्वशुर जिनभद्रमुनिसे कुशलक्षेम पूछते हुए देखा। इसपर दोनों भाईयोंने उपहास किया 'जवानकी स्त्री बूढ़ी और बूढ़ेकी स्त्री जवान, विधाताने अच्छा उलट फेर किया है।' कुछ समय पश्चात् अपने उपार्जित कर्मोंके अनुसार सोमशर्मा ब्राह्मण मरकर उज्जैनीमें ही वसन्तसेनाकी पुत्री वसन्ततिलका हुई और अग्निभूति तथा सोमभूति दोनों मरकर उसके धनदेव और कमला नामके पुत्र और पुत्री हुए। ब्राह्मणकी पत्नी व्यभिचारिणी काश्यपी मरकर धनदेवके सम्बन्धसे वसन्ततिलकाके वरुण नामका पुत्र हुई। इस कथाको सुनकर कमलाको जातिस्मरण हो आया। उसने मुनिराजसे अणुव्रत ग्रहण किये और उज्जैनी जाकर वसन्ततिलकाके घरमें घुसकर पालनेमें पड़े हुए वरुणको झुलाने लगी और उससे कहने लगी–१ मेरे पतिके पुत्र होनेसे तुम मेरे

---

१ फ लात्वा। २ सर्वत्र बालहेय इति पाठः। ३ सर्वत्र पोत्त ज्ज इति पाठः। ४ सर्वत्र मुह इति पाठः। ५ सर्वत्र तह य सासू इति पाठः।

धनदेवः पिता, तस्यापि वेश्या माता, तेन मे पितामही सा । २ । धनदेवस्य तथापि सा मातृत्वात् ममापि माता । ३ । मद्भर्तुः भार्यात्वात् सा मे सपत्नी । ४ । धनदेवो मत्सपत्नीपुत्रत्वात् ममापि पुत्रस्तद्भार्यात्वात् मदीया सा वेश्या वधूः । ५ । अहं धनदेवभार्या तस्य सा माता तेन मे श्वश्रूः । ६ । एतच्छ्रुत्वा वेश्याधनदेवकमलावरुणादयः ज्ञात-वृत्तान्ताः जातस्मरीभूताः प्रतिबुद्धाः तपो गृहीत्वा च स्वर्गं गता इति धनदेवादिदृष्टान्तकथा ॥ ६४–६५॥ अथ पञ्चविध-संसारस्य नामानि निर्दिशति–

संसारो पंच-विहो दव्वे खेत्ते तहेव काले य ।
भव-भमणो[1] य चउत्थो पंचमओ भाव-संसारो ॥ ६६ ॥

[छाया–संसारः पञ्चविधः द्रव्ये क्षेत्रे तथैव काले च । भवभ्रमणश्च चतुर्थः पञ्चमकः भावसंसारः ॥] संसरणं संसारः परिवर्तनं भ्रमणमिति यावत् पञ्चविधः पञ्चप्रकारः । प्रथमो द्रव्यससारः १, द्वितीयः क्षेत्रसंसारः २, तथैव तृतीयः कालसंसारः ३, च पुनः चतुर्थो भवभ्रमणः भवसंसारः ४, पञ्चमी भावसंसारः ५ ॥ ६६ ॥ अथ प्रथमद्रव्य-परिवर्तनस्वरूप निरूपयति–

बंधदि मुंचदि[2] जीवो पडिसमयं कम्म-पुग्गला विविहा ।
णोकम्म-पुग्गला वि य मिच्छत्त-कसाय-संजुत्तो ॥ ६७ ॥[3]

पुत्र हो । २ मेरे भाई धनदेवके पुत्र होनेसे तुम मेरे भतीजे हो । ३ तुम्हारी और मेरी माता एक ही है, अतः तुम मेरे भाई हो । ४ धनदेवके छोटे भाई होनेसे तुम मेरे देवर हो । ५ धनदेव मेरी माता वसन्ततिलकाका पति है, इसलिये धनदेव मेरा पिता है । उसके भाई होनेसे तुम मेरे काका हो । ६ मैं वेश्या वसन्ततिलकाकी सौत हूं । अतः धनदेव मेरा पुत्र है । तुम उसके भी पुत्र हो, अतः तुम मेरे पौत्र हो । यह छह नाते बच्चेके साथ हुये । आगे–१ वसन्ततिलकाका पति होनेसे धनदेव मेरा पिता है । २ तुम मेरे काका हो और धनदेव तुम्हारा भी पिता है, अतः वह मेरा दादा है । ३ तथा वह मेरा पति भी है । ४ उसकी और मेरी माता एक ही है; अतः धनदेव मेरा भाई है । ५ मैं वेश्या वसन्ततिलकाकी सौत हूं और उस वेश्याका वह पुत्र है; अतः मेरा भी पुत्र है । ६ वेश्या मेरी सास है, मैं उसकी पुत्रवधू हूं और धनदेव वेश्याका पति है; अतः वह मेरा श्वशुर है । ये छह नाते धनदेवके साथ हुये । आगे–१ मेरे भाई धनदेवकी पत्नी होनेसे वेश्या मेरी भावज है । २ तेरे मेरे दोनोंके धनदेव पिता हैं और वेश्या उनकी माता है; अतः वह मेरी दादी है । ३ धनदेवकी और तेरी भी माता होनेसे वह मेरी भी माता है । ४ मेरे पति धनदेवकी भार्या होनेसे वह मेरी सौत है । ५ धनदेव मेरी सौतका पुत्र होनेसे मेरा भी पुत्र कहलाया । उसकी पत्नी होनेसे वह वेश्या मेरी पुत्रवधू है । ६ मैं धनदेवकी स्त्री हूं और वह उसकी माता है; अतः मेरी सास है । इन अट्ठारह नातोंको सुनकर वेश्या धनदेव आदिको भी सब बातें ज्ञात होजानेसे जाति-स्मरण हो आया । सभीने जिनदीक्षा लेली और मरकर स्वर्ग चले गये । इस प्रकार एक ही भवमें अट्ठारह नाते तक होजाते हैं, तो दूसरे भवकी तो कथा ही क्या है ? ॥ ६४–६५ ॥ अब पाँच प्रकारके संसारके नाम बतलाते हैं । **अर्थ**-संसार पाँच प्रकारका होता है-द्रव्यसंसार, क्षेत्रसंसार, काल-संसार, भवसंसार और भावसंसार ॥ **भावार्थ**-परिभ्रमणका नाम संसार है, और द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावके निमित्तसे वह पाँच प्रकारका होता है ॥ ६६ ॥ पहले द्रव्य परिवर्तन या द्रव्यसंसारका

---

१ ब म भवणो । २ ब मुवदि । ३ गाथान्ते ब म 'दव्वे' ।

[छाया–बध्नाति मुञ्चति च जीवः प्रतिसमयं कर्मपुद्गलान् विविधान् । नोकर्मपुद्गलानपि च मिथ्यात्वकषायसंयुक्तः ॥] जीवः संसारी प्राणी पञ्चमिथ्यात्वपञ्चविंशतिकषायवशात् प्रतिसमयं, समयं समयं प्रति, कर्मपुद्गलान् ज्ञानावरणादि-सप्तकर्मयोग्यान् कर्मवर्गणायातपुद्गलस्कन्धान्, स्निग्धरूक्षवर्णगन्धादिभिः तीव्रमन्दमध्यमभावेन यथावस्थितान् योग्यान् अनेकप्रकारान्, अपि च नोकर्मपुद्गलान्, शरीरत्रयस्य षट्पर्याप्तियोग्यपुद्गलान् बध्नाति योगवशात् बन्धं नयति, मुञ्चति स्वस्थितिकालं स्थित्वा जीर्णयति । उक्तं च । 'सर्वेऽपि पुद्गलाः खल्वेकेनात्तोज्झिताश्च जीवेन । ह्यसकृद्वानन्तकृत्वा पुद्गलपरिवर्तसंसारे ॥' इति 'अगहिदमिस्सयगहिदं मिस्समगहिदं तहेव गहिदं च । मिस्सं गहिदागहिदं गहिदं मिस्सं अगहिदं च ॥' ० ० ×, ० ० ×, ० ० १, ० ० ×, ० ० ×, ० ० १ । × × ०, × × ०, × × १, × × ०, × × ०, × × १ । × × १, × × १, × × ०, × × १, × × १, × × ० । १ १ ×, १ १ ×, १ १ ०, १ १ ×, १ १ ×, १ १ ० ॥ ६७ ॥ अथ क्षेत्रपरिवर्तनमाह–

स्वरूप कहते हैं । अर्थ–मिथ्यात्व और कषायसे युक्त संसारी जीव प्रतिसमय अनेक प्रकारके कर्म-पुद्गलों और नोकर्मपुद्गलोंको भी ग्रहण करता और छोड़ता है । भावार्थ–कर्मबन्धके पाँच कारण हैं –मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग । इनमें मिथ्यात्व और कषाय प्रधान हैं, क्योंकि ये मोहनीयकर्मके भेद हैं और सब कर्मोंमें मोहनीयकर्म ही प्रधान और बलवान है । उसके अभावमें शेष सभी कर्म केवल निस्तेज ही नहीं होजाते, किन्तु संसार परिभ्रमणका चक्र ही रुक जाता है । इसी लिये आचार्यने मिथ्यात्व और कषायका ही ग्रहण किया है । मिथ्यात्वके पाँच भेद हैं और कषायके पचीस भेद हैं । इन मिथ्यात्व और कषायके आधीन हुआ संसारी जीव ज्ञानावरण आदि सात कर्मोंके योग्य पुद्गलस्कन्धोंको प्रतिसमय ग्रहण करता है । लोकमें सर्वत्र कार्माणवर्गणाएँ भरी हुई हैं, उनमेंसे अपने योग्यको ही ग्रहण करता है । तथा आयुकर्म सर्वदा नहीं बँधता, अतः सात ही कर्मोंके योग्य पुद्गलस्कन्धोंको प्रतिसमय ग्रहण करता है । और आबाधाकाल पूरा होजानेपर उन्हें भोगकर छोड़ देता है । जैसे प्रतिसमय कर्मरूप होनेके योग्य पुद्गलस्कन्धोंको ग्रहण करता है, वैसे ही औदारिक, वैक्रियिक और आहारक, इन तीन शरीरोंकी छह पर्याप्तियोंके योग्य नोकर्मपुद्गलोंको भी प्रतिसमय ग्रहण करता है और छोड़ता है । इस प्रकार जीव प्रतिसमय कर्मपुद्गलों और नोकर्म-पुद्गलोंको ग्रहण करता और छोड़ता है । किसी विवक्षित समयमें एक जीवने ज्ञानावरण आदि सात कर्मोंके योग्य पुद्गलस्कन्ध ग्रहण किये और आबाधाकाल बीतजानेपर उन्हें भोगकर छोड़ दिया । उसके बाद अनन्त बार अगृहीतका ग्रहण करके, अनन्त बार मिश्रका ग्रहण करके और अनन्त बार गृहीतका ग्रहण करके छोड़ दिया । उसके बाद जब वे ही पुद्गल वैसे ही रूप, रस, गन्ध, स्पर्श आदि भावोंको लेकर, उसी जीवके वैसे ही परिणामोंसे पुनः कर्मरूप परिणत होते हैं, उसे कर्मद्रव्य परिवर्तन कहते हैं । इसी तरह किसी विवक्षित समयमें एक जीवने तीन शरीरोंकी छह पर्याप्तियोंके योग्य नोकर्मपुद्गल ग्रहण किये और भोगकर छोड़ दिये, पूर्वोक्त क्रमके अनुसार जब वे ही नोकर्म-पुद्गल उसी रूप–रस आदिको लेकर उसी जीवके द्वारा पुनः नोकर्मरूपसे ग्रहण किये जाते हैं, उसे नोकर्म द्रव्यपरिवर्तन कहते हैं । कर्मद्रव्य परिवर्तन और नोकर्मद्रव्यपरिवर्तनको द्रव्यपरिवर्तन या द्रव्यसंसार कहते हैं । कहा भी है–'पुद्गलपरिवर्तनरूप संसारमें इस जीवने सभी पुद्गलोंको क्रमशः अनन्त बार ग्रहण किया और छोड़ा ।' जो पुद्गल पहले ग्रहण किये हों उन्हें गृहीत कहते हैं ।

सो को वि णत्थि देसो लोयायासस्स णिरवसेसस्स ।
जत्थ ण सव्वो[1] जीवो जादो[2] मरिदो य बहुवारं ॥६८॥[3]

[छाया-स कोऽपि नास्ति देशः लोकाकाशस्य निरवशेषस्य । यत्र न सर्वः जीवः जातः मृतश्च बहुवारम् ॥] लोकाकाशस्य श्रेणि ^{3} घनमात्रस्य (=३४३) निरवशेषस्य समप्रस्य स कोऽपि देशः प्रदेशो नास्ति न विद्यते । स कः । यत्र सर्वो जीवः समस्तसंसारी जीव', बहुवारम् अनेकवारं यथा भवति तथा, न जातः न उत्पन्नः, न मृतश्च न मरणं प्राप्तः । क्षेत्रपरिवर्तनं द्वेधा स्वपरभेदात् । तत्र स्वक्षेत्रपरिवर्तनं कश्चित्सूक्ष्मनिगोदजीवः सूक्ष्मजघन्यनिगोदावगाहेन उत्पन्नः स्वस्थितिं जीवित्वा मृतः पश्चात् प्रदेशोत्तरावगाहनेन प्रदेशोत्तरक्रमेण [4]महामत्स्यावगाहपर्यन्तं अवगाहनानि करोति । परक्षेत्रपरिवर्तनं तु सूक्ष्मनिगोदोऽपर्याप्तकः सर्वं जघन्यावगाहनशरीरो लोकमध्याष्टप्रदेशान् स्वशरीरमध्याष्टप्रदेशान् कृत्वोत्पन्नः क्षुद्रभवकाल $\frac{1}{18}$ जीवित्वा मृत. । स एव पुनस्तेनैवावगाहनेन द्विवारं त्रिवारम् एवं यावत् घनाङ्गुलासङ्ख्येयभागवारं तत्रैवोत्पन्नः पुनः एकैकप्रदेशाधिकभावेन सर्वं लोकं त्रिचत्वारिंशदधिकत्रिशत ३४३ रज्जुप्रमाणं स्वजन्मक्षेत्रभावं नयति इति परक्षेत्रपरिवर्तनम् । उक्तं च । 'सव्वम्हि लोयखेत्ते कमसो तं णत्थि जं ण उप्पण्णो । उग्गाहणाउ बहुसो हिंडंतो खेत्तसंसारे ॥' ६८ ॥ अथ कालपरिवर्तनं प्रतनोति—

जो पहले ग्रहण न किये हों, उन्हें अगृहीत कहते हैं। दोनोंके मिलावको मिश्र कहते हैं। इनके ग्रहणका क्रम पूर्वोक्त प्रकार है। [इस क्रमको विस्तारसे जाननेके लिये इसी शास्त्रमालासे प्रकाशित गो० जीवकाण्ड (पृ० २०४) देखना चाहिये । श्वेताम्बर सम्प्रदायमें द्रव्यपरिवर्तनके दो भेद किये गये हैं—बादर द्रव्यपरिवर्तन और सूक्ष्म द्रव्यपरिवर्तन । दोनोंके स्वरूपमें भी अन्तर है, जो इस प्रकार है–'जितने समयमें एक जीव समस्त परमाणुओंको औदारिक, वैक्रिय, तैजस, भाषा, आनप्राण, मन और कार्माणशरीर रूप परिणमाकर, उन्हें भोगकर छोड़ देता है, उसे बादर द्रव्यपरावर्त कहते हैं । और जितने समयमें समस्त परमाणुओंको औदारिक आदि सात वर्गणाओंमेंसे किसी एक वर्गणा-रूप परिणमाकर उन्हें भोगकर छोड देता है, उसे सूक्ष्म द्रव्यपरावर्त कहते हैं।' देखो हिन्दी पंचमकर्मग्रन्थ गाथा ८७ का, अनु०] ॥६७॥ अब क्षेत्रपरिवर्तनको कहते हैं। **अर्थ**—समस्तलोकाकाशका ऐसा कोई भी प्रदेश नहीं है, जहाँ सभी जीव अनेक बार जिये और मरे न हों ॥ **भावार्थ**—यह लोक जगतश्रेणीका घनरूप है। सात राजूकी जगतश्रेणी होती है। उसका घन ३४३ राजू होता है। इन तीनसौ तेतालीस राजुओंमें सभी जीव अनेक बार जन्म ले चुके और मर चुके हैं। यही क्षेत्रपरिवर्तन है। वह दो प्रकारका होता है—स्वक्षेत्रपरिवर्तन और परक्षेत्रपरिवर्तन । कोई सूक्ष्मनिगोदियाजीव सूक्ष्मनिगोदियाजीवकी जघन्य अवगाहनाको लेकर उत्पन्न हुआ और आयु पूर्ण करके मर गया। पश्चात् अपने शरीरकी अवगाहनामें एक एक प्रदेश बढ़ाते बढ़ाते महामत्स्यकी अवगाहनापर्यन्त अनेक अवगाहना धारण करता है । इसे स्वक्षेत्रपरिवर्तन कहते हैं। अर्थात् छोटी अवगाहनासे लेकर बड़ी अवगाहना पर्यन्त सब अवगाहनाओंको धारण करनेमें जितना काल लगता है उसको स्वक्षेत्रपरिवर्तन कहते हैं। कोई जघन्य अवगाहनाका धारक सूक्ष्मनिगोदिया-लब्ध्यपर्याप्तकजीव लोकके आठ मध्यप्रदेशोंको अपने शरीरके आठ मध्यप्रदेश बनाकर उत्पन्न हुआ। पीछे वही जीव उस ही रूपसे उस ही स्थानमें दूसरी तीसरी बार भी उत्पन्न हुआ ॥

१ ब सव्वे। २ ब जादो य मदो य इति पाठः परिवर्तितः। ३ गाथान्ते ब खेत्त, म खेत्ते। ४ सर्वत्र 'महामत्स्या १८ वगाह°' इति पाठः।

उवसप्पिणि-अवसप्पिणि-पढम-समयादि-चरम-समयंतं ।
जीवो कमेण जम्मदि मरदि य 'सव्वेसु कालेसु'[1] ॥६९॥

[छाया-उत्सर्पिणीअवसर्पिणीप्रथमसमयादिचरमसमयान्तरम् । जीवः क्रमेण जायते म्रियते च सर्वेषु कालेषु ॥] जीवः संसारी प्राणी उत्सर्पिण्यवसर्पिण्योः दशदशकोटाकोटिसागरोपमस्थित्योः प्रथमसमये जायते, क्रमेण स्वस्थितिं जीवित्वा मृतः, पुनस्तयोर्द्वितीयादिवाराभतयोः द्वितीयतृतीयादिसमयेषु उत्पद्य उत्पद्य मृतः चरमसमयपर्यन्तं सर्वकालं जन्मना संपूर्णतां नयति । एवं मरणेनोत्सर्पिण्यवसर्पिण्योः सर्वान् समयान् परिपूर्णतां नयति । उक्तं च । 'उवसप्पिणि-अवसप्पिणिसमयावलियासु णिरवसेसासु । जादो मुवो य बहुसो हिंडतो कालसंसारे' ॥६९॥ अथ भवपरिवर्तनं विभावयति-

इसी प्रकार घनाङ्गुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण जघन्य अवगाहनाके जितने प्रदेश हैं, उतनी बार उसी स्थानपर क्रमसे उत्पन्न हुआ और श्वासके अट्ठारहवें भाग प्रमाण क्षुद्र आयुको भोगकर मरणको प्राप्त हुआ। पीछे एक एक प्रदेश बढ़ाते बढ़ाते सम्पूर्ण लोकको अपना जन्मक्षेत्र बना ले, यह परक्षेत्रपरिवर्तन है। कहा है-'समस्त लोकमें ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहाँ क्षेत्ररूप संसारमें परिभ्रमण करते हुए अनेक अवगाहनाओंको लेकर वह जीव क्रमशः उत्पन्न न हुआ हो ।' [श्वेताम्बरसाहित्यमें क्षेत्रपरावर्तके भी दो भेद हैं-बादर और सूक्ष्म । कोई जीव भ्रमण करता करता आकाशके किसी एक प्रदेशमें मरण करके पुनः किसी दूसरे प्रदेशमें मरण करता है, फिर किसी तीसरे प्रदेशमें मरण करता है । इस प्रकार जब वह लोकाकाशके समस्त प्रदेशोंमें मर चुकता है तो उतने कालको बादरक्षेत्रपरावर्त कहते हैं । तथा कोई जीव भ्रमण करता करता आकाशके किसी एक प्रदेशमें मरण करके पुनः उस प्रदेशके समीपवर्ती दूसरे प्रदेशमें मरण करता है, पुनः उसके समीपवर्ती तीसरे प्रदेशमें मरण करता है । इस प्रकार अनन्तर अनन्तर प्रदेशमें मरण करते करते जब समस्त लोकाकाशके प्रदेशोंमें मरण कर चुकता है, तब सूक्ष्म क्षेत्रपरावर्त होता है । अनु०] ॥६८॥ अब कालपरिवर्तनको कहते हैं । अर्थ-उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय पर्यन्त सब समयोंमें यह जीव क्रमशः जन्म लेता और मरता है ॥ भावार्थ-कोई जीव उत्सर्पिणी कालके प्रथम समयमें उत्पन्न हुआ और आयुपूर्ण करके मर गया। फिर भ्रमण करके दूसरी उत्सर्पिणीके दूसरे समयमें उत्पन्न हुआ और आयु पूर्ण करके मर गया। फिर भ्रमण करके तीसरी उत्सर्पिणीके तीसरे समयमें उत्पन्न हुआ और उसी तरह मर गया। यही क्रम अवसर्पिणी कालके सम्बन्धमें भी समझना चाहिये। इस क्रमसे उत्सर्पिणी तथा अवसर्पिणीके बीस कोड़ाकोड़ीसागरके जितने समय हैं, उनमें उत्पन्न हुआ, तथा इसी क्रमसे मरणको प्राप्त हुआ। अर्थात् उत्सर्पिणी और अवसर्पिणीके प्रथम समयमें मरा, फिर दूसरी उत्सर्पिणी और अवसर्पिणीके दूसरे समयमें मरा। इसे कालपरिवर्तन कहते हैं। कहा भी है-"काल संसारमें भ्रमण करता हुआ यह जीव उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके सब समयोंमें अनेक बार जन्मा और मरा ।" [श्वेताम्बर साहित्यमें कालपरावर्तके भी दो भेद हैं। जितने समयमें एक जीव अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी कालके सब समयोंमें क्रम या बिना क्रमके मरण कर चुकता है, उतने कालको बादरकालपरावर्त कहते हैं। सूक्ष्म कालपरावर्त दिगम्बर साहित्यके कालपरिवर्तनके जैसा ही है । अनु०] ॥ ६९ ॥

१ ब समएसु सव्वेसु । २ ब म काले ।

णेरइयादि-गदीणं अवर-ट्ठिदो[1] वर-ट्ठिदी जाव[2] ।
सव्व-ट्ठिदिसु वि जम्मदि जीवो गेवेज्ज-पज्जंतं ॥ ७० ॥[3]

[छाया–नैरयिकादिगतीनाम् अपरस्थितितः वरस्थितिं यावत् । सर्वस्थितिष्वपि जायते जीवः ग्रैवेयकपर्यन्तम् ॥] जीवः संसार्यात्मा नरकादिगतीनां चतसृणाम् अवरस्थितितः जघन्यस्थितिमारभ्य उत्कृष्टस्थितिपर्यन्तम् । तथा हि नरकगतौ जघन्यायुर्दशसहस्रवर्षाणि, तेनायुषा तत्रोत्पन्नः पुनः संसारे भ्रान्त्वा तेनैवायुषा तत्रोत्पन्नः । एवं दशवर्षसहस्रसमयवारं तत्र चोत्पन्नो मृतश्च । पुनः एकैकसमयाधिक्येन त्रयास्त्रिंशत्सागरोपमाणि परिसमाप्यन्ते । पश्चात्तिर्यग्गतौ अन्तर्मुहूर्तायुषोत्पन्नः प्राग्वत् तत्समयवारम् उत्पन्नः समयाधिक्येन त्रिपल्योपमानि तेनैव जीवेन परिसमाप्यन्ते । एवं मनुष्यगतावपि । नरकगतिवत् देवगतावपि । तत्रायं विशेषः । उत्कर्षतः एकत्रिंशत्सागरोपमाणि परिसमाप्यन्ते । एवं भ्रान्त्वागत्य पूर्वोक्तजघन्यस्थितिको नारको जायते । तदेतत्सर्वं समुदितं भवपरिवर्तनम् । उक्तं च । 'णिरयाउवा जहण्णा जीवदु[4] उवरिल्लयादु गेवज्जो । जीवो मिच्छत्तवसा भवट्ठिदे हिंडिदो बहुसो ॥' ७० ॥ अथ भावपरिवर्तनं निरूपयति—

परिणमदि सण्णि-जीवो विविह-कसाएहिं ठिदि-णिमित्तेहिं ।
अणुभाग-णिमित्तेहि य वट्टंतो भाव-संसारे[5] ॥ ७१ ॥[6]

अब भवपरिवर्तनको कहते हैं । **अर्थ**–संसारी जीव नरकादिक चार गतियोंकी जघन्य स्थितिसे लेकर उत्कृष्ट स्थितिपर्यन्त सब स्थितियोंमें ग्रैवेयक तक जन्म लेता है ॥ **भावार्थ**–नरकगतिमें जघन्य आयु दस हजार वर्षकी है । उस आयुको लेकर कोई जीव प्रथम नरकमें उत्पन्न हुआ और आयु पूर्ण करके मर गया । पुनः उसी आयुको लेकर वहाँ उत्पन्न हुआ और मर गया । इस प्रकार दस हजार वर्षके जितने समय हैं, उतनी बार दस हजार वर्षकी आयु लेकर प्रथम नरकमें उत्पन्न हुआ । पीछे एक समय अधिक दस हजार वर्षकी आयु लेकर वहाँ उत्पन्न हुआ । फिर दो समय अधिक दस हजार वर्षकी आयु लेकर उत्पन्न हुआ । इस प्रकार एक एक समय बढ़ाते बढ़ाते नरकगतिकी उत्कृष्ट आयु तेतीस सागर पूर्ण करता है । फिर तिर्यञ्चगतिमें अन्तर्मुहूर्तकी जघन्य आयु लेकर उत्पन्न हुआ और पहलेकी ही तरह अन्तर्मुहूर्तके जितने समय होते हैं, उतनी बार अन्तर्मुहूर्तकी आयु लेकर वहाँ उत्पन्न हुआ । फिर एक एक समय बढ़ाते बढ़ाते तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट आयु तीन पल्य समाप्त करता है । फिर तिर्यञ्चगति ही की तरह मनुष्यगतिमें भी अन्तर्मुहूर्तकी जघन्य आयुसे लेकर तीन पल्यकी उत्कृष्ट आयु समाप्त करता है । पीछे नरकगतिकी तरह देवगतिकी आयुको भी समाप्त करता है । किन्तु देवगतिमें इतनी विशेषता है कि वहाँ इकतीस सागरकी ही उत्कृष्ट आयुको पूर्ण करता है, क्योंकि ग्रैवेयकमें उत्कृष्ट आयु इकतीस सागरकी होती है, और मिथ्यादृष्टियोंकी उत्पत्ति ग्रैवेयक तक ही होती है । इस प्रकार चारों गतियोंकी आयु पूर्ण करनेको भवपरिवर्तन कहते हैं । कहा भी है–'नरककी जघन्य आयुसे लेकर ऊपरके ग्रैवेयक पर्यन्तके सब भवोंमें यह जीव मिथ्यात्वके आधीन होकर अनेक बार भ्रमण करता है ।' ॥ ७० ॥ अब भावपरिवर्तनको कहते हैं । **अर्थ**–सैनीजीव जघन्य आदि उत्कृष्ट स्थितिबन्धके कारण तथा अनु–

---

१ ग अवरिट्ठिदिदो वरिट्ठिदी । २ ब जाम । ३ म भावे[भवे] । ब प्रतिमें इस गाथाके बीच और बाद गातेके कुछ शब्द लिखे गये हैं, इसलिये किसी दूसरेने हासियेमें यह गाथा लिखी हैं । गाथाके अन्तमें 'भवो' शब्द है [जावदु] ५ ल स ग संसारो । ६ ब भावसंसारो, म भाव ।

[छाया-परिणमते संज्ञिजीवः विविधकषायैः स्थितिनिमित्तैः। अनुभागनिमित्तैश्च वर्तमानः भावसंसारे ॥] भावसंसारः भावपरिवर्तनम्। संज्ञिजीवः मिथ्यादृष्टिः पञ्चेन्द्रियपर्याप्तकः प्राणी स्वयोग्यसर्वजघन्यां ज्ञानावरणप्रकृतिमन्तः-कोटाकोटिप्रमितां बध्नाति। तस्य जीवस्य कषायाध्यवसायस्थानान्यसंख्येयलोकमात्राणि जघन्यस्थितियोग्यानि। तत्र सर्वजघन्यकषायाध्यवसायस्थानं सर्वजघन्यानुभागबन्धाध्यवसायस्थानं च प्राप्तस्य तद्योग्यसर्वजघन्यं योगस्थानं भवति। तेषामेव स्थितिकषायाध्यवसायानुभागस्थाना द्वितीयमसंख्येयभागयुक्तं योगस्थानम्। एवमसंख्यातभागवृद्धि-संख्यात-भागवृद्धि-संख्यातगुणवृद्धि-असंख्यातगुणवृद्धयाख्यचतुःस्थानवृद्धिपतितानि श्रेण्यसंख्येयभागप्रमितानि योगस्थानानि भवन्ति। तथा तामेव स्थितिं तदेव कषायाध्यवसायस्थानमास्कन्दतो द्वितीयमनुभागबन्धाध्यवसायस्थानं भवति। तस्यापि योगस्थानानि पूर्वोक्तान्येव ज्ञातव्यानि। एवं तृतीयादिष्वप्यनुभागाध्यवसायस्थानेष्वसंख्यातलोकपरिसमाप्ति-पर्यन्तेषु प्रत्येकं योगस्थानानि नेतव्यानि। एवं तामेव स्थितिं बध्नतो द्वितीयं कषायाध्यवसायस्थानं भवति। तस्याप्यनु-भागबन्धाध्यवसायस्थानानि योगस्थानानि च प्राग्वत् ज्ञातव्यानि। एवं तृतीयादिकषायाध्यवसायस्थानेष्वसंख्यातलोकमात्र-परिसमाप्तिपर्यन्तेष्वावृत्तिक्रमो ज्ञातव्यः। ततः समयाधिकस्थितेरपि स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानानि प्राग्वदसंख्येयलोक

भागबन्धके कारण अनेक प्रकारकी कषायोंसे, तथा 'च'शब्दसे श्रेणीके असंख्यातवें भाग प्रमाण योग-स्थानोंसे वर्धमान भावसंसारमें परिणमन करता है ॥ **भावार्थ**–योगस्थान अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान कषायाध्यवसायस्थान और स्थितिस्थान, इन चारके निमित्तसे भावपरिवर्तन होता है। प्रकृतिबन्ध और प्रदेश-बन्धके कारण आत्माके प्रदेशपरिस्पन्दरूप योगके तरतमरूप स्थानोंको योगस्थान कहते हैं। अनु-भागबन्धके कारण कषायके तरतमस्थानोंको अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान कहते हैं। स्थितिबन्धके कारण कषायके तरतमस्थानोंके कषायस्थान या स्थितिबन्धाध्यवसायस्थान कहते हैं। बँधनेवाले कर्मकी स्थितिके भेदोंको स्थितिस्थान कहते हैं। योगस्थान श्रेणीके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान असंख्यातलोकप्रमाण हैं। तथा कषायाध्यवसायस्थान भी असंख्यातलोकप्रमाण हैं। मिथ्यादृष्टी, पञ्चेन्द्रिय, सैनी, पर्याप्तक कोई जीव ज्ञानावरणकर्मकी अन्तःकोड़ाकोड़ीसागरप्रमाण जघन्यस्थितिको बाँधता है। उस जीवके उस स्थितिके योग्य जघन्य कषायस्थान, जघन्य अनुभाग०स्थान और जघन्य ही योगस्थान होता है। फिर उसी स्थिति, उसी कषाय० स्थान और उसी अनुभाग० स्थानको प्राप्त जीवके दूसरा योगस्थान होता है। जब सब योगस्थानोंको समाप्त कर लेता है तब उसी स्थिति और उसी कषाय. स्थानको प्राप्तजीवके दूसरा अनुभाग० स्थान होता है। उसके योगस्थान भी पूर्वोक्त प्रकार ही जानने चाहिये। इस प्रकार प्रत्येक अनुभाग० स्थानके साथ सब योगस्थानोंको समाप्त करता है। अनुभाग० स्थानोंके समाप्त होनेपर, उसी स्थितिको प्राप्त जीवके दूसरा कषाय० स्थान होता है। इस कषाय० स्थानके अनुभाग० स्थान तथा योगस्थान पूर्ववत् जानने चाहिये। इस प्रकार सब कषाय० स्थानोंकी समाप्तितक अनुभाग० स्थान और योगस्थानोंकी समाप्तिका क्रम जानना चाहिये। कषाय० स्थानोंके भी समाप्त होनेपर वही जीव उसी कर्मकी एक समय अधिक अन्तःकोड़ाकोड़ीसागरप्रमाण स्थिति बाँधता है। उसके भी कषाय० स्थान, अनुभागस्थान तथा योगस्थान पूर्ववत् जानने चाहिये। इस प्रकार एक एक समय बढ़ाते बढ़ाते उत्कृष्ट स्थिति तीस कोड़ाकोड़ीसागर पर्यन्त प्रत्येक स्थितिके कषाय० स्थान, अनुभाग०स्थान और योगस्थानोंका क्रम जानना चाहिये इसी प्रकार समस्त मूल और उत्तरप्रकृतियोंमें समझना चाहिये। अर्थात् प्रत्येक मूलप्रकृति और प्रत्येक उत्तरप्रकृतिकी जघन्य स्थितिसे लेकर उत्कृष्ट स्थिति पर्यन्त प्रत्येक स्थितिके साथ पूर्वोक्त सब कषाय० स्थानों, अनुभाग० स्थानों

मात्राणि भवन्ति । एवं समयाधिकक्रमेणोत्कृष्टस्थितिपर्यन्तं त्रिंशत्सागरोपमकोटाकोटिप्रमितस्थितेरपि स्थितिबन्धाध्यवसायस्थानान्यनुभागबन्धाध्यवसायस्थानानि योगस्थानानि च ज्ञातव्यानि । एवं मूलप्रकृतीनाम् उत्तरप्रकृतीनां च परिवर्तनक्रमो ज्ञातव्यः । तदेतत्सर्वं समुदितं भावपरिवर्तनं भवति । परिणमति परिणामान् प्राप्नोतीति भावसंसारः । कीदृक्षः सन् । *वर्धमानः सन् । कैः । विविधकषायैः, असंख्यातलोकमात्रकषायाध्यवसायैः । कीदृक्षैः । स्थितिनिमित्तैः, कर्मणां जघन्या-ब्दुत्कृष्टस्थितिबन्धकारणैः । पुनः कीदृक्षैः । अनुभागनिमित्तैः, अनुभागः फलदानपरिणतिः तस्य निमित्तैः कारणैः । चशब्दात् श्रेण्यसंख्येयभागयोगस्थानैः । इति भावसंसारः ॥७१॥ एवं पञ्चपरिवर्तनान्युपसंहरति—

एवं अणाइ-काले[1] पंच-पयारे[2] भमेइ संसारे ।
णाणा-दुक्ख-णिहाणो जीवो मिच्छत्त-दोसेण ॥७२॥

[छाया-एवम् अनादिकाले पञ्चप्रकारे भ्रमति संसारे । नानादुःखनिधानः जीवः मिथ्यात्वदोषेण ॥] एवं पूर्वोक्तप्रकारेण, संसारे भवे, जीवः *अनादिकालं भ्रमति भ्रमण करोति । केन । मिथ्यात्वदोषेण, मिथ्यात्वलक्षणदोषतः । कीदृक्षे । पञ्चप्रकारे, द्रव्यादिपञ्चभेदभिन्ने । पुनः कीदृक्षे । नानादुःखनिधाने, अनेकाशर्मोत्पत्तिनिमित्ते ॥७२॥

इय संसारं जाणिय मोहं सव्वायरेण चइऊणं ।
तं झायह स-सरूवं[3] संसरणं[4] जेण णासेइ ॥७३॥[5]

[छाया-इति संसारं ज्ञात्वा मोहं सर्वादरेण त्यक्त्वा । तं ध्यायत स्वस्वरूपं संसरणं येन नश्यति ॥] तं प्रसिद्धं *स्वस्वभावं शुद्धबोधमयस्वरूपं ध्यायत यूयं स्मरत, येन ध्यातेन नश्यति विनाशमेति । किम् । संसरणं पञ्चसंसारभ्रमणम् । किं कृत्वा । सर्वादरेण सम्यक्त्वव्रतध्यानादिसर्वोद्यमेन त्यक्त्वा मुक्त्वा । कम् । मोहं, ममत्वपरिणाममोहनीयकर्म च । किं कृत्वा पुनः । इति पूर्वोक्तं सर्वं ज्ञात्वा अवगम्य । कम् संसारम् ॥७३॥

संसरन्त्यत्र संसारे जीवा मोहविपाकतः । स्तवीमि तत्परित्यक्तं सिद्धं शुद्धं चिदात्मकम् ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविधविद्याधरषड्भाषाकवि-
चक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायां
संसारानुप्रेक्षायां तृतीयोऽधिकारः ॥३॥

और योगस्थानोंको पहलेकी ही तरह लगा लेना चाहिये । इस प्रकार सब कर्मोंकी स्थितियोंको भोगनेको भावपरिवर्तन कहते हैं । इन परिवर्तनोंको पूर्ण करनेमें जितना काल लगता है, उतना काल भी उस उस परावर्तनके नामसे कहाता है ॥७१॥ [श्वे० सा० में भावपरावर्तके भी दो भेद हैं । असंख्यातलोकप्रमाण अनुभागबन्धस्थानोंमेंसे एक एक अनुभागबन्धस्थानमें क्रमसे या अक्रमसे मरण करते करते जीव जितने समयमें समस्त अनुभागबन्धस्थानोंमें मरण कर चुकता है, उतने समयको बादर भाव परावर्त कहते हैं । तथा जघन्य अनुभागस्थानसे लेकर उत्कृष्ट अनुभाग स्थान पर्यन्त प्रत्येक स्थानमें क्रमसे मरण करनेमें जितना समय लगता है, उसे सूक्ष्मभाव परावर्त कहते हैं । श्वे० सा० में प्रत्येक परावर्तके नामके साथ पुद्गल शब्द भी जुड़ा रहता है । यथा-द्रव्यपुद्गल परावर्त, क्षेत्र पुद्गल परावर्तकाल पुद्गल परावर्त आदि । अनु०] पाँच परिवर्तनोंका उपसंहार करते हैं । **अर्थ—**इस प्रकार अनेक दुःखोंकी उत्पत्तिके कारण पांच प्रकारके संसारमें, यह जीव मिथ्यात्वरूपी दोषके कारण अनादि कालतक भ्रमण करता रहता है ॥७२॥ **अर्थ—**इस प्रकार संसारको जानकर और सम्यक्त्व, व्रत, ध्यान आदि समस्त उपायोंसे मोहको त्यागकर अपने उस शुद्ध ज्ञानमय स्वरूपका ध्यान करो, जिससे पाँच प्रकारके संसारभ्रमणका नाश होता है ॥७३॥ इति संसारानुप्रेक्षा ॥३॥

१ ब अणायकाले, ल म स ग अणाइकाल । २ ब पयारेहिं भमए स० । ३ ल म स ग समहावं । ग संसारं । ५ ब म संसारानुप्रेक्षा ।

[४. एकत्वानुप्रेक्षा]

अथैकत्वानुप्रेक्षां गाथाषट्केनाह —

इक्को जीवो जायदि एक्को[1] गब्भम्हि[2] गिण्हदे देहं ।
इक्को बाल-जुवाणो इक्को वुड्ढो जरा-गहिओ ॥७४॥

[छाया–एकः जीवः जायते एकः गर्भे गृह्णाति देहम् । एकः बालः युवा एकः वृद्धः जरागृहीतः ॥] जायते उत्पद्यते । कः । जीवः जन्तुरेक अद्वितीय एव नान्यः । गृह्णाति अङ्गीकरोति । कम् । देहं शरीरम् । क्व । गर्भे मातृजठरे । एक एव बालः शिशुः, एक एव युवा यौवनेनात्यन्तशाली, एक एव वृद्धः जरागृहीतः स्थविरः जराजर्जरितः एक एव ॥७४॥

इक्को[3] रोई सोई इक्को[3] तप्पेइ माणसे दुक्खे ।
इक्को[3] मरदि वराओ णरय[4]-दुहं सहदि इक्को वि ॥७५॥

[छाया–एकः रोगी शोकी एकः तप्यते मानसे दुःखे । एकः म्रियते वराकः नरकदुःखं सहते एकोऽपि ॥] एक एव जीवः रोगी रोगाक्रान्तः । एक एव शोकी शुचाक्रान्तः । मानसैर्दुःखैः तप्यति तापं संतापं गच्छति । एक एव म्रियते मरणदुःखं प्राप्नोति । एक एव वराकः दीनः जीवः नरकदुःखं रत्नप्रभादिदुस्सहवेदनादुःखं सहते क्षमते ॥७५॥

इक्को[5] संचदि पुण्णं एक्को[5] भुंजेदि विविह-सुर-सोक्खं ।
इक्को[5] खवेदि कम्मं इक्को[5] वि य पावए[7] मोक्खं ॥७६॥

[छाया–एकः संचिनोति पुण्यम् एकः भुनक्ति विविधसुरसौख्यम् । एकः क्षपयति कर्म एकोऽपि च प्राप्नोति मोक्षम् ॥] एक एव पुण्यं शुभकर्म सम्यक्त्वं व्रतदानादिलक्षणं संचिनोति संग्रहीकरोति । एक एव भुंक्ते विविधसुरसौख्यं चतुर्णिकायदेवानाम् अनेकप्रकारसुखम् । एक एव क्षपकश्रेण्यामारूढः सन् कर्म ज्ञानावरणादिकं क्षपयति क्षयं करोति । अपि पुनः, एक एव सकलकर्मविप्रमुक्तः सन् मोक्षं सकलकर्मविप्रमुक्तिं प्राप्नोति लभते ॥७६॥

सुयणो पिच्छंतो वि हु ण दुक्ख-लेसं पि सक्कदे गहिदुं ।
एवं जाणंतो वि हु तो वि ममत्तं ण छंडेइ[8] ॥७७॥

छह गाथाओंसे एकत्वानुप्रेक्षाको कहते हैं । **अर्थ**–जीव अकेला ही उत्पन्न होता है, अकेला ही माताके उदरमें शरीरको ग्रहण करता है, अकेला ही बालक होता है, अकेला ही जवान होता है, और अकेला ही बुढ़ापेसे बूढ़ा होता है ॥७४॥ **अर्थ**–अकेला ही रोगी होता है, अकेला ही शोक करता है, अकेला ही मानसिक दुःख से संताप पाता है, अकेला ही मरता है, और बेचारा अकेला ही नरकके असह्य दुःखको सहता है ॥७५॥ **अर्थ**–अकेला ही पुण्यका संचय करता है, अकेला ही देवगतिके अनेक प्रकारके सुखोंको भोगता है । अकेला ही कर्मका क्षय करता है, और अकेला ही मुक्तिको प्राप्त करता है ॥७६॥ **अर्थ**–कुटुम्बीजन देखते हुए भी दुःखके लेशमात्रको भी ग्रहण करनेमें समर्थ नहीं होते हैं । किन्तु ऐसा जानते हुए भी ममत्वको नहीं छोड़ता है ॥ **भावार्थ**–यह जीव जानता है, कि जब मुझे कोई कष्ट सताता है तो कुटुम्बीजन उसे देखते हुए भी बाँट नहीं सकते हैं । शरीरमें पीड़ा होनेपर उसका कष्ट मुझे ही भोगना पड़ता है, अन्य वस्तुओंकी तरह उसमें कोई चाहनेपर भी हिस्सादार नहीं कर सकता । किन्तु फिर भी मात, पिता, भाई, पुत्र वगैरह कुटुम्बियोंसे

---

१ ल म स ग इक्को । २ ब गब्भम्मि ...देहो । ३ ब एको । ४ ब निरय । ५ ब एको । ६ ल म स ग इक्को । ७ ब म पावइ । ८ स छंडेइ ।

[छाया--स्वजनः पश्यन्नपि खलु न दुःखलेशमपि शक्नोति ग्रहीतुम् । एवं जानन्नपि खलु ततः अपि ममत्वं न त्यजति ॥] अपि पुनः, शक्नोति समर्थो भवति, न ग्रहीतुं ज्ञातुम् । किम् । दुःखलेशं स्वकीयजनजातासातलेशं कणिकाम् । कः । सुजनो ऽपि मातृपितृभ्रातृपुत्राद्यात्मजनोऽपि । अपिशब्दात् अन्योऽपि हु स्फुटं, पश्यन्नपि प्रेक्षमाणोऽपि, एवं जानन् अपि, हु स्फुटं, तो वि तथापि, ममत्वं न त्यजति ॥ ७७ ॥

जीवस्स णिच्छयादो धम्मो दह-लक्खणो हवे सुयणो[1] ।
सो णेइ देव-लोए सो चिय[3] दुक्ख-क्खयं कुणइ ॥ ७८ ॥

[छाया-जीवस्य निश्चयतः धर्मः दशलक्षणः भवेत् स्वजनः । सः नयति देवलोके स एव दुःखक्षयं करोति ॥] स्वजनः आत्मीयजनः, निश्चयतः परमार्थतः, भवेत् । कस्य । जीवस्य आत्मनः । कः । दशलक्षणः उत्तमक्षमादिदश-लाक्षणिकधर्मः । स धर्मो जिनोक्तः, नयति प्रापयति, देवलोके सौधर्मादिनाकलोके । स एव दशलाक्षणिकधर्मः करोति विदधाति । कम् । दुःखक्षयं चतुर्गतिदुःखानां विनाशम्[4] ॥ ७८ ॥

सव्वायरेण जाणह[5] एक्कं[6] जीवं सरीरदो भिण्णं ।
जम्हि दु मुणिदे जीवे[7] होदि[8] असेसं खणे हेयं ॥ ७९ ॥

[छाया-सर्वादरेण जानीत एकं जीवं शरीरतः भिन्नम् । यस्मिन् तु ज्ञाते जीवे भवति अशेषं क्षणे हेयम् ॥] सर्वादरेण समस्तोद्यमेन, जानीहि विद्धि, एकमद्वितीयं जीवं चिदानन्दम् । कीदृक्षम् । शरीरतः नोकर्मकर्मादेर्भिन्नं पृथक् । तु पुनः । यस्मिन् जीवे शुद्धचिद्रूपे ज्ञाते सति, क्षणे क्षणतः, अशेषं शरीरमित्रकलत्रधनधान्यादि सर्वं, हेयं त्याज्यं, भवति जायते ॥ ७९ ॥

एकं श्रीशुभचन्द्रमिन्द्रनिकरैः सेव्यं जिन संभज, एकं सन्मतिकीर्तिदायकमरं तत्त्वं स्मर स्मारय ।
एकं जैनमतानुशास्त्रनिकरं श्रव्यं कुरु प्रीतये, एकं ध्यानगतं विशुद्धममलं चिद्रूपभावं धर ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषा-
कविचक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायाम्
एकत्वानुप्रेक्षायां चतुर्थोऽधिकारः ॥ ४ ॥

उसे जो मोह है, वह उसे नहीं छोड़ता है ॥७७॥ **अर्थ**—यथार्थमें जीवका आत्मीय जन उत्तम क्षमादिरूप दशलक्षणधर्म ही है वह दशलक्षणधर्म सौधर्म आदि स्वर्गमें लेजाता है, और वही चारों गतियोंके दुःखोंका नाश करता है ॥ **भावार्थ**—अपना सच्चा आत्मीय वही है, जो हमें सुख देता है और दुःखोंको दूर करता है । लौकिक सम्बन्धी न तो हमें सुख ही देते हैं और न दुःखोंसे ही हमारी रक्षा कर सकते हैं । किन्तु धर्म दोनों काम कर सकनेमें समर्थ है । अतः वही हमारा सच्चा बन्धु है, और उसीसे हमें प्रीति करना चाहिये ॥ **अर्थ**—पूरे प्रयत्नसे शरीरसे भिन्न एक जीवको जानो । उस जीवके जान लेनेपर क्षणभरमें ही शरीर, मित्र, स्त्री, धन, धान्य वगैरह सभी वस्तुयें हेय होजाती हैं ॥ **भावार्थ**—संसारकी दशा देखते हुए भी अपने कुटुम्बीजनोंसे जीवका मोह नहीं छूटता है । इसका कारण यह है, कि जीव अपनेको अभी नहीं जान सका है । जिस समय वह अपनी शुद्ध चैतन्यमय आत्माको जान लेगा, उसी समय उसे सभी परवस्तुयें हेय प्रतीत होने लगेंगी । अतः सब कुछ छोड़कर अपनेको जाननेका पूरा प्रयत्न करना चाहिये ॥ ७९ ॥ इति एकत्वानुप्रेक्षा ॥ ४ ॥

---

१ ग स्वजनोपि । २ म सुवणो । ३ स वि य । ४ सर्वत्र 'विनाशं करोति' इति पाठः । ५ ब जाणइ । ६ ल म स ग इक्कं । ७ ब म जीवो । ८ ल म स ग होइ । ९ ब एकत्ताणुवेक्खा, म एकत्वानुप्रेक्षा ।

[५. अन्यत्वानुप्रेक्षा]

अथ त्रिभिर्गाथाभिरन्यत्वानुप्रेक्षामुत्प्रेक्षते—

अण्णं देहं गिण्हदि[1] जणणी अण्णा य होदि कम्मादो ।
अण्णं होदि कलत्तं अण्णो वि य जायदे पुत्तो ॥ ८० ॥

[छाया- अन्यं देहं गृह्णाति जननी अन्या च भवति कर्मणः । अन्यत् भवति कलत्रं अन्योऽपि च जायते पुत्रः ॥] अन्यं भिन्नं', देहं शरीरं, गृह्णाति अङ्गीकरोति, जीवः इत्यध्याहार्यम् । जननी भवित्री माता अन्या च भिन्ना च भवति। कुतः । कर्मतः स्वकीयकृतकर्मविपाकात् । कलत्रम् आत्मनः स्वभावाद् अन्यत् पृथग्भवति । अपि च पुत्रः आत्मजः अन्यः शरीरदेः पृथक् जायते उत्पद्यते ॥ ८० ॥

एवं बाहिर-दव्वं जाणदि रूवादु[2] अप्पणो भिण्णं ।
जाणंतो वि हु जीवो तत्थेव हि रच्चदे मूढो ॥ ८१ ॥

[छाया-एवं बाह्यद्रव्यं जानाति रूपात् आत्मनः भिन्नम् । जानन्नपि खलु जीवः तत्रैव हि रज्यति मूढः ॥] एवं शरीरजननीकलत्रपुत्रादिवत् बाह्यद्रव्यं गजतुरगरथद्रव्यगृहादिकः आत्मनः स्वरूपात् चिद्रूपस्य स्वभावात् भिन्नं पृथक् जानाति वेत्ति । हु स्फुटम् । भिन्नं जानन्नपि मूढो जीवः अज्ञः प्राणी तत्रैव बाह्यद्रव्ये पुत्रमित्रकलत्रधन-धान्यादौ रज्यति रागं गच्छति ॥ ८१ ॥

जो जाणिऊण देहं जीव-सरूवादु[3] तच्चदो भिण्णं ।
अप्पाणं पि य सेवदि कज्जकरं तस्स अण्णत्तं ॥ ८२ ॥[4]

[छाया-यः ज्ञात्वा देह जीवस्वरूपात् तत्त्वतः भिन्नम् । आत्मानमपि च सेवते कार्यकरं तस्य अन्यत्वम् ॥] तस्य जीवस्य अन्यत्वम् अन्यत्वानुप्रेक्षाचिन्तनं कार्यकरं मोक्षपर्यन्तसाध्यसाधकम् । तस्य कस्य । यः सेवते भजते । कम् । आत्मानं शुद्धचिद्रूपम् । किं कृत्वा । ज्ञात्वा परिज्ञाय । कम् । देहं शरीरं, जीवस्वरूपात् आत्मस्वरूपात्, तत्त्वतः परमार्थतः, भिन्नं पृथक् ॥ ८२ ॥

भिन्नं जिनं जगति कर्मशरीरगेहात् ज्ञानादितो न खलु भिन्नमिनं भजध्वम् ।
भिन्नं जगद्वदति यो जगतां जितात्मा भिन्नेतरादिघटतां घटयन् स भाति ॥

इति श्रीस्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषा-
कविचक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायाम्
अन्यत्वानुप्रेक्षायां पञ्चमोऽधिकारः ॥ ५ ॥

तीन गाथाओंसे अन्यत्वानुप्रेक्षाको कहते हैं। **अर्थ**—अपने उपार्जित कर्मोंके उदयसे जीव भिन्न शरीरको ग्रहण करता है। माता भी उससे भिन्न होती है। स्त्री भी भिन्न होती है और पुत्र भी भिन्न ही पैदा होता है॥ **भावार्थ**—आत्मासे शरीर, स्त्री, पुत्र, आदिके भिन्न चिन्तन करनेको अन्यत्वानुप्रेक्षा कहते हैं। आत्मासे ये सभी वस्तुयें भिन्न हैं॥ ८०॥ **अर्थ**—इस प्रकार शरीर, माता, स्त्री, पुत्र आदिकी तरह हाथी, घोड़ा, रथ, धन, मकान वगैरह बाह्य द्रव्योंको यद्यपि आत्मासे भिन्न जानता है, किन्तु भिन्न जानते हुए भी मूर्ख प्राणी उन्हींसे राग करता है॥ **भावार्थ**—यह सब जानते हैं, कि संसारकी सब विभूति हमसे पृथक् है, किन्तु फिर भी सब उनसे प्रीति करते देखे जाते हैं॥ ८१॥ **अर्थ**—जो आत्मस्वरूपसे शरीरको यथार्थमें भिन्न जानकर अपनी आत्माका ही ध्यान करता है, उसीकी अन्यत्वानुप्रेक्षा कार्यकारी है॥ **भावार्थ**—शरीरादिकसे

---

१ ब गिण्हदि । २ ब जाण सरूवादि अ० । ३ ब जीवस्स रूवादि । ४ ब अनुत्ताणप्रेया, म अण्यत्वानुप्रेक्षा ।

[६. अशुचित्वानुप्रेक्षा]

अथ गाथाषट्केनाशुचित्वानुप्रेक्षां सूचयति—

सयल-कुहियाण पिंडं किमि-कुल-कलियं अउव्व-दुग्गंधं ।
मल-मुत्ताण य गेहं देहं जाणेहि[1] असुइ[2]मयं ॥८३॥

[छाया-सकलकुथितानां पिण्डं कृमिकुलकलितमपूर्वदुर्गन्धम् । मलमूत्राणां च गेहं देहं जानीहि अशुचिमयम् ॥] जानीहि त्वं, हे भव्य प्रजानीहि । कम् । देहं शरीरम् । किंभूतम् । अशुचिमयम् अपवित्रद्रव्यनिष्पादितम् । कीदृक्षम् । सकलकुथितानां पिण्डं समस्तकुत्सितानां द्रव्याणां निचयम् । पुनः कीदृक्षम् । किमिकुलकलितं, क्रिमयः जठरजद्वीन्द्रियजीवाः अन्तवः यूकादयः निगोदादयः तेषां कुलानि वृन्दानि तैः कलितं युक्तम् । अतीवदुर्गन्धम् । मलमूत्राणां गृहं, मला विष्ठादयः मूत्राणि प्रस्रवादयस्तेषां गृह स्थानम् ॥ तथा श्रीभगवत्याराधनायां शरीरस्य निष्पत्त्यादिकं प्रोक्तं च । तद्यथा । 'कलिल १० कलुष १० स्थिरत्वं १० पृथग्दशाहेन बुब्बुदोऽथ घनः । तदनु ततः पलपेश्यः क्रमेण मासेन पुलकमतः ॥'१॥ 'चर्मनखरोमसिद्धैः स्यादङ्गोपाङ्गसिद्धिश्च । स्पन्दनमष्टममासे नवमे दशमेऽथ निस्सरणम् ॥'२॥ कलिलं दिन १०, कलुषीकृतं (दिन १०) पांशुरससदृशं दिन १०, स्थिरभूतं दिन १०, मास १ । बुब्बुदभूतं मास १ । घनभूतं मास १ । मांसपेशी मास १ । पञ्चपुलकानि मास १ । अङ्गोपाङ्गानि मास १ । चर्मनखरोमनिष्पत्तिः मास १ । चलनम् । मासे नवमे निर्गमनम् ॥ शरीरस्य अवयवानाचष्टे । त्रिशतानि अस्थीनि ३००, तानि सर्वाणि मज्जाधातुभिर्भृतानि । तावन्ति संधयः ३०० । स्नायूनां नवशतानि ९०० । शिराणां सप्तशतानि ७०० । पञ्चशतानि मांसपेश्यः ५०० । चत्वारि शिराजालानि ४ । षोडशखण्डसंज्ञानि १६ । शिरामूलानि षडेव ६ । मांसरज्जुद्वयं २ । त्वचः सप्त ७ । कालेयानि सप्त ७ । रोमकोटीनामशीतिशतसहस्राणि ८०००००००००००० । आमाशये अवस्थिता अन्त्रयष्टयः षोडश १६ ।

आत्माके भिन्न चिन्तन करनेको अन्यत्वानुप्रेक्षा कहते हैं। अन्यत्वका चिन्तन करते हुए भी यदि यथार्थमें भेदज्ञान न हुआ तो वह चिन्तन कार्यकारी नहीं है ॥८२॥ इति अन्यत्वानुप्रेक्षा ॥५॥

छह गाथाओंसे अशुचित्वअनुप्रेक्षाका सूचन करते हैं। **अर्थ**–इस शरीरको अपवित्र द्रव्योंसे बना हुआ जानो। क्योंकि यह शरीर समस्त बुरी वस्तुओंका समूह है। उदरमें उत्पन्न होनेवाले दोइन्द्रिय लट, जूं तथा निगोदियाजीवोंके समूहसे भरा हुआ है, अत्यन्त दुर्गन्धमय है तथा मल और मूत्रका घर है ॥ **भावार्थ**–श्रीभगवतीआराधनामें गाथा १००७ से शरीरकी उत्पत्ति वगैरह इस प्रकार बतलाई है–"गर्भमें दस दिनतक वीर्य कलल अवस्थामें रहता है। अर्थात् गले हुए ताम्बे और चाँदीको परस्परमें मिलानेसे उन दोनोंकी जो अवस्था होती है, वैसी ही अवस्था माताके रज और पिताके वीर्यके मिलनेसे होती है। उसे ही कलल अवस्था कहते हैं। उसके पश्चात् दस दिनतक वह काला रहता है। उसके पश्चात् दस दिनतक स्थिर रहता है। इस प्रकार प्रथम मासमें रज और वीर्यके मिलनेसे ये तीन अवस्थाएँ होती हैं। दूसरे मासमें बुलबुलेकी तरह रहता है। तीसरे मासमें कड़ा होजाता है। चौथे मासमें मांसका पिण्ड होजाता है। पांचवें मासमें हाथ, पैर और सिरके स्थानमें पाँच अंकुर फूटते हैं। छठे मासमें अंग और उपांग बन जाते हैं। सातवें मासमें चमड़ा, रोम और नाखून बन जाते हैं। आठवें मासमें बचा पेटमें घूमने लगता है। नवें अथवा दसवें मासमें बाहर आजाता है।" शरीरके अवयव इस प्रकार हैं–"इस शरीरमें तीनसौ हड्डियाँ हैं। वे सभी मज्जा नामकी धातुसे भरी हुई हैं। तीन सौ ही सन्धियाँ हैं। नौसौ स्नायु हैं। सात सौ सिराएँ हैं

---

1 ल म स जाणेहु, ग जाणेह । २ म असुइत्तं ।

कुथितस्याश्रयाः सप्तैव भवन्ति ७ । स्थूणाः तिस्रो भवन्ति ३ । मर्मणां शतं सप्ताधिकं १०७ भवति । व्रणमुखानि नव भवन्ति ९, नित्यं कुथितं स्रवन्ति यानि । मस्तिष्कं स्वाञ्जलिप्रमाणं, मेदोऽञ्जलिप्रमाणम्, ओजो निजाञ्जलिप्रमाणं, शुक्रं स्वाञ्जलिप्रमाणं, वसा धातवः तिस्रोऽञ्जलयः, पित्ताञ्जलित्रिकं ३, श्लेष्माञ्जलित्रिकं ३ । रुधिरं सेर ८, मूत्रं सेर १६, विष्ठा सेर २४ । नख २०, दन्ताः ३२ । 'क्रिमिकीटनिगोदादिमिश्रं तमिदं शरीरम् । रसा १ असृक् २ मांस ३ मेदो ४ अस्थि ५ मज्जा ६ शुक्राणि ७ धातवः ॥' सप्तधातुभिर्निष्पन्नम् ॥ ८३ ॥

सुट्ठु पवित्तं दव्वं सरस-सुगंधं[1] मणोहरं जं पि ।

देह-णिहित्तं जायदि घिणावणं सुट्ठु दुग्गंधं ॥ ८४ ॥

[छाया–सुष्ठु पवित्रं द्रव्यं सरससुगन्धं मनोहरं यदपि । देहनिहितं जायते घृणास्पदं सुष्ठु दुर्गन्धम् ॥] यदपि द्रव्यं चन्दनकर्पूरागरुकस्तूरीसुगन्धपुष्पप्रमुखम् । कीदृक्षम् । सुष्ठु अतिशयेन पवित्रं शुचिः । कीदृक्षं पुनः । सरससुगन्धम् अपूर्वरसगन्धसहितम् अन्नपानादि, मनोहरं चेतश्चमत्कारकम्, तदपि द्रव्यं देहनिक्षिप्तं शरीरसंस्पृष्टं जायते भवति । कीदृक्षम् । घृणास्पदं घृणोत्पादकं [जुगुप्सोत्पादकं], सुष्ठु अतिशयेन दुर्गन्धं पूतिगन्धम् ॥ ८४ ॥

मणुयाणं[2] असुइमयं विहिणा देहं विणिम्मियं[3] जाण ।

तेसिं विरमण-कज्जे ते पुण तत्थेव[4] अणुरत्ता ॥ ८५ ॥

[छाया–मनुजानामशुचिमयं विधिना देहं विनिर्मितं जानीहि । तेषां विरमणकार्ये ते पुनः तत्रैव अनुरक्ताः ॥] जाण जानीहि, मनुष्याणां देहं शरीरं विधिना पूर्वोपार्जितकर्मणा अशुचिमयम् अपवित्रतामयं विनिर्मितं निष्पादितम् । तेषां मनुष्याणां विरमणकार्ये वैराग्योत्पत्तिनिमित्तं पुनः ते मनुष्याः तत्रैव शरीरे अनुरक्ताः प्रेमसंबद्धाः ॥ ८५ ॥

एवंविहं पि देहं पिच्छंता वि य कुणंति अणुरायं ।

सेवंति आयरेण य अलद्ध-पुव्वं[5] ति मण्णंता ॥ ८६ ॥

पाँच सौ मांसपेशियाँ हैं । शिराओंके चार समूह हैं । रक्तसे भरी १६ महासिराएँ हैं । सिराओंके छह मूल हैं । पीठ और उदरकी ओर दो मांसरज्जु हैं । चर्मके सात परत हैं । सात कालेयक अर्थात् मांस खण्ड हैं । अस्सी लाख करोड़ रोम हैं । आमाशयमें सोलह आँतें हैं । सात दुर्गन्धके आश्रय हैं । तीन स्थूणा हैं–वात, पित्त और कफ । एक सौ सात मर्मस्थान हैं । नौ मलद्वार हैं, जिनसे सर्वदा मल बहता रहता है । एक अञ्जलि प्रमाण मस्तक है । एक अञ्जलिप्रमाण मेद है । एक अञ्जलिप्रमाण ओज है । एक अञ्जलिप्रमाण वीर्य है । ये अञ्जलियाँ अपनी अपनी ही लेनी चाहिये । तीन अञ्जलिप्रमाण वसा है । तीन अञ्जलिप्रमाण पित्त है । [भगवती० में पित्त और कफको ६–६ अञ्जलिप्रमाण बतलाया है । देखो, गा० १०३४ । अनु० ।] ८ सेर रुधिर है । १६ सेर मूत्र है । २४ सेर विष्ठा है । बीस नख हैं । ३२ दाँत हैं । यह शरीर कृमि, लट तथा निगोदिया जीवोंसे भरा हुआ है । तथा रस, रुधिर, माँस, मेद, हड्डी, मज्जा और वीर्य इन सात धातुओंसे बना हुआ है । अतः गन्दगीका घर है ॥ ८३ ॥ **अर्थ**–जो द्रव्य अत्यन्त पवित्र, अपूर्व रस और गंध से युक्त, तथा चित्तको हरनेवाले हैं, वे द्रव्य भी देहमें लगनेपर अति घिनावने तथा अति दुर्गन्धयुक्त होजाते हैं ॥ **भावार्थ**–चन्दन, कपूर, अगरु, कस्तूरी, सुगन्धित पुष्प वगैरह पवित्र और सुगन्धित द्रव्य भी शरीरमें लगानेसे दुर्गन्धयुक्त हो जाते हैं ॥ ८४ ॥ **अर्थ**–मनुष्यको विरक्त करनेके लिये ही विधिने मनुष्यके शरीरको अपवित्र बनाया है, ऐसा प्रतीत होता है । किन्तु वे उसीमें अनुरक्त हैं ॥ ८५ ॥ **अर्थ**–शरीरको इस प्रकारका देखते हुए भी मनुष्य उसमें अनुराग करते हैं । और मानों इससे पहले

---

१ ब सु(सं)ध । २ ल म ग स मणुवाणं । ३ ब विणिम्मिद [?]। ४ ब तुगु तित्थेव । ५ छ ग पुव्व ति,मं सेव ति ।

[छाया-एवंविधम् अपि देहं पश्यन्तः अपि च कुर्वन्ति अनुरागम् । सेवन्ते आदरेण च अलब्धपूर्वम् इति मन्यमानाः ॥] कुर्वन्ति । कम् । अनुराग शरीरे अतिस्नेहम् । के । मनुष्याः । कीदृक्षाः । एवंविधमपि सप्तधातुमलमूत्रदुर्गन्धताविनिवृत्तमपि देहं शरीरं पश्यन्तः प्रेक्षमाणाः, अपि च पुनः, आदरेण च उद्यमेन सेवन्ते स्त्रीशरीरादिकं भजन्ति । कीदृक्षाः सन्तः । अलब्धपूर्वमिति मन्यमानाः, अतः पूर्वं कदाचिदपि न प्राप्तमिति जानन्तः ॥८६॥

जो पर-देह-विरत्तो णिय-देहे ण य करेदि अणुरायं ।
अप्प-[1]सरूव-सुरत्तो [2]असुइत्ते भावणा तस्स ॥८७॥[3]

[छाया-यः परदेहविरक्तः निजदेहे न च करोति अनुरागम् । आत्मस्वरूपसुरक्तः अशुचित्वे भावना तस्य ॥] तस्य मुनेः अशुचित्वे भावना अशुचित्वानुप्रेक्षा भवतीत्यर्थः । तस्य कस्य । यः पुमान् परदेहविरक्तः, परेषां स्त्रीप्रमुखानां देहे शरीरे विरक्तः विरतिं प्राप्तः । च पुनः, न करोति न विदधाति । कम् । अनुरागम् अतिस्नेहम् । क्व । निजदेहे स्वकीयशरीरे । कीदृक्षः सन् । आत्मस्वरूपे शुद्धचिद्रूपे, सुरक्तः ध्यानेन लीनः ॥८७॥

देहाशुचिं चेतसि भावयन्तं शुभेन्दुदेवं प्रणमामि भक्त्या । सुसन्मतिं कीर्तिमितं प्रयत्नात् सद्भावनाभावकृते सुभावात् ॥

इति श्रीस्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षायां भट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेव-
विरचितटीकायाम् अशुचित्वानुप्रेक्षाप्रतिपादकः
षष्ठोऽधिकारः ॥६॥

[७. आस्रवानुप्रेक्षा]

अथास्रवानुप्रेक्षां गाथासप्तभिराह—

मण-वयण-काय-जोया जीव[4]-पएसाण फंदण-विसेसा ।
मोहोदएण[5] जुत्ता विजुदा वि य आसवा होंति ॥८८॥

[छाया-मनवचनकाययोगाः जीवप्रदेशानां स्पन्दनविशेषाः । मोहोदयेन युक्ताः वियुताः अपि च आस्रवाः भवन्ति ॥] अथास्रवाणां निमित्तानि योगान् युनक्ति । मनोवचनकाययोगाः, मनोयोगाः सत्यादिचत्वारः, वचनयोगाः

कभी मिला ही नहीं, ऐसा मानकर आदरसे उसका सेवन करते हैं ॥८६॥ **अर्थ**—जो दूसरोंके शरीरसे विरक्त है और अपने शरीरसे अनुराग नहीं करता है, तथा आत्माके शुद्ध चिद्रूपमें लीन रहता है उसीकी अशुचित्वमें भावना है ॥ **भावार्थ**—आचार्य कहते हैं कि उसीकी अशुचित्वभावना है, जो न अपने शरीरसे अनुराग करता है और न स्त्री-पुत्रादिकके शरीरसे अनुराग करता है। तथा आत्मध्यानमें लीन रहता है। किन्तु जो अशुचित्वका चिन्तन करते हुए भी अपने या परके शरीरमें अनुरक्त है, उसकी अशुचित्वभावना केवल विडम्बना है ॥ ८७ ॥ इति अशुचित्वानुप्रेक्षा ॥ ६ ॥

सात गाथाओंसे आस्रवानुप्रेक्षाको कहते हैं। **अर्थ**—जीवके प्रदेशोंके हलन चलनको योग कहते हैं। योग तीन हैं—मनोयोग, वचनयोग और काययोग। ये योग मोहनीयकर्मके उदयसे युक्त भी रहते हैं और वियुक्त भी रहते हैं। इन योगोंको ही आस्रव कहते हैं ॥ **भावार्थ**—आस्रव नाम आनेका है और शरीरनामकर्मके उदयसे मन, वचन और कायसे युक्त जीवकी जो शक्ति कर्मोंके आगमनमें कारण है, उसे योग कहते हैं। अतः योग आस्रवका कारण है। योगके निमित्तसे ही कर्मोंका आस्रव होता है। इसलिये योगको ही आस्रव कहा है। वह योग तीन प्रकारका है—मनोयोग, वचनयोग और

---

१ छ ग स अप्पसुरूविसु० । २ ब असुइत्तो । ३ ब असुइत्ताणुवेक्खा, म असुचित्वानुप्रेक्षा । ४ ब जीवापइसाण । ५ ब मोहोदइण ।

सत्यादयश्चत्वारः, काययोगा औदारिकादयः सप्त । कीदृक्षास्ते । जीवप्रदेशानाम् आत्मप्रदेशानां लोकमात्राणां स्पन्दनविशेषाः चलनरूपाः । तत्र केचन मिथ्यादृष्ट्यादिसूक्ष्मसांपरायगुणस्थानपर्यन्तानां जीवानां योगाः मोहोदयेन अष्टाविंशतिभेदभिन्नमोहकर्मविपाकेन युक्ताः । अपि पुनः । ततः उपरि त्रिषु गुणस्थानेषु तेन मोहोदयवियुक्ता रहिताः आस्रवाः, आस्रवन्ति संसारिणं जीवमिति आस्रवाः, भवन्ति ॥ ८८ ॥

मोह-विवाग-वसादो जे परिणामा हवंति जीवस्स ।
ते आसवा मुणिज्जसु[1] मिच्छत्ताई[2] अणेय-विहा ॥ ८९ ॥

[छाया-मोहविपाकवशात् ये परिणामाः भवन्ति जीवस्य । ते आस्रवाः जानीहि मिथ्यात्वादयः अनेकविधाः ॥] जीवस्य संसारिणः ते प्रसिद्धाः मिथ्यात्वादयः, मिथ्यात्व ५, अविरति १२, कषाय २५, योगाः, १५, अनेकविधाः शुभाशुभभेदेन बहुप्रकाराः, तान् आस्रवान् मन्यस्व, हे भव्य, त्वं जानीहि । ते के । ये जीवस्य भावाः परिणामा भवन्ति । कुतः । मोहविपाकवशात् मोहनीयकर्मोदयवशात् ॥ ८९ ॥

कम्मं पुण्णं पावं हेउं[3] तेसिं च होंति सच्छिदरा ।
मंद-कसाया सच्छा तिव्व-कसाया असच्छा हु ॥ ९० ॥

काययोग । मनोवर्गणाके निमित्तसे आत्माके प्रदेशोंमें जो हलन चलन होता है, उसे मनोयोग कहते हैं । वचनवर्गणाके निमित्तसे आत्माके प्रदेशोंमें जो हलन चलन होता है, उसे वचनयोग कहते हैं । और कायवर्गणाके निमित्तसे आत्माके प्रदेशोंमें जो परिस्पंद होता है, उसे काययोग कहते हैं । मनोयोगके चार भेद हैं—सत्यमनोयोग, असत्यमनोयोग, उभयमनोयोग और अनुभयमनोयोग । वचनयोगके भी चार भेद हैं—सत्यवचनयोग, असत्यवचनयोग, उभयवचनयोग और अनुभयवचनयोग । काययोगके सात भेद हैं—औदारिककाययोग, औदारिकमिश्रकाययोग, वैक्रियिककाययोग, वैक्रियिकमिश्रकाययोग, आहारककाययोग, आहारकमिश्रकाययोग और कार्मणकाययोग । योग तेरहवें गुणस्थानतक होता है, और मोहनीयकर्मका उदय दसवें गुणस्थानतक होता है । अतः दसवें गुणस्थानतक तो योग मोहनीयकर्मके उदयसे सहित होता है । किन्तु उसके आगे ग्यारहवें, बारहवें और तेरहवें गुणस्थानमें जो योग रहता है, वह मोहनीयकर्मके उदयसे रहित होता है ॥ ८८ ॥ **अर्थ**—मोहनीयकर्मके उदयसे जीवके जो अनेक प्रकारके मिथ्यात्व आदि परिणाम होते हैं, उन्हें आस्रव जानो ॥ **भावार्थ**—आस्रवपूर्वक ही बन्ध होता है । बन्धके पाँच कारण हैं – मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योग । इनमेंसे योगके सिवाय शेष कारण मोहनीयकर्मके उदयसे होते हैं । और मोहनीयकर्मका उदय दसवें गुणस्थानतक रहता है । दसवें गुणस्थानमें मोहनीयकर्मकी बन्धव्युच्छित्ति होजानेसे ग्यारहवें आदि गुणस्थानोंमें योगके द्वारा केवल एक सातवेदनीयका ही बन्ध होता है । शेष ११९ प्रकृतियाँ मोहनीयकर्मजन्य भावोंके ही कारण बँधती हैं । अतः यद्यपि आस्रवका कारण योग है, तथापि प्रधान होनेके कारण योगके साथ रहनेवाले मोहनीयकर्मके मिथ्यात्व आदि भावोंको भी आस्रव कहा है ॥ ८९ ॥ **अर्थ**—कर्म दो तरह के होते हैं—पुण्य और पाप । पुण्यकर्मका कारण शुभास्रव कहाता है और पापकर्मका कारण अशुभास्रव कहाता है । मन्दकषायसे जो आस्रव होता है, वह शुभास्रव है और तीव्रकषायसे जो आस्रव होता है, वह अशुभास्रव है ॥ **भावार्थ**—कषाय चार हैं—क्रोध, मान, माया और लोभ । इनमेंसे प्रत्येककी चार जातियाँ होती हैं । अनन्तानुबन्धी,

---

१ स मुणिज्जह । २ ब म मिच्छताइ । ३ ग हेउ [हेऊ] ।

[छाया–कर्म पुण्यं पापं हेतवः तेषां च भवन्ति स्वच्छेतराः । मन्दकषायाः स्वच्छाः तीव्रकषायाः अस्वच्छाः खलु ॥] एव पुण्यं कर्म प्रशस्तप्रकृतिस्थितीति: । परं पापं कर्माप्रशस्तप्रकृतिस्थितिधारणात् । तयोः शुभाशुभकर्मणोः हेतवः कारणानि स्वच्छेतराः स्वच्छाः निर्मलाः इतरे अस्वच्छाः मलिना भवन्ति । स्वच्छास्रवाः पुण्यहेतवः, अस्वच्छास्रवाः पापहेतव इत्यर्थः । हु स्फुटम् । के स्वच्छाः के अस्वच्छाश्च । मन्दकषायाः प्रत्याख्यानसंज्वलनक्रोधादयो नोकषायाश्च स्वच्छाः निर्मलाः । तीव्रकषायाः अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानक्रोधादयः मिथ्यात्वं तु अस्वच्छाः अनिर्मलाः॥९०॥ अथ मन्दकषायाणां दृष्टान्तं वर्णयति—

सव्वत्थ वि पिय-वयणं दुव्वयणे दुज्जणे वि खम-करणं ।

सव्वेसिं गुण-गहणं मंद-कसायाण दिट्ठंता ॥ ९१ ॥

[छाया–सर्वत्र अपि प्रियवचन दुर्वचने दुर्जने अपि क्षमाकरणम् । सर्वेषां गुणग्रहणं मन्दकषायाणां दृष्टान्ताः ॥] मन्दकषायाणां स्वच्छकषायाणां जीवानां दृष्टान्ताः उदाहरणानि । सर्वत्रापि शत्रुमित्रादिष्वपि प्रियवचनं कोमलं वाक्यम् । दुर्वचने दुष्टवचने उक्ते सति, अपि पुनः, दुर्जने दुष्टलोके क्षमाकरणम्, मम दोषं क्षमस्वेति कर्तव्यम् । सर्वेषां जीवानां शुभाशुभानां गुणग्रहणं तेषां ये ये गुणाः सन्ति केवलं तेषामेव ग्रहणम् ॥ ९१ ॥

अप्प-पसंसण-करणं पुज्जेसु वि दोस-गहण-सीलत्तं ।

[1]वेर-धरणं च सुइरं तिव्व-कसायाण लिंगाणि ॥ ९२ ॥

[छाया–आत्मप्रशंसनकरणं पूज्येषु अपि दोषग्रहणशीलत्वम् । वैरधरणं च सुचिरं तीव्रकषायाणां लिङ्गानि ॥] तीव्रकषायाणां लिङ्गानि लिङ्गयति, लिङ्गानि चिह्नानि उदाहरणानीति यावत् । केषाम् । तीव्रकषायाणाम् अस्वच्छकषायाणाम् । तानि कानि । आत्मप्रशंसनकरणम्, आत्मनः स्वकीयस्य प्रशंसन स्वमाहात्म्योद्घाटनं स्वगुणप्रकाशनं च, तस्य करण कर्तव्यम् । अपि पुनः, पूज्येषु गुर्वादिषु दोषग्रहणशीलत्वम्, अवगुणग्रहणस्वभावत्वम् । च पुनः । सुचिरं चिरकालं, [2]वेरधरणं वैरधरणम् ॥ ९२ ॥

अप्रत्याख्यानावरण, प्रत्याख्यानावरण और संज्वलन । इनमेंसे अनन्तानुबन्धी और अप्रत्याख्यानावरणको तीव्र कषाय कहते हैं और प्रत्याख्यानावरण तथा संज्वलनको मन्द कषाय कहते हैं । तीव्र कषाय सहित योगसे जो आस्रव होता है, उसे अशुभास्रव कहते हैं और मन्द कषाय सहित योगसे जो आस्रव होता है, उसे शुभास्रव कहते हैं । आठों कर्मोंकी १२० बन्धप्रकृतियोंमेंसे ४२ पुण्यप्रकृतियाँ हैं और ८२ पापप्रकृतियाँ हैं । [वर्ण, गन्ध, रस और स्पर्शनामकर्म पुण्यरूप भी होते हैं और पापरूप भी होते हैं । अतः उन्हें दोनोंमें गिना जाता है । अनु०] वैसे तो जीवके शुभास्रवसे भी दोनों ही प्रकारकी प्रकृतियोंका बन्ध होता है और अशुभास्रवसे भी दोनों प्रकारकी प्रकृतियोंका बन्ध होना संभव है । किन्तु शुभास्रवसे पुण्य प्रकृतियोंमें स्थिति और अनुभाग अधिक पड़ता है, और अशुभास्रवसे पापप्रकृतियोंमें स्थिति और अनुभाग अधिक पड़ता है । इसीसे शुभास्रवको पुण्यकर्मका और अशुभास्रवको पापकर्मका कारण कहा जाता है ॥ ९० ॥ मन्दकषायी जीवोंके चिन्ह बतलाते हैं । **अर्थ**–सभीसे प्रिय वचन बोलना, खोटे वचन बोलनेपर दुर्जनको भी क्षमा करना, और सभीके गुणोंको ग्रहण करना, ये मन्दकषायी जीवोंके उदाहरण हैं ॥ **भावार्थ**–जिस जीवमें उक्त बातें पाई जायें, उसे मन्दकषायी समझना चाहिये ॥ ९१ ॥ तीव्रकषायी जीवोंके चिन्ह बतलाते हैं । **अर्थ**–अपनी प्रशंसा करना, पूज्यपुरुषोंमें भी दोष निकालनेका स्वभाव होना, और बहुत कालतक वैरका धारण करना, ये तीव्रकषायी जीवोंके चिन्ह हैं ॥

---

१ ल वेरिधरणं, म वेरिध° । २ ग वेरधरणं, प वेदधरणं ।

एवं जाणंतो वि हु परिचयणीए[1] वि जो ण परिहरइ ।
तस्सासवाणुवेक्खा[2] सव्वा वि णिरत्थया होदि ॥ ९३ ॥

[छाया-एवं जानन् अपि खलु परित्यजनीयान् अपि यः न परिहरति । तस्य आस्रवानुप्रेक्षा सर्वा अपि निरर्थका भवति ॥] तस्य जीवस्य सर्वापि समस्तापि आस्रवानुप्रेक्षा निरर्थका निष्फला भवति । तस्य कस्य । हु स्फुटम् । यः पुमान् एवं पूर्वोक्तं जानन्नपि परित्यजनीयानपि परिहार्यान् मिथ्यात्वकषायादीन् न परिहरति ॥ ९३ ॥

एदे मोहय-भावा[3] जो परिवज्जेइ उवसमे लीणो ।
हेयं ति[4] मण्णमाणो आसव-अणुवेहणं[5] तस्स ॥ ९४ ॥[6]

[छाया-एतान् मोहजभावान् यः परिवर्जयति उपशमे लीनः । हेयम् इति मन्यमानः आस्रवानुप्रेक्षणं तस्य ॥] तस्य योगिनः आस्रवानुप्रेक्षणं आस्रवाणां सप्तपञ्चाशतां ५७ अनुप्रेक्षणम् अवलोकनं विचारणं च । तस्य कस्य । यः पुमान् परिवर्जयति परित्यजति । कान् । एतान् पूर्वोक्तान् आत्मप्रशंसादीन् मोहजभावान् मोहकर्मजनितपरिणामान् । कीदृक्षः सन् । उपशमे लीनः उपशमपरिणामे स्वशाम्ये लीनः लयं प्राप्तः । पुनः कीदृक्षः । हेयमिति मन्यमानः सर्वं शरीरादि त्याज्यमिति जानन् ॥ ९४ ॥

सर्वास्रवपरित्यक्तं सम्यक्त्वादिगुणैर्युतम् । शुभचन्द्रनुतं सिद्धं वन्दे सुमतिकीर्तये ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषाकवि-
चक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायाम्
आस्रवानुप्रेक्षायां सप्तमोऽधिकारः ॥७॥

[८. संवरानुप्रेक्षा]

अथ संवरानुप्रेक्षां गाथासप्तकेनाह—

सम्मत्तं देस-वयं महव्वयं तह जओ कसायाणं ।
एदे संवर-णामा जोगाभावो तहा[7] चेव ॥ ९५ ॥

भावार्थ—जिस जीवमें उक्त बातें पाई जायें, उसे तीव्रकषायवाला समझना चाहिये ॥ ९२ ॥ **अर्थ**—इस प्रकार जानते हुए भी जो मनुष्य छोड़ने योग्य भी मिथ्यात्व, कषाय वगैरहको नहीं छोड़ता है, उसकी सभी आस्रवानुप्रेक्षा निष्फल है ॥ **भावार्थ**—किसी बातका विचार करना तभी सार्थक है, जब उससे कुछ लाभ उठाया जाये। आस्रवका विचार करके भी यदि उससे बचनेका प्रयत्न नहीं किया जाता, तो वह विचार निरर्थक है ॥ ९३ ॥ **अर्थ**—जो मुनि साम्यभावमें लीन होता हुआ, मोहकर्मके उदयसे होनेवाले इन पूर्वोक्त भावोंको त्यागने योग्य जानकर, उन्हें छोड़ देता है, उसीके आस्रवानुप्रेक्षा है ॥ **भावार्थ**—उसी योगीकी आस्रवानुप्रेक्षा सफल है, जो आस्रवके कारण पाँच प्रकारके मिथ्यात्व, बारह प्रकारकी अविरति, पच्चीस प्रकारकी कषाय और पन्द्रह प्रकारके योग को छोड़ देता है ॥ ९४ ॥ इति आस्रवानुप्रेक्षा ॥ ७ ॥

सात गाथाओंसे संवरअनुप्रेक्षाको कहते हैं। **अर्थ**—सम्यक्त्व, देशव्रत, महाव्रत, कषायोंका जीतना और योगोंका अभाव, ये सब संवरके नाम हैं॥ **भावार्थ**—आस्रवके रोकनेको संवर कहते है। आस्रवानुप्रेक्षामें मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय, और योगको आस्रव

१ ब परच॰, छ परिचयणीये, स ग ॰णीये । २ ल म स ग ॰णुपिक्खा । ३ ल म स ग मोहजभावा । ४ ल म स ग हेयमिदि म॰ । ५ ल म स ग अणुपेहणं । ६ ब आसवाणुवेक्खा, म आश्रवानुप्रेक्षा । ७ ल म ग तह चेय, स तह चेव

[छाया-सम्यक्त्वं देशव्रतं महाव्रतं तथा जयः कषायाणाम् । एते संवरनामानः योगाभावः तथा एव] ॥ एते पूर्वोक्ताः संवरनामानः, आस्रवनिरोधः संवरः, तदभिधानाः । ते के । सम्यक्त्वम् उपशमवेदकक्षायिकदर्शनं, देशव्रतं देशसंयमं श्राद्धद्वादशव्रतादिरूपम् तह तथा, महाव्रतम् अहिंसादिपञ्चमहाव्रतरूपम्, तथा कषायाणां क्रोधादीनां पञ्चविंशतिभेदभिन्नानां जयः निग्रहः, तथैव योगाभावः मनोवचनकाययोगानां निरोधः ॥९५॥

गुत्ती समिदी धम्मो अणुवेक्खा[1] तह य परिसह-जओ[2] वि ।
उक्किट्ठं चारित्तं संवर-हेदू[3] विसेसेण ॥९६॥

[छाया-गुप्तयः समितयः धर्मः अनुप्रेक्षाः तथा च परीषहजयः अपि । उत्कृष्टं चारित्रं संवरहेतवः विशेषेण ॥] विशेषेण उत्कर्षेण, एते संवरहेतवः आस्रवनिरोधकारणानि । ते के । गुप्तयः मनोवचनकायगोपनलक्षणास्तिस्रः, समितयः ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपणोत्सर्गलक्षणाः पञ्च, धर्मः उत्तमक्षमादिदशप्रकारः, तथा अनुप्रेक्षाः अनित्याद्यो द्वादश, अपि पुनः, परीषहजयः परीषहाणां क्षुधादीनां जयः विजयः उत्कृष्टं चारित्रं सामायिकच्छेदोपस्थापनापरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसांपराययथाख्यातलक्षणम् । तथा चोक्तं श्रीउमास्वामिदेवेन । 'स गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरीषहजयचारित्रैः ।' ॥ ९६ ॥ अथ गुप्त्यादीन् विशदयति—

गुत्ती जोग-णिरोहो समिदी य पमाद[4]-वज्जणं चेव ।
धम्मो दया-पहाणो सुतत्त[5]-चिंता अणुप्पेहा[6] ॥९७॥

कहा था । सो चौथे गुणस्थानमें सम्यक्त्वके होनेपर मिथ्यात्वका निरोध होजाता है । पाँचवें गुणस्थानमें पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रत, इस प्रकार बारह व्रतरूप देशसंयमके होनेपर अविरतिका एकदेशसे अभाव होजाता है । छट्ठे गुणस्थानमें अहिंसादि पाँच महाव्रतोंके होने पर अविरतिका पूर्ण अभाव होजाता है । सातवें गुणस्थानमें अप्रमादी होनेके कारण प्रमादका अभाव होजाता है । ग्यारहवें गुणस्थानमें २५ कषायोंका उदय न होनेसे कषायोंका संवर होजाता है । और चौदहवें गुणस्थानमें योगोंका निरोध होनेसे योगका अभाव होजाता है ॥ अतः मिथ्यात्व, अविरति, प्रमाद, कषाय और योगके विरोधी होनेके कारण सम्यक्त्व, देशव्रत, महाव्रत, कषायजय और योगाभाव संवरके कारण हैं । इसीलिये उन्हें संवर कहा है ॥ ९५ ॥ **अर्थ**—गुप्ति, समिति, धर्म, अनुप्रेक्षा, परीषहजय, और उत्कृष्ट चारित्र, ये विशेषरूपसे संवरके कारण हैं ॥ **भावार्थ**—पूर्व गाथामें जो संवरके कारण बतलाये हैं, वे साधारण कारण हैं, क्योंकि उनमें प्रवृत्तिको रोकनेकी मुख्यता नहीं है । और जबतक मन, वचन और कायकी प्रवृत्तिको रोका नहीं जाता, तबतक संवरकी पूर्णता नहीं हो सकती । किन्तु इस गाथामें संवरके जो कारण बतलाये हैं, उनमें निवृत्तिकी ही मुख्यता है । इसीलिये उन्हें विशेष रूपसे संवरके कारण कहा है । मन, वचन और कायकी प्रवृत्तिको रोकनेको गुप्ति कहते हैं । इसीसे गुप्तिके तीन भेद होगये हैं-मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति । समितिके पांच भेद हैं—ईर्या, भाषा, एषणा, आदाननिक्षेपण और उत्सर्ग । धर्म उत्तम क्षमादि रूप दस प्रकारका है । अनुप्रेक्षा अनित्य, अशरण आदि बारह हैं । परीषह क्षुधा, पिपासा आदि बाईस हैं । उत्कृष्ट चारित्रके पांच भेद हैं-सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसाम्पराय और यथाख्यात । तत्वार्थसूत्रके ९ वें अध्यायमें उमास्वामी महाराजने संवरके यही कारण विस्तारसे बतलाये हैं ॥९६॥ गुप्ति आदिको स्पष्ट करते हैं । **अर्थ**—मन, वचन, और कायकी

१ ब अणुवेहा, स ग ° विक्खा । २ ल म ग तह परीसह, स तह य परीसह । ३ ब हेऊ । ४ म स पमाय- ५ ब सुतत्त्व, ल स ग सुतच्च । ६ ब अणुवेहा ।

[छाया-गुप्तिः योगनिरोधः समितिः च प्रमादवर्जनम् एव । धर्मः दयाप्रधानः सुतत्त्वचिन्ता अनुप्रेक्षा ॥] योगनिरोधः योगानां मनोवचनकायानां निरोधो गोपनं गुप्तिः कथ्यते । च पुनः, प्रमादानां विकथाकषायादिविकाराणां वर्जनं त्यजनं समितिः कथ्यते । च पुनः, दयाप्रधानः दयायाः प्राणिकृपायाः प्राधान्यं मुख्यत्वं यत्र दयाप्रधानः धर्मो भवेत् । सुतत्त्वचिन्ता आत्मादिपदार्थानां चिन्ता चिन्तनम् अनुप्रेक्षा भवेत् ॥९७॥

सो वि परीसह-विजओ छुहादि[1]-पीडाण अइ-रउद्दाणं ।
सवणाणं च मुणीणं उवसम-भावेण जं सहणं ॥९८॥

[छाया-स अपि परीषहविजयः क्षुधादिपीडानाम् अतिरौद्राणाम् । श्रमणानां च मुनीनाम् उपशमभावेन यत् सहनम् ॥] सोऽपि संवरः श्रवणानां [श्रमणानां] मुनीनां यत् उपशमभावेन क्षमादिपरिणामेन सहनं परामर्षणम् । केषाम् । अतिरौद्राणाम् अतिभीमानां क्षुधादिपीडानां बुभुक्षादिवेदनानां, सोऽपि परीषहविजयः द्वाविंशतिपरीषहाणां जयः कथ्यते ॥९८॥

अप्प-सरूवं वत्थुं चत्तं रायादिएहि दोसेहिं ।
सज्झाणम्मि णिलीणं[2] तं जाणसु उत्तमं चरणं ॥९९॥

[छाया-आत्मस्वरूपं वस्तु त्यक्तं रागादिकैः दोषैः । स्वध्याने निलीनं तत् जानीहि उत्तमं चरणम् ॥] तत् उत्तमं चरणम् उत्तमं श्रेष्ठं चारित्रं जानीहि विद्धि, भो भव्य त्वम् । तत् किम् । आत्मस्वरूपं स्वचिदानन्दं वस्तु, वसति अनन्तगुणानिति वस्तु, आत्मानम्, स्वध्याने धर्मध्याने शुक्लध्याने वा निलीनं लयं प्राप्तम् । कीदृक्षम् । रागादिदोषैः त्यक्तं रागद्वेषादिदोषैर्निर्मुक्तम् ॥९९॥

एदे संवर-हेदू[3] वियारमाणो वि जो ण आयरइ ।
सो भमइ[4] चिरं कालं संसारे दुक्ख-संतत्तो ॥१००॥

[छाया-एतान् संवरहेतून् विचारयन् अपि यः न आचरति । स भ्रमति चिरं कालं संसारे दुःखसंतप्तः ॥] यः पुमान् न आचरति न प्रवर्तयति । कीदृक्षः सन् । विचारयन्नपि चर्चयन्नपि । कान् । एतान् गुप्त्यादीन् संवरहेतून् आस्रवनिरोधकारणानि । स पुमान् चिरं कालं दीर्घकालं संसारे पञ्चविधे भवे भ्रमति । कीदृक्षः । दुःखसंतप्तः दुःखैः तापं नीतः ॥१००॥

प्रवृत्तिके रोकनेको गुप्ति कहते हैं। विकथा कषाय वगैरह प्रमादोंके छोड़नेको समिति कहते हैं। जिसमें दया ही प्रधान है, वह धर्म है। जीव, अजीव, आदि तत्वोंके चिन्तन करनेको अनुप्रेक्षा कहते हैं ॥ **भावार्थ**-प्रवृत्तिको रोकनेके लिये गुप्ति है। जो मुनि प्रवृत्तिको रोकनेमें असमर्थ हैं उन्हें प्रवृत्तिका उपाय बतलानेके लिये समिति है। प्रवृत्ति करते हुए प्रमाद न करनेके लिये धर्म है। और उस धर्मको दृढ़ करनेके लिये अनुप्रेक्षा है ॥ ९७ ॥ **अर्थ**-अत्यन्त भयानक भूख आदिकी वेदनाको ज्ञानी मुनि जो शान्त भावसे सहन करते हैं, उसे परीषहजय कहते हैं। वह भी संवररूप ही है ॥ ९८ ॥ **अर्थ**-रागादि दोषोंसे रहित शुभध्यानमें लीन आत्मस्वरूप वस्तुको उत्कृष्ट चारित्र जानो ॥ **भावार्थ**-रागादि दोषोंको छोड़कर, धर्मध्यान या शुक्लध्यानके द्वारा आत्माका आत्मामें लीन होना ही उत्कृष्ट चारित्र है ॥ ९९ ॥ **अर्थ**-जो पुरुष इन संवरके कारणोंका विचार करता हुआ भी उनका आचरण नहीं करता है। वह दुःखोंसे संतप्त होकर चिरकाल तक संसारमें भ्रमण करता

---

१ ल म ग छुहाइ-। २ ब विलीण [?]। ३ ब हेदूं, ल स ग हेदुं, म हेदु। ४ भमेइ [भमइ] ब चिरकालं।

जो पुण[1] विसय[2]-विरत्तो अप्पाणं सव्वदो[3] वि संवरइ ।
मणहर-विसएहिंतो[4] तस्स फुडं संवरो होदि ॥ १०१ ॥[5]

[छाया-यः पुनः विषयविरक्तः आत्मानं सर्वतः अपि संवृणोति । मनोहरविषयेभ्यः तस्य स्फुटं संवरः भवति ॥] स्फुटं निश्चितं, तस्य मुनेः संवरः कर्मणां निरोधः भवति । तस्य कस्य । यः मुनिः पुनः संवृणोति संवरविषयीकरोति सर्वदा सर्वकालमपि । कम् । आत्मानं स्वचिदानन्दम् । कुतः । मनोहरविषयेभ्यः मनोज्ञपञ्चेन्द्रियगोचरेभ्यः । कीदृक्षः सन् । विषयविरक्तः विषया अष्टाविंशतिभेदभिन्नाः तेभ्यो विरक्तः निवृत्तः ॥ १०१ ॥

संवरं संवरं सारं कर्तुकामो विचेष्टते । शुभचन्द्रः सदात्मानं सदा सुमतिकीर्तिना ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायास्त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषा-
कविचक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायां
संवरानुप्रेक्षायामष्टमोऽधिकारः ॥ ८ ॥

[९. निर्जरानुप्रेक्षा]

अथ निर्जरानुप्रेक्षां प्रकाशयति—

बारस-विहेण तवसा णियाण-रहियस्स णिज्जरा होदि ।
वेरग्ग-भावणादो णिरहंकारस्स[6] णाणिस्स ॥ १०२ ॥

[छाया-द्वादशविधेन तपसा निदानरहितस्य निर्जरा भवति । वैराग्यभावनातः निरहंकारस्य ज्ञानिनः ॥] भवति । का । निर्जरा निर्जरणम् एकदेशेन कर्मणां [7]शडनम् । कस्य । ज्ञानिनः स्वात्मज्ञस्य । कीदृक्षस्य । निदानरहितस्य इहामुत्रसुखकाङ्क्षारहितस्य । पुनः कीदृक्षस्य । निरहंकारिणः अभिमानरहितस्य मदाष्टकरहितस्य । केन । द्वादशविधेन तपसा अनशनावमोदर्यादिद्वादशप्रकारतपश्चरणेन । कुतः । वैराग्यभावनातः, भवाङ्गभोगविरतिर्वैराग्यं तस्य भावना अनुभवनम्, अथवा भावना स्वस्वरूपश्रद्धानम्, वैराग्यं च भावना च वैराग्यभावने, ताभ्यां कर्मणां निर्जरा स्यात् । 'तपसा निर्जरा च ।' इति सूत्रात् ॥ १०२ ॥ अथ निर्जरालक्षणं लक्षयति–

है ॥ १०० ॥ **अर्थ**–किन्तु जो मुनि विषयोंसे विरक्त होकर, मनको हरनेवाले पाँचो इन्द्रियोंके विषयोंसे अपने को सदा दूर रखता है, उनमें प्रवृत्ति नहीं करता, उसी मुनिके निश्चयसे संवर होता है ॥ १०१ ॥ इति संवरानुप्रेक्षा ॥ ८ ॥

अब निर्जरानुप्रेक्षाको कहते हैं । **अर्थ**–निदानरहित, निरभिमानी ज्ञानी पुरुषके वैराग्यकी भावनासे अथवा वैराग्य और भावनासे बारह प्रकारके तपके द्वारा कर्मोंकी निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**–आत्मासे कर्मोंके एकदेशसे झड़नेको निर्जरा कहते हैं । सामान्य निर्जरा तो प्रत्येक जीवके प्रतिसमय होती ही रहती है, क्योंकि जिन कर्मोंका फल भोग लिया जाता है, वे आत्मासे पृथक् हो जाते हैं । किन्तु विशेष निर्जरा तपके द्वारा होती है । वह तप बारह प्रकारका है । अनशन अवमौदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रसपरित्याग, विविक्तशय्यासन और कायक्लेश ये छह बाह्य तप हैं । और, प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग और ध्यान, ये छह अन्तरंग तप हैं । इन तपोंके द्वारा निर्जरा होती है । किन्तु ज्ञानी पुरुषका ही तप निर्जराका कारण है, अज्ञानीका तप तो उलटे कर्मबन्धका ही कारण होता है । तथा तप करके यदि कोई उसका मद करता है, कि मैं बड़ा तपस्वी हूँ तो वह तप बंधका ही कारण होता है । अतः निरभिमानी ज्ञानी का ही तप निर्जराका कारण होता है । तथा यदि इस लोकमें ख्याति पूजा वगैरहके लोभसे और परलोकमें इन्द्रासन वगैरह

१ ब पुणु । २ ग विसइ । ३ ल म स ग सव्वदा । ४ ब विसयेहिंतो । ५ ब संवराणुवेक्खा । ६ ल स °कारिस्स । ७ ग सडणं ।

सव्वेसिं कम्माणं सत्ति[1]-विवाओ[2] हवेइ अणुभाओ ।
तदणंतरं तु सडणं कम्माणं णिज्जरा जाण ॥ १०३ ॥

[छाया-सर्वेषां कर्मणां शक्तिविपाकः भवति अनुभागः । तदनन्तरं तु शटनं कर्मणां निर्जरां जानीहि ॥] कर्मणां ज्ञानावरणादीनां निर्जरां निर्जरणम् एकदेशेन शडन[3] गलनं जानीहि । शक्तिविपाकः शक्तिः सामर्थ्यं तस्य विपाकः उदयः अनुभागः फलदानपरिणतिः । केषाम् । सर्वेषां कर्मणां ज्ञानावरणाद्यष्टकर्मणां वा मूलप्रकृतीनाम् उत्तरप्रकृतीनाम् उत्तरोत्तरप्रकृतीनां च । तु पुनः । तदनन्तरं कर्मविपाकादनन्तरं शटनं निषेकरूपेण गलनम् ॥ १०३ ॥ अथ तस्याः द्वैविध्यमभिधत्ते-

सा पुण[4] दुविहा णेया सकाल-पत्ता तवेण कयमाणा ।
चादुगदीणं[5] पढमा वय-जुत्ताणं हवे बिदिया ॥ १०४ ॥

[छाया-सा पुनः द्विविधा ज्ञेया स्वकालप्राप्ता तपसा क्रियमाणा । चातुर्गतिकानां प्रथमा व्रतयुक्तानां भवेत् द्वितीया ॥] सा पुनः निर्जरा द्विविधा द्विप्रकारा ज्ञेया ज्ञातव्या, सविपाकाविपाकभेदात् । तत्र सविपाका स्वकालप्राप्ता स्वोदयकालेन निर्जरणं प्राप्ता, समयप्रबद्धेन बद्धं कर्म स्वाबाधाकालं स्थित्वा स्वोदयकालेन निषेकरूपेण गलति, पक्वाम्रफलवत् । द्वितीया तु अविपाकनिर्जरा तपसा क्रियमाणा अनशनादिद्वादशप्रकारेण विधीयमाना, यथा अपक्वानां कदली-फलानां हठात्पाचनं विधीयते तथा अनुदयप्राप्तानां कर्मणां तपश्चरणादिना विद्रव्यनिक्षेपेण कर्मनिषेकानां गालनम् । तत्र प्रथमा सविपाकनिर्जरा चातुर्गतिकानां सर्वेषां प्राणिनां साधारणा । द्वितीया च अविपाकनिर्जरा व्रतयुक्तानां सम्यक्त्वदेशव्रतमहाव्रतादिसहितानां भवेत् ॥ १०४ ॥ अथ निर्जरावृद्धिं दर्शयति-

---

की प्राप्तिके लोभसे कोई तपस्या करता है तो वह निरर्थक है । अतः निदानरहित तप ही निर्जराका कारण है । तथा यदि कोई संसार, शरीर और भोगोंमें आसक्त होकर तप करता है तो वह तपभी बन्धका ही कारण है । अतः वैराग्यभावनासे किया गया तप ही निर्जराका कारण होता है ॥ १०२ ॥ अब निर्जराका लक्षण कहते हैं । **अर्थ-**सब कर्मोंकी शक्तिके उदय होनेको अनुभाग कहते हैं । उसके पश्चात् कर्मोंके खिरनेको निर्जरा कहते हैं ॥ **भावार्थ-**उदयपूर्वक ही कर्मोंकी निर्जरा होती है । पहले सत्तामें वर्तमान कर्म उदयमें आते हैं । उदयमें आनेपर वे अपना फल देकर झड़ जाते हैं । इसीका नाम निर्जरा है ॥ १०३ ॥ अब उसके दो भेदोंको कहते है । **अर्थ-**वह निर्जरा दो प्रकारकी है-एक स्वकालप्राप्त और दूसरी तपके द्वारा की जानेवाली । पहली निर्जरा चारों गतिके जीवोंके होती है और दूसरी निर्जरा व्रती जीवोंके होती है ॥ **भावार्थ-**निर्जरा के दो भेद हैं-सविपाकनिर्जरा और अविपाकनिर्जरा । सविपाकनिर्जराको स्वकालप्राप्त कहते हैं; क्योंकि बँधे हुये कर्म अपने आबाधाकालतक सत्तामें रहकर, उदयकाल आने पर जब अपना फल देकर झड़ते हैं, तो अपने समयपर ही झड़नेके कारण उसे स्वकालप्राप्त निर्जरा कहते हैं । जैसे वृक्षपर पका हुआ आमका फल अपने समयपर पक कर टपक पड़ता है । दूसरी अविपाकनिर्जरा है, जो बारह प्रकारके तपके द्वारा की जाती है । जैसे कच्चे आमोंको समयसे पहले पका लिया जाता है, वैसे ही जो कर्म उदयमें नहीं आये हैं उन्हें तपस्या आदिके द्वारा बलपूर्वक उदयमें लाकर खिरा दिया जाता है । पहले प्रकारकी निर्जरा सभी जीवोंके होती है, क्योंकि बाँधे गये कर्म समय आनेपर सभीको फल देते हैं और पीछे अलग हो जाते हैं । किन्तु दूसरे प्रकारकी निर्जरा व्रतधारियोंके ही होती है; क्योंकि वे तपस्या वगैरहके द्वारा कर्मोंको बलपूर्वक उदयमें लासकते हैं ॥ १०४ ॥

---

१ ब सत्त । २ ग विवाओ । ३ ग सडणं । ४ ब पुणु । ५ ब चाउगदीणं, स चाउ° ।

उवसम-भाव-तवाणं जह जह वड्ढो[1] हवेइ[2] साहूणं ।
तह तह णिज्जर-वड्ढो[3] विसेसदो धम्म-सुक्कादो ॥ १०५ ॥

[छाया-उपशमभावतपसां यथा यथा वृद्धिः भवति साधोः । तथा तथा निर्जरावृद्धिः विशेषतः धर्म-शुक्लाभ्याम् ॥] साधूनां योगिनां, यथा यथा येन येन प्रकारेण, उपशमभावतपसाम् उपशमभावस्य उपशमसम्यक्त्वादेः तपसाम् अनशनादीनां वृद्धिर्वर्धनं भवेत्, तथा तथा तेन तेन प्रकारेण निर्जरावृद्धिर्जायते, असंख्यातगुणा कर्मनिर्जरा स्यात्, धर्मशुक्लाभ्यां धर्मध्यानात् आज्ञापायविपाकसंस्थानविचयभेदभिन्नात्, शुक्लध्यानाच्च पृथक्त्ववितर्कविचारादेः, विशेषतः असंख्यातगुणा असंख्यातगुणा[4] कर्मणां निर्जरा जायते ॥ १०५ ॥ अथैकादशनिर्जराणां स्थाननियमं गाथात्रयेण निदिशति-

मिच्छादो सद्दिट्ठी असंख-गुण-कम्म-णिज्जरा होदि ।
तत्तो अणुवय-धारी तत्तो य महव्वई णाणी ॥ १०६ ॥
पढम-कसाय-चउण्हं विजोजओ तह य [5]खवय-सीलो य ।
दंसण-मोह-तियस्स य तत्तो उवसमग[6]-चत्तारि ॥ १०७ ॥
खवगो य खीण-मोहो सजोइ-णाहो[7] तहा[8] अजोईया ।
एदे[9] उवरिं उवरिं असंख-गुण-कम्म-णिज्जरया ॥ १०८ ॥

[छाया-मिथ्यात्वतः सद्दृष्टिः असंख्यगुणकर्मनिर्जरो भवति । ततः अणुव्रतधारी ततः च महाव्रती ज्ञानी ॥ प्रथमकषायचतुर्णां वियोजकः तथा च क्षपकशीलः च । दर्शनमोहत्रिकस्य च ततः उपशमकाश्चत्वारः ॥ क्षपकः च क्षीणमोहः सयोगिनाथः तथा अयोगिनः । एते उपरि उपरि असंख्यगुणकर्मनिर्जरकाः ॥] प्रथमोपशमसम्यक्त्वोत्पत्तौ करणत्रयपरिणामचरमसमये वर्तमानविशुद्धविशिष्टमिथ्यादृष्टेः आयुर्वर्जितज्ञानावरणादिसप्तकर्मणां यद्गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्य,

अब निर्जराकी वृद्धिको दिखलाते हैं। **अर्थ**-साधुओंके जैसे जैसे उपशमभाव और तपकी वृद्धि होती है, वैसे वैसे निर्जराकी भी वृद्धि होती है। धर्मध्यान और शुक्लध्यानसे विशेषकरके निर्जराकी वृद्धि होती है ॥ **भावार्थ**-जैसे जैसे साधुजनोंमें साम्यभाव और तपकी वृद्धि होती है, अर्थात् साम्यभावके आधिक्यके कारण मुनिगण तपमें अधिक लीन होते हैं, वैसे वैसे कर्मोंकी निर्जरा भी अधिक होती है। किन्तु, आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय और संस्थानविचय नामके धर्मध्यानसे तथा पृथक्त्ववितर्कविचार, एकत्ववितर्कविचार, सूक्ष्मक्रियाप्रतिपाती और व्युपरतक्रियानिवृत्ती नामके शुक्लध्यानसे कर्मोंकी और भी अधिक निर्जरा होती है। सारांश यह है, कि ध्यानमें कर्मोंको नष्ट करनेकी शक्ति सबसे अधिक है ॥ १०५ ॥ तीन गाथाओंसे निर्जराके ग्यारह स्थानोंको बतलाते हैं। **अर्थ**-मिथ्यादृष्टिसे सम्यग्दृष्टीके असंख्यात गुणी कर्मनिर्जरा होती है। सम्यग्दृष्टिसे अणुव्रतधारीके असंख्यातगुणी कर्म निर्जरा होती है। अणुव्रतधारीसे ज्ञानी महाव्रतीके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है। महाव्रतीसे अनन्तानुबन्धी कषायका विसंयोजन करनेवालेके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है। उससे दर्शनमोहनीयका क्षपण-विनाश करनेवालेके असंख्यातगुणी कर्म निर्जरा होती है। उससे उपशमश्रेणिके आठवें, नौवें तथा दसवें गुणस्थानमें चारित्रमोहनीयका उपशम करनेवालेके असंख्यात गुणी कर्मनिर्जरा होती है। उससे ग्यारहवें गुणस्थान वाले उपशमकके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है। उससे क्षपकश्रेणिके आठवें, नौवें और दसवें गुणस्थानमें चारित्रमोहनीयका क्षय करने वालेके

१ म वुड्ढी। २ ब हवइ। ३ द वुड्ढी। ४ प असंख्यागुणा। ५ स खवइ। ६ ब उवसमग्ग। ७ ब सयोगिणाहो, म सजोयणाणो। ८ ब तह अयोगी य। ९ द एहो।

ततः असंयतसम्यग्दृष्टिगुणस्थानगुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणं भवति । १ । ततः देशसंयतस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । २ । ततः सकलसंयतस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ३ । ततोऽनन्तानुबन्धिकषायविसंयोजकस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ४ । ततो दर्शनमोहक्षपकस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ५ । ततः कषायोपशमकस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ६ । ततः उपशान्तकषायस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् ।७। ततः क्षपकत्रयस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ८ । ततः क्षीणकषायस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । ९ । ततः स्वस्थानकेवलिजिनस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् । १० । ततः समुद्घातकेवलिजिनस्य गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यमसंख्यातगुणम् ।११। इत्येकादशस्वस्थाने गुणश्रेणिनिर्जराद्रव्यस्य प्रतिस्थानमसंख्यातगुणितत्वमुक्तम् ॥ १०६-८ ॥ अथाधिकनिर्जराकारणं गाथाचतुष्केनाह-

जो विसहदि दुव्वयणं साहम्मिय[1]-हीलणं च उवसग्गं ।
जिणिऊण कसाय-रिउं तस्स हवे णिज्जरा विउला[2] ॥ १०९ ॥

असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है। उससे बारहवें क्षीणमोह गुणस्थानवालेके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है। उससे सयोगकेवली भगवानके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है। उससे अयोगकेवली भगवानके असंख्यातगुणी कर्मनिर्जरा होती है। इस प्रकार इन ग्यारह स्थानोंमें ऊपर ऊपर असंख्यात गुणी असंख्यातगुणी कर्मोंकी निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**-प्रथम उपशम सम्यक्त्वके प्रकट होनेसे पहले सातिशय मिथ्यादृष्टिजीवके अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण नामके तीन परिणाम होते हैं। जब वह जीव उन परिणामोंके अन्तिम समयमें वर्तमान होता है, तो उसके परिणाम विशुद्ध होते हैं, और वह अन्य मिथ्यादृष्टियोंसे विशिष्ट कहाता है। उस विशिष्ट मिथ्यादृष्टिके आयुकर्मके सिवाय शेष सातकर्मोंकी जो गुणश्रेणि निर्जरा होती है, उससे असंयतसम्यग्दृष्टिके असंख्यातगुणी निर्जरा होती है। इसी प्रकार आगेभी समझना चाहिये। सारांश यह है कि जिन जिन स्थानोंमें विशेष विशेष परिणाम विशुद्धि है, उन उनमें निर्जरा भी अधिक अधिक होती है, और ऐसे स्थान ग्यारह हैं। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिये कि ग्रन्थकारने ग्यारहवाँ स्थान अयोगकेवलीको बतलाया है। किन्तु सं. टीकाकारने सयोगकेवलीके ही दो भेद करके स्वस्थान-सयोगकेवलीको दसवाँ और समुद्घातगत सयोगकेवलीको ग्यारहवाँ स्थान बतलाया है। और 'अजोइया' को एक प्रकार से छोड़ ही दिया है। इन स्थानोंको गुणश्रेणि भी कहते हैं, क्योंकि इनमें गुणश्रेणिनिर्जरा होती है। [तत्त्वार्थसूत्र ९-४५ में तथा गो. जीवकाण्ड गा० ६७ में केवल 'जिन' पद आया है। तत्त्वार्थसूत्रके टीकाकारोंने तो उसका अर्थ केवल जिन ही किया है और इस तरह दसही स्थान माने है (देखो, सर्वार्थ० और राजवार्ति०) किन्तु जीवकाण्डके सं. टीकाकारोंने 'जिन' का अर्थ स्वस्थानकेवली और समुद्घातकेवली ही किया है। श्वे० साहित्य पंचम कर्मग्रन्थ, पञ्चसंग्रह वगैरहमें सयोगकेवली और अयोगकेवलीका ग्रहण किया है। अनु०] ॥ १०६-८ ॥ चार गाथाओंसे अधिक निर्जरा होनेके कारण बतलाते हैं। **अर्थ**-जो मुनि कषायरूपी शत्रुओंको जीतकर, दूसरोंके दुर्वचन, अन्य साधर्मी मुनियोंके द्वारा किये गये अनादर और देव वगैरहके द्वारा किये गये उपसर्गको सहता है, उसके बहुत निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**-जीवके साथ दूसरे लोग जो कुछ दुर्व्यवहार करते हैं, वह उसके ही पूर्वकृत कर्मोंका फल है। ऐसा समझकर जो मुनि दूसरोंपर

१ ब साहम्मिहो । २ ब णिजर विउल ।

[छाया–यः विषहते दुर्वचनं साधर्मिकहीलनं च उपसर्गम् । जित्वा कषायरिपुं तस्य भवेत् निर्जरा विपुला ॥] तस्य मुनेः, विपुला प्रचुरा विस्तीर्णा, निर्जरा कर्मणां गलनं भवेत् । तस्य कस्य । यः मुनिः विषहते क्षमते । किम् । दुर्वचनम् अन्यकृतगालिप्रदानं हननम् अपमानम् अनादरं साधर्मिकानादरं विषहते । च पुनः, उपसर्गं देवादिकृतचतुर्विधोपसर्गं सहते । किं कृत्वा । जित्वा निगृह्य कषायरिपुं क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादिशत्रुम् ॥१०९॥

रिण-मोयणं व[1] मण्णइ जो उवसग्गं परीसहं तिव्वं ।
पाव-फलं मे एवं मया वि जं संचिदं[2] पुव्वं ॥११०॥

[छाया–ऋणमोचनम् इव मन्यते यः उपसर्गं परीषहं तीव्रम् । पापफलं मे एतत् मया अपि यत् संचितं पूर्वम् ॥] यः मुनिः मन्यते जानाति । कम् । उपसर्गं देवादियष्टिमुष्टिमारणादिकं कृतं, च पुनः, तीव्रं घोरं परीषहं क्षुधादिजनितम् । किंवत् । ऋणमोचनवत्, यथा येन केनोपायेन ऋणमोचनं क्रियते तथा उपसर्गादिसहनं पापऋणमोचनार्थं कर्तव्यम् । अपि पुनः, मे मम, एतत्पापफलम् एतदुपसर्गादिकं मम पापफलम्, यत् पापफलं मया पूर्वम् अतः प्राक्संचितम् उपार्जितम् इति मन्यते ॥११०॥

जो चिंतेइ सरीरं ममत्त-जणयं विणस्सरं [3]असुइं ।
दंसण-णाण-चरित्तं सुह-जणयं णिम्मलं णिच्चं ॥१११॥

[छाया–यः चिन्तयति शरीरं ममत्वजनकं विनश्वरम् अशुचिम् । दर्शनज्ञानचरित्रं शुभजनकं निर्मलं नित्यम् ॥] यो मुनिः चिन्तयति । किं तत् । शरीरं कायम् । ममत्वजनकं ममत्वोत्पादकम् । पुनः कीदृक्षम् । विनश्वरं भंगुरं क्षणिकम् । पुनः कीदृक्षम् । अशुचि अपवित्रद्रव्यजनितम् अपवित्रधातुपूरितं च एवंभूतं शरीरं चिन्तयति । दर्शनज्ञानचारित्रं चिन्तयति । कीदृक्षम् । शुभजनकं प्रशस्तकार्योत्पादकम् । पुनः निर्मलं, सम्यक्त्वस्य पञ्चविंशतिः मलाः, ज्ञानस्य अनर्थपाठादयोऽष्टौ मलाः, चारित्रस्य अनेके मलाः, तेभ्यः निःक्रान्तम् । कीदृक्षम् । नित्यं शाश्वतं स्वात्मगुणत्वात् ॥१११॥

क्रोध नहीं करता और दुर्वचन, निरादर तथा उपसर्गको धीरतासे सहता है, उसके कर्मोंकी अधिक निर्जरा होती है । अतः उपसर्ग वगैरहको धीरतासे सहना विशेष निर्जराका कारण है । उपसर्ग चार प्रकारका होता है । देवकृत–जो किसी व्यन्तरादिकके द्वारा किया जाये, मनुष्यकृत–जो मनुष्यके द्वारा किया जाये, तिर्यञ्चकृत–जो पशु वगैरहके द्वारा किया जाये, और अचेतनकृत–जो वायु वगैरहके द्वारा किया जाये ॥ १०९ ॥ **अर्थ**–'मैंने पूर्वजन्ममें जो पाप कमाया था, उसीका यह फल है', ऐसा जानकर जो मुनि तीव्र परीषह तथा उपसर्गको कर्जसे मुक्त होनेके समान मानता है, उसके, बहुत निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**–जैसे पहले लिये हुए ऋणको जिस किसी तरह चुकाना ही पड़ता है, उसमें अधीर होनेकी आवश्यकता नहीं है । वैसे ही पूर्वजन्ममें संचित पापोंका फल भी भोगना ही पड़ता है, उसमें अधीर होनेकी आवश्यकता नहीं है, ऐसा समझकर जो उपसर्ग आनेपर अथवा भूख प्यास वगैरहकी तीव्र वेदना होनेपर उसे शान्त भावसे सहता है, व्याकुल नहीं होता, उस मुनिके बहुत निर्जरा होती है ॥ ११० ॥ अर्थ–जो मुनि शरीरको ममत्वका उत्पादक, नाशमान और अपवित्र धातुओंसे भरा हुआ विचारता है, तथा सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रको शुभ कार्योंका उत्पादक, अविनाशी और मलरहित विचारता है, उसके अधिक निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**–शरीरके दोषोंका और सम्यग्दर्शन वगैरहके गुणोंका चिन्तन करनेसे शरीरादिकसे मोह नहीं होता और सम्यग्दर्शनादि गुणोंमें प्रवृत्ति दृढ़ होती है, अतः ऐसा चिन्तन भी निर्जराका कारण है । सम्यग्दर्शनके २५ मल हैं, सम्यग्ज्ञानके आठ मल हैं और सम्यक् चारित्रके अनेक मल हैं

---

१ ल म स ग °मोयणुव्व । २ ब संचय । ३ ब असुह ।

अप्पाणं जो णिंदइ गुणवंताणं करेइ[1] बहुमाणं ।
मण-इंदियाण विजई स सरूव-परायणो होउ[2] ॥११२॥

[छाया-आत्मानं यः निन्दति गुणवतां करोति बहुमानम् । मनइन्द्रियाणां विजयी स स्वरूपपरायणो भवतु ॥] यः निर्जरापरिणतः पुमान् निन्दयति निन्दां विदधाति, अप्पाणं आत्मानम्, अहं पापीति कृत्वा आत्मानं निन्दयतीत्यर्थः । करोति विदधाति । कम् । बहुमानं प्रचुरमानसम्मानम् । केषाम् । गुणवतां सम्यक्त्वव्रतज्ञानादियुक्तानां श्रावकाणां मुनीनां च । कीदृक्षः सन् । मनइन्द्रियाणां विजयी, मनः चित्तम् इन्द्रियाणि स्पर्शनादीनि तेषां विजयी जेता वशीकर्ता । किं कृत्वा । भूत्वा । कीदृक्षः स्वस्वरूपपरायणः* स्वशुद्धचिदानन्दध्याने परायणः तत्परः ॥११२॥

तस्स य सहलो जम्मो तस्स य[3] पावस्स[4] णिज्जरा होदि ।
तस्स य[5] पुण्णं वड्ढदि तस्स वि[6] सोक्खं परं[7] होदि ॥११३॥

[छाया-तस्य च सफलं जन्म तस्य च पापस्य निर्जरा भवति । तस्य च पुण्यं वर्धते तस्य अपि सौख्यं परं भवति ॥] [तस्य मुनेः सफलं जन्म, तस्य च पापस्य] या ईदृग्विधा निर्जरा निर्जरणं भवति जायते । अपि पुनः, तस्य मुनेः वर्धते वृद्धिं याति । किम् । पुण्यं प्रशस्तकर्म, च पुनः, तस्य मुनेः भवति जायते । किं तत् । परम् उत्कृष्टं सौख्यं शर्म मोक्षसौख्यमित्यर्थः । इति गाथाचतुष्केण संबन्धो विधीयताम् ॥११३॥ अथ परमनिर्जरामभिधत्ते—

जो सम-सोक्ख[8]-णिलीणो वारंवारं सरेइ अप्पाणं ।
इंदिय-कसाय-विजई तस्स हवे णिज्जरा परमा ॥११४॥[9]

छाया-यः समसौख्यनिलीनः वारंवारं स्मरति आत्मानम् । इन्द्रियकषायविजयी तस्य भवेत् निर्जरा परमा ॥] तस्य भव्यवरपुण्डरीकस्य मुनेः, परमा उत्कृष्टा, निर्जरा कर्मणां निर्जरणं गलनं भवेत् । तस्य कस्य । यो मुनिः वारंवारं पुनः पुनः स्मरति ध्यायति चिन्तयति । कम् । आत्मानं शुद्धबोधनिधानं शुद्धचिद्रूपम् । कीदृक्षः सन् । समसौख्यनिलीनः साम्यसुखे लयं प्राप्तः । पुनः कीदृक्षः । इन्द्रियकषायविजयी इन्द्रियाणि स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्राणि, कषायाः अनन्तानुबन्ध्यादिक्रोधमानमायालोभाः पञ्चविंशतिः, तेषां विजयी जेता वशीकर्ता ॥११४॥

ये बध्यन्ते प्रकृतिनिचया योगयोगेन युक्ता निर्जीर्यन्ते स्वकृतसुकृतैः कर्मणां ते निषेकाः ।
संज्ञायन्ते विधावहृदयैर्ध्यानतस्ते समस्ताः संत्यज्यन्ते भवहृतियुतैर्युक्तकर्मानुभागाः ॥

इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायाः त्रिविद्यविद्याधरषड्भाषाकवि-
चक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितटीकायां
निर्जरानुप्रेक्षायां नवमोऽधिकारः ॥९॥

॥१११॥ **अर्थ**—जो मुनि अपने स्वरूपमें तत्पर होकर मन और इन्द्रियोंको वशमें करता है, अपनी निन्दा करता है और गुणवानोंकी-सम्यक्त्व, व्रत और ज्ञानसे युक्त मुनियों और श्रावकोंकी प्रशंसा करता है, उसके बहुत निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**—अपनी निन्दा करना, गुणवानोंकी प्रशंसा करना तथा मन और इन्द्रियोंपर विजय पाना अधिक निर्जराके कारण हैं ॥ ११२ ॥ **अर्थ**—जो साधु निर्जराके पूर्वोक्त कारणोंमें तत्पर रहता है, उसीका जन्म सफल है, उसीके पापोंकी निर्जरा होती है, उसीके पुण्यकी बढ़ती होती है, और उसीको उत्कृष्ट सुख-मोक्षसुख प्राप्त होता है ॥ ११३ ॥ अब परम निर्जराको कहते हैं । **अर्थ**—जो मुनि समतारूपी सुखमें लीन हुआ, बार बार आत्माका स्मरण करता है, इन्द्रियों और कषायोंको जीतनेवाले उसी साधुके उत्कृष्ट निर्जरा होती है ॥ **भावार्थ**—परम वीतरागता ही परम निर्जराका कारण है ॥ ११४ ॥ इति निर्जरानुप्रेक्षा ॥९॥

१ ल म स ग करेदि । २ ग होऊ [होइ] । ३ ल म स ग वि । ४ ग पाकस्स । ५ ल म स ग वि । ६ ल म स ग य । ७ ब परो । ८ ल म स ग सुक्ख । ९ ब निजराणुवेक्खा ।

[१०. लोकानुप्रेक्षा]

सिद्धं शुद्धं जिनं नत्वा लोकालोकप्रकाशकम् । वक्ष्ये व्याख्यां समासेनानुप्रेक्षाया जगत्स्थितेः ॥

अथ लोकानुप्रेक्षा व्याख्यायमानः श्रीस्वामिकार्त्तिकेयो लोकाकाशस्वरूपं प्ररूपयति—

सव्वायासमणंतं तस्स य बहु-मज्झ-संठिओ[1] लोओ ।
सो केण वि णेव[3] कओ ण य धरिओ हरि-हरादीहिं ॥११५॥

[छाया—सर्वाकाशमनन्तं तस्य च बहुमध्यसंस्थितः लोकः । स केनापि नैव कृतः न च धृतः हरिहरादिभिः ॥] सर्वाकाशं लोकाकाशम् अनन्तम् अनन्तानन्तं द्विकवारानन्तमानं सर्वं समोऽस्ति । तस्य च सर्वाकाशस्य बहुमध्यसंस्थितो लोकः । बहुमध्ये अनन्तानन्ताकाशबहुमध्यप्रदेशे सप्तघनरज्जुमात्रे सम्यक्प्रकारेण स्थितः संस्थितः लोक्यते इति लोकः । घनोदधिघनवाततनुवाताभिधानवातत्रयवेष्टितः लोकः जगत् । तथा त्रैलोक्यसारे एवमप्युक्तमस्ति । 'बहुमज्झदेस-भागम्हि' । तेनायमर्थः । बहुमध्यदेशभागे बहवः अतिशयितास्घनीकृताः असंख्याताः वा आकाशस्य मध्यदेशा यस्य स बहुमध्यदेशः स चासौ भागश्च खण्डः तस्मिन् बहुमध्यदेशभागे । अथवा बहवः अष्टौ गोस्तनाकाराः आकाशस्य मध्यदेशे यस्य स तथोक्तस्तस्मिन् लोकोऽस्ति । ननु स लोकः केनापि ब्रह्मादिना कृतो भविष्यति, तच्छङ्कानिरासार्थमाह । सो केण वि णेय कओ, स लोकः केनापि महेश्वरादिना कृतो नैव । केचन एवं वदन्ति । शेषीभूतैर्हरिहरादिभिर्धृतः इति । तच्छङ्कानिरासार्थमाह । ण य धरिओ हरिहरादीहिं, न च धृतो हरिहरादिभिः, हरिर्विष्णुः हरो महेश्वरः आदिशब्दात् कपिलपरिकल्पिता प्रकृतिः ब्रह्मा च तैर्धृतो न च ॥११५॥ अथ सर्वाकाशे लोकाकाश इति विशेषः कुत इति चेदाह—

अब लोकानुप्रेक्षाका व्याख्यान करते हुए श्री स्वामिकार्त्तिकेय लोकाकाशका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**—यह समस्त आकाश अनन्तप्रदेशी है। उसके ठीक मध्यमें भले प्रकारसे लोक स्थित है। उसे किसीने बनाया नहीं है, और न हरि, हर वगैरह उसे धारण ही किये हुए हैं॥ **भावार्थ**—लोकका क्षेत्रफल सातराजुका घन अर्थात ३४३ राजु प्रमाण है। अतः आकाशके बीचोंबीच ३४३ राजु क्षेत्रमें वह जगत स्थित है। उसे चारों ओरसे घनोदधि, घनवात और तनुवात नामकी तीन वायु घेरे हुए हैं। वे ही लोकको धारण करती हैं। त्रिलोकसार ग्रन्थमें 'बहुमज्झदेसभागम्हि' लिखा है, और उसका अर्थ किया है-'आकाशके असंख्यात प्रदेशवाले मध्यभागमें', क्योंकि लोकाकाश-जितने आकाशमें लोक स्थित है आकाशका उतना भाग-असंख्यातप्रदेशी है। इसका दूसरा अर्थ इस प्रकार भी किया है-'बहु' अर्थात् 'आठ गौके स्तनके आकारके आकाशके मध्य प्रदेश जिस भागमें पाये जाते हैं, उस भागमें'। आशय यह है कि लोकके ठीक मध्यमें सुमेरुपर्वतके नीचे गौके स्तनके आकार आठ प्रदेश स्थित हैं। जिस भागमें वे प्रदेश स्थित हैं, वही लोकका मध्य है। और जो लोकका मध्य है, वही समस्त आकाशका मध्य है, क्योंकि समस्त आकाशके मध्यमें लोक स्थित है, और लोकके मध्यमें वे प्रदेश स्थित हैं। अन्य दार्शनिक मानते हैं कि यह जगत महेश्वर वगैरहका बनाया हुआ है, और विष्णु आदि देवता उसे धारण किये हुए हैं। उनका निराकरण करनेके लिये ग्रंथकार कहते हैं कि इस जगतको न किसीने बनाया है और न कोई उसे धारण किये हुए है। वह अकृत्रिम है और वायु उसको धारण किये हुए है [त्रिलोकसारमें लोकका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है-"सव्वागासमणंतं तस्स य बहुमज्झदेसभागम्हि । लोगोसंखपदेसो जगसेढिघणप्पमाणो हु ॥३॥" अर्थ-सर्व आकाश अनन्तप्रदेशी है, उसके 'बहुमध्य-देश भागमें' लोक है। वह असंख्यातप्रदेशी है, और जगतश्रेणीके घन प्रमाण ३४३ राजु है। अनु०]

१ ग सव्वायासं° । २ ब म संठिउ, ल ग संठिओ, स संठिओ । ३ म णेव, स ग णेय ।

अण्णोण्ण-पवेसेण य दव्वाणं अच्छणं हवे[1] लोओ ।
दव्वाणं णिच्चत्तो लोयस्स वि मुणह[2] णिच्चत्तं[3] ॥११६॥

[छाया-अन्योन्यप्रवेशेन च द्रव्याणाम् आसनं भवेत् लोकः । द्रव्याणा नित्यत्वतः लोकस्यापि जानीत नित्यत्वम्॥] लोकः त्रिभुवनं भवेत् । अन्योन्यप्रवेशेन द्रव्याणां परस्परप्रवेशेन जीवपुद्गलधर्माधर्मादिवस्तूनाम् अच्छणं स्थितिः अस्तित्वं भवेल्लोकः । द्रव्याणां जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालरूपाणां निच्चत्तो नित्यत्वात् कथंचित् ध्रुवत्वात् लोकस्यापि णिच्चत्तं नित्यत्वं कथंचिद्ध्रुवत्वं मुणह जानीहि विद्धि ॥ ११६ ॥ ननु यदि लोकस्य सर्वथा नित्यत्वं तर्हि स्याद्वादमतभङ्गः स्यात् इति वदन्तं प्रति प्राह—

परिणाम-सहावादो पडिसमयं परिणमंति दव्वाणि[4] ।
तेसिं परिणामादो लोयस्स वि मुणह[5] परिणामं ॥११७॥

[छाया-परिणामस्वभावतः प्रतिसमयं परिणमन्ति द्रव्याणि । तेषां परिणामात् लोकस्यापि जानीत परिणामम्॥] द्रव्याणि यथा स्वपर्यायैः [6]द्रूयन्ते द्रवन्ति वा तानीति द्रव्याणि जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालरूपाणि,प्रतिसमयं समयं समयं प्रति,परिणमन्ति उत्पादव्ययध्रौव्यरूपेण परिणमन्ति परिणामं पर्यायान्तरं गच्छन्ति । कुत । परिणामस्वभावात् अतीतानागतवर्तमानानन्तपर्यायस्वभावेन परिणमनात् । तेषां जीवपुद्गलादिद्रव्याणां परिणामात् परिणमनात् अनेकस्वभावविभाव-

॥ ११५ ॥ समस्त आकाशके मध्यमें लोकाकाश है, इत्यादि विशेषताका क्या कारण है, यह बतलाते हैं । **अर्थ**—द्रव्योंकी परस्परमें एकक्षेत्रावगाहरूप स्थितिको लोक कहते हैं । द्रव्य नित्य है, अतः लोकको भी नित्य जानो ॥ **भावार्थ**—जितने आकाशमें जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल, ये छहों द्रव्य पाये जाते हैं, उसे लोक कहते हैं । छहों द्रव्य अनादि और अनन्त हैं, अतः लोकको भी अनादि और अनन्त जानना चाहिये [त्रिलोकसारमें भी लिखा है—"लोगो अकिट्टिमो खलु अणाइ-णिहणो सहावणिव्वत्तो । जीवाजीवेहिं फुडो सव्वागासवयवो णिच्चो ॥४॥" अर्थ-लोक अकृत्रिम है,अनादि अनन्त है, स्वभावसे निष्पन्न है, जीव-अजीव द्रव्योंसे भरा हुआ है, समस्त, आकाशका अङ्ग है और नित्य है ।] **शङ्का**—यदि लोक सर्वथा नित्य है तो स्याद्वादमतका भङ्ग होता है, क्योंकि स्याद्वादी किसी भी वस्तुको सर्वथा नित्य नहीं मानते हैं । इसका उत्तर देते हैं । **अर्थ**—परिणमन करना वस्तुका स्वभाव है अतः द्रव्य प्रतिसमय परिणमन करते हैं । उनके परिणमनसे लोकका भी परिणमन जानो ॥ **भावार्थ**-जो पर्यायोंके द्वारा प्राप्त किये जाते हैं, या पर्यायोंको प्राप्त करते हैं, उन्हें द्रव्य कहते हैं । जीव, पुद्गल,धर्म, अधर्म,आकाश और काल,इन छहों द्रव्योंमें उत्पाद,व्यय और ध्रौव्य रूपसे प्रतिसमय परिणमन होता रहता है । प्रतिसमय छहों द्रव्योंकी पूर्व पूर्व पर्याय नष्ट होती हैं, उत्तर उत्तर पर्याय उत्पन्न होती हैं, और द्रव्यता ध्रुव रहती है । इस तरह भूत, भविष्यत् और वर्तमानकालमें अनन्तपर्यायरूपसे परिणमन करना द्रव्यका स्वभाव है । जो इस तरह परिणमनशील नहीं है, वह कभी सत् हो ही नहीं सकता । अतः नित्य होनेपर भी जीव, पुद्गल आदि द्रव्य अनेक स्वभावपर्याय तथा विभावपर्यायरूपसे प्रतिसमय परिणमन करते रहते हैं । परिणमन करना उनका स्वभाव है । स्वभावके विना कोई वस्तु स्थिर रह ही नहीं सकती । उन्हीं परिणामी द्रव्योंके समुदायको लोक कहते हैं । अतः जब द्रव्य परिणमनशील हैं तो उनके समुदायरूप लोकका परिणामी होना सिद्ध ही है, अतः द्रव्योंकी तरह लोकको भी परिणामी नित्य जानना चाहिये । [गो० जीवकाण्डमें द्रव्योंकी स्थिति बतलाते हुए लिखा है-"एयदवियम्मि जे

१ ल स ग भवे । २ ब मुणहि । ३ ग णिचित्तं । ४ ल दव्वाणि । ५ ब मुणहि । २ ग द्रूयंति ।

पर्यायरूपेण परिणमनात् लोकस्यापि परिणामं परिणमनं पर्यायरूपेण कथंचित् अनित्यत्वं सपर्यायत्वं च मन्यस्व जानीहि विद्धि । ननु यत्र नित्यत्वं प्रागुक्तं तत्रानित्यत्वं कथं विरोधात् इति चेन्न, वस्तुनः अनेकान्तात्मकत्वं सत्त्वात् । अथ द्रव्याणां नित्यत्वेनानित्यत्वेन किं नाम पर्याया इति चेदाह । जीवद्रव्यस्य नरनारकादिविभावव्यञ्जनपर्यायाः, पुद्गलस्य शब्दबन्धसौक्ष्म्यस्थौल्यसंस्थानभेदतमश्छायातपोद्द्योतसहिताः विभावव्यञ्जनपर्याया भवन्ति । एवमन्येषामपि ज्ञेयम् ॥ ११७ ॥ अथ लोकस्य परपरिकल्पितस्थानमानविप्रतिपत्तिनिरासार्थमाह–

सत्तेक्क[1]-पंच-इक्का मूले मज्झे तहेव बंभंते ।
लोयंते रज्जूओ पुव्वावरदो[2] य वित्थारो ॥ ११८ ॥

अत्थपज्जया वियणपज्जया चावि । तीदाणागदभूदा तावदियं तं हवदि दव्वं ॥५५१॥" अर्थ–एकद्रव्यमें त्रिकालसम्बन्धी जितनी अर्थपर्याय और व्यञ्जनपर्याय हैं, उतना ही द्रव्य है। अर्थात् त्रिकालवर्ती पर्यायोंको छोड़कर द्रव्य कोई चीज नहीं है। अनु०] शङ्का–जो नित्य है, वह अनित्य किसप्रकार हो सकता है ? नित्यता और अनित्यतामें परस्परमें विरोध है। उत्तर–वस्तु अनेकधर्मात्मक होती है, क्यों कि वह सत् है। यदि एकवस्तुमें उन अनेकधर्मोंको अपेक्षाभेदके बिना योंही मान लिया जाये तो उनमें विरोध हो सकता है। किन्तु भिन्न भिन्न अपेक्षाओंसे विरोधी दिखाई देनेवाले धर्म भी एक स्थानपर बिना किसी विरोधके रह सकते हैं। जैसे, पिता, पुत्र, भ्राता, जामाता आदि लौकिक सम्बन्ध परस्पर विरोधी प्रतीत होते हैं। किन्तु भिन्न भिन्न सम्बन्धियोंकी अपेक्षासे यह सभी सम्बन्ध एकही मनुष्यमें पाये जाते हैं। एकही मनुष्य अपने पिताकी अपेक्षासे पुत्र है, अपने पुत्रकी अपेक्षासे पिता है अपने भाईकी अपेक्षासे भ्राता है, और अपने श्वशुरकी अपेक्षासे जामाता है। इसी प्रकार प्रत्येक द्रव्य द्रव्यरूपसे नित्य है, क्योंकि द्रव्यका नाश कभी भी नहीं होता। किन्तु प्रतिसमय उसमें परिणमन होता रहता है, जो पर्याय एकसमयमें होती है, वही पर्याय दूसरे समयमें नहीं होती, जो दूसरे समयमें होती है वह तीसरे समयमें नहीं होती, अतः पर्यायकी अपेक्षासे अनित्य है। पर्याय दो प्रकारकी होती हैं, एक व्यञ्जनपर्याय और दूसरी अर्थपर्याय। इन दोनों प्रकारोंकेभी दो दो भेद होते हैं–स्वभाव और विभाव। जीवद्रव्यकी नर, नारक आदि पर्याय विभाव व्यञ्जनपर्याय है, और पुद्गलद्रव्यकी शब्द, बन्ध, सूक्ष्मता, स्थूलता, आकार, खण्ड, अन्धकार, छाया, धूप, चांदनी वगैरह पर्याय विभावव्यञ्जन पर्याय हैं। [प्रदेशवत्त्वगुणके विकारको व्यञ्जनपर्याय और अन्य शेष गुणोंके विकारको अर्थपर्याय कहते हैं। तथा जो पर्याय परसम्बन्धके निमित्तसे होती है उसे विभाव, तथा जो परसम्बन्धके निमित्तके बिना स्वभावसे ही होती है उसे स्वभावपर्याय कहते हैं। हम चर्मचक्षुओंसे जो कुछ देखते हैं, वह सब विभाव व्यञ्जन पर्याय है। अनु०] सारांश यह है कि द्रव्योंके समूहका ही नाम लोक है। द्रव्य नित्य हैं, अतः लोक भी नित्य है। द्रव्य परिणामी हैं, अतः लोक भी परिणामी है ॥ ११७ ॥ **अर्थ–** पूरब-पश्चिम दिशामें लोकका विस्तार मूलमें अर्थात् अधोलोकके नीचे सात राजू है। अधोलोकसे ऊपर क्रमशः घटकर मध्यलोकमें एक राजूका विस्तार है। पुनः क्रमशः बढ़कर ब्रह्मलोक स्वर्गके अन्तमें पाँच राजूका विस्तार है। पुनः क्रमशः घटकर लोकके अन्तमें एकराजूका विस्तार है ॥ **भावार्थ–**लोक पुरुषाकार है। कोई पुरुष दोनों पैर फैलाकर और दोनों हाथोंको कटिप्रदेशके दोनों

---

१ ल ग सत्तेक, म सत्तिक्क, स सत्तेक। २ ग पुव्वापरदो।

[छाया-सप्तैकपञ्चैकाः मूले मध्ये तथैव ब्रह्मान्ते। लोकान्ते रज्जवः पूर्वापरतश्च विस्तारः॥] लोकस्येत्यध्याहार्यम्। पूर्वापरतः पूर्वां दिशामाश्रित्य पश्चिमां दिशामाश्रित्य च विस्तारः व्यासः। मूले त्रिलोकस्याधोभागे पूर्वपश्चिमेन सप्तरज्जुविस्तारः ७। तथैव प्रकारेण मध्ये अधोभागात्क्रमहानिरूपेण हीयते यावन्मध्यलोके पूर्वापरतः एका एकरज्जुप्रमाणविस्तारः। तथैव ब्रह्मान्ते, ततो मध्यलोकादूर्ध्वं क्रमवृद्ध्या वर्धते यावद् ब्रह्मलोकान्ते पूर्वपश्चिमेन रज्जुपञ्चविस्तारः ५। लोकान्ते, ततश्चोर्ध्वं पुनरपि हीयते यावल्लोकान्ते लोकोपरिमभागे पूर्वापरतः एकरज्जुप्रमाणविस्तारो १ भवति॥ ११८॥ अथ दक्षिणोत्तरतः कियन्मात्र इत्युक्ते प्राह-

दक्खिण-उत्तरदो पुण[1] सत्त वि रज्जू हवंति[2] सव्वत्थ।
उड्ढं[3] चउदह[4] रज्जू सत्त वि रज्जू घणो लोओ॥ ११९॥

[छाया-दक्षिणोत्तरतः पुनः सप्तापि रज्जवः भवन्ति सर्वत्र। ऊर्ध्वं चतुर्दश रज्जवः सप्तापि रज्जवः घनः लोकः॥] पुनः दक्षिणोत्तरपार्श्वमाश्रित्य स चतुर्दश १४ रज्जूत्सेधपर्यन्तं व्याप्य आयामः सप्तरज्जुरेव भवति ७। लोकस्योदयः कियन्मात्र इति चेदूर्ध्वं चतुर्दशरज्जूदयरूपः १४ लोको भवति। सर्वलोकस्य क्षेत्रं कियन्मात्रम्। सप्तरज्जुघनः सप्तरज्जूनां घनः त्रिवारगुणनम्। 'त्रिसमाहतिर्घनः' स्यादिति वचनात्। जगच्छ्रेणि $\frac{\equiv}{7}$।७ घन $\equiv$ ३४३ प्रमाणः सर्वलोक त्रिशतरज्जुमात्रः त्रिचत्वारिंशदधिकः ३४३ इत्यर्थः। तावदधोलोकस्य घनमानीयते। 'मुहभूमीजोगदले पदगुणिदे पदघणं होदि।' मुखं एकरज्जुः १, भूमिस्तु सप्तरज्जुः ७, तयोर्योगः ८, तद्दलं ४, पदेन सप्तभिः ७, गुणिते २८, वेधेन ७ गुणिते १९६। एवमूर्ध्वलोकमानमानेतव्यम् १४७। सर्व इत्यर्थः ३४३॥ ११९॥ अथ त्रिलोकयोरयं विभजति-

मेरुस्स हिट्ठ-भाए[5] सत्त वि रज्जू हवेइ अह-लोओ[6]।
उड्ढम्मि उड्ढ-लोओ मेरु-समो मज्झिमो लोओ॥ १२०॥

ओर रखकर यदि खड़ा हो तो उसका जैसा आकार होता है, वैसा ही आकार लोकका जानना चाहिये अतः पुरुषका आकार लोकके समान कल्पना करके उसका पूरब-पश्चिम विस्तार इस प्रकार जानना चाहिये। पैरोंके अन्तरालका विस्तार सातराजू है। कटिप्रदेशका विस्तार एक राजू है। दोनों हाथोंका-एक कोनीसे लेकर दूसरी कोनी तकका-विस्तार पाँच राजू है। और ऊपर, शिरोदेशका विस्तार एक राजू है॥ ११८॥ अब लोकका दक्षिण-उत्तरमें विस्तार कहते हैं। **अर्थ**-दक्षिण--उत्तर दिशामें सब जगह लोकका विस्तार सात राजू है। ऊँचाई चौदह राजु है और क्षेत्रफल सात राजूका घन अर्थात् ३४३ राजू है॥ **भावार्थ**-पूरब-पश्चिम दिशामें जैसा घटता बढ़ता विस्तार है, वैसा दक्षिण--उत्तर दिशामें नहीं है। दक्षिण उत्तर दिशामें सब जगह सात राजू विस्तार है। तथा लोकको नीचेसे ऊपर तक ऊँचाई चौदह राजू है और लोकका क्षेत्रफल सात राजूका घन है। तीन समान राशियोंको परस्परमें गुणा करनेसे घन आता है। अतः सात राजूका घन $७ \times ७ \times ७ = ३४३$ राजू होता है। इस क्षेत्रफलकी रीति निम्न प्रकार है। पहले अधोलोकका क्षेत्रफल निकालते हैं। त्रिलोकसारमें कहा है कि "जोगदले पदगुणिदे फलं घणो वेधगुणिदफलं॥ ११४॥" मुख ओर भूमिको जोड़कर उसका आधा करो, और उस आधेको पदसे गुणा करदो तो क्षेत्रफल होता है और क्षेत्रफलको ऊँचाईसे गुणाकरनेपर घन फल होता है। इस रीतिके अनुसार मुख १ राजू, भूमि ७ राजू, दोनों को जोड़कर $७+१=८$ आधा करनेसे ४ होते हैं। इस ४ राजूको पद-दक्षिण उत्तर विस्तार ७ राजूसे गुणा करनेपर $४ \times ७ = २८$ राजू क्षेत्रफल होता है। और इस क्षेत्रफलको अधोलोककी ऊँचाई सात राजूसे गुणा

---

१ ब पुणु। २ ल स ग हवेति। ३ ब उद्द [?], ल म ग उड्ढो, स उद्दो। ४ ल स ग चउदस, म चउद्दस। ५ ल ग भागे। ६ ब हवेइ अहो लोउ [?], ल स ग हवे अहो लोओ, म हवेइ अह लोउ।

[छाया–मेरोः अधोभागे सप्तापि रज्जवः भवति अधोलोकः । ऊर्ध्वे ऊर्ध्वलोकः मेरुसमः मध्यमः लोकः ॥] मेरोरधस्तनभागे अधोलोकः । सप्तरज्जुमात्रो भवेत् । तथा हि, अधोभागे मेर्वाधारभूता रत्नप्रभाख्या प्रथमा पृथिवी । तस्या अधोऽधः प्रत्येकमेकैकरज्जुप्रमाणमाकाशं गत्वा यथाक्रमेण शर्कराबालुकापङ्कधूमतमोमहातमःसंज्ञाः षड् भूमयो भवन्ति । तस्मादधोभागे रज्जुप्रमाणक्षेत्रं भूमिरहितं निगोदादिपञ्चस्थावरभृतं च तिष्ठति । रत्नप्रभादिपृथिवीनां प्रत्येकं घनोदधिघनवाततनुवातत्रयमाधारभूतं भवतीति विज्ञेयम् । उड्ढम्हि उड्ढलोओ ऊर्ध्वे ऊर्ध्वलोकः, मेरोरुपरिभागे ऋजु-पटलमारभ्य त्रैलोक्यशिखरपर्यन्तम् ऊर्ध्वलोकः सप्तरज्जुमात्रो भवति । मध्यमो लोकः मेरुसमः । मेरोरुदयमात्रः लक्ष-योजनप्रमाण इत्यर्थः ॥ १२० ॥ लोकशब्दस्य निरुक्तिमाह –

करनेपर २८×७=१९६ राजु अधोलोकका घनफल होता है। इसी प्रकार ऊर्ध्वलोकका भी घन-फल निकाल लेना चाहिये। अर्थात् मुख १ राजू, भूमि ५ राजू, दोनोंका जोड़ ६ राजू, उसका आधा ३ राजू, इस ३ राजूको पद ७ राजूसे गुणा करनेपर ७×३=२१ राजू आधे ऊर्ध्वलोकका क्षेत्रफल होता है। इसे ऊँचाई साढ़ेतीन राजूसे गुणा करनेपर $२१ \times \frac{७}{२} = \frac{१४७}{२}$ राजू आधे ऊर्ध्वलोकका घनफल होता है। इसको दूना करदेने से १४७ राजू पूरे ऊर्ध्वलोकका घनफल होता है। अधोलोक और ऊर्ध्वलोकके घन फलोंको जोडनेसे १९६+१४७=३४३ राजू पूरे लोकका घनफल होता है। गाथामें आये क्षेत्रफल शब्दसे घन क्षेत्रफल ही समझना चाहिये ॥११९॥ तीनों लोकोंकी ऊँचाईका विभाग करते हैं। **अर्थ–**मेरुपर्वतके नीचे सात राजूप्रमाण अधोलोक है। ऊपर ऊर्ध्वलोक है। मेरुप्रमाण मध्य लोक है॥ **भावार्थ–**'मेरु' शब्दका अर्थ 'माप करनेवाला' होता है। जो तीनों लोकोंका माप करता है, उसे मेरु कहते हैं। ["लोकत्रयं मिनातीति मेरुरिति।" राजवा. पृ १२७] जम्बूद्वीपके बीचमें एक लाख योजन ऊँचा मेरुपर्वत स्थित है। वह एक हजार योजन पृथ्वीके अन्दर है और ९९ हजार योजन बाहर। ['जम्बूद्वीपे महामन्दरो योजनसहस्रावगाहो भवति नवनवतियोजनसहस्रोच्छ्रायः। तस्याधस्ता-दधोलोकः। बाहुल्येन तत्प्रमाणः तिर्यक्प्रसृतस्तिर्यग्लोकः। तस्योपरिष्टादूर्ध्वलोकः। मेरुचूलिका चत्वारिंश-द्योजनोच्छ्राया तस्या उपरि केशान्तरमात्रे व्यवस्थितमृजुविमानमिन्द्रकं सौधर्मस्य।" सर्वार्थ पृ. १५७ अनु०] उसके ऊपर ४० योजनकी चूलिका है। रत्नप्रभा नामकी पहली पृथिवीके ऊपर यह स्थित है। इस पृथिवीके नीचे शर्कराप्रभा, वालुकाप्रभा, पङ्कप्रभा, धूमप्रभा, तमप्रभा और महातमप्रभा नामकी छह पृथिवीयाँ और हैं। सातवीं पृथिवीके नीचे १ राजूमें निगोदस्थान है। ये सभी पृथिवियाँ घनोदधि, घनवात और तनुवात नामके तीन वातवलयोंसे वेष्टित हैं। मेरुसे नीचेका सात राजू प्रमाण यह सब क्षेत्र, अधोलोक कहलाता है। तथा ऊपर सौधर्मस्वर्गके ऋजुविमानके तलसे लेकर लोकके शिखरपर्यन्त सात राजू क्षेत्रको ऊर्ध्वलोक कहते हैं। [मेरुपर्वतकी चूलिका और ऋजुविमानमें एक बाल मात्रका अन्तर है] । सोलह स्वर्ग, नौ ग्रैवेयक, पाँच अनुत्तर तथा सिद्धशिला, ये सब ऊर्ध्वलोकमें सम्मिलित हैं। तथा, अधोलोक और ऊर्ध्वलोकके बीचमें सुमेरुपर्वतके तलसे लेकर उसकी चूलिकापर्यन्त एक लाख चालीस योजन प्रमाण ऊँचा क्षेत्र मध्यलोक कहलाता है। **शङ्का–**लोककी ऊँचाई चौदह राजू बतलाई है। उसमें सात राजू प्रमाण अधोलोक बतलाया है और सात राजू प्रमाण ऊर्ध्वलोक बतलाया है। ऐसी दशामें मध्यलोककी ऊँचाई एकलाख चालीस योजन अधोलोकमें सम्मिलित है या ऊर्ध्वलोकमें या दोनोंसे पृथक् ही है। **उत्तर–**मेरुपर्वतके तलसे नीचे सातराजू प्रमाण अधोलोक है और तलसे ऊपर सातराजू प्रमाण ऊर्ध्वलोक है। अतः मध्यलोककी ऊँचाई ऊर्ध्वलोकमें सम्मिलित है। सात राजूकी

दीसंति जत्थ अत्था जीवादीया स भण्णदे[1] लोओ ।
तस्स सिहरम्मि सिद्धा अंत-विहीणा विरायंते[2] ॥१२१॥

[छाया-दृश्यन्ते यत्र अर्थाः जीवादिकाः स भण्यते लोकः । तस्य शिखरे सिद्धाः अन्तविहीनाः विराजन्ते ॥] स लोकः भण्यते, यत्र जीवादिकाः अर्थाः जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालरूपपदार्थाः द्रव्याणि षट् दृश्यन्ते लोक्यन्ते इति स लोकः कथ्यते सर्वज्ञैः । तस्य लोकस्य शिखरे तनुवातमध्ये सिद्धाः सिद्धपरमेष्ठिन द्रव्यभावनोकर्मरहिता निरञ्जनाः परमात्मानः सम्यक्त्वाद्यष्टगुणोपेताः विराजन्ते शोभन्ते । कथंभूतास्ते सिद्धाः । अन्तविहीना विनाशरहिताः, अथवा अनन्तानन्तमानोपेताः सन्ति ॥१२१॥ अत्र[3] च कैः कैर्जीवैर्भृतो लोक इति चेदुच्यते—

एइंदिएहिं[4] भरिदो पंच-पयारेहिं सव्वदो लोओ ।
तस-णाडीए[5] वि तसा ण बाहिरा होंति सव्वत्थ ॥१२२॥

छाया-एकेन्द्रियैः भृतः पञ्चप्रकारैः सर्वतः लोकः । त्रसनाड्याम् अपि त्रसाः न बाह्याः भवन्ति सर्वत्र ॥] लोकः त्रिभुवनम्, सर्वतः श्रेणिघने, त्रिचत्वारिंशदधिकत्रिशत ३४३ रज्जुप्रमाणे पञ्चप्रकारैः पञ्चविधैः एकेन्द्रियैः पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतिकायिकैर्जीवैर्भृतः । तर्हि त्रसाः क्व तिष्ठन्तीति चेत्, त्रसनाड्यामपि । तस्यैव लोकस्य मध्ये पुनरदूखलस्य मध्याधो भागे छिद्रे कृते सति निक्षिप्तवंशनलिकेव चतुःकोणा त्रसनाडी भवति । सा चैकरज्जुविष्कम्भा चतुर्दशरज्जूत्सेधा विज्ञेया, तस्यां त्रसनाड्यामेव त्रसाः द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रिया जीवा भवन्ति तिष्ठन्ति । ण बाहिरा होंति

तुलनामें एक लाख योजन ऐसेही हैं, जैसे पर्वतकी तुलनामें राई । अतः उन्हें अलग नहीं किया है । यथार्थमें ऊर्ध्वलोककी ऊँचाई एक लाख चालीस योजन कम सातराजू जाननी चाहिये ॥१२०॥ लोकशब्दकी निरुक्ति कहते हैं । **अर्थ**—जहाँपर जीव आदि पदार्थ देखे जाते हैं, उसे लोक कहते हैं । उसके शिखरपर अनन्त सिद्धपरमेष्ठी विराजमान हैं ॥ **भावार्थ**—'लोक' शब्द 'लुक्' धातुसे बना है, जिसका अर्थ देखना होता है । अतः जितने क्षेत्रमें जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल, ये छहों द्रव्य देखे जाते हैं, उसे लोक कहते हैं । ["धर्माधर्मादीनि द्रव्याणि यत्र लोक्यन्ते स लोकः ।" सर्वार्थ० पृ. १७६] लोकके मस्तक पर तनुवातवलयमें कर्म और नोकर्मसे रहित तथा सम्यक्त्व आदि आठ गुणोंसे सहित सिद्धपरमेष्ठी विराजमान हैं । जो अन्तरहित—अविनाशी हैं, अथवा जो अन्तरहित-अनन्त हैं ॥ १२१॥ जिन जीवोंसे यह लोक भरा हुआ है, उन्हें बतलाते हैं । **अर्थ**—यह लोक पाँच प्रकारके एकेन्द्रिय जीवोंसे सर्वत्र भरा हुआ है । किन्तु त्रसजीव त्रसनालीमें ही होते हैं, उसके बाहर सर्वत्र नहीं होते ॥ **भावार्थ**—पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक और वनस्पति-कायिक, ये पांच प्रकारके एकेन्द्रिय जीव ३४३ राजू प्रमाण सभी लोकमें भरे हुए हैं । किन्तु त्रस अर्थात् दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, और पञ्चेन्द्रिय जीव त्रसनालीमें ही पाये जाते हैं । उदूखल [कोशकारोंने उदूखलका अर्थ ओखली और जूगुलवृक्ष किया है । यहाँ वृक्ष लेना ठीक प्रतीत होता है, क्योंकि त्रिलोकप्रज्ञप्ति तथा त्रिलोकसारमें त्रसनालीकी उपमा वृक्षके सार अर्थात् छाल वगैरह के मध्यमें रहनेवाली लकड़ीसे दी है । अनु०] के बीचमें छेदकरके उसमें रखी हुई बाँसकी नलीके समान लोकके मध्यमें चौकोर त्रसनाली है । उसीमें त्रसजीव रहते हैं ।[उपपाद और मरणान्तिक समुद्घातकेसिवाय त्रसजीव उससे बाहर नहीं रहते हैं "उववादमारणंतियपरिणदतसमुज्झिऊण सेसतसा। तसणालिबा-

---

१ ब भण्णइ । २ ल म स ग विरायंति । ३ अतु वा अनु इति मूलपाठः । ४ व स ेंदिएहिं । ५ ब नाडिए ।

सब्वत्थ, त्रसनाड्या बाह्ये सर्वत्र लोके उपपादमारणान्तिकपरिणतत्रसान् विहाय त्रसा न भवन्तीत्यर्थः । ण बादरा होंति सव्वत्थ इति पाठे सर्वत्र लोके बादराः स्थूलाः पृथ्वीकायिकादयस्त्रसाश्च न सन्ति । 'आधारे थूलाओ' इति च वचनात् । ननु त्रसनाड्यां सर्वत्र त्रसास्तिष्ठन्ति इति चेत्प्राह । त्रसनाड्यां त्रसा इति सामान्यवचनम् । विशेषवाक्यं त्रिलोकप्रज्ञप्तौ प्रोक्तं च । 'लोयबहुमज्झदेसे तरुम्मि सारं व रज्जुपदरजुदा । तेरसर ज्जुस्सेहा किंचूणा होदि तसणाली ॥'

हिरम्हि य णत्थि त्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं ॥१९२॥" गो. जीवकाण्ड] त्रसनालीसे बाहरका कोई एकेन्द्रिय जीव त्रसनामकर्मका बन्ध करके, मृत्युके पश्चात् त्रसनालीमें जन्म लेनेके लिये गमन करता है, तब उसके त्रसनामकर्मका उदय होनेके कारण उपपादकी अपेक्षासे त्रसजीव त्रसनालीके बाहर पाया जाता है। तथा, जब कोई त्रसजीव त्रसनालीसे बाहर एकेन्द्रियपर्यायमें जन्म लेनेसे पहले मारणान्तिक समुद्घात करता है, तब त्रसपर्यायमें होते हुएभी उसकी आत्माके प्रदेश त्रसनालीके बाहर पाये जाते हैं। 'ण बाहिरा होंति सव्वत्थ' के स्थानमें 'ण बादरा होंति सव्वत्थ' ऐसा भी पाठ है। इसका अर्थ होता है कि बादर जीव अर्थात् स्थूल पृथ्वीकायिक वगैरह एकेन्द्रिय जीव तथा त्रसजीव सर्वलोकमें नहीं रहते हैं। क्योंकि जीवकाण्डमें लिखा है-'स्थूलजीव आधारसे ही रहते हैं' [आधारे थूलाओ ॥१९३॥] शङ्का-क्या त्रसनालीमें सर्वत्र त्रसजीव रहते हैं? उत्तर-त्रसनालीमें त्रसजीव रहते हैं, यह सामान्यकथन है। त्रिलोकप्रज्ञप्तिमें इसका विशेषकथन किया है।["लोयबहुमज्झदेसे तरुम्मि सारं व रज्जुपदरजुदा ।तेरस रज्जुस्सेहा किंचूणा होदि तसणाली ॥ ६ ॥" द्वि. अधि.] उसमें कहा है—"वृक्षमें उसके सारकी तरह, लोकके ठीक मध्यमें एक राजू लम्बी, एक राजू चौडी और कुछ कम तेरह राजू ऊँची त्रसनाली है।" शङ्का-त्रसनालीको कुछ कम तेरह राजू ऊँची कैसे कहा है ? उत्तर-सातवीं महातमःप्रभा नामकी पृथिवी आठ हजार योजनकी मोटी है [देखो, त्रिलोकसार गा. १७४ की टीका] । उसके ठीक मध्यमें नारकियोंके श्रेणीबद्ध बिले बने हुए हैं। उन बिलोंकी मोटाई $\frac{४}{३}$ योजन है। इस मोटाईको समच्छेद करके पृथिवीकी मोटाईमें घटानेसे $\frac{२४०००}{३}-\frac{४}{३}=\frac{२३९९६}{३}$ योजन शेष बचता है। इसका आधा $\frac{११९९८}{३}$ योजन होता है। भाग देनेपर ३९९९$\frac{१}{३}$ योजन आते हैं। इतने योजनोंके ३१९९४६६६ $\frac{२}{३}$ धनुष होते हैं। यह तो नीचेकी गणना हुई। अब ऊपरकी लीजिये। सर्वार्थसिद्धि विमानसे ऊपर १२ योजनपर ईषत्प्राग्भार नामकी आठवीं पृथ्वी है, जो आठ योजन मोटी है। ["तिहुवणमुड्ढारूढा ईसिपभारा धरट्ठमी रुंदा। दिग्घा इगिसगरज्जू अडजोयणपमिदबाहल्ला ॥ ५५६ ॥" त्रिलोकसार **अर्थ**–'तीनों लोकोंके मस्तकपर आरूढ ईषत्प्राभार नामकी आठवी पृथ्वी है। उसकी चौड़ाई एक राजू लम्बाई सात राजू और मोटाई आठ योजन है।'] १२ योजनके ९६००० धनुष होते हैं। और आठवीं पृथ्वीके ८ योजनके ६४००० धनुष होते हैं। ["कोसाणं दुगमेक्कं देसूणेक्कं च लोयसिहरम्मि। ऊणधणूणपमाणं पणुवीसज्झहियचारिसयं ॥ १२६ ॥" त्रिलोकसार. अर्थ-'लोकके शिखरपर तीनों वातवलयोंका बाहुल्य दो कोस, एक कोस और कुछ कम एक कोस है। कुछ कमका प्रमाण ४२५ धनुष है।' अतः तीनों वातवलयोंका बाहुल्य ४०००+२०००+१५७५=७५७५ धनुष होता है। क्योंकि एक कोसके २००० धनुष होते हैं।] उसके उपर तीनों वातवलयोंकी मोटाई ७५७५ धनुष है। इन सब धनुषोंका जोड़ ३२१६२२४१$\frac{२}{३}$ धनुष होता है। [ऊणपमाणं दंडा कोडितियं एक्कवीस-लक्खाणं। वासट्ठिं च सहस्सा दुसया इगिदाल दुतिभाया ॥७॥" त्रिलोकप्र०, २ य अधि० ।

किंचूणा होदि तसणाली इत्यत्र ऊनदण्डप्रमाणं कथमिति, सप्तमपृथिव्याः श्रेणिबद्धाद्धोयोजनानां ३९९९$\frac{1}{3}$, दंडाः ३१९९४ ६६६$\frac{2}{3}$। सर्वार्थसिद्धेरुपरियोजनानां १२, [दण्डाः ९६०००,] अष्टमपृथ्व्यां योजनानां ८, दण्डाः ६४००० । तस्या उपरि वायुत्रयदण्डाः ७५७५ । एते सर्वे दण्डाः ३२१६२२४१$\frac{2}{3}$ । किंचिन्न्यूनत्रयोदशरज्जुप्रमाणत्रसनाड्यां त्रसास्तिष्ठन्तीत्यर्थः ॥१२२॥ अथ स्थूलसूक्ष्मादिभेदेन जीवान् विभजति—

पुण्णा वि [1]अपुण्णा वि य थूला जीवा हवंति साहारा ।

छव्विह[2]-सुहुमा[3] जीवा लोयायासे वि सव्वत्थ ॥१२३॥

[छाया-पूर्णाः अपि अपूर्णाः अपि च स्थूलाः जीवाः भवन्ति साधाराः । षड्विधसूक्ष्माः जीवाः लोकाकाशे अपि सर्वत्र ॥] स्थूलाः बादराः बादरनामकर्मोदयनिष्पादितपर्यायाः । कथंभूतास्ते स्थूलाः । पूर्णाः अपि च अपूर्णा अपि च, पर्याप्ताः अपर्याप्ता अपि च जीवाः प्राणिनः । साहारा साधाराः पृथिव्यादिकमाधारमाश्रित्य भवन्ति तिष्ठन्तीत्यर्थः । अथवा जायन्ते उत्पद्यन्ते । 'आधारे थूलाओ' आधारे आश्रये वर्तमानशरीरविशिष्टा ये जीवास्ते सर्वेऽपि स्थूलाः बादरा इत्यर्थः इति गोम्मटसारे । सुहुमा सूक्ष्माः सूक्ष्मनामकर्मोदयापादितपर्याया जीवाः प्राणिनः षड्विधाः षड्भेदाः । पृथिवीकायिकसूक्ष्मः १, जलकायिकसूक्ष्मः २, तेजस्कायिकसूक्ष्मः ३, वायुकायिकसूक्ष्मः ४, नित्यनिगोदवनस्पतिकायिकसूक्ष्मः ५, इतरनिगोदवनस्पतिकायिकसूक्ष्मजीवाः ६, इति षोढा । लोकाकाशे सर्वत्र सर्वलोके, जले स्थले आकाशे वा, निरन्तराः आधारानपेक्षितशरीराः जीवाः सूक्ष्मा भवन्ति । जलस्थलरूपाधारेण तेषां शरीरगतिप्रतिघातो नास्ति, अत्यन्तसूक्ष्मपरिणामत्वात् । ते जीवाः सूक्ष्माः निराधारा निरन्तरास्तिष्ठन्ति उत्पद्यन्ते च ॥१२३॥

पुढवी[4]-जलग्गि-वाऊ चत्तारि वि होंति[5] बायरा सुहुमा ।

साहारण-पत्तेया वणप्फदी[6] पंचमा दुविहा ॥१२४॥

[छाया-पृथ्वीजलाग्निवायवः चत्वारः अपि भवन्ति बादराः सूक्ष्माः । साधारणप्रत्येकाः वनस्पतयः पञ्चमाः द्विविधाः ॥] पृथिवीजलाग्निवायवश्चत्वारोऽपि जीवा बादराः सूक्ष्माश्च भवन्ति । पृथिवीकायिकजीवा बादराः सूक्ष्माश्च

अर्थ—कमधनुषोंका प्रमाण ३२१६२२४१$\frac{2}{3}$ है । अनु०] इतने धनुष कम तेरह राजूप्रमाण त्रसनालीमें त्रसजीव रहते हैं । सारांश यह है कि लोककी ऊँचाई १४ राजू है । इतनीही ऊँचाई त्रसनालीकी है । उसमेंसे सातवें नरकके नीचे एक राजूमें निगोदिया जीव ही रहते हैं । अतः एकराजू कम होनेसे १३ राजू रहते हैं । उनमेंभी सातवीं पृथ्वीके मध्यमें ही नारकी रहते हैं, नीचेके ३९९९$\frac{1}{3}$ योजन प्रमाण पृथ्वीमें कोई त्रस नहीं रहता है । तथा ऊर्ध्वलोकमें सर्वार्थसिद्धि विमानतकही त्रसजीव रहते हैं । सर्वार्थसिद्धिसे ऊपरके क्षेत्रमें कोई त्रसजीव नहीं रहता है । अतः सर्वार्थसिद्धिसे लेकर आठवीं पृथिवीतकका अन्तराल १२ योजन, आठवीं पृथिवीकी मोटाई ८ योजन और आठवीं पृथ्वीके ऊपर ७५७५ धनुष प्रमाण क्षेत्र त्रसजीवोंसे शून्य है । अतः नीचे और ऊपरके उक्तधनुषोंसे कम १३ राजू प्रमाण त्रसनालीमें त्रसजीव जानने चाहिये ॥१२२॥ अब स्थूल, सूक्ष्म आदि भेदसे जीवोंका विभाग करते हैं । अर्थ—पर्याप्तक और अपर्याप्तक, दोनोंही प्रकारके बादरजीव आधारके सहारेसे रहते हैं । और छह प्रकारके सूक्ष्मजीव समस्त लोकाकाशमें रहते हैं ॥ भावार्थ—जीव दो प्रकारके होते हैं—बादर और सूक्ष्म । बादर नामकर्मके उदयसे बादर पर्यायमें उत्पन्न जीवोंको बादर कहते हैं, और सूक्ष्मनामकर्मके उदयसे सूक्ष्म पर्यायमें उत्पन्न जीवोंको सूक्ष्म कहते हैं । सूक्ष्मजीवोंके भी छह भेद हैं—पृथिवीकायिक, जलकायिक, तेजकायिक, वायुकायिक, नित्यनिगोद वनस्पतिकायिक और इतरनिगोद वनस्पतिकायिक । ये सब जीव पर्याप्त कभी होते हैं । और अपर्याप्त कभी होते हैं । जो बादर होते हैं,

---

१ ब ल म स ग अपुण्णा । २ ब ल स ग छव्विह । ३ ब सुहुमा । ४ ल ग पुढवि । ५ ब हुंति । ६ ब वणप्फदि ।

भवन्ति। अपकायिका जीवा बादराः सूक्ष्माश्च भवन्ति। तेजस्कायिका जीवा बादराः सूक्ष्माश्च सन्ति। वायुकायिका जीवा बादराः सूक्ष्माश्च भवन्तीत्यर्थः। पञ्चमाः पृथिव्यादिसंख्यया पञ्चमत्वं प्राप्ताः वनस्पतयः द्विविधा द्विप्रकाराः। कुतः। साधारणप्रत्येकात्, साधारणवनस्पतिप्रत्येकवनस्पतिभेदात्। ये तु साधारणवनस्पतिकायिकास्ते नित्यचतुर्गतिनिगोदजीवाः बादराः सूक्ष्माश्च भवन्ति। ये प्रत्येकवनस्पतिकायिका जीवास्ते तु बादरा एव न तु सूक्ष्माः ॥१२४॥ अथ साधारणानां द्विविधत्वं दर्शयति-

साहारणा वि दुविहा अणाइ[1]-काला य[2] साइ-काला य।
ते वि[3] य बादर-सुहुमा सेसा पुण[4] बायरा सव्वे ॥ १२५ ॥

[छाया-साधारणाः अपि द्विविधाः अनादिकालाः च सादिकालाः च। ते अपि च बादरसूक्ष्माः शेषाः पुनर्-बादराः सर्वे ॥] साधारणनामकर्मोदयात् साधारणाः साधारणनिगोदाः, अपि पुनः, द्विविधा द्विप्रकाराः। ते के प्रकाराः। अनादिकालाश्च सादिकालाश्च नित्यनिगोदाश्चतुर्गतिनिगोदाश्च। च शब्दः समुच्चयार्थः। ते चिय* त एव नित्य-चतुर्गतिनिगोदजीवा बादरसूक्ष्माः बादरसूक्ष्मनामकर्मोदयं प्राप्नुवन्ति। पुनः शेषाः सर्वे प्रत्येकवनस्पतयः द्वीन्द्रियादयश्च सर्वे समस्ता बादरा एव ॥ १२५ ॥ अथ तेषां निगोदानां साधारणत्वं कुत इति चेदुच्यते-

साहारणाणि जेसिं आहारुस्सास-काय-आऊणि।
ते साहारण-जीवा णंताणंत-प्पमाणाणं ॥ १२६ ॥[5]

[छाया-साधारणानि येषाम् आहारोच्छ्वासकायआयूंषि। ते साधारणजीवा अनन्तानन्तप्रमाणानाम् ॥] येषां साधारणनामकर्मोदयवशवर्त्यनन्तानन्तजीवानां निगोदानाम् आहारोच्छ्वासकायायूंषि साधारणानि सदृशानि समकालानि

वे किसी आधारसे रहते हैं। किन्तु सूक्ष्मजीव बिना किसी आधारके समस्त लोकमें रहते हैं ॥ १२३ ॥ **अर्थ-**पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक जीव बादर भी होते हैं और सूक्ष्म भी होते हैं। पाँचवें वनस्पतिकायिकके दो भेद हैं-साधारण और प्रत्येक ॥ १२४ ॥ अब साधारण वनस्पतिकायके दो भेद बतलाते हैं। **अर्थ-**साधारण वनस्पति काय के दो भेद हैं-अनादि साधारण वनस्पति काय और सादि साधारण वनस्पति काय। ये दोनों प्रकार के जीव बादर भी होते हैं और सूक्ष्म भी होते है। बाकी के सब जीव बादरही होते हैं। **भावार्थ-**साधारण नाम कर्म के उदय से साधारण वनस्पतिकायिक जीव होते हैं, जिन्हें निगोदिया जीव भी कहते हैं। उनके भी दो भेद हैं-अनादिकालीन और आदिकालीन। अनादिकालीन साधारण वनस्पति काय-को नित्य निगोद कहते हैं और सादिकालीन वनस्पति कायको चतुर्गति निगोद कहते हैं। ये नित्य निगोदिया और चतुर्गति निगोदिया जीव भी बादर और सूक्ष्मके भेदसे दो प्रकारके होते हैं। जिन जीवोंके बादर नाम कर्मका उदय होता है वे बादर कहलाते हैं और जिन जीवोंके सूक्ष्म नाम कर्मका उदय होता है वे सूक्ष्म कहलाते हैं। दोनों ही प्रकारके निगोदिया जीव बादर भी होते हैं और सूक्ष्म भी होते हैं। किन्तु बाकीके सब प्रत्येक वनस्पति कायिक जीव और द्वीन्द्रिय आदि त्रस जीव बादर ही होते हैं ॥ १२५ ॥ अब यह बतलाते हैं कि वे निगोदिया जीव साधारण क्यों कहे जाते हैं। **अर्थ-**जिन अनन्तानन्त जीवोंका आहार, श्वासोच्छ्वास, शरीर और आयु साधारण होती है उन जीवोंको साधारणकायिक जीव कहते हैं। **भावार्थ-**जिन अनन्तानन्त निगोदिया जीवोंके साधारण नाम कर्मका उदय होता है उनकी

१ ल ग अणाय। २ ल म स कालाइ साइ कालाइं। ३ ब ते पुणु बादर, ल ते चिय। ४ ब पुणु। ५ ब युगलं।

भवन्ति । एकस्मिन् जीवे आहारं गृह्णति सति अनन्तानन्तजीवाः साधारणं समानं सदृश समकालं गृह्णन्ति । एकस्मिन् जीवे श्वासोच्छ्वासं गृह्णति सति अनन्तानन्तजीवाः साधारणं सदृशं समकालं श्वासोच्छ्वासं गृह्णन्ति । एकस्मिन् जीवे शरीरं गृह्णति सति अनन्तानन्तजीवाः शरीरं गृह्णन्ति मुञ्चन्ति च । एकस्मिन् जीवति सति अनन्तानन्तजीवा जीवन्ति म्रियन्ते च । ते साधारणजीवाः कथ्यन्ते । कथंभूताना येषाम् । अनन्तानन्तप्रमाणानाम् । तद्यथा । यत्साधारणजीवानाम् उत्पन्न-प्रथमसमये आहारपर्याप्तिः, तत्कार्यं आहारवर्गणायातपुद्गलस्कन्धाना खलरसभागपरिणमनं साधारणं सदृश समकाल च भवति । १ । तथा शरीरपर्याप्तिः, तत्कार्यं आहारवर्गणायातपुद्गलस्कन्धाना शरीराकारपरिणमनं साधारण सदृशं समकालं च भवेत् । २ । तथा इन्द्रियपर्याप्तिः, तत्कार्यं च स्पर्शनेन्द्रियाकारेण परिणमनम् । ३ । आनपानपर्याप्तिः, तत्कार्यं चोच्छ्वासनिःश्वासग्रहणं साधारण सदृश समकालं भवति । ४ । तथा गोम्मटसारे[1] साधारणलक्षण प्रोक्त च ।

आहार, श्वासोच्छ्वास, शरीर और आयु साधारण यानी समान होती है। अर्थात् उन अनन्तानन्त जीवों का पिण्ड मिलकर एक जीवके जैसा हो जाता है अतः जब उनमेंसे एक जीव आहार ग्रहण करता है तो उसी समय उसीके साथ अनन्तानन्त जीव आहार ग्रहण करते हैं। जब एक जीव श्वास लेता है तो उसी समय उसके साथ अनन्तानन्त जीव श्वास लेते हैं। जब उनमेंसे एक जीव मरकर नया शरीर धारण करता है तो उसी समय उसीके साथ अनन्तानन्त जीव वर्तमान शरीरको छोड़ कर उसी नये शरीरको अपना लेते हैं। सारांश यह है कि एकके जीवनके साथ उन सब का जीवन होता है और एककी मृत्युके साथ उन सबकी मृत्यु हो जाती है इसीसे उन जीवों-को साधारण जीव कहते हैं। इसका और भी खुलासा इस प्रकार है-साधारण वनस्पति कायिक जीव एकेन्द्रिय होता है। और एकेन्द्रिय जीवके चार पर्याप्तियां होती हैं-आहार पर्याप्ति, शरीर पर्याप्ति, इन्द्रिय पर्याप्ति और श्वासोच्छ्वास पर्याप्ति। जब कोई जीव जन्म लेता है तो जन्म लेने के प्रथम समयमें आहार पर्याप्ति होती है, उसके बाद उक्त तीनों पर्याप्तियां एकके बाद एकके क्रमसे होती हैं। आहार वर्गणाके रूपमें ग्रहण किये गये पुद्गल स्कन्धोंका खल भाग और रस भाग रूप परिणमन होना आहार पर्याप्तिका कार्य है। खल भाग और रस भागका शरीर रूप परिणमन होना शरीर पर्याप्तिका कार्य है। आहार वर्गणाके परमाणुओंका इन्द्रियके आकार रूप परिणमन होना इन्द्रिय पर्याप्तिका कार्य है। और आहार वर्गणाके परमाणुओंका श्वासोच्छ्वास रूप परिणमन होना श्वासोच्छ्वास पर्याप्तिका कार्य है। एक शरीरमें रहनेवाले अनन्तानन्त साधारण कायिक जीवोंमें ये चारों पर्याप्तियां और इनका कार्य एकसाथ एक समयमें होता है। गोम्मटसार जीवकाण्डमें साधा-रण वनस्पति कायका लक्षण इस प्रकार कहा है-'जहां एक जीवके मर जाने पर अनन्त जीवों का मरण हो जाता है और एक जीवके शरीरको छोड़ कर चले जाने पर अनन्त जीव उस शरीर को छोड़ कर चले जाते हैं वह साधारण काय है'। वनस्पति कायिक जीव दो प्रकारके होते हैं-एक प्रत्येक शरीर और एक साधारण शरीर। जिस वनस्पतिरूप शरीरका स्वामी एक ही जीव होता है उसे प्रत्येक शरीर कहते हैं। और जिस वनस्पति रूप शरीरके बहुतसे जीव समान रूपसे स्वामी होते हैं उसे साधारण शरीर कहते हैं। सारांश यह है कि प्रत्येक वनस्पतिमें तो एक जीवका एक शरीर होता है। और साधारण वनस्पतिमें बहुतसे जीवोंका एक ही शरीर होता है। ये बहुतसे जीव एक साथ ही खाते हैं, एक साथ ही श्वास लेते हैं। एक साथ ही मरते हैं और एक साथ ही जीते

१ सर्वत्र 'गोमट्ट' इति पाठः।

'पत्तेयक्कु मरदि जीवो तत्थ दु मरणं हवे अणंताण । वक्कमइ जत्थ एक्को वक्कमणं तत्थ णंताणं ॥' १२६ ॥ अथ सूक्ष्मत्वं बादरत्वं च व्यनक्ति–

ण य जेसिं पडिखलणं पुढवी[1]-तोएहिं अग्गि-वाएहिं ।
ते जाण[2] सुहुम-काया इयरा पुण[3] थूल-काया य ॥ १२७ ॥

[छाया–न च येषां प्रतिस्खलनं पृथ्वीतोयाभ्याम् अग्निवाताभ्याम् । ते जानीहि सूक्ष्मकायाः इतरे पुनः स्थूलकायाः च ॥] ते पञ्च स्थावरा जीवाः सूक्ष्मा इति जानीहि । येषां जीवानां प्रतिस्खलनं रुन्धनम् । कैः । पृथिवीतोयैः पृथिवीकायाप्कायैः, च पुनः, अग्निवातैः अग्निकायवायुकायैः, न च कैरपि द्रव्यैः वज्रपटलादिभिः येषां जीवानां प्रतिस्खलनं रुन्धनं न विद्यते इति भावः । ते सूक्ष्मकायाः सूक्ष्मकायिका जीवास्तान् जानीहि विद्धि त्वम् । पुनः इयरा इतरे अन्ये पृथिवीकायिकादयः पृथ्वीजलवाताग्निकायैर्भिः प्रतिस्खलनोपेताः स्थूलकायाश्च बादराः कथ्यन्ते ॥ १२७ ॥ अथ प्रत्येकस्वरूपं प्ररूपयति–

पत्तेया वि य दुविहा णिगोद-सहिदा[4] तहेव रहिया य ।
दुविहा होंति[5] तसा वि य बि-ति चउरक्खा तहेव पंचक्खा ॥१२८॥[6]

[छाया–प्रत्येकाः अपि च द्विविधाः निगोदसहिताः तथैव रहिताः च । द्विविधाः भवन्ति त्रसाः अपि च द्वित्रिचतुरक्षाः तथैव पञ्चाक्षाः ॥] अपि च, प्रत्येकाः प्रत्येकवनस्पतिकायिकाः,दुविहा द्विविधाः द्विप्रकाराः,एके निगोदसहिताः

हैं। इन्हें ही निगोदिया जीव कहते हैं। इन साधारण अथवा निगोदिया जीवोंके भी दो भेद हैं–एक नित्य निगोदिया और एक इतर निगोदिया अथवा चतुर्गति निगोदिया। जो जीव अनादिकालसे निगोदमें ही पड़े हुये हैं और जिन्होंने कभी भी त्रस पर्याय नहीं पाई है उन्हें नित्य निगोदिया कहते हैं। और जो जीव त्रस पर्याय धारण करके निगोद पर्यायमें चले जाते हैं उन्हें इतर निगोदिया कहते है। साधारण वनस्पतिकी तरह प्रत्येक वनस्पतिके भी दो भेद हैं–सप्रतिष्ठित प्रत्येक और अप्रतिष्ठित प्रत्येक। जिस प्रत्येक वनस्पतिके शरीरमें बादर निगोदिया जीवोंका आवास हो उसे सप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं और जिस प्रत्येक वनस्पतिके शरीरमें बादर निगोदिया जीवोंका वास न हो उसे अप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं। प्रत्येक वनस्पतिका वर्णन ग्रन्थकारने आगे स्वयं किया है ॥ १२६ ॥ अब सूक्ष्म और बादर की पहचान बतलाते हैं। **अर्थ**–जिन जीवोंका पृथ्वीसे, जलसे, आगसे, और वायुसे प्रतिघात नहीं होता उन्हें सूक्ष्मकायिक जीव जानो। और जिनका इनसे प्रतिघात होता है उन्हें स्थूलकायिक जीव जानो ॥ **भावार्थ**–पाँच प्रकारके स्थावर कार्योंमें ही बादर और सूक्ष्म भेद होता है। त्रसकायिक जीव तो बादर ही होते हैं। जो जीव न पृथ्वीसे रुकते हैं, न जलसे रुकते हैं, न आगसे जलते हैं और न वायुसे टकराते हैं, सारांश यह कि वज्रपटल वगैरहसे भी जिनका रुकना सम्भव नहीं है–उन जीवोंको सूक्ष्मकायिक जीव कहते हैं। और जो दीवार वगैरहसे रुक जाते हैं, पानीके बहावके साथ बह जाते हैं, अग्निसे जल जाते हैं और वायुसे टकराते हैं वे जीव बादरकायिक कहे जाते हैं ॥ १२७ ॥ अब प्रत्येक वनस्पतिका स्वरूप बतलाते हैं।

१ म पुढई, ल ग पुढवी । २ ब जाणि । ३ ब पुणु । ४ ब सहिया । ५ ब हुंति । ६ साहारणाणि इत्यादि-गाथा (१२६) ब पुस्तकेऽत्र 'आहारउसासस्स आउ काऊणि' इति पाठान्तरेण पुनरुक्ता दृश्यते ।

प्रतिष्ठितप्रत्येकाः भवन्ति । प्रतिष्ठितं साधारणशरीरैराश्रितं प्रत्येकशरीरं येषां ते प्रतिष्ठितप्रत्येकशरीराः । ते के इति चेत्, गोम्मटसारे प्रोक्तं च । 'मूलग्गपोरबीजा कंदा तह खंदबीजबीजरुहा । समुच्छिमा य भणिया पत्तेयाणंतकाया य ॥' मूलं बीजं येषां ते मूलबीजाः, आर्द्रकहरिद्रादयः । १ । अग्रं बीजं येषां ते अग्रबीजाः, आर्यकोदीच्यादयः । २ । पर्वबीजाः इक्षुवेत्रादयः । ३ । कन्दबीजाः पिण्डालूसूरणादयः । ४ । स्कन्धबीजाः मल्लकीकण्टकीपलाशादयः । ५ । बीजा रोहन्तीति बीजरुहाः, शालिगोधूमादयः । ६ । [समूर्छे समन्तात् प्रसृतपुद्गलस्कन्धे भवाः] संमूर्छिमाः । ७ । अनन्तानां निगोदजीवानां कायाः शरीराणि येष्वित्यनन्तकायाः प्रतिष्ठितप्रत्येका भवन्ति । तथा । 'गूढसिरसंधिपव्वं समभंगमहीरुहं च छिण्णरुहं । साहारणं सरीरं तव्विवरीयं च पत्तेयं' ॥ यत्प्रत्येकशरीरं गूढशिरम् अदृश्यबहिःस्नायुकम् । १ । अदृश्यसंधिरेखाबन्धम् । २ । अदृश्यग्रन्थिकम् । ३ । समभङ्गं त्वग्गृहीतत्वेन सदृशच्छेदम् ।४। अहीरकम् अन्तर्गतसूत्ररहितं ।५। छिन्नं रोहतीति छिन्नरुहं च ।६। तस्साधारणं साधारणजीवाश्रितत्वेनसाधारणमित्युपचर्यते, प्रतिष्ठितशरीरमित्यर्थः । तद्विपरीतम् अप्रतिष्ठितप्रत्येकशरीरमिति । तथा । 'मूले कन्दे छल्लीपवालसालदलकुसुमफलबीजे । समभंगे सदि णंता असमे सदि होंति पत्तेया ॥' मूले कन्दे त्वचि पल्लवाङ्कुरे क्षुद्रशाखायां पत्रे कुसुमे फले बीजे च समभङ्गे सति अनन्ताः अनन्तकायाः, प्रतिष्ठितप्रत्येकशरीरा इत्यर्थः । मूलादिषु समभङ्गरहितवनस्पतिषु अप्रतिष्ठितप्रत्येकशरीरा भवन्ति । तथा । 'कदस्स व मूलस्स व सालाखंदस्स वावि बहुलतरी । छल्ली साणंतजिया पत्तेयजिया तु तणुकदरी ॥' येषां प्रत्येकवनस्पतीनां कन्दस्य वा मूलस्य वा शाखाया वा क्षुद्रशाखाया वा स्कन्धस्य वा या त्वक् बहुतरी स्थूलतरी स्यात्, ते वनस्पतयोऽनन्तकायजीवा भवन्ति । निगोदसहितप्रतिष्ठितप्रत्येका भवन्तीत्यर्थः । तु पुनः । येषां कन्दादिषु त्वक् तनुतरी ते वनस्पतयो अप्रतिष्ठितप्रत्येकशरीरा भवन्तीत्यर्थः । अथ प्रकृतव्याख्यामाह । प्रत्येकवनस्पतयः द्विप्रकाराः। एके निगोदसहिताः साधारणैः संयुक्ताः प्रतिष्ठतप्रत्येकवनस्पतयो भवन्ति । तेषां लक्षणं गाथाचतुष्केणोक्तम् । तहेव तथैव, रहिया य निगोदरहिताश्च साधारणरहिता इत्यर्थः, अप्रतिष्ठितप्रत्येकाः । प्रतिष्ठितं साधारणशरीरैराश्रितं प्रत्येकशरीरं येषां ते प्रतिष्ठितप्रत्येकशरीराः पूर्वोक्ताः । तैरनाश्रितशरीरा अप्रतिष्ठितप्रत्येकशरीराः स्युः । ते के । तालनालिकेर--

---

अर्थ–प्रत्येक वनस्पति कायिक जीव दो प्रकार के होते हैं–एक निगोद सहित, दूसरे निगोद रहित । त्रीस जीव दो प्रकारके होते हैं–एक दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय और चौइन्द्रिय, दूसरे पञ्चेन्द्रिय ॥ **भावार्थ**–प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव दो प्रकारके होते हैं । एक निगोद सहित अर्थात् जिसके आश्रय अनेक निगोदिया जीव रहते हैं । ऐसे प्रत्येक वनस्पतिको सप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं । गोम्मटसारमें कहा है–वनस्पतियां ७ प्रकारकी होती हैं–मूलबीज, अग्रबीज, पर्वबीज, कंदबीज स्कन्धबीज, बीजरुह और सम्मूर्छन । जिन वनस्पतियोंका बीज उनका मूल ही होता है उन्हें मूलबीज कहते हैं । जैसे अदरक, हल्दी वगैरह । जिन वनस्पतियोंका बीज उनका अग्रभाग होता है उन्हें अग्रबीज कहते हैं । जैसे नेत्रबाला वगैरह । जिन वनस्पतियोंका बीज उनका पर्वभाग होता है उन्हें पर्वबीज कहते हैं जैसे ईख, बेंत वगैरह । जिन वनस्पतियोंका बीज कंद होता है उन्हें कंदबीज कहते हैं । जैसे रतालु, सूरण वगैरह । जिन वनस्पतियोंका बीज उनका स्कन्धभाग होता है उन्हें स्कन्धबीज कहते हैं । जैसे सलई, पलाश वगैरह । जो वनस्पतियां बीजसे पैदा होती हैं उन्हें बीजरुह कहते हैं । जैसे धान, गेहूँ वगैरह । और जो वनस्पति स्वयं ही उग आती है वह सम्मूर्छन कही जाती हैं । ये वनस्पतियां अनन्तकाय अर्थात् सप्रतिष्ठित प्रत्येक भी होती हैं और अप्रतिष्ठित प्रत्येक भी होती हैं ॥ १ ॥ जिस प्रत्येक वनस्पतिकी धारियां, फांके और गांठे दिखाई न देती हों, जिसे तोड़नेपर खटसे दो टुकड़े बराबर २ हो जायें और बीचमें कोई तार वगैरह न लगा रहे तथा जो काट देने पर भी पुनः उग आये वह साधारण अर्थात् सप्रतिष्ठित प्रत्येक है । यहां सप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर

तिंतिणीक[1]सहकारादिशरीरम् अप्रतिष्ठितप्रत्येकशरीरमित्येते। अपि च त्रसाः त्रसनामकर्मोदयात् त्रसजीवा द्विविधाः द्विप्रकाराः, विकलेन्द्रियाः सकलेन्द्रियाश्चेति। तत्र विकलेन्द्रियाः वितिचउरक्खा द्वित्रिचतुरिन्द्रिया जीवाः। शंखादयो द्वीन्द्रियाः स्पर्शनरसनेन्द्रिययुक्ताः पिपीलिकामत्कुणादयस्त्रीन्द्रियाः स्पर्शनरसनघ्राणेन्द्रिययुक्ताः। भ्रमरमक्षिकादंशमश-कादयश्चतुरिन्द्रियाः स्पर्शनरसनघ्राणलोचनेन्द्रिययुक्ताः। तहेव तथैव, पञ्चेन्द्रियाः सकलेन्द्रिया, मनुष्यदेवनारकपश्वादयः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रिययुक्ताः सकलेन्द्रियाः कथ्यन्ते॥ १२८॥ अथ पञ्चेन्द्रियतिरश्चां भेदं विवृणोति-

पंचक्खा वि य तिविहा जल-थल- आयास-गामिणो तिरिया।
पत्तेयं ते दुविहा मणेण जुत्ता[2] अजुत्ता य॥ १२९॥

[छाया-पञ्चाक्षाः अपि च त्रिविधाः जलस्थलाकाशगामिनः तिर्यञ्चः। प्रत्येकं ते द्विविधाः मनसा युक्ताः अयुक्ता च॥] पञ्चाक्षाः पञ्चेन्द्रियनामकर्मोदयेन पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चो जीवाः भवन्ति। अपि च पुनः, ते त्रिविधाः

वनस्पतिको साधारण जीवोंका आश्रय होनेसे साधारण कहा है। तथा जिस वनस्पतिमें उक्त बातें न हों अर्थात् जिसमें धारियाँ वगैरह स्पष्ट दिखाई देती हों, तोड़ने पर समान टुकड़े न हों, टूटने पर तार लगा रह जाये आदि, उस वनस्पतिको अप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर कहते हैं॥ २॥ जिस वन-स्पतिकी जड़, कन्द, छाल, कोंपल, टहनी, पत्ते, फूल, फल और बीजको तोड़ने पर खटसे बराबर २ दो टुकड़े हो जायें उसे सप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं। और जिसका समभंग न हो उसे अप्रतिष्ठित प्रत्येक कहते हैं॥ ३॥ तथा जिस वनस्पतिके कंदकी, जड़की, टहनीकी, अथवा तनेकी छाल मोटी हो वह अनन्त काय यानी सप्रतिष्ठित प्रत्येक है। और जिस वतस्पतिके कन्द वगैरहकी छाल पतली हो वह अप्रतिष्ठित प्रत्येक है॥ ४॥ इस तरह श्री गोम्मटसारमें सप्रतिष्ठित और अप्रतिष्ठित वनस्पतिकी पहचान बतलाई है। अस्तु, अब पुनः मूल गाथा का व्याख्यान करते हैं। प्रत्येक वनस्पति के दो भेद हैं-एक निगोद सहित, एक निगोद रहित। अथवा एक सप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर, एक अप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर। जिन प्रत्येक वनस्पतिके शरीरोंको निगोदिया जीवोंने अपना वासस्थान बनाया है उन्हें सप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर कहते हैं। उनकी पहचान ऊपर बतलाई है। और जिन प्रत्येक वनस्पतिके शरीरोंमें निगोदिया जीवोंका आवास नहीं है उन्हें अप्रतिष्ठित प्रत्येक शरीर कहते हैं। जैसे पके हुये तालफल, नारियल, इमली, आम वगैरहका शरीर। जिनके त्रस नाम कर्मका उदय होता है उन्हें त्रस जीव कहते हैं। उनके भी दो भेद हैं-एक विकलेन्द्रिय, एक सकलेन्द्रिय। दोइन्द्रिय तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय जीवोंको विकलेन्द्रिय कहते हैं; क्योंकि शंख आदि दो इन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन और रसना दो ही इन्द्रियाँ होती है। चिऊंटी, खटमल वगैरह तेइन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन, रसना और घ्राण, ये तीन ही इन्द्रियां होती हैं। और भौंरा, मक्खी, डांस, मच्छर वगैरह चौइन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण और चक्षु ये चार ही इन्द्रियाँ होती हैं। अतः ये जीव विकलेन्द्रिय कहे जाते हैं। मनुष्य, देव, नारकी, पशु आदि पंचेन्द्रिय जीवोंको सकलेन्द्रिय कहते हैं; क्योंकि उनके स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र ये पांचों इन्द्रियां पाई जाती हैं॥ १२८॥ अब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके भेद बतलाते हैं। **अर्थ**-पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च जीवोंके भी तीन भेद हैं-जलचर, थलचर और

---

१ ल तितिडीक, ग तितडीक। २ म जुत्ता अजुत्ता य।

त्रिप्रकारा:, जलस्थलाकाशगामिनो भेदात् । केचन जलचारिणो मत्स्यकूर्मादय: । १ । केचन स्थलचारिणो हस्तिघोटक-गोमहिषव्याघ्रवृकसिंहमृगशशकादय: । २ । केचन आकाशगामिन: शुककाकबकचटकसारसहंसमयूरादय: । ३ । च पुन:, ते जलगामिप्रमुखास्तिर्यञ्चो जीवाद्विविधा अपि, प्रत्येक एक एकं प्रति प्रत्येकं, द्विविधा भवन्ति । ते के । एके नानाविकल्पजालमनसा चेतसा युक्ता: सहिता: संज्ञिनस्तिर्यञ्चो जीवा: । एके नानाविकल्पजालमनसा अयुक्ता: नानाविकल्पजालमनोरहिता असंज्ञिन: गण्डकादय: । तथा हि जलचरतिर्यञ्चौ संज्ञ्यसंज्ञिनौ, स्थलचरतिर्यञ्चौ संज्ञ्यसंज्ञिनौ, नभ:स्थतिर्यञ्चौ संज्ञ्यसंज्ञिनौ, इत्यर्थ: ॥ १२९ ॥ अथ तेषां तिरश्चां भेदानाह–

ते वि पुणो वि य दुविहा गब्भज-जम्मा तहेव संमुच्छा ।
भोग-भुवा गब्भ-भुवा थलयर-णह-गामिणो सण्णी ॥ १३० ॥

[छाया–ते अपि पुन: अपि च द्विविधा: गर्भजजन्मान: तथैव समूर्च्छना: । भोगभुव: गर्भभुव: स्थलचर-न भोगामिन. संज्ञिन: ॥] पुन: तेऽपि पूर्वोक्ता: षड्विधास्तिर्यञ्चो द्विविधा द्विप्रकारा: । एके गर्भजन्मान:, जायमान-जीवेन शुक्रशोणितरूपपिण्डस्य गरणं शरीरतयोपादान गर्भ:, ततो जाता ये[3] गर्भजा: तेषा गर्भजाना जन्म उत्पत्तिर्येषा ते गर्भजन्मान:, मातुर्गर्भसमुत्पन्ना इत्यर्थ: । तथैव समूर्च्छना: गर्भोत्पादरहिता: । स मन्तात् मूर्छन जायमानजीवानुग्राहकाणां[4] जीवोपकाराणां शरीराकारपरिणमनयोग्यपुद्गलस्कन्धाना समुच्छ्रयणं तत् विद्यते येषा ते संमूर्च्छनशरीरा: ।

नभचर । इन तीनोंमेसे प्रत्येकके दो दो भेद हैं–एक मन सहित सैनी और एक मन रहित असैनी ॥ **भावार्थ–**पञ्चेन्द्रिय नाम कर्मके उदयसे तिर्यञ्च जीव पञ्चेन्द्रिय होते हैं । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च जीवोंके तीन भेद हैं-जलचर, थलचर और नभचर । अर्थात् कुछ पञ्चेन्द्रिय जीव जलचर होते हैं । जैसे मछली,कछुआ वगैरह । कुछ थलचर होते हैं–जैसे हाथी, घोड़ा, गाय, भैंस, व्याघ्र, भेड़िया, सिंह, मृग, खरगोश, वगैरह । और कुछ पञ्चेन्द्रिय जीव नभचर होते हैं, जैसे तोता, कौआ, बगुला, चिड़िया, सारस, हंस, मयूर वगैरह इन तीनों प्रकार के तिर्यञ्चोंमेंसे भी प्रत्येकके दो दो भेद होते हैं–एक अनेक प्रकारके संकल्प विकल्पसे युक्त मन सहित सैनी तिर्यञ्च और एक अनेक प्रकारके संकल्प विकल्प युक्त मनसे रहित असैनी तिर्यञ्च । अर्थात् सैनी जलचर तिर्यञ्च, असैनी जलचर तिर्यञ्च, सैनी थलचर तिर्यञ्च असैनी थलचर तिर्यञ्च, सैनी नभचर तिर्यञ्च, असैनी नभचर तिर्यञ्च, । इस तरह पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके छे भेद हुये ॥ १२९ ॥ अब इन तिर्यञ्चोंके भी भेद कहते हैं । **अर्थ–**इन छे प्रकारके तिर्यञ्चोंके भी दो भेद हैं-एक गर्भजन्म वाले और एक सम्मूर्छन जन्म वाले । किन्तु भोग भूमिके तिर्यञ्च गर्भज ही होते हैं । तथा वे थलचर और नभचर ही होते हैं, जलचर नहीं होते । और सब सैनी ही होते हैं असैनी नहीं होते ॥ **भावार्थ–**वे पूर्वोक्त छै प्रकारके तिर्यञ्च भी दो प्रकारके होते हैं–एक, गर्भजन्म वाले और एक सम्मूर्छन जन्म वाले । जन्म लेने वाले जीवके द्वारा रज और वीर्य रूप पिण्डको अपने शरीर रूपसे परिणमानेका नाम गर्भ है । उस गर्भसे जो पैदा होते हैं उन्हें गर्भजन्म वाले कहते हैं । अर्थात् माताके गर्भसे पैदा होने वाले जीव गर्भजन्मवाले कहे जाते हैं । शरीर–के आकाररूप परिणमन करनेकी योग्यता रखनेवाले पुद्गल स्कन्धोंका चारों ओरसे एकत्र होकर जन्म लेने वाले जीवके शरीर रूप होनेका नाम सम्मूर्छन है और सम्मूर्छनसे जन्म लेने वाले जीव सम्मूर्छन जन्म वाले कहे जाते हैं । किन्तु भोगभूमियां तिर्यञ्च गर्भज ही होते हैं, सम्मूर्छन जन्मवाले

१ ब भुवा । २ स नभ । ३ ल ग जायते । ४ ग कारणं ।

अपि च, भोगभुवा भोग-भूमिजातास्तिर्यञ्चो गर्भभवा एव गर्भोत्पन्ना भवन्ति, न तु संमूर्च्छनाः । स्थलचरनभोगामिनः, स्थलगामिनः गोमहिषमृगादयः १, नभोगामिनः हंसमयूरशुकादयः २, न तु जलचराः, संणी संज्ञिन एव, न तु असंज्ञिनः ॥१३०॥ अथ तिर्यग्जीवसमासभेदानाह–

अट्ठ वि गब्भज दुविहा तिविहा [1]संमुच्छिणो वि तेवीसा ।
इदि पणसीदी भेया[2] सव्वेसिं होंति तिरियाणं ॥१३१॥

[छाया–अष्टौ अपि गर्भजाः द्विविधाः त्रिविधाः संमूर्च्छनाः अपि त्रयोविंशतिः । इति पञ्चाशीतिः भेदाः सर्वेषां भवन्ति तिरश्चाम् ॥] गर्भजाः गर्भोत्पन्नाः कर्मभूमिजगर्भजतिर्यञ्चो जलचराः मत्स्यादयः संज्ञिनः असंज्ञिनश्च २, कर्मभूमिजगर्भजतिर्यञ्चः स्थलचराः मृगादयः संज्ञिनः असंज्ञिनश्च २, कर्मभूमिजगर्भजतिर्यञ्चः नभश्चराः पक्ष्यादयः संज्ञिनः असंज्ञिनश्च २, भोगभूमिजस्थलचरतिर्यञ्चः संज्ञिन एव १, भोगभूमिजनभश्चरतिर्यञ्चः संज्ञिन एव १, एवम् अष्टावपि च ते द्विविधा द्विप्रकाराः, पर्याप्ता निर्वृत्त्यपर्याप्ताश्च, इति गर्भजतिरश्चां षोडशभेदाः १६ । अपि पुनः समूर्च्छनाः त्रयोविंशतिभेदा भवन्ति । तथा हि । पृथिवीकायिकाः सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २, अप्कायिका सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २, तेजस्कायिकाः सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २, वायुकायिकाः सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २, नित्यनिगोदसाधारणवनस्पतिकायिकाः सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २, चतुर्गतिनिगोदसाधारणवनस्पतिकायिकाः सूक्ष्मबादरा इति द्वौ २ । नियता गां भूमिं क्षेत्रमनन्तानन्तजीवानां ददातीति निगोदम्, निगोदं शरीरं येषां ते निगोदशरीरा इति निरुक्तेः । प्रतिष्ठितप्रत्येकवनस्पतिकायिका बादरा एवेत्येकः १, अप्रतिष्ठितप्रत्येकवनस्पतिकायिका बादरा एवेत्येकः १, इत्येकेन्द्रियस्य चतुर्दशभेदाः १४ । शंखशुक्त्यादयो द्वीन्द्रियाः १, कुन्थुपिपीलिकादयस्त्रीन्द्रियाः २, दंशमशकादयश्चतुरिन्द्रियाः ३, इति विकलत्रयाणां त्रयो भेदाः ३ । कर्मभूमिजजलचरतिर्यक्पञ्चेन्द्रियसंज्ञिनः असंज्ञिनश्च इति द्वौ २, कर्मभूमिजस्थलचरपञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चः संज्ञिनः असंज्ञिनश्च इति द्वौ २, कर्मभूमिजनभश्चरपञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चः संज्ञिन. असंज्ञिनश्च इति द्वौ २, इति कर्मभूमिजतिरश्चां पञ्चेन्द्रियाणां षड्भेदाः ६।

नहीं होते । और भोगभूमिमें गौ, भैंस, हिरन वगैरह थलचर तिर्यञ्च तथा हंस, मोर, तोता वगैरह नभचर तिर्यञ्च ही होते हैं, जलचर तिर्यञ्च नहीं होते। तथा ये सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च संज्ञी ही होते हैं, असंज्ञी नहीं होते ॥१३०॥ अब तिर्यञ्चमें जीवसमासके भेद बतलाते हैं । **अर्थ–** आठों ही गर्भजोंके पर्याप्त और अपर्याप्तकी अपेक्षा सोलह भेद होते हैं । और तेईस सम्मूर्छन जन्म वालोंके पर्याप्त निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्तकी अपेक्षा उनहत्तर भेद होते हैं । इस तरह सब तिर्यञ्चके पिचासी भेद होते हैं ॥ **भावार्थ–**कर्मभूमिया गर्भज तिर्यञ्च जलचर, जैसे मछली वगैरह। ये संज्ञी और असंज्ञीके भेदसे दो प्रकारके होते हैं ।२। कर्मभूमिया गर्भज तिर्यञ्च थलचर, जैसे हरिन वगैरह, ये भी संज्ञी और असंज्ञीके भेदसे दो प्रकारके होते हैं ।२। कर्मभूमिया गर्भज तिर्यञ्च नभचर, जैसे पक्षी वगैरह, ये भी संज्ञी और असंज्ञीके भेदसे दो प्रकारके होते हैं ।२। भोगभूमिया थलचर तिर्यञ्च संज्ञी ही होते हैं ।१। और भोगभूमिया नभचर तिर्यञ्च भी संज्ञी ही होते हैं ।१। इस तरह ये आठोंही कर्मभूमिया और भोगभूमिया गर्भज तिर्यञ्च पर्याप्त भी होते हैं और निर्वृत्त्यपर्याप्त भी होते हैं । अतः गर्भज तिर्यञ्चोंके सोलह भेद होते हैं । तथा सम्मूर्छन जन्मवाले तिर्यञ्चोंके तेईस भेद होते हैं, जो इस प्रकार हैं- सूक्ष्म पृथ्वी कायिक, बादर पृथ्वीकायिक, सूक्ष्म जलकायिक, बादर जलकायिक, सूक्ष्म तेजस्कायिक, बादर तेजस्कायिक, सूक्ष्म वायु कायिक, बादर वायु कायिक, सूक्ष्म नित्य निगोद साधारण वनस्पतिकायिक,

१ व ग सम्मु°। २ स भेदा।

एवम् एकत्रीकृतास्त्रयोविंशतिभेदाः संमूर्च्छनतिर्यञ्चो भवन्ति २३ । तेऽपि त्रयोविंशतिसंमूर्च्छनतिर्यञ्चस्त्रिविधाः, पर्याप्ताः निर्वृत्त्यपर्याप्ताः लब्ध्यपर्याप्ता इति, एवं तेन सर्वे संमूर्च्छनतिरश्चामेकोनसप्ततिभेदा भवन्ति ६९, पूर्वोक्तगर्भजतिर्यग्भिः षोडशभेदैर्युक्ताः पञ्चाशीतिभेदाः ८५ भवन्ति ॥ इति सर्वेषां तिरश्चां पञ्चाशीतिजीवसमासभेदाः सन्ति ॥१३१॥ अथ मनुष्यजीवसमासभेदान् निरूपयति -

अज्जव-मिलेच्छ[1]-खंडे भोग-महीसु[2] वि कुभोग-भूमीसु ।
मणुया[3] हवंति दुविहा णिव्वित्ति-अपुण्णगा पुण्णा ॥१३२॥

[छाया-आर्यम्लेच्छखण्डयोः भोगमहीषु अपि कुभोगभूमीषु । मनुजाः भवन्ति द्विविधाः निर्वृत्त्यपूर्णकाः पूर्णाः ॥] आर्यखण्डम्लेच्छखण्डेषु भोगभूमिष्वपि कुभोगभूमिषु मनुष्या मानवाः भवन्ति ते द्विविधा निर्वृत्त्यपर्याप्ताः पूर्णपर्याप्ताश्च । तथा हि । सप्तत्यधिकशतेष्वार्यखण्डेषु १७० मनुष्या निर्वृत्त्यपर्याप्तकाः पर्याप्तकाश्च इति द्वौ २, पञ्चाश-

---

बादर नित्य निगोद साधारण वनस्पतिकायिक, सूक्ष्म चतुर्गति निगोद साधारण वनस्पतिकायिक, बादर चतुर्गति निगोद साधारण वनस्पतिकायिक,तथा सप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति कायिक और अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पति कायिक जीव बादर ही होते हैं। इस तरह एकेन्द्रियके चौदह भेद हुए।१४। शंख सीप वगैरह द्वीइन्द्रिय,कुन्थु चींटी वगैरह तेइन्द्रिय और डांस मच्छर वगैरह चौइन्द्रिय,ये विकलेन्द्रियके तीन भेद हैं।३। कर्मभूमिया जलचर तिर्यञ्च पञ्चेन्द्रिय संज्ञी भी होते हैं और असंज्ञी भी होते हैं। कर्मभूमिया थलचर पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च संज्ञी और असंज्ञी। २। कर्मभूमिया नभचर पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च संज्ञी और असंज्ञी।२। इस तरह कर्मभूमिया पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके छै भेद हुए। इन सबको जोडनेसे १४+३+६=२३ भेद सम्मूर्छन तिर्यञ्चोंके होते हैं। ये तेईस प्रकारके सम्मूर्छन तिर्यञ्च भी तीन प्रकारके होते हैं पर्याप्त, निवृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त। अतः तेईसको तीनसे गुणा करनेपर सब सम्मूर्छन तिर्यञ्चोंके ६९ भेद होते हैं। इनमें पहले कहे हुए गर्भज तिर्यञ्चोंके १६ भेद मिलानेसे सब तिर्यञ्चोंके ६९+१६=८५ पिचासी भेद होते हैं ॥ १३१ ॥ अब मनुष्योंमें जीवसमासके भेद बतलाते हैं। **अर्थ**-आर्यखण्डमें, म्लेच्छखण्डमें,भोगभूमिमें और कुभोगभूमिमें मनुष्य होते हैं। ये चारों ही प्रकार के मनुष्य पर्याप्त और निवृत्त्यपर्याप्तके भेदसे दो प्रकारके होते हैं ॥ **भावार्थ**-आर्यखण्ड,म्लेच्छखण्ड, भोगभूमि और कुभोगभूमिकी अपेक्षा मनुष्य चार प्रकारके होते हैं। तथा ये चारोंही प्रकारके मनुष्य निवृत्त्यपर्याप्त भी होते हैं और पर्याप्त भी होते हैं। इसका खुलासा इस प्रकार है-आर्यखण्ड १७० हैं-पांच भरत सम्बन्धी ५, पाँच ऐरावत सम्बन्धी ५, और पांच विदेह सम्बन्धी १६०। क्योंकि एक एक महाविदेहमें बत्तीस बत्तीसी उपविदेह होते हैं। तथा आठसौ पचास म्लेच्छखण्ड है, क्योंकि प्रत्येक भरत,प्रत्येक ऐरावत और प्रत्येक उपविदेह क्षेत्रके छै छै खण्ड होते हैं। जिनमें एक आर्यखण्ड होता है, और शेष ५ म्लेच्छखण्ड होते हैं। अतः एक सौ सत्तर आर्यखण्डोंसे पांच गुने म्लेच्छखण्ड होते हैं। इससे १७०×५=८५० आठ सौ पचास म्लेच्छखण्ड हैं। और तीस भोगभूमियां हैं-जिनमें ५ हैमवत् और ५ हैरण्यवत् ये दस जघन्य भोगभूमियां हैं। ५ हरिवर्ष और पांच रम्यक वर्ष ये दस मध्यम भोगभूमियां हैं। और पांच देवकुरु और पांच उत्तरकुरु ये दस उत्कृष्ट भोगभूमियां हैं। इस तरह कुल तीस भोगभूमियां हैं।

---

१ स मिलच्छे, ग मलेच्छ। २ ग भोगभूमीसु। ३ म स ग मणुवा।

दधिकाद्दवर्तेषु म्लेच्छखण्डेषु ८५० मनुष्या निर्वृत्त्यपर्याप्तकाः पर्याप्तकाश्च इति द्वौ २, त्रिंशत्सु जघन्यादिभोगभूमिषु ३० मनुष्या निवृत्त्यपर्याप्तकाः पर्याप्तकाश्च इति द्वौ २, समुद्रान्तर्वर्तिषु षण्णवतिकुभोगभूमिषु निर्वृत्त्यपर्याप्तकाः पर्याप्तकाश्च इति द्वौ, अष्टप्रकारा मनुष्या भवन्ति ॥ १३२ ॥ अथ लब्ध्यपर्याप्तकमनुष्यस्थाननियम नारकदेवजीवसमासांश्चाह–

संमुच्छिया मणुस्सा अज्जव-खंडेसु होंति[1] णियमेण ।
ते पुण लद्धि[2]-अपुण्णा णारय-देवा वि ते दुविहा ॥१३३॥[3]

[छाया–संमूच्छिताः मनुष्याः आर्यखण्डेषु भवन्ति नियमेन । ते पुनः लब्ध्यपूर्णाः नारकदेवाः अपि ते द्विविधाः॥] आर्यखण्डेषु सप्तत्यधिकशतप्रमाणेषु १७० संमूर्च्छना मनुष्या नियमेन भवन्ति, नियमात् नान्यत्र भोगभूम्यादिषु । पुनः ते संमूर्च्छना मनुष्या लब्ध्यपर्याप्तका एव १ । ते क्व केषु उत्पद्यन्ते इति चेद् भगवत्याराधनाटीकायां[4] प्रोक्तं च । 'शुक्रसिंहाणक[5]श्लेष्मदन्तकर्णमलेषु च । अत्यन्ताशुचिदेशेषु सद्यः संमूर्च्छना भवेयुः ॥' इति । नवप्रकारमनुष्यजीवसमासाः ९ । अपि पुनः नारका देवाश्च ते द्विविधा द्विप्रकाराः । नारकाः पर्याप्ता निर्वृत्त्यपर्याप्ताश्चेति द्वौ २ । भवनवासिव्यन्तरज्योतिष्ककल्पवासिनो देवाः पर्याप्ता निवृत्त्यपर्याप्ताश्चेति द्वौ २ । एवममुना प्रकारेणाष्टानवतिजीवसमासाः, जीवाः समस्यन्ते संगृह्यन्ते यैर्येषु वा ते जीवसमासा इति निर्वचनात् ॥ इति । श्रीस्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षायां भट्टारकशुभचन्द्रकृतव्याख्यायां इत्यष्टानवतिजीवसमासाः समाप्ताः । ९८ ॥ १३३ ॥ अथ पर्याप्तिभेदान् तल्लक्षण गाथाद्वयेन प्रतिपादयति—

तथा लवण समुद्र और कालोदधि समुद्रमें जो ९६ अन्तर्द्वीप हैं जिनमेंसे २४ अन्तर्द्वीप लवणसमुद्रके जम्बूद्वीप सम्बन्धी तटके करीबमें हैं और २४ अन्तर्द्वीप धातकी खण्ड सम्बन्धी तटके निकट हैं। इस तरह ४८ अन्तर्द्वीप तो लवण समुद्रमें हैं और इसी प्रकार ४८ अन्तर्द्वीप कालोदधि समुद्रमें हैं, जिनमेंसे चौबीस अभ्यन्तर तटके करीब हैं और २४ बाह्य तटके करीब हैं। इन ९६ अन्तर्द्वीपोंमें कुभोगभूमि है । अतः ९६ कुभोगभूमियां हैं। इन १७० आर्यखण्डोंमें, ८५० म्लेच्छखण्डोंमें, ३० भोगभूमियोंमें और ९६ कुभोगभूमियोंमें रहनेवाले मनुष्य निवृत्त्यपर्याप्तक और पर्याप्तकके भेदसे दो दो प्रकारके होते हैं। इस तरह मनुष्योंके आठ भेद होते हैं ॥ १३२ ॥ अब लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्योंका निवासस्थान बतलाते हुए नारकियों और देवोंमें जीवसमासके भेद बतलाते हैं। **अर्थ–**सम्मूर्छन मनुष्य नियमसे आर्यखण्डोंमें ही होते हैं। और वे लब्ध्यपर्याप्तकही होते हैं। तथा नारकी और देव निवृत्त्यपर्याप्तक और पर्याप्तकके भेद से दो प्रकारके होते हैं॥ **भावार्थ–**एक सौ सत्तर आर्यखण्डोंमें ही सम्मूर्छन मनुष्य नियमसे होते हैं, आर्यखण्डके सिवा अन्य भोगभूमि वगैरहमें नहीं होते। तथा वे सम्मूर्छन मनुष्य लब्ध्यपर्याप्तक ही होते हैं। वे सम्मूर्छन मनुष्य कहां उत्पन्न होते हैं ? इस प्रश्नका उत्तर भगवती आराधनामें देते हुए बतलाया है कि वीर्यमें, नाकके सिंहाणकोंमें, कफमें, दाँतके मैलमें, कानके मैलमें और शरीरके अत्यन्त गन्दे प्रदेशोंमें तुरन्त ही सम्मूर्छन जीव पैदा हो जाते हैं। अस्तु, इस प्रकार मनुष्यकी अपेक्षा जीव समास के नौ भेद होते हैं। तथा नारकी भी पर्याप्त और निवृत्त्यपर्याप्तकी अपेक्षा दो प्रकारके होते हैं। और भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिष्क और कल्पवासी देव भी पर्याप्त और निवृत्त्यपर्याप्तकी अपेक्षा दो प्रकारके होते हैं। इस तरह तिर्यञ्चोंके पिचासी,

१ ब हुंति । २ ब लद्ध । ३ ब एव अट्ठाणउदी भेया । ४ ल ग °राधानायां । ५ ग सिंघाणक ।

आहार-सरीरिंदय[1]-णिस्सासुस्सास-भास[2]-मणसाणं[3] ।
परिणइ[4]-वावारेसु य जाओ छ च्चेव[5] सत्तीओ ॥१३४॥

[छाया-आहारशरीरेन्द्रियनिःश्वासोच्छ्वासभाषामनसाम् । परिणतिव्यापारेषु च याः षडेव शक्तयः ॥] आहार-शरीरेन्द्रियनिःश्वासोच्छ्वासभाषामनसां व्यापारेषु ग्रहणप्रवृत्तिषु परिणतयः परिणतिः परिणमनं वा ताः पर्याप्तयः । जाओ याः, सत्तीओ शक्तयः, समर्थता षडेव । एवकारात् न च पञ्च सप्त च । अत्रौदारिकवैक्रियकाहारकशरीरनामकर्मो-दयप्रथमसमयमादिकृत्वा तच्छरीरत्रयषट्पर्याप्तिपर्यायपरिणमनयोग्यपुद्गलस्कन्धान् खलरसभागेन परिणामयितुं पर्याप्तना-मकर्मोदयावष्टम्भप्रभूतात्मनः शक्तिनिष्पत्तिराहारपर्याप्तिः ।१। तथापरिणतपुद्गलस्कन्धाना खलभागं अस्थ्यादिस्थिरा-वयवरूपेण रसभागं रुधिरादिद्रवावयवरूपेण च परिणामयितुं शक्तिनिष्पत्तिः शरीरपर्याप्तिः ।२। आवरणवीर्यान्तराय-क्षयोपशमविजृम्भितात्मनो योग्यदेशावस्थितरूपादिविषयग्रहणव्यापारे शक्तिनिष्पत्तिर्जातिनामकर्मोदयजनितेन्द्रियपर्याप्तिः ।३। आहारकवर्गणायातपुद्गलस्कन्धान् उच्छ्वासरूपेण परिणामयितुमुच्छ्वासनिःश्वासनामकर्मोदयजनितशक्तिनिष्पत्ति-रुच्छ्वासनिःश्वासपर्याप्तिः ।४। स्वरनामकर्मोदयवशाद् भाषावर्गणायातपुद्गलस्कन्धान् सत्यासत्योभयानुभयभाषारूपेण परिणामयितुं शक्तिनिष्पत्तिः भाषापर्याप्तिः । ५ । मनोवर्गणायातपुद्गलस्कन्धान् अङ्गोपाङ्गनामकर्मोदयबलाधानेन द्रव्यमनोरूपेण परिणामयितुं तद्द्रव्यमनोबलाधानेन [6]नोइन्द्रियावरणवीर्यान्तरायक्षयोपशमविशेषेण गुणदोषविचारानु-

---

मनुष्योंके नौ और नारकी तथा देवोंके चार ये सब मिलकर जीव समास के ९८ अठानवें भेद होते हैं। जिनके द्वारा अथवा जिनमें जीवोंका संक्षेपसे संग्रह किया जाता है उन्हें जीवसमास कहते हैं सो इन ९८ जीवसमासोंमें सब संसारी जीवोंका समावेश हो जाता है ॥१३३॥ इस प्रकार स्वामिकार्त्तिके-यानुप्रेक्षाकी आचार्य शुभचंद्रकृत टीकामें अठानवें जीव समासोंका वर्णन समाप्त हुआ ॥

अब दो गाथाओंके द्वारा पर्याप्तिके भेद और लक्षण कहते हैं। **अर्थ**—आहार, शरीर, इन्द्रिय श्वासोच्छ्वास, भाषा और मनके व्यापारोंमें परिणमन करनेकी जो शक्तियां हैं वे छै ही हैं ॥ **भावार्थ**—आहार, शरीर, इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास, भाषा, और मनके व्यापारोंमें अर्थात् प्रवृत्तियोंमें परिणमन करने की जो शक्तियां हैं उन्हींको पर्याप्ति कहते हैं। वे छै ही हैं। पांच नहीं हैं। उनका स्वरूप इस प्रकार है। पर्याप्ति नाम कर्मके उदयसे विशिष्ट आत्माके, औदारिकशरीरनामकर्म, वैक्रियिक शरीरनामकर्म और आहारक शरीर नामकर्मके उदयके प्रथम समयसे लेकर इन तीनों शरीरों और छै पर्याप्तियों रूप होनेके योग्य पुद्गलस्कन्धोंको, खल भाग और रस भाग रूप परिणामानेकी शक्तिकी पूर्णताको आहार पर्याप्ति कहते हैं।१। तथा जिन स्कन्धोंको खल रूप परिणमाया हो उनको अस्थि आदि कठोर अवयव रूप और जिनको रसरूप परिणमाया हो उनको रुधिर आदि द्रव अवयव रूप परिणमानेकी शक्तिकी पूर्णताको शरीर पर्याप्ति कहते हैं ॥ २ ॥ ज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्मके क्षयोपशमसे विशिष्ट आत्माके जातिनाम कर्मके उदयके अनुसार योग्य देशमें स्थित रूप आदि विषयोंको ग्रहण करनेकी शक्तिकी पूर्णताको इन्द्रियपर्याप्ति कहते हैं ॥ ३ ॥ उच्छ्वासनिःश्वासनाम कर्मका उदय होनेपर आहार वर्गणारूपसे ग्रहण किये गये पुद्गलस्कन्धोंको श्वासोच्छ्वास रूपसे परिणमानेकी शक्तिकी पूर्णताको उच्छ्वासनिःश्वास पर्याप्ति कहते हैं ॥ ४ ॥ स्वर नाम कर्मका उदय होनेसे भाषा वर्गणारूपसे ग्रहण किये गये पुद्गलस्कन्धोंको सत्य, असत्य, उभय और अनुभय

---

१ म ग सरीरेंदिय । २ स हास । ३ ब मणुसाणं । ४ ब परिणवइ । ५ ब छच्चेव । ६ ल ग मनो ५न्द्रिया° ।

स्मरणप्रणिधानलक्षणभावमनःपरिणमनशक्तिनिष्पत्तिर्मनःपर्याप्तिः ।६। पर्याप्तेः प्रारम्भः पूर्णताकालं च कथमिति चेद् गोम्मटसारोक्तगाथामाह । 'पज्जत्तीपट्ठवणं जुगवं तु कमेण होदि णिट्ठवणं । अंतोमुहुत्तकालेणहियकमा तत्तियालावा ॥' समस्तस्वयोग्यपर्याप्तीनां शरीरनामकर्मोदयप्रथमसमये एव युगपत्प्रतिष्ठापनं प्रारम्भो भवति । तु पुनः । तन्निष्ठापनान्यन्तर्मुहूर्तेन क्रमेण तथापि तावन्मात्रालापेनैव भवन्ति ॥१३४॥

तस्सेव कारणाणं पुग्गल-खंधाण जा हु णिप्पत्ती ।
सा पज्जत्ती[1] भण्णदि छब्भेया जिणवरिंदेहिं ॥१३५॥

[छाया-तस्याः एव कारणानां पुद्गलस्कन्धानां या खलु निष्पत्तिः । सा पर्याप्तिः भण्यते षड्भेदा जिनवरेन्द्रैः ॥] तस्सेव तस्याः एव शक्तेः कारणानां हेतुभूतानां पुद्गलस्कन्धानां आहाराद्यायातपुद्गलस्कन्धानां या निष्पत्तिः शक्तिनिष्पत्तिः समर्थतासिद्धिः, हु इति स्फुटम्, जिनस्वामिभिः सा पर्याप्तिर्भण्यते । सा कतिधा । षड्भेदाः षट्प्रकाराः । आहारपर्याप्तिः १, शरीरपर्याप्तिः २, इन्द्रियपर्याप्तिः ३, आनप्राणपर्याप्तिः ४, भाषापर्याप्तिः ५, मनःपर्याप्तिः ६, इति पर्याप्तयः षट् ॥१३५॥ अथ निर्वृत्त्यपर्याप्तकालं पर्याप्तकालं च लक्षयति—

पज्जत्तिं गिण्हंतो मणु-पज्जत्तिं ण जाव समणोदि ।[2]
ता णिव्वत्ति-अपुण्णो मण[3]-पुण्णो भण्णदे[4] पुण्णो ॥१३६॥

भाषारूपसे परिणमानेकी शक्तिकी पूर्णताको भाषापर्याप्ति कहते हैं ॥ ५ ॥ मनोवर्गणारूपसे ग्रहण किये गये पुद्गल स्कन्धोंको अङ्गोपाङ्ग नामकर्मके उदयकी सहायतासे द्रव्यमनरूपसे परिणमानेकी, तथा उस द्रव्यमनकी सहायतासे और नोइन्द्रियावरण तथा वीर्यान्तरायकर्मका क्षयोपशम होनेसे गुण-दोषका विचार व स्मरण आदि व्यापाररूप भावमनकी शक्तिकी पूर्णताको मनःपर्याप्ति कहते हैं ॥ ६ ॥ पर्याप्तिका आरम्भ कैसे होता है और उसके पूरे होनेमें कितना समय लगता है ? इन बातोंको गोम्मटसारमें इस प्रकार बतलाया है-पर्याप्तियोंका आरम्भ तो एकसाथ होता है किन्तु उनकी समाप्ति क्रमसे होती है । तथा प्रत्येक पर्याप्तिके पूर्ण होनेमें अन्तर्मुहूर्तकाल लगता है और वह अन्तर्मुहूर्त उत्तरोत्तर अधिक २ होता है । किन्तु सामान्यसे एक अन्तमुहूर्त कालमें सब पर्याप्तियां पूर्ण हो जाती हैं । आशय यह है कि शरीरनामकर्मका उदय होते ही जीवके अपने योग्य समस्त पर्याप्तियोंका आरम्भ एक साथ होजाता है और समाप्ति पहले आहारपर्याप्तिकी होती है, फिर शरीरपर्याप्तिकी होती है, फिर इन्द्रियपर्याप्तिकी होती है, इस तरह क्रमसे समाप्ति होती है और सब पर्याप्तियां एक अन्तर्मुहूर्तमें निष्पन्न हो जाती हैं ॥ १३४ ॥ **अर्थ-**उस शक्तिके कारण जो पुद्गलस्कन्ध हैं उन पुद्गलस्कन्धोंकी निष्पत्तिको ही जिनेन्द्रदेवने पर्याप्ति कहा है । उस पर्याप्तिके छह भेद हैं ॥ **भावार्थ-**ऊपर जो जीवकी छह शक्तियां बतलाई हैं उन शक्तियोंके हेतुभूत जिन पुद्गलस्कन्धोंको आहार आदि वर्गणारूपसे जीव ग्रहण करता है उन पुद्गलस्कन्धोंका शरीर आदि रूपसे परिणत होजाना ही पर्याप्ति है । आशय यह है पहली गाथामें शक्तिरूप पर्याप्तिको बतलाया है और इस गाथामें उन शक्तियोंका कार्य बतलाया है । जैसे, आहारवर्गणाके द्वारा ग्रहण किये गये पुद्गलस्कन्धोंको खलभाग और रसभाग रूप करनेकी जीवकी शक्तिकी पूर्णताका नाम आहारपर्याप्ति है । वह पर्याप्ति शक्तिरूप है । और इस शक्तिके द्वारा पुद्गलस्कन्धोंको खल भाग और रस भाग रूप कर देना यह

---

१ ग भणिदि छब्भेया । २ म समाणेदि । ३ ब म स मणु । ४ ल ग भण्णते ।

[छाया–पर्याप्तिं गृह्णन् मनःपर्याप्तिं न यावत् समाप्नोति । तावन्निर्वृत्त्यपूर्णः मनः पूर्णः मण्यते पूर्णः ॥] जीवः पर्याप्तिं गृह्णन् सन् यावत्कालं मनःपर्याप्तिं न समणोदि न समाप्तिं नयति, परिपूर्णतां न यातीत्यर्थः, ता तावत्कालं निर्वृत्त्यपर्याप्तको जीवः भण्यते । मन.पूर्ण. मनःपर्याप्तिपूर्णतां प्राप्तो जीवः पूर्णः पर्याप्तको भण्यते । केचन नेमिचन्द्राचार्यादयः पर्याप्तनिर्वृत्त्यपर्याप्तकालविभागमीदृशं कथयन्ति । तथा हि । 'पज्जत्तस्स य उदये णियणियपज्जत्तिणिट्ठिदो होदि । जाव सरीरमपुण्णं णिव्वत्तियपुण्णगो ताव ॥' पर्याप्तनामकर्मोदये सत्येकेन्द्रियविकलचतुष्कसंज्ञिजीवाः निजनिजचतु.पञ्चषट्पर्याप्तिभिर्निष्ठिताः निष्पन्नशक्तयो भवन्ति । यावत् शरीरपर्याप्तिर्न निष्पन्ना तावते च जीवाः समयोनशरीरपर्याप्तिकालान्तर्मुहूर्तपर्यन्तं ।२७।।$\frac{5}{4}$ । निर्वृत्त्यपर्याप्ता इत्युच्यन्ते । निर्वृत्त्या शरीरनिष्पत्त्या अपर्याप्ता अपूर्णा निर्वृत्त्यपर्याप्ता इति निर्वचनात् ॥१३६॥ अथ लब्ध्यपर्याप्तरूपं निरूपयति–

उस्सासट्ठारसमे भागे जो मरदि ण य समाणेदि ।
एक्को[1] वि य पज्जत्ती लद्धि-अपुण्णो[2] हवे सो दु ॥१३७॥

[छाया–उच्छ्वासाष्टादशमे भागे यः म्रियते न च समाप्नोति । एकाम् अपि पर्याप्तिं लब्ध्यपूर्णः भवेत् स तु ॥] स पुनः, स जीवाः लब्ध्यपर्याप्तको भवेत्। स कः। यो जीवः एक्का वि य पज्जत्ती एकामपि पर्याप्तिं न च समाणेदि न च

कार्यरूप पर्याप्ति है। अथवा यह कहना चाहिये कि यह उस शक्तिका कार्य है। इसी तरह छहों पर्याप्तियोंमें समझ लेना चाहिये ॥ १३५ ॥ अब निर्वृत्त्यपर्याप्त और पर्याप्तका काल कहते हैं। **अर्थ–** जीवपर्याप्तिको ग्रहण करते हुए जबतक मनःपर्याप्तिको समाप्त नहीं करलेता तबतक निर्वृत्त्यपर्याप्त कहाजाता है। और जब मनःपर्याप्तिको पूर्ण कर लेता है तब पर्याप्त कहा जाता है ॥ **भावार्थ–** पर्याप्तिको ग्रहण करता हुआ जीव जबतक मनःपर्याप्तिको पूर्ण नहीं कर लेता तबतक निर्वृत्त्यपर्याप्तक कहा जाता है। और जब मनःपर्याप्तिको पूर्णकर लेता है तब पूर्ण पर्याप्तक कहा जाता है। किन्तु नेमिचन्द्र आदि कुछ आचार्य पर्याप्त और निर्वृत्त्यपर्याप्तके कालका विभाग इस प्रकार बतलाते हैं–'पर्याप्त नामकर्मका उदय होनेपर जीव अपनी अपनी पर्याप्तियोंसे निष्ठित होता है। जबतक उसकी शरीरपर्याप्ति पूर्ण नहीं होती तबतक वह निर्वृत्त्यपर्याप्त कहा जाता है। आशय यह है कि निर्वृत्त्यपर्याप्तकके भी पर्याप्तनामकर्मका ही उदय होता है। अतः पर्याप्त नामकर्मका उदय होनेपर एकेन्द्रिय जीव अपनी चार पर्याप्तियोंको पूर्ण करनेकी शक्तिसे युक्त होकर उनको पूरा करनेमें लग जाता है, दोइन्द्रिय तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव अपनी पाँच पर्याप्तियोंको पूर्ण करनेकी शक्तिसे युक्त होकर उन पाँचोंको पूरा करनेमें लग जाते हैं। संज्ञीपञ्चेन्द्रिय जीव अपनी छै पर्याप्तियोंको पूरा करनेकी शक्तिमें युक्त होकर उन छहोंको पूरा करनेमें लग जाता है। और जब तक शरीरपर्याप्ति पूर्ण नहीं होती, अर्थात् शरीरपर्याप्तिके अन्तर्मुहूर्तकालमें एक समय कम काल तक वे जीव निर्वृत्त्यपर्याप्त कहे जाते हैं। क्योंकि निर्वृत्ति अर्थात् शरीरकी निष्पत्तिसे जो अपर्याप्त यानी अपूर्ण होते हैं उन्हें निर्वृत्त्यपर्याप्त कहते हैं ऐसी निर्वृत्त्यपर्याप्त शब्दकी व्युत्पत्ति है। सारांश यह है कि यहां ग्रन्थकारने सैनी पञ्चेन्द्रिय जीवकी अपेक्षासे कथन किया है; क्योंकि मनःपर्याप्ति उसीके होती है। किन्तु अन्य ग्रन्थोंमें 'जब तक शरीर पर्याप्ति पूर्ण न हो तबतक जीव निर्वृत्त्यपर्याप्त होता है' ऐसा कथन सब जीवोंकी अपेक्षासे किया है ॥ १३६ ॥ अब लब्ध्यपर्याप्तका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ–**जो जीव श्वासके अट्ठारहवें भागमें मर जाता है और एक भी पर्याप्तिको समाप्त नहीं करपाता, उसे लब्ध्यपर्याप्त

१ ब एक्का (?), ल म स ग एका। २ म ग लद्धिअपुण्णो।

प्राप्नोति न च समाप्तिं नयति, परिपूर्णतां न नयति। च पुनः। उच्छ्वासाष्टादशमे भागे उच्छ्वासाष्टादशैकभागमात्रे म्रियते स लब्ध्यपर्याप्तकः। तथा गोम्मटसारे प्रोक्तं च। 'उदये दु अपुण्णस्स य सगसगपज्जत्तियं ण णिट्ठवदि। अंतोमुहुत्तमरणं लद्धियपज्जत्तगो सो दु॥' अपर्याप्तनामकर्मोदये सत्येकेन्द्रियविकलचतुष्कसंज्ञिजीवाः स्वस्वचतुःपञ्चषट्पर्याप्तीनं निष्ठापयन्ति। उच्छ्वासाष्टादशैक $\frac{1}{18}$ भागमात्रे एवान्तर्मुहूर्ते म्रियन्ते ते जीवा लब्ध्यपर्याप्तका इत्युच्यन्ते। लब्ध्या स्वस्य पर्याप्तिनिष्ठापनयोग्यतया अपर्याप्ता अनिष्पन्नाः लब्ध्यपर्याप्ता इति निरुक्तेः। अथैकेन्द्रियादिसंज्ञिपञ्चेन्द्रियपर्यन्तलब्ध्यपर्याप्तकजीवेषु सर्वनिरन्तरजन्ममरणकालप्रमाणम्। गोम्मटसारोक्तगाथात्रयमाह। 'तिण्णि सया छत्तीसा छावट्ठिसहस्सगाणि मरणाणि। अंतोमुहुत्तकाले तावदिया चेव खुद्दभवा॥'१॥ अन्तर्मुहूर्तकाले क्षुद्राणां लब्ध्यपर्याप्तानां मरणानि षट्त्रिंशत्त्रिशताधिकषट्षष्टिसहस्राणि ६६३३६ सम्भवन्ति। तथा तद्भवा अपि तावन्त ६६३३६ एव। 'सीदी सट्ठी चालं वियले चउवीस होंति पंचक्खे। छावट्ठिं च सहस्सा सयं च बत्तीसमेयक्खे॥'२॥ ते निरन्तरक्षुद्रभवाः लब्ध्यपर्याप्तेषु एकेन्द्रियेषु द्वात्रिंशदग्रशताधिकषट्षष्टिसहस्राणि भवन्ति ६६१३२। तद्यथा। कश्चिदेकेन्द्रियो लब्ध्यपर्याप्तकः तद्भवप्रथमसमयादारभ्योच्छ्वासाष्टादशैकभागमात्रां स्वस्थितिं जीवित्वा पुनः तदेकेन्द्रिये एवोत्पन्नः तावन्मात्रां स्वस्थितिं जीवितः। एवं निरन्तरमेकेन्द्रियो लब्ध्यपर्याप्तकभवानेव बहुवारं गृह्णाति तदा उत्कर्षेण ६६१३२ नातिक्रामति। एवमेव द्वीन्द्रिये लब्ध्यपर्याप्तके अशीतिः ८०, त्रीन्द्रिये लब्ध्यपर्याप्तके षष्टि ६०, चतुरिन्द्रिये लब्ध्यपर्याप्तके चत्वारिंशत् ४०, पञ्चेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तके चतुर्विंशतिः २४, तत्र तु मनुष्यलब्ध्यपर्याप्तकेऽष्टौ ८, असंज्ञिपञ्चेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तकेऽष्टौ ८, संज्ञिपञ्चेन्द्रिये लब्ध्यपर्याप्तकेऽष्टौ ८, मिलित्वा पञ्चेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तके चतुर्विंशतिर्भवन्ति २४। अथैकेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तकस्य निरन्तरक्षुद्रभवसंख्यां स्वामिभेदान् आश्रित्य विभजति। 'पुढविदगागणिमारुदसाहारणथूलसुहुमपत्तेया। एदेसु अपुण्णेसु य एक्केक्के बार खं छक्कं॥'३॥ पृथिव्यप्तेजोवायुसाधारणवनस्पतयः पञ्चापि प्रत्येकं बादरसूक्ष्मभेदेन दश १०। तथा प्रत्येकवनस्पतिश्चेत्येतेष्वेकादशसु लब्ध्यपर्याप्तकभेदेष्वेकैकस्मिन् भेदे प्रत्येकं द्वादशोत्तरषट्सहस्रनिरन्तरक्षुद्रभवा भवन्ति ६०१२। लब्ध्यपर्याप्तानां मरणानि भवा ६६३३६॥ पृ० सू० ६०१२+पृ. बा.

कहते हैं॥ **भावार्थ—**वह जीव लब्ध्यपर्याप्तक है जो एक भी पर्याप्ति को पूर्ण नहीं करता और एक श्वासके अट्ठारह भागोंमेंसे एक भागमें ही मर जाता है। गोम्मटसारमें भी कहा है—अपर्याप्त नामकर्मका उदय होनेपर जीव अपनी अपनी पर्याप्तिको पूर्ण नहीं करता और अन्तर्मुहूर्तमें मर जाता है। उसे लब्ध्यपर्याप्तक कहते हैं। अर्थात् एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके अपर्याप्तनामकर्मका उदय होनेपर वे जीव अपनी अपनी चार, पांच या छै पर्याप्तियोंमेंसे एक भी पर्याप्तिको पूर्ण नहीं कर पाते। तथा श्वासके अट्ठारहवें भाग प्रमाण अन्तर्मुहूर्तकालमें ही मर जाते हैं। उन जीवोंको लब्ध्यपर्याप्तक कहते हैं। क्योंकि लब्धि अर्थात् अपनी अपनी पर्याप्तियोंको पूर्ण करनेकी योग्यतासे जो अपर्याप्त अर्थात् अपूर्ण हैं वे लब्ध्यपर्याप्त हैं—ऐसी लब्ध्यपर्याप्त शब्दकी व्युत्पत्ति है। एकेन्द्रियसे लेकर संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्यन्त लब्ध्यपर्याप्तक जीवोंमें निरन्तर जन्ममरणका काल गोम्मटसारमें तीन गाथाओंके द्वारा इस प्रकार कहा है—'एक अन्तर्मुहूर्त कालमें क्षुद्र अर्थात् लब्ध्यपर्याप्त जीव ६६३३६ बार मरता है और ६६३३६ बार ही जन्म लेता है। १। उन छियासठ हजार तीन सौ छत्तीस क्षुद्र भवोंमें से ६६१३२ बार तो लब्ध्यपर्याप्त एकेन्द्रियोंमें जन्म लेता है। जिसका खुलासा इस प्रकार है—कोई एकेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तक जीव अपने भवके प्रथम समयसे लेकर उच्छ्वासके अट्ठारहवें भाग प्रमाण अपनी आयु पूरी करके पुनः एकेन्द्रिय पर्यायमें ही उत्पन्न हुआ। और उच्छ्वासके अट्ठारहवें भाग काल तक जीकर मरगया औरपुनः एकेन्द्रियपर्यायमें उत्पन्न हुआ।

---

१ सर्वत्र 'गोमट्ट' इति पाठः।

६०१२+अ. सू. ६०१२+अ. बा. ६०१२+ते. सू ६०१२+ते. बा. ६०१२+वा. सू. ६०१२+वा बा. ६०१२+सा. सू. ६०१२+सा. बा. ६०१२+प्र. व. ६०१२+द्वि. ल. ८०+त्रि. ल. ६०+च. ल ४०+प. ल. २४ [=६६३३६] ॥ प्र [म] १: इ. [म.] ६६३३६ :. फ. [उ.] $\frac{१}{१८}$=[ल. उ.] ३६८५$\frac{१}{३}$ । [प्र. उ.] $\frac{१}{१८}$: [इ. उ.] ३६८५$\frac{१}{३}$ .. [फ म.] १=[ल. म.] ६६३३६ । [प्र. म.] ६६३३६ : [इ. म.] १ :: [फ. उ] ३६८५$\frac{१}{३}$=[ल. उ.] $\frac{१}{१८}$ । [प्र. उ.] ३६८५$\frac{१}{३}$: [इ. उ.] $\frac{१}{१८}$ :: [फ.] मरणलब्ध ६६३३६=[ल म.] १ ॥ मुहूर्तस्य उ. ३७७३, अ. ३६८५$\frac{१}{३}$, १ मरण ल. उ. $\frac{१}{१८}$ । [प्र. = प्रमाणराशी, इ. = इच्छाराशी, फ. = फलराशी, ल. = लब्धराशी = उत्तर, अं.=अंतर्मुहूर्त, उ.= उच्छ्वास, म. =मरण । यहा मूलप्रतिकी सदृष्टी आधुनिक त्रैराशिक पद्धतीसे ऊपर लिखी गई है ।] ॥ १३७ ॥ अथ पर्याप्तिलब्ध्यपर्याप्त्यो पर्याप्तिसंख्यां कथयति–

लद्धियपुण्णे पुण्णं पज्जत्ती एयक्ख-वियल-सण्णीणं ।
चदु-पण-छक्कं कमसो पज्जत्तीए[1] वियाणेह ॥ १३८ ॥

[छाया–लब्ध्यपूर्णं पूर्णं पर्याप्तिः एकाक्षविकलसंज्ञिनाम् । चतुःपञ्चषट्कं क्रमशः पर्याप्तीः विजानीहो ॥] लब्ध्यपर्याप्तके जीवे पर्याप्त्यपूर्णं पर्याप्तम् । लब्ध्यपर्याप्तकजीवाना पर्याप्त्या व्याख्यानं परिपूर्णं जातम् । एयक्खादि

इस तरह यदि वह निरन्तर ऐकेन्द्रियलब्ध्यपर्याप्तमें ही बार बार जन्म लेता है तो ६६१३२ बारसे अधिक जन्म नहीं ले सकता । इसी तरह दो इन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकोंमें ८० बार, तेइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकोंमें ६० बार, चौइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकोंमें ४० बार और पञ्चेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकोंमें २४ बार, उसमें भी मनुष्य लब्ध्यपर्याप्तकमें आठ बार, असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकमें आठ बार, और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकमें आठ बार इस तरह मिलकर पञ्चेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकमें चौबीस बार निरन्तर जन्म लेता है । इससे अधिक जन्म नहीं ले सकता । एकेन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके निरन्तर क्षुद्र भवोंकी संख्या जो ६६१३२ बतलाई है उसका विभाग स्वामिकी अपेक्षासे इस प्रकार है—पृथिवीकाय, जलकाय, तेजकाय, वायुकाय और साधारण वनस्पतिकाय ये पांचों बादर और सूक्ष्मके भेदसे १० होते हैं । इनमें प्रत्येक वनस्पतिको मिलानेसे ग्यारह होते हैं । इन ग्यारह प्रकारके लब्ध्यपर्याप्तकोंमेंसे एक एक भेदमें ६०१२ निरन्तर क्षुद्र भव होते हैं । अर्थात् लब्ध्यपर्याप्त जीव जो एकेन्द्रियपर्यायमें ६६१३२ भव धारण करता है उन भवोंमें से ६०१२ भव पृथ्वीकायमें धारण करता है, ६०१२ भव जलकायमें धारण करता है, ६०१२ भव तेजकायमे धारण करता है । इस तरह एकेन्द्रियके ग्यारहों भेदोंमें ६०१२, ६०१२ बार जन्म लेता और मरता है । इस प्रकार एक अन्तर्मुहूर्तकालमें लब्ध्यपर्याप्तक जीव ६६३३६ बार जन्म लेता है, और उतनी ही बार मरता है ॥ १३७ ॥ गाथा १३७ कि संदृष्टिका खुलासा इस प्रकार है—(१) पृथिवीकायिक सूक्ष्मके भव ६०१२+(२) पृथिवीकायिक बादरके भव ६०१२+(३) जलकायिक सूक्ष्मके भव ६०१२+(४) जलकायिक बादरके भव ६०१२+(५) तेजकायिक सूक्ष्मके भव ६०१२+(६) तेजकायिक बादरके भव ६०१२+(७) वायुकायिक सूक्ष्मके भव ६०१२+(८) वायुकायिक बादरके भव ६०१२+(९) साधारणकायिक सूक्ष्मके भव ६०१२+(१०) साधारणकायिक बादरके भव ६०१२+(११) प्रत्येक वनस्पतिकायिकके भव ६०१२=६६१३२+दोइन्द्रिय लब्ध्य-

---

१ ब पज्जत्तीअ (?) ।

एकेन्द्रियविकलसंज्ञिना क्रमशः चतुष्पञ्चषट्कं चतस्रः, पञ्च, षट् च पर्याप्तीर्जानीहि। एकेन्द्रियजीवानाम् आहारशरीरेन्द्रियोच्छ्वासपर्याप्तयश्चतस्रो ४ भवन्ति। द्वित्रिचतुरिन्द्रियासंज्ञिपञ्चेन्द्रियजीवानाम् आहारशरीरेन्द्रियोच्छ्वासभाषापर्याप्तयः पञ्च स्युः ५। संज्ञिपञ्चेन्द्रियजीवानाम् आहारशरीरेन्द्रियोच्छ्वासभाषामनः पर्याप्तयः षट ६ सन्ति ॥१३८॥ अथ दश प्राणान् लक्षयति—

मण-वयण-काय-इंदिय-णिस्सासुस्सास-आउ-उदयाणं[1] ।
जेसिं जोए जम्मदि मरदि[2] विओगम्मि ते वि दह पाणा ॥१३९॥

[छाया–मनोवचनकायेन्द्रियनिःश्वासोच्छ्वासायुरुदयानाम्। येषां योगे जायते म्रियते वियोगे ते अपि दश प्राणाः॥] येषां मनोवचनकायेन्द्रियनिःश्वासोच्छ्वासायुरुदयानां जोए संयोगे जम्मदि जीवो जायते उत्पद्यते, येषां वियोगे सति जीवो म्रियते जीवितव्यरहितो भवति, तेऽपि दश प्राणाः कथ्यन्ते। इत्थंभूतैर्दशभिर्द्रव्यप्राणैः यथासंभव जीवति

यर्पाप्तकके ८०+तेइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके ६०+चौइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तकके ४०+पञ्चेन्द्रिय लब्ध्य-पर्याप्तकके २४=६६३३६॥ ये ६६३३६ भव एक अन्तर्मुहूर्तमें होते हैं। १)-अतः यदि एक भवका काल एक उच्छ्वासका अट्ठारहवां भाग है तो ६६३३६ भवका काल कितने उच्छ्वास होगा। ऐसा त्रैराशिक करने पर ६६३३६ मे $\frac{1}{18}$ का भाग देनेसे लब्ध ३६८५$\frac{1}{3}$ होता है सो इतने उच्छ्वासमें ६६३३६ भव लब्ध्यपर्याप्तक जीव धारण करता है। एक मुहूर्तमें ३७७३ उच्छ्वास होते हैं। अतः ३६८५$\frac{1}{3}$ उच्छ्वास एक एक अन्तमुहूर्तमें हुआ। २)-यदि $\frac{1}{18}$ उच्छ्वासमें १ भव धारण करता है तो ३६८५$\frac{1}{3}$ उच्छ्वासमें कितने भव धारण करेगा ऐसा त्रैराशिक करनेपर ३६८५$\frac{1}{3}$ में १८ का गुणा करनेसे ६६३३६ भव होते हैं। ३)-यदि छियासठ हजार तीन सौ छत्तीस भवका काल ३६८५$\frac{1}{3}$ उच्छ्वास है तो एक भवका काल कितना है ऐसा त्रैराशिक करने पर ६६३३६ से ३६८५$\frac{1}{3}$ उच्छ्वासमें भाग देनेसे एक भवका काल $\frac{1}{18}$ उच्छ्वास आता है। ४)-यदि ३६८५$\frac{1}{3}$ उच्छ्वासमें ६६३३६ भव धारण करता है तो $\frac{1}{18}$ उच्छ्वासमें कितने भव धारण करेगा। ऐसा त्रैराशिक करने पर उत्तर एक भव आता है। अब पर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त जीवोंके पर्याप्तियोंकी संख्या कहते हैं। **अर्थ**–लब्ध्यपर्याप्त जीव तो अपर्याप्तक होता है अतः उसके पर्याप्ति नहीं है। एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवके क्रमसे चार, पांच और छै पर्याप्तियां जानो॥ **भावार्थ**–लब्ध्यपर्याप्तक जीवके किसी पर्याप्तिकी पूर्ति नहीं होती; क्योंकि वह अपर्याप्तक है। अतः लब्ध्यपर्याप्तक जीवोंके पर्याप्तिका कथन इतनेसे ही पूर्ण हो जाता है। पर्याप्तक जीवोंमें एकेन्द्रियके आहारपर्याप्ति, शरीरपर्याप्ति, इन्द्रियपर्याप्ति, उच्छ्वासपर्याप्ति ये चार पर्याप्तियां होती हैं। दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चोइन्द्रिय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके आहार, शरीर, इन्द्रिय, उच्छ्वास और भाषा ये पांच पर्याप्तियां होती हैं। संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके आहार,शरीर, इन्द्रिय, उच्छ्वास, भाषा और मन ये छै पर्याप्तियां होती हैं॥ १३८॥ पर्याप्तियोंका कथन करके अब प्राणोंका कथन करते हैं। **अर्थ**–जिन मन, वचन, काय, इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास और आयुके उदयके संयोगसे जीव जन्मलेता है और वियोग होनेसे मर जाता है उन्हें प्राण कहते हैं। वे दस हैं **भावार्थ**–जिनके संयोगसे जीवन और वियोगसे मरण होता है उन्हें प्राण कहते हैं वे प्राण दस हैं--मनोबल, वचनबल, कायबल, पांच इन्द्रियां, श्वासोच्छ्वास और आयु। इन दस द्रव्य प्राणोंमें से जो

---

१ ल म ग आउउदयाण स आउसहियाणं। २ ब ग मरिदि।

जीविष्यति जीवितपूर्वो वा यो व्यवहारनयात् स जीवः । सत्ताचैतन्यसुखबोधादयः शुद्धभावप्राणाः ॥१३९॥ अथैकेन्द्रियादीनां पर्याप्तानां प्राणसंख्यां ख्यापयति–

एयक्खे चदु पाणा बि-ति-चउरिंदिय-असण्णि-सण्णीणं ।
छह सत्त अट्ठ[1] णवयं दह पुण्णाणं कमे पाणा ॥१४०॥

[छाया–एकाक्षे चत्वारः प्राणाः द्वित्रिचतुरिन्द्रियासंज्ञिसंज्ञिनाम् । षट् सप्त अष्ट नव दश पूर्णानां क्रमेण प्राणाः ॥] क्रमेण एकेन्द्रियादिषु पर्याप्तकेषु चतुः षट्सप्ताष्टनवदशप्राणा भवन्ति । तथा हि । पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतिकायिकानां पर्याप्तकजीवानां स्पर्शनेन्द्रियकायोच्छ्वासनिःश्वासायुःकर्मरूपाश्चत्वारः प्राणाः ४ भवन्ति । शङ्खशुक्तिकवराटिकजलौकादि-द्वीन्द्रियपर्याप्तकजीवानां स्पर्शनरसनेन्द्रियकायवचनानप्राणायूरूपाः षट् प्राणाः ६ स्युः । कुन्थुयूकामत्कुणवृश्चिकादि-त्रीन्द्रियपर्याप्तकजीवानां स्पर्शनरसनघ्राणेन्द्रियकायवचननिःश्वासोच्छ्वासायुर्लक्षणाः सप्त प्राणाः ७सन्ति । दंशमशकपतङ्ग-भ्रमरादिचतुरिन्द्रियपर्याप्तानां स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुरिन्द्रियकायवचनानप्राणायूरूपाः अष्टौ ८ प्राणाः । असंज्ञिनाम् अमन-स्कानां तिरश्चां पञ्चेन्द्रियपर्याप्तानां स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रियकायवचनश्वासोच्छ्वासायुकर्मरूपाः नव प्राणाः ९ विद्यन्ते । संज्ञिनां समनस्कानां देवमनुष्यादीनां पञ्चेन्द्रियपर्याप्तानां स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रियमनोवचनकायप्राणा–

अपने योग्य प्राणोंसे वर्तमानमें जीता है, भविष्यमें जियेगा और भूतकालमें जिया है, व्यवहारनयसे वह जीव है। तथा सत्ता, चैतन्य, सुख और ज्ञान आदि शुद्ध भाव प्राण है। आशय यह है कि ऊपर जो दस प्राण बतलाये हैं वे द्रव्य प्राण हैं, जो संसारी जीवोंके पाये जाते है। किन्तु मुक्तावस्थामें ये द्रव्य प्राण नहीं रहते, बल्कि सत्ता आदि शुद्ध भाव प्राण रहते हैं। ये भाव प्राण ही जीवके असली प्राण हैं; क्योंकि इनके बिना जीवका अस्तित्व ही नहीं रह सकता। अतः निश्चयनयसे जिसमें ये शुद्ध भाव प्राण पाये जाते हैं वही जीव है। यद्यपि संसारी जीवमें भी ये भाव प्राण पाये जाते हैं, किन्तु वे शुद्ध भाव प्राण नहीं है॥ १३९॥ अब एकेन्द्रिय आदि पर्याप्त जीवोंके प्राणोंकी संख्या बतलाते हैं। **अर्थ**–पर्याप्त एकेन्द्रिय जीवके चार प्राण होते हैं और पर्याप्त दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवके क्रमसे छै, सात, आठ, नौ और दस प्राण होते हैं॥ **भावार्थ**–पर्याप्त एकेन्द्रिय आदि जीवोंके क्रमसे चार, छै, सात, आठ नौ, और दस प्राण होते हैं। जिसका विवरण इस प्रकार है–पृथिवीकायिक, जलकायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक और वनस्पतिकायिक पर्याप्तक जीवोंके स्पर्शन इन्द्रिय, कायबल, श्वासोच्छ्वास और आयुकर्म, ये ४ प्राण होते हैं। शंख, सीप, कौडी जोंख आदि दो इन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके स्पर्शन और रसना इन्द्रिय, कायबल, वचनबल; श्वासोच्छ्वास और आयु, ये छै प्राण होते हैं। कुंथु, जूं, खटमल, बिच्छु वगैरह तेइन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके स्पर्शन, रसना और घ्राण इन्द्रिय, कायबल, वचनबल, श्वासोच्छ्वास और आयु ये सात प्राण होते हैं। डांस मच्छर, पतङ्ग, भौंरा आदि चौइन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण, और चक्षु इन्द्रिय, कायबल, वचनबल, श्वासोच्छ्वास और आयु ये आठ प्राण होते हैं। असैनी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक तिर्यञ्चोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रिय, कायबल; वचनबल, श्वासोच्छ्वास और आयु ये नौ प्राण होते हैं। सैनी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तकोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्रेन्द्रिय, मनोबल, वचनबल, कायबल, श्वासोच्छ्वास और आयु ये दस प्राण होते हैं। इन दस

१ ब सत्तट्ठ ।

पानायुरूपाः दश प्राणाः १० भवन्ति : वीर्यान्तरायमतिज्ञानावरणक्षयोपशमजनिताः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रिय-मनोबलप्राणाः ६ भवन्ति । शरीरनामकर्मोदये सति कायबलप्राणः आनप्राणश्च भवन्ति २ । शरीरनामकर्मोदये स्वरनामकर्मोदये च वचोबलप्राणो भवति १ । आयुःकर्मोदये आयुःप्राणो भवति १ । एवं प्राणानामुत्पत्तिसामग्री सूचिता ॥१४०॥ अथ द्विविधानामपर्याप्तानां प्राणसंख्यां विभजति—

दुविहाणमपुण्णाणं इगि[१]-वि-ति-चउरक्ख-अंतिम-दुगाणं ।
तिय चउ पण छह सत्त य कमेण पाणा मुणेयव्वा ॥१४१॥

[छाया-द्विविधानाम् अपूर्णानाम् एकद्वित्रिचतुरक्षान्तिमद्विकानाम् । त्रयः चत्वारः पञ्च षट् सप्त च क्रमेण प्राणाः ज्ञातव्याः ॥] द्विविधानामपूर्णानां निर्वृत्त्यपर्याप्तानां लब्ध्यपर्याप्तानां च । इगि इत्यादि एकद्वित्रिचतुरक्षान्तिमद्विकानाम् एकेन्द्रियद्वीन्द्रियत्रीन्द्रियचतुरिन्द्रियासंज्ञिसंज्ञिपञ्चेन्द्रियाणां क्रमेण प्राणाः मन्तव्याः ज्ञातव्याः । कतिकतीत्यादि त्रयश्चत्वारः पञ्च षट् सप्त च ज्ञातव्याः । तथा हि निर्वृत्त्यपर्याप्तकलब्ध्यपर्याप्तकानामेकेन्द्रियजीवानां स्पर्शनेन्द्रिय-कायबलायुःप्राणास्त्रयो भवन्ति ३, न तु निश्वासोच्छ्वासः । निर्वृत्त्यलब्ध्यपर्याप्तानां द्वीन्द्रियजीवानां स्पर्शनरसनेन्द्रिय-कायबलायुःप्राणाश्चत्वारो ४ विद्यन्ते, न तु भाषोच्छ्वासौ । निर्वृत्त्यलब्ध्यपर्याप्तानां त्रीन्द्रियजीवानां स्पर्शनरसनघ्राणेन्द्रिय-कायबलायुःप्राणाः पञ्च ५ सन्ति, न तु भाषोच्छ्वासौ । निर्वृत्त्यलब्ध्यपर्याप्तानां चतुरिन्द्रियजीवानां स्पर्शनरसन-घ्राणचक्षुरिन्द्रियकायबलायुःप्राणाः षट् ६ स्युः, न तु निश्वासभाषाप्राणौ । निर्वृत्त्यलब्ध्यपर्याप्तानाम् असंज्ञिजीवानां

प्राणोंमेंसे स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र ये पांच इन्द्रियां और मनोबल प्राण वीर्यान्तराय और मतिज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे कहते हैं। शरीर नाम कर्मका उदय होनेपर कायबल प्राण और श्वासोच्छ्वास प्राण होते हैं। शरीर नाम कर्म और स्वरनामकर्मका उदय होनेपर वचनबल प्राण होता है। और आयुकर्मका उदय होनेपर आयुप्राण होता है। इस तरह प्राणोंकी उत्पत्तिकी सामग्री बतलाई है ॥ १४० ॥ अब दोनों प्रकारके अपर्याप्तकोंके प्राणोंकी संख्या कहते हैं। **अर्थ**—दोनों प्रकारके अपर्याप्त एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके क्रमसे तीन, पांच, छह और सात प्राण जानने चाहिये। **भावार्थ**—दोनों प्रकारके अपर्याप्त अर्थात् निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय असंज्ञी पञ्चे-न्द्रिय और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके क्रमसे तीन, चार, पांच, छह और सात प्राण होते हैं अर्थात् निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त एकेन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन इन्द्रिय, कायबल, आयु ये तीन प्राण होते हैं श्वासोच्छ्वास प्राण नहीं होता। निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त दो इन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन और रसना इन्द्रिय, कायबल, आयु, ये चार प्राण होते हैं, वचनबल और श्वासोच्छ्वास प्राण नहीं होते। निर्वृत्त्य-पर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त तेइन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन, रसना और घ्राण इन्द्रिय, कायबल और आयु ये पांच प्राण होते हैं, वचनबल और श्वासोच्छ्वास प्राण नहीं होते। निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त चौइन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण और चक्षु इन्द्रिय, कायबल और आयु ये छै प्राण होते हैं, वचनबल और श्वासोच्छ्वास प्राण नहीं होते। निर्वृत्त्यपर्याप्त और लब्ध्यपर्याप्त असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय तथा संज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीवोंके स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रिय, कायबल और आयु ये सात प्राण होते हैं, श्वासोच्छ्वास वचनबल और मनोबल प्राण नहीं होते। शङ्का—पर्याप्ति और प्राणमें क्या भेद है। समाधान—आहारवर्गणा, भाषावर्गणा और मनोवर्गणाके परमाणुओंको आहार, शरीर,

१ ग इग।

स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रियकायबलायुःप्राणाः सप्त ७ भवन्ति, न तु भाषोच्छ्वासमनःप्राणाः । अत्र पर्याप्तिप्राणयोः को भेदः । आहारशरीरेन्द्रियानप्राणभाषामनोर्थग्रहणशक्तिनिष्पत्तिरूपाः पर्याप्तयः, विषयग्रहणव्यापारव्यक्तिरूपाः प्राणाः, इति भेदो ज्ञातव्यः ॥ १४१ ॥ ननु त्रसनाड्यां त्रसाः सर्वत्रेति प्रश्ने, अथ विकलत्रयाणां स्थाननियमं निर्दिशति–

वि-ति-चउरक्खा जीवा हवंति णियमेण कम्म-भूमीसु ।
चरिमे दीवे अद्धे चरम[1]-समुद्दे वि सव्वेसु ॥ १४२ ॥

[छाया–द्वित्रिचतुरक्षाः जीवाः भवन्ति नियमेन कर्मभूमिषु । चरमे द्वीपे अर्धे चरमसमुद्रे अपि सर्वेषु ॥] द्वित्रिचतुरिन्द्रिया जीवाः प्राणिनः नियमतः सर्वासु कर्मभूमिषु पञ्चभरतपञ्चैरावतपञ्चविदेहेषु पञ्चदशकर्मधरासु विकलत्रयासंज्ञिजीवा भवन्ति, न तु भोगभूम्यादिषु । अपि पुनः, चरमे द्वीपे अर्धे स्वयंप्रभद्वीपे चरमे तस्यार्धे स्वयंप्रभपर्वतोऽस्ति मानुषोत्तरवत् । तस्य स्वयंप्रभस्य परतः अर्धद्वीपे चरमसमुद्रे स्वयंभूरमणसमुद्रे सर्वस्मिन् द्वित्रिचतुरिन्द्रिया जीवाः । अपिशब्दात् असंज्ञिनो भवन्ति । एते नान्यत्र स्थानेषु ॥ १४२ ॥ अथ मानुषक्षेत्रबहिर्भागेषु तिरश्चामायुःकायादिनियमं निगदति–

माणुस-खित्तस्स बहिं [2]चरिमे दीवस्स अद्धयं [3]जाव ।
[4]सव्वत्थे वि तिरिच्छा [5]हिमवद-तिरिएहिं सारिच्छा ॥ १४३ ॥

[छाया–मानुषक्षेत्रस्य बहिः चरमे द्वीपस्य अर्धकं यावत् । सर्वत्र अपि तिर्यञ्चः हैमवततिर्यग्भिः सदृशाः ॥] मनुष्यक्षेत्रस्य बहिर्भागे चरमे द्वीपस्य स्वयंप्रभद्वीपस्य यावत्, अद्धयं अर्धकं, पुष्करद्वीपार्धस्थितमानुषोत्तरपर्वतात् अग्रे स्वयंप्रभद्वीपमध्यस्थितस्वयंप्रभाचलात् अर्वाक्, सव्वत्थे वि सर्वत्रापि, अपरपुष्करार्धद्वीपादिस्वयंप्रभद्वीपार्धपर्यन्तेषु

इन्द्रिय, श्वासोच्छ्वास भाषा और मनरूप परिणमानेकी शक्तिकी पूर्णताको पर्याप्ति कहते हैं। और पर्याप्तिके पूर्ण हो जानेपर इन्द्रिय वगैरहका विषयोंको ग्रहण करना आदिरूप अपने कार्यमें प्रवृत्ति करना प्राण हैं। इस तरह दोनोंमें कारण और कार्यका भेद है ॥ १४१ ॥ किसीने प्रश्न किया कि क्या त्रस नाडीमें सर्वत्र त्रस रहते हैं? इसके समाधानके लिये ग्रन्थकार विकलत्रय जीवोंके निवासस्थानको बतलाते हैं। **अर्थ–**दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, और चौइन्द्रिय जीव नियमसे कर्मभूमिमें ही होते हैं। तथा अन्तके आधे द्वीपमें और अन्तके सारे समुद्रमें होते हैं॥ **भावार्थ–**पांच भरत, पांच ऐरावत और पांच विदेह, इन पन्द्रह कर्मभूमियोंमें विकलत्र और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव होते हैं, भोगभूमि वगैरहमें नहीं होते। तथा जैसे पुष्कर द्वीपके मध्यमें मानुषोत्तर पर्वत पड़ा हुआ है वैसे ही अन्तके स्वयंप्रभद्वीपके बीचमें स्वयंप्रभ पर्वत पड़ा हुआ है। उसके कारण द्वीपके दो भाग हो गये हैं। सो स्वयंप्रभ पर्वतके उस ओरके आधे द्वीपमें और पूरे स्वयंभुरमण समुद्रमें दोइन्द्रिय तेइन्द्रिय और चौइन्द्रिय जीव तथा 'अपि' शब्दसे असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव होते हैं। इसके सिवा अन्य स्थानोंमें ये जीव नहीं होते ॥ १४२ ॥ अब मनुष्यलोकसे बाहरके भागोंमें रहनेवाले तिर्यञ्चोंकी आयु और शरीर वगैरहका नियम कहते हैं। **अर्थ–**मनुष्यलोकसे बाहर अन्तके स्वयंप्रभ द्वीपके आधे भाग तक, सब द्वीपोंमें जो तिर्यञ्च रहते हैं वे हैमवत क्षेत्रके तिर्यञ्चोंके समान होते हैं॥ **भावार्थ–**पुष्करद्वीपके आधे भागमें स्थित मानुषोत्तर पर्वतसे आगे और स्वयंप्रभ द्वीपके मध्यमें स्थित स्वयंप्रभ पर्वतसे पहले अर्थात् पश्चिम पुष्करार्ध द्वीपसे लेकर स्वयंप्रभद्वीपके आधे भाग तक असंख्यात द्वीपोंमें जो संज्ञी पञ्चेन्द्रिय थलचर और नभचर तिर्यञ्च होते हैं वे हैमवत भोगभूमिके तिर्यञ्चोंके

---

१ ल चरिम । २ ग चरमे । ३ ब जाम । ४ ल स ग सव्वत्थि वि । ५ ब हिमवदितिरियेहिं ।

असंख्यातद्वीपेषु, तिरच्छा॰ तिर्यञ्च., पञ्चेन्द्रिया सज्ञिन. स्थलचरनभश्चरा भवन्ति । हिमवदतिरिएहिं हैमवतभोगभूमिज-तिर्यग्भि:, सारिच्छा आयु:कायाहारयुग्मोत्पत्तिसुखादिभि: सदृशा भवन्ति उत्सेधा: पल्यायुष्का. । सौम्या: मृगादय: पक्षिणश्च स्युरित्यर्थ: ॥१४३॥ अथ लवणादिसमुद्रेषु जलचरजीवभावाभाव प्ररूपयति–

लवणोए कालोए अंतिम[1]-जलहिम्मि जलयरा[2] संति ।
सेस-समुद्देसु पुणो ण जलयरा संति णियमेण ॥१४४॥

[छाया–लवणोदे कालोदे अन्तिमजलधौ जलचरा: सन्ति । शेषसमुद्रेषु पुन: न जलचरा: सन्ति नियमेन ॥] लवणोदके जलधौ द्विलक्षयोजनप्रमाणसमुद्रे जलचरा द्वित्रिचतु:पञ्चेन्द्रियजीवा. सन्ति । कालोदकसमुद्रे अष्टलक्ष-योजनप्रमाणे जलचरास्तथा विद्यन्ते । अन्तिमजलधौ चरमस्वयभूरमणसमुद्रे असंख्यातयोजनप्रमाणे जलचरा: द्वित्रिचतु:-पञ्चेन्द्रियप्राणिनो भवन्ति । पुन: शेषसमुद्रेषु सर्वेषु असख्यातप्रमितेषु नियमत: जलचरा: द्वीन्द्रियादयो जीवा न सन्ति । ननु समुद्रेषु जलस्वाद कीदृक् इति चेत्त्रैलोक्यसारगाथामाह । "लवण वारुणतियमिदि कालदुगतिमसयंभुरमणमिदि । पत्तेयजलस्सादा अवसेसा होंति इच्छुरसा ॥" इति ॥१४४॥ अथ भवनवासिदेवादीना स्थाननियमं वक्ति–

खरभाय-पंकभाए भावण-देवाण होंति भवणाणि ।
वितर[3]-देवाण तहा दुण्हं पि य तिरिय-लोयम्मि[4] ॥१४५॥

[छाया–खरभागपङ्कभागयो: भावनदेवाना भवन्ति भवनानि । व्यन्तरदेवानां तथा द्वयोरपि च तिर्यक्लोके ॥] रत्नप्रभाया प्रथमपृथिव्यामेकलक्षाशीतिसहस्रयोजनबाहुल्यप्रमिताया १८०००० प्रथमखरभागे षोडशसहस्रयोजन-बाहुल्ये असुरकुल त्रिहाय नाग १ विद्युत् २ सुपर्ण ३ अग्नि ४ वात ५ स्तनित ६ उदधि ७ द्वीप ८ दिक् ९

समान होते है। अर्थात् उनकी आयु, शरीर, आहार, युगलरूपमें जन्म ओर सुख वगैरह जघन्य भोगभूमिके तिर्यञ्चोंके सदृश ही होते हैं। उन्हींके समान वहांके मृग आदि थलचर और पक्षी आदि नभचर तिर्यञ्च सौम्य होते है, शरीरको ऊँचाई भी उन्हींके समान होती है और एक पल्यकी आयु होती है ॥ १४३ ॥ अब लवण आदि समुद्रोंमें जलचर जीवोंके होने और न होनेका कथन करते हैं। **अर्थ**–लवणोद समुद्रमें, कालोद समुद्रमें और अन्तके स्वयंभुरमण समुद्रमें जलचर जीव हैं। किन्तु शेष बीचके समुद्रोंमें नियमसे जलचर जीव नहीं है ॥ **भावार्थ**–दो लाख योजन विस्तारवाले लवण समुद्रमें और आठ लाख योजन विस्तारवाले कालोद समुद्रमें दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चोइन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय जलचर जीव होते हैं। असंख्यात योजन विस्तारवाले अन्तके स्वयंभूरमण समुद्रमें भी दो इन्द्रिय आदि जलचर जीव होते हैं। किन्तु बाकीके सब समुद्रोंमें जलचर जीव नियमसे नहीं होते। शङ्का–समुद्रोंके जलका स्वाद कैसा है? समाधान–त्रैलोक्यसार नामक ग्रन्थमें कहा है कि लवण-समुद्रके जलका स्वाद नमककी तरह। वारुणीवर समुद्रके जलका स्वाद शराबके जैसा है, घृतवर-समुद्रके जलका स्वाद घीके जैसा है। क्षीरवर समुद्रके जलका स्वाद दूधके जैसा है। कालोद, पुष्कर-वर और स्वयंभुरमण समुद्रोंके जलका स्वाद जलके जैसा है, और शेष समुद्रोंका स्वाद गन्नेके रसके जैसा है ॥ १४४ ॥ अब भवनवासी आदि देवोंका निवासस्थान बतलाते हैं। **अर्थ**–खरभाग और पंकभागमें भवनवासी देवोंके भवन हैं और व्यन्तरोंके भी निवास हैं। तथा इन दोनोंके तिर्यग्लोकमें भी निवास स्थान हैं ॥ **भावार्थ**–रत्नप्रभा नामकी पहली पृथिवी एक लाख अस्सी हजार योजन

---

१ ब अतम। २ ल ग जलचरा। ३ ग वितर। ४ ल म स ग तिरियलोए वि।

कुमाराणां भवनवासिनां नवानां, तथैव राक्षसकुलं विहाय व्यन्तराणां सप्तानां किंनर १ किंपुरुष २ महोरग ३ गन्धर्व ४ यक्ष ५ भूत ६ पिशाचानां ७ भवनानि आवासाः सन्ति । अपिशब्दात् चतुरशीतिसहस्रयोजनप्रमितपङ्कभागे असुरकुमाराणां राक्षसानां चावासा भवन्ति । अशीतिसहस्रयोजनप्रमाणाब्बहुलभागे नारकास्तिष्ठन्ति । प्रसङ्गप्राप्तव्याख्यानमिदम् । अपि दुण्हं पि तिरियलोए द्वयानामपि भवनवासिदेवानां व्यन्तरदेवानां च तिर्यग्लोके आवासाः सन्ति । व्यन्तरा निरन्तरा इति वचनात् सर्वद्वीपसमुद्रेषु तदावासाः । भवनेषु वसन्तीत्येवंशीला भवनवासिनः । विविधदेशान्तरेषु येषां निवासास्ते व्यन्तराः ॥१४५॥ अथ ज्योतिषां कल्पसुराणां नारकाणां च स्थाननियममाह—

जोइसियाण विमाणा रज्जू-मित्ते वि तिरिय-लोए वि[1] ।

कप्प-सुरा उड्ढम्मि[2] य अह-लोए होंति[3] णेरइया ॥१४६॥[4]

[छाया-ज्योतिष्काणां विमानाः रज्जुमात्रे अपि तिर्यग्लोके अपि । कल्पसुराः ऊर्ध्वे च अधोलोके भवन्ति नैरयिकाः ॥] रज्जुमात्रे तिर्यग्लोके मध्यलोके चित्राभूमितः उपरि नवत्यधिकानि सप्तशतयोजनानि विहायसि गत्वा तारकाणां विमानाः सन्ति । ततोऽपि योजनदशकं गत्वा सूर्याणां विमानाः । ततः परम् अशीतियोजनानि गत्वा चन्द्राणां विमानाः सन्ति । ततोऽपि योजनचतुष्टयं गते अश्विन्यादिनक्षत्राणां विमानाः । तदनन्तरं योजनचतुष्टये गते बुधानां विमानाः । ततोऽपि योजनत्रये गते शुक्राणां विमानाः । ततः परं योजनत्रये गते बृहस्पतीनां विमानाः । ततो योजनत्रयानन्तरं मङ्गलविमानाः । ततोऽपि योजनत्रयानन्तरं शनैश्चराणां विमानाः । तथा चोक्तं च । "[5]णवदुत्तरसत्तसया दस सीदी चउ दुग तु तिचउक्कं । तारारविससिरिक्खा बुहभग्गवअंगिरारसणी ॥" इति दशोत्तरशतयोजन ११० बाहुल्यप्रमाणे ज्योतिषां चन्द्रादित्यग्रहनक्षत्रप्रकीर्णकतारकाणां विमानाः आकाशे भवन्ति तिष्ठन्ति । च पुनः, कल्पसुरा उड्ढम्हि कल्पवासिदेवा ऊर्ध्वलोके । तथा हि आदिमध्यान्तेषु द्वादशाष्टचतुर्योजनवृत्तविष्कम्भा चत्वारिंशत्प्रमितयोजनोत्सेधा या मेरुचूलिका तिष्ठति, तस्या उपरि कुरुभूमिजबालाग्रान्तरिते पुनः ऋजुविमानमस्ति । तदादिं कृत्वा चूलिकासहितलक्षयोजनप्रमाणमेरूत्सेधन्यूनमधमार्धैकरज्जुप्रमाणं $1\frac{1}{2}$ यदाकाशक्षेत्रं तत्पर्यन्तं सौधर्मैशानसंज्ञं स्वर्गयुगलं तिष्ठति । ततः परमर्धाधिकैकरज्जुपर्यंतं $1\frac{1}{2}$ सनत्कुमारमाहेन्द्रसंज्ञं स्वर्गयुगलं भवति । तस्मादर्धरज्जुप्रमाणाकाशपर्यंतं $\frac{1}{2}$ ब्रह्मब्रह्मोत्तराभिधानं स्वर्गयुगलमस्ति[6] । तस्मादर्धरज्जुपर्यंतं $\frac{1}{2}$ लान्तवकापिष्ठस्वर्गद्वयं तिष्ठति । ततश्चार्धरज्जुपर्यंतं $\frac{1}{2}$ शुक्रमहा-

---

मोटी है। उसका प्रथम भाग, जिसे खर भाग कहते हैं, सोलह हजार योजन मोटा है। उस खर भागमें असुरकुमारोंको छोड़कर बाकीके नागकुमार, विद्युतकुमार, सुपर्णकुमार, अग्निकुमार, वातकुमार, स्तनितकुमार, उदधिकुमार, द्वीपकुमार और दिक्कुमार नामके नौ भवनवासियोंके भवन हैं। तथा राक्षसोंको छोड़कर किन्नर, किंपुरुष, महोरग, गन्धर्व, यक्ष, भूत और पिशाच, इन सात प्रकारके व्यन्तरोंके आवास हैं। 'अपि' शब्दसे चौरासी हजार योजन मोटे दूसरे पङ्कभागमें असुरकुमारोंके भवन और राक्षसोंके आवास हैं। और अस्सी हजार योजन मोटे तीसरे अब्बहुल भागमें नारकी रहते हैं। यहाँ नारकियोंका कथन प्रसङ्गवश कर दिया है। अस्तु, इसके सिवा भवनवासी और व्यन्तर देवोंके वासस्थान तिर्यग्लोकमें भी हैं। क्यों कि ऐसा वचन है 'व्यन्तरा निरन्तराः।' अतः सभी द्वीप समुद्रोंमें उनका निवास है। जो भवनोंमें निवास करते हैं उन देवोंको भवनवासी कहते हैं। और विविध देशोंमें जिनका निवास है। उन देवोंको व्यन्तर कहते हैं॥ १४५ ॥ अब ज्योतिषी देव, कल्पवासी देव और नारकियोंका निवास स्थान बतलाते हैं। **अर्थ**—ज्योतिषी देवोंके विमान एक राजुप्रमाण तिर्यग्लोकमें है। कल्पवासी देव ऊर्ध्वलोकमें रहते हैं और नारकी अधोलोकमें रहते हैं। **भावार्थ**—एक राजु प्रमाण मध्यलोकमें, चित्रा भूमिसे ऊपर सातसौ नव्वे योजन जाकर आकाशमें तारोंके विमान है।

---

१ ब लोए मि। २ ल म ग उड्ढम्हि, स उड्म्हि। ३ ब हुंति। ४ ब स्थितित्व। बादर इत्यादि। ५ क्वचिग्दाथास्वपि संख्याङ्कनिर्देशः। ६ क्वचित्संख्याङ्कनिर्देशो वाक्यान्ते।

शुक्राभिधानस्वर्गद्वयं ज्ञातव्यम् । तदनन्तरम् अर्धरज्जुपर्यन्तं $\frac{1}{2}$ शतारसहस्रारसंज्ञं स्वर्गयुगलं भवति । ततोऽप्यर्ध-रज्जुपर्यन्तम् $\frac{1}{2}$ आनतप्राणतनामस्वर्गयुगलम् । ततः परमर्धरज्जुपर्यन्तमाकाश $\frac{1}{2}$ यावदारणाच्युताभिधानस्वर्गद्वय ज्ञातव्य-मिति । षोडशस्वर्गादूर्ध्वमेकरज्जुमध्ये नवग्रैवेयकनवानुदिशपञ्चानुत्तरविमानवासिदेवास्तिष्ठन्ति । ततः परं तत्रैव द्वादश-योजनेषु गतेष्वष्टयोजनबाहुल्या मनुष्यलोकवत् पञ्चाधिकचत्वारिंशल्लक्षयोजनविस्तारा ४५००००० मोक्षशिला भवति । तस्या उपरि घनोदधिघनवाततनुवातत्रयमस्ति । तत्र तनुवातमध्ये लोकान्ते केवलज्ञानाद्यनन्तगुणसहिता सिद्धाश्च तिष्ठन्तीति। अहलोए णारया होंति, अधोलोके अधोभागे मेरोराधारभूता रत्नप्रभाख्या प्रथमपृथिवी, तस्यास्तृतीये अब्बहुलभागे अशीतिसहस्रयोजनबाहुल्ये रत्नप्रभाभूमौ घर्मानाम्नि प्रथमनरके त्रयोदशपटलेषु त्रिंशल्लक्षबिलेषु ३००००००नारका भवन्ति तिष्ठन्ति । शर्कराप्रभाभूमौ वंशानामनि द्वितीयनरके एकादशपटलेषु पञ्चविंशतिलक्षबिलेषु नारकाः सन्ति । वालुका-

---

उससे भी दस योजन ऊपर जाकर सूर्योंके विमान हैं । उससे ऊपर अस्सी योजन जाकर चन्द्रमाओंके विमान है । उससे भी चार योजन ऊपर जाकर अश्विनी आदि नक्षत्रोंके विमान है । उससे ऊपर चार योजन जाकर बुधग्रहोंके विमान है । उससे ऊपर तीन योजन जाकर शुक्रग्रहोंके विमान हैं । उससे ऊपर तीन योजन जाकर बृहस्पति ग्रहोंके विमान हैं । उससे ऊपर तीन योजन जानेपर मंगलग्रहोंके विमान है । उससे भी ऊपर तीन योजन जानेपर शनिग्रहोंके विमान है । कहा भी है-"७९० योजनपर तारा हैं, उससे दस योजन ऊपर सूर्य है । सूर्यसे अस्सी योजन ऊपर चन्द्रमा है । चन्द्रमासे चार योजनपर नक्षत्र और नक्षत्रसे चार योजनपर बुध है । बुधसे तीन योजनपर शुक्र, उससे तीन योजन ऊपर बृहस्पति, उससे तीन योजन ऊपर मंगल और उससे तीन योजन ऊपर शनि है ।" इस तरह एक सौ दस योजनकी मोटाईमें चन्द्र, सूर्य, ग्रह, नक्षत्र और प्रकीर्णक तारोंके विमान रहते हैं । और कल्पवासी देव ऊर्ध्वलोकमें रहते हैं । सो सुमेरु पर्वतकी चूलिका (चोटी) का विस्तार नीचे बारह योजन, मध्यमें आठ योजन और ऊपर चार योजन है तथा ऊंचाई चालीस योजन है । उस चूलिकासे ऊपर उत्तरकुरु भोगभूमिके मनुष्यके बालके अग्रभाग जितना अन्तर देकर ऋजु नामक विमान है उस ऋजु विमानसे लेकर चूलिका सहित मेरुकी ऊंचाई एक लाख चालीस योजनसे हीन डेढ़ राजु प्रमाण आकाश प्रदेश पर्यन्त सौधर्म और ऐशान नामका स्वर्गयुगल है । उससे ऊपर डेढ़ राजु तक सनत्कुमार माहेन्द्र नामका स्वर्गयुगल है । उससे ऊपर आधा राजु आकाशपर्यन्त ब्रह्म और ब्रह्मोत्तर नामका स्वर्गयुगल है । उससे ऊपर आधा राजुपर्यन्त लान्तव और कापिष्ठ नामका स्वर्गयुगल है । उससे ऊपर आधा राजुपर्यन्त शुक्र और महाशुक्र नामका स्वर्गयुगल है । उससे ऊपर आधा राजु पर्यन्त शतार और सहस्रार नामका स्वर्गयुगल है । उससे ऊपर आधा राजुपर्यन्त आनत और प्राणत नामका स्वर्गयुगल है । उससे ऊपर आधा राजु पर्यन्त आरण और अच्युत नामका स्वर्ग युगल है । इन सोलह स्वर्गोंसे ऊपर एक राजुके भीतर नौ ग्रैवेयक, नौ अनुदिश और पांच अनुत्तर विमानोंके वासी देव रहते हैं । अनुत्तर विमानोंसे बारह योजन ऊपर जानेपर उसी एक राजुके भीतर आठ योजनकी मोटी सिद्धशिला है, जिसका विस्तार मनुष्यलोककी तरह पैंतालीस लाख योजन है । उसके ऊपर घनोदधिवात, घनवात और तनु-वात नामके तीन वातवलय हैं । उनमेंसे लोकके अन्तमें तनुवातवलयमें केवल ज्ञान आदि अनन्त गुणोंसे युक्त सिद्ध परमेष्ठी विराजमान हैं । इस तरह ऊर्ध्व लोकमें वैमानिक देवोंका निवास है । तथा अधो-लोकमें नारकी रहते हैं । सो अधोलोकमें मेरु पर्वतकी आधारभूत रत्नप्रभा नामकी पहली पृथिवी है ।

प्रमापृथिव्यां मेघानाम्नि तृतीयनरके नवपटलस्थितपञ्चदशलक्षबिलेषु नारकाः स्युः। पङ्कप्रभाभूमौ अञ्जनानामचतुर्थनरके सप्तपटलस्थितदशलक्षबिलेषु नारका विद्यन्ते। धूमप्रभापृथिव्यां रिष्ठानामपञ्चमनरके पञ्चपटलस्थितत्रिलक्षबिलेषु नारका भवन्ति। तमःप्रभाभूमौ मघवानामषष्ठनरके त्रिपटलस्थितपञ्चोनलक्षबिलेषु नारकाः सन्ति। महातमःप्रभाभूमौ सप्तमे नरके एकपटलस्थितपञ्चबिलेषु नारका भवन्ति। एवमेकोनपञ्चाशत्पटलस्थित ४९ चतुरशीतिलक्ष ८४००००० नरकबिलेषु पूर्वपापोदयकर्मपीडिताः पञ्चप्रकारदुःखाक्रान्ता नारका भवन्ति। रत्नप्रभादिपृथिवीनां प्रत्येकं घनोदधि-घनवाततनुवातत्रयमाधारभूतं भवतीति विज्ञेयम्। अच्छुण स्थानं गतम् ॥ १४६ ॥ अथ तेजस्कायिकादिजीवानां संख्यां गाथापञ्चकेनाह—

[1]बादर-पज्जत्ति-जुदा घण-आवलिया-असंख-भागा दु।
किंचूण[2]-लोय-मित्ता तेऊ-वाऊ जहा-कमसो ॥ १४७ ॥

[छाया-बादरपर्याप्तियुताः घनावलिका-असंख्यभागाः तु। किंचिदूनलोकमात्राः तेजोवायवः यथाक्रमशः ॥] यथाक्रमशः अनुक्रमतः, तेऊ तेजस्कायिका जीवा बादराः स्थूलाः पर्याप्तियुक्ताः घनावलिकाऽसंख्यभागमात्राः $\frac{4}{a}$। तु पुनः, वायुकायिकाः प्राणिनः बादराः स्थूलाः पर्याप्ताः किंचिन्न्यूनलोकमात्राः। गोम्मटसारे च तन्मानमुक्तमाह।

उसके तीन भाग हैं। तीसरा अब्बहुल भाग अस्सी हजार योजन मोटा है। उसमें घर्मा नामका प्रथम नरक है। उस नरकमें तेरह पटल हैं, और तेरह पटलोंमें तीस लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे शर्कराप्रभा नामकी भूमिमें वंशा नामका दूसरा नरक है। उस नरकमें ग्यारह पटल हैं और उन पटलोंमें पच्चीस लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे वालुकाप्रभा नामकी पृथिवीमें मेघा नामका तीसरा नरक है। उसमें नौ पटल हैं। उन पटलोंमें पन्द्रह लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे पङ्कप्रभा नामकी भूमिमें अंजना नामका चौथा नरक है। उस नरकमें सात पटल हैं। उन पटलोंमें दस लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे धूमप्रभा नामकी पृथिवीमें अरिष्टा नामका पांचवा नरक है। उस नरकमें पांच पटल हैं। उन पटलोंमें तीन लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे तमःप्रभा नामकी पृथ्वीमें मघवी नामका छठा नरक है। उसमें तीन पटल हैं। उन पटलोंमें पांच कम एक लाख बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। उसके नीचे महातमःप्रभा नामकी पृथिवीमें माघवी नामका सातवां नरक है। उसमें एकही पटल है और उस एक पटलमें कुल पाँच बिल हैं। उन बिलोंमें नारकी रहते हैं। इस तरह सातों नरकोंके ४९ पटलोंमें कुल चौरासी लाख बिल हैं। और इन बिलोंमें पूर्वजन्ममें उपार्जित पापकर्मसे पीड़ित और पांच प्रकारके दुःखोंसे घिरे हुए नारकी निवास करते हैं। रत्नप्रभा आदि सातों पृथिवियोंमेंसे प्रत्येकके आधारभूत घनोदधि, घन और तनु ये तीन वातवलय हैं ॥ १४६ ॥ अब पांच गाथाओंसे तेजस्कायिक आदि जीवोंकी संख्या कहते हैं। **अर्थ**–बादर पर्याप्त तेजस्कायिक और वायुकायिक जीव क्रमसे घनावलीके असंख्यातवें भाग और कुछ कम लोक प्रमाण हैं ॥ **भावार्थ**–क्रमानुसार बादर पर्याप्त तेजस्कायिक जीव घनावलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं। और बादर पर्याप्त वायुकायिक जीव कुछ कम लोक प्रमाण हैं। गोम्मटसारमें उसका प्रमाण इस प्रकार बतलाया है–'घनावलीके असंख्यातवें भाग प्रमाण तो बादर पर्याप्त तेजस्कायिक जीव हैं और लोक-

---

१ ब ग बादर। २ स ग किंचूणा।

"विदावलिलोगाणमसंख सख च तेउवाऊणं। पजत्ताण पमाण तेहिं विहीणा अपज्जत्ता।" वृन्दावलेरसंख्यातमक्तैक-भागमात्राः बादरतेजस्कायिकपर्याप्तजीवा भवन्ति ⁸⁄ₐ। तथा लोकस्य सख्यातमक्तैकमागप्रमिताः बादरवायुकायिक-पर्याप्तजीवा भवन्ति ≡ ॥ १४७ ॥
　　　　　　　　　　　　　　　१

पुढवी-तोय[1]-सरीरा पत्तेया वि य पइट्ठिया इयरा।
होंति[2] असंखा सेढी पुण्णापुण्णा य तह य तसा ॥ १४८ ॥

[छाया-पृथ्वीतोयशरीराः प्रत्येकाः अपि च प्रतिष्ठिताः इतरे। भवन्ति असंख्यातश्रेणयः पूर्णापूर्णाः च तथा च त्रसाः ॥] पृथिवीकायिका जीवाः १, तोयकायिका जीवाः २, प्रत्येकाः प्रत्येकवनस्पतिकायिका जीवाः ३, अपि च प्रतिष्ठितप्रत्येकवनस्पतिकायिका जीवाः ४, इतरे अप्रतिष्ठितप्रत्येकवनस्पतिकायिकाः ५, एते सर्वेऽपि पूर्णापूर्णाश्च पर्याप्ता अपर्याप्ताश्च १०। एते दश प्रकाराः प्रत्येकं असंख्यातश्रेणिमात्राः-a। तह य तसा तथा च त्रसाः पर्याप्ता अपर्याप्ताश्च। एतेऽपि दशप्रकारा भवन्ति द्वित्रिचतुरिन्द्रियपञ्चेन्द्रियसंज्ञ्यसंज्ञिभेदात्। एतेऽपि असंख्यातश्रेणिमात्राः भवन्ति =/४/२/a। पज्जत्तकाय =/४/५। अपज्जत्तकाय =/४/a-५ ॥ १४८ ॥

बादर[3]-लद्धि-अपुण्णा[4] असंख-लोया हवंति पत्तेया।
तह य अपुण्णा सुहुमा पुण्णा वि य संख-गुण-गणिया ॥ १४९ ॥

राशिके संख्यातवें भाग प्रमाण बादर पर्याप्त वायुकायिक जीव हैं। और बादर तेजस्कायिक तथा बादर वायुकायिक जीवोंके प्रमाणोंमेंसे बादर पर्याप्त तेजस्कायिकोंका तथा बादर पर्याप्त वायुकायिक जीवोंका प्रमाण कम कर देनेसे जो शेष रहे उतना बादर अपर्याप्त तेजस्कायिक तथा बादर अपर्याप्त वायुकायिक जीवोंका प्रमाण होता है।' इस प्रकार घनावलीके असंख्यात भागोंमेंसे एक भाग प्रमाण बादर पर्याप्त तेजस्कायिक जीव होते हैं। और कुछ कम लोक प्रमाण (गोम्मटसारके मतसे लोकके संख्यात भागोंमेंसे एक भाग प्रमाण) बादर वायुकायिक पर्याप्त जीव होते हैं ॥ १४७ ॥ अब पृथिवी कायिक आदि जीवोंकी संख्या कहते हैं। **अर्थ**–पृथिवीकायिक, अप्कायिक, प्रत्येक वनस्पतिकायिक, प्रतिष्ठित और अप्रतिष्ठित तथा त्रस, ये सब पर्याप्त और अपर्याप्त जीव जुदे जुदे असंख्यात जगत्-श्रेणिप्रमाण होते हैं ॥ **भावार्थ**–पृथिवीकायिक जीव, जलकायिक जीव, प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव, प्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव, अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव ये सब पर्याप्त और अपर्याप्तिके भेदसे दस हुए। इन दसों प्रकारके जीवोंमेंसे प्रत्येकका प्रमाण असंख्यात जगत्श्रेणि है। तथा त्रस भी दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, असंज्ञिपञ्चेन्द्रिय और संज्ञिपञ्चेन्द्रियके भेदसे पांच प्रकारके होते हैं। तथा ये पांचों पर्याप्त और अपर्याप्तके भेदसे दो प्रकारके होते हैं। ये दसों प्रकारके त्रस जीव भी असंख्यात जगतश्रेणि प्रमाण होते हैं ॥ १४८ ॥ **अर्थ**–प्रत्येक वनस्पतिकायिक बादर लब्ध्यपर्याप्तक जीव असंख्यात लोक प्रमाण हैं। सूक्ष्म अपर्याप्तक जीव भी असंख्यात लोक प्रमाण हैं और सूक्ष्मपर्याप्तक जीव संख्यातगुने हैं। **भावार्थ**–प्रत्येक वनस्पति कायिक बादर लब्ध्यपर्याप्तक जीव असंख्यात लोक प्रमाण हैं। सूक्ष्मलब्ध्यपर्याप्तक जीव भी यद्यपि असंख्यात लोक प्रमाण हैं। किन्तु उनसे संख्यातगुने हैं। तथा सूक्ष्म पर्याप्त जीव उनसेभी संख्यातगुने हैं ॥ [यहां जो संख्या बतलाई

---

१ ग पुढवीयतोय। २ ब हुंति। ३ ब बायर। ४ म स ग लद्धियपुण्णा।

[छाया-बादरलब्ध्यपूर्णाः असंख्यलोकाः भवन्ति प्रत्येकाः। तथा च अपूर्णाः सूक्ष्माः पूर्णाः अपि च संख्यगुणगणिताः ॥] पत्तेया प्रत्येकवनस्पतिकायिका बादरलब्ध्यपर्याप्तकाः असख्यातलोकमात्रा ≡a भवन्ति तह य तथा च सुहुमा सूक्ष्माः अपुण्णा लब्ध्यपर्याप्तका सख्यातगुणितक्रमाः स्युः। अपि पुनः, सूक्ष्माः पर्याप्ताः संख्यातगुणाकारगुणितक्रमा भवन्ति ॥१४९॥

सिद्धा संति अणंता सिद्धाहितो[1] अणंत-गुण-गुणिया।
होंति णिगोदा जीवा भागमणंतं अभव्वा य ॥१५०॥

[छाया-सिद्धाः सन्ति अनन्ताः सिद्धेभ्यः अनन्तगुणगुणिताः। भवन्ति निगोदाः जीवाः भागमनन्तं अभव्याः च ॥] सिद्धा सिद्धपरमेष्ठिनः कर्मकलङ्कविमुक्तजीवाः अनन्ता द्विकवारानन्तसंख्योपेताः सन्ति भवन्ति। सिद्धाहितो सिद्धेभ्यः सिद्धराशेः निगोदा जीवाः, नि नियतां गां भूमिं क्षेत्रं ददातीति अनन्तानन्तजीवानाम् इति निगोदाः साधारणजन्तवोऽनन्तगुणकारगुणिताः १३≡भवन्ति। च पुनः, अभव्या जीवा सिद्धानन्तैकभागमात्रा जघन्ययुक्तानन्तमात्रा भवन्ति ॥१५०॥

सम्मुच्छिमा[2] हु मणुया सेढिय[3]संखिज्ज-भाग-मित्ता हु।
गब्भज-मणुया सव्वे संखिज्जा होंति णियमेण ॥१५१॥

हैं उसमें और गोम्मटसारमें बतलाई हुई संख्यामें अन्तर हैं। तथा इस गाथामें जो 'पत्तेया' शब्द है उसका अर्थ टीकाकारने प्रत्येक वनस्पतिकायिक किया है। किन्तु मुझे यह अर्थ ठीक प्रतीत नहीं होता। क्योंकि यदि ऐसा अर्थ किया जाये तो प्रथम तो चूंकि प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव सब बादर ही होते हैं। अतः प्रत्येक वनस्पति बादर लब्ध्यपर्याप्तक कहना उचित नहीं जंचता। दूसरे, शेष पृथिवीकायिक आदि बादर लब्ध्य पर्याप्तकोंकी संख्या बतलानेसे रह जाती है। अतः 'पत्तेया'का अर्थ यदि प्रत्येक मात्र किया जाये तो अर्थको संगति ठीक बैठती है। अर्थात् प्रत्येक पृथिवीकायिक आदि बादर लब्ध्यपर्याप्तकोंका प्रमाण असंख्यात लोक है। ऐसा अर्थ करनेसे बादर लब्ध्यपर्याप्तकोंका प्रमाण बतलाकर फिर सूक्ष्मलब्ध्यपर्याप्तकोंका प्रमाण बतलाना और फिर सूक्ष्म पर्याप्तकोका प्रमाण बतलाना ठीक और संगत प्रतीत होता है। अनु०] ॥ १४९ ॥ **अर्थ**-सिद्ध जीव अनन्त हैं। सिद्धोंसे अनन्तगुने निगोदिया जीव हैं। और सिद्धोंके अनन्तवें भाग अभव्य जीव है ॥ **भावार्थ**-कर्मकलङ्कसे रहित सिद्धपरमेष्ठी जीव अनन्तानन्त हैं। जो एक सीमित स्थानमें अनन्तानन्त जीवोंको स्थान देते हैं उन्हें निगोदिया अथवा साधारणवनस्पतिकायिक जीव कहते हैं। सिद्ध जीवोंकी राशिसे अनन्तगुने निगोदिया जीव हैं। तथा सिद्ध राशिके अनन्तवें भाग अभव्य जीव हैं, जो जघन्य युक्तानन्त प्रमाण होते है। सारांश यह है कि अनन्तके तीन भेद हैं परीतानन्त, युक्तानन्त और अनन्तानन्त। इनमेंसे भी प्रत्येकके जघन्य मध्यम और उत्कृष्टकी अपेक्षासे तीन तीन भेद हैं। सो सिद्ध जीव तो अनन्तानन्त हैं, क्योंकि अनादिकालसे जीव मोक्ष जारहे हैं। निगोदिया जीव सिद्धोंसे भी अनन्तगुने हैं, क्योंकि एक एक निगोदिया शरीरमें अनन्त निगोदिया जीव रहते हैं। तथा अभव्य जीव, जो कभी मोक्ष नहीं जा सकेंगे, जघन्य युक्तानन्त प्रमाण हैं। यह राशि सिद्ध राशिको देखते हुये उसके अनन्तवें भाग मात्र है ॥ १५० ॥ **अर्थ**-सम्मूर्छन मनुष्य जगत्श्रेणिके

---

१ म सिद्धाहितो। २ ब सम्मुच्छिमा, ल म स सम्मुच्छिया, ग सम्मुच्छिया। ३ ब सेढिअसं०। ब संखा छ। देवा वि इत्यादि।

छाया-संमूर्छना: खलु मनुजा: श्रेण्यसंख्यातभागमात्रा:खलु । गर्भजमनुजा: सर्वे संख्याता: भवन्ति नियमेन ॥] सम्मूर्च्छना मनुष्या लब्ध्यपर्याप्तका एव । सेढियसंखिज्जभागमित्ता श्रेणेरसंख्यातैकभागमात्रा: A भवन्ति । नियमत: सर्वे गर्भजमनुष्या: संख्यातमात्रा: ७। तथा गोम्मटसारे मनुष्यगतिजीवसंख्यां गाथात्रयेणोक्तं च । "सेढी सूई-अगुलआदिमतदियपदभाजिदेगूणा । सामण्णमणुसरासी पंचमकदिघणसमा पुण्णा ॥" जगच्छ्रेणि सूच्यङ्गुलस्य प्रथम-मूलतृतीयमूलाभ्यां भक्त्वा तल्लब्धे एकरूपेऽपनीते स राशि: सामान्यमनुष्यराशि: स्यात् । ~~ । द्विरूपवर्गधारासंबन्धि-पञ्चमवर्गस्य बादालसंज्ञस्य घनप्रमाणा: पर्याप्तमनुष्या भवन्ति । ४२= । ४२= । ४२= । अस्मिन् राशौ परस्परं गुणिते यल्लब्धं तं राशिमक्षरसंज्ञयाङ्कक्रमेण कथयति । 'तललीनमधुगविमलं धूमसिलागाविचोरभयमेरू । तटहरिखझसा होंति हु माणुसपज्जत्तसंखंका ॥" सप्तचतुर्वारकोटिद्वानवतिलक्षाष्टाविंशतिसहस्रैकशतद्वाषष्टित्रिवारकोट्येकपञ्चाशल्लक्षद्वा-चत्वारिंशत्सहस्रषट्शतत्रिचत्वारिंशद्द्विवारकोटिसप्तत्रिंशल्लक्षैकोनषष्टिसहस्रत्रिशतचतु:पञ्चाशत्कोट्येकाष्टचत्वारिंशल्लक्ष-पञ्चाशत्सहस्रत्रिशतषट्त्रिंशत्प्रमिता पर्याप्तमनुष्याणां संख्या भवति । ७,९२२८१६२,५१४२६४३,३७५९३५४-, ३९५०३३६ । 'पज्जत्तमणुस्साणं तिचउत्थो माणुसीण परिमाण । सामण्णा पुण्णूणा मणुव अपज्जत्तगा होंति ॥' पर्याप्त-मनुष्यराशे: त्रिचतुर्भागो मानुषीणां द्रव्यस्त्रीणां परिमाणं भवति । ४२=४२=४२=¾ । सामान्यमनुष्यराशौ पर्याप्त-मनुष्यराशावपनीते अपर्याप्तमनुष्यप्रमाणं भवति ~~ -७। इति संख्या गता । १५१ ॥ अथ सान्तरमार्गणामाह-

---

असंख्यातवे भाग मात्र हैं । और गर्भज मनुष्य नियमसे संख्यातही हैं ॥ **भावार्थ**-सम्मूर्छन मनुष्य लब्ध्य-पर्याप्तक ही होते हैं । उनका प्रमाण श्रेणिके असंख्यातवें भाग मात्र है । तथा सब गर्भज मनुष्य नियमसे संख्यात ही होते हैं। गोम्मटसारमें भी तीन गाथाओंके द्वारा मनुष्य गतिमें जीवोंकी संख्या इस प्रकार बतलाई है-सूच्यंगुलके प्रथम वर्गमूल और तृतीय वर्गमूलसे जगत् श्रेणिमें भाग दो । जो लब्ध आवे उसमें एक कमकर लो । उतना ही सामान्य मनुष्यराशिका प्रमाण है । तथा द्विरूप वर्गधारा सम्बन्धी पांचवे वर्गका, जिसे बादाल कहते हैं, घन प्रमाण पर्याप्त मनुष्योंका प्रमाण हैं । आशय यह है कि दोसे लेकर जो वर्गकी धारा चलती है उसे द्विरूपवर्गधारा कहते हैं । जैसे २ × २ = ४ यह प्रथम वर्ग है । ४ × ४ = १६ यह दूसरा वर्ग है । १६ × १६ = २५६ यह तीसरा वर्ग है । २५६ × २५६ = ६५५३६ यह चौथा वर्ग है । ६५५३६ × ६५५३६ = ४२९४९६७२९६ यह पांचवां वर्ग है । इसके शुरूके ४२ के अंकके ऊपरसे इस संख्याका संक्षिप्त नाम बादाल है । इस बादालको तीन वार परस्परमें गुणा करनेसे (४२९४९६७२९६ × ४२९४९६७२९६ × ४२९४९६७२९६) जो राशि पैदा होती है गोम्मटसारमें अक्षरोंके संकेतके द्वारा एक गाथामें उस राशिको इसप्रकार बतलाया है'तललीनमधुगविमलं धूमसिलागाविचोरभयमेरू। तटहरिखझसा होंति हु माणुसपज्जत्तसंखंका।' ॥ २ ॥ इसका अर्थ समझनेके लिये अक्षरोंके द्वारा अंकोंको कहनेकी विधि समझ लेनी चाहिये जो इस प्रकार है--ककारसे लेकर झकार तकके नो अक्षरों से एकसे लेकर नो तकके अंक लेना चाहिये । इसी तरह टकारसे लेकर धकार तकके नौ अक्षरोंसे एक, दो; तीन आदि अंक लेना चाहिये । इसी तरह पकरसे लेकर मकार तकके अक्षरोंसे एक दो आदि पांच अंक तक लेना चाहिये । इसी तरह यकारसे लेकर हकार तकके आठ अक्षरोंसे क्रमश: एकसे लेकर आठ अंक तक लेना चाहिये । जहां कोई स्वर हो, या ञकार हो अथवा नकार लिखा हो तो वहाँ शून्य लेना । सो यहाँ इस विधिसे अक्षरोंके द्वारा अंक कहे है । उन अंकोंको बाई ओरसे लिखनेसे वे इस प्रकार होते हैं—७,९२२८१६२,५१४२६४३,३७५-९३५४,३९५०३३६ । सो सात कोड़ाकोड़ी कोड़ाकोड़ी, बानवे लाख अठाईस हजार एकसो बासठ

देवा वि णारया वि य लद्धियपुण्णा हु संतरा[1] होंति ।
सम्मुच्छिया[2] वि मणुया सेसा सव्वे णिरंतरया ॥ १५२[3] ॥

[छाया–देवाः अपि नारका. अपि च लब्ध्यपूर्णाः खलु सान्तराः भवन्ति । सम्मूर्छिताः अपि मनुजाः शेषाः सर्वे निरन्तरकाः ॥] देवा वि य देवाः, अपि पुन., नारकाः अपि च, अपिशब्दात् देवाना नारकाणां च उत्पत्तिमरणान्तरं लभ्यते । चतुर्णिकायदेवाना सप्तनरके नारकाणा च गोम्मटसारादौ अन्तरप्रतिपादनात् । हु स्फुटम् । लब्ध्यपर्याप्ताः सम्मूर्च्छनमनुष्या. पल्यासंख्यभागमात्रान्तरमु-कृष्टेन, शेषा. एकेन्द्रियादय सर्वे निरन्तराः अन्तररहिता' । तथा गोम्मटसारे गाथात्रयेण प्रोक्तं च । "उवसमसुहुमाहारे वेगुव्वियमिस्सणरअपज्जत्ते । सासणसम्मे मिस्से सांतरगा मग्गणा अट्ठ ॥ सत्तदिणा छम्मासा वासपुधत्तं च बारस मुहुत्ता । पल्लासंख तिण्हं वरमवरं एकसमओ दु ॥" लोके नानाजीवापेक्षया विवक्षितगुणस्थान मार्गणास्थान वा त्यक्त्वा गुणान्तरे मार्गणास्थानान्तरे वा गत्वा पुनर्यावत्तद्विवक्षितगुणस्थान मार्गणास्थानं वा नायाति तावान् काल' अन्तर नाम । तत्रोत्कृष्टेनौपशमिकसम्यग्दृष्टीना सप्तदिनानि ७ । तदनन्तर कश्चित् स्यादेवेत्यर्थः । सूक्ष्मसांपरायसंयमिना षण्मासा' ६ । आहारकतन्मिश्रकाययोगिना वर्षपृथक्त्व ४ । त्रितयादुपरि नवकादध. पृथक्त्वमित्यागमसंज्ञा । वैक्रियिकमिश्रकाययोगिना द्वादशमुहूर्ता. । लब्ध्यपर्याप्तकमनुष्याणा सासादनसम्यग्दृष्टीना सम्यग्मिथ्यादृष्टीना च प्रत्येक पल्यासंख्यातैकभागमात्रम् । उप० दि० ७ । सूक्ष्मसाप० मास ६ । वैक्रियिक मिश्र मुहु० १२ । णर अ० प / a । सासादन प / a । मिश्र प / a । एव सान्तरमार्गणा अष्टौ तासा जघन्येनान्तरमेकसमय एव ज्ञातव्यः । "पढमुवसमसहिदाए विरदाविरदीए चोद्दसा दिवसा । विरदीए पण्णरसा विरहिदकालो दु बोद्धव्वो ॥" विरहकाल. उत्कृष्टेनान्तर प्रथमोपशमसम्यक्त्वसहितायाः विरताविरते. अणुव्रतस्य चतुर्दश दिनानि १४ । तत्प्रथमोपशमसम्यक्त्वसहितविरतेमहाव्रतस्य पञ्चदश दिनानि १५ । तु पुन , द्वितीयसिद्धान्तापेक्षया चतुर्विंशतिदिनानि २४ । इदम् उपलक्षणम् इत्येकजीवापेक्षयाप्युक्तमार्गणानामन्तरं प्रवचनानुसारेण बोद्धव्यम् ॥ अन्तरं गतम् ॥१५२॥

मणुयादो णेरइया णेरइयादो असंख-गुण-गुणिया[4] ।
सव्वे हवंति देवा पत्तेय-वणप्फदी[5] तत्तो ॥ १५३ ॥

कोड़ाकोड़ाकोड़ी, इक्यावन लाख बयालीस हजार छसौ तेतालीस कोड़ाकोड़ी सैंतीस लाख उनसठ हजार तीन सौ चौवन कोड़ी, उनतालीस लाख पचास हजार तीन सौ छत्तीस, इतनी पर्याप्त मनुष्योंकी संख्या जनना चाहिये । तथा पर्याप्त मनुष्योंकी इस संख्याके चार भाग करो । उसमेंसे तीन भाग प्रमाण मनुष्यिणी हैं । और सामान्य मनुष्य राशिमेंसे पर्याप्त मनुष्योंकी संख्याको घटानेसे जो शेष रहे उतना अपर्याप्त मनुष्योंका प्रमाण है । इस प्रकार गोम्मटसारमें भी मनुष्योंका प्रमाण कहा है ॥ संख्याका वर्णन समाप्त हुआ ॥१५१॥ अब सान्तरमार्गणा बतलाते हैं । **अर्थ**–देव नारकी, और लब्ध्यपर्याप्तक सम्मूर्छन मनुष्य, ये तो सान्तर अर्थात् अन्तर सहित हैं । और बाकीके सब जीव निरन्तर हैं **भावार्थ**–देवों और नारकियोंमें जन्म और मरणका अन्तरकाल पाया जाता है, क्यों कि गोम्मटसार वगैरह ग्रन्थोंमें चार प्रकारके देवोंका और सातवें नरकमें नारकियोंका अन्तर काल कहा है । सम्मूर्छन जन्मवाले लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्योंका उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भाग है । बाकीके एकेन्द्रिय आदि सब जीव अन्तर रहित है, वे सदा पाये जाते हैं । गोम्मटसारमें तीन गाथाओंके द्वारा सान्तर मार्गणाओंका कथन किया है । यह कथन नाना जीवोंकी अपेक्षासे है । विवक्षित गुणस्थान अथवा मार्गणास्थानको छोड़कर अन्य किसी गुणस्थान अथवा मार्गणास्थानको चला जाये और उस

---

१ ल म स ग सातरा । २ ब ग समुच्छिया । ३ ब अंतरं ॥ मणुयादो इत्यादि । ४ स गुणिया । ५ ग वणप्पदी ।

[छाया–मनुजात् नैरयिकाः नैरयिकात् असंख्यगुणगुणिताः । सर्वे भवन्ति देवाः प्रत्येकवनस्पतयः ततः ॥] मणुयादो सामान्यमनुष्यराशितः सूच्यङ्गुलप्रथमतृतीयमूलभक्तश्रेणिमात्र $\frac{-}{1}\,\frac{\wedge}{3}$ । णेरइया नारकाः असंख्यातगुणाः घनाङ्गुलद्वितीयमूलजगच्छ्रेणिमात्रा–२ मू । ततो नारकराशितः सर्वदेवा असंख्यातगुणाः ४।६५=, ॥ /१/७/१ तत असंख्यातगुणाः ≡a ॥ १५३ ॥

पंचक्खा चउरक्खा लद्धियपुण्णा[1] तहेव तेयक्खा ।
वेयक्खा वि य कमसो विसेस-सहिदा[2] हु सव्व-संखाए[3] ॥ १५४ ॥

[छाया—पञ्चाक्षाः चतुरक्षाः लब्ध्यपूर्णाः तथैव त्र्यक्षाः । द्व्यक्षाः अपि च क्रमशः विशेषसहिताः खलु सर्वसंख्यया ॥] पचक्खा लब्ध्यपर्याप्ताः पञ्चेन्द्रियास्तिर्यञ्चः संख्यातघनाङ्गुलभक्तजगत्प्रतरमात्राः ४ । ततः चतुरिन्द्रिया लब्ध्यपर्याप्ता विशेषेणाधिकाः तहेव तथैव त्रीन्द्रिया लब्ध्यपर्याप्ता विशेषाधिकाः । ततः वेयक्खा द्वीन्द्रिया लब्ध्यपर्याप्ताः विशेषाधिकाः कमसो क्रमेण सर्वसंख्यया ॥ १५४ ॥

विवक्षित गुणस्थान या मार्गणास्थानको जब तक प्राप्त न हो उतने कालको अन्तर काल कहते हैं। सो नाना जीवोंकी अपेक्षा उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंका अन्तरकाल सात दिन है। अर्थात् तीनों लोकोंमें कोई जीव उपशम सम्यक्त्वी न हो तो अधिकसे अधिक सात दिन तक नहीं होगा, उसके बाद कोई अवश्य उपशम सम्यक्त्वी होगा। इसी तरह सबका अन्तर समझना चाहिये। सूक्ष्म साम्पराय संयमका अन्तरकाल छै महिना है। छै महिनेके बाद कोई न कोई जीव सूक्ष्म साम्पराय संयमी अवश्य होगा। आहारक और आहारक मिश्रकाययोगका उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है। तीन से ऊपर और नौसे नीचेकी संख्याको पृथक्त्व कहते हैं। सो इन दोनोंका अन्तर तीन वर्षसे अधिक और नौ वर्षसे कम है। इतने कालके बाद कोई आहारककाययोगी अवश्य होगा। वैक्रियिक मिश्र काययोगका उत्कृष्ट अन्तर बारह मुहूर्त है। बारह मुहूर्तके बाद देवों और नारकियोंमें कोई जीव अवश्य जन्म लेगा। तथा लब्ध्यपर्याप्तक मनुष्य, सासादन गुणस्थानवर्ती और मिश्र गुणस्थानवर्ती जीव, इन तीनोंमेंसे प्रत्येकका अन्तर पल्यके असंख्यातवे भाग है। यह आठ सान्तर मार्गणा हैं। इनका जघन्य अन्तर एक समय है॥ तथा प्रथमोपशमसम्यक्त्व सहित पंचमगुणस्थानवर्ती जीवका अन्तर काल चौदह दिन है। और प्रथमोपशम सम्यक्त्व सहित महाव्रतीका अन्तरकाल पन्द्रह दिन है। और दूसरे सिद्धान्तकी अपेक्षा चौबीस दिन है। इस तरह नाना जीवोंकी अपेक्षा यह अन्तर कहा है। इन मार्गणाओंका एक जीवकी अपेक्षा अन्तर अन्य ग्रन्थोंसे जानलेना चाहिये। अन्तरका कथन समाप्त हुआ ॥ १५२ ॥ अब जीवोंकी संख्याको लेकर अल्पबहुत्व कहते हैं। **अर्थ–**मनुष्योंसे नारकी असंख्यातगुने हैं। नारकियोंसे सब देव असंख्यात गुने हैं। देवोंसे प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव असंख्यात गुने हैं ॥ **भावार्थ–**सूच्यंगुलके प्रथम और तृतीय वर्गमूलसे भाजित जगतश्रेणि प्रमाण तो सामान्य मनुष्यराशि है। सामान्य मनुष्यराशिसे असंख्यात गुने नारकी हैं। नारकियोंकी राशिसे सब देव असंख्यात गुने हैं और सब देवोंसे प्रत्येक वनस्पति जीव असंख्यात गुने हैं ॥ १५३ ॥ **अर्थ–**पञ्चेन्द्रिय, चौइन्द्रिय, तेइन्द्रिय और दोइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्तक जीव संख्याकी अपेक्षा क्रमसे विशेष अधिक हैं ॥ **भावार्थ–**लब्ध्यपर्याप्तक पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च संख्यात घनांगुलसे भाजित जगत

१ ब लद्धिअपुण्णा तहेय । २ ब विसेसिसहवा, ग विसेससहिदा । ३ स सव्वाय, म सव्वजए ।

चउरक्खा पंचक्खा वेयक्खा तह य जाण[1] तेयक्खा ।
एदे पज्जत्ति-जुदा अहिया अहिया कमेणेव ॥ १५५ ॥

[छाया–चतुरक्षाः पञ्चाक्षाः द्व्यक्षाः तथा च जानीहि त्र्यक्षाः । एते पर्याप्तियुताः अधिकाः अधिकाः क्रमेण एव ॥] एते चतुरिन्द्रियादयः पर्याप्तियुक्ताः क्रमेण अधिका अधिका भवन्ति । चतुरिन्द्रियपर्याप्तेभ्यः पञ्चेन्द्रियपर्याप्ताः अधिकाः स्युः । तथा च ततः पञ्चेन्द्रियपर्याप्तेभ्यः द्वीन्द्रियाः पर्याप्ताः अधिकाः । ततः द्वीन्द्रियपर्याप्तेभ्यः त्रीन्द्रियाः पर्याप्ता अधिका भवन्ति । एते चतुरिन्द्रियादय पर्याप्तियुक्ताः पर्याप्तकाः क्रमेण अधिकाधिका विशेषाधिका भवन्ति ॥१५५॥

परिवज्जिय सुहुमाणं सेस-तिरिक्खाण[2] पुण्ण-देहाणं ।
इक्को भागो होदि हु संखातीदा अपुण्णाणं ॥ १५६ ॥

[छाया–परिवर्ज्य सूक्ष्माणां शेषतिरश्चां पूर्णदेहानाम् । एकः भागः भवति खलु संख्यातीताः अपूर्णानाम् ॥] सुहुमाणं सूक्ष्माणां, परिवज्जिय वर्जयित्वा, सूक्ष्मान् जीवान् पृथ्व्यप्तेजोवायुवनस्पतिकायिकान् वर्जयित्वा इत्यर्थः । पुण्णदेहाण पर्याप्तानां शेषतिरश्चां पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतिकायिकानां बादराणाम् एको भाग संख्या भवति । हु इति स्फुटम् । अपुण्णाण लब्ध्यपर्याप्तानां तिरश्चां संखातीदा असंख्यातलोकबहुभागा भवन्ति ॥१५६॥

सुहुमापज्जत्ताणं इक्को[3] भागो हवेदि णियमेण ।
संखिज्जा[4] खलु भागा तेसिं पज्जत्ति-देहाणं ॥ १५७ ॥

प्रतर प्रमाण हैं। उनसे चौइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्त विशेष अधिक हैं। उनसे तेइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्त विशेष अधिक हैं। उनसे दोइन्द्रिय लब्ध्यपर्याप्त विशेष अधिक हैं। इस प्रकार क्रमसे ये सब जीव कुछ अधिक कुछ अधिक हैं ॥ १५४ ॥ **अर्थ**–चौइन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय, दोइन्द्रिय और तेइन्द्रिय पर्याप्त जीव क्रमसे अधिक अधिक हैं ॥ **भावार्थ**–ये पर्याप्त चौइन्द्रिय आदिजीव क्रमसे अधिक अधिक हैं। अर्थात् चौइन्द्रिय पर्याप्त जीवोंसे पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीव अधिक हैं। पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंसे दोइन्द्रिय पर्याप्त जीव अधिक हैं। दोइन्द्रिय पर्याप्त जीवोंसे तेइन्द्रिय पर्याप्त जीव अधिक हैं। इस तरह ये पर्याप्त चौइन्द्रिय आदि जीव क्रमसे अधिक अधिक हैं ॥ १५५ ॥ **अर्थ**–सूक्ष्म जीवोंको छोड़कर शेष जो तिर्यञ्च हैं, उनमें एक भाग तो पर्याप्त हैं और असंख्यात बहुभाग अपर्याप्त हैं ॥ **भावार्थ**–सूक्ष्म पृथिवीकायिक, सूक्ष्म जलकायिक, सूक्ष्म तैजस्कायिक, सूक्ष्म वायुकायिक और सूक्ष्म वनस्पतिकायिक जीवोंको छोड़कर शेष जो बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक, बादर तैजस्कायिक, बादर वायुकायिक और बादर वनस्पतिकायिक एकेन्द्रिय तिर्यञ्च हैं। उनमें एक भाग प्रमाण पर्याप्तक है और असंख्यात लोक बहु भाग प्रमाण अपर्याप्तक हैं। अर्थात्, बादर जीवोंमें पर्याप्त थोड़े होते हैं, अपर्याप्त बहुत हैं ॥ १५६ ॥ **अर्थ**–सूक्ष्म अपर्याप्त जीव नियमसे एक भाग प्रमाण होते हैं और सूक्ष्म पर्याप्त जीव संख्यात बहुभाग प्रमाण होते हैं ॥ **भावार्थ**–एकेन्द्रिय जीवोंकी राशिमें असंख्यात लोकका भाग देनेसे लब्ध एक भाग प्रमाण सूक्ष्म लब्ध्यपर्याप्तक पृथिवीकायिक आदि जीवोंका परिणाम होता है। गोम्मटसारमें जीवोंकी जो संख्या बतलाई है वह इस प्रकार है–साढ़े तीन बार लोकराशिको परस्परमें गुणा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उतना तैजस्कायिक

---

१ म जाणि । २ ल म स तिरिक्खाण । ३ ल म स ग एगो भागो हवेइ । ४ ब संखज्जा ।

[छाया–सूक्ष्मपर्याप्तानाम् एकः भागः भवति नियमेन । संख्येयाः खलु भागाः तेषां पर्याप्तदेहानाम् ॥] सुहुमा· पज्जत्ताणं सूक्ष्मलब्ध्यपर्याप्तानां पृथ्वीकायिकादिजीवानामेकेन्द्रियजीवराशेरसंख्यातलोकैकभागपरिमाणं भवति । तथा गोम्मटसारे प्रोक्तं च । "आउड्ढरासिवार लोगे अण्णोण्णसगुणे तेऊ । भूजलवाऊ अहिया पडिभागोऽसंखलोगो दु ॥" असंख्यातगुणितलोकमात्रतेजस्कायिकजीवराशिप्रमाण $\equiv a$ भवति[1] । भूजलवायुकायिकाः क्रमेण तेजस्कायिकराशितोऽधिका भवन्ति तदधिकागमननिमित्तं भागहारः प्रतिभागहारोऽसंख्यातलोकप्रमितो भवति । तत्संदृष्टिर्नवाङ्कः ९ । अधिकक्रमो दर्श्यते । तद्यथा । उक्ततेजस्कायिकराशौ $\equiv a$ अस्यैव तत्प्रतिभागहारभक्तैकभागेन $\equiv a \cdot \frac{1}{9}$ अधिकीकृते सति पृथिवीकायिकजीवराशिप्रमाण भवति $\equiv a\ \frac{10}{9}$ । पुनः अस्मिन्नेव राशौ अस्यैव तत्प्रतिभागहारभक्तैकभागेन $\equiv a\ \frac{10}{9}\ \frac{1}{9}$ अधिकीकृते सति अप्कायिकजीवराशिप्रमाण भवति । $\equiv a\ \frac{10}{9}\ \frac{10}{9}$ । पुनः अस्मिन्नेव राशौ अस्यैव प्रतिभागहारभक्तैकभागेन $\equiv a\ \frac{10}{9}\ \frac{10}{9}\ \frac{1}{9}$ अधिकीकृते सति वायुकायिकजीवराशिप्रमाणं भवति $\equiv a\ \frac{10}{9}\ \frac{10}{9}\ \frac{10}{9}$ । "अपदिट्ठिदपत्तेया असंखलोगप्पमाणया होंति । तत्तो पदिट्ठिदा पुण असंखलोगेण संगुणिदा ॥" अप्रतिष्ठितप्रत्येकवनस्पतिकायिका जीवाः यथायोग्यासंख्यातलोकप्रमाणाः भवन्ति $\equiv a$ । पुनः प्रतिष्ठितप्रत्येक·

जीवराशिका प्रमाण है । सो गुणा करनेकी पद्धति इस प्रकार है–लोकके प्रदेश प्रमाण विरलन, शलाका और देय राशि रखकर विरलन राशिका विरलन करके एक एक जुदा जुदा रखो । और प्रत्येकपर देय राशिको स्थापित करके परस्परमें गुणा करो । तथा शलाका राशिमेंसे एक घटाओ । ऐसा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उसका विरलन करके एक एक के ऊपर उसी राशिको देकर फिर परस्परमें गुणा करो और शलाका राशिमें एक घटाओ । जब तक लोकप्रमाण शलाका राशि पूर्ण न हो तब तक ऐसा ही करो । ऐसा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो, फिर उतनी ही शलाका, विरलन और देयराशिको रखकर विरलन राशिका विरलन करो और एक एकपर देयराशिको रखकर परस्परमें गुणा करो । तथा दूसरी बार रखी हुई शलाका राशिमेंसे एक घटाओ । इस तरह गुणा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उसका विरलन करके एक एकपर उसी राशिको रखकर परस्परमें गुणा करो और शलाका राशिमेंसे पुनः एक घटाओ । इस तरह दूसरी बार रक्खी हुई शलाका राशिको भी समाप्त करके जो महाराशि उत्पन्न हो, तीसरी बार उतनीही शलाका विरलन और देय राशि स्थापित करो । विरलन राशिका विरलन करके एक एक– के ऊपर देयराशिको रखकर परस्परमें गुणा करो और तीसरी बारकी शलाका राशिमेंसे एक घटाओ । ऐसा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उसका विरलन करके एक एकके ऊपर उसी राशि-- को रखकर परस्परमें गुणा करो और शलाका राशिमेंसे एक घटाओ । इस तरह तीसरी बार रक्खी हुई शलाका राशिको भी समाप्त करके अन्तमें जो महाराशि उत्पन्न हो उतनी ही विरलन और देयराशि रखो । और पहलीबार, दूसरीबार, तीसरीबार रखी हुई शलाका राशिको जोड़कर जितना प्रमाण हो उतना उस राशिमेंसे घटाकर शेष जो रहे उतनी शलाका राशि रखो । विरलन राशिका विरलन करके एक एकके ऊपर देयराशिको रखकर परस्परमें गुणा करो और चौथी बार रक्खी हुई शलाका राशिमें से एक घटाओ । ऐसा करनेसे जो राशि उत्पन्न हो उसका विरलन करके एक एकके ऊपर उसी राशिको रखकर परस्पर गुणा करो और शलाका

---

१ कुत्रचित् a संज्ञायाः स्थाने ७ सप्ताङ्कनिर्देशः दृश्यते, समानार्थत्वात् ।

वनस्पतिकायिका जीवा तेभ्यो असख्येयलोकगुणिता भवन्ति $\equiv a \equiv a$ । "तसरासिपुढविआदीचउक्कपत्तय-हीणससारी । साहारणजीवाण परिमाण होदि जिणदिट्ठं ॥" त्रसराशिना आवल्यसंख्येयभागभक्तप्रतराङ्गुलभाजितजग-त्प्रतरप्रमितेन $\frac{=}{4}$ २/a तथा पृथिव्यादिचतुष्टयेन प्रत्येकवनस्पतिराशिद्वयेन चेति राशित्रयेण विहीनः ससारराशिरेव साधार-णजीव राशिप्रमाण भवति १३$\equiv$॥"सगसग असखभागो बादरकायाण होदि परिमाण । सेसा सुहुमपमाण पडिभागो पुव्व-णिद्दिट्ठो ॥" पृथिव्यप्तेजोवायुकायिकाना साधारणवनस्पतिकायिकाना चासख्येयलोकैकभागमात्र स्वस्वबादरकायाना परिमाण भवति । शेषतत्तद्बहुभागाः सूक्ष्मकायजीवाना प्रमाणम् ॥ "सुहुमेसु सखभाग संखाभागा अपुण्णगा इदरा ।" पृथिव्यप्तेजोवायुसाधारणवनस्पतिकायिकाना ये सूक्ष्माः प्रागुक्तास्तेष्वपर्याप्ताः तत्सख्यातैकभागप्रमाणा भवन्ति । पर्याप्त-कास्तत्सख्यातबहुभागप्रमिता भवन्ति । तथा बालावबोधार्थ पुनरप्येकेन्द्रियादीना सामान्यसख्या गोम्मटसारोक्तामाह । "थावरसखपिपीलियभमरमणुस्सादिगा सभेदा जे । दुगवारमसंखेज्जाणताणता णिगोदभवा ॥" स्थावराः पृथिव्यप्तेजो-वायु प्रत्येकवनस्पतिकायिकनामानः पञ्चविधैकेन्द्रियाः, शखादयो द्वीन्द्रियाः, पिपीलिकादयस्त्रीन्द्रियाः,भ्रमरादयश्चतुरिन्द्रि-याः मनुष्यादयः पञ्चेन्द्रियाश्च, स्वस्वावान्तरभेदसहिताः प्राक्कथितास्ते प्रत्येक द्विकवारासख्यातप्रमिता भवन्ति । निगोदाः साधारणवनस्पतिकायिका अनन्तानन्ता भवन्ति ॥ अथ विशेषसख्या कथयस्तावदेकेन्द्रियसख्यामाह । "तसहीणो संसारी एयक्खा ताण सखगा भागा । पुण्णाणं परिमाण सखेज्जदिमं अपुण्णाण ॥" त्रसराशिहीनससारिराशिरेव एकेन्द्रियराशिर्भवति १३- । अस्य च सख्यातबहुभागा. पर्याप्तकपरिमाण भवति १३- । $\frac{4}{5}$ । तदेकभाग अप-र्याप्तकराशिप्रमाण भवति १३- । $\frac{1}{5}$ । अत्र सख्यातस्य सदृष्टि. पञ्चाङ्कः ५॥ अथैकेन्द्रियावान्तरभेदसख्याविशेषमाह । "बायरसुहुमा तेसि पुण्णापुण्णेत्ति छव्विहाणं पि । तक्कायमग्गणाए भणिज्जमाणक्कमो णेयो ॥" सामान्यैकेन्द्रियराशेः बादरसूक्ष्माविति द्वौ भेदौ । तयोः पुनः प्रत्येकं पर्याप्तापर्याप्ताविति चत्वारः । एव षड्भेदाना तत्कायमार्गणाया भणि-ष्यमाणः क्रमो ज्ञेयः । तथा हि । एकेन्द्रियसामान्यराशेरसंख्यातलोकभक्तैकभागो बादरैकेन्द्रियराशिप्रमाण १३-$\frac{1}{a}$,

---

राशिमेंसे एक घटाओ। इस तरह जब शलाका राशि समाप्त हो जाये तो अन्तमें जो महाराशि उत्पन्न हो उतनी ही तैजस्कायिक जीव राशि है। इस राशिमें असंख्यात लोकका भाग देनेपर जो लब्ध आवे उसे तैजस्कायिक जावोंके प्रमाणमें मिला देनेसे पृथिवीकायिक जीवोंका प्रमाण होता है। इस पृथिवीकायिक राशिमें असंख्यात लोकका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसे पृथिवी कायिक जीवोंके प्रमाणमें मिला देनेसे अप्कायिक जीवोंका प्रमाण होता है। अप्कायिक राशिमें असंख्यात लोकका भाग देनेसे जो लब्ध आवे उसे अप्कायिक जीवोंके प्रमाणमें मिला देनेसे वायुकायिक जीवोंका प्रमाण आता है। इस तरह तैजस्कायिक जीवोंसे पृथ्वीकायिक जीव अधिक हैं। उनसे अप्कायिक जीव अधिक हैं। और उनसे वायुकायिक जीव अधिक हैं ॥ १ ॥ अप्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव यथायोग्य असंख्यात लोक प्रमाण हैं। इनको असंख्यात लोकसे गुणा करने पर जो प्रमाण आवे उतने प्रतिष्ठित प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीव हैं ॥ २ ॥ आवलीके असंख्यातवें भागसे भाजित प्रतरांगुलका भाग जगत्प्रतरमें देनेसे जो लब्ध आवे उतना, त्रस राशिका प्रमाण है। इस त्रस राशिके प्रमाणको तथा ऊपर कहे गये पृथिवीकायिक, अप्कायिका तैजस्कायिक, वायुकायिक और प्रत्येक वनस्पतिकायिक जीवोंके प्रमाणको संसारी जीवोंके परिमाण मेंसे घटाने पर जो शेष रहे उतना साधारण वनस्पतिकायिक अर्थात् निगोदिया जीवोंका परिमाण होता है ॥ ३ ॥ पृथ्वी, अप्, तेज, वायु और साधारण वनस्पतिकायिक जीवोंका जो ऊपर प्रमाण कहा है उस परिमाणमें असंख्यातका भाग दो। सो एक भाग प्रमाण तो बादर कायिकोंका प्रमाण है और शेष बहुभाग प्रमाण सूक्ष्म कायिक जीवोंका प्रमाण है।

तद्बहुभागः १३–$\frac{8}{9}$ सूक्ष्मैकेन्द्रियराशिप्रमाणम् । अत्रासंख्यातलोकस्य संदृष्टिर्नवाङ्कः ९ । पुनः बादरैकेन्द्रियराशेरसं–ख्यातलोकभक्तैकभागस्तत्पर्याप्तराशिः १३–$\frac{1}{9}$ । $\frac{1}{7}$ बहुभागस्तदपर्याप्तराशिः १३–$\frac{1}{9}$ । $\frac{6}{7}$ । अत्रासंख्यातलोकस्य संदृष्टिः सप्ताङ्कः ७ । सूक्ष्मैकेन्द्रियराशेः संख्यातभक्तबहुभागस्तत्पर्याप्तराशिः १३–$\frac{8}{9}$ । $\frac{4}{5}$ तदेकभागस्तदपर्याप्तराशिः १३–$\frac{8}{9}$ । $\frac{1}{5}$ । अत्र संख्यातस्य संदृष्टिः पञ्चाङ्कः ५ । $\frac{-}{4}$/७ । पर्याप्ता १३–। $\frac{4}{9}$ । अपर्याप्ताः १३–$\frac{1}{9}$ ॥ एइंदिय १३–,बादर १३–$\frac{1}{9}$, सूक्ष्म १३–$\frac{8}{9}$ । बादर पर्या० १३–$\frac{1}{9}$ $\frac{1}{7}$, बादर अपर्या० १३–$\frac{1}{9}$ $\frac{6}{7}$ । सूक्ष्मपर्याप्त १३–$\frac{8}{9}$ $\frac{4}{5}$, सूक्ष्म अपर्या० १३–$\frac{8}{9}$ $\frac{1}{5}$ ॥ असखिज्जलोयस्स सदिट्ठी ९ । ७ । सख्यातस्य संदृष्टिः ५ ।

जैसे पृथिवीकायिकोंके परिमाणमें असंख्यातका भाग देनेसे एक भाग प्रमाण बादर पृथ्वीकायिक जीवोंका परिमाण है और शेष बहु भाग प्रमाण सूक्ष्म पृथिवीकायिक जीवोंका परिमाण है । इसी तरह सबका समझना । यहां भी भागहारका प्रमाण जो पहले असंख्यात लोक कहा है वही है ॥ ४ ॥ पृथ्वी, अप्, तेज, वायु और साधारण वनस्पतिकायिक सूक्ष्म जीवोंका जो पहले प्रमाण कहा है उसमेंसे अपने अपने सूक्ष्म जीवोंके प्रमाणमें संख्यातका भाग देनेसे एक भाग प्रमाण तो अपर्याप्त हैं और शेष बहुभाग प्रमाण पर्याप्त हैं । अर्थात् सूक्ष्म जीवोंमें अपर्याप्त राशिसे पर्याप्त राशिका प्रमाण बहुत है; इसका कारण यह है कि अपर्याप्त अवस्थाके कालसे पर्याप्त अवस्थाका काल संख्यात गुणा है ॥ ५ ॥ मन्दबुद्धि जनोंको समझाने के लिये गोम्मटसारमें कही हुई एकेन्द्रिय आदि जीवोंकी सामान्य संख्याको फिर भी कहते हैं—'पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, प्रत्येक वनस्पति ये पांच प्रकारके एकेन्द्रिय, शंख वगैरह दो इन्द्रिय, चींटी वगैरह तेइन्द्रिय, भौंरा वगैरह चौइन्द्रिय और मनुष्य वगैरह पंचेन्द्रिय जीव अलग अलग असंख्यातासंख्यात हैं । और निगोदिया जीव जो साधारण वनस्पतिकायिक होते हैं, वे अनंतानन्त हैं ॥ १ ॥ सामान्य संख्याको कहकर विशेष संख्या कहते हैं । सो प्रथम एकेन्द्रिय जीवोंकी संख्या कहते हैं– 'संसारी जीवोंके प्रमाणमेंसे त्रस जीवोंका प्रमाण घटाने पर एकेन्द्रिय जीवोंका परिमाण होता है, एकेन्द्रिय जीवोंके परिमाणमें संख्यातका भाग देने पर एक भाग प्रमाण अपर्याप्त एकेन्द्रियोंका परिमाण है और शेष बहुभाग प्रमाण पर्याप्त एकेन्द्रियोंका परिमाण है ॥ २ ॥' आगे एकेन्द्रिय जीवोंके अवान्तर भेदोंकी संख्या कहते हैं—'सामान्य एकेन्द्रिय जीवों के दो भेद हैं—एक बादर और एक सूक्ष्म । उनमेंसे भी प्रत्येकके दो दो भेद हैं—एक पर्याप्त और एक अपर्याप्त । इस तरह ये चार भेद हुए । इन छहों भेदोंकी संख्या इस प्रकार है—सामान्य एकेन्द्रिय जीव राशिमें असंख्यात लोकका भाग दो । उसमें एक भाग प्रमाण तो बादर एकेन्द्रिय हैं और शेष बहुभाग प्रमाण सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीव हैं । बादर एकेन्द्रियोंके परिमाणमें असंख्यात लोकका भाग दो । उसमें एक भाग प्रमाण पर्याप्त हैं और शेष बहुभाग प्रमाण अपर्याप्त हैं । तथा सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवोंके परिमाणमें संख्यातका भाग दो । उसमें एक भाग प्रमाण तो अपर्याप्त हैं और शेष बहुभाग प्रमाण पर्याप्त हैं । अर्थात् बादर जीवोंमें तो पर्याप्त थोड़े हैं, अपर्याप्त ज्यादा हैं । और सूक्ष्म जीवोंमें पर्याप्त ज्यादा हैं अपर्याप्त थोड़े हैं ॥ ३ ॥ आगे त्रस जीवोंकी संख्या कहते हैं—'दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय-इस सब त्रसोंका

अथ त्रसजीवसंख्यां प्राह। "बितिचपमाणमसंखे णवहिदपदरंगुलेण हिदपरं। हीणकमं पडिभागो आवलिया-संखभागो दु ॥" द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियजीवानां सामान्यराशिप्रमाणम् असंख्यातभक्तप्रतराङ्गुलभक्तजगत्प्रतरप्रमितं भवति। अत्र द्वीन्द्रियराशिप्रमाणं सर्वाधिकम्। ततः त्रीन्द्रियराशिः विशेषहीनः। ततः चतुरिन्द्रियराशिर्विशेषहीनः। ततः पञ्चेन्द्रियराशिर्विशेषहीनः। तथा पञ्चेन्द्रियेभ्यश्चतुरिन्द्रिया विशेषेण बहवः। चतुरिन्द्रियेभ्यः त्रीन्द्रिया बहवः। त्रीन्द्रियेभ्यो द्वीन्द्रिया बहवः, तेभ्यः एकेन्द्रिया बहवः। अत्र विशेषागमननिमित्तं भागहारः प्रतिभागहारः स चावल्यसंख्येयभागमात्रः। एतेषां त्रसानां सामान्यराशेः पर्याप्तराशेः अपर्याप्तराशेश्च रचना लिख्यते। 'हारस्य हारो गुणकोंऽशराशेः' इति सूत्रेण हारहारभूतासंख्यातद्वयमंशराशेर्गुणाकारोऽभूत् ॥

बेइंदिय	तेइंदिय	चउरिंदिय	पंचेंदिय	
=८४२४ ४।४।६५६१ ७	=६१२० ४।४।६५६१ ७	=५८६४ ४।४।६५६१ ७	=५८३६ ४।४।६५६१ ७	सामण्णरासी
=६१२० ४।४।६५६१ ५	=८४२४ ४।४।६५६१ ५	=५८३६ ४।४।६५६१ ५	=५८६४ ४।४।६५६१ ५	पज्जत्तरासी स्तोक
५।६१२० =८४२४।७ ४।४।६५६१	५।८४२४ =६१२०।७ ४।४।६५६१	५।५८३६ =५८६४।७ ४।४।६५६१	५।५८६४ =५८३६।७ ४।४।६५६१	अपज्जत्तरासी बहु

परिमाण प्रतरांगुलमें असंख्यातका भाग देनेपर जो प्रमाण आवे उसका भाग जगत् प्रतरमें देने से जितना लब्ध आता है। इसमें दोइन्द्रिय जीवोंका प्रमाण सबसे अधिक है। उनसे तेइन्द्रिय जीवोंका प्रमाण कुछ कम है। तेइन्द्रिय जीवोंके प्रमाणसे चौइन्द्रिय जीवोंका प्रमाण कुछ कम है। चौइन्द्रिय जीवोंसे पञ्चेन्द्रिय जीवोंका प्रमाण कुछ कम है। तथा पञ्चेन्द्रियोंसे चौइन्द्रिय जीव विशेष अधिक हैं। चौइन्द्रियोंसे तेइन्द्रिय जीव विशेष अधिक हैं और तेइन्द्रियोंसे दोइन्द्रिय जीव विशेष अधिक हैं तथा उनसे चारों प्रकारके एकेन्द्रिय जीव बहुत हैं। यहां विशेषका प्रमाण लानेके लिये भागहार और भागहारका भागहार आवलीके असंख्यातवें भाग है ॥ टीकाकारने अपनी टीकामें एकेन्द्रिय जीवों और त्रस जीवोंकी राशि संदृष्टिके द्वारा बतलाई है। उसका खुलासा किया जाता है। एकेन्द्रिय जीवोंकी राशिकी संदृष्टि इस प्रकार है १३-। यहां तेरहका अंक संसार राशिको बतलाता है और उसके आगे यह-घटाने का चिन्ह है। सो त्रसराशिके घटानेको सूचित करता है अर्थात् संसार राशि (१३) में से त्रसराशिको घटानेसे एकेन्द्रिय जीवोंका प्रमाण आता है जिसका चिन्ह (१३-) यह है। संख्यातका चिन्ह ५ का अङ्क है। सो एकेन्द्रिय राशिमें संख्यात का भाग देनेसे बहु भाग प्रमाण पर्याप्त जीव होते हैं और एक भाग मात्र अपर्याप्त जीव होते हैं। सो पर्याप्त जीवोंकी संदृष्टि इस प्रकार है – १३–$\frac{४}{५}$। यहां बहुभागका ग्रहण करनेके लिये एकेन्द्रिय राशि (१३-)को पांच से भाग देकर चारसे गुणा करदिया है। जो यह बतलाता है कि $\frac{४}{५}$ प्रमाण पर्याप्त है और शेष $\frac{१}{५}$ अपर्याप्त है अतः अपर्याप्त राशिकी संदृष्टि इस प्रकार है १३–$\frac{१}{५}$। असंख्यात लोकका चिन्ह नौ ९ का अंक है। सामान्य एकेन्द्रिय राशिमें असंख्यात लोक (९) का भाग

देने से एक भाग बादर और बहुभाग सूक्ष्म जीव होते हैं। बादर एकेन्द्रिय जीवोंकी संदृष्टि १३-$\frac{१}{७}$ इस प्रकार है और सूक्ष्म जीवों की संदृष्टि १३-$\frac{६}{७}$ है। नीचे असंख्यात लोकका चिन्ह ७ का अंक है। सो बादर एकेन्द्रिय राशि १३-$\frac{१}{७}$ को असंख्यात लोक (७) का भाग देनेसे बहु भाग मात्र अपर्याप्त और एक भाग मात्र पर्याप्त जीव होते हैं। सो बादर एकेन्द्रिय अपर्याप्त राशिकी संदृष्टि १३-$\frac{१}{७}$।$\frac{६}{७}$ ऐसी है और बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त राशि की संदृष्टि ३१-$\frac{१}{७}$।$\frac{१}{७}$ ऐसी है। सूक्ष्म एकेन्द्रिय राशि १३-$\frac{६}{७}$ को संख्यात (५) का भाग देने पर बहु भाग प्रमाण पर्याप्त राशि और एक भाग प्रमाण अपर्याप्त राशि आती है। सो यहाँ पर्याप्त राशिकी संदृष्टि १३-$\frac{६}{७}$।$\frac{४}{५}$ यह है और अपर्याप्त राशिकी संदृष्टि १३-$\frac{६}{७}$।$\frac{१}{५}$ यह है। अब त्रस राशिकी संदृष्टिका खुलासा करते हैं वह इस प्रकार है—जगत्प्रतरका चिन्ह = यह है। प्रतरांगुलका चिन्ह ४ का अंक है। और असंख्यात का चिन्ह ७ का अंक है। प्रतरांगुलके असंख्यातवें भागका भाग जगत्प्रतरको देनेसे त्रस राशिका प्रमाण आता है। सो त्रस राशिका संकेत $\begin{matrix}=\\४\\७\end{matrix}$ यह है। आवलीके असंख्यातवें भागका संकेत नौ का अंक है। सो त्रसराशिमें आवलीके असंख्यातवें भाग (९) का भाग देकर बहु भाग निकालो। सो बहुभाग राशिका प्रमाण $\begin{matrix}=८\\४।९\\७\end{matrix}$ यह है। इसको चार हिस्सोंमें बांटनेके लिये चारका भाग देनेसे ऐसे हुआ $\begin{matrix}=८\\४।९।४\\७\end{matrix}$। यह एक एक समान भाग दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय और चौइन्द्रिय और पंचेन्द्रिय जीवोंको दे दो। शेष एकभाग रहा उसका प्रमाण $\begin{matrix}=\\४।९\\७\end{matrix}$ यह है। इसको आवलीके असंख्यातवें भाग (९) का भाग देकर बहुभाग निकाला सो $\begin{matrix}=८\\४।९।९\\७\end{matrix}$ इतना हुआ। यह दो इन्द्रियको देदो। शेष एक भाग $\begin{matrix}=\\४।९।९\\७\end{matrix}$ ऐसा रहा। इसको आवलीके असंख्यातवें भागका भाग देकर बहुभाग निकाला सो $\begin{matrix}=८\\४।९।९।९\\७\end{matrix}$ इतना हुआ। वह तेइन्द्रियको देदो। शेष एक भाग $\begin{matrix}=\\४।९।९।९\\७\end{matrix}$ रहा। इसमें भी आवली असंख्यातवें भागका भाग देनेसे बहुभाग $\begin{matrix}=८\\४।९।९।९।९\\७\end{matrix}$ ऐसा हुआ। यह चोइन्द्रियको देना। शेष एकभाग रहा $\begin{matrix}=\\४।९।९।९।९\\७\end{matrix}$ यह पञ्चेन्द्रियको देना। सम भाग और देय भागका प्रमाण इस प्रकार हुआ—

यहां देय भाग के भागहार में सब से अधिक चार बार नौ के अंक हैं। और सम

	दोइन्द्रिय	तेइन्द्रिय	चौइन्द्रिय	पञ्चेन्द्रिय
समभाग	=८ ४।९।४ ७	=८ ४।९।४ ७	=८ ४।९।४ ७	=८ ४।९।४ ७
देयभाग	=८ ४।९।९ ७	=८ ४।९।९।९ ७	=८ ४।९।९।९।९ ७	= ४।९।९।९।९ ७

भागके भागहार में नौका अंक एक ही है। इसलिये भागहार में सर्वत्र चारबार नौका अंक करने के लिये सम भाग में तीनबार नौ के अंक का गुणाकार और भागहार करो। तथा देय राशिके भाग हारमें चारका अंक नहीं है और समभागके भागहारमें चारका अंक है। इसलिये समच्छेद करने के लिये देयराशिमें सर्वत्र चारका गुणाकार और भागहार रखो। तो सर्वत्र चार बार नौके अंकका भागहार करना है अतः चूंकि दो इन्द्रियकी देय राशिमें दो बार नौके अंकका भागहार है इस लिये वहां दो बार नौके अंकको गुणाकार और भागहारमें रखो। तेइन्द्रियकी देयराशिमें तीनबार नौके अंकका भागहार है अतः वहां एक बार नौके अंकको गुणाकार और भागहारमें रक्खो। चौइन्द्रिय और पञ्चेन्द्रियकी देय राशिमें चार बार नौ का भागहार है ही, अतः वहां और गुणाकार और भागहार रखनेकी जरूरत नहीं है। इस तरह समच्छेद करनेपर समभाग और देय भाग की स्थिति इस प्रकार होती है—

यहां समभागका गुणाकार आठ और तीन बार नौ है। इनको परस्परमें

	दोइन्द्रिय	तेइन्द्रिय	चौइन्द्रिय	पञ्चेन्द्रिय
समभाग	=८।९।९।९ ४।४।९।९।९।९ ७	=८।९।९।९ ४।४।९।९।९।९ ७	=८।९।९।९ ४।४।९।९।९।९ ७	=८।९।९।९ ४।४।९।९।९।९ ७
देयभाग	=८।४।९।९ ४।४।९।९।९।९ ७	=८।४।९ ४।४।९।९।९।९ ७	=८।४ ४।४।९।९।९।९ ७	=१।४ ४।४।९।९।९।९ ७

गुणनेसे (८×९×९×९=५८३२) अठावनसौ बत्तीस होते हैं। तथा देय भागके गुणाकारमें दोइन्द्रियके ८×४×९×९ को परस्पर में गुणाकरने से २५९२ पच्चीस सौ बानवें होते हैं। तेइन्द्रिय के ८×४×९ को परस्परमें गुणनेसे २८८ दो सौ अठासी होते हैं। चौइन्द्रियके ८×४ को परस्परमें गुणाकरने से ३२ बत्तीस होते हैं और पञ्चेन्द्रियके चार ४ ही है। तथा भागहारमें सर्वत्र चार के गुणाकार को अलग करके चार बार नौ के अंकोंको परस्परमें गुणा करने से ९×९×९×९=६५६१ पैंसठ सौ इकसठ होते हैं। इस तरह करने से समभाग और देयभाग की स्थिति इस प्रकार हो जाती है—

	दोइन्द्रिय	तेइन्द्रिय	चौइन्द्रिय	पञ्चेन्द्रिय
समभाग	=५८३२ ४।४।६५६१ ७	=५८३२ ४।४।६५६१ ७	=५८३२ ४।४।६५६१ ७	=५८३२ ४।४।६५६१ ७
देयभाग	=२५९२ ४।४।६५६१ ७	=२८८ ४।४।६५६१ ७	=३२ ४।४।६५६१ ७	=४ ४।४।६५६१ ७

इस समभाग और देयभागोंको जोड़नेसे दोइन्द्रिय आदि जीवोंके प्रमाणकी संदृष्टि इस प्रकार होती है—

	दोइन्द्रिय	तेइन्द्रिय	चौइन्द्रिय	पञ्चेन्द्रिय
प्रमाण	=८४२४ ४।४।६५६१ ७	=६१२० ४।४।६५६१ ७	=५८६४ ४।४।६५६१ ७	=५८३६ ४।४।६५६१ ७

अब पर्याप्त त्रस जीवोंके प्रमाणकी संदृष्टिका खुलासा करते हैं—संख्यातका चिन्ह पांचका अंक है। संख्यातसे भाजित प्रतरांगुलका भाग जगत्प्रतरमें देनेसे पर्याप्त त्रस जीवोंका प्रमाण आता है। वह इस प्रकार है $\overline{\frac{४}{५}}$। इसमें पूर्वोक्त प्रकारसे आवलीके असंख्यातवें भागका भाग देकर बहुभाग निकालना चाहिये और बहुभागके चार समान भाग करके तेइन्द्रिय, दोइन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय और चौइन्द्रियको देना चाहिये। शेष एक भागमेंसे बहुभाग क्रमसे तेइन्द्रिय, दोइन्द्रिय और पञ्चेन्द्रियको देना चाहिये तथा बाकी बचा एक भाग चौइन्द्रियको देना चाहिये। इनकी संदृष्टि इस प्रकार होती है—

	तेइन्द्रिय	दोइन्द्रिय	पञ्चेन्द्रिय	चौइन्द्रिय
समभाग	=८ ४।९।४ ५	=८ ४।९।४ ५	=८ ४।९।४ ५	=८ ४।९।४ ५
देयभाग	=८ ४।९।९ ५	=८ ४।९।९।९ ५	=८ ४।९।९।९।९ ५	=१ ४।९।९।९।९ ५

इनको पूर्वोक्त प्रकारसे समच्छेद करके मिलानेपर पर्याप्त त्रस जीवोंके प्रमाणकी संदृष्टि इस प्रकार होती है—

संखिज्ज-गुणा देवा अंतिम-पडलादु आणदं जाव[1]।
तत्तो असंख-गुणिदा सोहम्मं जाव पडि-पडलं ॥ १५८ ॥

[छाया-संख्येयगुणा. देवाः अन्तिमपटलात् आनत यावत् । ततः असंख्यगुणिताः सौधर्मं यावत् प्रतिपटलम् ॥] अन्तिमपटलात् पञ्चानुत्तरपटलात्, आनतस्वर्गं यावत् आनतस्वर्गयुगलपर्यन्तं सख्यातगुणा देवा भवन्ति । तत्रान्तिम पटेल पल्यासंख्यातैकभागमात्रा अहमिन्द्रसुराः $\frac{प}{7}$ पञ्चानुत्तरे नवानुत्तरेषु ऊर्ध्वग्रैवेयकत्रये मध्यमग्रैवेयकत्रये अधोग्रैवेय कत्रये अच्युतारणयोः प्राणतानतयोश्च सर्वत्र सप्तसु स्थानेषु प्रत्येकं देवानां पल्यासंख्यातत्वेऽपि संख्यातगुणत्वसंभवात् । तत्तो ततः आनतपटलात् अधोऽधोभागे सौधर्मस्वर्गपर्यन्तं प्रतिपटल, पटलं पटल प्रति, असख्यातगुणत्वात् ।

	तेइन्द्रिय	दोइन्द्रिय	पञ्चेन्द्रिय	चौइन्द्रिय
प्रमाण	=८४२४ ४।४।६५६१ ५	=६१२० ४।४।६५६१ ५	=५८६४ ४।४।६५६१ ५	=५८३६ ४।४।६५६१ ५

पूर्वोक्त सामान्य त्रस जीवोंके प्रमाणमें से इस पर्याप्त त्रस जीवोंके प्रमाणको घटानेपर अपर्याप्त त्रस जीवोंके प्रमाणकी संदृष्टि इस प्रकार होती है—

	दोइन्द्रिय	तेइन्द्रिय	चौइन्द्रिय	पञ्चेन्द्रिय
प्रमाण	५।६१२० =८४२४।७ ४ ४।६५६१	५।८४२४ =६१२०।७ ४।४।६५६१	५।५८३६ =५८६४।७ ४।४।६५६१	५।५८६४ =५८३६।७ ४।४।६५६१

इसका खुलासा इस प्रकार है। सामान्य त्रस राशि तो मूलराशि है और पर्याप्त त्रस राशि ऋणराशि है। इन दोनों राशियों में जगत्प्रतर और उसमें प्रतरांगुल और चार गुने पैंसठ सौ इकसठ का भाग =।४।६५६१ समान है। अतः इसको मूल राशिका गुणाकार किया। और 'भागहारका भागहार भाज्यका गुणकार होता है' इस नियमके अनुसार मूल राशिमें जो भागहार प्रतरांगुल, उसका भागहार असंख्यात है उसको मूलराशिके गुणकारका गुणकार कर दिया। और ऋणराशिमें जो पांचका अंक है उसको ऋणराशिके गुणकारका गुणकार करदिया। ऐसा करनेसे जो स्थिति हुई वही ऊपर संदृष्टि के द्वारा बतलाई है॥ १५७॥ **अर्थ**—अन्तिम पटलसे लेकर आनत स्वर्ग तक देव संख्यातगुने हैं। और उससे नीचे सौधर्म स्वर्ग पर्यन्त प्रत्येक पटलमें असंख्यात गुने हैं॥ **भावार्थ**—अन्तिम पटल अर्थात् पञ्च अनुत्तर विमानसे लेकर आनत स्वर्ग युगल तक संख्यातगुने देव हैं। उनमें से अन्तिम पटल में पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण अहमिन्द्र देव हैं। तथा पांच अनुत्तर, नौ अनुदिश, तीन ऊर्ध्व ग्रैवेयक, तीन मध्य ग्रैवेयक, तीन अधो ग्रैवेयक, अच्युत आरण, और प्राणत आनत इन सातों स्थानोंमेंसे प्रत्येकमें यद्यपि देवोंका प्रमाण पल्यके असंख्यातवें भाग है फिर भी एक स्थानसे दूसरे स्थानमें संख्यातगुना संख्यातगुना प्रमाण होना संभव है। अर्थात् सामान्य रूपसे उक्त सातों स्थानोंमें यद्यपि देवोंका प्रमाण पल्यके असंख्यातवें भाग है, किन्तु फिर भी ऊपरसे नीचेकी ओर एक स्थानसे दूसरे स्थानमें संख्यातगुने संख्यातगुने देव हैं। आनत पटलसे लेकर

१ ल पटलादु, स पडलादो, ग पटलादो। २ लग आरणं, स आणदे। ३ ब जाम।

तत्संख्या गोम्मटसारोक्ता लिख्यते । शतारसहस्रारस्वर्गयुगले निजचतुर्थमूलेन भाजितजगच्छ्रेणिप्रमिताः देवा भवन्ति $\overline{\ }_{4}$ । ततः शुक्रमहाशुक्रस्वर्गयुगले निजपञ्चममूलेन भाजितजगच्छ्रेणिमात्रा देवाः भवन्ति $\overline{\ }_{5}$ । ततः लान्तवकापिष्टस्वर्गयुगले निजसप्तममूलेन भाजितजगच्छ्रेणिप्रमिता देवाः भवन्ति $\overline{\ }_{7}$ । ततः ब्रह्मब्रह्मोत्तरस्वर्गयुगले निजनवममूलेन भक्तजगच्छ्रेणिमात्रा देवाः स्युः $\overline{\ }_{9}$ । तत सनत्कुमारमाहेन्द्रस्वर्गयुगले निजैकादशमूलेन भाजितजगच्छ्रेणिमात्रा देवाः सन्ति $\overline{\ }_{11}$ । ततः सौधर्मैशानस्वर्गयुगले श्रेणिगुणितघनाङ्गुलतृतीयमूलप्रमिता देवाः भवन्ति–३ । घनाङ्गुलतृतीयमूलेन गुणितजगच्छ्रेणिमात्रा देवा सौधर्मैशानजा उत्कृष्टेन भवन्तीत्यर्थः । सर्वार्थसिद्धजाहमिन्द्राः त्रिगुणाः । तिगुणा सत्तगुणा वा सव्वट्ठा माणुसीपमाणादो ॥१५८॥

प / ७	प / ७	प / ७	प / ७	प / ७	प / ७	प / ७	– / ४	– / ५	– / ७	– / ९	— / ११	–३
५	९	३	३	३	१।१	१।१	१।०	१।०	१।०	१।०	१।१	१।१

[छाया—लोकप्रमाणः जीवः देहप्रमाणः अपि आस्ते क्षेत्रे । अवगाहनशक्तितः सहरणविसर्पधर्मात् ॥] जीवः आत्मा लोकप्रमाणः, निश्चयनयतः लोकाकाशप्रमाणो जीवो भवति । कुतः । जीवस्य लोकाकाशप्रमितासंख्येयप्रदेशमात्रत्वात्, केवलिनो दण्डकपाटप्रतरलोकपूरणसमुद्घातकाले लोकव्यापकत्वाच्च । अपिशब्दात् स्वयं चित्समुत्पन्नकेवलज्ञानोत्पत्तिप्रस्तावे ज्ञानापेक्षया व्यवहारनयेन लोकालोकव्यापको जीवो भवेत्, न च प्रदेशापेक्षया । अपि पुनः, क्षेत्रे शरीरे, अच्छदे आस्ते संतिष्ठते । व्यवहारनयेन नामकर्मोदयात् अत एव देहप्रमाणः जीवः । जघन्येन उत्सेधघनाङ्गुलासंख्येयभागप्रमितलब्ध्यपूर्णसूक्ष्मनिगोदशरीरमात्रः आत्मा । उत्कृष्टेन योजनसहस्रप्रमाणमहामत्स्यशरीरमात्रो जीवः । मध्यमावगाहेन मध्यमशरीरप्रमाणः प्राणी । अत्रानुमानं देवदत्तात्मा देवदत्तशरीरे एव । तत्रैव सर्वत्रैवोपलभ्यते तत्रैव तत्र सर्वत्रैव तदसाधारणतद्गुणत्वोपलब्ध्यन्यथानुपपत्तेः । ननु व्यापकत्वं कथमिति चेत्, अवगाहनशक्तितः । सा शक्तिः कुतः । संहरणविसर्पणधर्मात् । संहरणं संकोचः विसर्पणं विस्तारः त एव धर्मः स्वभावः तस्मात् शरीरनामकर्मजनितविस्तारोपसंहारधर्माभ्यामित्यर्थः । कोऽत्र दृष्टान्तः । यथा प्रदीपः उपसंहरणस्वभावेन घटीघटोदचनादिलघुभाजनप्रच्छादितस्तद्भाजनान्तरं प्रकाशयति, विस्तारेण दीपः अलिंजरगृहादिमहद्भाजनप्रच्छादितः तद्भाजनान्तरं प्रकाशयति । तथात्मा संहरणधर्मेण निगोदादिशरीरमात्रः, विसर्पण [-धर्मेण] मत्स्यादिशरीरमात्रो जायते । तथा वेदनाकषायविक्रियामारणान्तिकतैजसाहारकेवलिसंज्ञसप्तसमुद्घातवर्जनात् जीवः शरीरप्रमाणः । तद्यथा । "मूलसरीरमछंडिय उत्तरदेहस्स जीवपिंडस्स । णिग्गमणं देहादो हवदि समुग्घादयं णाम ॥" तीव्रवेदनानुभवात् मूलशरीरमत्यक्त्वा आत्मप्रदेशानां बहिर्गमनम्, सीतादिपीडितानां[2] रामचन्द्रादीनां चेष्टाभिरिव[3], वेदनासमुद्घातः दृश्यते इति वेदनासमुद्घातः ।१। तीव्रकषायोदयान्मूलशरीरमत्यक्त्वा परस्य घातार्थमात्मप्रदेशानां बहिर्निर्गमनं संग्रामे सुभटानां रक्तलोचनादिभिः प्रत्यक्षदृश्यमानमिति

जघन्य है । तथा स्वयंभूरमण समुद्रमें जो महामत्स्य रहता है उसके शरीरकी अवगाहना सबसे उत्कृष्ट होती है । इस प्रकार शरीरकी अवगाहनाके प्रमाणका वर्णन समाप्त हुआ ॥ १७५ ॥ अब जीवको कथंचित् सर्वगत और कथंचित् शरीर प्रमाण बतलाते हैं । **अर्थ—**अवगाहन शक्ति के कारण जीव लोकप्रमाण है । और संकोच विस्तार धर्मके कारण शरीरप्रमाण भी है ॥ **भावार्थ—** निश्चयनयसे जीव लोकाकाशके बराबर है; क्योंकि जीवके लोकाकाशप्रमाण असंख्यात प्रदेश होते हैं । तथा जब केवली दण्ड, कपाट, प्रतर और लोकपूरण समुद्घात करते हैं उस समय जीव समस्त लोकमें व्याप्त हो जाता है । 'अपि' शब्द से जब जीवको केवल ज्ञान उत्पन्न होता है तो वह लोकालोकको जानता है । अतः व्यवहार नयसे ज्ञानकी अपेक्षा जीव लोकालोकमें व्यापक है, प्रदेशोंकी अपेक्षासे नहीं । तथा नामकर्मके उदयके कारण जीव शरीरमें रहता है अतः व्यवहारनयसे शरीरके बराबर है । जघन्यसे जीव घनांगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण सूक्ष्म निगोदिया लब्ध्यपर्याप्तक जीवके शरीरके बराबर है । उत्कृष्टसे एक हजार योजन प्रमाण महामत्स्यके शरीरके बराबर है । और मध्यम अवगाहनाकी अपेक्षा मध्यम शरीरके बराबर है जीव शरीरके बराबर है, इसकी सिद्धि अनुमानसे भी होती है । देवदत्तकी आत्मा देवदत्तके शरीरमें ही सर्वत्र है; क्योंकि देवदत्तके सर्व शरीरमें ही उसके असाधारण गुण देखे जाते हैं । शङ्का—आत्मा

[ओगाहण ?] । २ मूले तु 'सीदादि०' । ३ मूले तु 'रामचन्द्रचेष्टाभिः' ।

कषायसमुद्घातः । २ । मूलशरीरमत्यक्त्वा किमपि विकुर्वयितुमात्मप्रदेशाना बहिर्गमनमिति विकुर्वणासमुद्घात. । स तु विष्णुकुमारादिवत् महर्षीणा देवाना च भवति । ३ । मरणान्तसमये मूलशरीरमत्यक्त्वा यत्र कुत्रचित् बद्धमायुस्तत्प्रदेशं स्फुटितुम् आत्मप्रदेशाना बहिर्गमनमिति मारणान्तिकसमुद्घात. । स च ससारिजीवाना विग्रहगतौ स्यात् । ४ । स्वस्य मनोऽनिष्टजनकं किंचित्कारणान्तरमवलोक्य समुत्पन्नक्रोधस्य सयमनिधानस्य महामुनेर्मूलशरीरमत्यज्य सिन्दूरपुञ्जप्रभः दीर्घत्वेन द्वादशयोजनप्रमाण. १२ सूच्यङ्गुलसख्येयभागो मूलविस्तारः २ नवयोजनाग्रविस्तारः ९ काहलाकारपुरुषः वामस्कन्धान्निर्गत्य वामप्रदक्षिणेन हृदयनिहित विरुद्ध वस्तु भस्मसात्कृत्य तेनैव सयमिना सह च भस्म व्रजति, द्वीपायनवत् । असावशुभस्तेजःसमुद्घातः । लोक व्याधिदुर्भिक्षादिपीडितमवलोक्य समुत्पन्नकृपस्य परमसयमनिधानस्य महर्षेर्मूलशरीरमत्यज्य शुभ्राकृतिः प्रागुक्तदेहप्रमाण. दीर्घयो, १२ । सू २ वि. यो. १।९ पुरुषो दक्षिणस्कन्धान्निर्गत्य दक्षिणप्रदक्षिणेन व्याधिदुर्भिक्षादिकं स्फेटयित्वा पुनरपि स्वस्थाने प्रविशति । असौ शुभरूपस्तेजःसमुद्घातः । ५ । समुत्पन्नपदपदार्थभ्रान्तेः परमर्द्धिसपन्नस्य महर्षेः मूलशरीरमत्यज्य शुद्धस्फटिकाकृतिः एकहस्तप्रमाणः पुरुषो मस्तकमध्यान्निर्गत्य यत्र कुत्रचिदन्तर्मुहूर्तमध्ये केवलज्ञानिन पश्यतस्तद्दर्शनात् च स्वाश्रयस्य मुनेः पदपदार्थनिश्चय समुत्पाद-

व्यापक कैसे है ? समाधान-क्योंकि उसमें अवगाहन शक्ति है । शङ्का-अवगाहन शक्ति क्यों है ? समाधान-शरीर नाम कर्मका उदय होनेसे आत्मामें संकोच और विस्तार धर्म पाया जाता है। जैसे दीपकको यदि घड़े घड़िया या सकोरे वगैरह छोटे बर्तनोंसे ढक दिया जाये तो वह अपने संकोच स्वभावके कारण उसी बर्तनको प्रकाशित करता है। और यदि उसी दीपकको किसी बड़े बरतनसे ढाक दिया जाये या किसी घर वगैरहमें रखदिया जाये तो वह फैलकर उसीको प्रकाशित करता है । इसी तरह आत्मा निगोदिया शरीर पानेपर सकुचकर उतना ही होजाता है और महामत्स्य वगैरहका बड़ा शरीर पानेपर फैलकर उतना ही बड़ा होजाता है । तथा वेदना समुद्घात, कषाय समुद्घात, विक्रिया समुद्घात, मारणान्तिक समुद्घात, तैजस समुद्घात, आहारक समुद्घात और केवली समुद्घात इन सात समुद्घातोंको छोड़कर जीव अपने शरीरके बराबर है । मूल शरीरको न छोड़कर आत्मप्रदेशोंके बाहर निकलनेको समुद्घात कहते हैं । तीव्र कष्टका अनुभव होने से मूलशरीरको न छोड़कर आत्मप्रदेशोंके बाहर निकलने को वेदना समुद्घात कहते हैं । तीव्र कषायके उदयसे मूल शरीर न छोड़कर परस्परमें एक दूसरे का घात करनेके लिये आत्मप्रदेशोंके बाहर निकलनेको कषाय समुद्घात कहते हैं । संग्राममें योद्धा लोग क्रोधमें आकर लाल लाल आंखे करके अपने शत्रुको ताकते हैं यह प्रत्यक्ष देखा जाता है, यही कषाय समुद्घातका रूप है । कोई भी विक्रिया करते समय मूल शरीरको न छोड़कर आत्मप्रदेशोंके बाहर निकलनेको विक्रिया समुद्घात कहते है । तत्त्वोंमें शंका होनेपर उसके निश्चयके लिये या जिनालयोंकी वन्दनाके लिये छठे गुणस्थानवर्ती मुनिके मस्तकसे जो पुतला निकलता है और केवली या श्रुतकेवलीके निकट जाकर अथवा जिनालयोंकी वन्दना करके लौटकर पुनः मुनिके शरीरमें प्रविष्ट होजाता है वह आहारसमुद्घात है । जब केवलीकी आयु अन्तर्मुहूर्तमात्र शेष रहती है और शेष तीन अघातिया कर्मोंकी स्थिति उससे अधिक होती है तो बिना भोगे तीनों कर्मोंकी स्थिति आयुकर्मके बराबर करनेके लिये दण्ड, कपाट, मथानी, और लोकपूरण रूपमें केवली भगवान, अपनी आत्माके प्रदेशोंको सब लोकमें फैला देते हैं उसे केवली समुद्घात कहते हैं । इन सात समुद्घातोंको छोड़कर जीव अपने शरीरके

यिष्यतः पुनः स्वस्थाने प्रविशति । असावाहारकसमुद्घातः ।६। सप्तमः केवलिनां दण्डकपाटमन्थानप्रतरणलोकपूरणः सोऽयं केवलिसमुद्घातः ।७। सप्त समुद्घातान् वर्जयित्वा जीवः शरीरप्रमाण इत्यर्थः ॥१७६॥ अथ केचन नैयायिकादयः जीवस्य सर्वगतत्वं प्रतिपादयन्ति, तन्निषेधपरं सूत्रमाचष्टे—

सव्व-गओ जदि जीवो सव्वत्थ वि दुक्ख-सुक्ख-संपत्ती ।
जाइज्ज[1] ण सा दिट्ठी णिय-तणु-माणो तदो जीवो ॥ १७७ ॥

[छाया—सर्वगतः यदि जीवः सर्वत्र अपि दुःखसौख्यसप्राप्तिः । जायते न सा दृष्टिः निजतनुमानः ततः जीवः ॥] भो नैयायिकाः, यदि चेत् जीवः, सर्वगतः सर्वव्यापकः, 'एक एव हि भूतात्मा देहे देहे व्यवस्थितः । एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलकुण्डवत् ॥" इति जीवस्य व्यापकत्वम् अङ्गीक्रियते तर्हि सर्वत्रापि स्वशरीरेऽपि स्वप्रदेशवत् परप्रदेशेऽपि च सुखदुःखसपत्तिः सुखदुःखसप्राप्तिर्जायते उत्पद्यते । यथा स्वशरीरे जीवस्य सुखदुःखावाप्तिः तथा परशरीरेऽपि भवतु नाम को दोषः । सा दिट्ठा* ण, परशरीरसुखदुःखसपत्तिः प्रत्यक्षादिप्रमाणतः दृष्टा न । तदो ततः कारणात् स्वशरीरे स्वशरीरे सुखदुःखानुभवनात् जीवः निजतनुप्रमाणः स्वकीयशरीरप्रमाणः स्वकीयदेहमात्र इत्यर्थः ॥१७७॥ अथ नैयायिकसाख्यादयः अर्थान्तरभूतेन ज्ञानेन जीवं ज्ञानिनं निगदन्ति तन्निषेधमाह—

बराबर है। आशय यह है कि समुद्घात दशामें तो आत्मप्रदेश शरीरसे बाहर भी फैले रहते हैं, अतः उस समय जीव अपने शरीरके बराबर नहीं होता। समुद्घात दशाको छोड़कर जीव अपने शरीर के बराबर होता है ॥ १७६ ॥ नैयायिक वगैरह जीवको व्यापक मानते हैं। उनका निषेध करनेके लिये गाथा कहते हैं। **अर्थ—**यदि जीव व्यापक है तो इसे सर्वत्र सुखदुःखका अनुभव होना चाहिये। किन्तु ऐसा नहीं देखा जाता। अतः जीव अपने शरीरके बराबर है॥ **भावार्थ—**हे नैयायिको! यदि आप जीवको व्यापक मानते हैं; क्यों कि ऐसा कहा है "एक ही आत्मा प्रत्येक शरीरमें वर्तमान है। और वह एक होते हुये भी अनेक रूप दिखाई देता है। जैसे एक ही चन्द्रमा अनेक जलाशयोंमें प्रतिबिम्बित होनेसे अनेक दिखाई देता है।" तो जैसे जीवको अपने शरीरमें होनेवाले सुखदुःखका अनुभव होता है वैसे ही पराये शरीरमें होने वाले सुखदुःखका भी अनुभव उसे होना चाहिये। किन्तु यह बात प्रत्यक्ष आदि प्रमाणोंसे सिद्ध है कि पराये शरीरमें होनेवाले सुखदुःखका अनुभव जीवको नहीं होता, बल्कि अपने शरीरमें होनेवाले सुखदुःखका ही अनुभव होता है। अतः जीव अपने शरीरके ही बराबर है। अन्य मतोंमें जीवके विषयमें जुदी जुदी मान्यताएँ है। कोई उसे एक मानकर व्यापक मानता है, और कोई उसे अनेक मानकर व्यापक मानते हैं। नैय्यायिक, वैशेषिक वगैरह जैनोंकी तरह प्रत्येक शरीरमें जुदी जुदी आत्मा मानते हैं, और प्रत्येक आत्माको व्यापक मानते हैं। ब्रह्मवादी एक ही आत्मा मानते हैं और उसे व्यापक मानते हैं। ऊपर टीकाकारने जो चन्द्रमाका दृष्टान्त दिया है वह ब्रह्मवादियोंके मतसे दिया है। जैसे एक चन्द्रमा अनेक जलपात्रोंमें परछाईके पड़नेसे अनेक रूप दिखाई देता है वैसे ही एक आत्मा अनेक शरीरमें व्याप्त होनेसे अनेक प्रतीत होता है। इसपर जैनोंकी यह आपत्ति है कि यदि आत्मा व्यापक और एक है तो सब शरीरोंमें एक ही आत्मा व्यापक हुआ। ऐसी स्थितिमें जैसे हमें अपने शरीरमें होनेवाले सुखदुःखका अनुभव होता है वैसे ही अन्य शरीरोंमें होनेवाले सुख दुःखका

१ म जोइज (?)।

जीवो णाण-सहावो जह अग्गी उण्हवो[1] सहावेण ।
अत्थंतर-भूवेण हि णाणेण ण सो हवे णाणी ॥१७८॥

[छाया-जीवः ज्ञानस्वभावः यथा अग्निः उष्णः स्वभावेन । अर्थान्तरभूतेन हि ज्ञानेन न स भवेत् ज्ञानी ॥] हि इति निश्चितम् । णाणेण ज्ञानेन अर्थान्तरभूतेन जीवात् सर्वथा भिन्नेन स जीवः ज्ञानी भवेत् न । नैयायिका. गुण-गुणिनोरात्मज्ञानयोर्भिन्नत्वमाचक्षते । सांख्यास्तु आत्मनः सकाशात् प्रकृतिर्भिन्ना, ततः बुद्धिर्जायते, प्रकृतेर्महान् इति वचनात् । तदपि सर्वमसत् । जीवः ज्ञानस्वभावः । यथा अग्निः स्वभावेन उष्णः, तथा आत्मा स्वभावेन ज्ञानमयः ॥१७८॥ अथ जीवात् सर्वथा ज्ञानं भिन्नं प्रतिपादयतो नैयायिकान् दूषयति—

जदि जीवादो भिण्णं सव्व-पयारेण हवदि तं णाणं ।
गुण[2]-गुणि-भावो य तहा दूरेण पणस्सदे[3] दुण्हं ॥१७९॥

[छाया-यदि जीवात् भिन्नं सर्वप्रकारेण भवति तत् ज्ञानम् । गुणगुणिभावः च तथा दूरेण प्रणश्यते द्वयो. ॥] अथ जीवात् आत्मनः [4]सर्वप्रकारेण गुणगुणिभावेन जन्यजनकभावेन ज्ञानात्मस्वभावेन स्वभावविभावेन च तं णाणं ज्ञानं

अनुभव भी हमें होना चाहिये; क्योंकि एक ही आत्मा सब शरीरोंमें व्याप्त है। परन्तु ऐसा नहीं देखा जाता। प्रत्येक प्राणीको अपने ही शरीरमें होने वाले सुख दुःखका अनुभव होता है। इस लिये जीवको शरीर प्रमाण मानना ही उचित है॥ १७७॥ नैयायिक सांख्य वगैरह आत्मासे ज्ञानको भिन्न मानते हैं। और उस भिन्न ज्ञानके सम्बन्धसे आत्माको ज्ञानी कहते हैं। आगे इसका निषेध करते हैं। **अर्थ—**जैसे अग्नि स्वभावसे ही उष्ण है वैसे ही जीव ज्ञानस्वभाव है। वह अर्थान्तरभूत ज्ञानके सम्बन्धसे ज्ञानी नहीं है॥ **भावार्थ—**नैयायिक गुण और गुणीको भिन्न मानता है। आत्मा गुणी है और ज्ञान गुण है। अतः वह इन दोनोंको भिन्न मानता है। सांख्य मतमें आत्मा और प्रकृति ये दो जुदे जुदे तत्त्व हैं। और प्रकृतिसे बुद्धि उत्पन्न होती है; क्यों कि 'प्रकृतिसे महान् नामका तत्त्व पैदा होता है' ऐसा सांख्य मतमें कहा है। इस तरह ये दोनों मत आत्मासे ज्ञानको भिन्न मानते हैं। किन्तु यह ठीक नहीं हैं; क्योंकि जैसे अग्नि स्वभावसे ही उष्ण होती है वैसे ही आत्मा भी स्वभावसे ही ज्ञानी है। जिनके प्रदेश जुदे जुदे होते हैं वे भिन्नभिन्न होते हैं। जैसे डण्डाके प्रदेश जुदे हैं, और देवदत्तके प्रदेश जुदे हैं। अतः वे दोनों अलग २ दो वस्तुयें मानी जाती हैं। तथा जब देवदत्त हाथमें डण्डा लेलेता है तो डण्डेके सम्बन्धसे वह दण्डी कहलाने लगता है। इस तरह गुण और गुणीके प्रदेश जुदे जुदे नहीं हैं। जो प्रदेश गुणीके हैं वे ही प्रदेश गुणके हैं। इसीसे गुण हमेशा गुणीवस्तुमें ही पाया जाता है। गुणीको छोड़कर गुण अन्यत्र नहीं पाया जाता। अतः गुणके सम्बन्धसे वस्तु गुणी नहीं है। किन्तु स्वभावसे ही वैसी है। इसीसे अग्नि स्वभावसेही उष्ण है, आत्मा स्वभावसे ही ज्ञानी है; क्योंकि अग्नि और उष्णकी तथा आत्मा और ज्ञानकी सत्ता स्वतंत्र नहीं है॥ १६८॥ आगे आत्मासे ज्ञानको सर्वथा भिन्न माननेवाले नैयायिकोंके मतमें दूषण देते हैं। **अर्थ—**यदि जीवसे ज्ञान सर्वथा भिन्न है तो उन दोनोंका गुणगुणीभाव दूरसे ही नष्ट हो जाता है॥ **भावार्थ—**यदि जीवसे ज्ञान सर्वथा भिन्न है, अर्थात् मति श्रुत आदिके भेदसे प्रसिद्ध ज्ञानमें और आत्मा में न गुणगुणी भाव है, न जन्यजनक भाव है, और न ज्ञान आत्माका स्वभाव है,

---

१ ल म स उण्हओ। २ ब गुणिगुणि। ३ म विणस्सदे। ४ प सर्वथा प्रकारेण।

तत् मतिश्रुतादिभेदेन प्रसिद्धं ज्ञानं बोधः भिन्नं पृथक् भवति यदि चेत्, तदा दोण्हं जीवज्ञानयोः गुणगुणिभावः, ज्ञानं गुणः जीवः गुणी इति भावः, दूरेण अत्यर्थं प्रणश्यति । चशब्दात् स्वभावविभावः कार्यकारणभावश्च गृह्यते, सह्य-विन्ध्यवत् । यथा सह्यविन्ध्ययोरत्यन्तभेदेन न घटते तथात्मज्ञानयोरपि ॥१७९॥ अथ जीवज्ञानयोः गुणगुणिभावेन भेदं निगदति—

जीवस्स वि णाणस्स वि गुणि-गुण¹-भावेण कीरए भेओ ।
जं जाणदि तं णाणं एवं भेओ कहं होदि ॥१८०॥

[छाया–जीवस्य अपि ज्ञानस्य अपि गुणिगुणभावेन क्रियते भेदः । यत् जानाति तत् ज्ञानम् एवं भेदः कथं भवति ॥] जीवस्यापि ज्ञानस्यापि भेदः पृथक्त्वं गुणगुणिभावेन क्रियते । ज्ञानं गुणः, आत्मा गुणी, ज्ञानजीवस्वभावेन गुणगुणिनोः कथंचिद्भेदः भिन्नलक्षणत्वात्, घटवस्त्रवदिति तयोर्भिन्नलक्षणत्वं परिणामविशेषात् शक्तिमच्छक्तिभावतः संज्ञासंख्या-विशेषाच्च कार्यकारणभेदाच्च पावकोष्णवत् । तथा चोक्तमष्टसहस्र्याम् । "द्रव्यपर्याययोरैक्यं तयोरव्यतिरेकतः । परिणामविशेषाच्च शक्तिमच्छक्तिभावतः ॥ संज्ञासंख्याविशेषाच्च स्वलक्षणविभेदतः । ²कार्यकारणभेदाच्च तन्नानात्वं न सर्वथा ॥" इति ॥ १८० ॥ अथ ज्ञानं पृथ्व्यादिभूतविकारमिति वादिनं चार्वाकं निराकरोति—

यदि ऐसा मानते हो तो जीव और ज्ञानमें से जीव गुणी है और ज्ञान गुण है यह गुणगुणी भाव एकदम नष्ट होजाता है । जैसे सह्य और विन्ध्य नामके पर्वतोंमें न गुणगुणी भाव है, न कार्यकारण भाव है, और न स्वभाव-स्वभाववान्पना है । इसलिये वे दोनों अत्यन्त भिन्न हैं । इसी तरह आत्मा और ज्ञानको भी सर्वथा भिन्न माननेसे उनमें गुणगुणीपना नहीं बन सकता ॥ १७९ ॥ अब कोई प्रश्न करता है कि यदि आत्मा और ज्ञान जुदे जुदे नहीं हैं तो उनमें गुण गुणीका भेद कैसे है ? इसका उत्तर देते हैं । **अर्थ–**जीव और ज्ञानमें गुण–गुणी भावकी अपेक्षा भेद किया जाता है । यदि ऐसा न हो तो 'जो जानता है वह ज्ञान है' ऐसा भेद कैसे हो सकता है ॥ **भावार्थ–**गुणगुणी भावकी अपेक्षा जीव और ज्ञानमें भी भेद किया जाता है कि ज्ञान गुण है और आत्मा गुणी है । क्योंकि जैसे भिन्न लक्षण होनेसे घट और वस्त्र भिन्न भिन्न हैं वैसे ही गुण और गुणी भी भिन्न लक्षणके होनेसे भिन्न भिन्न हैं–गुणका लक्षण जुदा है और गुणीका जुदा है । गुणी परिणामी है और गुण उसका परिणाम है । गुणी शक्तिमान् है और गुण शक्ति है । गुणी कारण है और गुण कार्य है । तथा गुण और गुणीमें नाम भेद है । संख्याकी अपेक्षा भेद है गुणी एक होता है और गुण अनेक होते हैं । जैसे अग्नि गुणी है और उष्ण गुण है । ये दोनों यद्यपि अभिन्न हैं फिर भी गुण गुणी भावकी अपेक्षा इन दोनोंमें भेद है । इसी तरह जीव और ज्ञानमें भी जानना चाहिये । आचार्य समन्तभद्रने भी आप्तमीमांसा कारिका ७१–७२ में ऐसा ही कहा है और अष्टसहस्रीमें उसका व्याख्यान करते हुये बतलाया है कि 'द्रव्य अर्थात् गुणी और पर्याय अर्थात् गुण दोनों एक वस्तु हैं; क्योंकि वे दोनों अभिन्न हैं फिर भी उन दोनोंमें कथंचित् भेद है । क्योंकि दोनोंका स्वभाव भिन्न भिन्न है–द्रव्य अनादि अनन्त और एकस्वभाव होता है और पर्याय सादि सान्त और अनेक स्वभाववाली होती है । द्रव्य शक्तिमान् होता है और पर्याय उसकी शक्तियां हैं । द्रव्यकी संज्ञा द्रव्य है और पर्यायकी संज्ञा पर्याय है । द्रव्यकी संख्या एक होती है और पर्यायोंकी संख्या अनेक

---

१ ब गुणिगुणि, ल म स ग गुणगुणि । २ आदर्श 'कारिकारण' इति पाठः ।

णाणं भूय-वियारं जो मण्णदि सो वि भूद-गहिदव्वो ।
जीवेण विणा णाणं किं केण वि दीसदे[1] कत्थ ॥१८१॥

[छाया-ज्ञानं भूतविकारं यः मन्यते सः अपि भूतगृहीतव्यः । जीवेन विना ज्ञानं किं केन अपि दृश्यते कुत्र ॥] यश्चार्वाकः ज्ञानं जीवः । गुणगुणिनोरभेदात् कारणे कार्योपचाराच्च ज्ञानशब्देन जीवो गृह्यते । भूतविकारं ज्ञानं पृथिव्यप्तेजोवायुविकारो जीवः मन्यते अङ्गीकरोति । सोऽपि चार्वाकः भूतगृहीतव्यः भूतैः पिशाचादिभिः गृहीतव्यः गृहिल इत्यर्थः । कत्थ वि कुत्रापि स्थाने केनापि मनुष्यादिजीवेन आत्मना विना ज्ञानं बोधः किं दृश्यते । अपि पुनः ॥१८१॥ अथ सचेतनप्रत्यक्षैकप्रमाणवादिनं जीवाभाववादिनं च चार्वाकं दूषयति—

सच्चेयण-पच्चक्खं जो जीवं णेव[2] मण्णदे[3] मूढो ।
सो जीवं ण मुणंतो जीवाभावं कहं कुणदि ॥१८२॥

[छाया-सचेतनप्रत्यक्षं यः जीवं नैव मन्यते मूढः । स जीवं न जानन् जीवाभावं कथं करोति ॥] यश्चार्वाको मूढः जीवमात्मानं नैव मन्यते, जीवो नास्तीति कथयतीत्यर्थः । कीदृशं जीवम् । सचेतनं प्रत्यक्षं सन् विद्यमानं चेतनप्रत्यक्षं

होती है । द्रव्यका लक्षण गुणपर्यायवान् है और गुण या पर्यायका लक्षण द्रव्याश्रयी और निर्गुण है । द्रव्यका कार्य एकत्वका और अन्वयपनेका ज्ञान कराना है, और पर्यायका कार्य अनेकत्वका और व्यतिरेकपनेका ज्ञान कराना है । अतः परिणाम, स्वभाव, संज्ञा, संख्या और प्रयोजन आदिका भेद होनेसे द्रव्य और गुण भिन्न हैं, किन्तु सर्वथा भिन्न नहीं हैं' ॥ १८० ॥ चार्वाक ज्ञानको पृथिवी आदि पञ्चभूतका विकार मानता है । आगे उसका निराकरण करते हैं । **अर्थ**-जो ज्ञानको भूतोंका विकार मानता है उसे भी भूतोंने जकड़ लिया है; क्योंकि क्या किसीने कहीं जीवके बिना ज्ञान देखा है ॥ **भावार्थ**-यहां पर ज्ञानशब्दसे जीव लेना चाहिये; क्योंकि गुण और गुणीमें अभेद होनेसे अथवा ज्ञानके कारण जीवमें, कार्य ज्ञानका उपचार करनेसे जीवको ज्ञान शब्दसे कहा जा सकता है । अतः गाथाका ऐसा अर्थ करना चाहिये-जो चार्वाकमतानुयायी जीवको पृथिवी जल, अग्नि और वायुका विकार मानता है, उसे भी भूत अर्थात् पिशाचोंने अपने वशमें कर लिया है; क्योंकि किसी भी जगह बिना आत्माके ज्ञान क्या देखा है ? चार्वाक मतमें जीव अथवा आत्मा नामका कोई अलग तत्त्व नहीं है । पृथिवी, जल, आग और वायुके मेलसे ही चैतन्यकी उत्पत्ति या अभिव्यक्ति होजाती है । ऐसा उनका मत है । इसपर जैनोंका कहना है कि भूतवादी चार्वाक पर अवश्य ही भूत सवार हैं तभी तो वह इस तरहकी बात कहता है, क्योंकि जीवका खास गुण ज्ञान है । ज्ञान चैतन्यमें ही रहता है, पृथिवी आदि भूतोंमें नहीं रहता । अतः जब पृथिवी आदि भूतोंमें चैतन्य अथवा ज्ञानगुण नहीं पाया जाता तब उनसे चैतन्यकी उत्पत्ति कैसे हो सकती है; क्योंकि कारणमें जो गुण नहीं होता वह गुण कार्यमें भी नहीं होता । इसके सिवा मुर्देके शरीरमें पृथिवी आदि भूतोंके रहते हुये भी ज्ञान नहीं पाया जाता । अतः ज्ञान भूतोंका विकार नहीं है ॥ १८१ ॥ केवल एक प्रत्यक्ष प्रमाण माननेवाले और जीवका अभाव कहनेवाले चार्वाकके मतमें पुनः दूषण देते हैं । **अर्थ**-जो मूढ स्वसंवेदन प्रत्यक्षसे सिद्ध जीवको नहीं मानता है वह जीवको बिना जाने जीवका अभाव कैसे करता है ॥ **भावार्थ**-जो मूढ चार्वाक स्वसंवेदन अर्थात् स्वनुभव प्रत्यक्षसे सिद्ध जीवको नहीं मानता

१ ल म स ग दीसए । २ ल स ग णेय, म णय । ३ ग मण्णदि ।

स्वसंवेदनप्रत्यक्षं स्वानुभवप्रत्यक्षमिति यावत् । स चार्वाकः जीवमात्मानं न जानन् सन् जीवाभावं जीवस्यात्मनः अभावं नास्तित्वं कहं कथं करोति केन प्रकारेण विदधाति। योऽयं न वेत्ति स तस्याभावं कर्तुं न शक्नोतीत्यर्थः ॥१८२॥ अथ युक्त्या चार्वाकं प्रति जीवसद्भावं विभावयति—

जदि ण य हवेदि जीवो ता को वेदेहि सुक्ख-दुक्खाणि ।
इंदिय-विसया सव्वे को वा जाणदि विसेसेण ॥ १८३ ॥

[छाया-यदि न च भवति जीवः तत् कः वेत्ति सुखदुःखे । इन्द्रियविषयाः सर्वे कः वा जानाति विशेषेण ॥] यदि चेत् जीवो न च भवति तो तर्हि कः जीवः सुखदुःखानि वेत्ति जानाति । वि पुनः, विशेषेण विशेषतः, सर्वे इन्द्रियविषयाः स्पर्श ८ रस ५ गन्ध २ वर्ण ५ शब्द ७ रूपाः । प्राकृतत्वात् प्रथमा अर्थतस्तु द्वितीया विभक्तिः विलोक्यते । तान् इन्द्रियविषयान् को जानाति को वेत्ति । आत्मनोऽभावे प्रत्यक्षैकप्रमाणवादिनश्चार्वाकस्येन्द्रियप्रत्यक्षं कथं स्यात् ॥ १८३ ॥ अथात्मनः सद्भावे उपपत्तिमाह—

संकप्प-मओ जीवो सुह-दुक्खमयं हवेइ संकप्पो ।
तं चिय वेददि[1] जीवो देहे मिलिदो वि सव्वत्थ ॥ १८४ ॥

और कहता है कि जीव नहीं है। यह चार्वाक जीवको विना जाने कैसे कहता है कि जीव नहीं है ? क्योंकि जो जिसे नहीं जानता वह उसका अभाव नहीं कर सकता। चार्वाक केवल एक प्रत्यक्ष प्रमाण ही मानता है। उसके मतानुसार जो वस्तु प्रत्यक्ष अनुभवमें आती है केवल वही सत् है और जिसका प्रत्यक्ष नहीं होता वह असत् है। उसकी इस मान्यताके अनुसार भी जीवका सद्भाव ही सिद्ध होता है क्योंकि प्रत्येक व्यक्तिको 'मैं हूँ' ऐसा अनुभव होता है। यह अनुभव मिथ्या नहीं है क्योंकि इसका कोई बाधक नहीं है। सन्दिग्ध भी नहीं है, क्योंकि जहां 'सीप है या चांदी' इस प्रकारकी दो कोटियां होती हैं वहां संशय होता है। शायद कहा जाये कि 'मैं हूँ' इस अनुभवका आलम्बन शरीर है, किन्तु यह ठीक नहीं है, क्योंकि 'मैं हूं' यह अनुभव विना बाह्य इन्द्रियोंकी सहायताके मनसे ही होता है, शरीर तो बाह्य इन्द्रियों का विषय है। अतः वह इस प्रकारके स्वानुभवका विषय नहीं हो सकता। अतः 'मैं हूँ' इस प्रकारके प्रत्ययका आलम्बन शरीरसे भिन्न कोई ज्ञानवान् पदार्थ ही हो सकता है। वही जीव है। दूसरे, जब चार्वाक जीवको प्रत्यक्ष प्रमाणका विषय ही नहीं मानता तो वह विना जाने यह कैसे कह सकता है कि 'जीव नहीं है'। अतः चार्वाकका मत ठीक नहीं है ॥ १८२ ॥ अब ग्रन्थकार युक्तिसे चार्वाकके प्रति जीवका सद्भाव सिद्ध करते हैं। **अर्थ**–यदि जीव नहीं है तो सुख आदिको कौन जानता है ? तथा विशेष रूपसे सब इन्द्रियोंके विषयोंको कौन जानता है ॥ **भावार्थ**–यदि जीव नहीं है तो कौन जीव सुख दुःख वगैरहको जानता है। तथा खास तौरसे इन्द्रियोंके विषय जो ८ स्पर्श, ५ रस, २ गन्ध, ५ वर्ण, और ७ शब्द हैं, उन सबको भी कौन जानता है। क्योंकि आत्माके अभावमें एक प्रत्यक्ष प्रमाणवादी चार्वाकका इन्द्रियप्रत्यक्ष भी कैसे बन सकता है ? यहां गाथामें 'इन्द्रियविसया सव्वे' यह प्राकृत भाषामें होनेसे प्रथमा विभक्ति है किन्तु अर्थ की दृष्टिसे इसे द्वितीया विभक्ति ही लेना चाहिये ॥ १८३ ॥ फिर भी आत्माके सद्भावमें युक्ति देते हैं। **अर्थ**–यदि जीव संकल्पमय है और संकल्प सुखदुःखमय है तो सर्व शरीरमें मिला हुआ

1 ग वेददे ।

[छाया-संकल्पमयः जीवः सुखदुःखमयः भवति सकल्पः । तत् एव वेत्ति जीवः देहे मिलितः अपि सर्वत्र ॥] जीवः आत्मा चेत् यदि संकल्पमयः सकल्पनिर्वृत्तः स संकल्पः सुखदुःखमयो भवेत् सुखदुःखात्मको भवति । देहे शरीरे मिलितोऽपि मिश्रीभूतोऽपि सर्वत्र सर्वाङ्गे सर्वशरीरप्रदेशे त चिय तदेव सुखदुःख वेत्ति जानातीत्यर्थः ॥ १८४ ॥ अथ देहमिलितो जीवः सर्वकार्याणि करोति तद्दर्शयति—

देह[1]-मिलिदो वि जीवो सव्व-कम्माणि[2] कुव्वदे जम्हा ।
तम्हा पयट्टमाणो एयत्तं बुज्झदे[3] दोण्हं[4] ॥ १८५ ॥

[छाया-देहमिलितः अपि जीव सर्वकर्माणि करोति यस्मात् । तस्मात् प्रवर्तमानः एकत्व बुध्यते द्वयोः ॥] यस्मात्कारणात् जीवः देहमिलितोऽपि शरीरयुक्तोऽपि । अपि शब्दात् विग्रहगत्यादौ औदारिकवैक्रियिकाहारकशरीर-रहितोऽपि । सर्वकर्माणि सर्वाणि कार्याणि घटपटलकुटमुकुटशकटगृहासिमषिकृषिवाणिज्यगोपालादिसर्वकार्याणि, तथा ज्ञानावरणादिशुभाशुभकर्माणि कुर्वते करोति विदधाति । तस्मात्कारणात् कार्यादिषु प्रवर्तमानो जन । दोण्हं द्वयो जीव-शरीरयो. एकत्व बुध्यते मन्यते जानाति ॥ १८५ ॥ अथ शरीरयुक्तत्वेऽपि जीवस्य दर्शनादिक्रिया व्यनक्ति—

देह मिलिदो वि पिच्छदि देह-मिलिदो वि णिसुण्णदे[5] सद्दं ।
देह-मिलिदो वि भुंजदि देह[6]-मिलिदो वि गच्छेदि[7] ॥ १८६ ॥

[छाया-देहमिलितः अपि पश्यति देहमिलित अपि निश्शृणोति शब्दम् । देहमिलित अपि भुङ्क्ते देहमिलितः अपि गच्छति ॥] अपि पुन, देहमिलितो जीवः शरीरेण सयुक्त आत्मा पश्यति श्वेतपीतहरितारुणकृष्णरूपाणि वस्तूनि सर्वकार्याणि लोचनाभ्या मनसा वा चावलोकयति जीव. । अपि पुनः, निसुणदे कर्णाभ्या शृणोति । [8]किम् इति चेदुक्त च ।

होनेपर भी जीव उसीको जानता है ॥ **भावार्थ**—यदि जीव संकल्पमय है अर्थात् संकल्पोंका एक पुंज मात्र है और संकल्प सुखदुःखमय है तो शरीरमें मिला होनेपर भी जीव समस्त शरीरप्रदेशोंमें होने वाले सुखदःखको ही जानता है । आशय यह है कि यदि चार्वाक जीवको संकल्पविकल्पोंका एक समूह मात्र मानता है तो वे संकल्पविकल्प सुखदःखरूप ही हो सकते हैं । उन्हींको जीव जानता है तभी तो उसे 'मैं सुखी हूं, मैं दुःखी हूँ' इत्यादि प्रत्यय होता हैं । बस वही तो जीव है ॥ १८४ ॥ आगे बतलाते हैं कि जीव शरीरमें मिला हुआ होनेपर भी सब कार्य करता है । **अर्थ**—यतः शरीरसे मिला हुआ होने पर जीव सब कार्योंको करता है । अतः प्रवर्तमान मनुष्य जीव और शरीरको एक समझता है ॥ **भावार्थ**—जिस कारणसे शरीरसे युक्त भी जीव तथा 'अपि' शब्दसे विग्रहगति वगैरहमें औदारिक, वैक्रियिक और आहारक शरीरसे रहित भी जीव घट, वस्त्र, लकड़ी, मुकुट, गाड़ी, घर वगैरह बनाता है, असि, मषी, कृषि, व्यापार, गोपालन आदिसे आजीविका करता है, इस तरह वह सब कार्योंको करता है तथा ज्ञानावरण आदि जो शुभाशुभ कर्म हैं उनको करता है, इसकारणसे कार्य वगैरह करनेवाला मनुष्य यह मान बैठता है कि जीव और शरीर दोनों एकही हैं । किन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है-जीव जुदा है और शरीर जुदा है ॥ १८५ ॥ आगे बतलाते हैं कि शरीरसे युक्त होने पर भी जीव देखता सुनता है । **अर्थ**—शरीरसे मिला हुआ होनेपर भी जीव देखता है । शरीरसे मिला हुआ होनेपर भी जीव सुनता है । शरीरसे मिला हुआ होनेपर भी जीव भोक्ता है और शरीरसे

१ ब देहि । २ [सव्वं कम्माणि] । ३ ब ल म स ग वुज्झदे । ४ ब दुण्ण ५ ल म स ग णिसुणदे, [देहे मिलिदो वि णिसुणदे] । ६ [देहे] । ७ ल म स ग गच्छेइ, ब गच्छेदि (?) । ८ प कं ।

"निषादर्षभगान्धारषड्जममध्यमधैवता: । पञ्चमश्चे ति सप्तैते तन्त्रीकण्ठोत्थिता स्वरा: ॥ १ ॥ कण्ठदेशे स्थित: षड्ज: शिर:स्थ ऋषभस्तथा । नासिकाया च गान्धारो हृदये मध्यमो भवेत् ॥ २ ॥ पञ्चमश्च मुखे ज्ञेयस्तालुदेशे तु धैवत: । निषाद: सर्वगात्रे च ज्ञेया: सप्त स्वरा इति ॥ ३ ॥ निषादं कुञ्जरो वक्ति ब्रूते गौ ऋषभं तथा । अजा वदति गान्धारं षड्जं ब्रूते भुजङ्गभुक् ॥ ४ ॥ ब्रवीति मध्यमं क्रौञ्चो धैवतं च तुरंगम: । पुष्पसंधारणे काले पिक: कूजति पञ्चमम् ॥ ५ ॥ नासाकण्ठमुरस्तालुजिह्वादन्तांश्च संस्पृशन् । षड्भय: सजायते यस्मात् तस्मात् षड्ज इति स्मृत: ॥ ६ ॥ नृणामुरसि मन्द्रस्तु द्वाविंशतिविधो ध्वनि: । स एव कण्ठे मध्य: स्यात् तार: शिरसि गीयते ॥ ७ ॥ घनं तु कास्यतालादि वंशादिमुषिर विदु: । ततं वीणादिकं वाद्य वितत पटहादिकम् ॥ ८ ॥" इति स्वरसप्तवाच्यं श्रवणविषयं करोति । क. । देहमिलितो जीव: । अपि पुन:, भुंजदि अन्नं भुङ्क्ते, अशनपानखाद्यस्वाद्यमाहारं भुंक्ते अश्नाति । क: । देहमिलितो जीव: । अपि पुन:, गच्छति चतुर्दिङ्मार्गे चतुर्विदिङ्मार्गे अध ऊर्ध्वमार्गे च याति व्रजति । क:। देहमिलितो जीव: ॥१८६॥ अथ जीवस्यात्मदेहयो: जीवस्य भेदापरिज्ञान दर्शयति—

राओ हं भिच्चो हं सिट्ठी हं चेव दुब्बलो बलिओ ।
इदि एयत्ताविट्ठो दोण्हं[1] भेयं ण बुज्झेदि ॥ १८७ ॥

[छाया–राजा अहं भृत्य: अहं श्रेष्ठी अहं चैव दुर्बल बली । इति एकत्वाविष्ट: द्वयो: भेदं न बुध्यति ॥] इत्यमुना प्रकारेण एकत्वाविष्ट:, अहं शरीरमेवमित्येकत्व परिणत:,एकान्तत्वं मिथ्यात्वं प्राप्तो बहिरात्मा वा दोण्हं द्वयोर्जीव-

मिला हुआ होनेपर भी जीव चलता है ॥ **भावार्थ**-ऊपर कहीगई बातोंके सिवा शरीरसे संयुक्त होनेपर भी जीव सफेद, पीली, हरी, लाल और काले रंगकी विविध वस्तुओंको आँखोंसे मन लगाकर देखता है। तथा कानोंसे शब्दोंको सुनता है। शब्द अथवा स्वरके भेद इस प्रकार बतलाये हैं-निषाद, ऋषभ, गान्धार, षड्ज, मध्यम, धैवत, और पञ्चम ये सात स्वर तन्त्रीरूप कण्ठसे उत्पन्न होते हैं। १। जो स्वर कण्ठ देशमें स्थित होता है उसे षड्ज कहते हैं। जो स्वर शिरोदेशमें स्थित होता है उसे ऋषभ कहते हैं जो स्वर नासिका देश में स्थित होता है उसे गान्धार कहते हैं। जो स्वर हृदयदेशमें स्थित होता है उसे मध्यम कहते हैं। २। मुख देशमें स्थित स्वरको पञ्चम कहते हैं। तालुदेशमें स्थित स्वरको धैवत कहते हैं और सर्व शरीरमें स्थित स्वरको निषाद कहते हैं। इस तरह ये सात स्वर जानने चाहियें। ३। हाथीका स्वर निषाद है। गौका स्वर वृषभ है। बकरीका स्वर गान्धार है और गरुड़का स्वर षड्ज है। ४। क्रौञ्च पक्षीका शब्द मध्यम है। अश्वका स्वर धैवत है और बसन्तऋतुमें कोयल पञ्चम स्वरसे कूजती है। ५। नासिका, कण्ठ, उर, तालु, जीभ और दांत इन छैके स्पर्शसे षड्ज स्वर उत्पन्न होता है इसीसे उसे षड्ज कहते हैं। मनुष्योंके उरप्रदेशसे जो बाईस प्रकारकी ध्वनि उच्चरित होती है वह मन्द्र है। वही जब कण्ठदेशसे उच्चरित होती है तो मध्यम है। और जब शिरो देशसे गाई जाती है तब 'तार' है। ७। कांसेके बाजोंके शब्दको घन कहते हैं। बांसुरी वगैरहके शब्दको सुषिर कहते हैं। ८। इन सात स्वरोंको यह शरीरसे संयुक्त जीव ही सुनता है। यही अशन, पान, खाद्य और स्वाद्यके भेदसे चार प्रकारके आहारको ग्रहण करता है ॥ १८६ ॥ आगे बतलाते हैं कि जीव आत्मा और शरीरके भेदको नहीं जानता। **अर्थ**–मैं राजा हूं, मैं भृत्य हूँ, मैं सेठ हूँ, मैं दुर्बल हूं, मैं बलवान् हूं, इस प्रकार शरीर और आत्माके एकत्वको मानने

[1] ब दुण्हं ।

देहयोर्भेदं भेदभिन्नं पृथक्त्वं न बुध्यते न जानाति । इति किम् । राजाहं, अहं राजा नृपोऽहं पृथ्वीपालकोऽहम् । भृत्योऽहं, च पुनः, अहमेव भृत्यः कर्मकरोऽहं । अहमेव श्रेष्ठी । च पुनः, अहमेव दुर्बलः निःस्वोऽहं वा कृशीभूतशरीरोऽहम् । अहमेव बलिष्ठः बलवान् बलवत्तरशरीरोऽहम् । इति एकत्व परिणतो मिथ्यात्वं प्राप्तो बहिरात्मा जीवः जीवशरीरयोर्भेदं पृथक्त्वं भिन्नं न जानातीत्यर्थः ॥ तथा योगीन्द्रदेवैः दोधकपञ्चकेन मिथ्यात्वपरिणामेन कृत्वा बहिरात्मात्मनि योजयतीति स्वस्वरूपं निरूप्यते । "हउं गोरउ हउ सावलउ हउ जि विभिण्णउ वण्णु । हउं तणुअंगउं थूलु हउ एहउ मूढउ मण्णु ॥१॥ हउं वरु बंभणु वइसु हउ हउ खित्तिउ सेसु । पुरिसु णउंसउ इत्थि हउ मण्णइ मूढु विसेसु ॥ २ ॥ तरुणउ बूढउ रूयडउ सूरउ पंडिउ देव्वु । खवणउ वदउ सेवडउ मूढउ मण्णइ सव्वु ॥३॥ जणणी जणणु वि कंत घरु पुत्त वि मित्तु वि दव्वु । मायाजालु[1] वि अप्पणउं मूढउ मण्णइ सव्वु ॥४॥ दुक्खह [2]कारणि जे विसय ते सुहहेउ रमेइ । मिच्छाइट्ठिउ जीवडउ एत्थु ण काइ करेइ ॥५॥" इति मूढात्मा मिथ्यादृष्टिः जीवः सर्वम् एव मन्यते ॥१८७॥ जीवकर्तृत्वादिधर्मान् गाथचतुष्टयेनाह—

जीवो हवेइ[3] कत्ता सव्वंकम्माणि कुव्वदे जम्हा ।
कालाइ-लद्धि-जुत्तो संसारं कुणइ[4] मोक्खं च ॥१८८॥

वाला जीव दोनोंके भेदको नहीं जानता। **भावार्थ**--मैं राजा हूँ, मैं नौकर हूं, मैं सेठ हूं, मैं दुर्बल हूँ, मैं बलवान् हूँ इस प्रकारसे लोग शरीरको ही आत्मा मानते हैं क्योंकि वे मिथ्यादृष्टि हैं, अतः वे दोनोंके भेदको नहीं समझते। 'मैं राजा हूँ' इत्यादि जितने भी विकल्प हैं वे सब शरीरपरक ही हैं; क्योंकि आत्मा तो न राजा है, न नोकर है, न सेठ है, न गरीब है, न दुबला है और न बलवान् है। बहिर्दृष्टि लोग शरीरको ही आत्मा मानकर ये विकल्प करते हैं और यह नहीं समझते कि आत्मा इस शरीरमें रमा होकर भी इससे जुदा है ॥ १८७ ॥ अब चार गाथाओंसे जीवके कर्तृत्व आदिका कथन करते हैं। **अर्थ**--यतः जीव सब कर्मोंको करता है अतः वह कर्ता है। वह स्वयं ही संसारका कर्ता है और काललब्धि आदिके मिलनेपर स्वयं ही मोक्षका कर्ता है ॥ **भावार्थ**--यद्यपि शुद्ध निश्चय नयसे आदि मध्य और अन्तसे रहित तथा स्व और परको जानने देखने वाला यह जीव अविनाशी निरुपाधि चैतन्य लक्षण रूप निश्चय प्राणसे जीता है तथापि अशुद्ध निश्चय नयकी अपेक्षा अनादिकालसे होनेवाले कर्मबन्धके कारण अशुद्ध द्रव्यप्राण और भावप्राणोंसे जीता है इसलिये उसे जीव कहते हैं। वह जीव शुभाशुभ कर्मोंका कर्ता है क्योंकि वह सब काम करता है। व्यवहार नयसे घट, वस्त्र, लाठी, गाड़ी, मकान, प्रासाद स्त्री, पुत्र, पौत्र, असि, मषि, व्यापार आदि सब कार्योंको, ज्ञानावरण आदि शुभाशुभ कर्मोंको, और औदारिक वैक्रियिक और आहारक शरीरोंकी पर्याप्तियोंको जीव करता है। और निश्चय नयसे टांकीसे पत्थरमें उकेरे हुये चित्रामकी तरह निश्चल एक ज्ञायक स्वभाववाला यह जीव अपने अनन्त चतुष्टय रूप स्वभावका कर्ता है। यही जीव द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावके भेदसे पञ्च परावर्तन रूप संसारका कर्ता है। यही कर्मोंसे बद्ध जीव जब संसार परिभ्रमणका काल अर्धपुद्गल परावर्तन प्रमाण शेष रह जाता है तब प्रथमोपशम सम्यक्त्वको ग्रहण करनेके योग्य होता है इसे ही काल लब्धि कहते हैं। आदि शब्दसे द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव लेना चाहिये। सो द्रव्य तो वज्रवृषभ नाराच संहनन होना चाहिये। क्षेत्र पन्द्रह कर्मभूमियोंमें से होना चाहिये, काल

---

१ ग जाल। २ ग कारण जे वि विसया। ३ म हवेदि। ४ ल म स कुणदि, ग कुणद।

[छाया-जीवः भवति कर्ता सर्वकर्माणि करोति यस्मात् । कालादिलब्धियुक्तः संसारं करोति मोक्षं च ॥] जीवः शुद्धनिश्चयनयेनादिमध्यान्तवर्जितः स्वपरप्रकाशक अविनश्वरनिरुपाधिशुद्धचैतन्यलक्षणनिश्चयप्राणैः यद्यपि जीवति तथाप्यशुद्धनयेनानादिकर्मबन्धवशादशुद्धद्रव्यभावप्राणैर्जीवति इति जीवः । तथा करोति कर्ता भवति शुभाशुभकर्मणां निष्पादकः स्यात् । कुतः । यस्मात् सर्वकर्माणि कुर्वते । व्यवहारनयेन घटपटलकुटशकटगृहहट्टस्त्रीपुत्रपौत्रासिमषिवाणिज्यादीन् सर्वकार्याणि, ज्ञानावरणादिशुभाशुभकर्माणि, शरीरत्रयस्य पर्याप्तीश्च करोति जीवः विदधाति । निश्चयनयेन निःक्रियटंकोत्कीर्णज्ञायकैकस्वभावोऽपि जीवः । तथानन्तचतुष्टयस्य कर्ता च । पुनः संसारं कुणदि संसृतिं करोति द्रव्य १ क्षेत्र २ काल ३ भव ४ भाव ५ भेदभिन्न पञ्चविधं विदधाति सृजति च । पुनःएवंभूतो जीवः कर्माविष्टः अर्धपुद्गल-

---

चतुर्थ हो, भव मनुष्य पर्याय हो, और भावसे विशुद्ध परिणामवाला हो। तथा क्षयोपशमलब्धि, विशुद्धिलब्धि, देशना लब्धि, प्रायोग्यलब्धि और अधःकरण, अपूर्वकरण अनिवृत्तिकरण रूप पांच लब्धियोंसे युक्त होना चाहिये। ऐसा होनेपर वही जीव कर्मोंका क्षय करके संसारसे अथवा कर्मबन्धनसे छूट जाता है। जो जिये अर्थात् प्राणधारण करे उसे जीव कहते हैं। प्राण दो तरहके होते हैं-एक निश्चय प्राण और एक व्यवहार प्राण। जीवके निश्चय प्राण तो सत्ता, सुख, ज्ञान और चैतन्य हैं। और व्यवहार प्राण इन्द्रिय बल, आयु, और श्वासोच्छ्वास हैं। ये सब कर्मजन्य हैं, संसारदशामें कर्मबन्धके कारण शरीरके संसर्गसे इन व्यवहार प्राणोंकी प्राप्ति होती है। और कर्मबन्धनसे छूटकर मुक्त होनेपर शरीरके न रहनेसे ये व्यवहार प्राण समाप्त होजाते हैं और जीवके असली प्राण प्रकट हो जाते हैं। यह जीव निश्चय नयसे अपने भावोंका कर्ता है क्योंकि वास्तवमें कोई भी द्रव्य पर भावोंका कर्ता नहीं हो सकता। किन्तु संसारी जीवके साथ अनादि कालसे कर्मोंका संबंध लगा हुआ है। उन कर्मोंका निमित्त पाकर जीवके विकाररूप परिणाम होते हैं। उन परिणामोंका कर्ता जीव ही है इसलिये व्यवहारसे जीवको कर्मोंका कर्ता कहा जाता है। सो यह संसारी जीव अपने अशुद्ध भावोंको करता है उन अशुद्ध भावोंके निमित्तसे नये कर्मोंका बन्ध होता है। उस कर्मबन्धके कारण उसे चतुर्गतिमें जन्म लेना पड़ता है। जन्म लेनेसे शरीर मिलता है। शरीरमें इन्द्रियां होती हैं। इन्द्रियोंसे यह इष्ट अनिष्ट पदार्थोंको जानता है, उससे उसे राग द्वेष होता है। रागद्वेषसे पुनः कर्मबन्ध होता है। इस तरह संसाररूपी चक्रमें पड़े हुये जीवके यह परिपाटी तब तक इसी प्रकार चलती रहती है जब तक काल लब्धि नहीं आती। जब उस जीवके संसारमें भटकनेका काल अर्धपुद्गल परावर्तन प्रमाण शेष रहता है तब वह सम्यक्त्व ग्रहण करनेका पात्र होता है। सम्यक्त्वकी प्राप्तिके लिये पांच लब्धियोंका होना जरूरी है। वे पांच लब्धियां हैं-क्षयोपशम लब्धि, विशुद्धि लब्धि, देशना लब्धि, प्रायोग्य लब्धि और करणलब्धि। इनमेंसे चार लब्धियां तो संसारमें अनेक बार होती हैं, किन्तु करण लब्धि भव्यके ही होती है और उसके होने पर सम्यक्त्व अवश्य होती है। अप्रशस्त ज्ञानावरणादि कर्मोंका अनुभाग प्रतिसमय अनन्तगुणा घटता हुआ उदयमें आवे वो उसे क्षयोपशम लब्धि कहते हैं। क्षयोपशम लब्धिके होनेसे जो जीवके साता आदि प्रशस्त प्रकृतियोंके बन्धयोग्य धर्मानुरागरूप शुभ परिणाम होते हैं उसे विशुद्धि लब्धि कहते हैं। छह द्रव्यों और नौपदार्थोंका उपदेश करने वाले आचार्य वगैरहसे उपदेशका लाभ होना देशना लब्धि है। इन तीन लब्धियोंसे युक्त जीव प्रतिसमय विशुद्धतासे वर्धमान होते हुये जीवके आयुके सिवा शेष सात कर्मोंकी स्थिति अन्तःकोड़ाकोड़ी मात्र शेष रहती है तब वह उसमेंसे संख्यात हजार सागर

परिमाणे कालेऽवशिष्टे प्रथमसम्यक्त्वयोग्यो भवतीति काललब्धिः । आदिशब्दात् द्रव्यं वज्रवृषभनाराचलक्षणम्, क्षेत्रं पञ्चदशकर्मभूमिलक्षणम्, भवः मनुष्यादिलक्षणः, भावः विशुद्धिपरिणामः, लब्धयः क्षायोपशमनविशुद्धिदेशनाप्रायोग्या-धःकरणापूर्वकरणानिवृत्तकरणलक्षणाः, ताभिर्युक्तः जीवः मोक्ष संसारविमुक्तिलक्षणं कर्मणा मोचनं मोक्षस्तं कर्मक्षयं च करोति विदधाति ॥१८८॥

जीवो वि हवइ भुत्ता कम्म-फलं सो वि भुंजदे जम्हा ।
कम्म-विवायं विविहं सो वि य[1] भुंजेवि संसारे ॥१८९॥

[छाया-जीवः अपि भवति भोक्ता कर्मफलं सः अपि भुङ्क्ते यस्मात् । कर्मविपाकं विविधं सः अपि च भुनक्ति संसारे ॥] जीवः भोक्ता भवति व्यवहारनयेन शुभाशुभकर्मजनितसुखदुःखादीनां भोक्ता, यस्मात् सोऽपि जावः कर्मफलं

प्रमाण स्थितिका घात करता है और घातियां कर्मोंका लता और दारु रूप तथा अघातिया कर्मोंका नीम और कांजीर रूप अनुभाग शेष रहता है । इस कार्यको करनेकी योग्यताकी प्राप्तिको प्रायोग्य लब्धि कहते हैं । इन चारों लब्धियोंके होनेपर भव्य जीव अधःकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरणको करता है इन तीनों करणोंके होनेका नाम करण लब्धि है । प्रत्येक कारणका काल अन्तर्मुहूर्त है । किसी जीवको अधःकरण प्रारम्भ किये थोड़ा समय हुआ हो और किसीको बहुत समय हुआ हो तो उनके परिणाम विशुद्धतामें समानभी होते हैं इसीसे इनका नाम अधःप्रवृत्त कारण है । जिसमें प्रति समय जीवोंके परिणाम अपूर्व अपूर्व होते हैं उसे अपूर्व करण कहते हैं । जैसे किसी जीवको अपूर्वकरण आरम्भ किये थोड़ा समय हुआ और किसीको बहुत समय हुआ तो उनके परिणाम एकदम भिन्न होते हैं । और जिसमें प्रति समय एक ही परिणाम हो उसे अनिवृत्ति करण कहते हैं । पहले अधःकरणमें गुणश्रेणि गुणसंक्रमण वगैरह कार्य नहीं होते, केवल प्रति समय अनन्तगुणी विशुद्धता बढ़ती जाती है । अपूर्व करणमें प्रथम समयसे लगाकर जबतक मिथ्यात्वको सम्यक्त्वमोहनीय और सम्यक्मिथ्यात्व-रूप परिणमाता है तब तक गुणश्रेणि, गुणसंक्रमण, स्थितिखण्डन और अनुभागखण्डन चार कार्य होते हैं । अनिवृत्तिकरणमें ये कार्य होते हैं । जब अनिवृत्तिकरणका बहुभाग बीतकर एक भाग शेष रह जाता है तो जीव दर्शन मोहका अन्तरकरण करता है । विवक्षित निषेकोंके सब द्रव्योंका अन्य निषेकोंमें निक्षेपण करके उन निषेकोंका अभाव कर देनेको अन्तर करण कहते हैं । अनिवृत्ति करणके समाप्त होते ही दर्शन मोह और अनन्तानुबन्धी चतुष्कका उपशम होनेसे जीव औपशमिक सम्यग्दृष्टि हो जाता है । उसके बाद योग्य समय आनेपर कर्मोंको नष्ट करके मुक्त होजाता है ॥ १८८ ॥ **अर्थ**—यतः जीव कर्मफलको भोगता है इसलिए वही भोक्ता भी है । संसारमें वह अनेक प्रकारके कर्मके विपाकको भोगता है ॥ **भावार्थ**—व्यवहारनयसे जीव शुभ और अशुभ कर्मके उदयसे होनेवाले सुख दुःख आदिका भोक्ता है; क्योंकि वह ज्ञानावरण आदि पुद्गल कर्मोंके फलको भोगता है । तथा वह द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भावके भेदसे पांच प्रकारके संसारमें अशुभ कर्मोंके निम्ब, कांजीर, विष और हालाहल रूप अनुभागको तथा शुभकर्मोंके गुड़, खाण्ड, शर्करा और अमृतरूप अनुभागको भोगता है । यह आत्मा संसार अवस्थामें अपने चैतन्य स्वभावको न छोड़ते हुये ही अनादि

---

१ ब सो चिय ।

भुङ्क्ते ज्ञानावरणादिपुद्गलकर्मफलं सातासातजं सुखदुःखरूपं भुनक्ति । सोऽपि संसारे द्रव्यादिपञ्चप्रकारे भवे भुङ्क्ते भुनक्ति । किं तत् । विविधं नानाप्रकारम् अनेकप्रकारं कर्मविपाकं कर्मोदयम्, अशुभं निम्बकाञ्जीरविषहालाहलरूपं शुभं च गुडखण्डशर्करामृतरूपं च भुंक्ते । अपिशब्दात् निश्चयनयेन रागादिविकल्पोपाधिरहितो जीवः स्वात्मोत्थसुखामृत-भोक्ता भवति ॥१८९॥

जीवो वि हवे[1] पावं अइ-तिव्व-कसाय-परिणदो णिच्चं ।
जीवो वि हवइ[2] पुण्णं उवसम-भावेण संजुत्तो ॥१९०॥

[छाया-जीवः अपि भवेत् पापम् अतितीव्रकषायपरिणतः नित्यम् । जीवः अपि भवति पुण्यम् उपशमभावेन संयुक्तः ॥] जीवः आत्मा पाप भवति पापस्वरूपः स्यात् । अपिशब्दात् पापपुण्याभ्या मिश्रो भवति । कीदृक् सन्

कालसे कर्मबंधनसे बद्ध होनेके कारण सदा मोह राग और द्वेषरूप अशुद्ध भावोंसे परिणमता रहता है । अतः इन भावोंका निमित्त पाकर पुद्गल अपनी ही उपादान शक्तिसे आठ प्रकार कर्मरूप हो जाते हैं । और जैसे तीव्र, तीव्रतर और तीव्रतम या मन्द, मन्दतर और मन्दतम परिणाम होते हैं उसीके अनुसार कर्मोंमें अनुभाग शक्ति पड़जाती है । अनुभाग शक्तिके तरतमांशकी उपमा चार विकल्पोंके द्वारा दी गई है । घातिया कर्मोंमें तो लतारूप, दारुरूप, अस्थिरूप और शैलरूप अनुभाग शक्ति होती है । अघातिया कर्मोंके दो भेद हैं-शुभ और अशुभ । शुभ कर्मोंकी अनुभाग शक्तिकी उपमा गुड़, खाण्ड, शर्करा और अमृतसे दी जाती है और अशुभ कर्मोंकी अनुभाग शक्तिकी उपमा नीम, कंजीर, विष और हलाहल विषसे दी जाती है । जैसी अनुभाग शक्ति पड़ती है उसीके अनुरूप कर्म अपना फल देता है । हां तो, जीव और पुद्गल कर्म परस्परमें एकक्षेत्रावगाहरूप होकर आपसमें बंध जाते हैं । कर्मका उदय काल आनेपर जब वे कर्म अपना फल देकर अलग होने लगते हैं तब निश्चयनयसे तो कर्म आत्मके सुखदुःख रूप परिणामोंमें और व्यवहारसे इष्ट अनिष्ट पदार्थोंकी प्राप्तिमें निमित्त होते हैं तथा जीव निश्चयसे तो कर्मके निमित्तसे होने वाले अपने सुखदुःखरूप परिणामों को भोगता है और व्यवहारसे इष्ट अनिष्ट पदार्थोंको भोगता है, अतः जीव भोक्ता भी है । उसमें भोगनेका गुण है ॥१८९॥ **अर्थ**-जब यह जीव अति तीव्र कषायरूप परिणमन करता है तब यही जीव पापरूप होता है और जब उपशमभावरूप परिणमन करता है तब यह जीव पुण्यरूप होता है ॥ **भावार्थ**-सदा अतितीव्र अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ कषाय तथा मिथ्यात्व आदि रूप परिणामोंसे युक्त हुआ जीव पापी है, और औपशमिक सम्यक्त्व, औपशमिक चारित्र तथा क्षायिक सम्यक्त्व और क्षायिक चारित्र रूप परिणामोंसे युक्त यही जीव पुण्यात्मा है । 'अपि' शब्दसे यही जीव जब अर्हन्त अथवा सिद्ध परमेष्ठी होजाता है तो यह पुण्य और पाप दोनोंसे रहित होजाता है । गोम्मटसारमें पापी जीव पुण्यात्मा जीव, पाप और पुण्यका स्वरूप बतलाते हुये लिखा है । 'जीविदरे कम्मचये पुण्णं पावो त्ति होदि पुण्णं तु । सुह पयडीणं दव्वं पावं असुहाण दव्वं तु ॥ ६४३ ॥' अर्थात्-जीव पदार्थका वर्णन करते हुये सामान्यसे गुणस्थानोंमेंसे मिथ्यादृष्टि और सासादन गुणस्थानवर्ती जीव तो पापी है । मिश्रगुणस्थानवाले जीव पुण्यपापरूप हैं; क्योंकि उनके एकसाथ सम्यक्त्व और मिथ्यात्वरूप मिलेहुये परिणाम होते हैं । तथा असंयत सम्यग्दृष्टि सम्यक्त्व सहित होनेसे, देशसंयत सम्यक्त्व और

---

१ ल म स ग हवइ । २ ल म स ग जीवो हवेइ ।

पापस्वरूपो जीवः नित्यं सदा अतितीव्रकषायपरिणतः, अतितीव्राः अनन्तानुबन्धिक्रोधमानमायालोभकषायादयः मिथ्यात्वादयश्च तैः परिणतः तत्परिणामयुक्तः इत्यर्थः । अपि पुनः, जीवो भवति । किं तत् । पुण्यः पुण्यरूपः स्यात् । कीदृक् । संयुक्तः सहितः । केन । उपशमभावेन, उपशमसम्यक्त्वोपशमचारित्रपरिणामरूपेण सहितः । उपलक्षणमेतत् । तेन क्षायिकसम्यक्त्वक्षायिकचारित्रादिरूपेण परिणतः जीवः पुण्यरूपो भवति अपिशब्दाद्वा पुण्यपापरहितो जीवो भवति । कोऽसौ । अर्हन् सिद्धपरमेष्ठी जीवः । तथा गोम्मटसारे पापजीवाः पुण्यजीवाः पुण्यं पापं चेति यदुक्तं तदुच्यते । "जीविदरे कम्मचये पुण्णं पावो त्ति होदि पुण्णं तु । सुहपयडीणं दव्वं पावं असुहाण दव्वं तु ॥" जीवपदार्थप्रतिपादने सामान्येन गुणस्थानेषु मिथ्यादृष्टयः सासादनाश्च पापजीवाः । मिश्राः पुण्यपापमिश्रजीवाः सम्यक्त्वमिथ्यात्वमिश्रपरिणामपरिणतत्वात् । असंयताः सम्यक्त्वेन, देशसंयताः सम्यक्त्वेन देशव्रतेन च युक्तत्वात् पुण्यजीवा एवेत्युक्ताः । अनन्तरम् अजीवपदार्थप्ररूपणे कर्मचये कार्मणस्कन्धे पुण्यं पापमित्यजीवपदार्थौ द्वेधा । तत्र शुभप्रकृतीनां सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्राणां द्रव्यं पुण्यं भवति । अशुभनामसद्वेद्यादिसर्वाप्रशस्तप्रकृतीनां द्रव्यं तु पुनः पापं भवति ॥१९०॥ तथा जीवस्तीर्थभूतो भवति तदाह—

रयणत्तय-संजुत्तो जीवो वि हवेइ उत्तमं तित्थं ।
संसारं तरइ जदो रयणत्तय-दिव्व-णावाए[1] ॥१९१॥

छाया-रत्नत्रयसंयुक्तः जीवः अपि भवति उत्तमं तीर्थम् । संसारं तरति यतः रत्नत्रयदिव्यनावा ॥] अपि पुनः, जीवो भवति । किं तत् । उत्तमं सर्वोत्कृष्टं तीर्थं, सर्वेषां तीर्थानां मध्ये सर्वोत्कृष्टः अनुपमः तीर्थभूतो जीवो

व्रतसे सहित होनेसे और प्रमत्त संयत आदि गुणस्थानवर्ती जीव सम्यक्त्व और महाव्रतसे सहित होनेसे पुण्यात्मा जीव हैं। अजीव पदार्थका वर्णन करते हुये-चूंकि कार्मणस्कन्ध पुण्यरूपभी होता है और पापरूपभी होता है अतः अजीवके भी दो भेद हैं। उनमेंसे सातावेदनीय, नरकायुके सिवा शेष तीन आयु, शुभ नाम और उच्च गोत्र इन शुभ प्रकृतियोंका द्रव्य पुण्यरूप है। और घातिया कर्मोंकी सब प्रकृतियां, असातावेदनीय, नरकायु, अशुभनाम, नीचगोत्र इन अशुभ प्रकृतियोंका द्रव्य पापरूप है। विशेषार्थ इस प्रकार है। क्रोध, मान, माया और लोभ कषाकी तीव्रतासे तो पापरूप परिणाम होते हैं, और इनकी मन्दतासे पुण्यरूप परिणाम होते हैं। जिस जीवके पुण्यरूप परिणाम होते हैं यह पुण्यात्मा है, और जिस जीवके पापरूप परिणाम होते हैं वह पापी है। इस तरह एक ही जीव कालभेदसे दोनों तरहके परिणाम होनेके कारण पुण्यात्मा और पापात्मा कहा जाता है। क्योंकि जब जीव सम्यक्त्व सहित होता है तो उसके तीव्र कषायोंकी जड़ कट जाती है अतः वह पुण्यात्मा कहा जाता है। और जब वही जीव मिथ्यात्वमें था तो उसके कषायोंकी जड़ बड़ी गहरी थी अतः तब वही पापी कहलाता था। आजकल लोग जिसको धनी और ऐश्वर्य-सम्पन्न देखते हैं भलेही वह पाप करता हो उसे पुण्यात्मा कहने लगते हैं, और जो निधन गरीब होता है भलेही वह धर्मात्मा हो उसे पापी समझ बैठते हैं। यह लोगोंकी समझकी गल्ती है। पुण्य और पापका फल भोगनेवाला पुण्यात्मा और पापी नहीं है, जो पुण्यकर्म शुभभावपूर्वक करता है वही पुण्यात्मा है और जो अशुभ कर्म करता है वही पापी है। पापपुण्यका सम्बन्ध जीवके भावोंसे है। ॥ १९० ॥ आगे कहते हैं कि वही जीव तीर्थरूप होता है। **अर्थ**-रत्नत्रकसे सहित यही जीव उत्तम तीर्थ है; क्योंकि वह रत्नत्रय रूपी दिव्य नावसे संसारको पार करता है॥ **भावार्थ**-जिसके

---

[1] ब नावाए।

भवेदित्यर्थः । तीर्यते संसारोऽनेनेति तीर्थम् । कीदृक् सन् जीवः । रत्नत्रयसंयुक्तः, व्यवहारनिश्चयसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्ररूपरत्नत्रयेण सहितः आत्मा तीर्थं स्यात् । यतः यस्मात्कारणात् तरति । कम् । तं संसारं भवसमुद्रम् । ससारसमुद्रस्य पारं गच्छतीत्यर्थः । कया । रत्नत्रयदिव्यनावा रत्नत्रयसर्वोत्कृष्टतरण्या सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्ररूपनौकया आत्मा भवसमुद्रं तरतीत्यर्थः ॥ १९१ ॥ अथातोऽन्येऽपि जीवप्रकारा भण्यन्ते—

जीवा[1] हवंति तिविहा[2] बहिरप्पा तह य अंतरप्पा य ।
परमप्पा वि य दुविहा अरहंता तह य सिद्धा य ॥ १९२ ॥

[छाया–जीवाः भवन्ति त्रिविधाः बहिरात्मा तथा च अन्तरात्मा च । परमात्मानः अपि च द्विधा अर्हन्तः तथा च सिद्धाः च ॥] जीवाः आत्मनः त्रिविधा त्रिप्रकारा भवन्ति । एके केचन बहिरात्मानः, बहिर्द्रव्यविषये शरीरपुत्रकलत्रादिचेतनाचेतनरूपे आत्मा येषां ते बहिरात्मनः । अन्तः अभ्यन्तरे शरीरादेर्भिन्नप्रतिभासमानः आत्मा

द्वारा संसारको तिराजाये उसे तीर्थ कहते हैं । सो व्यवहार और निश्चय सम्यग्दर्शन; सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्ररूप रत्नत्रयसे सहित यह आत्मा ही सब तीर्थोंसे उत्कृष्ट तीर्थ है; क्योंकि यह आत्मा सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रमय रत्नत्रयरूप नौकामें बैठकर संसार रूपी समुद्रको पार कर जाता है । आशय यह है कि जिसके द्वारा तिरा जाये वह तीर्थ कहा जाता है, सो वह जीव रत्नत्रयको अपनाकर संसार समुद्रको तिर जाता है अतः रत्नत्रय तीर्थ कहलाया । किन्तु रत्नत्रय तो आत्माका ही धर्म है, आत्मासे अलग तो रत्नत्रय नाम की कोई वस्तु है नहीं । अतः आत्मा ही तीर्थ कहलाया । वह आत्मा संसारसमुद्रको स्वयंही नहीं तिरता किन्तु दूसरोंके भी तिरनेमें निमित्त होता है अतः वह सर्वोत्कृष्ट तीर्थ है ॥ १९१ ॥ अब दूसरी तरहसे जीवके भेद कहते हैं । **अर्थ–**जीव तीन प्रकारके हैं-बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा । परमात्माके भी दो भेद हैं-अरहंत और सिद्ध ॥ **भावार्थ–**आत्मा तीन प्रकारके होते हैं-बहिरात्मा, अन्तरात्मा और परमात्मा । बाह्य द्रव्य शरीर, पुत्र, स्त्री वगैरहमें ही जिनकी आत्मा है अर्थात् जो उन्हें ही आत्मा समझते हैं वे बहिरात्मा हैं । जो शरीरसे भिन्न आत्माको जानते हैं वे अन्तरात्मा हैं । अर्थात् जो परम समाधिमें स्थित होकर शरीरसे भिन्न ज्ञानमय आत्माको जानते हैं वे अन्तरात्मा हैं । कहा भी है-जो परम समाधिमें स्थित होकर देहसे भिन्न ज्ञानमय परम आत्माको निहारता है वही पंडित कहा जाता है ॥ १ ॥ 'पर' अर्थात् सबसे उत्कृष्ट, 'मा' अर्थात् अनन्त चतुष्टय रूप अन्तरंग लक्ष्मी और समवसरण आदिरूप बाह्य लक्ष्मीसे विशिष्ट आत्माको परमात्मा कहते है । वे परमात्मा दो प्रकारके होते हैं-एक तो छियालीस गुण सहित परम देवाधिदेव अर्हन्त तीर्थंकर और एक सम्यक्त्व आदि आठ गुण सहित अथवा अनन्त गुणोंसे युक्त और स्वात्मोपलब्धिरूप सिद्धिको प्राप्त हुए सिद्ध परमेष्ठी, जो लोकके अग्रभागमें विराजमान हैं ॥ १९२ ॥ अब बहिरात्माका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ–**जो जीव मिथ्यात्वकर्मके उदयरूप परिणत हो, तीव्र कषायसे अच्छी तरह आविष्ट हो और जीव तथा देहको एक मानता हो, वह बहिरात्मा है ॥ **भावार्थ–**जिसकी आत्मा मिथ्यात्वरूप परिणत हो, अनन्तानुबन्धी क्रोध आदि तीव्र कषायसे जकड़ी हुई हो और शरीर ही आत्मा है ऐसा जो अनुभव करता है वह मूढ़ जीव बहिरात्मा है । गुण

---

१ ग जीवो । २ ब तिवहा ।

येषा ते अन्तरात्मानः । परमसमाधिस्थितः सन्तः देहविभिन्नं ज्ञानमयं परमात्मानं ये जानन्ति ते अन्तरात्मनो भवन्तीत्यर्थः । तथा चोक्तम् । 'देहविभिण्णउ णाणमउ जो परमप्पु णिएइ । परमसमाहिपरिट्ठियउ पंडिउ सो जि हवेइ ॥' अपि च केचन परमात्मानः, परा सर्वोत्कृष्टा मा अन्तरङ्गबहिरङ्गलक्षणा अनन्तचतुष्टयादिसमवसरणादिरूपा लक्ष्मीर्येषा ते परमाः ते च ते आत्मानः परमात्मानः । ते द्विविधा[1] अर्हन्तः षट्चत्वारिंशद्गुणोपेतास्तीर्थंकरपरमदेवादयः । तथा च सिद्धिः स्वात्मोपलब्धिर्येषां ते सिद्धाः, सम्यक्त्वाद्यष्टगुणोपेता वानन्तान्तगुणविराजमानाः लोकाग्रनिवासिनश्च ॥ १९२ ॥ कीदृक्षो बहिरात्मा इत्युक्ते चेदुच्यते—

मिच्छत्त-परिणदप्पा तिव्व-कसाएण सुट्ठु[2] आविट्ठो ।
जीवं देहं एक्कं मण्णंतो होदि बहिरप्पा ॥ १९३ ॥

[छाया–मिथ्यात्वपरिणतात्मा तीव्रकषायेण सुष्ठु आविष्टः । जीवं देहम् एकं मन्यमान भवति बहिरात्मा ॥] होदि भवति । कः । बहिरात्मा । कीदृक् । मिथ्यात्वेन परिणत. आत्मा यस्यासौ मिथ्यात्वपरिणतात्मा । पुनः किंभूत । तीव्रकषायेणानन्तानुबन्धिलक्षणेन क्रोधादिना सुष्ठु अतिशयेन आविष्टः गृहीतः । पुनरपि कीदृक्षः । बहिरात्मा जीवं देहम् एकं मन्यमानः, देहः शरीरमेव जीव आत्मा इत्यनयोरेकत्व मन्यमानः अनुभवन् मूढात्मा भवतीत्यर्थ. । गुणस्थानमाश्रित्योत्कृष्टादिबहिरात्मानः । तत्कथमिति चेत्तदुच्यते । उत्कृष्टा बहिरात्मानो गुणस्थानादिमे स्थिता., द्वितीये मध्यमाः, मिश्रे गुणस्थाने जघन्यका इति ॥ १९३ ॥ अन्तरात्मनः स्वरूपं गाथात्रिकेन दर्शयति—

जे जिण-वयणे कुसला भेयं[3] जाणंति जीव-देहाणं ।
णिज्जिय-दुट्ठट्ठ–मया अंतरप्पा[4] य ते तिविहा ॥ १९४ ॥

[छाया–ये जिनवचने कुशलाः भेदं जानन्ति जीवदेहयोः । निर्जितदुष्टाष्टमदाः अन्तरात्मानः च ते त्रिविधाः ॥] ते प्रसिद्धा अन्तरात्मानः कथ्यते । ते के । ये जिनवचने कुशलाः, जिनाना तीर्थंकरगणधरदेवादीना वचने द्वादशाङ्ग-

---

स्थानकी अपेक्षासे बहिरात्माके उत्कृष्ट आदि भेद बतलाये हैं जो इस प्रकार हैं—प्रथम गुणस्थानमें स्थित जीव उत्कृष्ट बहिरात्मा हैं, दूसरे गुणस्थानवाले मध्यम बहिरात्मा हैं और तीसरे मिश्र गुणस्थान वाले जघन्य बहिरात्मा हैं। विशेष अर्थ इस प्रकार है। जो जीव शरीर आदि परद्रव्यमें आत्मबुद्धि करता है वह बहिरात्मा है। और इस प्रकारकी बुद्धिका कारण मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी कषायका उदय है। मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीका उदय होनेसे शरीर आदि परद्रव्योंमें उसका अहंकार और ममत्वभाव रहता है। शरीरके जन्मको अपना जन्म और शरीरके नाशको अपना नाश मानता है। ऐसा जीव बहिरात्मा है। उसके भी तीन भेद हैं—उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य। प्रथम मिथ्यात्व गुण स्थानवर्ती जीव उत्कृष्ट बहिरात्मा है; क्योंकि उसके मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी कषायका उदय रहता है। दूसरे सासादन गुणस्थानवर्ती जीव मध्यम बहिरात्मा है; क्योंकि वह अनन्तानुबन्धी कषायका उदय हो आनेके कारण सम्यक्त्वसे गिरकर दूसरे गुणस्थानमें आता है उसके मिथ्यात्वका उदय नहीं होता। तीसरे मिश्र गुणस्थानवर्ती जीव जघन्य बहिरात्मा है; क्योंकि उसके परिणाम सम्यक्त्व और मिथ्यात्वरूप मिले हुए होते हैं तथा उसके न तो मिथ्यात्वका उदय होता है और न अनन्तानुबन्धीका उदय होता है॥ १९३ ॥ अब तीन गाथाओंसे अन्तरात्माका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**-जो जीव जिनवचनमें कुशल हैं, जीव और देहके भेदको जानते हैं तथा जिन्होंने आठ दुष्ट मदोंको जीत लिया है वे अन्तरात्मा है। वे तीन प्रकारके है॥ **भावार्थ**—अन्तरात्माओंका कथन

---

१ ग द्विधा। २ ब म सुट्ठु, ल कसाएट्ठु, स कसाएसु सुट्ठ, ग कषाएसु ट्ठियाविट्ठो। ३ स भेदं (?)। ४ [अंतर अप्पा]।

रूपसिद्धान्ते कुशला दक्षा निपुणाः, जिनाज्ञाप्रतिपालका वा, जीवदेहयोरात्मशरीरयोर्भेदं जानन्ति, जीवाच्छरीरं भिन्नं पृथग्रूपमिति जानन्ति विदन्ति । पुनः कीदृक्षास्ते । निर्जितदुष्टाष्टमदाः । मदाः के । 'ज्ञानं पूजां कुलं जातिर्बलमृद्धिस्तपो वपुः' इत्यष्टौ मदा गर्वा अभिमानरूपाः, अष्टौ च मदाश्च अष्टमदाः, दुष्टाः सम्यक्त्वमलहेतुत्वात्, ते च ते अष्टमदाश्च, निर्जिता दुष्टाष्टमदा यैस्ते तथोक्ताः । ते त्रिविधाः त्रिप्रकारा अन्तरात्मानो भवन्ति जघन्यमध्यमोत्कृष्टभेदात् ॥ १९४ ॥ अन्तरात्मनः तांश्च भेदान् दर्शयति—

पंच-महव्वय-जुत्ता धम्मे सुक्के वि संठिदा[1] णिच्चं ।
णिज्जिय-सयल-पमाया उक्किट्ठा अंतरा होंति ॥ १९५ ॥

[छाया-पञ्चमहाव्रतयुक्ताः धर्मे शुक्ले अपि संस्थिताः नित्यम् । निर्जितसकलप्रमादाः उत्कृष्टाः अन्तराः भवन्ति ॥] होंति भवन्ति । के । उत्कृष्टा अन्तरात्मानः । कीदृक्षास्ते पञ्चमहाव्रतयुक्ताः, हिंसानृतस्तेयाब्रह्मचर्यपरिग्रहनिवृत्तिलक्षणैः महाव्रतैः सहिताः । पुनः कथंभूतास्ते । नित्यं निरन्तरं धर्मे शुक्लेऽपि संस्थिता, धर्मध्याने आज्ञापायविपाकसंस्थान-

करते है । जो तीर्थङ्करके द्वारा प्रतिपादित और गणधर देवके द्वारा गूंथे गये द्वादशाङ्ग रूप जिनवाणीमें दक्ष हैं, उसको जानते हैं अथवा जिन भगवानकी आज्ञा मानकर उसका आदर और आचरण करते हैं, और जीवसे शरीरको भिन्न जानते हैं । तथा जिन्होंने सम्यक्त्वमें दोष पैदा करनेवाले आठ दुष्ट मदोंको जीत लिया है । वे आठ मद इस प्रकार हैं-ज्ञानका मद, आदर सत्कारका मद, कुलका मद, जातिका मद, ताकतका मद, ऐश्वर्यका मद तपका मद, और शरीरका मद । इन मदोंको जीतने वाले जीव अन्तरात्मा कहलाते हैं । उनके उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्यके भेदसे तीन भेद हैं ॥ १९४ ॥ अब उत्कृष्ट अन्तरात्माका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**-जो जीव पांच महाव्रतोंसे युक्त होते हैं, धर्म्यध्यान और शुक्लध्यानमें सदा स्थित होते हैं, तथा जो समस्त प्रमादोंको जीत लेते हैं वे उत्कृष्ट अन्तरात्मा हैं ॥ **भावार्थ**-जो हिंसा, झूठ, चोरी मैथुन और परिग्रह इन पाँच पापोंकी निवृत्तिरूप पांच महाव्रतोंसे सहित होते हैं, आज्ञा विचय, अपाय विचय, विपाक विचय और संस्थान विचय रूप दस प्रकारके धर्मध्यान और पृथक्त्व वितर्क वीचार तथा एकत्व वितर्क अवीचाररूप दो प्रकारके शुक्लध्यानमें सदा लीन रहते हैं । तथा जिन्होंने प्रमादके १५ भेदोंको अथवा ८० भेदोंको या सैंतीस हजार पांच सौ भेदोंको जीत लिया है, ऐसे अप्रमत्त गुणस्थानसे लेकर क्षीणकषाय गुणस्थानतकके मुनि उत्कृष्ट अन्तरात्मा होते हैं । विशेष अर्थ इस प्रकार है । प्रमादवश अपने या दूसरोंके प्राणोंका घात करना हिंसा है । जिससे दूसरोंको कष्ट पहुंचे, ऐसे वचनका बोलना झूठ है । बिना दिये पराये तृणमात्रको भी लेलेना अथवा उठाकर दूसरोंको देदेना चोरी है । कामके वशीभूत होकर कामसेवन आदि करना मैथुन है । शरीर, स्त्री, पुत्र, धन, धान्य आदि वस्तुओंमें ममत्व रखना परिग्रह है । ये पाँच पाप हैं । इसका एकदेशसे त्याग करना अणुव्रत है और पूरी तरहसे त्याग करना महाव्रत है । ध्यानका वर्णन आगे किया जायेगा । अच्छे कामोंमें आलस्य करनेका नाम प्रमाद है । प्रमाद १५ हैं-४ विकथा अर्थात् खोटी कथा-स्त्रीकथा-स्त्रियोंकी चर्चा वार्ता करते रहना, भोजनकथा-खानेपीनेकी चर्चावार्ता करते रहना, राष्ट्रकथा—देशकी चर्चावार्ता करते रहना और राजकथा-राजाकी चर्चावार्ता

१ ल स ग संठिया ।

विचयरूपे दशविधधर्मध्याने वा शुक्लध्यानेऽपि । अपिशब्द चार्थे । पृथक्वितर्कवीचारैकत्ववितर्कवीचारलक्षणे द्विके शुक्लध्याने च स्थिताः निश्चलं गताः स्थिरीभूता इत्यर्थः । पुनः कीदृक्षाः । निर्जिताः नाशं नीताः सकलाः पञ्चदश प्रमादाः १५, अशीतिः प्रमादा वा ८०, सार्धसप्तत्रिंशत्सहस्रप्रमितप्रमादा वा ३७५००, यैस्ते तथोक्ताः । अप्रमत्तादिक्षीणकषाय-गुणस्थानवर्तिनो मुनय उत्कृष्टान्तरात्मानो भवन्तीति तात्पर्यम् ॥ १९५ ॥ के ते मध्यमा अन्तरात्मानः—

सावय-गुणेहिँ जुत्ता पमत्त-विरदा य मज्झिमा होंति ।
जिण-वयणे अणुरत्ता उवसम-सीला महासत्ता ॥ १९६ ॥

आकाश द्रव्य कहते हैं । लोक और अलोकके भेदसे एक ही आकाश द्रव्यके दो भाग होगये हैं । जितने आकाशमें धर्म, अधर्म, जीव, पुद्गल और काल द्रव्य पाये जाते हैं उसे लोकाकाश कहते हैं । क्योंकि जहां जीवादि द्रव्य पाये जावें वह लोक है ऐसी लोक शब्दकी व्युत्पत्ति है । और जहां जीवादि द्रव्य न पाये जायें, केवल आकाश द्रव्य ही पाया जाये उसे अलोकाकाश कहते हैं ॥ २१३ ॥ यहां शङ्काकार शङ्का करता है कि सब द्रव्योंमें अवगाहन शक्ति है या नहीं ? यदि नहीं है तो कौन किसको अवकाश देता है ? और यदि है तो उसकी उत्पत्ति बतलानी चाहिये । दूसरी शङ्का यह है कि आकाश द्रव्यको केवलज्ञानके अविभागी प्रतिच्छेदोंके अनन्तवें भाग बतलाया है । और उसके भी अनन्तवें भाग लोकाकाश है । वह असंख्यात प्रदेशी है । उस असंख्यात प्रदेशी लोकमें अनन्तानन्त जीव, जीवोंमें भी अनन्तगुने पुद्गल, लोकाकाशके प्रदेशोंके बराबर असंख्यात कालाणु, लोकाकाशके ही बराबर धर्म द्रव्य और अधर्म द्रव्य कैसे रहते हैं ? ग्रन्थकार स्वामी कार्तिकेय दो गाथाओंके द्वारा इन शङ्काओंका समाधान करते हैं । **अर्थ**—वास्तवमें सभी द्रव्योंमें परस्पर अवकाश देनेकी शक्ति है । जैसे भस्ममें और जलमें अवगाहन शक्ति है वैसे ही जीवके असंख्यात प्रदेशोंमें जानो ॥ **भावार्थ**—जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल, सभी द्रव्योंमें निश्चयसे अवगाहन शक्ति है । जैसे पानीसे भरे हुये घड़ेमें राख समा जाती है वैसे ही लोकाकाशमें सब द्रव्य परस्परमें एक दूसरेको अवकाश देते हैं । तथा जैसे एक दीपकके प्रकाशमें अनेक प्रदीपोंका प्रकाश समा जाता है, या एक प्रकारके रसमें बहुतसा सोना समाया रहता है अथवा पारदगुटिकामें दुग्ध होकर अनेक वस्तुयें समाविष्ट रहती हैं, वैसे ही विशिष्ट अवगाहन शक्तिके होनेसे असंख्यात प्रदेशी भी लोकमें सब द्रव्योंके रहनेमें कोई

१ ब सत्ती, स अवगाहणदाणसत्ति परमत्थ, ग सत्ति परमत्थं । २ म स पएसाण जाण बहुआणं, ग पयेसाण जाण बहुआणं

जदि ण हवदि सा सत्ती सहाव-भूदा हि सव्व-दव्वाणं ।
'एक्केक्कास-पएसे कह' ता सव्वाणि वट्टंति ॥ २१५ ॥

[छाया-यदि न भवति सा शक्तिः स्वभावभूता हि सर्वद्रव्याणाम् । एकस्मिन् आकाशप्रदेशे कथं तत् सर्वाणि वर्तन्ते ॥] यदि नन्वहो सर्वद्रव्याणां, हीति स्फुटं निश्चयतो, वा, सा अवगाहनशक्तिः अवकाशदानसमर्थता स्वभावभूता स्वाभाविकी चेत् तो तर्हि सर्वाणि द्रव्याणि एकस्मिन् एकस्मिन् आकाशप्रदेशे कथं वर्तन्ते सन्ति । पुनरपि यथा जलपूर्णे घटे लवणं माति, अन्यच्च लोहसूच्यादिकं माति, तथा एकस्मिन्नाकाशप्रदेशे सर्वद्रव्यकदम्बं माति । स च कियान्मात्रः प्रदेशः इत्युक्ते, आगमे प्रोक्तं च । "जेत्ती वि खेत्तमित्तं अणुणा रुद्धं खु गयणदव्वं च । तं च पदेसं भणियं अवरावरकारणं जस्स ॥" यस्य परमाणोः परापरकारणं गगनद्रव्यं यावत् क्षेत्रमात्रं परमाणुना व्याप्तं स्फुटं स प्रदेशो भणित इति॥२१५॥ अथ कालद्रव्यं लक्षयति—

सव्वाणं दव्वाणं परिणामं जो करेदि सो कालो ।
एक्केक्कास-पएसे सो वट्टदि एक्कको' चेव ॥ २१६ ॥

[छाया-सर्वेषां द्रव्याणां परिणामं यः करोति स कालः । एकैकाकाशप्रदेशे स वर्तते एकैकः एव ॥] स अवसप्र-सिद्धः कालः निश्चयकालः कथ्यते । स कः । यः सर्वेषां द्रव्याणां जीवपुद्गलादीनां परिणामं पर्यायं नवजीर्णतादिलक्षणम् उत्पादव्ययध्रौव्यलक्षणं च । जीवानां स्वभावपर्यायं विभावपर्यायं क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादिकं नरनारकतिर्यग्देवादि-रूपं च, पुद्गलानां स्वभावपर्यायं रूपरसगन्धादिपर्यायं विभावपर्यायं व्यणुकत्र्यणुकादिस्कन्धपर्यन्तपर्यायं करेदि कारयति उत्पादयतीत्यर्थः । स च निश्चयकालः । एकैकाकाशप्रदेशे एकस्मिन् एकस्मिन्नाकाशप्रदेशे कालाणु वर्तते एव रत्न-

---

विरोध नहीं आता ॥ २१४ ॥ **अर्थ**—यदि सब द्रव्योंमें स्वभावभूत अवगाहन शक्ति न होती तो एक आकाशके प्रदेशमें सब द्रव्य कैसे रहते ॥ **भावार्थ**—सब द्रव्योंमें अवगाहनशक्ति स्वभावसे ही पाई जाती है । यदि अवगाहनशक्ति न होती तो आकाशके प्रत्येक प्रदेशमें सब द्रव्य नहीं पाये जाते । किन्तु जैसे जलसे भरे हुए घड़ेमें नमक समा जाता है,सूईयां समा जाती हैं, वैसे ही आकाशके एक प्रदेशमें सब द्रव्य रहते हैं । आकाशके जितने भागको पुद्गलका एक परमाणु रोकता है उसे प्रदेश कहते हैं । उस प्रदेशमें धर्म अधर्म, काल, आदि सभी द्रव्य पाये जाते हैं । इससे प्रतीत होता है कि सभी द्रव्योंमें स्वाभाविकी अवगाहन शक्ति है । शङ्का—यदि सभी द्रव्योंमें स्वाभाविक अवगाहन शक्ति है तो अव-काश देना आकाशका असाधारण गुण नहीं हुआ; क्यों कि असाधारण गुण उसे कहते हैं जो दूसरोंमें न पाया जाये ? समाधान-यह आपत्ति उचित नहीं है । सब पदार्थोंको अवकाश देना आकाशका असाधारण लक्षण है, क्योंकि अन्यद्रव्य सब पदार्थोंको अवकाश देनेमें असमर्थ हैं । शङ्का-अलोका-काश तो किसी भी द्रव्यको अवकाश नहीं देता अतः इसमें अवकाशदानकी शक्ति नहीं माननी चाहिये । समाधान-अलोकाकाशमें आकाशके सिवाय अन्य कोई द्रव्य नहीं पाया जाता । किन्तु इससे वह अपने स्वभावको नहीं छोड़ देता ॥ २१५ ॥ अब काल द्रव्यका लक्षण कहते हैं । **अर्थ**-जो सब द्रव्योंके परिणामका कर्ता है वह कालद्रव्य है । वह कालद्रव्य एक एक आकाशके प्रदेशपर एक एक ही रहता है ॥ **भावार्थ**—जीव पुद्गल आदि सब द्रव्योंमें नयापन और पुरानापनरूप अथवा उत्पादन व्यय और ध्रौव्यरूप परिणाम यानी पर्याय प्रतिसमय हुआ करती है । वह पर्याय दो प्रकारकी

---

१ म एक्केक्कास, ग एकेकास । २ म किहं । ३ म स ग एक्किको।

राशिवत् भिन्नभिन्न एव। तथाहि, षड्द्रव्याणां वर्तनाकारणं वर्तयिता प्रवर्तनलक्षणमुख्यकालः। वर्तनागुणो द्रव्यनिचये एव। तथा सति कालाधारेणैव सर्वद्रव्याणि वर्तन्ते स्वस्वपर्यायैः परिणमन्ति। ननु कालस्यैव परिणामक्रियापरत्वापरत्वोपकारो जीवपुद्गलयोः दृश्यते। धर्माद्यमूर्तद्रव्येषु कथमिति चेदुक्तं च। "धम्माधम्मादीणं अगुरुलहुगं तु छहिं विवड्ढीहिं। हाणीहिं विवड्ढंतो हायंतो वट्टदे जम्हा ॥" यतः धर्माधर्मादीनामगुरुलघुगुणाविभागप्रतिच्छेदाः स्वद्रव्यत्वस्य निमित्तभूतशक्तिविशेषाः षड्वृद्धिभिर्वर्धमानाः षड्हानिभिश्च हीयमानाः परिणमन्ति। ततः कारणात् तत्रापि मुख्यकालस्यैव कारणत्वात् इति। तथा च। "लोगागासपदेसे एक्केक्के जे ठिया हु एक्केक्का। रयणाणं रासी इव ते कालाणू मुणेयव्वा ॥" एकैकलोकाकाशप्रदेशे ये एकैके भूत्वा रत्नानां राशिरिव भिन्नभिन्नव्यक्त्या तिष्ठन्ति ते कालाणवो मन्तव्याः। धर्माधर्माकाशा एकैक एव अखण्डद्रव्यात्वात्। कालाणवो लोकप्रदेशमात्रा इति ॥ २१६ ॥ यथा कालाणूनां परिणमनशक्तिरस्ति तथा सर्वेषां द्रव्याणां स्वभावभूता परिणामशक्तिरस्तीत्यावेदयति—

णिय-णिय-परिणामाणं णिय-णिय-दव्वं पि कारणं होदि।
अण्णं बाहिर-दव्वं णिमित्त-मित्तं[1] वियाणेह[2] ॥ २१७ ॥

[छाया-निजनिजपरिणामानां निजनिजद्रव्यम् अपि कारणं भवति। अन्यत् बाह्यद्रव्यं निमित्तमात्रं विजानीत ॥] निजनिजपरिणामानां स्वकीयस्वकीयपर्यायाणां जीवानां क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादिपर्यायाणां नरनारकादिपर्यायाणां च पुद्गलानाम् औदारिकादिशरीरादीनां द्व्यणुकत्र्यणुकादिस्कन्धपर्यन्तानां परिणामानां पर्यायाणां च। निजनिजद्रव्यमपि, न केवलं कालद्रव्यम् इत्यपिशब्दार्थः, कारणं हेतुर्भवति, उपादानकारणं स्यात्। उक्तं च। "ण य परिणमदि

होता है एक स्वभावपर्याय और एक विभावपर्याय। बिना पर निमित्तके जो स्वतः पर्याय होती है उसे स्वभावपर्याय कहते हैं। जैसे जीवकी स्वभावपर्याय अनन्तचतुष्टय वगैरह और पुद्गलकी स्वभावपर्याय रूप, रस, गन्ध वगैरह। स्वभावपर्याय सभी द्रव्योंमें होती है। किन्तु विभाव पर्याय जीव और पुद्गल द्रव्यमें ही होती है क्योंकि निमित्त मिलनेपर इन दोनों द्रव्योंमें विभावरूप परिणमन होता है। क्रोध, मान, माया और लोभ वगैरह तथा नर, नारक, तिर्यञ्च, और देव वगैरह जीवकी विभावपर्याय हैं और द्व्यणुक त्र्यणुक आदि स्कन्धरूप पुद्गलकी विभावपर्याय है। इन पर्यायोंके होनेमें जो सहकारी कारण है वह निश्चयकाल है। आशय यह है कि सब द्रव्योंमें वर्तना नामक गुण पाया जाता है किन्तु काल द्रव्यका आधार पाकर ही सब द्रव्य अपनी अपनी पर्यायरूप परिणमन करते हैं। शंका-काल द्रव्यके परिणाम, क्रिया, परत्व, अपरत्व आदि उपकार जीव और पुद्गलमें ही देखे जाते हैं। धर्म आदि अमूर्त द्रव्योंमें ये उपकार कैसे होते हैं? समाधान-धर्म आदि अमूर्त द्रव्योंमें अगुरुलघु नामक जो गुण पाये जाते हैं इन गुणोंके अविभागी प्रतिच्छेदोंमें छै प्रकारकी हानि और छै प्रकारकी वृद्धि होती रहती है। उसमें भी निश्चयकाल ही कारण है। अतः द्रव्योंमें होनेवाले परिणमनमें जो सहायक है वही निश्चयकाल है। वह निश्चयकाल अणुरूप है और उसकी संख्या असंख्यात है; क्योंकि लोकाकाशके प्रत्येक प्रदेशपर एक एक कालाणु रत्नोंकी राशिकी तरह अलग अलग स्थित है। सारांश यह है कि धर्म, अधर्म और आकाश द्रव्य तो एक एक ही है किन्तु कालद्रव्य लोकाकाशके प्रदेशोंकी संख्याके बराबर असंख्यात है ॥ २१६ ॥ आगे कहते हैं कि सभी द्रव्योंमें स्वभावसे ही परिणमन करनेकी शक्ति है। **अर्थ**-अपने अपने परिणामोंका उपादान कारण अपना द्रव्य ही होता है। अन्य जो बाह्य द्रव्य है वह तो निमित्त मात्र है ॥ **भावार्थ**-कारण दो प्रकारका होता है एक उपादान

१ म णिमित्त-मत्त (?)। २ ब वियाणेहि (?)।

सयं सो ण य परिणामेइ यण्णमण्णेहिं । विविहपरिणामियाणं हवदि हु कालो सयं हेदु ॥" स कालः संक्रमविधानेन स्वगुणैर्नान्यद्रव्ये परिणमति, न च परद्रव्यगुणान् स्वस्मिन् परिणामयति, नापि हेतुकर्तृत्वेनान्यद्रव्यमन्यगुणैः सह परिणामयति । किं तर्हि विविधपरिणामिकानां द्रव्याणां परिणमनस्य स्वयमुदासीननिमित्तं भवति। यथा कालद्रव्यं तथा सर्वद्रव्यमपि इति । अण्ण बाहिरदव्वं णिमित्तमित्तं वियाणेह, अन्यदपि बाह्यद्रव्यं बहिरङ्गद्रव्यं निमित्तमात्रं निमित्तहेतुकं जानीहि त्वम्, हे महानुभाव इति । यथा एकमृत्तिकाद्रव्यं घटघटीशरावोदञ्चनादीनां पर्यायाणामुपादानकारणं कुम्भकारचक्रचीवरदण्डदोरकजलादिबहिरङ्गनिमित्तकारणं च भवति । अथवा इन्धनाग्निसहकारिकारणोत्पन्नस्योदन-पर्यायस्य तण्डुलोपादानं कारणं यथा । अथवा नरनारकादिजीवपर्यायस्य जीवोपादानकारणवत् । तथा द्रव्यमपि स्वस्व-पर्यायाणामुत्पादने उपादानकारणम्, अन्यद्द्रव्यक्षेत्रकालादिकं निमित्तकारणं च ज्ञातव्यम् । यथा च लोहधातवः सुवर्ण-शक्तियुक्ताः सन्तो रसोपविद्धाः सन्तः सुवर्णतां यान्ति । तथा सर्वाण्यपि द्रव्याणि स्वकीयपरिणामयुक्तान्यपि कालादि-सहकारिद्रव्यप्रेरितानि स्वस्वपर्यायान् जनयन्ति उत्पादयन्तीत्यर्थः ॥२१७॥ अथ सर्वेषां द्रव्याणां परस्परमुपकारः, सोऽपि सहकारिभावेन कारणभावं लभते इत्यावेदयति—

सव्वाणं दव्वाणं जो उवयारो हवेइ अण्णोण्णं ।
सो चिय कारण-भावो हवदि हु सहयारि-भावेण ॥२१८॥

[छाया—सर्वेषां द्रव्याणां यः उपकारः भवति अन्योन्यम् । स एव कारणभावः भवति खलु सहकारिभावेन ॥] सर्वेषां द्रव्याणां जीवपुद्गलादीनाम् अन्योन्यं परस्परं यः उपकारो भवति । हु इति स्फुटम् । सो चिय स एव उपकारः सहकारिकारणभावेन निमित्तकारणभावेन कारणभावो भवति कारणं जायते इत्यर्थः। यथा गुरुः शिष्यादीनां विद्यादि-पाठनेनोपकारं करोति, शिष्यस्तु गुरोः पादमर्दनादिकमुपकारं करोति स उपकारः शिष्यादीनां शास्त्राद्यध्ययनशक्ति-युक्तानां गुरुकृतविद्याद्यध्यापनाद्युपकरणं सहकारिकारणतां लभते।यथा कुम्भकारचक्रस्याधस्तनशिला सहकारिकारणत्वेन

कारण और एक निमित्तकारण । जो कारण स्वयं ही कार्यरूप परिणमन करता है वह उपादान कारण होता है जैसे संसारी जीव स्वयं ही क्रोध, मान, माया, लोभ या राग द्वेष आदि रूप परिणमन करता है अतः वह उपादान कारण है । और जो उसमें सहायक होता है वह निमित्तकारण होता है । सब द्रव्योंमें परिणमन करनेकी स्वाभाविक शक्ति है । अतः अपनी अपनी पर्यायके उपादान कारण तो स्वयं द्रव्यही हैं । किन्तु काल द्रव्य उसमें सहायक होनेसे निमित्त मात्र होता है । जैसे कुम्हारके चाकमें घूम-नेकी शक्ति स्वयं होती है, किन्तु चाक कीलका आश्रय पाकर ही घूमता है । इसीसे गोमटसार जीव-काण्डमें काल द्रव्यका वर्णन करते हुये कहा है-'वह काल द्रव्य स्वयं अन्य द्रव्यरूप परिणमन नहीं करता और न अन्य द्रव्योंको अपने रूप परिणमाता है । किन्तु जो द्रव्य स्वयं परिणमन करते हैं उनके परिणमनमें वह उदासीन निमित्त होता है' ॥ २१७ ॥ आगे कहते हैं कि सभी द्रव्य परस्परमें जो उपकार करते हैं वह भी सहकारी कारणके रूपमें ही करते हैं । **अर्थ**-सभी द्रव्य परस्परमें जो उपकार करते हैं वह सहकारी कारणके रूपमें ही करते हैं ॥ **भावार्थ**-ऊपर बतलाया है कि सभी द्रव्य परस्परमें एक दूसरेका उपकार करते हैं । सो वह उपकारभी वे निमित्त कारणके रूपमें ही करते हैं । जैसे गुरु शिष्योंको विद्याध्ययन कराता है । यहां विद्याध्ययनकी शक्ति तो शिष्योंमें है । गुरु उसमें केवल निमित्त होता है । इसी तरह शीतकालमें विद्याध्ययन करनेमें अग्नि सहायक होती है, कुम्हारके चाकको घूमनेमें कील सहायक होती है । पुद्गल, शरीर, वचन, मन, श्वासोच्छ्वास,सुख, दुःख,जीवन,मरण,पुत्र, मित्र, स्त्री, मकान, हवेली आदिके रूपमें जीवका उपकार करता है, गमन करते हुये जीव और पुद्गलों-

कारणभाव उपकारो भवति । वा यथा शीतकाले पठता पुंसाम् अध्ययने अग्निः सहकारिकारणत्वेन उपकारः । तथा च जीवानां पुद्गलः शरीरवचनमनःश्वासोच्छ्वाससुखदुःखजीवितमरणपुत्रमित्रकलत्रादिगृहहट्टादिकसहकारिकारणरूपेण उपकारं करोति । जीवाना पुद्गलानां च गमनवतां गतेः निमित्तसहकारिकारणत्वेन उपकारः । स्थितिवतां जीवपुद्गलानां स्थितेः बाह्यनिमित्तसहकारिकारणभावेन उपकारः । अवकाशदाने आकाशस्य सर्वेषां द्रव्याणां सहकारिकारणत्वेन उपकारः । जीवपुद्गलाना नवजीर्णतोत्पादने सहकारिकारणत्वेन कालस्योपकारः । यथाकाशद्रव्यम् अशेषद्रव्यम् अशेषद्रव्याणामाधारः स्वस्यापि, तथा कालद्रव्यं परेषां द्रव्याणां परिणतिपर्यायत्वेन सहकारिकारणं स्वस्यापि यथा इन्धनाग्निसहकारिकारणोत्पन्नस्योदनपर्यायस्य तण्डुलोपादानकारणम्, कुम्भकारचक्रचीवरादिबाह्यकारणोत्पन्नस्य मृत्पिण्डघटपर्यायस्य मृत्पिण्डोपादानकारणवत् ॥ २१८ ॥ अथ द्रव्याणां स्वभावभूतां नानाशक्तिं कोऽपि निषेद्धुं न शक्नोतीत्यावेदयति—

कालाइ-लद्धि-जुत्ता णाणा-सत्तीहिं[1] संजुदा अत्था ।
परिणममाणा हि सयं[2] ण सक्कदे को वि वारेदुं ॥ २१९ ॥

[छाया—कालादिलब्धियुक्ताः नानाशक्तिभिः संयुता अर्थाः । परिणममानाः हि स्वयं न शक्यते कः अपि वारयितुम् ॥] अर्थाः जीवादिपदार्थाः, हीति स्फुटम्, स्वयमेव परिणममाणा परिणमन्तः पर्यायान्तरं गच्छन्तः सन्तः कैरपि इन्द्रधरणेन्द्रचक्रवर्त्यादिभिः वारयितुं न शक्यन्ते । कीदृक्षास्तेऽर्थाः । कालादिलब्धियुक्ताः कालद्रव्यक्षेत्रभवभावादिसामग्रीप्राप्ताः । पुनरपि कीदृक्षास्ते अर्थाः । नानाशक्तिभिः, अनेकसमर्थताभिः नानाप्रकारस्वभावयुक्ताभिः संयुक्ताः । यथा जीवाः भव्यत्वादिशक्तियुक्ताः रत्नत्रयादिकाललब्धिं प्राप्य निर्वान्ति, यथा तण्डुलाः ओदनशक्तियुक्ताः इन्धनाग्निस्थालीजलादिसामग्रीं प्राप्य भक्तपरिणामं लभन्ते । तत्र भक्तपर्याये तण्डुलानामुपादानकारणे सति कोऽपि निषेद्धुं न शक्नोतीति भावः ॥ २१९ ॥ अथ व्यवहारकालं निरूपयति—

जीवाण पुग्गलाणं जे सुहुमा बादरा[3] य पज्जाया ।
तीदाणागद-भूदा सो ववहारो हवे कालो ॥ २२० ॥

की गतिमें सहायक धर्म द्रव्य होता है, और ठहरनेमें सहायक अधर्म द्रव्य होता है । सब द्रव्योंको अवकाशदान देनेमें सहायक आकाश द्रव्य होता है, परिणमन में सहायक काल द्रव्य होता है । ये सब द्रव्य अपना अपना उपकार सहकारिकारण के रूपमें ही करते हैं । तथा जैसे आकाशद्रव्य सब द्रव्योंका आधार है और अपना भी आधार है वैसेही काल द्रव्य अन्य द्रव्योंके परिणमनमें भी सहकारी कारण है और अपने परिणमनमें भी सहकारी कारण है तथा जैसे अग्निकी सहायतासे उत्पन्न हुई भात पर्यायका उपादन कारण चावल है और कुम्हारकी सहायतासे उत्पन्न होनेवाली घट पर्यायका उपादान कारण मिट्टी है वैसे ही प्रत्येक द्रव्य अपनी अपनी पर्यायका उपादान कारण होता है ॥ २१८ ॥ आगे कहते हैं कि द्रव्योंकी स्वभावभूत जो नाना शक्तियां हैं उनका निषेध कौन कर सकता है ? **अर्थ**—काल आदि लब्धियोंसे युक्त तथा नाना शक्तियोंवाले पदार्थोंको स्वयं परिणाम करते हुए कौन रोक सकता है ॥ **भावार्थ**—सभी पदार्थोंमें नाना शक्तियां हैं । वे पदार्थ द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव, और भवरूप सामग्रीके प्राप्त होनेपर स्वयं परिणमन करते हैं उन्हें उससे कोई नहीं रोक सकता । जैसे, भव्यत्व आदि शक्तिसे युक्त जीव काललब्धिके प्राप्त होनेपर मुक्त हो जाते हैं । भातरूप होनेकी शक्तिसे युक्त चावल, ईंधन, आग, बटलोही, जल आदि सामग्रीके मिलनेपर भातरूप होजाते हैं । ऐसी स्थितिमें जीवको मुक्त होनेसे और चावलोंको भातरूप होनेसे कौन रोक सकता है ॥ २१९ ॥ आगे व्यवहार-

१ ग सत्तीहिं संजुदा । २ म सया । ३ ब बायरा ।

[छाया-जीवानां पुद्गलानां ये सूक्ष्माः बादराः च पर्यायाः । अतीतानागतभूताः स व्यवहारः भवेत् कालः ॥] स व्यवहारकालो भवेत् । व्यवहर्तुं योग्यो व्यवहारः विकल्पः भेदः पर्याय इत्येकार्थः । व्यवहारकालस्वरूपं गोम्मटसारे उक्तमस्ति तदुच्यते । 'आवलिअसंखसमया संखेज्जावलि समूहमुस्सासो । सत्तुस्सासो थोवो सत्तत्थोवो लवो भणिओ ॥' जघन्ययुक्तासंख्यातसमयराशिः आवलिः स्यात् । स समयः किंरूपः । 'अवरा पज्जायठिदी खणमेत्तं होदि तं च समओ त्ति । दोण्हमणूणमदिक्कमकालपमाणं हवे सो दु ॥' द्रव्याणां जघन्या पर्यायस्थितिः क्षणमात्रं भवति, सा च समय इत्युच्यते । स च समयः द्वयोर्गमनपरिणतपरमाण्वोः परस्परातिक्रमकालप्रमाणं स्यात् । तथा च 'णभएयपएसत्थो परमाणू मंदगइपवट्टंतो । बीयमणंतरखेत्तं जावदियं जादि तं समयकालो ॥' आकाशस्यैकप्रदेशस्थितपरमाणुः मन्दगतिपरिणतः सन् द्वितीयमनन्तरक्षेत्रं यावद्याति स समयाख्यः कालो भवति । स च प्रदेशः कियान् । 'जेत्तीवि खेत्तमित्तं अणुणा रुद्धं खु गयणदव्वं च । तं च पदेसं भणियं अवरावरकारणं जस्स ॥' इति समयलक्षणं कथितम् । संख्यातावलिसमूह उच्छ्वासः । स च किंरूपः । 'अड्ढस्स अणलसस्स य णिरुवहयस्स य हवेज जीवस्स । उस्सासाणिस्सासो एगो पाणो त्ति आहीदो ॥' सुखिनः अनलसस्य निरुपहतस्य जीवस्योच्छ्वासनिःश्वासः स एवैकः प्राणः उक्तो भवेत् । सप्तोच्छ्वासाः स्तोकः । सप्तस्तोकाः लवः । 'अट्ठत्तीसद्धलवा णाली वेणालिया मुहुत्तं तु । एक्कसमएण हीणं भिण्णमुहुत्तं तदो सेसं ॥' सार्धाष्टात्रिंशल्लवा नाली घटिका द्वे नाल्यौ मुहूर्तः । स च एकसमयेन हीनो भिन्नमुहूर्तः, उत्कृष्टान्तर्मुहूर्त इत्यर्थः । ततोऽग्रे द्विसमयोनाद्या आवल्यसंख्यातैकभागान्ताः सर्वेऽन्तर्मुहूर्ताः । अत्रोपयोगिगाथासूत्रम् । 'ससमयमावलि अवरं समऊणमुहुत्तयं तु उक्कस्सं । मज्झासंखवियप्पं वियाण अंतोमुहुत्तमिणं ॥' ससमयाधिकावलिर्जघन्यान्तर्मुहूर्तं समयोनमुहूर्तः उत्कृष्टान्तर्मुहूर्तः मध्यमाः असंख्यातविकल्पाः मध्यमान्तर्मुहूर्ताः इति जानीहि ॥ 'दिवसो पक्खो मासो उडु अयणं वस्समेवमादी हु । संखेज्जासंखेज्जाणंताओ होदि ववहारो ॥' दिवसः पक्षो मासः ऋतुः अयनं वर्षं युगं पल्योपमसागरोपमकल्पादयः स्फुटम् आवल्यादिभेदतः संख्यातासंख्यातानन्तपर्यन्तं क्रमशः श्रुतावधिकेवलज्ञानविषयविकल्पाः सर्वे व्यवहारकालो भवति । स व्यवहारकालः कथ्यते । स कः । जीवपुद्गलानां ये जीवानां पुद्गलानां च सूक्ष्मा बादराश्च पर्यायाः, तत्र जीवानां सूक्ष्मपर्यायाः केवलज्ञानदर्शनादिरूपाः, बादरपर्यायाः मतिश्रुतावधिमनःपर्ययक्रोधमानमायालोभाज्ञानादिरूपाः नरनारकादिपर्याया वा । पुद्गलानां सूक्ष्माः पर्यायाः, अणुद्व्यणुकत्र्यणुकादयः सूक्ष्मनिगोदादिशरीररूपाश्च, बादरपर्यायाः पृथ्व्यप्तेजोवायुवनस्पतिशरीरादयः घटपटमुकुटशकटगृहावासपर्वतमेरुविमानादिमहास्कन्धवर्गणापर्यन्ताः । पुनः कीदृशास्ते । अतीतानागतभूताः । अतीतकालभविष्यत्कालवर्तमानकालरूपाः ये केचन अतीतकाले पर्यायाः जाताः, भविष्यत्काले भविष्यन्तः पर्यायाः, वर्तमानकाले समस्तिरूपाः

कालका निरूपण करते हैं । **अर्थ**—जीव और पुद्गल द्रव्यकी जो सूक्ष्म और बादर पर्याय अतीत, अनागत और वर्तमानरूप हैं वही व्यवहार काल है ॥ **भावार्थ**—गोम्मटसार जीवकाण्डमें द्रव्योंका वर्णन करते हुये लिखा है कि एक द्रव्यकी जितनी अतीत, अनागत और वर्तमान अर्थ पर्याय तथा व्यंजन पर्याय होती हैं उतनी ही द्रव्यकी स्थिति होती है । आशय यह है कि प्रत्येक द्रव्यमें प्रतिसमय परिणमन होता है । वह परिणमन ही पर्याय है । एक पर्याय एक क्षण अथवा एक समय तक रहती है । एक समयके पश्चात् वह पर्याय अतीत हो जाती है और उसका स्थान दूसरी पर्याय ले लेती है । इस तरह पर्यायोंका क्रम अनादिकालसे लेकर अनन्तकाल तक चलता रहता है । अतः प्रत्येक द्रव्य अनादि अनन्त होता है । पर्याय दो प्रकारकी होती हैं । एक अर्थ पर्याय और एक व्यञ्जन पर्याय । गुणोंके विकारको पर्याय कहते हैं । सो प्रदेशवत्व गुणके विकारका नाम व्यंजन पर्याय है और अन्य गुणोंके विकारका नाम अर्थ पर्याय है । धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाश, और कालमें केवल अर्थ पर्याय ही होता है और जीव तथा पुद्गल दोनों प्रकारकी पर्यायें होती हैं । तथा व्यञ्जन पर्याय स्थूल होती है और अर्थ पर्याय सूक्ष्म होती है । एक अर्थ पर्याय एक समयतक ही रहती है । आकाशके एक प्रदे-

पर्यायास्त एव कालस्वरूप इति भावः । तथोक्तं च । 'छद्दव्वावट्ठाण सरिसं तियकालअत्थपज्जाये । विंजणपज्जाये वा मिलिदे ताणं ठिदित्तादो ॥' षड्द्रव्याणाम् अवस्थानं सदृशमेव भवति । त्रिकालभवेषु सूक्ष्मावाग्गोचराचिरस्थाय्यर्थपर्यायेषु तद्विपरीतस्थूलवाग्गोचरचिरस्थाय्यर्थव्यञ्जनपर्यायेषु वा मिलितेषु तेषां स्थितत्वात् । इदमेव समर्थयति 'एय-दवियम्मि जे अत्थपज्जया वंजणपज्जया चावि । तीदाणागदभूदा तावदियं तं हवदि दव्वं ॥' एकस्मिन् द्रव्ये ये अर्थपर्याया व्यञ्जनपर्यायाश्चातीतानागताः अपिशब्दाद्वर्तमानाश्च सन्ति तावद्द्रव्यं भवति । तयोः स्वरूपमाह । 'मूर्तो व्यञ्जनपर्यायो वाग्गम्यो नश्वरः स्थिरः । सूक्ष्मः प्रतिक्षणध्वंसी पर्यायश्चार्थसंज्ञकः ।' 'धर्माधर्मनभःकाला अर्थपर्यायगोचराः । व्यञ्जनार्थस्य विज्ञेयौ द्वावन्यौ जीवपुद्गलौ ॥' ॥ २२०॥ अथ अतीतानागतवर्तमानपर्यायाणां संख्यां व्यवहरति—

तेसु अतीदा णंता[1] अणंत-गुणिदा य भावि-पज्जाया ।
एक्को[2] वि वट्टमाणो एत्तिय-मेत्तो[3] वि सो कालो[4] ॥२२१॥

[छाया-तेषु अतीताः अनन्ताः अनन्तगुणिताः च भाविपर्यायाः । एकः अपि वर्तमानः एतावन्मात्रः अपि स कालः ॥] तेषु जीवपुद्गलादीनाम् अतीतानागतवर्तमानपर्यायेषु मध्ये अतीताः पर्यायाः अनन्ताः, संख्यातावलिगुणितसिद्धराशिप्रमाणाः ३।२१। तु पुनः, भाविपर्यायाः अनन्तगुणिताः अतीतपर्यायात् अनन्तानन्तगुणाः ३।२१ ख । वर्तमानः पर्यायः एकोऽपि एकसमयमात्रः । तत्कालपर्यायाक्रान्तवस्तुभावोऽभिधीयते इति वचनात् । अपि पुनः, स कालः स वर्तमानकालः एतावन्मात्रः समयमात्र इत्यर्थः । अतीतानागतवर्तमानकालरूपः कथितः । तथा गोम्मटसारोक्तं तदुच्यते 'ववहारो पुण कालो माणुसखेत्तम्हि जाणिदव्वो दु । जोइसियाणं चारे ववहारो खलु समाणो त्ति ॥' व्यवहार-

---

शमें स्थित परमाणु मन्दगतिसे चलकर उस प्रदेशसे लगे हुये दूसरे प्रदेशपर जितनी देरमें पहुंचता है उतने कालका नाम समय है। व्यवहार, विकल्प, भेद और पर्याय ये सब शब्द एकार्थक हैं अतः व्यवहार या पर्यायके ठहरनेको व्यवहार काल कहते हैं। समय, आवली, उच्छ्वास, स्तोक, लव, नाली, मुहूर्त, दिन, पक्ष, मास, ऋतु, अयन, वर्ष, ये सब व्यवहारकाल हैं। असंख्यात समयकी एक आवली होती है। संख्यात आवलीके समूहको उच्छ्वास कहते हैं। सात उच्छ्वासका एक स्तोक होता है और सात स्तोकका एक लव होता है। साढ़े अड़तीस लवकी एक नाली होती है। दो नाली अथवा घड़ीका एक मुहूर्त होता है। और एक समय कम मुहूर्तको भिन्न मुहूर्त कहते हैं। यही उत्कृष्ट अन्तर्मुहूर्त है। तीस मुहूर्तका एक दिनरात होता है। पन्द्रह दिनरातका एक पक्ष होता है। दो पक्षका एक मास होता है और दो मासकी एक ऋतु होती है। तीन ऋतुका एक अयन होता है। दो अयनका एक वर्ष होता है। यह सब व्यवहारकाल है। यह व्यवहारकाल प्रकटरूपसे मनुष्य लोकमें ही व्यवहृत होता है क्योंकि मनुष्यलोकमें ज्योतिषी देवोंके चलनेके कारण दिन रात आदिका व्यवहार पाया जाता है ॥ २२० ॥ आगे, अतीत, अनागत और वर्तमान पर्यायोंकी संख्या कहते हैं। **अर्थ**–द्रव्योंकी उन पर्यायोंमें से अतीत पर्याय अनन्त हैं, अनागत पर्याय उनसे अनन्तगुनी हैं और वर्तमान पर्याय एक ही है। सो जितनी पर्याय हैं उतना ही व्यवहारकाल है ॥ **भावार्थ**--द्रव्योंकी अतीत, अनागत और वर्तमान पर्यायोंकी संख्या इस प्रकार है–अतीत पर्याय अनन्त हैं। अर्थात् सिद्धराशिको संख्यात आवलिसे गुणा करनेपर जो प्रमाण होता है उतनी ही एक द्रव्यकी अतीत पर्याय होती हैं। भावि पर्याय अतीत पर्यायोंसे भी अनन्तगुनी होती हैं और वर्तमान पर्याय एक ही होती है। गोम्मटसार जीवकाण्डमें व्यवहार कालके तीन भेद बतलाये हैं–अतीत, अनागत और वर्तमान।

---

१ ग अतीदाऽणंता । २ म ग एको । ३ ब ग मित्तो । ४ ब द्रव्यचतुष्कनिरूपणं । पुव्व इत्यादि ।

कालः पुनः मनुष्यक्षेत्रे स्फुटं ज्ञातव्यः । कुतः । ज्योतिष्काणं चारे स समान इति कारणात् । 'ववहारो पुण तिविहो तीदो वट्टंतगो भविस्सो दु । तीदो संखेज्जावलिहदसिद्धाणं पमाणो दु ॥' व्यवहारकालः पुनस्त्रिविधः । अतीतानागतवर्तमानश्चेति । तु पुनः, तत्रातीतः संख्यातावलिगुणितसिद्धराशिर्भवति ३।२१ । कुतः । अष्टोत्तरषट्शतजीवानां मुक्तिगमनकालोऽष्टसमयाधिकषण्मासाः तदा सर्वजीवराश्यनन्तैकभागमुक्तजीवानां कियानिति त्रैराशिकागतस्य तत्प्रमाणत्वात् । प्र ६०८ फ मा ६/८ इ ३ लब्धं ३। २ ७ि । 'समयो हु वट्टमाणो जीवादो सव्वपोग्गलादो वि । भावी अणंतगुणिदो इदि ववहारो हवे कालो ॥' वर्तमानकालः खलु एकसमयः, भाविकालः सर्वजीवराशितः १६ सर्वपुद्गलराशितो १६ ख, ऽप्यनन्तगुणः १६ खख इति व्यवहारकालस्त्रिविधो भणितः । इति धर्माधर्माकाशकालद्रव्यचतुष्टयनिरूपणं समाप्तम् ॥ २२१ ॥ अथ द्रव्याणा कार्यकारणपरिणामभावं निरूपयति—

पुव्व-परिणाम-जुत्तं कारण-भावेण वट्टदे दव्वं ।
उत्तर-परिणाम-जुदं तं चिय कज्जं हवे णियमा ॥२२२॥

[छाया—पूर्वपरिणामयुक्तं कारणभावेन वर्तते द्रव्यम् । उत्तरपरिणामयुक्तं तत् एव कार्यं भवेत् नियमात् ॥] द्रव्यं जीवादिवस्तु पूर्वपरिणामयुक्तं पूर्वपर्यायाविष्टं कारणभावेन उपादानकारणत्वेन वर्तते । तदेव द्रव्यं जीवादिवस्तु उत्तरपरिणामयुक्तम् उत्तरपर्यायाविष्टं तदेव द्रव्यं पूर्वपर्यायाविष्टं कारणभूतं मणिमन्त्रादिना अप्रतिबद्धसामर्थ्यं कारणान्तरावैकल्येन उत्तरक्षणे कार्यं निष्पादयत्येव । यथा आतानवितानात्मकास्तन्तवः अप्रतिबद्धसामर्थ्याः कारणान्तरावैकल्याश्च अन्त्यक्षणं प्राप्ताः पटस्य कारणम्, उत्तरक्षणे पटस्तु कार्यम् । तथा चोक्तमष्टसहस्र्याम् । 'कार्योत्पादः क्षयो हेतोर्नियमात् लक्षणात् पृथक्' इति ॥ २२२ ॥ अथ त्रिष्वपि कालेषु वस्तुनः कार्यकारणभावं निश्चिनोति—

कारण-कज्ज-विसेसा तीसु[1] वि कालेसु हुंति[2] वत्थूणं ।
एक्केक्कम्मि य समए पुव्वुत्तर-भावमासिज्ज[3] ॥२२३॥

संख्यात आवलीसे सिद्धराशिको गुणा करनेपर जो प्रमाण आये वही अतीतकालका प्रमाण है । इसकी उपपत्ति इस प्रकार है—यदि ६०८ जीवोंके मुक्तिगमन का काल छै माह और आठ समय होता है तो समस्त जीवराशिके अनन्तवें भाग प्रमाण मुक्त जीवोंके मुक्तिगमनका काल कितना है ? इस प्रकार त्रैराशिक करनेपर जो प्रमाण आता है वही अतीतकालका प्रमाण है । वर्तमानकालका प्रमाण एक समय है । और समस्त जीव राशि और समस्त पुद्गल राशिसे अनन्तगुना भाविकाल है । इस प्रकार व्यवहार कालका प्रमाण जानना चाहिये । इस तरह धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्यका वर्णन समाप्त हुआ ॥ २२१ ॥ अब द्रव्योंके कार्यकारण भावका निरूपण करते हैं । **अर्थ**—पूर्व परिणाम सहित द्रव्य कारण रूप है और उत्तर परिणाम सहित द्रव्य नियमसे कार्यरूप है ॥ **भावार्थ**—प्रत्येक द्रव्यमें प्रतिसमय परिणमन होता रहता है, यह पहले कहा है । उसमेंसे पूर्वक्षणवर्ती द्रव्य कारण होता है और उत्तरक्षणवर्ती द्रव्य कार्य होता है । जैसे लकड़ी जलनेपर कोयला होजाती और कोयला जलकर राख होजाती है । यहां लकड़ी कारण है और कोयला कार्य है । तथा कोयला कारण और राख कार्य है क्योंकि आप्तमीमांसामें भगवान समन्तभद्रने कहा है कि कारणका विनाश ही कार्यका उत्पाद है । अतः पहली पर्याय नष्ट होते ही दूसरी पर्याय उत्पन्न होती है । इसलिये पूर्वपर्याय उत्तर पर्यायका कारण है और उत्तर पर्याय पूर्व पर्यायका कार्य है । इस तरह प्रत्येक द्रव्यमें कार्य कारण भावकी परम्परा समझ लेना चाहिये ॥ २२२॥ आगे तीनों कालोंमें वस्तुके कार्य कारण

१ ल म स तिस्सु, ग तस्सु । २ ल स होंति (?) । ३ म °मासेज्जा ।

[छाया-कारणकार्यविशेषाः त्रिषु अपि कालेषु भवन्ति वस्तूनाम् । एकैकस्मिन् च समये पूर्वोत्तरभावमासाद्य ॥] वस्तूना जीवादिद्रव्याणां, त्रिष्वपि कालेषु अतीतानागतवर्तमानलक्षणेषु, कालेषु एकैकस्मिन् एकस्मिन् एकस्मिन् समये समये क्षणे क्षणे कारणकार्यविशेषा. हेतुफलभावाः द्रव्यपर्यायरूपा भवन्ति । किं कृत्वा । पूर्वोत्तरभावमाश्रित्य, पूर्वपर्यायम् उत्तरपर्यायं च आश्रित्य श्रित्वा, एकैकस्मिन् समये वस्तूत्पादव्ययध्रौव्यात्मकं भवति । 'उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्'। इति उमास्वा[1]तिवचनात् । यथा एकस्मिन् समये मृत्पिण्डस्य विनाश एव घटस्योत्पादः मृद्द्रव्येण ध्रौव्यम् इत्येकस्मिन्नेव समये पूर्वोत्तरभावेन कारणकार्यरूपेण उत्पादविनाशौ मतः ॥ २२३ ॥ अथानन्तधर्मात्मकं वस्तु निर्णयति-

संति अणंताणंता तीसु वि कालेसु सव्व-दव्वाणि ।
सव्वं पि अणेयंतं तत्तो भणिदं जिणेंदेहिं[2] ॥ २२४ ॥

[छाया-सन्ति अनन्तानन्ताः त्रिषु अपि कालेषु सर्वद्रव्याणि । सर्वम् अपि अनेकान्तं ततः भणितं जिनेन्द्रैः ॥] तत्तो ततः तस्मात्कारणात् जिनेन्द्रैः सर्वज्ञैः सर्वमपि वस्तु नत्वेकम् अनेकान्तम् अनेकान्तात्मकं नित्यनित्याद्यनेकान्तरूपं, यतः सर्वद्रव्याणि सर्वाणि जीवपुद्गलादीनि वस्तूनि, त्रिष्वपि कालेषु अतीतानागतवर्तमानकालेषु, अनन्तानन्ताः सन्ति अनन्तानन्तपर्यायात्मकानि भवन्ति अनन्तानन्तमदसन्नित्यानित्याद्यनेकधर्मविशिष्टानि भवन्ति । अतः सर्वं जीवपुद्गलादिक द्रव्यं जिनेन्द्रैः सप्तभङ्ग्या कृत्वा अनेकान्तं भणितम् । तत्कथमिति चेदुच्यते । 'एकस्मिन्नविरोधेन प्रमाणनयवाक्यतः । सदादिकल्पना या च सप्तभङ्गीति सा मता ॥' स्यादस्ति । स्यात्कथंचित् विवक्षितप्रकारेण स्वद्रव्यस्वक्षेत्रस्वकालस्वभावचतु-

---

भावका निश्चय करते हैं। **अर्थ-**वस्तुके पूर्व और उत्तर परिणामको लेकर तीनोंही कालोंमें प्रत्येक समयमें कारणकार्यभाव होता है । **भावार्थ-**वस्तु प्रति समय उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यात्मक होती है । तत्त्वार्थसूत्रमें उसे ही सत् कहा है जिसमें प्रतिसमय उत्पाद व्यय और ध्रौव्य होता है । जैसे, मिट्टीका पिण्ड नष्ट होकर घट बनता है । यहां मिट्टीके पिण्डका विनाश और घटका उत्पादन एक ही समयमें होता है तथा उसी समय पिण्डका विनाश और घटका उत्पाद होनेपर भी मिट्टी मौजूद रहती है । इसी तरह एकही समयमें पूर्व पर्यायका विनाश और उत्तर पर्यायका उत्पाद प्रत्येक द्रव्यमें प्रति समय होता है । अतः तीनों कालोंमें प्रत्येक द्रव्यमें कारण कार्यकी परम्परा चालू रहती है जो पर्याय अपनी पूर्व पर्यायका कार्य होती है वही पर्याय अपनी उत्तर पर्यायका कारण होती है । इस तरह प्रत्येक द्रव्य स्वयं ही अपना कारण और स्वयं ही अपना कार्य होता है ॥ २२३ ॥ आगे यह निश्चित करते हैं कि वस्तु अनन्तधर्मात्मक है । **अर्थ-**सब द्रव्य तीनोंही कालोंमें अनन्तानन्त हैं । अतः जिनेन्द्रदेवने सभीको अनेकान्तात्मक कहा है ॥ **भावार्थ-**तीनोंही कालोंमें प्रत्येक द्रव्य अनन्तानन्त है; क्योंकि प्रति समय प्रत्येक द्रव्यमें नवीन नवीन पर्याय उत्पन्न होती है और पुरानी पर्याय नष्ट होजाती है फिर भी द्रव्यकी परम्परा सदा चालू रहती है । अतः पर्यायोंके अनन्तानन्त होनेके कारण द्रव्य भी अनन्तानन्त है। न पर्यायोंका ही अन्त आता है और न द्रव्यका ही अन्त आता है । इसीसे जैनधर्ममें प्रत्येक वस्तुको अनेक धर्मवाली कहा है । इसका खुलासा इस प्रकार है । जैनधर्ममें सत् ही द्रव्यका लक्षण है; असत् या अभाव नामक कोई स्वतंत्र तत्त्व जैन धर्ममें नहीं माना । किन्तु जो सत् है वही दृष्टि बदलनेसे असत् हो जाता है । न कोई वस्तु केवल सत् ही है और न कोई वस्तु केवल असत् ही है । यदि प्रत्येक वस्तुको केवल सत् ही माना जायगा तो सब वस्तुओंके सर्वथा सत् होनेसे उनके बीच में जो भेद देखा जाता है उसका लोप हो जायगा । और उसके लोप होनेसे सब वस्तुएँ परस्परमें

---

१ क्वचित् 'उमास्वामि' इति पाठः । २ ल स ग जिणंदेहि ।

ष्टयापेक्षया द्रव्यमस्तीत्यर्थः ॥१॥ स्यान्नास्ति। स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण परद्रव्यपरक्षेत्रपरकालपरभावचतुष्टया-पेक्षया द्रव्यं नास्तीत्यर्थः ॥२॥ स्यादस्तिनास्ति। स्यात्कथंचित् विवक्षितप्रकारेण क्रमेण स्वद्रव्यपरद्रव्यादिचतुष्टया-पेक्षया द्रव्यमस्तिनास्तीत्यर्थः ॥३॥ स्यादवक्तव्यम्। स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण युगपद्वक्तुमशक्यत्वात्, क्रमप्रव-र्तिनी भारतीति वचनात्, युगपत्स्वद्रव्यपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यमवक्तव्यमित्यर्थः ॥४॥ स्यादस्त्यवक्तव्यम्। स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण स्वद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया [युगपत्स्वद्रव्यपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया च स्यादस्त्यवक्तव्यम् इत्यर्थः ॥५॥ स्यान्नास्त्यवक्तव्यम्। स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण परद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया युगपत्स्वद्रव्यपरद्रव्यादि-चतुष्टयापेक्षया च] द्रव्यं नास्त्यवक्तव्यमित्यर्थः ॥६॥ स्यादस्तिनास्त्यवक्तव्यम्। स्यात् कथंचित् विवक्षितप्रकारेण क्रमेण स्वपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया युगपत्स्वपरद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया च द्रव्यमस्ति नास्त्यवक्तव्यमित्यर्थः ॥७॥ तथा एकस्मिन् समये एकमपि द्रव्यं स्वद्रव्यचतुष्टयापेक्षया कथंचित्सत् परद्रव्यचतुष्टयापेक्षया कथंचित् असत्, तद्द्रव्यापेक्षया

एकमेक हो जायेंगी। उदाहरण के लिये, घट और पट ये दोनों वस्तु हैं। किन्तु जब हम किसीसे घट लानेको कहते हैं तो वह घट ही लाता है। और जब हम पट लानेको कहते हैं तो वह पट ही लाता है। इससे सिद्ध है कि घट घट ही है पट नहीं है, और पट पट ही है घट नहीं है। अतः दोनोंका अस्तित्व अपनी २ मर्यादामें ही सीमित है, उसके बाहर नहीं है। यदि वस्तुयें इस मर्यादाका उल्लंघन कर जायें तो सभी वस्तुये सबरूप हो जायेंगी। अतः प्रत्येक वस्तु स्वरूपकी अपेक्षासे ही सत् है और पररूप-की अपेक्षासे असत् है। जब हम किसी वस्तुको सत् कहते हैं तो हमें यह ध्यान रखना चाहिये कि वह वस्तु स्वरूपकी अपेक्षासे ही सत् कही जाती है, अपनेसे अन्य वस्तुओंके स्वरूपकी अपेक्षा संसारकी प्रत्येक वस्तु असत् है। देवदत्तका पुत्र संसार भरके मनुष्योंका पुत्र नहीं है और न देवदत्त संसार भरके पुत्रोंका पिता है। इससे क्या यह नतीजा नहीं निकलता कि देवदत्तका पुत्र पुत्र है और नहीं भी है। इसी तरह देवदत्त पिता है और नहीं भी है। अतः संसारमें जो कुछ सत् है वह किसी अपेक्षासे असत् भी है। सर्वथा सत् या सर्वथा असत् कोई वस्तु नहीं है। अतः एक ही समयमें प्रत्येक द्रव्य सत् भी है और असत् भी है। स्वरूपकी अपेक्षा सत् है और परद्रव्यकी अपेक्षा असत् है। इसी तरह एक ही समयमें प्रत्येक वस्तु नित्य भी है और अनित्य भी है। द्रव्यकी अपेक्षा नित्य है, क्योंकि द्रव्यका विनाश नहीं होता, और पर्यायकी अपेक्षा अनित्य है; क्योंकि पर्याय नष्ट होता है। तथा एकही समयमें प्रत्येक वस्तु एक भी है और अनेक भी है। पर्यायकी अपेक्षा अनेक है क्योंकि एक वस्तुकी अनेक पर्यायें होती हैं और द्रव्यकी अपेक्षा एक है। तथा एकही समयमें प्रत्येक वस्तु भिन्न भी है और अभिन्न भी है। गुणी होनेसे अभेदरूप है और गुणोंकी अपेक्षा भेदरूप है; क्योंकि एक वस्तुमें अनेक गुण होते हैं। इस तरह वस्तु अनन्त धर्मात्मक है। उस अनन्त धर्मात्मक वस्तुको जानना उतना कठिन नहीं है जितना शब्दके द्वारा उसका कहना कठिन है; क्योंकि एक ज्ञान अनेक धर्मोंको एक साथ जान सकता है किन्तु एक शब्द एक समयमें वस्तुके एक ही धर्मको कह सकता है। इसपर भी शब्दकी प्रवृत्ति वक्ताके अधीन है। वक्ता वस्तुके अनेक धर्मोंमेंसे किसी एक धर्मकी मुख्यतासे वचनव्यवहार करता है। जैसे देवदत्तको एक ही समय में उसका पिता भी पुकारता है और उसका पुत्र भी पुकारता है। पिता उसे 'पुत्र' कहकर पुकारता है और उसका पुत्र उसे 'पिता' कहकर पुकारता है। किन्तु देवदत्त न केवल पिता ही है और न केवल पुत्र ही है। किन्तु पिता भी है और पुत्र भी है। इस लिये पिताकी दृष्टिसे देवदत्तका पुत्रत्वधर्म मुख्य है और शेष धर्म गौण हैं

नित्यत्वं पर्यायापेक्षयानित्यत्वम्, द्रव्यापेक्षया एकत्वं पर्यायापेक्षयानेकत्वम्, गुणगुणिभावेन भिन्नत्वं तयोरव्यतिरेकेण कथंचित् अभिन्नत्वम् इत्याद्यनेकधर्मात्मकं वस्तु अनन्तानन्तपर्यायात्मकं द्रव्यं कथ्यते ॥ २२४ ॥ अथ वस्तुनः कार्यकारित्वमिति निगदति—

जं वत्थु अणेयंतं तं चिय कज्जं करेदि[1] णियमेण ।

बहु-धम्म-जुदं अत्थं कज्ज-करं दीसदे[2] लोए ॥ २२५ ॥

और पुत्रकी दृष्टिसे देवदत्तका पितृत्वधर्म मुख्य है और शेष धर्म गौण हैं। क्योंकि अनेक धर्मात्मक वस्तुके जिस धर्मकी विवक्षा होती है वह धर्म मुख्य कहाजाता है और शेष धर्म गौण। अतः वस्तुके अनेक धर्मात्मक होने और शब्दमें पूरे धर्मोंको एक साथ एक समयमें कह सकनेकी सामर्थ न होने के कारण, समस्त वाक्योंके साथ 'स्यात्' शब्दका व्यवहार आवश्यक समझा गया, जिससे सुनने वालोंको कोई धोखा न हो। यह 'स्यात्' शब्द विवक्षित धर्ममें इतर धर्मोंका द्योतक या सूचक होता है। 'स्यात्' का अर्थ है 'कथंचित्' या किसी अपेक्षासे'। यह बतलाता है कि जो सत् है वह किसी अपेक्षासे ही सत् है। अतः प्रत्येक वस्तु 'स्यात् सत्' और 'स्यात असत्' है। इसीका नाम स्याद्वाद है। वस्तुके प्रत्येक धर्मको लेकर अविरोध पूर्वक विधिप्रतिषेधका कथन सात भङ्गोंके द्वारा किया जाता है। इसे सप्तभंगी कहते हैं। जैसे वस्तुके अस्तित्व धर्मको लेकर यदि कथन किया जाये तो वह इस प्रकार होगा-'स्यात् सत्' अर्थात् वस्तु स्वरूपकी अपेक्षा है १। 'स्यात् असत्'-वस्तु पररूपकी अपेक्षा नहीं है २। 'स्यात् सत् स्यात् असत्'-वस्तु स्वरूपकी अपेक्षा है और पररूपकी अपेक्षा नहीं है ३। इन तीनों वाक्योंमेंसे पहला वाक्य वस्तु का अस्तित्व बतलाया है, दूसरा वाक्य नास्तित्व बतलाया है, और तीसरा वाक्य अस्तित्व और नास्तित्व दोनों धर्मोंको क्रमसे बतलाता है। इन दोनों धर्मोंको यदि कोई एक साथ कहना चाहे तो नहीं कह सकता, क्योंकि एक शब्द एक समयमें विधि और निषेधमेंसे एकका ही कथन कर सकता है। अतः ऐसी अवस्थामें वस्तु अवक्तव्य ठहरती है, अर्थात् उसे शब्दके द्वारा नहीं कहा जा सकता। अतः 'स्यात् अवक्तव्य' यह चौथा भङ्ग है ४। सप्तभंगीके मूल ये चार ही भंग हैं। इन्हींको मिलानेसे सात भंग होते हैं। अर्थात् चतुर्थ भंग 'स्यात् अवक्तव्य' के साथ क्रमसे पहले, दूसरे और तीसरे भंगको मिलानेसे पांचवाँ, छठा और सातवां भंग बनता है। यथा, स्यात् सदवक्तव्य ५, स्यादसदवक्तव्य ६, और स्यात् सदसदवक्तव्य ७। यानी वस्तु कथंचित् सत् और अवक्तव्य है, ५, कथंचित् असत् और अवक्तव्य है ६, तथा कथंचित् सत्, कथंचित् असत् और अवक्तव्य है ७। इन सात भंगोंमेंसे वस्तुके अस्तित्व धर्मकी विवक्षा होनेसे प्रथम भंग है, नास्तित्व धर्मकी विवक्षा होनेसे दूसरा भंग है। क्रम से 'अस्ति' 'नास्ति' दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे तीसरा भंग है। एक साथ दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे चौथा भंग है। अस्तित्व धर्मके साथ युगपत् दोनों धर्मोंको विवक्षा होनेसे पांचवा भंग है। नास्तित्व धर्मके साथ युगपत् दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे छठा भंग है। और क्रमसे तथा युगपत् दोनों धर्मोंकी विवक्षा होनेसे सातवां भंग है। इसी तरह एक अनेक, नित्य अनित्य आदि धर्मोंमें भी एकको विधि और दूसरेके निषेधके द्वारा सप्तभंगी लगा लेनी चाहिये ॥ २२४ ॥ आगे बतलाते हैं कि अनेकान्तात्मक वस्तु ही अर्थ-

---

१ म करेइ (?)। २ ल म स ग दीसए।

[छाया-यत् वस्तु अनेकान्तं तत् एव कार्यं करोति नियमेन। बहुधर्मयुतः अर्थः कार्यकरः दृश्यते लोके ॥] तदेव वस्तु द्रव्यं जीवादिपदार्थं नियमेन अवश्यंभावेन कार्यं करोति। यद्वस्तु अनेकान्तम् अनेकस्वरूपम् अनन्तधर्मात्मकम् अनन्तानन्तगुणपर्यायात्मकम्। तथा चोक्तं जैनेन्द्रे श्रीपूज्यपादेन। 'सिद्धिरनेकान्तात्।' लोके जगति, अर्थः जीवादिपदार्थः, बहुधर्मयुक्तः सदसन्नित्यानित्यभिन्नाभिन्नास्तिनास्त्याद्यनेकस्वभावयुक्तः, कार्यकरः अर्थक्रियाकारी, दृश्यते अवलोक्यते। [एकमपि द्रव्यं कथं सप्तभङ्गात्मकं भवति। प्रश्नपरिहारमाह।] यथा एकोऽपि देवदत्तः पुमान् गौणमुख्यविवक्षावशेन बहुप्रकारो भवति। पुत्रापेक्षया पिता भण्यते। सोऽपि स्वकीयपित्रपेक्षया पुत्रो भण्यते। मातुलापेक्षया भागिनेयो भण्यते। स एव भागिनेयापेक्षया मातुलो भण्यते। भार्यापेक्षया भर्ता भण्यते। भगिन्यपेक्षया भ्राता भण्यते। विपक्षापेक्षया शत्रुर्भण्यते। इष्टापेक्षया मित्रं भण्यते, इत्यादि। तथैकमपि द्रव्यम् अनेकात्मकम् इत्याद्यनेकधर्माविष्टः पुरुषः अनेककार्यं कुर्वन् दृष्टः। एवं सर्वं वस्तु अनेकान्तात्मकं सत्त्वात् इत्ययं हेतुः सर्वस्य वस्तुनः अनेकधर्मत्व साधयत्येव ॥२२५॥ अथ सर्वथैकान्तवस्तुनः कार्यकारित्वं प्रतिरुणद्धि—

एयंतं पुणु[1] दव्वं कज्जं ण करेदि लेस-मेत्तं[2] पि।
जं पुणु[3] ण करदि कज्जं तं वुच्चदि केरिसं दव्वं ॥२२६॥

क्रियाकारी है। अर्थ-जो वस्तु अनेकान्तरूप है वही नियमसे कार्यकारी है; क्योंकि लोकमें बहुत धर्मयुक्त पदार्थ ही कार्यकारी देखा जाता है ॥ भावार्थ-अनेक धर्मात्मक वस्तु ही कोई कार्य कर सकती है। इसीसे पूज्यपादने अपने जैनेन्द्र व्याकरणका प्रथम सूत्र 'सिद्धिरनेकान्तात्' रखा है। जो बतलाता है किसी भी कार्यकी सिद्धि अनेकान्तसे ही हो सकती है। उदाहरणके लिये जो वादी वस्तुको नित्य अथवा क्षणिक ही मानते हैं उनके मतमें अर्थक्रिया नहीं बनती। कार्य करनेके दो ही प्रकार हैं एक क्रमसे और एक एकसाथ। नित्यवस्तु क्रमसे काम नहीं कर सकती; क्योंकि सब कार्योंका एक साथ उत्पन्न करनेकी उसमें सामर्थ्य है। यदि कहा जाये कि सहायकोंके मिलनेपर नित्य पदार्थ कार्य करता है और सहायकोंके अभावमें कार्य नहीं करता। तो इसका यह मतलब हुआ कि पहले वह नित्यपदार्थ कार्य करनेमें असमर्थ था, पीछे सहकारियोंके मिलनेपर समर्थ हुआ। तो असमर्थ स्वभावको छोड़कर समर्थ स्वभावको ग्रहण करनेके कारण वह सर्वथा नित्य नहीं रहा। सर्वथा नित्य तो वही हो सकता है जिसमें कुछ भी परिवर्तन न हो। यदि वह नित्य पदार्थ एक साथ सब काम कर लेता है तो प्रथम समयमें ही सबकाम करनेसे दूसरे समयमें उसके करनेको कुछ भी काम शेष न रहेगा। और ऐसी अवस्थामें वह असत् हो जायेगा; क्योंकि सत् वही है जो सदा कुछ न कुछ किया करता है। अतः क्रमसे और एक साथ काम न कर सकनेसे नित्यवस्तुमें अर्थक्रिया नहीं बनती। इसी तरह जो वस्तुको पर्यायकी तरह सर्वथा क्षणिक मानते हैं उनके मतमें भी अर्थक्रिया नहीं बनती। क्योंकि क्षणिक वस्तु क्रमसे तो कार्य कर नहीं सकती; क्योंकि क्षणिक तो एक क्षणवर्ती होता है, अतः वहां क्रम बन ही कैसे सकता है। क्रमसे तो वही कार्य कर सकता है जो कुछ क्षणों तक ठहर सके। और यदि वह कुछ क्षणों तक ठहरता है तो वह क्षणिक नहीं रहता। इसी तरह क्षणिक वस्तु एक साथ भी काम नहीं कर सकती क्योंकि वैसा होनेसे कारणके रहते हुये ही कार्यकी उत्पत्ति हो जायेगी, तथा उस कार्यके कार्यकी भी उत्पत्ति उसी क्षणमें हो जायेगी। इस तरह सब गड़बड़ हो जायेगी। अतः वस्तुको द्रव्यकी अपेक्षा नित्य और पर्यायकी अपेक्षा अनित्य मानना ही उचित है। तभी वस्तु अर्थक्रियाकारी बन सकती है ॥ २२५ ॥ आगे कहते हैं कि सर्वथा एकान्त रूप

१ म स पुण। २ म मित्तं (?)। ३ म पुण।

[छाया-एकान्तं पुनः द्रव्यं कार्यं न करोति लेशमात्रम् अपि । यत् पुनः न करोति कार्यं तत् उच्यते कीदृशं द्रव्यम् ॥] पुनः एकान्तं द्रव्यं जीवादिवस्तु सर्वथा नित्यं सर्वथा सत् सर्वथा भिन्नं सर्वथैकं सर्वथानित्यमित्यादिधर्मविशिष्टं वस्तु लेशमात्रमपि [एकमपि] कार्यं न करोति, तुच्छमपि प्रयोजन न विदधाति । कुतः । सदसन्नित्यानित्याद्येकान्तेषु क्रमयौगपद्याभावात् कार्यकारित्वाभावः । यत्पुनः द्रव्यं कार्यं न करोति तत्कीदृशं द्रव्यमुच्यते । यदेवार्थक्रियाकारि तदेव परमार्थसत् । यद्वस्तु क्रमेण युगपच्च अर्थक्रिया करोति तदेव वस्तु उच्यते । यदर्थक्रिया न करोति खरविषाणवत्, वस्त्वेव न स्यादिति । तथा चोक्तं च । 'दुर्नयैकान्तमारूढा भावा न स्वार्थिका हि ते । स्वार्थिकाश्च विपर्यस्ताः सकलङ्का नया यतः ।' तत्कथम् । तथाहि । सर्वथा एकान्तेन सद्रूपस्य न नियतार्थव्यवस्था संकरादिदोषत्वात् । तथाऽसद्रूपस्य सकलशून्यताप्रसंगात्, नित्यस्यैकरूपत्वात् एकरूपस्यार्थक्रियाकारित्वाभावः । अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः । अनित्यपक्षेऽपि निरन्वयत्वात्, अर्थक्रियाकारित्वाभावः । अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः । एकस्वरूपस्यैकान्तेन विशेषाभाव. सर्वथैकरूपत्वात् । विशेषाभावे सामान्यस्याप्यभाव. । 'निर्विशेष हि सामान्य भवेत् खरविषाणवत् । सामान्यरहितत्वाच्च विशेषस्तद्वदेव हि ॥' इति ज्ञेयः । अनेकपक्षेऽपि तथा द्रव्याभावो निराधारत्वात् आधाराधेयाभावाच्च । भेदपक्षेऽपि विशेषस्वभावाना निराधारत्वात् अर्थक्रियाकारित्वाभावः । अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः । अभेदपक्षेऽपि सर्वेषामेकत्वम् । सर्वेषामेकत्वे अर्थक्रियाकारित्वाभावः । अर्थक्रियाकारित्वाभावे

वस्तु कार्यकारी नहीं है । **अर्थ**—एकान्त स्वरूप द्रव्य लेशमात्र भी कार्य नहीं करता । और जो कार्य नहीं करता उसे द्रव्य कैसे कहा जा सकता है ॥ **भावार्थ**—यदि जीवादि वस्तु सर्वथा नित्य या सर्वथा सत् या सर्वथा भिन्न, अथवा सर्वथा एक या सर्वथा अनित्य आदि एकान्त रूप हो तो वह कुछ भी कार्य नहीं कर सकती । और जो कुछ भी कार्यकारी नहीं उसे वस्तु या द्रव्य कैसे कहा जा सकता है; क्योंकि जो कुछ न कुछ कार्यकारी है वही वास्तवमें सत् है । सत् का लक्षण ही अर्थक्रिया है । अतः जो कुछ भी काम नहीं करता वह गधेके सींगकी तरह अवस्तु ही है । कहा भी है—'दुर्नयके विषयभूत एकान्त रूप पदार्थ वास्तविक नहीं हैं' क्योंकि दुर्नय केवल स्वार्थिक हैं, वे अन्य नयोंकी अपेक्षा न करके केवल अपनी पुष्टि करते हैं, और जो स्वार्थिक अत एव विपरीत होते हैं वे नय सदोष होते हैं' । इसका खुलासा इस प्रकार है । यदि वस्तुको सर्वथा एकान्तसे सद्रूप माना जायेगा तो संकर आदि दोषोंके आनेसे नियत अर्थकी व्यवस्था नहीं बनेगी । अर्थात् जब प्रत्येक वस्तु सर्वथा सत् स्वरूप मानी जायेगी तो वह सब रूप होगी । और ऐसी स्थितिमें जीव, पुद्गल आदिके भी परस्परमें एक रूप होनेसे जीव पुद्गलका भेद ही समाप्त हो जायेगा । इसी तरह जीव जीव और पुद्गल पुद्गलका भेद भी समाप्त हो जायेगा । तथा वस्तुको सर्वथा असद्रूप माननेसे समस्त संसार शून्य रूप हो जायेगा । इसी तरह वस्तुको सर्वथा नित्य मानने से वह सदा एकरूप रहेगी । और सदा एक रूप रहनेसे वह अर्थक्रिया नहीं कर सकेगी तथा अर्थक्रिया न करनेसे वस्तुका ही अभाव हो जायेगा । वस्तुको सर्वथा क्षणिक माननेसे दूसरे क्षणमें ही वस्तुका सर्वथा विनाश हो जानेसे वह कोई कार्य कैसे कर सकेगी । और कुछ भी कार्य न कर सकनेसे वस्तुका अस्तित्व ही सिद्ध नहीं हो सकेगा । इसी तरह वस्तुको सर्वथा एक रूप माननेपर उसमें विशेष धर्मका अभाव हो जायेगा क्योंकि वह सर्वथा एकरूप है । और विशेष धर्मका अभाव होनेसे सामान्य धर्मका भी अभाव हो जायेगा क्योंकि बिना विशेषका सामान्य गधेके सींगकी तरह असत् है और बिना सामान्यका विशेष भी गधेके सींगकी तरह असत् है । अर्थात् न बिना सामान्यके

द्रव्यस्याप्यभावः । सर्वथा नित्यः अनित्यः एकः अनेकः भेदः अभेदः कथम् । तथा सर्वथात्मनः अचैतन्यपक्षेऽपि सकलचैतन्योच्छेदः स्यात् । मूर्तस्यैकान्तेन आत्मनो न मोक्षस्यावाप्तिः स्यात् । सर्वथा अमूर्तस्यापि तथात्मनः संसारविलोपः स्यात् । एकप्रदेशस्यैकान्तेनाखण्डपरिपूर्णस्यात्मनो अनेककार्यकारित्वमेव हानिः स्यात् सर्वथानेकप्रदेशत्वेऽपि तथा तस्यानर्थकार्यकारित्वं स्वस्वभावशून्यताप्रसंगात् । शुद्धस्यैकान्तेन आत्मनो न कर्ममलकलङ्कावलेपः । सर्वथा निरञ्जनत्वात् । इति सर्वथैकान्तं नास्तीति ॥२२६॥ अथ नित्यैकान्तेऽर्थक्रियाकारित्वं निरुणद्धि—

परिणामेण विहीणं णिच्चं दव्वं विणस्सदे णेव[1] ।
णो उप्पज्जेदि सया[2] एवं कज्जं कहं कुणदि ॥२२७॥

[छाया—परिणामेन विहीन नित्य द्रव्य विनश्यति नैव । न उत्पद्यते सदा एव कार्यं कथं कुरुते ॥] नित्यं द्रव्य ध्रौव्य, जीवादिवस्तु सर्वथा अविनश्वर वस्तु, परिणामेन उत्पादव्ययादिपर्यायेण विहीनं रहितं विमुक्तं वस्तु सत् नैव विनश्यति न विनाश गच्छति । पूर्वपर्यायरूपेण विनश्यति चेत् तर्हि नित्यत्व न स्यात्, सदा नोत्पद्यते । उत्तरपर्यायरूपेण नित्य वस्तु नोत्पद्यते । उत्पद्यते चेत् तर्हि नित्यत्वं न स्यात् । यदि नित्य वस्तु अर्थक्रिया न करोति तदा वस्तुत्वं न

विशेष रह सकता है और बिना विशेषके सामान्य रह सकता है। अतः दोनोंका ही अभाव हो जायेगा। तथा वस्तुको सर्वथा अनेकरूप माननेपर द्रव्यका अभाव हो जायेगा; क्योंकि उस अनेक रूपोंका कोई एक आधार आप नहीं मानते। तथा आधार और आधेयका ही अभाव हो जायेगा। क्योंकि सामान्यके अभावमें विशेष और विशेषके अभावमें सामान्य नहीं रह सकता। सामान्य और विशेषमें सर्वथा भेद मानने पर निराधार होनेसे विशेष कुछ भी क्रिया नहीं कर सकेंगे, और कुछ भी क्रिया न करनेपर द्रव्यका भी अभाव हो जायेगा। सर्वथा अभेद माननेपर सब एक हो जायेंगे, और सबके एक होजाने पर अर्थक्रिया नहीं बन सकती। अर्थक्रियाके अभावमें द्रव्यका भी अभाव हो जायेगा। इस तरह सर्वथा नित्य, सर्वथा अनित्य, सर्वथा एक, सर्वथा अनेक, सर्वथा भेद, सर्वथा अभेदरूप एकान्तोंके स्वीकार करनेपर वस्तुमें अर्थक्रिया नहीं बन सकती। तथा आत्माको सर्वथा अचेतन माननेसे चैतन्यका ही अभाव हो जायेगा। सर्वथा मूर्त माननेसे कभी उसे मोक्ष नहीं हो सकेगा। सर्वथा अमूर्त माननेसे संसारका ही लोप हो जायेगा। सर्वथा अनेक प्रदेशी माननेसे आत्मामें अर्थक्रियाकारित्व नहीं बनेगा; क्योंकि उस अवस्थामें घट पटकी तरह आत्माके प्रदेशभी पृथक् पृथक् हो सकेंगे और इस तरह आत्मा स्वभाव शून्य हो जायेगा। तथा आत्माको सर्वथा शुद्ध माननेसे कभी वह कर्ममलसे लिप्त नहीं हो सकेगा क्योंकि वह सर्वथा निर्मल है। इन कारणोंसे सर्वथा एकान्त ठीक नहीं है ॥ २२६ ॥ अब सर्वथा नित्यमें अर्थक्रियाका अभाव सिद्ध करते हैं। **अर्थ—**परिणामसे रहित नित्य द्रव्य न तो कभी नष्ट हो सकता है और न कभी उत्पन्न हो सकता है। ऐसी अवस्थामें वह कार्य कैसे कर सकता है ॥ **भावार्थ—** यदि वस्तुको सर्वथा ध्रुव माना जायेगा तो उसमें उत्पाद और व्ययरूप पर्याय नहीं हो सकेंगी। और उत्पाद तथा व्ययके न होनेसे वह वस्तु कभी नष्ट नहीं होगी। यदि उसकी पूर्व पर्यायका विनाश माना जायेगा तो वह सर्वथा नित्य नहीं रहेगी। इसी तरह उस वस्तुमें कभी भी नवीन पर्याय उत्पन्न नहीं होगी। यदि होगी तो वह नित्य नहीं ठहरेगी। और पूर्व पर्यायका विनाश तथा

१ल म स ग णेय। २ ब णउ उपज्जेदि सया, ल स ग णो उप्पजदि सया, म णो उप्पजेदि सया।

व्यवतिष्ठते, खरविषाणवत्, वन्ध्यासुतवत्, गगनकुसुमवत् । एवम् अर्थक्रियाकारित्वाभावे नित्यम् आत्मादिवस्तु कथं कार्यं करोति चेत्, यत्कार्यं न करोति तदेव वस्तु न स्यात् ॥ २२७ ॥

पज्जय-मित्तं तच्चं विणस्सरं खणे खणे वि अण्णण्णं।
अण्णइ[1]-दव्व-विहीणं ण य कज्जं किं पि साहेदि ॥ २२८ ॥

[छाया-पर्यायमात्रं तत्त्वं विनश्वरं क्षणे क्षणे अपि अन्यत् अन्यत् । अन्वयिद्रव्यविहीनं न च कार्यं किम् अपि साधयति ॥] यदि तत्त्वं जीवादिवस्तु, पर्यायमात्रं मतिज्ञानादिपर्यायरूपं, जीवद्रव्यविहीनं मृद्द्रव्यविहीनं च, शिवकस्थासकोशकुसूलघटकपालादिरूपं, क्षणे क्षणेऽपि समये समयेऽपि, अन्योन्यं परस्परम् अन्वयिद्रव्यविहीनम्, अन्वयाः शिवकस्थासकोशकुसूलादयः ते विद्यन्ते यस्य तत् अन्वयि तच्च तद्द्रव्यं च, तेन विहीनं जीवादिद्रव्यविहीनं विनश्वरं प्रतिसमयविनाशि अङ्गीक्रियते चेत, तर्हि तद्द्रव्यं किमपि कार्यं न साधयति । तदुक्तमष्टसहस्त्र्याम् । 'संतानः समुदायश्च साधर्म्यं च निरङ्कुशः । प्रेत्यभावश्च तत्सर्वं न स्यादेकत्वनिह्नवे ॥' इति ॥ २२८ ॥ अथ नित्यैकान्ते क्षणिकैकान्ते च कार्याभावं विभाव्यानेकान्ते कार्यकारणभावं विभावयति—

[2]णवणव कज्ज-विसेसा तीसु[3] वि कालेसु होंति वत्थूणं।
एक्केक्कम्मि य समये पुव्वुत्तर-भावमासिज्ज[4] ॥ २२९ ॥

[छाया-नवनवकार्यविशेषाः त्रिषु अपि कालेषु भवन्ति वस्तूनाम् । एकैकस्मिन् च समये पूर्वोत्तरभावमासाद्य ॥] वस्तूनां जीवादिद्रव्याणां पदार्थानां त्रिष्वपि कालेषु अतीतानागतवर्तमानसमयेषु नवनवकार्यविशेषाः

उत्तर पर्यायकी उत्पत्ति न होनेसे वह वस्तु कुछ भी कार्य न कर सकेगी; क्योंकि कुछभी कार्य करनेसे वस्तुमें परिणमन अवश्य होगा और परिणमनके होनेसे वस्तु सर्वथा नित्य नहीं रहेगी। अतः नित्य वस्तुमें अर्थक्रिया सम्भव नहीं है ॥ २२७ ॥ आगे सर्वथा क्षणिक वस्तुमें अर्थक्रियाका अभाव बतलाते हैं ॥ **अर्थ**–क्षण क्षण में अन्य अन्य होने वाला पर्यायमात्र विनश्वर तत्त्व, अन्वयी द्रव्यके विना कुछभी कार्य नहीं कर सकता ॥ **भावार्थ**-यदि नाना पर्यायोंमें अनुस्यूत एक द्रव्यको न मानकर केवल पर्यायमात्रको ही माना जायेगा। अर्थात् मति ज्ञानादि पर्यायोंको ही माना जाये और जीव द्रव्यको न माना जाये, या मिट्टीको न माना जाये और स्थास, कोश, कुसूल, घट, कपाल आदि पर्यायोंको ही माना जाये तो विना जीव द्रव्यके मत्यादि पर्याय और विना मिट्टीके स्थास आदि पर्याय हो कैसे सकती हैं ? इसीसे आप्तमीमांसामें कहा है कि नाना पर्यायोंमें अनुस्यूत एकत्वको न माननेपर सन्तान, समुदाय, साधर्म्य, पुनर्जन्म वगैरह कुछ भी नहीं बन सकता। इसका खुलासा इस प्रकार है-एक वस्तुकी क्रमसे होने वाली पर्यायोंकी परम्पराका नाम सन्तान है। जब एकत्वको नहीं माना जायेगा तो एक सन्तान कैसे बन सकेगी ? जैसे एकत्व परिणामको न माननेपर एक स्कन्धके अवयवोंका समुदाय नहीं बन सकता वैसेही सदृश परिणामोंमें एकत्वको न माननेपर उनमें साधर्म्य भी नहीं बन सकता। इसी तरह इस जन्म और परजन्ममें रहने वाली एक आत्माको न माननेपर पुनर्जन्म नहीं बनता तथा देन लेनका व्यवहार भी एकत्वके अभावमें नहीं बन सकता; क्योंकि जिसने दिया और जिसने लिया वे दोनों तो उसी क्षण नष्ट हो गये, तब न कोई देनेवाला रहा और न कोई लेनेवाला रहा। अतः नित्यैकान्तकी तरह क्षणिकैकान्तमें भी अर्थक्रिया नहीं बनती ॥ २२८ ॥ आगे अनेकान्तमें कार्यकारणभावको बतलाते हैं। **अर्थ**– वस्तुओंमें तीनो ही कालोंमें प्रति समय पूर्व

---

१ ग अणई–। २ ब–पुस्तके गाथेयं नास्ति। ३ ग तीस्सु। ४ म भावमासज्ज।

नूतननूतनपर्यायलक्षणकार्यविशेषा भवन्ति । किं कृत्वा । एकैकस्मिन् समये एकस्मिन् क्षणे क्षणे पूर्वोत्तरभावम् आश्रित्य पूर्वोत्तरभावं श्रित्वा कारणकार्यभावं समाश्रित्य ॥२२९॥ अथ पूर्वोत्तरपरिणामयोः कारणकार्यभावं द्रढयति—

पुव्व-परिणाम-जुत्तं कारण-भावेण वट्टदे दव्वं ।
उत्तर-परिणाम-जुदं तं चिय कज्जं हवे णियमा २३०॥

[छाया—पूर्वपरिणामयुक्तं कारणभावेन वर्तते द्रव्यम् । उत्तरपरिणामयुतं तत् एव कार्यं भवेत् नियमात् ॥] द्रव्यं जीवपुद्गलादिवस्तु, पूर्वपरिणामयुक्तं पूर्वपर्यायाविष्टं, कारणभावेन उत्तरभावकार्यस्य कारणभावेन उपादानकारणत्वेन वर्तते । यथा मृद्द्रव्यस्य मृत्पिण्डपर्यायः । उत्तरघटपर्यायस्योपादानकारणं तदेव द्रव्यम् उत्तरपरिणामयुक्तम् उत्तरपर्यायसहितं नियमात् कार्यं भवेत्, साध्यं स्यात् । यथा मृद्द्रव्यस्य मृत्पिण्डः उपादानकारणभूतः घटलक्षणं कार्यं जनयति ॥२३०॥ अथ जीवस्यानादिनिधनत्वं सामग्रीविशेषात् कार्यकारित्वं द्रढयति—

जीवो आणाइ[1]-णिहणो परिणममाणो हु[2] णव-णवं भावं ।
सामग्गीसु पवट्टदि कज्जाणि समासदे पच्छा ॥२३१॥

[छाया—जीवः अनादिनिधनः परिणममानः खलु नवनवं भावम् । सामग्रीषु प्रवर्तते कार्याणि समाश्रयते पश्चात् ॥] जीवः आत्मा, हु इति स्फुटम्, अनादिनिधनः आद्यन्तरहितः, सामग्रीषु द्रव्यक्षेत्रकालभवभावादिलक्षणासु प्रवर्तते । जीवः कीदृक् सन् । नवं नव भाव नूतन नूतन नरनारकादिपर्यायरूपं परिणममानः सन् परिणतिं पर्यायं गच्छन् सन् वर्तते । पश्चात् कार्याणि उत्तरोत्तरपर्यायान् समस्तान् प्राप्नोति करोतीत्यर्थः । यथा कश्चिज्जीवः नवं नवं देवादिपर्यायं

और उत्तर परिणामकी अपेक्षा नये नये कार्यविशेष होते हैं ॥ **भावार्थ**—वस्तुको सर्वथा क्षणिक अथवा सर्वथा नित्य न मानकर परिणामी नित्य माननेसे कार्यकारणभाव अथवा अर्थक्रिया बनती है; क्योंकि वस्तुत्वरूपसे ध्रुव होते हुये भी वस्तुमें प्रतिसमय एक पर्याय नष्ट होती और एक पर्याय पैदा होती है । इस तरह पूर्व पर्यायका नाश और उत्तर पर्यायका उत्पाद प्रति समय होते रहनेसे नये नये कार्य (पर्याय) होते रहते हैं ॥ २२९ ॥ आगे पूर्व परिणाम और उत्तर परिणामसे युक्त द्रव्यमें कार्यकारणभावको दृढ़ करते हैं । **अर्थ**—पूर्व परिणामसे युक्त द्रव्य नियमसे कारण रूप होता है । और वही द्रव्य जब उत्तर परिणामसे युक्त होता है तब नियमसे कार्यरूप होता है ॥ **भावार्थ**—अनेकान्तरूप एक ही द्रव्यमें कार्यकारणभाव नियमसे बनता है । पूर्व परिणामसे युक्त वही द्रव्य कारण होता है । जैसे मिट्टीकी पिण्डपर्याय कारणरूप होती है । और वही द्रव्य जब उत्तर पर्यायसे युक्त होता है तो कार्यरूप होता है । जैसे घटपर्यायसे युक्त वही मिट्टी पूर्व पर्यायका कार्य होनेसे कार्यरूप है क्योंकि मृत्पिण्ड घटकार्यका उपादान कारण होता है। इस तरह अनेकान्तरूप परिणामी नित्य द्रव्यमें कार्यकारणभाव नियमसे बन जाता है ॥ २३० ॥ आगे अनादिनिधन जीवमें कार्यकारणभावको दृढ़ करते हैं ॥ **अर्थ**—जीव द्रव्य अनादि निधन है। किन्तु वह नवीन नवीन पर्यायरूप परिणमन करता हुआ प्रथम तो अपनी सामग्रीसे युक्त होता है, पीछे कार्योंको करता है ॥ **भावार्थ**—जीव द्रव्य अनादि और अनन्त है अर्थात् न उसकी आदि है और न अन्त है । परन्तु अनादि अनन्त होते हुये भी वह सर्वथा नित्य नहीं है, किन्तु उसमें प्रति समय नई नई पर्याय उत्पन्न होती रहती हैं । नई नई पर्यायोंको उत्पन्न करनेके लिये प्रथम वह जीव द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भाव आदि रूप सामग्री से युक्त होता है फिर नई नई

१ ब अणाय- । २ ब वि ।

परिणमिष्यमाणः (?) सन् सामग्रीषु जिनाचारसद्व्रतधारणसामायिकधर्मध्यानादिलक्षणासु प्रवर्तमानः पश्चात् देवादिपर्यायान् समाश्रयति, तथा कश्चिज्जीवः नरनारकतिर्यक्पर्यायै परिणमिष्यमाणः सन् पुण्यपापादिसप्तव्यसनबह्वारम्भपरिग्रहादिमाया कूटकपटच्छलच्छद्मादिसामग्रीषु प्रवर्तमानः पश्चात् नरनारकतिर्यक्पर्यायान् प्राप्नोतीत्यर्थः ॥२३१॥ अथ जीवः स्वद्रव्यस्वक्षेत्रस्वकालस्वभावेषु स्थितिः एव कार्यं विदधाति इत्यावेदयति—

स-सरूवत्थो जीवो कज्जं साहेदि वट्टमाणं पि ।
खेत्ते[1] एक्कम्मि[2] ठिदो णिय-दव्वे संठिदो चेव ॥२३२॥

[छाया–स्वस्वरूपस्थः जीवः कार्यं साधयति वर्तमानम् अपि । क्षेत्रे एकस्मिन् स्थितः निजद्रव्ये संस्थितः चैव ॥] जीवः इन्द्रियादिद्रव्यप्राणैः सुखसत्ताचैतन्यबोधभावप्राणैश्चाजिजीवत् जीवति जीविष्यतीति जीवः कार्यं नूतननूतननरनारकादिपर्यायं वर्तमानम्, अपिशब्दादतीतानागत च, कार्यं साधयति निर्मिनोति निर्मापयति निष्पादयतीत्यर्थः । कथंभूतो जीवः । निजे द्रव्ये संस्थितः चेतनाविष्टस्वात्मद्रव्ये स्थितिं प्राप्तः सन् नात्मान्तरद्रव्ये संस्थित एवकारार्थः । एकस्मिन्नेव

पर्यायोंको उत्पन्न करता है। जैसे, कोई जीव देव पर्यायरूप परिणमन करनेके लिये पहले समीचीन व्रतोंका धारण, सामायिक, धर्मध्यान आदि सामग्रीको अपनाता है पीछे वर्तमान पर्यायको छोडकर देवपर्याय धारण करता है। कोई जीव नारकी अथवा तिर्यञ्च पर्यायरूप परिणमन करनेके लिये पहले सात व्यसन, बहुत आरम्भ, बहुत परिग्रह, मायाचार कपट छल छद्म वगैरह सामग्रीको अपनाता है पीछे नारकी अथवा तिर्यञ्च पर्याय धारण करता है। इस तरह अनादि निधन जीवमें भी कार्यकारणभाव बन जाता है ॥ २३१ ॥ आगे कहते हैं कि जीव स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावमें स्थित रहकर ही कार्यको करता है। **अर्थ–**स्वरूपमें, स्वक्षेत्रमें, स्वद्रव्यमें और स्वकालमें स्थित जीव ही अपने पर्यायरूप कार्यको करता है॥ **भावार्थ–**जो इन्द्रिय आदि द्रव्यप्राणोंसे या सुख सत्ता चैतन्य और ज्ञानरूप भाव प्राणोंसे जीता है, जिया था अथवा जियेगा उसे जीव कहते हैं। वह जीव नवीन नवीन नर नारक आदि रूप वर्तमान पर्यायका और 'अपि' शब्दसे अतीत और अनागत पर्यायोंका कर्ता है। अर्थात् वह स्वयं ही अपनी पर्यायोंको उत्पन्न करता है। किन्तु अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावमें स्थित होकर ही जीव अपनी पर्यायको उत्पन्न करता है। अर्थात् अपने चैतन्य स्वरूप आत्मद्रव्यमें स्थित जीव ही अपने कार्यको करता है, आत्मान्तरमें स्थित हुआ जीव स्वकार्यको नहीं करता। अपनी आत्मासे अवष्टब्ध क्षेत्रमें स्थित जीवही स्वकार्यको करता है, अन्य क्षेत्रमें स्थित जीव स्वकार्यको नहीं करता। अपने ज्ञान, दर्शन, सुख, सत्ता आदि स्वरूपमें स्थित जीवही अपनी पर्यायको करता है, पुद्गल आदि स्वभावान्तरमें स्थित जीव अपनी पर्यायको नहीं करता। तथा स्वकालमें वर्तमान जीव ही अपनी पर्यायको करता है, परकालमें वर्तमान जीव स्वकार्यको नहीं करता। आशय यह है कि प्रत्येक वस्तुका वस्तुपना दो बातोंपर निर्भर है– एक वह स्वरूपको अपनाये, दूसरे वह पररूपको न अपनाये। इन दोनोंके बिना वस्तुका वस्तुत्व कायम नहीं रह सकता। जैसे, स्वरूपकी तरह यदि पररूपसे भी वस्तुको सत माना जायेगा तो चेतन अचेतन हो जायेगा। तथा पररूपकी तरह यदि स्वरूपसे भी वस्तुको असत् माना जायेगा तो वस्तु सर्वथा शून्य हो जायेगी। स्वद्रव्यकी तरह परद्रव्यसे भी यदि वस्तुको सत् माना

१ ल म स ग खित्ते। २ ब ल स ग एकम्मि।

क्षेत्रे स्वात्मावष्टब्धक्षेत्रशरीरे नान्यत्क्षेत्रान्तरे । पुनः कथंभूतः । स्वस्वरूपस्थः स्वस्वरूपे ज्ञानदर्शनसुखसत्तादिस्वस्वरूपे स्थित एव, न परस्वरूपे स्थितः, न पुद्गलादिस्वभावान्तरे स्थितः । अपिशब्दात् स्वकाले वर्तमान एव न तु परकाले । अत एव स्वद्रव्यस्वक्षेत्रस्वकालस्वभावेषु स्थित एवात्मा स्वस्वपर्यायादिलक्षणानि कार्याणि करोतीति तात्पर्यम् ॥२३२॥ ननु यथा स्वस्वरूपस्थो जीवः कार्याणि कुर्यात् तथा परस्वरूपस्थोऽपि किं न कुर्यादिति परोक्ति दूषयति—

स-सरूवत्थो जीवो अण्ण-सरूवम्मि[1] गच्छदे जदि हि ।
अण्णोण्ण-मेलणादो एक्क[2]-सरूवं हवे सव्वं ॥२३३॥

[छाया—स्वस्वरूपस्थः जीवः अन्यस्वरूपे गच्छेत् यदि हि । अन्योन्यमेलनात् एकस्वरूपं भवेत् सर्वम् ॥] हीति स्फुटम् । जीवः आत्मा स्वस्वरूपस्थः चेतनादिलक्षणे स्वस्वरूपे स्थितः सन्, अन्यस्वरूपे पुद्गलादीनामचेतनस्वभावे गच्छेत्

जायेगा तो द्रव्योंकी निश्चित संख्या नहीं रहेगी। तथा परद्रव्य की तरह स्वद्रव्यकी अपेक्षाभी यदि वस्तुको असत् माना जायेगा तो सब द्रव्य निराश्रय हो जायेंगे। तथा स्वक्षेत्रकी तरह परक्षेत्रसे भी यदि वस्तुको सत् माना जायेगा तो किसी वस्तुका प्रतिनियत क्षेत्र नहीं रहेगा। और पर क्षेत्रकी तरह स्वक्षेत्रसे भी यदि वस्तुको असत् माना जायेगा तो वस्तु निःक्षेत्र हो जायेगी। तथा स्वकालकी तरह परकालसे भी यदि वस्तुका सत् माना जायेगी तो वस्तुका कोई प्रतिनियत काल नहीं रहेगा। और परकालकी तरह स्वकालसे भी यदि वस्तुको असत् माना जायेगा तो वस्तु किसी भी कालमें नहीं रहेगी। अतः प्रत्येक वस्तु स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावमें स्थित रहकर ही कार्यकारी होती है। सारांश यह है कि प्रत्येक वस्तु चार भागोंमें विभाजित है। वे चार भाग हैं द्रव्य, द्रव्यांश, गुण और गुणांश। [इन चारोंकी विशेष चर्चाके लिये पञ्चाध्यायी पढना चाहिये। अनु० ।] अनन्त गुणोंके अखण्ड पिण्डको तो द्रव्य कहते है। उस अखण्ड पिण्डरूप द्रव्यकी प्रदेशोंकी अपेक्षा जो अंश कल्पना की जाती है उसे द्रव्यांश कहते हैं। द्रव्यमे रहनेवाले गुणोंको गुण कहते हैं। और उन गुणोंके अंशोंको गुणांश कहते है। प्रत्येक वस्तुमें ये ही चार बातें होती हैं। इनको छोड़कर वस्तु और कुछ भी नहीं है। इन्हीं चारोंकी अपेक्षा एक वस्तु दूसरी वस्तुसे जुदी मानी जाती है। इन्हें ही स्वचतुष्टय कहते हैं। स्वचतुष्टयसे स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभाव लिये जाते हैं। अनन्त गुणोंका अखण्ड पिण्डरूप जो द्रव्य है वही स्वद्रव्य है। वह द्रव्य अपने जिन प्रदेशोंमें स्थित है वही उसका स्वक्षेत्र है। उसमें रहनेवाले गुणही उसका स्वभाव है। और उन गुणोंकी पर्याय ही स्वकाल है। अर्थात् द्रव्य, द्रव्यांश, गुण और गुणांश ही वस्तुके स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभाव हैं। वस्तुका स्वद्रव्य उसके अनन्तगुण रूप अखण्ड पिण्डके सिवा दूसरा नहीं है। वस्तुका क्षेत्र उसके प्रदेशही हैं, न कि जहाँ वह रहती है। उस वस्तुके गुण ही उसका स्वाभाव हैं और उन गुणोंकी कालक्रमसे होनेवाली पर्याय ही उसका स्वकाल है। प्रत्येक वस्तुका यह स्वचतुष्टय जुदा जुदा है। इस स्वचतुष्टयमें स्थित द्रव्य ही अपनी अपनी पर्यायोंको करता है ॥ २३२ ॥ जैसे स्वरूपमें स्थित जीव कार्यको करता है वैसे पररूपमें स्थित जीव कार्यको क्यों नहीं करता ? इस शङ्काका समाधान करते हैं। **अर्थ**—यदि स्वरूपमें स्थित जीव परस्परमें चला जावे तो परस्परमें मिलजानेसे सब द्रव्य एक

---

१ ल सरूवम्हि । २ ब स एक, म इक्क (?) ।

प्राप्नुयात् परद्रव्यक्षेत्रकालभावचतुष्टयस्वरूपं प्राप्नुयादिति यदि चेत्तर्हि सर्वं द्रव्यम् अन्योन्यसंश्लेषात् एकस्वरूपं भवेत्। यदि चेतनद्रव्यम् अचेतनरूपेण परिणमति, अचेतनद्रव्यं चेतनद्रव्येण परिणमति, तदा सर्वं द्रव्यम् एकात्मकम् एकस्वरूपं स्यात्। तथा चोक्तम्। 'सर्वस्योभयरूपत्वे तद्विशेषनिराकृते। नोदितो दधि खादेति किमुष्ट्रो नाभिधावति' ॥ २३३ ॥ अथ ब्रह्माद्वैतवादिनं दूषयति—

अहवा बंभ-सरूवं एक्कं सव्वं पि मण्णदे[1] जदि हि।
चंडाल-बंभणाणं तो ण विसेसो हवे को वि[2] ॥२३४॥

[छाया-अथवा ब्रह्मस्वरूपम् एकं सर्वम् अपि मन्यते यदि हि। चाण्डालब्राह्मणानां ततः न विशेषः भवेत् कः अपि ॥] अथवा सर्वमपि जगत् ब्रह्मस्वरूपम् एकं मन्यते, एकमेव ब्रह्ममयं विश्वं स्वीकुरुते। 'एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म।' 'नेह नानास्ति किंचन।' 'आरामं तस्य पश्यति न तं पश्यति कश्चन।' इति श्रुतेः। इति सर्वं ब्रह्ममयं च यदि चेत् मन्यते तो तर्हि तेषां ब्रह्माद्वैतवादिनां कोऽपि चाण्डालब्राह्मणानां विशेषो न भवेत्। यदि चाण्डालोऽपि ब्रह्ममयः ब्राह्मणोऽपि चाण्डालमयः तर्हि तयोर्भेदः कथमपि न स्यात्। अथ अविद्यापरिकल्पितोऽयं भेद इति चेन्न, साविद्या ब्रह्मणः सकाशात् भिन्नाऽभिन्ना वा, एकानेका, सद्रूपासद्रूपा वा, इत्यादिस्वरूपेण विचार्यमाणा न व्यवतिष्ठते ॥२३४॥ अथातो व्यापकं द्रव्यं मा भवतु, अणुमात्रं तत्त्वं भविष्यतीति वादिनं निराकरोति ॥

अणु-परिमाणं तच्चं अंस-विहीणं च मण्णदे जदि हि।
तो संबंध-अभावो[3] तत्तो वि ण कज्ज-संसिद्धी[4] ॥२३५॥

स्वरूप होजायेंगे ॥ **भावार्थ**-यदि अपने चैतन्य स्वरूपमें स्थित जीव चैतन्य स्वरूपको छोड़कर पुद्गल आदि द्रव्योंके अचेतन स्वरूप हो जाये अर्थात् परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और पर भावको अपनाले तो सब द्रव्योंका कोई निश्चित स्वरूप न होनेसे सब एकरूप होजायेंगे। चेतन द्रव्य अचेतन रूप होजायेगा और अचेतन द्रव्य चेतन रूप होजायेगा और ऐसा होनेसे जब सब वस्तु सब रूप होजायेंगी और किसी वस्तुका कोई विशेष धर्म नहीं रहेगा तो किसी मनुष्यसे यह कहनेपर कि 'दही खाओ' वह ऊंटको भी खानेके लीये दौड़ पड़ेगा। क्योंकि उस अवस्थामें दही और ऊंटमें कोई भेद नहीं रहेगा। अतः स्वरूपमें स्थित वस्तु ही कार्यकारी है ॥ २३३ ॥ आगे ब्रह्माद्वैतवादमें दूषण देते हैं। **अर्थ**-अथवा यदि सभी वस्तुओंको एक ब्रह्म स्वरूप माना जायेगा तो चाण्डाल और ब्राह्मणमें कोई भेद नहीं रहेगा। **भावार्थ**-ब्रह्माद्वैतवादी समस्त जगतको एक ब्रह्मस्वरूप मानते हैं। श्रुतिमें लिखा है-'इस जगतमें एक ब्रह्म ही है, नानात्व बिल्कुल नहीं है। सब उस ब्रह्मकी पर्यायोंको ही देखते हैं। किन्तु उसे कोई नहीं देखता'। इस प्रकार यदि समस्त जगत एक ब्रह्ममय है तो चाण्डाल और ब्राह्मणमें कोई भेद नहीं रहेगा क्योंकि ब्राह्मण भी ब्रह्ममय है और चाण्डाल भी ब्रह्ममय है। शायद कहा जाये कि यह भेद अविद्याके द्वारा कल्पित है, वास्तविक नहीं है। तो वह अविद्या ब्रह्मसे भिन्न है अथवा अभिन्न है, एक है अथवा अनेक है, सद्रूप है अथवा असद्रूप है इत्यादि अनेक प्रश्न उत्पन्न होते हैं। यदि अविद्या ब्रह्मसे भिन्न है तो अद्वैतवाद नहीं रहता और यदि अविद्या ब्रह्मसे अभिन्न है तो ब्रह्म भी अविद्याकी तरह काल्पनिकही ठहरेगा। तथा अद्वैतवादमें कर्ता कर्म पुण्य पाप, इहलोक परलोक, बन्ध मोक्ष, विद्या अविद्या आदि भेद नहीं बन सकते। अतः जगत्को सर्वथा एक रूप मानना उचित नहीं है ॥ २३४ ॥ कोई कहता है कि एक व्यापक द्रव्य न

---

१ ब मण्णिदे, स मण्णइ। २ ल ग कोइ। ३ ल म स ग सबंधाभावो। ४ ल स ग संसिद्धि।

[छाया-अणुपरिमाणं तत्त्वम् अंशविहीनं च मन्यते यदि हि। तत् संबन्धाभावः ततः अपि न कार्यसंसिद्धिः ॥] हीति स्फुटम्। यदि तत्त्वं जीवादिवस्तु। किंभूतम्। अणुपरिमाणं परमाणुमात्रम्। पुनः किंभूतं जीवतत्त्वम्। अंशविहीनं, निरंशं खण्डरहितं मन्यते अङ्गीक्रियते भवद्भिः, तो तर्हि संबन्धाभावः आत्मनः सर्वाङ्गेण सह संबन्धो न स्यात्, अथ संबन्धो मा भवतु, तर्हि सर्वाङ्गे जायमानं सुखं दुःखं वेदनास्पर्शनादिजं ज्ञानं कथमनुभवत्यात्मा, तत्तो ततः संबन्धाभावात् कार्यसंसिद्धिरपि कार्याणां सुखदुःखपुण्यपापेहलोकपरलोकादिलक्षणानां संसिद्धिः प्राप्तिः निष्पत्तिर्निर्वा न भवेत्। आत्मनः शरीरात् सर्वथा भिन्नत्वात्। शरीरेण क्रियमाणानां यजनयाजनाध्ययनाध्यापनध्यानतपश्चरणादीनां अत्यन्तभिन्नत्वात्। ततः क्रियमाणफलं आत्मनः लभते इति सर्वं सुस्थम् ॥२३५॥ अथ द्रव्यस्य एकत्वमनेकत्वं निश्चिनोति—

सव्वाणं दव्वाणं दव्व-सरूवेण होदि एयत्तं।
णिय-णिय-गुण-भेएण हि सव्वाणि वि होंति भिण्णाणि ॥२३६॥

[छाया-सर्वेषां द्रव्याणा द्रव्यस्वरूपेण भवति एकत्वम्। निजनिजगुणभेदेन हि सर्वाणि अपि भवन्ति भिन्नानि ॥] निजनिजप्रदेशसमूहैरखण्डवृत्त्या स्वभावविभावपर्यायान् द्रवन्ति द्रोष्यन्ति अदुद्रुवन्निति द्रव्याणि। सर्वेषा द्रव्याणा जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालाना पदार्थाना वस्तूना द्रव्यस्वरूपेण द्रव्यत्वेन गुणपर्यायेण सह एकत्वं भवति, कथंचित् अभिन्नत्व स्यात्। यथा मृद्द्रव्यस्य घटादिपर्यायः रूपादिगुणः तौ द्वौ घटात् पृथक्कर्तुं न शक्यते। तेषां मृद्द्रव्यघटरूपादीना स्यादेकत्वम्। तथा जीवद्रव्यादीना ज्ञातव्यम्। सर्वाण्यपि द्रव्याणि सत्तापेक्षया द्रव्यत्वसामान्यापेक्षया च एकानि अपि पुनः सर्वाण्यपि द्रव्याणि निजनिजगुणभेदेन कथंचिद्भिन्नानि पृथग्भूतानि भवन्ति। अथवा सर्वाण्यपि द्रव्याणि चेतनाचेतनादिभिर्गुणैः कथचित्परस्परं भिन्नानि भवन्ति। यथा मृद्द्रव्यं भिन्नम्, घटपर्यायो भिन्नः, रूपादिगुणो भिन्नः। अन्यथा इदं मृद्द्रव्यम्, अयं घटः, अय रूपादिगुणः इति वक्तु न पार्यते। इति तेषां स्याद्भिन्नत्वम्। तथा च सहभुवो

मानकर यदि तत्त्वको अणुरूप माना जाये तो क्या हानि है? उसका निराकरण करते हैं। **अर्थ—** यदि अणुपरिमाण निरंश तत्त्व माना जायेगा तो सम्बन्धका अभाव होनेसे उससे भी कार्यको सिद्धि नहीं हो सकती ॥ **भावार्थ—**यदि आत्माको निरंश और एक परमाणुके बराबर माना जायेगा तो अणु बराबर आत्माका समस्त शरीरके साथ सम्बन्ध नहीं हो सकेगा। और समस्त शरीरके साथ सम्बन्ध न होनेसे सर्वाङ्गमें होनेवाले सुख दुःख आदिका ज्ञान आत्माको नहीं हो सकेगा। तथा उसके न होनेसे सुख, दुःख, पुण्य, पाप, इहलोक परलोक आदि नहीं बनेंगे। क्योंकि आत्मा शरीरसे किये जाने वाले पूजन पाठ, पठन पाठन, तपश्चरण वगैरहका अनुभव नहीं कर सकता। अतः उनका फल भी उसे नहीं मिल सकता ॥ २३५ ॥ आगे द्रव्यको एक और अनेक सिद्ध करते हैं। **अर्थ—** द्रव्यरूपकी अपेक्षा सभी द्रव्य एक हैं। और अपने अपने गुणोंके भेदसे सभी द्रव्य अनेक हैं ॥ **भावार्थ—**जो अपने गुण पर्यायोंको प्राप्त करता है, प्राप्त करेगा और प्राप्त करता था उसे द्रव्य कहते हैं। वे द्रव्य छै हैं-जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल। सभी द्रव्य द्रव्यरूपसे एक एक हैं, जैसे घटादि पर्याय और रूपादि गुणोंका समुदाय रूप मृद्द्रव्य मिट्टीरूपसे एक है। इसी तरह जीवादि सब द्रव्योंको द्रव्यरूपसे एक जानना चाहिये। तथा सभी द्रव्य अपने २ गुण पर्यायों-के भेदसे नाना हैं क्योंकि प्रत्येक द्रव्यमें अनेक गुण और पर्याय होती हैं। जैसे मृद्द्रव्य घटादि पर्यायों और रूपादि गुणोंके भेदसे अनेक रूप हैं। यदि द्रव्य गुण और पर्यायमें भेद न होता तो यह मिट्टी है, यह घट है और ये रूपादि गुण हैं' ऐसा भेदव्यवहार नहीं हो सकता था। अतः

गुणाः । गुण्यते पृथक्क्रियते द्रव्यं द्रव्यात् यैस्ते गुणाः । जीवस्य चैतन्यज्ञानादिगुणः, पुद्गलस्य रूपरसगन्धस्पर्शादिगुणः, धर्मस्य गतिलक्षणो गुणः, अधर्मस्य स्थितिलक्षणो गुणः, आकाशस्य अवकाशदानगुणः, कालस्य नवजीर्णतादिगुणः । स्वस्वगुणभेदेन पृथक्त्वेन षड्द्रव्याणि पृथग्भूतानि भवन्तीत्यर्थः ॥२३६॥ अथ द्रव्यस्य गुणपर्यायस्वभावत्वं दर्शयति-

जो अत्थो पडिसमयं उप्पाद-व्वय-धुवत्त-सब्भावो ।
गुण-पज्जय-परिणामो[1] सो संतो[2] भण्णदे समए ॥२३७॥

[छाया-यः अर्थः प्रतिसमयम् उत्पादव्ययध्रुवत्वस्वभावः । गुणपर्यायपरिणामः स सत् भण्यते समये ॥] यः अर्थः जीवपुद्गलादिपदार्थः वस्तु द्रव्यं, प्रतिसमयं समयं समयं प्रति, उत्पादव्ययध्रौव्यैः सद्भावः अस्तित्वं स अर्थः पदार्थः वस्तु द्रव्यं समये सिद्धान्ते गुणपर्यायपरिणामः गुणपर्यायात्मकः सन्तो सत् सद्रूपः भण्यते कथ्यते । सद्द्रव्यलक्षणं सीदति स्वकीयान् गुणपर्यायान् व्याप्नोति इति सत् । 'उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं सत्'। तथा सूत्रोक्तं च । चेतनद्रव्यस्य अचेतनद्रव्यस्य वा निजां जातिम् अमुञ्चतः कारणवशात् भवान्तरप्राप्तिः उत्पादनम् उत्पादः । यथा मृत्पिण्डविघटने घटपर्याय उत्पद्यते । पूर्वभावस्य व्ययनं विगमनं विनशनं व्ययः उच्यते । यथा घटपर्यायोत्पत्तौ सत्यां मृत्पिण्डाकारस्य व्ययो भवति । अनादिपारिणामिकस्वभावेन निश्चयनयेन वस्तु न व्येति न चोदेति किंतु ध्रुवति स्थिरीसंपद्यते यः स ध्रुवः, तस्य भावः कर्म वा ध्रौव्यमुच्यते । यथा मृत्पिण्डस्य व्ययेऽपि घटपर्यायोत्पत्तावपि मृत्तिका मृत्तिकान्वयं न मुञ्चति, एवं पर्यायस्योत्पादे व्यये च जातेऽपि सति वस्तु ध्रुवत्वं न मुञ्चति । उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं गुणपर्यायात्मकं गुणाः ज्ञानादयः पर्यायाः पूर्वभावं मुक्त्वा उत्तरं भावं प्राप्ताः तत्स्वरूपं द्रव्यं कथ्यते । तथा च शुद्धजीवः स्वयमेव द्रव्यं द्रव्यभावकर्मनोकर्मरहितः केवलज्ञानदर्शनशुद्धगुणः लोकप्रमाणोऽखण्डप्रदेशशुद्धपर्यायः, उत्पादः अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणवृद्ध्या, व्ययः तस्य षड्गुणहान्या च ध्रुवः स्वभावेन शाश्वतः, अशुद्धजीवः संसारी कर्मादियुक्तः स्वयमेव द्रव्यं मतिज्ञानादिगुणः कुमत्यादिअशुद्धगुणः नरनारकादिपर्यायः पूर्वशरीरं मुक्त्वा उत्तरशरीरं गृह्णाति उत्पादः, त्यक्तमनुष्यादिशरीरः व्ययः, द्रव्यत्वे ध्रौव्यं च । सिद्धः निष्कलो द्रव्यं, सम्यक्त्वाद्यष्टगुणः किंचिदूनचरमशरीरप्रमाणपर्यायः, उत्पादः अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणवृद्ध्या, व्ययः तस्य षड्गुणहान्या, ध्रौव्यं द्रव्यस्वभावेन शाश्वतः । शुद्धपुद्गलद्रव्यम् अविभागी परमाणुः, स्पर्शरसगन्धवर्णलक्षणो गुणः,

द्रव्यमें और गुण पर्यायमें कथंचित भेद और कथंचित् अभेद होता है। इस लिये द्रव्यसे अभिन्न होनेके कारण गुण पर्यायभी एकरूप होते हैं। और गुण पर्यायोंसे अभिन्न होनेके कारण द्रव्य अनेक होता है ॥ २३६ ॥ आगे द्रव्यको गुणपर्याय स्वभाववाला बतलाते हैं। **अर्थ**-जो वस्तु प्रतिसमय उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य स्वभाव है उसे ही आगममें गुणपर्याय वाली और सत् कहा है ॥ **भावार्थ**-तत्त्वार्थ सूत्रमें द्रव्यका लक्षण सत् कहा है। जो सत् है वही द्रव्य है। तथा सत् का लक्षण उत्पाद व्यय और ध्रौव्य बतलाया है यानी जो प्रतिसमय उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यसे युक्त होता है वही सत् है। अपनी जातिको न छोड़ते हुये चेतन अथवा अचेतन द्रव्यमें कारणोंकी वजहसे जो नई पर्याय उत्पन्न होती है उसे उत्पाद कहते हैं। जैसे मिट्टीका पिण्ड अपनी जाति मिट्टीपनेको न छोड़ते हुये दण्ड, चक्र और कुम्हारका संयोग मिलनेपर पिण्ड पर्यायको छोड़कर घट पर्यायको अपनाता है। पूर्व पर्यायके नष्ट होनेको व्यय कहते हैं। जैसे मृत्पिण्डमें घट पर्यायके उत्पन्न होनेपर पिण्ड पर्याय नष्ट हो जाती है। और मूल तत्त्वके स्थिर रहनेको ध्रुव कहते हैं और ध्रुवके भावका नाम ध्रौव्य है। जैसे मिट्टीपना पिण्ड अवस्थाकी तरह घट अवस्थामें भी कायम रहता है। ये उत्पाद व्यय और ध्रौव्य प्रत्येक द्रव्यमें प्रति समय होते हैं। तथा द्रव्यका दूसरा लक्षण गुण पर्याय वाला है। जो गुण और पर्याय वाला होता है वही द्रव्य है। ये

१ ल ग परिणामो सतो भण्णते । २ म सत्तो ।

व्यणुकादिस्कन्धः पर्यायः । यत्परमाणूनामेकत्र मिलनं स उत्पादः, यत्परमाणूना पृथग्भवनं स व्ययः । स्कन्धोत्पत्तिविनाशौ उत्पादव्ययौ इत्यर्थः । पृथक्परमाणुस्वरूपेण ध्रौव्यम् । धर्मः द्रव्यं, स्वयमेव गतिसहायलक्षणो गुणः, लोकप्रमाणपर्यायः, पुद्गलजीवयोः गत्या उत्पादः, तयोः स्थित्या व्ययः, द्रव्यत्वेन ध्रौव्यम्, अथवा अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणहान्या वृद्धया च उत्पादव्ययाविति । अधर्मः द्रव्यम्, स्थितिसहायलक्षणो गुणः, लोकप्रमाणपर्यायः, पुद्गलजीवयोः स्थित्या उत्पादः, तयो-जीवपुद्गलयोः गत्या व्ययः, द्रव्यत्वेन ध्रुवत्वम्, अथवा अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणहान्या वृद्धया च उत्पादव्ययौ । आकाशं द्रव्यम्, स्वयम् अवकाशदानलक्षणो गुणः लोकेऽलोके च व्याप्तित्वपर्यायः, घटाद्याकाशस्य उत्पादः, तदा पटाद्याकाशस्य व्ययः, द्रव्यत्वेन ध्रौव्यम् अथवा अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणहानिवृद्धया उत्पादव्ययौ । कालः द्रव्यं कालाणुरूपः, नवजीर्णता-करणलक्षणो गुणः, समयमुहूर्तदिनपक्षमासवर्षादिरूपः पर्यायः, एकसमयोत्पत्तौ उत्पादः, उत्पादपूर्वसमये गते व्ययः, द्रव्यत्वेन ध्रौव्यम्, अथवा अगुरुलघुगुणस्य षड्गुणहान्या वृद्धया उत्पादव्ययौ इति ॥ २३७ ॥ अथ जीवादिद्रव्यस्य व्ययोत्पादौ कौ इत्युक्ते प्राह—

पडिसमयं परिणामो पुव्वो णस्सेदि जायदे अण्णो ।
वत्थु-विणासो पढमो उववादो भण्णदे बिदिओ[1] ॥२३८॥

[छाया–प्रतिसमयं परिणामः पूर्वः नश्यति जायते अन्यः । वस्तुविनाशः प्रथमः उपपादः भण्यते द्वितीयः ॥] प्रतिसमयं समयं समयं प्रति, परिणामः पूर्वः पूर्वपरिणामः प्रथमपर्यायः, यथा मृद्द्रव्यस्य घटलक्षणाः नश्यति विनश्यति अन्यः द्वितीयः परिणामः पर्यायः कपालमालादिलक्षणः जायते उत्पद्यते, तत्र तयोर्मध्ये प्रथमः आद्यो वस्तुविनाशः व्यय इत्यर्थः । ननु वस्तुनो विनाशः तर्हि सौगतमतप्रसंगः स्यात् इति चेन्न । वस्तुशब्देन वस्तुपर्यायस्यैव ग्रहणात्, पर्यायपर्यायिणोरभेदोपचारात् उत्पत्तिलक्षणः द्वितीयः उत्पादो भण्यते । पूर्वभावस्य व्ययनं विगमनं विनशनं व्ययः, द्रव्यस्य निजां जातिमजहतः निमित्तवशात् भावान्तरप्राप्तिः उत्पादनम् उत्पादः इति द्वयोर्निरुक्तिः ॥ २३८ ॥ अथ द्रव्यस्य ध्रुवत्वं निश्चिनोति—

दोनों लक्षण वास्तवमें दो नहीं हैं किन्तु दो तरहसे एकही बातको कहते हैं । गुण और पर्यायोंके समुदायका नाम द्रव्य है । यदि प्रत्येक द्रव्यसे उसके गुण और पर्यायोंको किसी रीतिसे अलग किया जा सके तो कुछ भी शेष न रहेगा । अतः गुण और पर्यायोंके अखण्ड पिण्डका नाम ही द्रव्य है । उसमें गुण ध्रुव होते हैं और पर्याय एक जाती और एक आती है । जैसे सोनेके कड़े अंगूठी और हार वगैरह जेवर बनानेपर भी उसका पीतता गुण कायम रहता है और कड़ा पर्याय नष्ट होकर अंगूठी पर्याय उत्पन्न होती है तथा अंगूठी पर्यायको नष्ट करके हार आदि पर्याय उत्पन्न होती है । अतः द्रव्य गुणवाला होता है या द्रव्य ध्रुव होता है ऐसा कहनेमें कोई अन्तर नहीं है । इसी तरह द्रव्य पर्यायवाला होता है अथवा उत्पादव्ययुक्त द्रव्य होता है इस कथनोंमें भी कोई अन्तर नहीं है । इसीसे ग्रन्थकारने यह कहा है कि जो द्रव्य उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य स्वभाव है वही गुणपर्याय स्वभाव है ॥ २३७ ॥ आगे द्रव्योंमें उत्पाद व्ययको बतलाते हैं । **अर्थ**–प्रति समय वस्तुमें पूर्व पर्यायका नाश होता है और अन्य पर्यायकी उत्पत्ति होती है । इनमेंसे पूर्व परिणामरूप वस्तुका नाश तो व्यय है और अन्य परिणामरूप वस्तुका उत्पन्न होना उत्पाद है । **भावार्थ**–वस्तु तो न उत्पन्न होती है और न नष्ट होती है । किन्तु वस्तुकी पर्याय नष्ट होती और उत्पन्न होती है । तथा पर्याय वस्तुसे अभिन्न है इसलिये पर्यायके नाश और उत्पादको वस्तुका नाश और उत्पाद कहा

---

१ ब-पुस्तके णउ उप्पज्जदि इत्यादि गाथा प्रथमं तदनन्तरं पडिसमयं इत्यादि । २ ब भण्णइ बिदिउ ।

णो[1] उप्पज्जदि जीवो दव्व-सरूवेण णेव[2] णस्सेदि ।
तं चेव दव्व-मित्तं णिच्चत्तं जाण[3] जीवस्स ॥२३९॥

[छाया-न उत्पद्यते जीवः द्रव्यस्वरूपेण नैव नश्यति । तत् एव द्रव्यमात्रं नित्यत्वं जानीहि जीवस्य ॥] जाण जानीहि, जीवस्य आत्मनः तं चेव तदेव द्रव्यमात्रं सत्तास्वरूपं नित्यत्वं ध्रुवत्वं विद्धि त्वम् । जीवः द्रव्यस्वरूपेण सत्तास्वरूपेण ध्रुवत्वेन जीवत्वेन पारिणामिकभावेन वा न उत्पद्यते न च नश्यति । उत्पादव्ययौ जीवस्य मण्येते चेत् तर्हि नूतनतत्त्वोत्पत्तिः स्वाङ्गीकृततत्त्वविनाशश्च जायते इति तात्पर्यम् । अनादिपरिणामिकभावेन निश्चयनयेन वस्तु न व्येति न चोदेति किंतु ध्रुवति स्थिरीसंपद्यते यः स ध्रुवः तस्य भावः कर्म वा ध्रौव्यम् इति ॥२३९॥ अथ द्रव्यपर्याययोः स्वरूपं व्यनक्ति—

अण्णइ-रूवं दव्वं विसेस-रूवो हवेइ पज्जावो[4] ।
दव्वं पि विसेसेण हि उप्पज्जदि णस्सदे सददं ॥२४०॥

[छाया-अन्वयिरूपं द्रव्यं विशेषरूपः भवति पर्यायः । द्रव्यम् अपि विशेषेण हि उत्पद्यते नश्यति सततम् ॥] द्रव्यं जीवादिवस्तु अन्वयिरूपम् अन्वयाः नरनारकादिपर्यायाः विद्यन्ते यस्य तत् अन्वयि तदेव रूपं स्वरूपं यस्य तत् । तथोक्तम् । द्रवति द्रोष्यति अदुद्रुवत् स्वगुणपर्यायान्इति द्रव्यम् । स्वभावविभावपर्यायरूपतया परि समन्तात् याति परिगच्छति परिप्राप्नोति परिणमतीति यः स पर्यायः स्वभावविभावपर्यायरूपतया परिप्राप्तिरित्यर्थः । अथवा पर्येति समये

जाता है ॥ २३८ ॥ आगे द्रव्योंमें ध्रुवत्वको बतलाते हैं । **अर्थ**—द्रव्य रूपसे जीव न तो नष्ट होता है और न उत्पन्न होता है अतः द्रव्यरूपसे जीवको नित्य जानो ॥ **भावार्थ**—जीव द्रव्य अथवा कोई भी द्रव्य न तो उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है। यदि द्रव्यका नाश और द्रव्यका ही उत्पाद माना जाये तो माने गये छै द्रव्योंका नाश हो जायेगा और अनेक नये नये द्रव्य उत्पन्न हो जायेंगे। अतः अपने अनादि पारिणामिक स्वभावसे न तो कोई द्रव्य नष्ट होता है और न कोई नया द्रव्य उत्पन्न होता है। किन्तु सब द्रव्य स्थिर रहते हैं। इसीका नाम ध्रौव्य है। जैसे मृत्पिण्डका नाश और घट पर्यायकी उत्पत्ति होने पर भी मिट्टी ध्रुव रहती है। इसी तरह एक पर्यायका उत्पाद और पूर्व पर्यायका नाश होनेपर भी वस्तु ध्रुव रहती है। यह उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य ही द्रव्यका स्वरूप है ॥ २३९ ॥ आगे द्रव्य और पर्यायका स्वरूप बतलाते हैं। **अर्थ**—वस्तुके अन्वयीरूपको द्रव्य कहते हैं और विशेषरूपको पर्याय कहते हैं। विशेष रूपकी अपेक्षा द्रव्य भी निरन्तर उत्पन्न होता और विनष्ट होता है ॥ **भावार्थ**—वस्तुकी प्रत्येक दशामें जो रूप बराबर अनुस्यूत रहता है वही अन्वयी रूप है और जो रूप बदलता रहता है वह विशेष रूप है। जैसे जीवकी नर नारक आदि पर्याय तो आती जाती रहती हैं और जीवत्व उन सबमें बराबर अनुस्यूत रहता है। अतः जीवत्व जीवका अन्वयी रूप है और नर नारक आदि विशेषरूप हैं। जब किसी बालकका जन्म हुआ कहा जाता है वह वास्तवमें मनुष्य पर्यायका जन्म होता है, किन्तु वह जन्म जीव ही लेता है इस लिये उसे जीवका जन्म कहा जाता है। वास्तवमें जीव तो अजन्मा है। इसी तरह जब कोई मरता है तो वास्तवमें उसकी वह पर्याय छूट जाती है। इसीका नाम मृत्यु है। किन्तु जीव तो सदा अमर है। अतः पर्यायकी अपेक्षा द्रव्य सदा उत्पन्न होता और विनष्ट होता है किन्तु द्रव्यत्वकी

---

१ ब ण उ । २ ल म स ग णेय । ३ ब जाणि । ४ ल म स ग पज्जाओ (उ)

समये उत्पादं विनाशं च गच्छतीति पर्यायः वा क्रमवर्ती पर्यायः पर्यायस्य व्युत्पत्तिः । पर्यायः विशेषरूपो भवेत् । विशेष्यं द्रव्यं विशेषः पर्यायः । हीति यस्मात्, सततं निरन्तरं द्रव्यमपि विशेषेण पर्यायरूपेण उत्पद्यते विनश्यति च ॥२४०॥ अथ गुणस्वरूपं निरूपयति—

सरिसो जो परिणामो[1] अणाइ-णिहणो हवे गुणो सो हि[2] ।
सो सामण्ण-सरूवो उप्पज्जदि णस्सदे णेय ॥२४१॥

[छाया-सदृशः यः परिणामः अनादिनिधनः भवेत् गुणः स हि । स सामान्यस्वरूपः उत्पद्यते नश्यति नैव ॥] हीति निश्चितम् । स गुणो भवेत् यः परिणामः परिणमनस्वरूपमिति यावत्, सदृशः सर्वत्र पर्यायेषु सादृश्यं गतः । कीदृक्षो गुणः । अनादिनिधनः आद्यन्तरहितः, सोऽपि च गुणः सामान्यस्वरूपः परापरविवर्तव्यापी सद्रूपः द्रव्यत्वरूपः जीवत्वादिरूपश्च स गुणः न उत्पद्यते नैव विनश्यति । यथा जीवे ज्ञानादयो गुणाः 'सहभाविनो गुणाः' इति वचनात्, तथा च जीवादिद्रव्याणां सामान्यविशेषगुणाः कथ्यन्ते ॥ अस्तित्व १ वस्तुत्वं २ द्रव्यत्व ३ प्रमेयत्वम् ४ अगुरुलघुत्वं ५ चेतनत्व ६ प्रदेशत्वम् ७ अमूर्तत्वम् ८ एते अष्टौ जीवस्य सामान्यगुणाः । अनन्तज्ञानदर्शनसुखवीर्याणि ४ अमूर्तत्वं ५ चेतनत्वम् ६ एते षट् जीवस्य विशेषगुणाः । धर्माधर्माकाशकालाना प्रत्येकम् अस्तित्वं १ वस्तुत्वं २ द्रव्यत्वं ३ प्रमेयत्वम् ४ अगुरुलघुत्वं ५ प्रदेशत्वम् ६ अचेतनत्वम् ७ अमूर्तत्वम् ८ एते अष्टौ सामान्यगुणाः । पुद्गलानाम् अस्तित्वं १ वस्तुत्व २ द्रव्यत्व ३ प्रमेयत्वम् ४ अगुरुलघुत्वं ५ प्रदेशत्वम् ६ अचेतनत्व ७ मूर्तत्वम् ८ एते अष्टौ सामान्यगुणाः ।

अपेक्षा नहीं । [यहां इतना विशेष वक्तव्य है कि टीकाकारने जो अन्वयका अर्थ नरनारकादि पर्याय किया है वह ठीक नहीं है । अनु-अय=अन्वय का अर्थ होता है वस्तुके पीछे पीछे उसकी हर हालतमें साथ रहना यह बात नारकादि पर्यायमें नहीं है किन्तु गुणोंमें पाई जाती है । इसीसे सिद्धान्तमें गुणोंको अन्वयी और पर्यायोंको व्यतिरेकी कहा है] ॥ २४० ॥ आगे गुणका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**—द्रव्यका जो अनादि निधन सदृश परिणाम होता है वही गुण है । वह सामान्यरूप न उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है । **भावार्थ**—द्रव्य परिणमनशील है, परिणमन करना उसका स्वभाव है । किन्तु द्रव्यमें होनेवाला परिणाम दो प्रकारका है-एक सदृश परिणाम दूसरा विसदृश परिणाम । सदृश परिणामका नाम गुण है और विसदृश परिणामका नाम पर्याय है । जैसे जीव द्रव्यका चैतन्यगुण सब पर्यायोंमें पाया जाता है । मनुष्य मरकर देव हो अथवा तिर्यञ्च हो, चैतन्य परिणाम उसमें अवश्य रहता है । चैतन्य परिणामकी अपेक्षा मनुष्य, पशु वगैरह समान हैं क्योंकि चैतन्य गुण सबमें है । यह चैतन्य परिणाम अनादि निधन है, न उत्पन्न होता है और न नष्ट होता है । अर्थात् किसी जीवका चैतन्य परिणाम नष्ट होकर वह अजीव नहीं हो जाता और न किसी पुद्गलमें चैतन्य परिणाम उत्पन्न होनेसे वह चेतन होजाता है । इस तरह सामान्य रूपसे वह अनादि निधन है । किन्तु विशेषरूपसे चैतन्यका भी नाश और उत्पाद होता है; क्योंकि गुणोंमें भी परिणमन होता है । यहां प्रकरणवश जीवादि द्रव्योंके सामान्य और विशेष गुण कहते हैं-अस्तित्व, वस्तुत्व, द्रव्यत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, प्रदेशत्व, मूर्तत्व और अमूर्तत्व, ये द्रव्योंके दस सामान्य गुण हैं । इनमेंसे प्रत्येक द्रव्यमें आठ आठ सामान्य गुण होते हैं; क्योंकि जीव द्रव्यमें अचेतनत्व और मूर्तत्व ये दो गुण नहीं होते, और पुद्गल द्रव्यमें चेतनत्व और अमूर्तत्व ये दो गुण नहीं होते । तथा धर्मद्रव्य, अधर्मद्रव्य, आकाशद्रव्य और कालद्रव्यमें चेतनत्व

---

१ ब सरिसउओ प°, स° सो परिणामो जो । २ ब वि ।

स्पर्शरसगन्धवर्णाः ४ अचेतनत्वं ५ मूर्तत्वं ६ पुद्गलस्य विशेषगुणाः। गतिहेतुत्वम् १ अचेतनत्वं २ अमूर्तत्वं ३ धर्मस्य विशेषगुणाः। स्थितिहेतुत्वम् १ अचेतनत्वम् २ अमूर्तत्वम् ३ एते अधर्मस्य विशेषगुणाः। अवगाहनत्वम् १ अचेतनत्वम् २ अमूर्तत्वम् ३ इत्याकाशस्य विशेषगुणाः। वर्तनाहेतुत्वम् १ अचेतनत्वम् २ अमूर्तत्वम् ३ इति कालस्य विशेषगुणाः ॥२४१॥ अथ पर्यायस्वरूपं द्रव्यगुणपर्यायाणामेकत्वमेव द्रव्यं व्याचष्टे—

सो वि विणस्सदि जायदि विसेस-रूवेण सव्व-दव्वेसु।
दव्व-गुण-पज्जयाणं एयत्तं वत्थु[1] परमत्थं ॥२४२॥

[छाया-सः अपि विनश्यति जायते विशेषरूपेण सर्वद्रव्येषु। द्रव्यगुणपर्यायाणाम् एकत्वं वस्तु परमार्थम् ॥] सर्वद्रव्येषु चेतनाचेतनसर्ववस्तुषु सोऽपि सामान्यस्वरूपः द्रव्यत्वसामान्यादिः विशेषरूपेण पर्यायस्वभावेन विनश्यति

और मूर्तत्व गुण नहीं होते। इस तरह दस सामान्य गुणोंमेंसे दो दो गुण न होनेसे प्रत्येक द्रव्यमें आठ आठ गुण होते है। तथा ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, स्पर्श, रस गन्ध, वर्ण, गतिहेतुत्व, स्थितिहेतुत्व, अवगाहनहेतुत्व, वर्तनाहेतुत्व, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व ये द्रव्योंके सोलह विशेष गुण हैं। इनमेंसे अन्तके चार गुणोंकी गणना सामान्य गुणोंमें भी की जाती है और विशेष गुणोंमें भी की जाती है। उसका कारण यह है कि ये चारों गुण स्वजातिकी अपेक्षासे सामान्य गुण हैं और विजातिकी अपेक्षासे विशेष गुण हैं। इन सोलह विशेष गुणोंमेंसे जीव द्रव्यमें ज्ञान, दर्शन, सुख, वीर्य, चेतनत्व और अमूर्तत्व ये छै गुण होते हैं। पुद्गल द्रव्यमें स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण, मूर्तत्व, अचेतनत्व ये छै गुण होते हैं। धर्म द्रव्यमें गतिहेतुत्व, अमूर्तत्व, अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण होते हैं। अधर्म द्रव्यमें स्थितिहेतुत्व, अमूर्तत्व, अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण होते हैं। आकाश द्रव्यमें अवगाहनहेतुत्व, अमूर्तत्व और अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण होते हैं। और काल द्रव्यमें वर्तनाहेतुत्व, अमूर्तत्व, अचेतनत्व ये तीन विशेष गुण होते हैं। जो गुण सब द्रव्योंमें पाया जाता है उसे सामान्य गुण कहते हैं और जो गुण सब द्रव्योंमें न पाया जाये उसे विशेष गुण कहते हैं। सामान्यगुणोंमें ६ गुणोंका स्वरूप इस प्रकार है-जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्यका कभी नाश नहीं होता उसे अस्तित्व गुण कहते हैं। जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्यमें अर्थक्रिया हो उसे वस्तुत्व गुण कहते हैं। जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्य सर्वदा एकसा न रहे और उसकी पर्यायें बदलती रहें उसे द्रव्यत्व गुण कहते हैं। जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्य किसी न किसीके ज्ञानका विषय हो उसे प्रमेयत्व गुण कहते हैं। जिस शक्तिके निमित्तसे एक द्रव्य दूसरे द्रव्यरूप परिणमन न करे और एक गुण दूसरे गुणरूप परिणमन न करे तथा एक द्रव्यके अनेक गुण बिखरकर जुदे जुदे न हो जांय उसे अगुरुलघुत्व गुण कहते हैं। जिस शक्तिके निमित्तसे द्रव्यका कुछ न कुछ आकार अवश्य हो उसे प्रदेशवत्व गुण कहते हैं। ये गुण सब द्रव्योंमें पाये जाते हैं ॥ २४१ ॥ आगे कहते हैं कि गुण पर्यायोंका एकपनाही द्रव्य है। **अर्थ**-समस्त द्रव्योंके गुण भी विशेष रूपसे उत्पन्न तथा विनष्ट होते हैं। इस प्रकार द्रव्य गुण और पर्यायोंका एकत्वही परमार्थसे वस्तु है॥ **भावार्थ**-ऊपर बतलाया था कि सामान्य रूपसे गुण न उत्पन्न होते हैं और न नष्ट होते हैं। यहां कहते हैं कि विशेष रूपसे गुणभी उत्पन्न तथा नष्ट होते हैं। अर्थात् गुणोंमें भी

१ म वत्यु।

विनाशं गच्छति, जायते उत्पद्यते च । अत एव द्रव्यगुणपर्यायाणां द्रव्यम् उत्पादव्ययध्रौव्ययुक्तं जीवादिकम्, गुणाः द्रव्यत्वादयः सहभाविनः, गुणविकाराः पर्यायाः क्रमभाविनः परिणामाः । द्रव्याणि च गुणाश्च पर्यायाश्च द्रव्यगुणपर्यायाः तेषां द्रव्यगुणपर्यायाणाम् एकत्वं समुदायः परमार्थसत्स्वभूत निश्चयेन वस्तु, वसन्ति द्रव्यगुणपर्याया अस्मिन्निति वस्तु, द्रव्यम् अर्थः पदार्थः कथ्यते । तथा च षड्द्रव्येषु पर्यायाः कथ्यन्ते । गुणविकाराः पर्यायाः । ते द्वेधा । स्वभाव १ विभाव २ पर्यायभेदात् । अगुरुलघुविकाराः स्वभावपर्यायाः, ते द्वादशधा । षड्वृद्धिहानिरूपाः । अनन्तभागवृद्धिः १ असंख्यातभागवृद्धिः २ संख्यातभागवृद्धिः ३ संख्यातगुणवृद्धिः ४ असंख्यातगुणवृद्धिः ५ अनन्तगुणवृद्धिः ६ इति षड्वृद्धिः । तथा अनन्तभागहानिः असंख्यातभागहानिः २ संख्यातभागहानिः ३ संख्यातगुणहानिः ४ असंख्यातगुणहानिः ५ अनन्तगुणहानिः ६ एवं षट् वृद्धिहानिरूपाः स्वभावपर्यायाः ज्ञेयाः । विभावपर्यायाश्चतुर्विधा नरनारकादिपर्यायाः, अथवा चतुरशीतिलक्षाश्च विभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायाः । नरनारकादिकाः विभावगुणव्यञ्जनपर्यायाः, मतिज्ञानादयः स्वभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायाः, चरमशरीराकारात् किंचिन्न्यूनसिद्धपर्यायः स्वभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायः स्वभावगुणव्यञ्जनपर्यायाः अनन्तचतुष्टयरूपाः जीवस्य । पुद्गलस्य तु द्व्यणुकादयो विभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायाः रसरसान्तरगन्धगन्धान्तरादिविभावगुणव्यञ्जनपर्यायाः । अविभागी पुद्गलपरमाणुः स्वभावद्रव्यव्यञ्जनपर्यायः वर्णगन्धरसैकैकाः अविरुद्धस्पर्शद्वयं स्वभावगुणव्यञ्जनपर्यायाः । 'अनाद्यनिधने द्रव्ये स्वपर्यायाः प्रतिक्षणम् । उन्मज्जन्ति निमज्जन्ति जलकल्लोलवज्जले ॥' 'गुण इदि दव्वविहाणं दव्ववियारोत्थ पज्जवो भणिदो । तेहि अणूणं दव्वं अजुदपसिद्ध हवदि णिच्चं ॥' स्वभावविभावपर्यायरूपतया याति परिणमतीति पर्यायः पर्यायस्य व्युत्पत्तिः । क्रमवर्तिनः पर्यायाः । सहभुवो गुणाः । गुण्यते पृथक्क्रियते द्रव्यं द्रव्यात् यैस्ते गुणा इति ॥२४२॥ ननु पर्याया विद्यमाना जायन्ते अविद्यमाना वा इत्याशङ्कां निराकुर्वन् गाथाद्वयमाह—

उत्पाद व्यय होता है । आशय यह है कि द्रव्य, गुण और पर्याय ये तीन जुदे जुदे नहीं हैं । अर्थात् जैसे सोंठ, मिर्च और पीपलको कूट छानकर गोली बनाली जाती है, वैसे द्रव्य, गुण और पर्यायको मिलाकर वस्तु नहीं बनी है । वस्तु तो एक अनादि अखण्ड पिण्ड है । उसमें गुणोंके सिवा अन्य कुछभी नहीं है । और वे गुण भी कभी अलग नहीं किये जा सकते, हां, उनका अनुभव मात्र अलग अलग किया जा सकता है । ऐसी स्थितिमें जब वस्तु परिणामी है तो गुण अपरिणामी कैसे हो सकते हैं ? क्योंकि गुणोंके अखण्ड पिण्डका नाम ही तो वस्तु है । अतः गुणोंमें भी परिणमन होता है । किन्तु परिणमन होनेपर भी ज्ञान गुण ज्ञानरूप ही रहता है, दर्शन या सुखरूप नहीं हो जाता । इसीसे सामान्य रूपसे गुणोंको अपरिणामी और विशेष रूपसे परिणामी कहा है । गुणोंके विकारका नाम ही पर्याय है । पर्यायके दो भेद हैं–स्वभाव पर्याय और विभावपर्याय । यहां छै द्रव्योंकी पर्याय कहते हैं । अगुरुलघु गुणके विकारको स्वभाव पर्याय कहते हैं । उसके बारह भेद हैं– छै वृद्धिरूप और छै हानिरूप । अनन्तभागवृद्धि, असंख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि और अनन्तगुणवृद्धि ये छै वृद्धिरूप स्वभावपर्याय हैं । और अनन्त भागहानि, असंख्यात भागहानि, संख्यात भागहानि, संख्यात गुणहानि, असंख्यात गुणहानि, अनन्त गुणहानि ये छै हानिरूप स्वभावपर्याय हैं । नर नारक आदि पर्याय अथवा चौरासी लाख योनियां विभाव द्रव्यव्यंजनपर्याय हैं । मति आदि ज्ञान विभाव गुणव्यञ्जनपर्याय हैं । अन्तके शरीरसे कुछ न्यून जो सिद्ध पर्याय है वह स्वभाव द्रव्य व्यञ्जन पर्याय है । जीवका अनन्त चतुष्टयस्वरूप स्वभावगुणव्यञ्जनपर्याय है । ये सब जीवकी पर्याय हैं । पुद्गलकी विभावद्रव्य-व्यंजनपर्याय द्व्यणुक आदि स्कन्ध हैं । रससे रसान्तर और गन्धसे गन्धान्तर विभावगुणव्यंजन पर्याय हैं । पुद्गलका अविभागी परमाणु स्वभावद्रव्यव्यंजनपर्याय है । और उस परमाणुमें जो एक

जदि दव्वे पज्जाया वि विज्जमाणा[1] तिरोहिदा संति ।
ता उप्पत्ती विहला पडिपिहिदे देवदत्ते व्व[2] ॥२४३॥

[छाया-यदि द्रव्ये पर्यायाः अपि विद्यमानाः तिरोहिताः सन्ति । तत् उत्पत्तिः विफला प्रतिपिहिते देवदत्ते इव ॥] अथ सांख्यादयः एवं वदन्ति । द्रव्ये जीवादिपदार्थे सर्वे पर्यायाः तिरोहिताः आच्छादिताः विद्यमानाः सन्ति, त एव जायन्ते उत्पद्यन्ते, सर्वं सर्वत्र विद्यते, इति तन्मतं समुत्थाप्य दूषयति । द्रव्ये जीवपुद्गलादिवस्तुनि पर्यायाः नरनारकादिबुद्बुदादयः स्कन्धादयः परिणामाः विद्यमानाः सद्रूपाः अस्तिरूपाः तिरोहिताः अन्तर्लीनाः अप्रादुर्भूताः सन्ति विद्यन्ते यदि चेत् तर्हि पर्यायाणामुत्पत्तिः उत्पादः निष्पत्तिः विफला निष्फला निरर्थका भवति । पटपिहिते देवदत्ते इव, यथा वस्त्राच्छादिते देवदत्ते तस्य देवदत्तस्य वस्त्रे उत्पत्तिर्न घटते यथा तथा सर्वे नरनारकबुद्बुदादयः पदार्थाः प्रकृतौ लीनाः तर्हि अङ्गुल्यग्रे हस्तिशतयूथं कथं न जायते इति दूषणसद्भावात् अविद्यमानाः पर्यायाः जायन्ते ॥२४३॥

सव्वाण[4] पज्जयाणं अविज्जमाणाण होदि उप्पत्ती ।
कालाई-लद्धीए अणाइ-णिहणम्मि दव्वम्मि ॥२४४॥

[छाया-सर्वेषां पर्यायाणाम् अविद्यमानानां भवति उत्पत्तिः । कालादिलब्ध्या अनादिनिधने द्रव्ये ॥] सर्वेषां पर्यायाणां नरनारकादिपुद्गलादीनां द्रव्ये जीवादिवस्तुनि । किंभूते । अनादिनिधने अविनश्वरे पदार्थे कालादिलब्ध्या द्रव्यक्षेत्रकालभवभावलाभेन उत्पत्तिर्भवति उत्पादः स्यात् । किंभूतानाम् । अविद्यमानानाम् असतां द्रव्ये पर्यायाणामुत्पत्तिः स्यात् । यथा विद्यमाने मृद्द्रव्ये घटोत्पत्त्युचितकाले कुम्भकारादौ सत्येव घटादयः पर्याया जायन्ते तथा ॥२४४॥ अथ द्रव्यपर्यायाणां कथंचिद्भेदं कथंचिदभेदं दर्शयति—

वर्ण, एक गन्ध, एक रस, और दो स्पर्श गुण रहते हैं पुद्गलकी स्वभावगुणव्यंजनपर्याय है । इस तरह जैसे जलमें लहरें उठा करती हैं वैसे ही अनादि और अनन्त द्रव्यमें प्रति समय पर्याय, उत्पन्न और नष्ट होती रहती हैं ॥ २४२ ॥ यहां यह शङ्का होती है कि द्रव्यमें विद्यमान पर्याय उत्पन्न होती हैं अथवा अविद्यमान पर्याय उत्पन्न होती हैं ? इसका निराकरण दो गाथाओंके द्वारा करते हैं । **अर्थ**–यदि द्रव्यमें पर्याय विद्यमान होते हुयेभी ढकी हुई हैं तो वस्त्रसे ढके हुये देवदत्तकी तरह उसकी उत्पत्ति निष्फल है ॥ **भावार्थ**–सांख्यमतावलम्बीका कहना है कि जीवादि पदार्थोंमें सब पर्यायें विद्यमान रहती हैं । किन्तु वे छिपी हुई है, इसलिये दिखाई नहीं देतीं । सांख्यके इस मतमें दूषण देते हुये आचार्य कहते हैं कि जैसे देवदत्त पर्देके पीछे बैठा हुआ है । पर्देके हटाते ही देवदत्त प्रकट होगया । उसको यदि कोई यह कहे कि देवदत्त उत्पन्न होगया तो ऐसा कहना व्यर्थ है, क्योंकि देवदत्त तो वहां पहलेसे ही विद्यमान था । इसी तरह यदि द्रव्यमें पर्याय पहलेसे ही विद्यमान हैं और पीछे प्रकट हो जाती हैं तो उसकी उत्पत्ति कहना गलत है । उत्पत्ति तो अविद्यमानकी ही होती है ॥ २४३ ॥ **अर्थ**–अतः अनादि निधन द्रव्यमें काललब्धि आदिके मिलनेपर अविद्यमान पर्यायोंकी ही उत्पत्ति होती है ॥ **भावार्थ**–द्रव्य तो अविनश्वर होनेके कारण अनादि निधन है । उस अनादि निधन द्रव्यमें अपने योग्य द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावके मिलनेपर जो पर्याय विद्यमान नहीं होती उसीकी उत्पत्ति होजाती है । जैसे विद्यमान मिट्टीमें घटके उत्पन्न होनेका उचित-काल आनेपर तथा कुम्हार आदिके सद्भावमें घट आदि पर्याय उत्पन्न होती है ॥ २४४ ॥

१ ल ग विवज्जमाणा । २ ल म स ग देवदत्तिव्व । ४ स सव्वाण दव्वाणं पज्जायाणं अविज्जमाणाणं उप्पत्ती । कालाइ....दव्वम्हि ।

दव्वाण पज्जयाणं धम्म-विवक्खाएँ[1] कीरए[2] भेओ[3] ।
वत्थु-सरूवेण पुणो ण हि भेदो सक्कदे काउं ॥ २४५ ॥

[छाया--द्रव्याणां पर्यायाणां धर्मविवक्षया क्रियते भेदः । वस्तुस्वरूपेण पुनः न हि भेदः शक्यते कर्तुम् ॥] कारणकार्ययोः सर्वथा भेदः इति नैयायिकाना मतम्, तन्निरासार्थमाह । द्रव्याणां मृद्द्रव्यादीनां कारणभूतानां पर्यायाणां घटादिपरिणतानां कार्यभूतानां भेदः क्रियते । कया । धर्मविवक्षया एव स्वभाव वक्तुमिच्छया एव । इदं मृद्द्रव्यादि कारणम् इदं घटादिपर्यायः कार्यमिति धर्मधर्मिणोर्भेदेन भेदः । न तु सर्वथा भेदः । हीति स्फुटम् । पुनः धर्मधर्मिणोर्भेदः कर्तुं न शक्यते । वस्तुस्वरूपेण द्रव्यार्थिकनयप्राधान्येन कार्यकारणयोरैक्यं, तथा च गुणगुणिनोः पर्यायपर्यायिणोः स्वभावस्वभाविनोः कारणकारणिणोः भेदः । द्रव्ये द्रव्योपचारः गुणे गुणोपचारः पर्याये पर्यायोपचारः द्रव्य गुणोपचारः द्रव्ये पर्यायोपचारः गुणे द्रव्योपचारः गुणे पर्यायोपचारः पर्याये द्रव्योपचारः पर्याये गुणोपचारः इति अभेदः ॥ २४५ ॥ अथ वस्तुतः द्वयोरपि द्रव्यपर्याययोः सर्वथा भेदवादिनं दूषयति—

जदि वत्थुदो विभेदो[4] पज्जय-दव्वाण मण्णसे[5] मूढ ।
तो णिरवेक्खा सिद्धी दोण्हं[6] पि य पावदे णियमा ॥ २४६ ॥

[छाया--यदि वस्तुतः विभेदः पर्यायद्रव्याणां मन्यसे मूढ । ततः निरपेक्षा सिद्धिः द्वयोः अपि च प्राप्नोति नियमात् ॥] रे मूढ हे अज्ञानिन् हे नैयायिकपशो, यदि चेत्पर्यायद्रव्ययोर्वस्तुतः परमार्थतः वस्तुसामान्येन वा भेद भिन्नत्व मन्यसे त्वम् अङ्गीक्रियसे तो तर्हि दोण्हं पि द्वयोरपि कार्यकारणयोरपि गुणगुणिनोः पर्यायपर्यायिणोश्च भेदः नियमात् निरपेक्षा परस्परापेक्षारहिता सिद्धिः निष्पत्तिः प्राप्नोति । यथा हि पर्यायिणोर्मृद्द्रव्यादेः घटादिपर्यायाः सर्वथा भिन्ना तर्हि मृद्द्रव्यादिना विना घटादिपर्यायाः कथं न लभेरन् ॥ २४६ ॥ अथ ज्ञानाद्वैतवादिनं गाथात्रयेण दूषयति—

आगे द्रव्य और पर्यायमें कथंचित् भेद और कथंचित अभेद बतलाते हैं । **अर्थ**—धर्म और धर्मीकी विवक्षासे द्रव्य और पर्यायमे भेद किया जाता है । किन्तु वस्तु स्वरूपसे उनमें भेद नहीं है ॥ **भावार्थ**—नैयायिक मतावलम्बी कारण और कार्यमें सर्वथा भेद मानता है । उसका निराकरण करते हुए आचार्य कहते हैं कि कारणरूप मिट्टी आदि द्रव्यमें और कार्यरूप घटादि पर्यायमें धर्म और धर्मी भेदकी विवक्षा होनेसे ही भेद है, अर्थात् जब यह कहना होता है कि यह मिट्टी धर्मी है और यह घटादि पर्याय धर्म है, तभी भेदकी प्रतीति होती है, किन्तु स्वरूपसे धर्म और धर्मीमें भेद नहीं किया जा सकता । अर्थात् द्रव्यार्थिक नयसे कार्य और कारणमें अभेद है । इसी तरह गुण गुणी, पर्याय पर्यायी, स्वभाव स्वभाववान् आदिमें भी कथंचित् भेद और कथंचित् अभेद समझना चाहिये ॥ २४५ ॥ आगे द्रव्य और पर्यायमें सर्वथा भेद माननेवाले वादीको दूषण देते हैं । **अर्थ**—हे मूढ, यदि तू द्रव्य और पर्यायमें वस्तुरूपसे भी भेद मानता है तो द्रव्य और पर्याय दोनोंकी नियमसे निरपेक्ष सिद्धि प्राप्त होती है ॥ **भावार्थ**-यदि द्रव्य और पर्यायमें वस्तुरूपसे भी भेद माना जायेगा तो द्रव्य पर्यायसे सर्वथा भिन्न एक जुदी वस्तु ठहरेगा और पर्याय द्रव्यसे सर्वथा भिन्न एक जुदी वस्तु ठहरेगी । ऐसी स्थितिमें विना पर्यायके भी द्रव्य और विना द्रव्यके पर्याय हुआ करेगी । जैसे यदि मिट्टीरूप द्रव्यसे घटादि पर्याय सर्वथा भिन्न हैं तो मिट्टीके विना भी घट पाया जायगा ।

---

१ ब म विवक्खाय, स ववक्खाए । २ ब कीरइ । ३ ब भेउ, म स भेओ (?) ४ ब विभेओ । ५ म मणस मूढो, स मणये, ग मांणसे । ६ ब दुण्ह ।

जदि सव्वमेव णाणं णाणा-रूवेहि संठिदं एक्कं ।
तो ण वि किं पि विणेयं णेयेण विणा कहं णाणं ॥२४७॥

[छाया-यदि सर्वमेव ज्ञानं नानारूपैः संस्थितम् एकम् । तत् न अपि किम् अपि विज्ञेयं ज्ञेयेन विना कथं ज्ञानम् ॥] अथ सर्वमेव ज्ञानमेकं ज्ञानाद्वैतं ज्ञेयमन्तरेण नानारूपेण घटपटादिपदार्थमन्तरेण घटपटादिज्ञानरूपेण संस्थितं यदि चेत् तो तर्हि किमपि ज्ञेयं ज्ञेयपदार्थवृन्दं घटपटादिलक्षणं नैव नास्त्येव । भवतु नाम ज्ञेयेन पदार्थेन किं भवेदिति चेत् ज्ञेयेन विना ज्ञातुं योग्येन गृहगिरिभूमिजलाग्निवातादिना विना तेषां गृहघटादीनां ज्ञानं कथं सिद्धयति । तदो णेयं परमत्थं । ततः ज्ञेयमन्तरेण ज्ञानानुत्पत्तेः परमार्थभूतं ज्ञेयं अङ्गीकर्तव्यम् ॥२४७॥ अथ तदेव ज्ञेयं समर्थयति—

घड-पड-जड-दव्वाणि हि णेय-सरूवाणि सुप्पसिद्धाणि ।
णाणं जाणेदि जदो अप्पादो भिण्णरूवाणि ॥२४८॥

[छाया-घटपटजडद्रव्याणि हि ज्ञेयस्वरूपाणि सुप्रसिद्धानि । ज्ञानं जानाति यतः आत्मनः भिन्नरूपाणि ॥] हि यस्मात् कारणात्, ज्ञेयस्वरूपाणि ज्ञातुं योग्यं ज्ञेयं तदेव स्वरूपं स्वभावः येषां तानि ज्ञेयस्वरूपाणि ज्ञातुं योग्यस्वभावानि । कानि । घटपटजलद्रव्याणि गृहहट्टतडागवापीवनत्रिभुवनगतवस्तूनि । किंभूतानि । सुप्रसिद्धानि लोके प्रसिद्धानि लोके प्रसिद्धिं गतानि । ज्ञानं जानाति यतः यस्मात् आत्मनः सकाशात् ज्ञानस्वरूपाद्वा भिन्नरूपाणि पृथग्भूतानि विद्यन्ते । अत एव ज्ञेयं परमार्थतः सिद्धम् ॥२४८॥ अथ पुनः ज्ञानाद्वैतवादिनं दूषयति—

जं सव्व-लोय-सिद्धं देहं-गेहादि-बाहिरं अत्थं ।
जो तं पि णाणं मण्णदि ण मुणदि सो णाण-णामं पि ॥२४९॥

[छाया-यः सर्वलोकसिद्धः देहगेहादिबाह्यः अर्थः । यः तम् अपि ज्ञानं मन्यते न जानाति स ज्ञाननाम अपि ॥] यः ज्ञानाद्वैतवादी यत् सर्वलोके प्रसिद्धं आबालगोपालजनप्रसिद्धं देहं शरीरं गेहादिबाह्यं गृहघटपटलकुटमुकुटशकट-

अतः द्रव्य और पर्यायमें वस्तुरूपसे भेद नहीं मानना चाहिये ॥ २४६ ॥ आगे तीन गाथाओंके द्वारा ज्ञानाद्वैतवादीके मतमें दूषण देते हैं । **अर्थ**–यदि सब वस्तु ज्ञानरूप ही हैं और एक ज्ञान ही नाना पदार्थोंके रूपमें स्थित है तो ज्ञेय कुछ भी नहीं रहा । ऐसी स्थितिमें विना ज्ञेयके ज्ञान कैसे रह सकता है ॥ **भावार्थ**–ज्ञानाद्वैतवादी बाह्य घट पट आदि पदार्थोंको असत् मानता है और एक ज्ञानको ही सत् मानता है । उसका कहना है कि अनादिवासनाके कारण हमें बाहरमें ये पदार्थ दिखाई देते हैं । किन्तु वे वैसे ही असत्य हैं जैसे स्वप्नमें दिखाई देनेवाली बातें असत्य होती हैं । इसपर आचार्यका कहना है कि यदि सब ज्ञानरूप ही है तो ज्ञेय तो कुछ भी नहीं रहा । और जब ज्ञेय ही नहीं है तो विना ज्ञेयके ज्ञान कैसे रह सकता है, क्योंकि जो जानता है उसे ज्ञान कहते हैं और जो जाना जाता है उसे ज्ञेय कहते हैं । जब जाननेके लिये कोई है ही नहीं, तो ज्ञान कैसे हो सकता है ॥ २४७ ॥ आगे ज्ञेयका समर्थन करते हैं । **अर्थ**–घट पट आदि जड़ द्रव्य ज्ञेयरूपसे सुप्रसिद्ध हैं । उनको ज्ञान जानता है । अतः ज्ञानसे वे भिन्नरूप हैं ॥ २४८ ॥ आगे पुनः ज्ञानाद्वैतवादिको दूषण देते हैं । **अर्थ**–जो शरीर मकान वगैरह बाह्य पदार्थ समस्त लोकमें प्रसिद्ध हैं उनको भी जो ज्ञानरूप मानता है वह ज्ञानका नाम भी नहीं जानता ॥ **भावार्थ**–आचार्यका कहना है कि जिनका स्वरूप जानने योग्य होता है उन्हें ज्ञेयस्वरूप कहते हैं । अतः ज्ञानसे बाहर जितनेभी पदार्थ हैं वे सब ज्ञेयरूप हैं

१ स किपिवणेय, [किंचि वि णेयं] । २ ल स ग यदो, म जदा । ३ स देहे, म देहग्गेहादि । ४ ल स णाणं, ग पिण्णाणं । ५ ब अणक्ख ।

दृष्टाविवाह्यार्थः पदार्थः द्रव्यं वस्तु विद्यते । तदपि देहगेहादि बाह्यं वस्तु ज्ञानं बोधः मन्यते सर्वं ज्ञानमेवेत्यङ्गीकरोति स ज्ञानाद्वैतवादी ज्ञाननामापि ज्ञानस्याभिधानमपि न जानाति न वेत्तीत्यर्थः ॥ २४९ ॥ अन्यच्च । अथ नास्तिकवादिनं दूषणान्तरेण गाथात्रयेण दूषयति—

अच्छीहिं[1] पिच्छमाणो जीवाजीवादि[2]-बहु-विहं अत्थं ।
जो भणदि[3] णत्थि किंचि वि सो झुट्टाणं महाझुट्टो[4] ॥ २५० ॥

[छाया–अक्षिभ्यां प्रेक्षमाणः जीवाजीवादि बहुविधम् अर्थम् । यः भणति नास्ति किंचित् अपि स धूर्तानां महाधूर्तः ॥] यः कश्चिन्नास्तिको वादी किंचिदपि वस्तु मातङ्गतुरङ्गगोमहिषमनुष्यगृहहट्टचेतनवस्तु नास्तीति भणति । किं कुर्वन् सन् । अच्छीहिं अक्षिभ्यां चक्षुर्भ्यां बहुविधम् अनेकप्रकारं जीवाजीवादिकम् अर्थं चेतनाचेतनमिश्रादिकं वस्तु पदार्थं प्रेक्षमाणः पश्यन् सन् स नास्तिकवादी जुष्टानां मध्ये महाजुष्टः । असत्यवादीनां मध्ये महासत्यवादी धृष्टानां मध्ये महाधृष्टः महानिर्लज्जः ॥ २५० ॥

जं सव्वं पि य संतं[5] ता सो वि असंतओ[6] कहं होदि ।
णत्थि त्ति किंचि तत्तो अहवा सुण्णं कहं मुणदि ॥ २५१ ॥

[छाया–यत् सर्वम् अपि च सत् तत् सः अपि असत्कः कथं भवति । नास्ति इति किंचित् ततः अथवा शून्यं कथं जानाति ॥] अपि च दूषणान्तरे, यत् सर्वं विद्यमानं गृहगिरिशिखराजलादिकं विद्यमानमस्ति । *तासो वि तस्यापि असत्त्वम् अविद्यमानत्वं कथं भवति । अथवा तत्तो ततः तस्मात् किंचिन्नास्तीति । इति शून्यं कथं मनुते जानाति स्वयं विद्यमानः सर्वं नास्तीति कथं वेत्तीति स्वयं विद्यमानत्वात् सर्वशून्यमभावः ॥ २५१ ॥ पाठान्तरेणेमं गाथा । तस्य व्याख्यानमाह ।

ज्ञानरूप नहीं है । जो उनको ज्ञानरूप कहता है वह ज्ञानके स्वरूपको नहीं जानता, इतना ही नहीं, बल्कि उसने ज्ञानका नाम भी नहीं सुना, ऐसा लगता है, क्योंकि यदि वह ज्ञान परिचित होता तो बाह्य पदार्थोंका लोप न करता ॥ २४९ ॥ अब तीन गाथाओंसे शून्यवाद में दूषण देते हैं । **अर्थ**–जो शून्यवादी जीव अजीव आदि अनेक प्रकारके पदार्थोंको आँखोंसे देखते हुए भी यह कहता है कि कुछभी नहीं है वह झूंठोंका सिरताज है ॥ **अर्थ**–तथा जब सब वस्तु सत्स्वरूप हैं अर्थात् विद्यमान हैं तब वह असत् रूप यानी अविद्यमान कैसे हो सकती हैं । अथवा जब कुछ है ही नहीं और सब शून्य है तो इस शून्य तत्त्वको कैसे जानता है ? ॥ इस गाथाका पाठान्तर भी है उसका अर्थ इसप्रकार है– यदि सब वस्तु असत् रूप हैं तो वह शून्यवादी भी असत् रूप हुआ तब वह 'कुछ भी नहीं है' ऐसा कैसे कहता है अथवा वह शून्यको जानता कैसे है ॥ **भावार्थ**–शून्यवादी बौद्धका कहना कि जिस एक या अनेकरूपसे पदार्थोंका कथन किया जाता है । वास्तवमें वह रूप है ही नहीं इसलिये वस्तुमात्र असत् है और जगत् शून्यके सिवा और कुछ भी नहीं है । शून्यवादीके इस मतका निराकरण करते हुए आचार्य कहते हैं कि भाई, संसारमें तरह तरहकी वस्तुएं आँखोंसे साफ दिखाई देती हैं । जो उनको देखते हुए भी कहता है कि जगत् शून्य रूप है वह महाझूंठा है । तथा जब जगत् शून्यरूप है और उसमें कुछ भी सत् नहीं है तो ज्ञान और शब्द भी असत् हुए । और जब ज्ञान और शब्द भी असत् हुए तो वह शून्यवादी कैसे तो स्वयं यह जानता है कि सब कुछ शून्य है और कैसे दूसरोंको यह कहता है कि सब शून्य है क्योंकि ज्ञान और शब्दके अभाव में न

१ ब अच्छाहि, ग अच्छाहिं । २ ब ०जीवाइ । ३ ब भणइ, ग भणवि (?) । ४ ग ज्झुठाणं महझुठो, स झूठाण महीझूठो [धुट्टाणं महाधुट्टो] । ५ ब–पुस्तके गाथांशः पत्रान्ते लिखितः । ६ ब ल म स असंतउ (= $\frac{1}{2}$), ग असंतउ ।

अवि[1] सव्वं पि असंतं ता सो वि य संतओ[2] कहं भणदि ।
णत्थि त्ति किं पि[3] तच्चं अहवा सुण्णं कहं मुणदि ॥ २५१* ॥

[छाया-यदि सर्वम् अपि असत् तत् सः अपि च सत्कः कथं भणति । नास्ति इति किम् अपि तत्त्वम् अथवा शून्यं कथं जानाति ॥] अपि पुनः, यदि चेत् सर्वं चेतनादिलक्षणं तत्त्वम् असत् नास्तिरूपं, तों तर्हि सोऽपि नास्तिकवादी अविद्यमानं तत्त्वं भणति । यदि पूर्वं घटपटादिकं जगति नोपलब्धं तर्हि नास्ति इति तेन कथं भण्यते । प्रतिषेधस्य विधिपूर्वकत्वात् । अथवा प्रकारान्तरेण दूषयति किंचित्तत्त्वं नास्तीति चेत् तर्हि सर्वशून्यं कथं जानाति ॥२५१*॥

किं बहुणा उत्तेण य जेत्तिय[4]-मेत्ताणि[5] संति णामाणि ।
तेत्तिय-मेत्ता[6] अत्था संति य णियमेण परमत्था ॥ २५२ ॥[8]

[छाया-किं बहुना उक्तेन च यावन्मात्राणि सन्ति नामानि । तावन्मात्राः अर्थाः सन्ति च नियमेन परमार्थाः ॥] भो नास्तिकवादिन्, बहुना उक्तेन किं बहुप्रलापेन किं भवति । पूर्यतां पूर्यतां बह्वालपेन । यावन्मात्राणि नामानि यावत्प्रमाणानि अभिधानानि वस्त्रशस्त्रप्रस्तरमहीरुहवल्लीफलजलकमलघटपटलकुटशकटसुरासुरनरनारीतिर्यङ्नारकपशुगोऽश्वगजमहिषमृगपक्षिमत्स्यचेतनाचेतनवस्तूनि सन्ति विद्यन्ते तावन्मात्राः अर्थाः पदार्थाः नियमतः परमार्थभूताः सन्ति च । ननु च यावन्ति नामानि तावन्तः पदार्थाः चेत्तर्हि खरविषाणवत् शशशृङ्गगगनकुसुमवन्ध्यासुतादयः पदार्थाः कथं न भवेयुः । भवताम् इति चेन्न खरादीनां च शृङ्गादीनां बहुलमुपलम्भात् । एमेव तच्चं सम्मत्तं । एवं तत्त्वं समाप्तम् एव पूर्वोक्तप्रकारेण तत्त्वव्याख्यानं समाप्तम् ॥ २५२ ॥ अथ ज्ञानास्तित्वं प्रतिजानीते—

णाणा-धम्मेहिँ जुदं अप्पाणं तह परं पि णिच्छयदो ।
जं जाणेदि सजोगं[9] तं णाणं भण्णदे[10] समए[11] ॥ २५३ ॥

कुछ जाना जा सकता है और न कुछ कहा जा सकता है इसके सिवाय सब जब जगत् शून्यरूप है तो शून्यवादी भी शून्यरूप हुआ। और जब वह स्वयं शून्य है तो वह शून्यको कैसे जानता है और कैसे शून्यवादका कथन करता है ॥ २५०-२५१ * ॥ **अर्थ**-अधिक कहनेसे क्या ? जितने नाम हैं उतनेही नियमसे परमार्थ रूप पदार्थ हैं ॥ **भावार्थ**-शब्द और अर्थका स्वाभाविक सम्बन्ध है, क्यों कि अर्थको देखते ही उसके वाचक शब्दका स्मरण हो आता है और शब्दके सुनते ही उसके वाच्य अर्थका स्मरण होता है। अतः संसारमें जितने शब्द हैं उतने ही वास्तविक पदार्थ हैं। शायद कहा जाये कि गधेके सींग, वन्ध्यापुत्र, आकाशफूल आदि शब्दोंके होते हुए भी न गधेके सींग होते हैं, न बांझको लड़का होता है और न आकाशका फूल होता है। अतः यह कहना कि जितनेही शब्द हैं उतनेही वास्तविक पदार्थ हैं, ठीक नहीं हैं, किन्तु यह आपत्ति उचित नहीं है, क्यों कि 'गधेके सींग' आदि शब्द एक शब्द नहीं हैं किन्तु दो शब्दोंके जोड़रूप हैं। दो शब्दोंको मिलानेसे तो बहुतसे ऐसे शब्द तैयार किये जा सकते हैं जिनका वाच्य अर्थ वस्तुभूत नहीं है। उक्त कथन समासरहित शब्दके विषयमें है। वैसे संसारमें गधा, सींग, बांझ, पुत्र, आकाश, फूल इत्यादि सभी शब्दोंके वाच्य अर्थ वास्तविक रूपमें पाये जाते हैं। अतः शून्यवाद ठीक नहीं हैं॥ २५२ ॥ पदार्थोंका अस्तित्व

---

१ ब पुस्तके गाथाऽयं पत्रान्ते लिखितः । २ ब ग यदि । ३ ब ल स संतउ (=$\frac{1}{3}$), म (?) ग संतउ । ४ ल किंचि, ग कपि । ५ ब ल ग म जित्तिय, स जेत्तीय । ६ म मित्ताणि । ७ ब मित्ता । ८ ब एमेव तच्च समत्थ ॥ णाणा इत्यादि । ९ ब सयोग । १० ल म स ग भण्णए । ११ ल समय, स समये ।

[छाया—नानाधर्मैः युतम् आत्मानं तथा परम् अपि निश्चयतः । यत् जानाति स्वयोग्यं तत् ज्ञानं भण्यते समये ॥] निश्चयतः परमार्थतः, यत् स्वयोग्य सबन्धं वर्तमानं अभिमुखम् आत्मानम् जीवादिद्रव्यं स्वस्वरूपं वा तथा परमपि परद्रव्यमपि चेतनाचेतनादिकं वस्तु यज्जानाति वेत्ति पश्यति समये जिनसिद्धान्ते तत् ज्ञानं भण्यते । जानातीति ज्ञानम्, स्वार्थव्यवसायात्मकं ज्ञानं प्रमाणमिति मार्तण्डे प्रोक्तत्वात् । कीदृक्षं वस्तु । नानाधर्मैर्युक्तं विविधस्वभावैः सहितं कथंचित् अस्तित्वनास्तित्वैकत्वानेकत्वनित्यत्वानित्यत्वभिन्नत्वाभिन्नत्वप्रमुखैराविष्टम् ॥ २५३ ॥ अथ सामान्येन ज्ञानसद्भावं विभाव्य केवलज्ञानास्तित्वं [1]विशदयति—

जं सव्वं पि पयासदि दव्व[2]-पज्जाय-संजुदं लोयं ।
तह य अलोयं सव्वं तं णाणं सव्व-पच्चक्खं ॥२५४॥

[छाया—यत् सर्वम् अपि प्रकाशयति द्रव्य पर्यायसयुतं लोकम् । तथा च अलोकं सर्वं तत् ज्ञानं सर्वप्रत्यक्षम् ॥] तत् ज्ञानं सर्वप्रत्यक्षं सर्वं लोकालोकं प्रत्यक्षेण पश्यतीत्यर्थः । तत् किम् । यत्सर्वमपि लोक त्रिचत्वारिंशदधिकत्रिशतरज्जुप्रमाण जगत् त्रैलोक्यम् । तथा च सर्वम् अलोकम्, अनन्तानन्तप्रमितम् अलोकाकाशं प्रकाशयति जानाति पश्यतीत्यर्थः । कथभूतं लोकम् । द्रव्यपर्यायसंयुक्तम् । लोकाकाशे जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालद्रव्याणि, तेषा नरनारकादिद्व्यणुकादि-

बतलाकर ग्रन्थकार ज्ञानका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ—**जो नाना धर्मोंसे युक्त अपनेको तथा नाना धर्मोंसे युक्त अपने योग्य पर पदार्थोंको जानता है उसे निश्चयसे ज्ञान कहते हैं ॥ **भावार्थ—**जो जानता है उसे ज्ञान कहते हैं । अब प्रश्न होता है कि वह किसे जानता है ? तो जो स्वयं अपनेको और अन्य पदार्थोंको जानता है वह ज्ञान है । इसीसे परीक्षामुखमें कहा है कि स्वयं अपने और पर पदार्थोंके निश्चय करने वाले ज्ञानको प्रमाण कहते हैं । परीक्षामुख सूत्रकी विस्तृत टीका प्रमेयकमलमार्तण्डमें इसका व्याख्यान खूब विस्तारसे किया है । वस्तुमें रहनेवाले धर्मोंके ज्ञानपूर्वक ही वस्तुका ज्ञान होता है, ऐसा नहीं है कि वस्तुके किसी एक भी धर्मका ज्ञान न हो और वस्तुका ज्ञान हो जाये । इसीसे कहा है कि नाना धर्मोंसे युक्त वस्तुको जो जानता है वह ज्ञान है । फिरभी संसारमें जाननेके लिये अनन्त पदार्थ हैं और हम सबको न जानकर जो पदार्थ सामने उपस्थित होता है उसीको जानते हैं । उसमें भी कोई उसे साधारण रीतिसे जान पाता है और कोई विशेष रूपसे जानता है । अर्थात् सब संसारी जीवोंका ज्ञान एकसा नहीं जानता । इसीसे कहा है कि अपने योग्यपदार्थोंको जो जानता है वह ज्ञान है ॥ २५३॥ इस प्रकार सामान्यसे ज्ञानका सद्भाव बतलाकर ग्रन्थकार अब केवलज्ञानका अस्तित्व बतलाते हैं । **अर्थ—**जो ज्ञान द्रव्यपर्यायसहित समस्त लोकको और समस्त अलोकको प्रकाशित करता है वह सर्वप्रत्यक्ष केवलज्ञान है ॥ **भावार्थ—**आकाशद्रव्य सर्वव्यापी है और सब तरफ उसका अन्त नहीं है अर्थात् वह अनन्त है । उस अनन्त आकाशके मध्यमें ३४३ राजु प्रमाण लोक है । उस लोकमें जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल छहों द्रव्य रहते हैं । तथा उन द्रव्योंकी नर, नारक वगैरह और द्व्यणुक स्कन्ध वगैरह अनन्त पर्यायें होती हैं । लोकके बाहर सर्वत्र जो आकाश है वह अलोक कहा जाता है । वहां केवल एक आकाशद्रव्य ही है । उसमेंभी अगुरुलघु गुणकृत हानि वृद्धि होनेसे उत्पाद व्यय और ध्रौव्य रूप पर्याय होती हैं । इन द्रव्यपर्यायसहित लोक और अलोकको जो प्रत्यक्ष जानना है वही केवलज्ञान है । तत्त्वार्थसूत्रमें भी सब द्रव्यों और

१ ग वेदयति । २ ल म स ग वव्व, ब दव्वं (?) पजाय ।

स्कन्धादिपर्यायाः। अलोकाकाशे अलोकाकाशं द्रव्यं तस्य पर्याया अगुरुलघ्वादयः उत्पादव्ययध्रौव्यादयश्च तैः संयुक्तं जानाति पश्यति च। 'सर्वद्रव्यपर्यायेषु केवलस्य' इति वचनात्। तथा चोक्तं च। 'क्षायिकमेकमनन्तं त्रिकालसर्वार्थयुगपदवभासम्। सकलसुखधाम सततं वन्देऽहं केवलज्ञानम् ॥' इति ॥ २५४ ॥ अथ ज्ञानस्य सर्वगतत्वं प्रकाशयति-

सव्वं जाणदि जम्हा सव्व-गयं तं पि वुच्चदे[1] तम्हा।
ण य पुण विसरदि णाणं जीवं चइऊण अण्णत्थ ॥२५५॥

[छाया-सर्वं जानाति यस्मात् सर्वगतं तत् अपि उच्यते तस्मात्। न च पुनः विसरति ज्ञानं जीवं त्यक्त्वा अन्यत्र ॥] तस्मात्कारणात् तदपि केवलज्ञानं सर्वगतं सर्वलोकालोकव्यापकम् उच्यते। कुतः। यस्मात् सर्वद्रव्यगुणपर्याययुक्तं लोकालोकं जानाति वेत्ति। अथ च ज्ञानं संयोगसंयुक्तसमवायसंयुक्तसमवेतसमवायसमवायसमवेतसमवायसंनिकर्षैः ज्ञेयप्रदेशं गत्वा प्रत्यक्षं जानाति इति नैयायिकाः। तेऽपि न नैयायिकाः। कुतः जीवम् आत्मानं गुणिनं त्यक्त्वा अन्यत्र ज्ञेयप्रदेशं ज्ञानं न च पुनः विसरति प्रसरति न यातीत्यर्थः ॥ २५५ ॥ अथ ज्ञानज्ञेययोः स्वप्रदेशस्थितित्वेऽपि प्रकाशकत्वमिति युक्तिं निर्युक्ते।

णाणं ण जादि[2] णेयं णेयं पि ण जादि णाण-देसम्मि[3]।
णिय-णिय-देस-ठियाणं ववहारो णाण-णेयाणं ॥२५६॥

[छाया-ज्ञानं न याति ज्ञेयं ज्ञेयम् अपि न याति ज्ञानदेशे। निजनिजदेशस्थितानां व्यवहारः ज्ञानज्ञेययोः ॥] ज्ञानं बोधः प्रमाणं ज्ञेयं प्रमेयं ज्ञातुं योग्यं ज्ञेयं वस्तु चेतनाचेतनादि प्रति न याति न गच्छति। अपि पुनः ज्ञेयं प्रमेयं

सब द्रव्योंकी त्रिकालवर्ती सब पर्यायोंको केवल ज्ञानका विषय बतलाया है। एक दूसरे ग्रन्थमें केवलज्ञानको नमस्कार करते हुये कहा है कि केवलज्ञान क्षायिक है; क्योंकि समस्त ज्ञानावरण कर्मका क्षय होनेपर ही केवलज्ञान प्रकट होता है। इसीसे वह अकेला ही रहता है। उसके साथ अन्य मति श्रुत आदि ज्ञान नहीं रहते, क्योंकि ये ज्ञान क्षायोपशमिक होते हैं अर्थात् ज्ञानावरण कर्मके रहते हुये ही होते हैं, और केवलज्ञान उसके चले जानेपर होता है। अतः केवलज्ञान सूर्यकी तरह अकेला ही त्रिकालवर्ती सब पदार्थोंको एक साथ प्रकाशित करता है। क्षायिक होनेसे ही उसका कभी अन्त नहीं होता। अर्थात् एक बार प्रकट होनेपर वह सदा बना रहता है; क्योंकि उसको ढांकनेवाला ज्ञानावरण कर्म नष्ट हो चुका है। अतः वह समस्त सुखोंका भण्डार है ॥ २५४ ॥ आगे ज्ञानको सर्वगत कहते हैं। **अर्थ**-यतः ज्ञान समस्त लोकालोकको जानता है अतः ज्ञानको सर्वगत भी कहते हैं। किन्तु ज्ञान जीवको छोड़कर अन्यत्र नहीं जाता॥ **भावार्थ**-सर्वगतका मतलब होता है सब जगह जानेवाला। अतः ज्ञानको सर्वगत कहनेसे यह मतलब नहीं लेना चाहिये कि ज्ञान आत्माको छोड़कर पदार्थके पास चला जाता है किन्तु आत्मामें रहते हुये ही वह समस्त लोकालोकको जानता है इसीलिये उसे सर्वगत कहते हैं। प्रवचनसारमें आचार्य कुन्दकुन्दने इस पर अच्छा प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा है कि आत्मा ज्ञानके बराबर है और ज्ञान ज्ञेयके बराबर है। तथा ज्ञेय लोकालोक है। अतः ज्ञान सर्वगत है ॥ २५५ ॥ आगे कहते हैं कि ज्ञान अपने देशमें रहता है और ज्ञेय अपने देशमें रहता है, फिरभी ज्ञान ज्ञेयको जानता है। **अर्थ**-ज्ञान ज्ञेयके पास नहीं जाता और न ज्ञेय ज्ञानके पास आता है। फिरभी अपने अपने देशमें स्थित ज्ञान और ज्ञेयमें ज्ञेयज्ञायकव्यवहार होता है ॥

---

१ म उच्चदे। २ ब जाइ। ३ म स ग देसम्हि।

घटपटादिचेतनाचेतनादिवस्तु पदार्थः ज्ञानप्रदेशे न याति न गच्छति । तर्हि किम् । अस्ति निजनिजप्रदेशस्थितानां ज्ञानज्ञेयानां प्रमाणप्रमेयानां ज्ञानज्ञेयव्यवहारः । यथा दर्पणः स्वप्रदेशस्थित एव स्वप्रदेशस्थं वस्तु प्रकाशयति तथा ज्ञानं ज्ञेयं च । 'सालोकानां त्रिलोकानां यद्विद्या दर्पणायते ।' इति वचनात् ॥२५६॥ अथ मनः पर्ययज्ञानादीनां देशप्रत्यक्षं परोक्षं च विशदयति—

मण-पज्जय-विण्णाणं ओही-णाणं च देस-पच्चक्खं ।
मदि-सुदि[1]-णाणं कमसो विसद[2]-परोक्खं परोक्खं च ॥२५७॥

[छाया—मनःपर्ययविज्ञानम् अवधिज्ञानं च देशप्रत्यक्षम् । मतिश्रुतिज्ञानं क्रमशः विशदपरोक्षं परोक्षं च ॥] मनःपर्ययज्ञानं मनसा परमनसि स्थितं पदार्थं पर्येति जानाति इति मनःपर्ययः तच्च तज्ज्ञानं च मनःपर्ययज्ञानं वा परकीयमनसि स्थितोऽर्थः साहचर्यान्मनः इत्युच्यते तस्य मनसः पर्ययणं परिगमनं परिज्ञानं मनःपर्ययज्ञानं क्षायोपशमिकम् ऋजुमतिविपुलमतिभेदभिन्नं च । पुनः अवधिज्ञानम् अवधीयते द्रव्यक्षेत्रकालभावेन मर्यादीक्रियते, अवाग्धानं अवधिः अधस्ताद्बहुतरविषयग्रहणात् अवधिः देशावधिपरमावधिसर्वावधिज्ञानं च । देशप्रत्यक्षम् एकदेशविशदम् । मनः-

भावार्थ—आचार्य समन्तभद्रने रत्नकरंड श्रावकाचारके आरम्भमें भगवान महावीरको नमस्कार करते हुये उनके ज्ञानको अलोक सहित तीनों लोकोंके लिये दर्पणकी तरह बतलाया है । अर्थात् जैसे दर्पण अपने स्थानपर रहते हुये ही अपने स्थानपर रखे हुये पदार्थोंको प्रकाशित करता है, वैसे ही ज्ञान भी अपने स्थानपर रहते हुए ही अपने अपने स्थानपर स्थित पदार्थोंको जान लेता है । प्रवचनसारमें भी कहा है कि आत्मा ज्ञानस्वभाव है और पदार्थ ज्ञेयस्वरूप हैं । अर्थात् जानना आत्माका स्वभाव है और ज्ञानके द्वारा विषय किया जाना पदार्थोंका स्वभाव है । अतः जैसे चक्षु रूपी पदार्थोंके पास न जाकर ही उनके स्वरूपको ग्रहण करनेमें समर्थ हैं, और रूपी पदार्थ भी नेत्रोंके पास न जाकर ही अपना स्वरूप नेत्रोंको जनानेमें समर्थ हैं, वैसे ही आत्मा भी न तो उन पदार्थोंके पास जाता है और न वे पदार्थ आत्माके पास आते हैं । फिरभी दोनोंमें ज्ञेयज्ञायक सम्बन्ध होनेसे आत्मा सबको जानता है और पदार्थ अपने स्वरूपको जनाते हैं । जैसे दूधके बीचमें रखा हुआ नीलम अपनी प्रभासे उस दूधको अपनासा नीला कर लेता है । उसी प्रकार ज्ञान पदार्थोंमें रहता है । अर्थात् दूधमें रहते हुये भी नीलम अपनेमें ही है और दूध अपने रूप है तभी तो नीलमके निकालते ही दूध स्वाभाविक स्वच्छ रूपमें हो जाता है । ठीक यही दशा ज्ञान और ज्ञेयकी है ॥ २५६ ॥ आगे शेष ज्ञानोंको देश प्रत्यक्ष और परोक्ष बतलाते हैं । **अर्थ**—मनःपर्ययज्ञान और अवधिज्ञान देशप्रत्यक्ष हैं । मतिज्ञान प्रत्यक्ष भी है और परोक्ष भी है । और श्रुतज्ञान परोक्ष ही है ॥ **भावार्थ**-जो आत्माके द्वारा दूसरेके मनमें स्थित रूपी पदार्थको प्रत्यक्ष जानता है, उसे मनः पर्यय ज्ञान कहते हैं । अथवा दूसरोंके मनमें स्थित रूपी पदार्थको मनमें रहनेके कारण मन कहते हैं । अर्थात् 'मनःपर्यय' में 'मन' शब्दसे मनमें स्थित रूपी पदार्थ लेना चाहिये । उस मनको जो जानता है वह मनःपर्ययज्ञान है । यह मनःपर्ययज्ञान मनःपर्ययज्ञानावरण कर्मके क्षयोपशमसे प्रकट होता है, अतः क्षायोपशमिक है । उसके दो भेद हैं- ऋजुमति और विपुलमति । तथा द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी मर्यादाको लिये हुए रूपी पदार्थोंको प्रत्यक्ष जानने वाले ज्ञानको अवधिज्ञान कहते हैं । अवधिका अर्थ मर्यादा है । अथवा अवाय यानी

१ ब म मइसुइ । २ ब विसय (?) ।

पर्ययावधिज्ञानानाम् एकदेशविशदत्वात् देशप्रत्यक्षं च। पुनः मतिश्रुतज्ञानम् इन्द्रियैर्मनसा च यथायथम् अर्थान् मन्यते मतिः मनुतेऽनया वा मतिः मननं वा मतिः। श्रुतज्ञानावरणकर्मक्षयोपशमे सति निरूप्यमाणं श्रूयते यत्तत् श्रुतं, शृणोति अनेन तत् श्रुतम्, श्रवणं वा श्रुत तच्च तद् ज्ञानम्। मतिज्ञानं श्रुतज्ञानं च क्रमशः क्रमेण विशदपरोक्षं परोक्षं च। यत् इन्द्रियानिन्द्रियजं मतिज्ञानं तत् विशदम् एकदेशतः विशदं स्पष्टम्। उक्तं च परीक्षामुखे। इन्द्रियानिन्द्रियनिमित्त देशतः सांव्यवहारिकमिति सांव्यवहारिकप्रत्यक्षं मतिज्ञानं कथ्यते। यत् श्रुतज्ञानं तत्परोक्षम् अविशदम् अस्पष्टमित्यर्थः। मनः पर्ययज्ञानम् अवधिज्ञान च देशप्रत्यक्षं स्यात्। मतिज्ञानम् एकदेशपरोक्षं श्रुतज्ञानं परोक्षज्ञानं स्यात् ॥२५७॥ अथेन्द्रियज्ञानस्य योग्यं विषयं विशदयति—

इंदियजं मदि-णाणं जोग्गं[1] जाणेदि पुग्गलं दव्वं।
माणस-णाणं च पुणो सुय-विसयं अक्ख-विसयं च ॥२५८॥

पुद्गल, उनको जो जाने वह अवधि है। अथवा अपने क्षेत्रसे नीचेकी ओर इस ज्ञानका विषय अधिक होता इसलिये भी इसे अवधि ज्ञान कहते हैं। अवधि ज्ञानके तीन भेद हैं-देशावधि, परमावधि और सर्वावधि। मनःपर्ययज्ञान और अवधिज्ञान एक देशसे प्रत्यक्ष होनेके कारण देशप्रत्यक्ष हैं। जो ज्ञान-परकी सहायताके बिना स्वयं ही पदार्थोंको स्पष्ट जानता है उसे प्रत्यक्ष कहते हैं। ये दोनोंही ज्ञान इन्द्रिय आदिकी सहायताके बिना अपने २ विषयको स्पष्ट जानते हैं इसलिये प्रत्यक्ष तो हैं, किन्तु एक तो केवल रूपी पदार्थोंको ही जानते हैं दूसरे उनकी भी सब पर्यायोंको नहीं जानते, अपने २ योग्य रूपी द्रव्यकी कतिपय पर्यायोंको ही स्पष्ट जानते हैं। इसलिए ये देशप्रत्यक्ष हैं। इन्द्रिय और मनकी सहायतासे यथायोग पदार्थको जाननेवाले ज्ञानको मतिज्ञान कहते हैं। तथा श्रुतज्ञानावरण कर्मका क्षयोपशम होनेपर मतिज्ञानसे जाने हुये पदार्थको विशेष रूपसे जाननेवाले ज्ञानको श्रुतज्ञान कहते हैं। श्रुत शब्द यद्यपि 'श्रु' धातुसे बना है और 'श्रु' का अर्थ 'सुनना' होता है। किन्तु रूढ़िवश ज्ञान विशेषका नाम श्रुतज्ञान है। ये दोनों ज्ञान इन्द्रियों और मनकी यथायोग्य सहायतासे होते हैं इसलिये परोक्ष हैं। क्योंकि 'पर' अर्थात् इन्द्रियां, मन, प्रकाश, उपदेश वगैरह बाह्य निमित्तकी अपेक्षासे जो ज्ञान उत्पन्न होता है वह परोक्ष कहा जाता है। अतः यद्यपि ये दोनों ही ज्ञान परोक्ष हैं किन्तु इनमेंसे मतिज्ञान प्रत्यक्ष भी है और परोक्ष भी है। मतिज्ञानको प्रत्यक्ष कहनेका एक विशेष कारण है। भट्टाकलंक देवसे पहले यह ज्ञान परोक्ष ही माना जाता था। किन्तु इससे अन्य मतावलम्बियोंके साथ शास्त्रार्थ करते हुए एक कठिनाई उपस्थित होती थी। जैनोंके सिवा अन्य सब मतावलम्बी इन्द्रियोंसे होनेवाले ज्ञानको प्रत्यक्ष कहते हैं। एक जैन धर्म ही उसे परोक्ष मानता था, तथा लोकमें भी इन्द्रिय ज्ञानको प्रत्यक्ष कहा जाता है। अतः भट्टाकलंक देवने मतिज्ञानको सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष नाम दिया। जो यह बतलाता है कि मतिज्ञान लोकव्यवहारकी दृष्टिसे प्रत्यक्ष है, किन्तु वास्तवमें प्रत्यक्ष नहीं है। इसीसे परीक्षामुखमें प्रत्यक्षके दो भेद किये हैं-एक सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष और एक मुख्य प्रत्यक्ष। तथा इन्द्रिय और मनके निमित्तसे उत्पन्न होनेवाले एकदेश स्पष्ट ज्ञानको सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष कहा है ॥ २५७ ॥ आगे इन्द्रिय ज्ञानके योग्य विषयको कहते हैं। **अर्थ**—इन्द्रियोंसे उत्पन्न होनेवाला मतिज्ञान अपने योग्य पुद्गल द्रव्यको जानता है। और मानसज्ञान श्रुतज्ञानके विषयको भी जानता है तथा इन्द्रियोंके

---

१ ल म स ग जुग्गं।

[छाया-इन्द्रियजं मतिज्ञानं योग्यं जानाति पुद्गलं द्रव्यम् । मानसज्ञानं च पुनः श्रुतविषयम् अक्षविषयं च ॥] यत् इन्द्रियजम् इन्द्रियेभ्यः स्पर्शनरसघ्राणचक्षुःश्रोत्रेभ्यः मनसा च जातम् उत्पन्नम् इन्द्रियानिन्द्रियजम् अवग्रहेहावायधारणाभेदभिन्न षट्त्रिंशदधिकत्रिशतभेद मतिज्ञान योग्यं पुद्गलद्रव्यम्, 'बहुबहुविधक्षिप्रानिःसृतानुक्तध्रुवाणां सेतराणाम् ।' इति द्वादशभेदभिन्नं पुद्गलद्रव्यं स्पर्शरसवर्णसंस्थानादिकं पदार्थं जानाति पश्यतीत्यर्थः । पुनः कथंभूतं मतिज्ञानम् । माणसणाणं मनसोत्पन्न ज्ञानम् अनिन्द्रियजातज्ञानम् । च पुनः किंभूतम् । श्रुतविषयम् अस्फुटज्ञानविषयं 'श्रुतमनिन्द्रियस्य' । अभिधानात् श्रुतज्ञानगृहीतार्थग्राहकम् । च पुन कीदृक्षम् । अक्षविषयम् इन्द्रियगृहीतार्थग्राहकम् ॥ २५८ ॥ अथ पञ्चेन्द्रियज्ञानाना क्रमेणोपयोगः न युगपदिति वंभणीति—

विषयोंको भी जानता है ॥ **भावार्थ**—मतिज्ञान पांचों इन्द्रियोंसे तथा मनसे उत्पन्न होता है । जो मतिज्ञान पांचों इन्द्रियोंसे उत्पन्न होता है वह तो अपने योग्य पुद्गल द्रव्यको ही जानता है क्योंकि पुद्गलमें स्पर्श, रस, गन्ध और रूप ये चार गुण होते हैं । और इनमेंसे स्पर्शन इन्द्रियका विषय केवल स्पर्श है, रसना इन्द्रियका विषय रस ही है, घ्राण इन्द्रियका विषय गन्ध ही है और चक्षु इन्द्रियका विषय केवल रूप है । तथा श्रोत्रेन्द्रियका विषय शब्द है, वह भी पौद्गलिक है । इस तरह इन्द्रियजन्य मतिज्ञान तो अपने अपने योग्य पुद्गल द्रव्यको ही जानता है । किन्तु मनसे मतिज्ञान भी उत्पन्न होता है, और श्रुतज्ञान भी उत्पन्न होता है । अतः मनसे उत्पन्न होनेवाला ज्ञान इन्द्रियोंके विषयोंको भी जानता है और श्रुतज्ञानके विषयको भी जानता है । मतिज्ञानके कुल भेद तीनसौ छतीस होते हैं जो इस प्रकार हैं—मतिज्ञानके मूलभेद चार हैं-अवग्रह, ईहा, अवाय, धारण । इन्द्रिय और पदार्थका सम्बन्ध होते ही जो सामान्य ग्रहण होता है उसे दर्शन कहते हैं । दर्शनके अनन्तर ही जो पदार्थका ग्रहण होता है वह अवग्रह है । जैसे चक्षुसे सफेद रूपका जानना अवग्रह ज्ञान है । अवग्रहसे जाने हुए पदार्थको विशेष रूपसे जाननेकी इच्छाका होना ईहा है, जैसे यह सफेद रूपवाली वस्तु क्या है ? यह तो बगुलोंकी पंक्ति मालूम होती है, यह ईहा है । विशेष चिन्होंके द्वारा यथार्थ वस्तुका निर्णय कर लेना अवाय है । जैसे, पंखोंके हिलनेसे तथा ऊपर नीचे होनेसे यह निर्णय करना कि यह बगुलोंकी पंक्ति ही है, यह अवाय है । अवायसे निर्णीत वस्तुको कालान्तरमें नहीं भूलना धारण है । बहु, बहुविध, क्षिप्र, अनिसृत, अनुक्त, ध्रुव तथा अल्प, अल्पविध, अक्षिप्त, निःसृतः, उक्त, अध्रुव, इन बारह प्रकारके पदार्थोंके अवग्रह आदि चारों ज्ञान होते हैं । बहुत वस्तुओंके जाननेको बहुज्ञान कहते हैं । बहुत तरहकी वस्तुओंके जाननेको बहुविधज्ञान कहते हैं । जैसे, सेना या वनको एक समूह रूपमें जानना बहुज्ञान है और हाथी घोड़े आदि या आम महुआ आदि भेदोंको जानना बहुविध ज्ञान है । वस्तुके एक भागको देखकर पूरी वस्तुको जान लेना अनिःसृत ज्ञान है । जैसे जलमें डूबे हुए हाथीकी सूंडको देखकर हाथीको जान लेना । शीघ्रतासे जाती हुई वस्तुको जानना क्षिप्रज्ञान है । जैसे तेज चलती हुई रेलगाड़ीको या उसमें बैठकर बाहरकी वस्तुओंको जानना । बिना कहे अभिप्रायसे ही जान लेना अनुक्त ज्ञान है । बहुत काल तक जैसाका तैसा निश्चल ज्ञान होना ध्रुव ज्ञान है । अल्प अथवा एक वस्तुको जानना अल्पज्ञान है । एक प्रकारकी वस्तुओंको जानना एकविध ज्ञान है । धीरे धीरे चलती हुई वस्तुको जानना अक्षिप्रज्ञान है । सामने पूरी विद्यमान वस्तुको जानना निःसृत ज्ञान है । कहने पर जानना उक्त ज्ञान है । चंचल बिजली वगैरहको जानना अध्रुव ज्ञान है । इस तरह बारह प्रकारका अवग्रह, बारह प्रकारका ईहा, बारह

पंचिंदिय[1]-णाणाणं मज्झे एगं च होदि उवजुत्तं ।
मण-णाणे उवजुत्तो इंदिय-णाणं ण जाणेदि[2] ॥ २५९ ॥

[छाया–पञ्चेन्द्रियज्ञानानां मध्ये एकं च भवति उपयुक्तम् । मनोज्ञाने उपयुक्तः इन्द्रियज्ञानं न जानाति ॥] पञ्चेन्द्रियज्ञानानां स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रजज्ञानानां मध्ये एकस्मिन् काले एकं ज्ञानम् उपयुक्तम् उपयोगयुक्तं विषयग्रहणव्यापारयुक्तं भवति । मनोज्ञाने उपयुक्ते नोइन्द्रियज्ञाने उपयुक्ते विषयग्रहणव्यापारोपयुक्ते सति इन्द्रियज्ञानं पञ्चेन्द्रियाणां ज्ञानं न जायते न उत्पद्यते । अथवा मनसो ज्ञानेन उपयुक्तः मनोज्ञानव्यापारसहितो जीवः इन्द्रियज्ञान न जानाति । यदा जीवः मनसा एकाग्रचेतसा आर्तरौद्रधर्मादिध्यानं धरति, तदा इन्द्रियाणां ज्ञानं न स्फुरतीत्यर्थः । वा इन्द्रियज्ञानं एकैकं जानाति । चक्षुर्ज्ञानं घ्राणं न जानाति इत्यादि ॥ २५९ ॥ ननु यद्भवद्भिरुक्तम् एकस्मिन् काले एकस्यैवेन्द्रियज्ञानस्योपयोगस्तदप्ययुक्तम् । केनचित्पुंसा करगृहीतशष्कुल्या भक्ष्यमाणाया मत्या तद्गन्धग्रहणं घ्राणस्य तच्चर्वणशब्दग्रहणं श्रोत्रस्य तद्वर्णग्रहणं चक्षुषोः तत्स्पर्शग्रहणं करस्य तद्रसग्रहणं जिह्वायाश्च जायते । इति पञ्चेन्द्रियाणां ज्ञानस्य [उपयोगः] युगपदुत्पद्यते इति वावदूकं वादिनं प्रतिवदति–

एक्के[3] काले एक्कं[4] णाणं जीवस्स होदि उवजुत्तं ।
णाणा-णाणाणि पुणो लद्धि-सहावेण वुच्चंति ॥ २६० ॥

प्रकारका अवाय और बारह प्रकारका धारण ज्ञान होता है । ये सब मिलकर ४८ भेद होते हैं । तथा इनमेंसे प्रत्येक ज्ञान पांच इन्द्रियों और मनसे होता है अतः ४८×६=२८८ भेद मतिज्ञानके होते हैं । तथा अस्पष्ट शब्द वगैरहका केवल अवग्रह ही होता है, ईहा आदि नहीं होते । उसे व्यञ्जनावग्रह कहते हैं । और व्यंजनावग्रह चक्षु और मनको छोड़कर शेष चार इन्द्रियोंसे ही होता है । अतः बहु आदि विषयोंकी अपेक्षा व्यंजनावग्रहके ४८ भेद होते हैं । २८८ भेदोंमें इन ४८ भेदोंको मिलानेसे मतिज्ञानके ३३६ भेद होते हैं ॥ २५८ ॥ आगे कहते हैं कि पाँचों इन्द्रियज्ञानोंका उपयोग क्रमसे होता है, एक साथ नहीं होता । **अर्थ**–पाँचों इन्द्रियज्ञानोंमेंसे एक समयमें एक ही ज्ञानका उपयोग होता है । तथा मनोज्ञानका उपयोग होने पर इन्द्रियज्ञान नहीं होता ॥ **भावार्थ**–स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रियसे उत्पन्न होनेवाले ज्ञानोंमेंसे एक समयमें एक ज्ञान ही अपने विषयको ग्रहण करता है । इसी तरह जिस समय मनसे उत्पन्न हुआ ज्ञान अपने विषयको जानता है उस समय इन्द्रिय ज्ञान नहीं होता । सारांश यह है कि इन्द्रिय ज्ञानका उपयोग क्रमसे ही होता है । एक समयमें एकसे अधिक ज्ञान अपने २ विषयको ग्रहण नहीं कर सकते, अर्थात् उपयोग रूप ज्ञान एक समयमें एक ही होता है ॥ २५९ ॥ **शङ्का**–आपने जो यह कहा है कि एक समयमें एक ही इन्द्रिय ज्ञानका उपयोग होता है यह ठीक नहीं है, क्योंकि हाथकी कचौरी खानेपर घ्राण इन्द्रिय उसकी गन्धको सूंघती है, श्रोत्रेन्द्रिय कचौरीके चबानेके शब्दको ग्रहण करती है, चक्षु कचौरीको देखती है, हाथको उसका स्पर्श ज्ञान होता है और जिह्वा उसका स्वाद लेती है, इस तरह पांचों इन्द्रिय ज्ञान एक साथ होते हैं । इस शङ्काका समाधान करते हैं । **अर्थ**–जीवके एक समयमें एक ही ज्ञानका उपयोग होता है किन्तु लब्धि रूपसे एक समयमें अनेक ज्ञान कहे हैं ॥ **भावार्थ**–प्रत्येक क्षायोपशमिक ज्ञानकी दो अवस्थाएँ होती हैं–एक लब्धिरूप और एक उपयोगरूप । अर्थको ग्रहण करने की शक्तिका नाम लब्धि

---

१ ब पंचिंदिय, ल म स ग पंचेंदिय । २ ब जाणा(णे ?)वि, ल म स जाएदि, ग जाएहि । ३ म ग एके । ४ ल म स ग एगं ।

[छाया–एकस्मिन् काले एकं ज्ञानं जीवस्य भवति उपयुक्तम् । नानाज्ञानानि पुनः लब्धिस्वभावेन उच्यन्ते ॥] जीवस्यात्मनः एकस्मिन् काले एकस्मिन्नेव समये एकं ज्ञानम् एकस्यैवेन्द्रियस्य ज्ञानं स्पर्शनादिजम् उपयुक्तं विषयग्रहण-व्यापारयुक्तम् अर्थग्रहणे उद्यमनं व्यापारणम् उपयोगी भवति । यदा स्पर्शनेन्द्रियज्ञानेन स्पार्शो विषयो गृह्यते तदा रसनादीन्द्रियज्ञानेन रसादिविषयो न गृह्यत इत्यर्थः । एवं रसनादिषु योज्यम् । तर्हि अपरेन्द्रियाणां ज्ञानानि तत्र दृश्यन्ते तत्कथमिति चेदुच्यते । पुनः नानाज्ञानानि अनेकप्रकारज्ञानानि स्पर्शनाद्यनेकेन्द्रियज्ञानानि लब्धिस्वभावेन, अर्थग्रहणशक्तिर्लब्धिर्लाभः प्राप्तिः तत्स्वभावेन तत्स्वरूपेण, उच्यन्ते कथ्यन्ते ॥ २६० ॥ अथ वस्तुनः अनेकान्तात्मक-मेकान्तात्मकं च दर्शयति—

जं वत्थु अणेयंतं एयंतं तं पि होदि सविपेक्खं ।
सुय-णाणेण णएहि य णिरवेक्खं दीसदे[1] णेव ॥ २६१ ॥[2]

[छाया–यत् वस्तु अनेकान्तम् एकान्तं तत् अपि भवति सव्यपेक्षम् । श्रुतज्ञानेन नयैः च निरपेक्षं दृश्यते नैव ॥] यद्वस्तु जीवादिद्रव्यम् एकान्तम् अस्तित्वाद्येकधर्मविशिष्टम्, जीवोऽस्तीति तदपि जीवादिवस्तु सव्यपेक्षं सापेक्षम् आकाङ्क्षासहितम्, स्वद्रव्यचतुष्टयापेक्षया अस्ति एकान्तविशिष्टं परद्रव्यचतुष्टयापेक्षया नास्तिधर्मविशिष्टम् इति अनेकान्तात्मकं वस्तु । श्रुतज्ञानेन जिनोक्तशास्त्रबोधेन नैगमादिनयैश्च नैगमसंग्रहव्यवहारऋजुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभू-ताख्यैः च अनेकान्तात्मकं च वस्तु भवति । तथा चोक्तं च । 'नानास्वभावसंयुक्तं द्रव्यं ज्ञात्वा प्रमाणतः । तच्च सापेक्षसिद्धयर्थं स्यान्नयमिश्रितं कुरु ॥' स्वद्रव्यादिग्राहकेण अस्तिस्वभावः । परद्रव्यादिग्राहकेण नास्तिस्वभावः । उत्पाद-व्ययगौणत्वेन सत्ताग्राहकेण नित्यस्वभावः । केनचित्पर्यायार्थिकेन अनित्यस्वभावः । भेदकल्पनानिरपेक्षेणैकस्वभावः । अन्वयद्रव्यार्थिकेनैकस्याप्यनेकद्रव्यस्वभावत्वम् । सद्भूतव्यवहारेण गुणगुण्यादिभिर्भेदस्वभावः । भेदविकल्पनानिरपेक्षेण (गुण)गुण्यादिभिरभेदस्वभावः । परमभावग्राहकेण भव्याभव्यपरिणामिकस्वभावः । शुद्धाशुद्धपरमभावग्राहकेण

है । और अर्थको ग्रहण करनेका नाम उपयोग है । लब्धि रूपमें एक साथ अनेक ज्ञान रह सकते हैं । किन्तु उपयोग रूपमें एक समयमें एक ही ज्ञान होता है । जैसे पांचों इन्द्रियजन्य ज्ञान तथा मनोजन्य ज्ञान लब्धि रूपमें हमारेमें सदा रहते हैं । किन्तु हमारा उपयोग जिस समय जिस वस्तुकी ओर होता है उस समय केवल उसीका ज्ञान हमें होता है । कचौरी खाते समय भी जिस क्षण में हमें उसकी गन्धका ज्ञान होता है उसी क्षण रसका ज्ञान नहीं होता । जिस क्षण रसका ज्ञान होता है उसी क्षण स्पर्शका ज्ञान नहीं होता । किन्तु उपयोगकी चंचलताके कारण कचौरीके गन्ध, रस वगैरहका ज्ञान इतनी द्रुत गतिसे होता है कि हमें क्षणभेदका भान नहीं होता और हम यह समझ लेते हैं कि पांचों ज्ञान एक साथ हो रहे हैं । किन्तु यथार्थमें पांचों ज्ञान क्रमसे ही होते हैं, अतः उपयोगरूप ज्ञान एक समयमें एक ही होता है ॥ २६० ॥ आगे वस्तुको अनेकान्तात्मक और एकान्तात्मक दिखलाते हैं । **अर्थ**-जो वस्तु अनेकान्तरूप है वही सापेक्ष दृष्टिसे एकान्तरूप भी है । श्रुतज्ञानकी अपेक्षा अनेकान्त-रूप है और नयोंकी अपेक्षा एकान्तरूप है । बिना अपेक्षाके वस्तुका रूप नहीं देखा जासकता ॥ **भावार्थ**-पहले वस्तुको अनेकान्तरूप सिद्ध कर आये हैं, क्योंकि प्रमाणके द्वारा वस्तुमें अनेक धर्मोंकी प्रतीति होती है । प्रमाणके दो भेद हैं-स्वार्थ और परार्थ । श्रुतज्ञानके सिवा बाकीके मति आदि चारों ज्ञान स्वार्थ प्रमाण ही हैं किन्तु श्रुतज्ञान स्वार्थ भी होता है और परार्थ भी होता है । ज्ञानरूप श्रुतज्ञान स्वार्थ है और वचनरूप श्रुतज्ञान परार्थ है । श्रुतज्ञानके भेद नय हैं । प्रमाणसे जानी हुई वस्तुमें

१ ल म स ग णयेहि य णिरविक्खं दीसए । २ अत्र ब पुस्तके 'जो साहेदि विसेसे' इत्यादि गाथा ।

चेतनस्वभावो जीवस्य । असद्भूतव्यवहारेण कर्मनोकर्मणोरपि चेतनस्वभावः । परमभावग्राहकेण कर्मनोकर्मणोः अचेतनस्वभावः । जीवस्याप्यसद्भूतव्यवहारेण अचेतनस्वभावः । परमभावग्राहकेण कर्मनोकर्मणोर्मूर्तस्वभावः । जीवस्याप्यसद्भूतव्यवहारेण मूर्तस्वभावः । परमभावग्राहकेण पुद्गलं विहाय इतरेषां द्रव्याणाम् अमूर्तस्वभावः । पुद्गलस्य तूपचारादपि नास्त्यमूर्तत्वम् । परमभावग्राहकेण कालपुद्गलाणूनाम् एकप्रदेशस्वभावत्वम् । भेदकल्पनानिरपेक्ष चतुर्णामपि नानाप्रदेशस्वभावत्वम् । पुद्गलाणोरुपचारतः[1] (नानाप्रदेशत्वं न च कालाणोः स्निग्धरूक्षत्वाभावात् । अरूक्षत्वाच्चाणोरमूर्त-) पुद्गलस्यैकविंशतितमो भावो न स्यात् । परोक्षप्रमाणापेक्षया असद्भूतव्यवहारेणाप्युपचारेणामूर्तत्वम् ॥ पुद्गलस्य

अपेक्षा भेदसे एक धर्मको ग्रहण करनेवाले ज्ञानको नय कहते हैं। जैसे प्रमाणसे वस्तुको अनेक धर्मात्मक जानकर ऐसा जानना कि वस्तु स्वचतुष्टयकी अपेक्षा सत्स्वरूप ही है अथवा पर द्रव्यादि चतुष्टयकी अपेक्षा असत्स्वरूप ही है, यह नय है। इसीसे प्रमाणको सकलग्राही और नयको विकलग्राही कहा है। किन्तु एक नय दूसरे नयकी अपेक्षा रखकर वस्तुको जाने, तभी वस्तुधर्मकी ठीक प्रतीति होती है। जैसे, यदि कोई यह कहे कि वस्तु सत्स्वरूप ही है असत्स्वरूप नहीं है तो यह नय सुनय न होकर दुर्नय कहा जायेगा। अतः इतर धर्मोंका निषेध न करके एक धर्मकी मुख्यातसे वस्तुको जाननेसे ही वस्तुकी ठीक प्रतीति होती है। इसीसे आलापपद्धतिमें कहा है—'प्रमाणसे नाना धर्मयुक्त द्रव्यको जानकर सापेक्ष सिद्धिके लिये उसमें नयकी योजना करो'। यथा-स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र, स्वकाल और स्वभावको ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा द्रव्य अस्तिस्वभाव है १। परद्रव्य, परक्षेत्र, परकाल और परभावको ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा नास्तिस्वभाव है २। उत्पाद और व्ययको गौण करके ध्रौव्यकी मुख्यतासे ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा द्रव्य नित्य है ३। किसी पर्यायको ग्रहण करनेवाले नयकी अपेक्षा द्रव्य अनित्यस्वभाव है ४। भेदकल्पना निरपेक्ष नयकी अपेक्षा द्रव्य एकस्वभाव है ५। अन्वयग्राही द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा एक होते हुए भी द्रव्य अनेकस्वभाव है ६। सद्भूत व्यवहार नयसे गुण गुणी आदिकी अपेक्षा द्रव्य भेदस्वभाव है ७। भेद कल्पना निरपेक्ष नयकी अपेक्षा गुण गुणी आदि रूपसे अभेद स्वभाव है ८। परमभावके ग्राहक नयकी अपेक्षा जीवद्रव्य भव्य या अभव्यरूप पारिणामिक स्वभाव है ९। शुद्ध या अशुद्ध परमभाव ग्राहक नयकी अपेक्षा जीवद्रव्य चेतनस्वभाव है १०। असद्भूत व्यवहार नयसे कर्म और नोकर्म भी चेतन स्वभाव हैं ११। किन्तु परमभाव ग्राहक नयकी अपेक्षा कर्म और नोकर्म अचेतन स्वभाव हैं १२। असद्भूत व्यवहार नयसे जीव भी अचेतन स्वभाव है १३। परमभाव ग्राहक नयकी अपेक्षा कर्म और नोकर्म मूर्त स्वभाव हैं १४। असद्भूत व्यवहार नयसे जीव भी मूर्त स्वभाव है १५। परमभावग्राही नयकी अपेक्षा पुद्गलको छोड़कर शेष सब द्रव्य अमूर्त स्वभाव हैं तथा पुद्गल उपचारसे भी अमूर्तिक नहीं है। परमभावग्राही नयकी अपेक्षा कालाणु तथा पुद्गलका एक परमाणु एक प्रदेशी हैं। भेद कल्पनाकी अपेक्षा न करने पर शेष धर्म, अधर्म, आकाश और जीवद्रव्य भी अखण्ड होनेसे एकप्रदेशी हैं। किन्तु भेद कल्पनाकी अपेक्षासे चारों द्रव्य अनेकप्रदेशी हैं। पुद्गलका परमाणु उपचारसे अनेक प्रदेशी है क्योंकि वह अन्य परमाणुओंके साथ बन्धनेपर बहुप्रदेशी स्कन्धरूप होजाता है। किन्तु कालाणुमें बन्धके कारण स्निग्ध रूक्ष गुण नहीं है, इसलिये कालाणु उपचारसे भी अनेकप्रदेशी नहीं है। इसीसे अमूर्त काल द्रव्यमें बहुप्रदेशत्वके विना शेष १५ स्वभाव ही कहे हैं। शुद्धाशुद्ध द्रव्यार्थिक नयसे पुद्गल विभाव-

---

१ आदर्शे तु '०रुपचारतः अणोरमूर्तत्वात् भावे पुद्गल०' इति पाठः।

शुद्धाशुद्धद्रव्यार्थिकेन विभावस्वभावत्वम् । शुद्धद्रव्यार्थिकेन शुद्धस्वभावः । अशुद्धद्रव्यार्थिकेन अशुद्धस्वभावः । असद्भूत-व्यवहारेण उपचरितस्वभावः । श्लोकः । 'द्रव्याणां तु यथारूपं तल्लोकेऽपि व्यवस्थितम् । तथाज्ञानेन संज्ञानं नयोऽपि हि तथाविधः ॥' इति नययोजनिका । सकलवस्तुग्राहकं प्रमाणं, प्रमीयते परिच्छिद्यते वस्तुतत्त्वं येन ज्ञानेन तत्प्रमाणम् । (तद्द्वेधा सविकल्पेतरभेदात् । सविकल्पं मानसम्, तच्चतुर्विधम् । मतिश्रुतावधिमनःपर्यायरूपम् । निर्विकल्पं मनोरहितं केवलज्ञानमिति प्रमाणस्य व्युत्पत्तिः) प्रमाणेन वस्तुसंगृहीतार्थैकांशो नयः, श्रुतविकल्पो वा, ज्ञातुरभिप्रायो वा नयः । नानास्वभावेभ्यो व्यावृत्य एकस्मिन् स्वभावे वस्तु नयति प्राप्नोति इति वा नयः । इति श्रुतज्ञानेन नयैश्च वस्तु अनेकान्तं भवति । यद्वस्तु निरपेक्षं प्रतिपक्षधर्मानपेक्षम् एकान्तरूप तद्वस्तु न दृश्यते, नैव लोक्यत एव । एकान्तात्मकस्य वस्तुनः जगत्यभावात् । 'निरपेक्षा नया मिथ्या सापेक्षा वस्तु तेऽर्थकृत्' इति वचनात् । तथा चोक्तम् । 'य एव नित्यक्षणिकादयो नया मिथोनपेक्षाः स्वपरप्रणाशिनः । त एव तत्त्वं विमलस्य ते मुनेः परस्परेक्षाः स्वपरोपकारिणः ॥' इति ॥ २६१ ॥ अथ श्रुतज्ञानस्य परोक्षेणानेकान्तप्रकाशत्वं दर्शयति—

सव्वं पि अणेयंतं परोक्ख-रूवेण जं पयासेदि ।
तं सुय-णाणं[1] भण्णदि संसय-पहुदीहि[2] परिचत्तं ॥ २६२ ॥

[छाया-सर्वम् अपि अनेकान्तं परोक्षरूपेण यत् प्रकाशयति । तत् श्रुतज्ञानं भण्यते संशयप्रभृतिभिः परित्यक्तम् ॥ यत्परोक्षरूपेण सर्वमपि जीवादिवस्तु अनेकधर्मविशिष्टं प्रकाशयति तत् श्रुतज्ञानं भण्यते, जिनोक्तश्रुतज्ञानं कथ्यते । तत्कीदृशम् । संशयप्रभृतिभिः परित्यक्तं संशयविपर्यासानध्यवसायादिभी रहितम् । स्थाणुर्वा पुरुषो वा इति

स्वभाव है । शुद्ध द्रव्यार्थिक नयसे शुद्ध स्वभाव है और अशुद्ध द्रव्यार्थिक नयसे अशुद्ध स्वभाव है । तथा असद्भुत व्यवहार नयसे उपचरित स्वभाव है । सारांश यह है कि द्रव्योंका जैसा स्वरूप है वैसा ही ज्ञानसे जाना गया है, तथा वैसा ही लोकमें माना जाता है । नयभी उसे वैसा ही जानते हैं । अन्तर केवल इतना है कि प्रमाणसे वस्तुके सब धर्मोंको ग्रहण करके ज्ञाता पुरुष अपने अभिप्रायके अनुसार उसमेंसे किसी एक धर्मकी मुख्यतासे वस्तुका कथन करता है । यही नय है । इसीसे ज्ञाताके अभिप्रायको भी नय कहा है । तथा जो नाना स्वभावोंको छोड़कर वस्तुके एक स्वभावको कथन करता है वह नय है । नयके भी सुनय और दुर्नय दो भेद हैं । जो वस्तुको प्रतिपक्षी धर्मसे निरपेक्ष एकान्तरूप जानता या कहता है वह दुर्नय है । दुर्नयसे वस्तु स्वरूपकी सिद्धि नहीं हो सकती क्योंकि यह बतला आये हैं कि वस्तु सर्वथा एकरूप ही नहीं है । अतः जो प्रतिपक्षी धर्मोंको अपेक्षा रखते हुए वस्तुके एक धर्मको कहता या जानता है वही सुनय है । इसीसे निरपेक्ष नयोंको मिथ्या बतलाया है और सापेक्ष नयोंको वस्तुसाधक बतलाया है । स्वामी समन्तभद्रने स्वयंभूस्तोत्रमें विमलनाथ भगवानकी स्तुति करते हुए कहा है-'वस्तु नित्यही है' अथवा 'वस्तु क्षणिकही है' जो ये निरपेक्ष नय स्व और पर के घातक हैं, हे विमलनाथ भगवन् ! वे ही नय परस्पर सापेक्ष होकर आपके मतमें तत्त्वभूत हैं, और स्व और पर के उपकारक हैं ॥ २६१ ॥ आगे कहते हैं कि श्रुतज्ञान परोक्ष रूपसे अनेकान्तका प्रकाशन करता है । **अर्थ**—जो परोक्ष रूपसे सब वस्तुओंको अनेकान्त रूप दर्शाता है, संशय आदिसे रहित उस ज्ञानको श्रुतज्ञान कहते हैं ॥ **भावार्थ**—तीन मिथ्याज्ञान होते हैं-संशय, विपर्यय और अनध्यवसाय । यह ठूंठ है अथवा आदमी है ? इस प्रकारके चलित ज्ञानको संशय कहते हैं । सीपको

---

१ म सुआणाणं, ग सुयनाणं भणदि । २ ल स ग परिचित्तं ।

चलिता प्रतिपत्तिः इति संशयः संदेहः। शुक्तिकायां रजतज्ञानमिति विपर्यासः विपरीतः विभ्रमः। गच्छतः पुंसः तृणस्पर्शस्य सर्पो वा शृंखला वा इति ज्ञानमनध्यवसायः मोहः। इत्यादिभिर्विवर्जितं श्रुतज्ञानम्। तथा चोक्तं श्रीसमन्तभद्रैः। 'स्याद्वादकेवलज्ञाने सर्ववस्तुप्रकाशने। भेदः साक्षादसाक्षाच्च ह्यवस्त्वन्यतमं भवेत्॥' इति॥ २६२॥ अथ लोकव्यवहारस्य नयात्मकं दर्शयति—

लोयाणं ववहारं धम्म-विवक्खाइ[1] जो पसाहेदि[2]।
सुय-णाणस्स[3] वियप्पो सो वि णओ लिंग-संभूदो॥ २६३॥

[छाया-लोकानां व्यवहारं धर्मविवक्षया यः प्रसाधयति। श्रुतज्ञानस्य विकल्पः सः अपि नयः लिङ्गसभूतः॥] यः वादी प्रतिवादी वा धर्मविवक्षया अस्तिनास्तिनित्यानित्यभेदाभेदैकानेकाद्यनेकस्वभाव वक्तुमिच्छया लोकाना जनानां

चांदी जानना विपर्यय ज्ञान है। मार्गमें चलते हुए किसी वस्तुका पैरमें स्पर्श होने पर 'कुछ होगा' इस प्रकारके ज्ञानको अनध्यवसाय कहते हैं। इन तीनों मिथ्याज्ञानोंसे रहित जो ज्ञान अनेकान्त रूप वस्तुको परोक्ष जानता है वही श्रुतज्ञान है। पहले श्रुतज्ञानको परोक्ष बतलाया है, क्यों कि वह मनसे होता है तथा मतिपूर्वकही होता है। श्रुतज्ञानके दो मूल भेद हैं-एक अनक्षरात्मक और एक अक्षरात्मक। स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु इन चार इन्द्रियोंसे होनेवाले मतिज्ञानपूर्वक जो श्रुतज्ञान होता है वह अनक्षरात्मक श्रुतज्ञान है। तथा शब्दजन्य मतिज्ञानपूर्वक होनेवाले श्रुतज्ञानको अक्षरात्मक श्रुतज्ञान कहते हैं। शास्त्रसे तथा उपदेश वगैरहसे जो विशेष ज्ञान होता है वह सब श्रुतज्ञान है। शास्त्रोंमें सभी वस्तुओंके अनेकान्तस्वरूपका वर्णन होता है। अतः श्रुतज्ञान सभी वस्तुओंको शास्त्र वगैरहके द्वारा जानता है, किन्तु शास्त्रके बिना अथवा जिनके वचनोंका सार शास्त्रमें है उन प्रत्यक्षदर्शी केवली के बिना सब वस्तुओंका ज्ञान नहीं हो सकता। इसीसे समन्तभद्र स्वामीने आप्तमीमांसामें श्रुतज्ञानका महत्त्व बतलाते हुए कहा है-'श्रुतज्ञान और केवलज्ञान, दोनों ही समस्त वस्तुओंको प्रकाशित करते हैं अन्तर केवल इतना ही है कि श्रुतज्ञान परोक्ष रूपसे जानता है और केवलज्ञान प्रत्यक्ष रूपसे जानता है'। जो श्रुतज्ञान और केवलज्ञानका विषय नहीं है वह अवस्तु है। अर्थात् ऐसी कोई वस्तु नहीं है जो इन दोनों ज्ञानोंके द्वारा न जानी जासके॥ २६२॥ श्रुतज्ञानका स्वरूप बतलाकर श्रुतज्ञानके भेद नयका स्वरूप बतलाते हैं। **अर्थ**—जो वस्तुके एक धर्मकी विवक्षासे लोकव्यवहार को साधता है वह नय है। नय श्रुतज्ञानका भेद है तथा लिंगसे उत्पन्न होता है॥ **भावार्थ**—लोकव्यवहार नयके द्वारा ही चलता है; क्योंकि दुनियाके लोक किसी एक धर्मकी अपेक्षासे ही वस्तुका व्यवहार करते हैं। जैसे, एक राजाके पास सोनेका घड़ा था। उसकी लड़कीको वह बहुत प्यारा था। वह उससे खेला करती थी। किन्तु राजपुत्र उस घड़ेको तुड़वाकर मुकुट बनवानेकी जिद किया करता था। उसे घड़ा अच्छा नहीं लगता था। एक दिन राजाने घड़ेको तोड़ कर मुकुट बनवा दिया। घड़ेके टूटनेसे लड़की बहुत रोई, और मुकुटके बन जानेसे राजपुत्र बहुत प्रसन्न हुआ। किन्तु राजाको न शोक हुआ और न हर्ष हुआ। इस लौकिक दृष्टान्तमें लड़कीकी दृष्टि केवल घड़ेके नाश पर है, राजपुत्रकी दृष्टि केवल मुकुटकी उत्पत्ति पर है और राजाकी दृष्टि सोने पर है। इसी तरहसे दुनियाके

---

१ ब विवखाइ। २ ब पयासेहि। ३ म ग णाणिस्स।

व्यवहार, भेदोपचारतया वस्तु व्यवह्रियते इति व्यवहारं, ग्रहणगमनयाचनवितरणादि वस्तु नित्यानित्यादिकं प्रसाधयति निर्मिनोति निष्पादयति, सोऽपि श्रुतज्ञानस्य स्याद्वादरूपस्य विकल्पः भेदः नयः कथ्यते। कथंभूतो नयः। लिङ्गसंभूतः लिङ्गेन हेतुरूपेण भूयते स्म लिङ्गभूतः परार्थानुमानरूपः भूतनचिह्नो वा। अथवा लिङ्गसंभूतो नयः कथ्यते ॥ २६४ ॥ अथ नानास्वभावयुक्तस्य वस्तुनः एकस्वभावग्रहणं नयापेक्षया कथ्यते इत्याह।

णाणा-धम्म-जुदं पि य एयं धम्मं पि वुच्चदे अत्थं।
तस्सेय[2]-विवक्खादो णत्थि विवक्खा[3] हु[4] सेसाणं ॥२६४॥

[छाया–नानाधर्मयुतः अपि च एकः धर्मः अपि उच्यते अर्थः। तस्य एकविवक्षातः नास्ति विवक्षा खलु शेषाणाम् ॥] नानाधर्मयुक्तोऽपि अर्थः अनेकप्रकारस्वभावसहितोऽपि जीवादिपदार्थः स्वद्रव्यादिग्राहकेण अस्तिस्वभावः, परद्रव्यादिग्राहकेण नास्तिस्वभावः, उत्पादव्ययगौणत्वेन सत्ताग्राहकेण नित्यस्वभावः, केनचित्पर्यायार्थिकेन अनित्यस्वभावः। एवमेकानेकभेदाभेदचेतनाचेतनमूर्तामूर्तादिस्वभावयुक्तोऽपि जीवादिपदार्थः। तस्य अर्थस्य एको धर्मः, जीवो नित्य एव, जीवोऽस्त्येव इत्याद्येकस्वभावविशिष्टः उच्यते कथ्यते। कुतः एकधर्मविवक्षातः एकस्वभाववक्तुमिच्छातः, न तु अनेकधर्माणामभावात्। हु स्फुटम्। शेषाणाम् अनित्यत्वनास्तित्वाद्यनेकधर्माणां तत्र वस्तुनि विवक्षा नास्ति ॥२६४॥ अथ धर्मवाचकशब्दतज्ज्ञानाना नयत्व दर्शयति—

सो चिय[5] एक्को धम्मो वाचक-सद्दो वि तस्स धम्मस्स।
जं[6] जाणदि तं णाणं ते तिण्णि वि णय-विसेसा य ॥२६५॥

पर्यायबुद्धि लोग पर्यायकी अपेक्षा वस्तुको नष्ट हुआ अथवा उत्पन्न हुआ देखते हैं और द्रव्यदृष्टि लोग उसे ध्रुव मानकर वैसा व्यवहार करते हैं, अतः लोकव्यवहार नयाधीन है। किन्तु सच्चा नय वस्तुके जिस एक धर्मको ग्रहण करता है उसे युक्तिपूर्वक ग्रहण करता है। जैसे वस्तुको यदि सत् रूपसे ग्रहण करता है तो उसमें हेतु देता है कि अपने द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी अपेक्षा वस्तु सत्रूप है। इस तरह नय हेतुजन्य है। इसीसे अष्टसहस्रीमें श्रुतज्ञानको अहेतुवाद और नयको हेतु वाद कहा है। जो विना हेतुके वस्तुके किसीभी एक धर्मको स्वेच्छासे ग्रहण करता है वह नय नहीं है ॥ २६३ ॥ आगे, नाना स्वभाववाली वस्तुके एक स्वभावका ग्रहण नयकी अपेक्षासे कैसे किया जाता है, यह बतलाते हैं। **अर्थ–**नाना धर्मोंसे युक्तभी पदार्थके एक धर्मको ही नय कहता है; क्योंकि उस समय उसी धर्मकी विवक्षा है, शेष धर्मोंकी विवक्षा नहीं है ॥ **भावार्थ–**यद्यपि जीवादि पदार्थ अनेक प्रकारके धर्मोंसे युक्त होते हैं-स्वद्रव्य आदिकी अपेक्षा सत्स्वभाव हैं, पर द्रव्य आदिकी अपेक्षा असत्स्वभाव हैं, उत्पाद व्ययको गौण करके ध्रुवत्वकी अपेक्षा नित्य हैं, पर्यायकी अपेक्षा अनित्य हैं। इस तरह एकत्व, अनेकत्व, भेद, अभेद, चेतनत्व, अचेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व आदि अनेक धर्मयुक्त हैं। किन्तु उन अनेक धर्मोंमेंसे नय एकही धर्मको ग्रहण करता है। जैसे, जीव नित्य ही है या सत्स्वभाव ही है; क्योंकि उस समय वक्ताकी इच्छा उसी एक धर्मको ग्रहण करनेकी अथवा कहनेकी है। किन्तु इसका यह मतलब नहीं है कि वस्तुमें अनेक धर्म नहीं हैं इसलिए वह एक धर्मको ग्रहण करता है, बल्कि शेष धर्मोंके होते हुए भी उनकी विवक्षा नहीं है इसीसे वह विवक्षित धर्मको ही ग्रहण करता है ॥ २६४ ॥ आगे, वस्तुके धर्म, उसके वाचक शब्द तथा उसके ज्ञानको नय कहते हैं। **अर्थ–**

---

१ ल ग धम्मं पि, स धम्म पि। २ ल ग तस्सेव म तस्सेयं। ३ ल ग विवक्खो। ४ स हि। ५ म चिय। ६ ल म स ग तं।

[छाया-स एव एकः धर्मः वाचकशब्दः अपि तस्य धर्मस्य । यत् जानाति तत् ज्ञानं ते त्रयोऽपि नयविशेषाः च ॥] च पुनः, ते त्रयो नयविशेषः ज्ञातव्याः । ते के । स एव एको धर्मः नित्योऽनित्यो वा, अस्तिरूपः नास्तिरूपो वा, एकरूपः अनेकरूपो वा, इत्याद्येकस्वभावः नयः । नयग्राह्यत्वात् इत्येकनयः ।१। तस्य धर्मस्य नित्यत्वाद्येकस्वभावस्य वाचकशब्दोऽपि तत्प्रतिपादकशब्दोऽपि नयः कथ्यते । ज्ञानस्य करणे कार्ये च शब्दे नयोपचारात् इति द्वितीयो वाचकनयः । २ । तं नित्याद्येकधर्मं जानाति तत् ज्ञानं तृतीयो नयः । ३ । सकलवस्तुग्राहकं ज्ञानं प्रमाणम्, तदेकदेशग्राहको नयः । इति वचनात् ॥ २६५ ॥ ननु नयानामेकधर्मग्राहकत्वे मिथ्यात्वं स्यात् इत्युक्तिं निरस्यति—

ते सावेक्खा[1] सुणया णिरवेक्खा ते वि दुण्णया होंति ।
सयल-ववहार[2]-सिद्धी सु-णयादो होदि णियमेण[3] ॥ २६६ ॥

[छाया-ते सापेक्षाः सुनयाः निरपेक्षाः ते अपि दुर्णयाः भवन्ति । सकलव्यवहारसिद्धिः सुनयतः भवति नियमेन ॥] ते त्रयो नयाः धर्मशब्दज्ञानरूपाः सापेक्षाः स्वविपक्षापेक्षासहिताः । यथा अस्त्यनित्यभेदादिग्राहका नयाः नास्तिनित्यभेदादिसापेक्षाः सन्तः सुनया शोभननयाः सत्यरूपाः नया भवन्ति । अपि पुनः, ते त्रयो नया धर्मशब्दज्ञानरूपाः निरपेक्षाः स्वविपक्षापेक्षारहिताः । यथा नास्तिनिरपेक्षः सर्वथा अस्तिस्वभावः, अनित्यत्वनिरपेक्षः सर्वथा नित्यस्वभावः, अभेदत्वनिरपेक्षः सर्वथा भेदस्वभावः । इत्यादिनिरपेक्षा नया दुर्णया भवन्ति । तथा चोक्तम् । 'दुर्णयैकान्तमारूढा

वस्तुका एक धर्म, उस धर्मका वाचक शब्द और उन धर्मको जाननेवाला ज्ञान, ये तीनों ही नयके भेद हैं ॥ **भावार्थ**–नयके तीन रूप हैं–अर्थरूप, शब्दरूप, और ज्ञानरूप। वस्तुका एक धर्म अर्थरूप नय है, उस धर्मका वाचक शब्द शब्दरूप नय है, और उस धर्मका ग्राहक ज्ञान ज्ञानरूप नय है। वस्तुका एक धर्म नयके द्वारा ग्राह्य है इसलिये उसे नय कहा जाता है। और उसका वाचक शब्द तथा ग्राहक ज्ञान एक धर्मको ही कहता अथवा जानता है इसलिये वह तो नय है ही ॥ २६५ ॥ यहाँ यह शङ्का हो सकती है कि जब एकान्तवाद मिथ्या है तो एक धर्मका ग्राहक होनेसे नय मिथ्या क्यों नहीं है ? इसीका आगे समाधान करते हैं। **अर्थ**–ये नय सापेक्ष हों तो सुनय होते हैं और निरपेक्ष हों तो दुर्नय होते हैं। सुनयसे ही नियमपूर्वक समस्त व्यवहारोंकी सिद्धि होती है ॥ **भावार्थ**-ये तीनोंही नय यदि सापेक्ष होते हैं, अर्थात् अपने विपक्षीकी अपेक्षा करते हैं तो सुनय होते हैं। जैसे सत्, अनित्य और अभेदको ग्रहण करनेवाले नय असत्, अनित्य और भेदकी अपेक्षा करनेसे सुनय यानी सच्चे नय होते हैं। और यदि ये नय निरपेक्ष होते हैं अर्थात् यदि अपने विपक्षीकी अपेक्षा नहीं करते, जैसे वस्तु असत् से निरपेक्ष सर्वथा सत्स्वरूप है, अनित्यत्वसे निरपेक्ष सर्वथा नित्यस्वरूप है या अभेदनिरपेक्ष सर्वथा भेदरूप है ऐसा यदि मानते जानते अथवा कहते हैं तो वे दुर्नय हैं। कहा भी है-'दुर्नयके विषयभूत एकान्त रूप पदार्थ वास्तविक नहीं है क्योंकि दुर्नय केवल स्वार्थिक है, दूसरे नयोंकी अपेक्षा न करके केवल अपनी पुष्टि करते हैं। और जो स्वार्थिक अतएव विपरीतग्राही होते हैं वे नय सदोष होते हैं।' इसका खुलासा इस प्रकार है–वस्तुको सर्वथा एकान्तरूपसे सत् मानने पर वस्तुके नियतरूपकी व्यवस्था नहीं बन सकती, क्योंकि जैसे वह स्वरूपसे सत् है वैसेही पर रूपसे भी सत् है। अतः घट पट चेतन अचेतन कोई भेद नहीं रहेगा और इस तरह संकर आदि दोष उपस्थित होंगे। तथा वस्तुको एकान्तरूपसे सर्वथा असत् माननेपर सब संसार शून्यरूप हो जायेगा। सर्वथा नित्यरूप

---

१ ल म स ग साविक्खा....णिरविक्खा । २ ग विवहार । ३ ब णेयमेण ।

भावानां स्वार्थिका हि ते । स्वार्थिकाश्च विपर्यस्ताः सकलङ्का नया यतः ॥' तत्कथम् । तथाहि । सर्वथा एकान्तेन सद्रूपस्य न नियतार्थव्यवस्थासंकरादिदोषत्वात्, तथा सद्रूपस्य सकलशून्यताप्रसंगात्, नित्यस्यै करूपत्वात् एकरूपस्यार्थक्रियाकारित्वाभावः, अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः । अनित्यपक्षेऽपि निरन्वयत्वात् अर्थक्रियाकारित्वाभावः । अर्थक्रियाकारित्वाभावे द्रव्यस्याप्यभावः एकस्वरूपस्यैकान्तेन विशेषाभावः, सर्वथैकरूपत्वात् विशेषाभावे सामान्यस्याप्यभावः । 'निर्विशेषं हि सामान्यं भवेत्खरविषाणवत् । सामान्यरहितत्वाच्च विशेषस्तद्वदेव हि ॥' इत्यादिनिरपेक्षा नया दुर्णयाः असत्यरूपा अनर्थकारिणः सन्ति । नियमेन अवश्यं सुनयादो सुनयेभ्यः सत्यरूपनयेभ्यः सकलव्यवहारसिद्धिः, सकलव्यवहाराणां भेदोपचारेण सकलवस्तुव्यवहारक्रियमाणानां ग्रहणदानगमनागमनयजनयाजनस्थापनादिव्यवहाराणां सिद्धिः निष्पत्तिर्भवति ॥२६६॥ अथ परोक्षज्ञानमनुमानं निर्दिशति—

जं जाणिज्जइ जीवो इंदिय-वावार-काय-चिट्ठाहिं ।
तं अणुमाणं भण्णदि तं पि णयं बहु-विहं जाण ॥२६७॥

[छाया–यत् जानाति जीवः इन्द्रियव्यापारकायचेष्टाभिः । तत् अनुमानं भण्यते तम् अपि नयं बहुविधं जानीहि ॥] इन्द्रियव्यापारकायचेष्टाभिः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रैः मनसा च व्यापारैः गमनागमनादिलक्षणैः कायचेष्टाभिः शरीराकारविशेषैः जीवः आत्मा यत् जानाति तमपि अनुमाननयं ज्ञानं भणति कथयति । अथवा इन्द्रियाणां स्पर्शनादीनां व्यापाराः विषयाः स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दरूपाः तैः जीवः यत् जानाति तत् अनुमानज्ञानं कथयति । साधनात् साध्यविज्ञानमनुमानम्, इष्टमबाधितमसिद्धं साध्यम् । साध्याविनाभावित्वेन निश्चितो हेतुः यथा

वस्तुको मानने पर उसमें अर्थक्रिया नहीं बनेगी और अर्थक्रियाके अभावमें वस्तुका ही अभाव हो जायेगा । सर्वथा अनित्य माननेपर वस्तुका निरन्वय विनाश होनेसे उसमें भी अर्थक्रिया नहीं बनेगी । और अर्थक्रियाके अभावमें वस्तुका भी अभाव हो जायेगा । वस्तुको सर्वथा एकरूप माननेपर उसमें विशेष धर्मोंका अभाव हो जायेगा, और विशेषके अभावमें सामान्यका भी अभाव हो जायेगा, क्योंकि विना विशेषका सामान्य गधेके सींगकी तरह असंभव है और विना सामान्यके विशेष भी गधेके सींगकी तरह संभव नहीं है । अर्थात् सामान्य विशेषके विना नहीं रहता और विशेष सामान्यके विना नहीं रहता । अतः निरपेक्ष नय मिथ्या होते हैं । इस लिये सापेक्ष सुनयसे ही लोकव्यवहारकी सिद्धि होती है ॥२६६॥ आगे परोक्षज्ञान अनुमानका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ–**इन्द्रियोंके व्यापार और कायकी चेष्टाओंसे जो जीवको जानता है वह अनुमान ज्ञान है । यह भी नय है । इसके अनेक भेद हैं ॥ **भावार्थ–**जीव द्रव्य इन्द्रियोंसे दिखाई नहीं देता । किन्तु जिस शरीरमें जीव रहता है वह शरीर हमें दिखाई देता है । उस शरीरमें आंख, नाक, कान वगैरह इन्द्रियां होती हैं । उनके द्वारा वह खाता पीता है, सूंघता है, जानता है, हाथ पैर हिलाता है, चलता फिरता है, बातचीत करता है, बुलानेसे आजाता है । इन सब चेष्टाओंको देखकर हम यह जान लेते हैं कि इस शरीरमें जीव है । यही अनुमान ज्ञान है । साधनसे साध्यके ज्ञानको अनुमान कहते हैं । तथा जो सिद्ध करनेके लिये इष्ट होता है, जिसमें कोई बाधा नहीं होती तथा जो असिद्ध होता है उसे साध्य कहते हैं । और जो साध्यके होने पर ही होता है उसके अभावमें नहीं होता उसे साधन कहते हैं । जैसे, इस पर्वतपर आग है, क्योंकि धुआं उठ रहा है जैसे रसोईघर । यह अनुमान ज्ञान है । इसमें आग साध्य है और धुआं साधन है; क्योंकि आगके होने पर ही धुआं होता है और आगके अभावमें नहीं होता । अतः धुआंको देखकर आगको जान लेना अनुमान ज्ञान है । इस अनुमानके अनेक भेद परीक्षामुख वगैरहमें बतलाये हैं । अथवा परोक्ष ज्ञानके

पर्वतोऽयमग्निमान् धूमवत्त्वात् महानसवत्, इत्यादि अनुमानं ज्ञानम्, तदपि नयम् । परोक्षज्ञानं बहुविधमनेकप्रकारं स्मृतिप्रत्यभिज्ञानतर्कानुमानागमभेदं जानीहि ॥२६७॥ अथ नयभेदान् निर्दिशति—

सो संगहेण एक्को[1] दु-विहो वि य दव्व-पज्जएहिंतो ।
तेसिं च[2] विसेसादो णइगम[3]-पहुदी हवे णाणं ॥२६८॥

[छाया—स संग्रहेन एकः द्विविधः अपि च द्रव्यपर्यायाभ्याम् । तयोः च विशेषात् नैगमप्रभृति भवेत् ज्ञानम् ॥] स नयः एकम् एकप्रकारं संग्रहेण संग्रहनयेन द्रव्यपर्याययोर्भेदमकृत्वा सामान्येन नयः एको भवति । अपि पुनः, स नयः द्विविधः । काभ्याम् । द्रव्यपर्यायाभ्याम् एको द्रव्यार्थिकनयः द्रव्यमेवार्थः प्रयोजनमस्येति द्रव्यार्थिकः द्रव्यग्रहणप्रयोजनत्वाच्च, द्वितीयः पर्यायार्थिकः पर्याय एवार्थः प्रयोजनमस्येति पर्यायार्थिको नयः, पर्यायग्रहणप्रयोजनत्वाच्च । तेसिं च तयोः द्रव्यपर्याययोश्च द्वयोर्विशेषात् विशेषलक्षणात् ज्ञानं नयलक्षणप्रमाण ज्ञानैकदेशं वा नैगमप्रभृतिकं भवेत् । नैगमसंग्रहव्यवहारऋजुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूतप्रमुखज्ञान नयरूपो बोधः स्यात् । नैगमसंग्रहव्यवहारनयास्त्रयो द्रव्यार्थिकाः । ऋजुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूता नयाश्चत्वारः पर्यायार्थिकाश्च इति ॥ २६८ ॥

जो साहदि सामण्णं अविणा-भूदं विसेस-रूवेहिं ।
णाणा-जुत्ति-बलादो दव्वत्थो सो णओ होदि ॥२६९॥

[छाया—यः कथयति सामान्यम् अविनाभूत विशेषरूपैः । नानायुक्तिबलात् द्रव्यार्थः स नयः भवति ॥] यः नयः साधयति विषयीकरोति गृह्णातीत्यर्थः । किं तत् । सामान्यं निर्विशेष सत्त्व द्रव्यत्वात्मत्वादिरूपम् । तत् कीदृशं सामान्यम् । विशेषरूपैः अविनाभूतं जीवास्तित्वपुद्गलास्तित्वधर्मास्तित्वादिस्वभावैः अविनाभूयम् एकैकमन्तरेण न

स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम ये अनेक भेद बतलाये हैं । यहां ग्रन्थकारने अनुमान ज्ञानको जो नय बतलाया है वह एक नईसी बात प्रतीत होती है । क्योंकि अकलंक देव वगैरहने अनुमान ज्ञानको परोक्ष प्रमाणके भेदोंमें ही गिनाया है । और अन्य किसी भी आचार्यने उसे नय नहीं बतलाया । किन्तु जब नय हेतुवाद है तो अनुमान भी नयरूप ही बैठता है । इसके लिए अष्टसहस्रीकी कारिका १०६ देखना चाहिये ॥ २६७ ॥ आगे नयके भेद कहते हैं । **अर्थ**—संग्रह अर्थात् सामान्यसे नए एक है । द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिकके भेदसे दो प्रकारका है । उन्हीं दोनोंके भेद नैगम आदि ज्ञान हैं ॥ **भावार्थ**-द्रव्य और पर्यायका भेद न करके सामान्यसे नय एक है । और द्रव्य तथा पर्यायके भेदसे नयके भी दो भेद हैं-एक द्रव्यार्थिक नय एक पर्यायार्थिक नय । जिस नयका विषय केवल द्रव्य ही है वह द्रव्यार्थिक नय है । और जो नय केवल पर्यायको ही ग्रहण करता है वह पर्यायार्थिक नय है । इन दोनों नयोंके नैगम आदि अनेक भेद हैं । नैगमनय, संग्रहनय और व्यवहारनय ये तीन द्रव्यार्थिक नय हैं । और ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ, एवंभूत ये चार पर्यायार्थिक नय हैं ॥ २६८ ॥ आगे द्रव्यार्थिक नयका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**—जो नय वस्तुके विशेष रूपोंसे अविनाभूत सामान्यस्वरूपको नाना युक्तियोंके बलसे साधता है वह द्रव्यार्थिक नय है ॥ **भावार्थ**—जो नय वस्तुके सामान्य रूपको युक्तिपूर्वक ग्रहण करता है वह द्रव्यार्थिक यह है । किन्तु वह सामान्य विशेष धर्मोंसे निरपेक्ष नहीं होना चाहिये । बल्कि विशेषोंका अविनाभावी, उनके बिना न रहनेवाला और उनके सद्भावमें ही रहनेवाला होना चाहिये । अन्यथा वह नय सुनय न होकर दुर्नय होजायेगा । आलाप

---

१ स इक्को (?) । २ स वि । ३ स णयगम ।

भूयते स्म इत्यविनाभूतं सहभूतमित्यर्थः। कुतः। नानायुक्तिबलात् अनेकतर्कज्ञानादिबलात् स द्रव्यार्थिकः नयो ज्ञातव्यो भवति। तथाहि। कर्मोपाधिनिरपेक्षशुद्धद्रव्यार्थिकः, यथा संसारी जीवः सिद्धसदृग् शुद्धात्मा। १। उत्पादव्ययगौणत्वेन सत्ताग्राहकशुद्धद्रव्यार्थिकः, यथा द्रव्यं नित्यम्। २। भेदकल्पनानिरपेक्षशुद्धद्रव्यार्थिकः, यथा निजगुणपर्यायस्वभावात् द्रव्यमभिन्नम्। ३। कर्मोपाधिसापेक्ष-अशुद्धद्रव्यार्थिकः, यथा क्रोधादिकर्मजभावः आत्मा। ४। उत्पादव्ययसापेक्ष-अशुद्ध-द्रव्यार्थिकः, यथा एकस्मिन् समये द्रव्यम् उत्पादव्ययध्रौव्यात्मकम्। ५। भेदकल्पनासापेक्ष-अशुद्धद्रव्यार्थिकः, यथा आत्मनः दर्शनज्ञानादयो गुणाः। ६। अन्वयद्रव्यार्थिकः, यथा गुणपर्यायस्वभावं द्रव्यम्। ७। स्वद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिकः, यथा स्वद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यमस्ति। ८। परद्रव्यादिग्राहकद्रव्यार्थिकः, यथा परद्रव्यादिचतुष्टयापेक्षया द्रव्यं नास्ति। ९। परमभावग्राहकद्रव्यार्थिकः, यथा ज्ञानस्वरूपात्मा अत्र अनेकस्वभावानां मध्ये ज्ञानाख्यपरमस्वभावो गृहीतः। १०। इति द्रव्यार्थिकस्य दश भेदाः॥ २६९॥ अथ पर्यायार्थिकनयं साधयति—

जो[1] साहेदि विसेसे[2] बहु-विह-सामण्ण-संजुदे सव्वे।
साहण-लिंग-वसादो पज्जय-[3]विसओ णओ होदि॥ २७०॥

[छाया—यः कथयति विशेषान् बहुविधसामान्यसंयुतान् सर्वान्। साधनलिङ्गवशात् पर्यायविषयः नयः भवति॥] यः पर्यायार्थिको नयः साधयति साध्यसिद्धिं कारयति। कान्। सर्वान् विशेषान् पर्यायान् उत्पादव्ययध्रौव्यलक्षणान्। कीदृक्षान्। बहुविधसामान्यसंयुक्तान्, बहुविधसामान्यैः संयुक्तान्। अस्तित्वनित्यत्वैकत्वभिन्नत्वादिसामान्यैरविनाभूतान्। कुतः साधयति। साधनलिङ्गवशात् पर्वताग्निवनाग्निसाधनधूमहेतुवशात्, पर्वतोऽयमग्निमान् धूमवत्त्वात्, वनमिदमग्निमत् धूमत्वात्। सर्वं वस्तु परिणामि सत्त्वान्यथानुपपत्तेः इत्यादिहेतुवशात्। स पर्यायार्थिको नयः पर्यायविशेषविषयो भवति।

पद्धति में द्रव्यार्थिकके दस भेद बतलाये हैं जो इस प्रकार हैं-कर्मोंकी उपाधिसे निरपेक्ष शुद्ध द्रव्यका विषय करनेवाला नय शुद्ध द्रव्यार्थिक है। जैसे संसारी जीव सिद्धके समान शुद्ध है १। उत्पाद व्ययको गौण करके सत्ता मात्रको ग्रहण करनेवाला शुद्ध द्रव्यार्थिक, जैसे द्रव्य नित्य है २। भेद कल्पनासे निरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिक, जैसे अपने गुणपर्याय स्वभावसे द्रव्य अभिन्न है ३। कर्मोंकी उपाधि सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यको विषय करनेवाला नय अशुद्ध द्रव्यार्थिक नय है, जैसे आत्मा कर्मजन्य क्रोधादि भाववाला है ४। उत्पाद व्यय सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक, जैसे एक समयमें द्रव्य उत्पाद, व्यय, ध्रौव्यात्मक है ५। भेद कल्पना सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक, जैसे आत्माके दर्शन, ज्ञान आदि गुण हैं ६। अन्वय द्रव्यार्थिक, जैसे द्रव्य गुणपर्यायस्वभाव है ७। स्वद्रव्य, स्वक्षेत्र आदिका ग्राहक द्रव्यार्थिक, जैसे स्वद्रव्य आदि चतुष्टय (चार) की अपेक्षा द्रव्य है ८। परद्रव्य, परक्षेत्र आदिका ग्राहक द्रव्यार्थिक, जैसे परद्रव्य आदि चारकी अपेक्षा द्रव्य नहीं है ९। परमभावका ग्राहक द्रव्यार्थिक, जैसे आत्मा ज्ञान स्वरूप है। यद्यपि आत्मा अनेक स्वाभाववाला है किन्तु यहां अनेक स्वभावोंमेंसे ज्ञान नामक परम-स्वभावको ग्रहण किया है १०। इस प्रकार द्रव्यार्थिक नयके दस भेद हैं॥ २६९॥ आगे पर्यायार्थिक नयका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**—जो नय अनेक प्रकारके सामान्य सहित सब विशेषोंको साधक लिंगके बलसे साधता है वह पर्यायार्थिक नय है॥ **भावार्थ**—जो नय युक्तिके बलसे पर्यायोंको ग्रहण करता है वह पर्यायार्थिक नय है। किन्तु वे पर्याय अथवा विशेष सामान्यनिरपेक्ष नहीं होने चाहिये, अन्यथा वह दुर्नय होजायेगा। अतः आस्तित्व, नित्यत्व, एकत्व, भिन्नत्व, आदि सामान्योंसे अविनाभूत उत्पाद,

१ ब-पुस्तके गाथेयं द्विवारमन्यान्यत्र च लिखिता पाठभेदैः। पाठान्तराणि च एवंविधानि–विसेसं संजुदे तच्चे, णयो होदि। २ ग विसेसो। ३ ग विसयो णयो।

तथाहि । अनादिनित्यपर्यायार्थिकः यथा पुद्गलपर्यायो नित्यः मेर्वादिः ।१। सादिनित्यपर्यायार्थिकः यथा सिद्धजीवपर्यायो हि सादिनित्यः ।२। सत्तागौणत्वेन उत्पादव्ययग्राहकस्वभावनित्यशुद्धपर्यायार्थिकः । यथा समयं समयं प्रति पर्यायाः विनाशिनः । ।३। सत्तासापेक्षस्वभावनित्यशुद्धपर्यायार्थिकः, यथा एकस्मिन् समये त्रयात्मकः पर्यायः ।४। कर्मोपाधिनिरपेक्षस्वभावनित्यशुद्धपर्यायार्थिकः, यथा सिद्धपर्यायसदृशाः शुद्धाः संसारिणा पर्यायाः ।५। कर्मोपाधिसापेक्षस्वभावानित्यअशुद्धपर्यायार्थिकः, यथा संसारिणाम् उत्पत्तिमरणे स्तः ।६। इति पर्यायार्थिकस्य षड्भेदाः ।।२७०।। अथेदानीं नयानां विशेषलक्षणं कार्त्तिकेयस्वामी कथयन् सभेदं नैगमनयं व्याचष्टे—

जो साहेदि अदीदं वियप्प-रूवं भविस्समट्ठं च ।
संपडि-कालाविट्ठं सो हु [1]णओ [2]णेगमो णेओ ।।२७१।।

[छाया—यः कथयति अतीतं विकल्परूपं भविष्यमर्थं च । संप्रति कालाविष्टं स खलु नयः नैगमः ज्ञेयः ।।] हु स्फुटं, स नैगमो नयः ज्ञेयः ज्ञातव्यः । नैकं गच्छतीति निगमो विकल्पः बहुभेदः । निगमे भवो नैगमः यः नैगमनयः । अतीतं भूतम् अतीतार्थं विकल्परूपं वर्तमानारोपणम् अर्थं पदार्थं वस्तु साधयति स भूतनैगमः । यथाद्य दीपोत्सवदिने वर्धमानस्वामी मोक्षं गतः ।१। च पुनः भविष्यन्तम् अर्थम् अतीतवत् कथनं भाविनि भूतवत्कथनं भाविनैगमः, यथा अर्हन् सिद्ध एव ।२। संप्रतिकालाविष्टं वस्तु इदानीं वर्तमानकालाविष्टं पदार्थं साधयति स वर्तमाननैगमः । अथवा कर्तुमारब्धम् ईषन्निष्पन्नम् अनिष्पन्नं वा वस्तु निष्पन्नवत् कथ्यते यत्र स वर्तमाननैगमः, यथा ओदनः पच्यते । इति

व्यय और ध्रौव्य लक्षणरूप पर्यायोंको जो हेतुपूर्वक ग्रहण करता है वह पर्यायार्थिक नय है अर्थात् पर्यायको विषय करनेवाला नय है । इस नयके छै भेद हैं—अनादिनित्य पर्यायार्थिक नय, जैसे मेरु वगैरह पुद्गलकी नित्य पर्याय है । अर्थात् मेरु पुद्गलकी पर्याय होते हुए भी अनादि कालसे अनन्तकाल रहता है १ । सादिनित्य पर्यायार्थिक नय, जैसे सिद्ध पर्याय सादि होते हुए भी नित्य है २ । सत्ताको गौण करके उत्पाद व्ययको ग्रहण करनेवाला नित्यशुद्ध पर्यायार्थिक, जैसे पर्याय प्रतिसमय विनाशीक है ३ । सत्ता सापेक्ष नित्यशुद्ध पर्यायार्थिक, जैसे पर्याय एक समयमें उत्पाद व्यय ध्रौव्यात्मक है ४ । कर्मकी उपाधिसे निरपेक्ष नित्य शुद्ध पर्यायार्थिक, जैसे संसारी जीवोंकी पर्याय सिद्ध पर्यायके समान शुद्ध है ५। कर्मोपाधि सापेक्ष अनित्य अशुद्ध पर्यायार्थिक, जैसे संसारी जीवोंका जन्म मरण होता है ६ ।। २७० ।। आगे नयके भेदोंका लक्षण कहते हुए कार्त्तिकेय स्वामी नैगमनयको कहते हैं । **अर्थ—**जो नय अतीत, भविष्यत् और वर्तमानको विकल्परूपसे साधता है वह नैगमनय है **भावार्थ—**'निगम' का अर्थ है—संकल्प विकल्प । उससे होनेवाला नैगमनय है । यह नैगमनय द्रव्यार्थिक नयका भेद है अतः इसका विषय द्रव्य है । और द्रव्य तीनों कालोंकी पर्यायोंमें अनुस्यूत रहता है । अतः जो नय द्रव्यकी अतीत कालकी पर्यायमें भी वर्तमानकी तरह संकल्प करता है, आगामी पर्यायमें भी वर्तमानकी तरह संकल्प करता है और वर्तमानकी अनिष्पन्न अथवा किंचित् निष्पन्न पर्यायमें भी निष्पन्न रूप संकल्प करता है, उस ज्ञानको और वचनको नैगम नय कहते हैं । जो अतीत पर्यायमें वर्तमानका संकल्प करता है वह भूत नैगम नय है । जैसे आज दीपावलीके दिन महावीर स्वामी मोक्ष गये । जो भावि पर्यायमें भूतका संकल्प करता है वह भावि नैगमनय है, जैसे अर्हन्त भगवान् सिद्ध ही हैं । जो वस्तु बनाने का संकल्प किया है वह कुछ बनी हो अथवा नहीं बनी हो, उसको बनी हुईकी तरह कहना अथवा

१ ल म स ग णयो णेगमो णेयो । २ ब णइगमो (?) ।

वर्तमाननैगमः । ३ । तथाहि कश्चित्पुमान् करकृतकुठारो वनं गच्छति, तं निरीक्ष्य कोऽपि पृच्छति, त्वं किमर्थं व्रजसि । स प्रोवाच । अहं प्रस्थमानेतु गच्छामि इत्युक्ते तस्मिन् काले प्रस्थपर्यायः समीपे न वर्तते, प्रस्थो घटयित्वा धृतो न वर्तते । किं तर्हि तदभिनिवृत्तये प्रस्थनिष्पत्तये सकल्पमात्रे काष्ठानयने प्रस्थव्यवहारो भवति । एवम् इन्धनजलानलाद्यानयने कश्चित्पुमान् व्याप्रियमाणो वर्तते । स केनचित्पृष्टः, किं करोषि त्वमिति, तेनोच्यते । अहमोदनं पचामि । न च तस्मिन् प्रस्तावे ओदनपर्यायः, अनिष्पन्नोऽस्ति । किं तर्हि ओदनपचनार्थं व्यापारोऽपि ओदनपचनमुच्यते । एवंविधो लोकव्यवहारः अनिष्पन्नार्थः । संकल्पमात्रविषयो वर्तमाननैगमस्य गोचरो भवतीत्यर्थः ॥ २७१ ॥ अथ विशेषसामान्यसंग्रहनयं व्यनक्ति-

जो संगहेवि सव्वं देसं वा विविह-दव्व-पज्जायं ।
अणुगम-लिंग-विसिट्ठं सो वि [1]णओ संगहो होदि ॥ २७२ ॥

[छाया-यः संगृह्णाति सर्वं देशं वा विविधद्रव्यपर्यायम् । अनुगमलिङ्गविशिष्टं सः अपि नयः संग्रहः भवति ॥] यः संग्रहनयः सर्वं स्कन्धं त्रैलोक्यस्कन्धं चतुर्दशरज्जुप्रमाणं संगृह्णाति सम्यक्प्रकारेण स्वविषयीकरोति । कथंभूतं सर्वं स्कन्धम् । विविधद्रव्यपर्यायं विविधा अनेकप्रकारा द्रव्यपर्याया यस्मिन् स तथोक्तस्तं नानाप्रकारषड्द्रव्यपर्यायसंयुक्तं सर्वं गृह्णाति । वा अथवा देशं तदर्धं स्कन्धं प्रदेशं वा तदर्धार्धं स्कन्धम् । कीदृक्षम् एतत्सर्वम् । विविधद्रव्यपर्यायसहितं गृह्णाति । उक्तं च । 'खंधं सयलसमत्थं तस्स य अद्धं भणंति देसो त्ति । अद्धद्धं च पदेसो अविभागी चेव परमाणू ॥' इति वचनात् स्कन्धं सर्वांशसपूर्णं, तदर्धं देशम्, अर्धस्यार्धं प्रदेशम्, अविभागीभूतं परमाणु ज्ञातव्यम् । पुनः कीदृक्षम् । सर्वं देशं वा । अनुगमलिङ्गविशिष्टं साध्यसाधकाविनाभूतहेतुविशिष्टम् । यथा पर्वते अग्निमत्त्वं साध्यते धूमवत्त्वादिहेतुना । तथा चोक्तम् । 'भेदेनैवमुपानीय स्वजातेरविरोधतः । समस्तं संग्रहं यस्मात् स नयः संग्रहो मतः ॥' स्वजात्यविरोधेन एकत्रोपानीय पर्यायान् आक्रान्तभेदान् विशेषम् अकृत्वा सकल ग्रहणं संग्रहः उच्यते । यथा सदिति प्रोक्ते वाग्विज्ञानप्रवृत्तिलिङ्गानुमितसत्ताधारभूताना विश्वेषा पदार्थाना विशेषमकृत्वा सत्संग्रहः । एवं द्रव्यमित्युक्ते द्रवति

जानना वर्तमान नैगम नय है। जैसे कोई पुरुष कुठार लेकर वनको जाता है। उसे देखकर कोई पूछता है कि तुम किस लिये जाते हो। वह उत्तर देता है कि मैं प्रस्थ (अन्न मापनेका एक भाण्ड) लेने जाता हूँ। किन्तु उस समय वहाँ प्रस्थ नही है। अभी तो वह प्रस्थ बनानेके लिये जंगलसे लकड़ी लेने जाता है। उस लकड़ीमें प्रस्थका संकल्प होनेसे वह प्रस्थका व्यवहार करता है। इसी तरह एक आदमी पानी, लकड़ी वगैरह रख रहा है। उससे कोई पूछता है कि तुम क्या करते हो तो वह उत्तर देता है कि मैं भात पकाता हूँ। किन्तु अभी वहां भात कहाँ है? परन्तु भात पकानेके लिये वह जो प्रबन्ध कर रहा है उसीको वह भात पकाना कहता है। इस प्रकारके संकल्प मात्रको विषय करनेवाला लोकव्यवहार वर्तमान नैगम नयका विषय है ॥ २७१ ॥ आगे संग्रह नयका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ-**जो नय समस्त वस्तुका अथवा उसके एक देश (भेद) का अनेक द्रव्यपर्यायसहित अन्वयलिंगविशिष्ट संग्रह करता है उसे संग्रह नय कहते हैं ॥ **भावार्थ-**अपनी जातिके अविरुद्ध समस्त भेदोंका संग्रह करनेवाले नयको संग्रह नय कहते हैं। जैसे, 'सत्' कहने पर सत्ताके आधार भूत उन सब पदार्थोंका, जिनमें सत् व्यवहार होता है, संग्रह हो जाता है। इस तरह 'द्रव्य' कहने पर जीवद्रव्य, अजीवद्रव्य तथा उनके भेद-प्रभेदोंका संग्रह हो जाता है। इसी तरह 'घट' कहनेपर जिन पदार्थोंमें घट व्यवहार होता है उन सबका संग्रह हो जाता है। इस तरह अभेदरूपसे वस्तु-

---

१ ग णयो ।

गच्छति तान् पर्यायान् इति द्रव्यम् । जीवाजीवतद्भेदप्रभेदानां संग्रहो भवति । एवं घट इत्युक्ते घटबुद्ध्यभिधानानुगमलिङ्गानुमितसकलार्थसंग्रहो भवति । अभेदरूपतया वस्तुसमूहं जातं संगृह्णातीति संग्रहः सामान्यसंग्रहः । यथा सर्वाणि द्रव्याणि परस्परम् अविरोधीनि । विशेषसंग्रहः, यथा सर्वे जीवाः परस्परमविरोधिनः ॥२७२॥ अथ व्यवहारनयं निरूपयति—

[1]जं संगहेण गहिदं[2] विसेस-रहिदं पि भेददे सददं ।
परमाणू-पज्जंतं ववहार-णओ [3]हवे सो हु ॥२७३॥

[छाया—यत् संग्रहेण गृहीतं विशेषरहितम् अपि भेदयति सततम् । परमाणुपर्यन्तं व्यवहारनयः भवेत् स खलु ॥] अपि पुनः स व्यवहारनयो भवति । स कः । यत्संग्रहनयेन गृहीतं वस्तु । किंभूतम् । विशेषसहितम् अपि निर्विशेषं निरपेक्षं सामान्यं महास्कन्धवर्गणात् परमाणुपर्यन्तं परमाणुवर्गणापर्यन्तमवसानं सततं निरन्तरं भेददे भेदयति भिन्नं भिन्नं गृह्णातीत्यर्थः । तथाहि संग्रहेण गृहीतस्यार्थस्य भेदतया वस्तु व्यवह्रियतेऽनेन व्यवहारः क्रियते व्यवहरणं वा व्यवहारः । संग्रहनयविषयीकृतानां संग्रहनयगृहीतानां पदार्थानां वस्तूनां विधिपूर्वकम् अवहरणं भेदेन प्ररूपणं व्यवहारः । कोऽसौविधिः । संग्रहनयेन गृहीतोऽर्थः स विधिः कथ्यते । संग्रहपूर्वेणैव व्यवहारः प्रवर्तते । तथाहि । सर्वसंग्रहेण यद्वस्तु संगृहीतं तद्वस्तु विशेषं नापेक्षते, तेन कारणेन तद्वस्तु व्यवहाराय समर्थं न भवति । इति कारणात् व्यवहारनयः समाश्रीयते । यत् सत् वर्तते तत्किं द्रव्यं गुणो वा, यद्द्रव्यं तज्जीवोऽजीवो वा इति सव्यवहारो न कर्तुं शक्यः । जीवद्रव्यमित्युक्ते अजीवद्रव्यमिति चोक्ते व्यवहारे आश्रिते ते अपि द्वे द्रव्ये संग्रहगृहीते संव्यवहाराय न समर्थे भवतः । तदर्थं देवनारकादिव्यवहार आश्रीयते । घटादिश्च व्यवहारेण आश्रीयते । एवं व्यवहारनयः तावत्पर्यन्तं प्रवर्तते यावत्पुनर्विभागो न भवति । तथाहि । सामान्यसंग्रहभेदव्यवहारः, यथा द्रव्याणि जीवाजीवाः । १ । विशेषसंग्रहभेदकव्यवहार, यथा जीवाः संसारिणो मुक्ताश्च । २ । इति व्यवहारो द्वेधा ॥२७३॥ अथ ऋजुसूत्रनयं सूत्रयति—

मात्रका संग्रह करनेवाला नय संग्रहनय है । किन्तु वह संग्रह विरोध रहित होना चाहिये-यानी घट कहनेसे पटका संग्रह नहीं कर लेना चाहिये, किन्तु घटके ही भेद प्रभेदोंका संग्रह होना चाहिये । संग्रहके दो भेद हैं, एक सामान्य संग्रह, जैसे सत् अथवा द्रव्य । और एक विशेष संग्रह, जैसे जीव या अजीव ॥ २७२ ॥ अब व्यवहार नयका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**—जो नय संग्रहनयके द्वारा अभेदरूपसे गृहीत वस्तुओंका परमाणुपर्यन्त भेद करता है वह व्यवहारनय है ॥ **भावार्थ**-संग्रहनयके द्वारा संग्रहीत वस्तुओंका विधिपूर्वक भेद करके कथन करनेवाले नयको व्यवहारनय कहते हैं । व्यवहार का मतलब ही व्यवहरण-यानी भेद करना है । किन्तु वह भेद विधिपूर्वक होना चाहिये । अर्थात् जिस क्रमसे संग्रह किया गया हो उसी क्रमसे भेद करना चाहिये । आशय यह है कि केवल संग्रह नयसे लोकका व्यवहार नहीं चल सकता । जैसे 'सत्' कहनेसे विवक्षित किसी एक वस्तुका ग्रहण नहीं हो सकता, क्योंकि सत् द्रव्य भी है और गुण भी है । इसी तरह केवल द्रव्य कहनेसे भी काम नहीं चल सकता; क्योंकि द्रव्य जीव भी है और अजीव भी है । जीव द्रव्य अथवा अजीव द्रव्य कहनेसे भी व्यवहार नहीं चलता । अतः व्यवहारके लिये जीवद्रव्यके नर नारकादि भेदोंका और अजीवद्रव्यके घट पट आदि भेदोंका आश्रय लेना पड़ता है । इस तरह यह व्यवहारनय तब तक भेद करता चला जाता है जब तक भेद करनेको स्थान रहता है । संग्रह नयकी तरह व्यवहार नयके भी दो भेद हैं-एक सामान्य संग्रहका भेदक व्यवहारनय, जैसे द्रव्यके दो भेद हैं जीव और अजीव । और एक

---

१ ब जो (?) । २ ब गहिदो (?) । ३ ल स म ग भवे सो वि ।

जो वट्टमाण-काले [1]अत्थ-पज्जाय-परिणदं अत्थं।
संतं साहदि सव्वं [2]तं पि णयं [3]उज्जुयं जाण ॥ २७४ ॥

[छाया—यः वर्तमानकाले अर्थपर्यायपरिणतम् अर्थम्। सन्तं कथयति सर्वं तम् अपि नयम् ऋजुकं जानीहि ॥] तमपि नयम् ऋजुसूत्रनयं जानीहि। ऋजु सरलम् अर्थपर्यायं सूत्रयति सावयति तन्त्रयति निश्चयं करोतीति ऋजुसूत्रः स चासौ नयः तम् ऋजुसूत्रनयम् त्वं जानीहि विद्धि। तं कम्। यः ऋजुसूत्रनयः वर्तमानकाले प्रवर्तमानसमये एकस्मिन् समयलक्षणे सन्तं वर्तमानं विद्यमानं वा अर्थं जीवादिपदार्थं वस्तु साधयति सूत्रयति निश्चयीकरोति गृह्णातीति यावत्। कीदृक्षम् अर्थपर्यायपरिणतम्। अर्थपर्यायः सूक्ष्मप्रतिक्षणध्वंसी उत्पादव्ययलक्षणः। 'सूक्ष्मप्रतिक्षणध्वंसी पर्यायश्चार्थसंज्ञकः' इति वचनात्। तत्र परिणतः तत्पर्यायं प्राप्तः, तम् अर्थपर्यायपरिणतं सूक्ष्मप्रतिक्षणपर्यायपरिणतम् अर्थं साधयति। सूक्ष्मऋजुसूत्रनयः, यथा एकसमयावस्थायी पर्यायः। स्थूलऋजुसूत्रः, यथा मनुष्यादिपर्यायास्तदायुःप्रमाणकालं तिष्ठन्तीति ऋजुसूत्रोऽपि द्वेधा। तथाहि। अतीतस्य विनष्टत्वे अनागतस्यासंजातत्वे व्यवहारस्याभावात् वर्तमानसमयमात्रविषयपर्यायमानग्राही ऋजुसूत्रनयः। नन्वेवं सति संव्यवहारलोपः स्यात् सत्यम्। अस्य ऋजुसूत्रस्य नयस्य विषयमात्रप्रदर्शनं विधीयते। लोकसंव्यवहारस्तु सर्वनयसमूहसाध्यो भवति। तेन ऋजुसूत्राश्रयेण संव्यवहारलोपो न भवति। यथा कश्चिन्मृतः, तं दृष्ट्वा संसारोऽयं अनित्य इति कश्चिद्ब्रवीति, न च सर्वसंसारोऽनित्यो वर्तते इति। एते नैगमसंग्रहव्यवहारऋजुसूत्रनयाश्चत्वारः अर्थनयाः, अन्ये वक्ष्यमाणास्त्रयो नयाः शब्दनया इति ॥ २७४ ॥ अथ शब्दनयं समुद्दीकते—

विशेष संग्रहका भेदक व्यवहारनय जैसे जीवके दो भेद हैं—संसारी और मुक्त ॥ २७३ ॥ अब ऋजुसूत्र नयका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ—**वर्तमान कालमें अर्थ पर्यायरूप परिणत अर्थको जो सत् रूप साधता है वह ऋजुसूत्र नय है ॥ **भावार्थ—**ऋजुसूत्र नय वर्तमान समयवर्ती पर्यायको ही ग्रहण करता है। इसका कहना है कि वस्तुकी अतीत पर्याय तो नष्ट हो चुकी और अनागत पर्याय अभी है ही नहीं। इसलिये न अतीत पर्यायसे काम चलता है और न भावि पर्यायसे काम चलता है। काम तो वर्तमान पर्यायसे ही चलता है। अतः यह नय वर्तमान पर्याय मात्रको ही ग्रहण करता है। शायद कोई कहे कि इस तरहसे तो सब व्यवहारका लोप होजायेगा; क्योंकि जिसे हमने कर्ज दिया था वह तो अतीत हो चुका। अब हम रुपया किससे लेंगे ? किन्तु बात ऐसी नहीं है। लोक व्यवहार सब नयोंसे चलता है एक ही नयको पकड़कर बैठ जानेसे लोक व्यवहार नहीं चल सकता। जैसे कोई मरा, उसे देखकर किसीने कहा कि संसार अनित्य है। तो इसका यह मतलब नहीं है कि सारा संसार कुछ दिनोंमें समाप्त हो जायगा, इसी तरह यहां भी समझना चाहिए। अस्तु वस्तु प्रतिसमय परिणमन करती है। सो एकसमयवर्ती वर्तमान पर्यायको अर्थपर्याय कहते हैं क्योंकि शास्त्रमें प्रतिसमय नष्ट होनेवाली सूक्ष्म पर्यायको अर्थपर्याय कहा है। उस सूक्ष्म क्षणवर्ती वर्तमान अर्थपर्यायसहित वस्तु सूक्ष्मऋजुसूत्र नयका विषय है। ऋजुसूत्र नयके भी दो भेद हैं—सूक्ष्मऋजुसूत्र और स्थूल ऋजुसूत्र। ग्रन्थकारने उक्त गाथामें सूक्ष्मऋजुसूत्र नयका ही स्वरूप बतलाया है। जो स्थूल पर्यायको विषय करता है वह स्थूल ऋजुसूत्र नय है। जैसे मोटे तौरसे मनुष्य आदि पर्याय आयुपर्यन्त रहती हैं। अतः उसको ग्रहण करनेवाला नय स्थूल ऋजुसूत्र है। ये नैगम, संग्रह, व्यवहार और ऋजुसूत्र नय अर्थनय हैं, और आगे कहे जानेवाले शेष तीन नय शब्दनय हैं; क्योंकि वे शब्दकी प्रधानतासे

---

१ [अत्थं पज्जाय] २ ल ग तं वि णयं रुजणय। ३ म रुजुणयं, स रिजुणयं (?)।

सव्वेसिं वत्थूणं संखा-लिंगादि-बहु-पयारेहिं ।
जो साहदि णाणत्तं सद्द-णयं तं [1]वियाणेह ॥२७५॥

[छाया-सर्वेषां वस्तूना संख्यालिङ्गादिबहुप्रकारैः । यः कथयति नानात्वं शब्दनयं तं विजानीहि ॥] यः शब्दनयः संख्यालिङ्गादिबहुप्रकारैः एकद्विबहुवचनपुंस्त्रीनपुंसकलिङ्गाद्यनेकविधैः कृत्वा सर्वेषां वस्तूना सकलाना पदार्थानां जीवपुद्गलादीनां णाणत्तं ज्ञानत्व ज्ञातृत्व नानात्वम् अनेकप्रकारत्वं वा साधयति साध्य करोति तं शब्दनयनामानं नयं जानीहि त्वं विद्धि । तद्यथा । शब्दात् व्याकरणात् प्रकृतिप्रत्ययद्वारेण सिद्धशब्दः शब्दनयः, लिङ्गसंख्यासाधनादीनां व्यभिचारस्य निषेधपरः, लिङ्गादीना व्यभिचारे दोषो नास्तीत्यभिप्रायपरः शब्दनयः उच्यते । लिङ्गव्यभिचारो, यथा पुष्यः नक्षत्रं तारका चेति । संख्याव्यभिचारो, यथा आपः तोयं वर्षाः ऋतुः दाराः कलत्रम् आम्रा वन वारणा नगरम् । साधन-व्यभिचारः कारकव्यभिचारो, यथा सेना पर्वतमधिवसति पर्वते तिष्ठतीत्यर्थः । उत्तमादिपुरुषव्यभिचारः, यथा एहि मन्ये रथेन यास्यसि न यास्यसि यातस्ते पिता इति । अस्यायमर्थः । एहि त्वमागच्छ, त्वमेवं मन्यसे अहं रथेन यास्यामि । एतावता त्वं रथेन न यास्यसि । ते तव पिता अग्रे रथेन यातः, न यात इत्यर्थः । अत्र मध्यमपुरुषस्थाने उत्तमपुरुषः उत्तमपुरुषस्थाने मध्यमपुरुषः । तदर्थं सूत्रमिदम् । 'प्रहासे मन्योपपदे मन्यतेरुत्तमैकवचनं च । उत्तमे मध्यमस्य ।' काल-व्यभिचारो, यथा विश्वदृश्वा अस्य पुत्रो जनिता भविष्यत्कार्यमासीदिति । अत्र भविष्यत्काले अतीतकालविभक्तिः ।

अर्थको विषय करते हैं ॥ २७४ ॥ आगे शब्दनयका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**–जो नय सब वस्तुओंको संख्या लिंग आदि भेदोंकी अपेक्षासे भेदरूप ग्रहण करता है वह शब्दनय है ॥ **भावार्थ**–संख्यासे एकवचन, द्विवचन और बहुवचन लेना चाहिये । लिंगसे स्त्री, पुरुष और नपुंसकलिंग लेना चाहिये । और शब्दसे काल, कारक, पुरुष, उपसर्ग वगैरह लेना चाहिये । इनके भेदसे जो सब वस्तुओंको भेद रूप ग्रहण करता है वह शब्दनय है । वैयाकरणोंके मतके अनुसार एकवचनके स्थानमें बहुवचनका, स्त्रीलिंग शब्दके बदलेमें पुल्लिंग शब्दका, एक कारकके स्थानमें दूसरे कारकका, उत्तम पुरुषके स्थानमें मध्यम पुरुषका और मध्यम पुरुषके स्थानमें उत्तम पुरुषका तथा भविष्यकालमें अतीत कालका प्रयोग किया जाता है । ये महाशय शब्दोंमें लिंग वचन आदिका भेद होनेपरभी उनके वाच्य अर्थोंमें कोई भेद नहीं मानते । इसलिये वैयाकरणोंका यह मत व्यभिचार कहलाता है । जैसे, एक ही तारेको पुष्य, नक्षत्र और तारका इन तीन लिंगवाले तीन शब्दोंसे कहना लिंगव्यभिचार है । एक ही वस्तुको भिन्न वचनवाले शब्दोंसे कहना संख्याव्यभिचार है । जैसे पानीको आपः (बहुवचन) कहना और जल (एकवचन) कहना । 'सेना पर्वतपर रहती है' के स्थानमें 'सेना पर्वतको रहती है' कहना कारकव्यभिचार है (संस्कृत व्याकरणके अनुसार यहाँ सप्तमीके स्थानमें द्वितीया विभक्ति होती है) । संस्कृत व्याकरणके अनुसार हंसी मजाकमें उत्तम पुरुषके स्थानमें मध्यम पुरुषका और मध्यम पुरुषके स्थानमें उत्तम पुरुषका प्रयोग होता है यह पुरुषव्यभिचार है । 'उसके ऐसा पुत्र पैदा होगा जो विश्वको देख चुका है यह काल व्यभिचार है क्यों कि भविष्यत् कालमें अतीतकालकी विभक्तिका प्रयोग है । इसी तरह संस्कृत व्याकरणके अनुसार धातुके पहले उपसर्ग लगनेसे उसका पद बदल जाता है । जैसे ठहरनेके अर्थमें 'स्था' धातु परस्मैपद है किन्तु उसके पहले उपसर्ग लगनेसे वह आत्मनेपद हो जाती है । यह उपग्रहव्यभिचार है । शब्दनय इस

---

१ ब वियाणेहि (?) ।

उपग्रहव्यभिचारो, यथा ष्ठा गतिनिवृत्तौ परस्मैपदोपग्रहः तत्र संतिष्ठते अवतिष्ठते प्रतिष्ठते। एवंविधं व्यवहारनय व्यभिचारलक्षणं न्यायरहितं कश्चित्पुमान् मन्यते। कस्मादन्यार्थं मन्यते। अन्यार्थस्य अन्यार्थेन वर्तनेन संबन्धाभावात्। तत्र शब्दनयापेक्षया दोषो नास्ति, तर्हि लोकसमये विरोधो भविष्यति, भवतु नाम विरोधः, तत्त्वं परीक्षते, किं तेन विरोधेन भविष्यति। किमौषधं रोगीच्छानुवर्ति वर्तते इति ॥ २७५ ॥ अथ समभिरूढनयं प्रकाशयति—

जो एगेगं अत्थं परिणदि-भेदेण साहदे[1] णाणं।
मुक्खत्थं वा भासदि अहिरूढं तं णयं[2] जाण ॥ २७६ ॥

[छाया—यः एकैकम् अर्थं परिणतिभेदेन कथयति ज्ञानम्। मुख्यार्थं वा भाषते अभिरूढं तं नयं जानीहि ॥] त जगत्प्रसिद्धम् अभिरूढं नय समभिरूढाख्य नय जानीहि विद्धि। परस्परेण अभिरूढः यः समभिरूढः शब्दनयभेदः। अर्थं पदार्थं वस्तु एकैकं परिणतिभेदेन परिणमनगमनोपवेशनजयादिपर्यायभेदेन प्रकारेण साधयति प्रकाशयति गृह्णाति वा, अथवा मुख्यार्थं प्रधानार्थं ज्ञान बोधं भाषते वक्ति, यथा गच्छतीति गौः, गमनस्वभावः पुरुषादिकेष्वप्यस्ति तथापि समभिरूढनयबलेन धेनौ प्रसिद्धः। तथाहि। एकमप्यर्थं शब्दभेदेन भिन्नं जानाति यः समभिरूढो नयः। यथा एकोऽपि पुलोमजाप्राणवल्लभः परमैश्वर्ययुक्तः इन्द्रः उच्यते सः अन्यः, शकनात् शक्रः सोऽप्यन्यः, पुरदारणात् पुरंदरः सोऽप्यन्यः इत्यादिशब्दभेदादेकस्याप्यर्थस्य अनेकत्वं मन्यते तत् समभिरूढस्य लक्षणम् ॥ २७६ ॥ अथ एवंभूतनयं प्ररूपयति—

जेण सहावेण जदा परिणद[3]-रूवम्मि तम्मयत्तादो।
तं परिणामं[4] साहदि जो वि णओ सो हु परमत्थो ॥ २७७ ॥

प्रकारके व्यभिचारको 'अन्याय्य' मानता है। क्यों कि वैयाकरण लोग शब्दमें परिवर्तनके साथ अर्थमें परिवर्तन नहीं मानते। यदि वाचकमें परिवर्तनके साथ उसके वाच्य अर्थमेंभी परिवर्तन मान लिया जाता है तो व्यभिचारका प्रसंग नहीं रहता अतः शब्दनय शब्दमें लिंगकारक आदिका भेद होनेसे उसके वाच्य अर्थमेंभी भेद स्वीकार करता है। शायद कहा जाये कि शब्द नय प्रचलित व्याकरणके नियमोंका विरोधी है इसलिये विरोध उपस्थित होगा। इसका उत्तर यह है कि विरोध उपस्थित होता है तो होओ। तत्त्वकी परीक्षा करते समय इस बातका विचार नहीं किया जाता। क्या चिकित्सक बीमारके रुचिके अनुसार औषधि देता है? ॥ २७५ ॥ आगे समभिरूढ नयका स्वरूप बतलाते हैं– **अर्थ**—जो नय प्रत्येक अर्थको परिणामके भेदसे भेदरूप ग्रहण करता है, अथवा एक शब्दके नाना अर्थोंमेंसे मुख्य अर्थको ही कहता है वह समभिरूढ नय है ॥ **भावार्थ**—शब्दनय शब्दभेदसे वस्तुको भेदरूप ग्रहण नहीं करता। किन्तु समभिरूढ नय शब्दभेदसे वस्तुको भेदरूप ग्रहण करता है। जैसे स्वर्ग लोकके स्वामीको इन्द्र, शक्र, पुरन्दर कहते हैं। अतः यह नय स्वर्गके स्वामीको तीन भेदरूप मानता है। अर्थात् वह आनन्द करता है इसलिये इन्द्र है। शक्तिशाली होनेसे शक्र है और नगरोंको उजाड़नेवाला होने से पुरन्दर है। इस तरह नय शब्दभेदसे अर्थको भेदरूप ग्रहण करता है, अथवा एक शब्दके नाना अर्थोंमेंसे जो रूढ अर्थको ग्रहण करता है वह समभिरूढ नय है। जैसे गौ शब्दके बहुतसे अर्थ हैं। किन्तु यह नय उसका रूढ अर्थ गाय ही लेता है, अन्य नहीं ॥ २७६ ॥ अब एवंभूत नयका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**—वस्तु जिस समय जिस स्वभावरूप परिणत होती है उस समय वह उसी स्वभावमय होती है। अतः उसी परिणामरूप वस्तुको ग्रहण करनेवाला नय एवंभूत

ग परिणद। २ ल म ग भेएण (स भेयेण) साहए। ३ ब आरूढं तं नयं। ४ ल ग परिणदि। ५ ल स ग तप्परिणामं, म तं प्परिणामं।

[छाया-येन स्वभावेन यदा परिणतरूपे तन्मयत्वात् । तं परिणामं कथयति यः अपि नयः स खलु परमार्थः ॥] सोऽपि नयः एवंभूतः परमार्थतः सत्यरूपो ज्ञेयः, यः परमार्थः एवंभूतनयः यदा यस्मिन् क्षणे परिणतरूपे वस्तुनि पदार्थे परिणतवर्ति पर्यायसंयुक्ते अर्थे येन स्वभावेन शकनपुरदारणेन्दनादिस्वभावेन तत्परिणामं शक्रपुरंदरेन्द्रादिपर्यायम् एकस्मिन्नेव क्षणे साधयति प्रकाशयति । कुतः तन्मयत्वात्, तत् शक्रपुरंदरेन्द्रादिपर्यायमयत्वात् । अथवा तन्मात्रत्वात् पाठे, पाकशासनस्य जम्बूद्वीपादिपरिवर्तनसामर्थ्यादिपुरदारणपरमैश्वर्यादिपर्यायमात्रत्वात् । तदुक्तं नयचक्रे शब्दभेदे अर्थभेदोऽप्यस्ति । यथा शक्रः पुरंदरः इन्द्र. इति । तथाहि । यस्मिन्नेककाले शक्नोति जम्बूद्वीपपरावर्तने समर्थो भवतीति शक्रः । अन्यदा यस्मिन्नेव काले ऐश्वर्यं प्राप्नोति तदैवेन्द्र उच्यते, न चाभिषेककाले न पूजनकाले इन्द्र उच्यते । यस्मिन्नेव काले गमनपरिणतो भवति तदेव गौरुच्यते न स्थितिकाले न शयनकाले । अथवा इन्द्रज्ञानपरिणतः आत्मा इन्द्र उच्यते । अग्निज्ञानपरिणतः आत्मा अग्निर्भवति, एवंभूतनयलक्षणम् ॥२७७॥ अथ नयानाम् उपसंहारं व्यनक्ति—

एवं विविह-णएहिं जो वत्थुं ववहरेदि लोयम्मि[1] ।

दंसण-णाण-चरित्तं सो साहदि सग्ग-मोक्खं च ॥२७८॥

[छाया-एवं विविधनयैः यः वस्तु व्यवहरति लोके । दर्शनज्ञानचरित्र स साधयति स्वर्गमोक्ष च ॥] एवं पूर्वोक्तप्रकारेण लोके जगति यः पुमान् वस्तु जीवपुद्गलधर्मादिपदार्थं व्यवहरति व्यवहारविषयीकरोति । भेदोपचारतया वस्तु व्यवह्रियते भेदेन व्यवहरणं करोति । कैः । विविधनयैः नानाप्रकारनयैः, नैगमसंग्रहव्यवहारऋजुसूत्रशब्दसमभिरूढैवंभूतनयैः द्रव्यार्थिकपर्यायार्थिकनयाभ्यां निश्चयव्यवहारनयाभ्याम् उपनयैश्च जीवादिवस्तु व्यवहरति यः स पुमान् दर्शनज्ञानचारित्रं दर्शनं सम्यग्दर्शनं सम्यक्त्व ज्ञानं सम्यग्ज्ञानं बोधः चारित्रं त्रयोदशधा, सामायिकच्छेदोपस्थापनादिरूपं पञ्चधा वा, समाहारद्वन्द्वसमासः व्यवहारनिश्चयसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रं रत्नत्रयं साधयति स्वविषयीकरोति यः, च पुनः, स्वर्गमोक्षौ स्वर्गः सौधर्मादिकल्पः मोक्षः अष्टकर्मविप्रमुक्तः सिद्धपर्यायः तौ द्वौ स साधयति प्राप्नोति ॥२७८॥ अथ तत्त्वश्रवणमननभावनाधारणादिकर्तारः नराः दुर्लभा इत्यावेदयति—

है । यह एवंभूत नय परमार्थरूप है ॥ **भावार्थ**–जो वस्तु जिस समय जिस पर्याय रूप परिणत हो उस समय उसी रूपसे उसे ग्रहण करनेवाला नय एवंभूत है । जैसे स्वर्गका स्वामी जिस समय आनन्द करता हो उसी समय इन्द्र है, जिस समय वह सामर्थ्यशाली है उसी समय शक्र है और जिस समय वह नगरोंको उजाड़ रहा है उसी समय पुरन्दर है, यदि वह भगवानका अभिषेक या पूजन कर रहा है तो उसे इन्द्र वगैरह नहीं कह सकते । इसी तरह 'गौ' का अर्थ है जो चलनेवाली हो । तो जब गाय चलती हो तभी वह 'गौ' है, बैठी हुई हो या सोती हो तो उसे गौ नहीं कहना चाहिये । अथवा जिस समय जो आत्मा जिस ज्ञान रूप परिणत है उस समय उसे उसी रूपसे गृहण करना एवंभूत नय है । जैसे, इन्द्रको जाननेवाला आत्मा इन्द्र है और अग्निको जाननेवाला आत्मा अग्नि है । इसीसे इस नयको परमार्थ नय कहा है; क्योंकि यह यथार्थ वस्तु स्वरूपका ग्राहक है ॥ २७७ ॥ अब नयोंका उपसंहार करते हैं । **अर्थ**-इस प्रकार जो पुरुष नयोंके द्वारा लोकमें वस्तुका व्यवहार करता है वह पुरुष सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चरित्रको और स्वर्ग मोक्षको साधता है ॥ **भावार्थ**–उक्त प्रकारसे द्रव्यार्थिक तथा पर्यायार्थिक और उनके भेद नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ, एवंभूत नयोंसे तथा निश्चयनय और व्यवहार नयसे वस्तुतत्त्वको जानकर जो वस्तुका व्यवहार करता है, उसे ठीक रूपसे जानता तथा कहता है वही रत्नत्रयको तथा स्वर्ग मोक्षको प्राप्त करता है

१ ल ग लोयम्हि ।

विरला णिसुणहि[1] तच्चं विरला जाणंति तच्चदो तच्चं ।
विरला भावहि तच्चं विरलाणं धारणा[2] होदि ॥ २७९ ॥

[छाया–विरलाः निश्रृण्वन्ति तत्त्व विरलाः जानन्ति तत्त्वतः तत्त्वम् । विरलाः भावयन्ति तत्त्वं विरलाना धारणा भवति ॥] विरलाः स्वल्पाः केचन तत्त्ववेत्तारः भावधानाः सन्तः पुरुषाः तत्त्वं जीवादितत्त्वस्वरूपम् अतिशयेन श्रृण्वन्ति समाकर्णयन्ति । पुनः तत्त्वतः परमार्थतः परमार्थबुध्या कर्मक्षयबुध्या वा विरलाः स्वल्पतराः सम्यग्बोधमयान्तःकरणाः केचन नराः तत्त्वं जीवादिपदार्थस्वरूप जानन्ति विदन्ति । पूर्वं तत्त्वस्वरूप श्रुत्वा पश्चात् तज्जानन्तीत्यर्थः । पुनः विरलाः स्वल्पतराणा मध्ये स्वल्पतराः तुच्छाः पश्चषाः सम्यग्दृष्टयः तत्त्वं जीवादिस्वरूपं भावयन्ति भावनाविषयीकुर्वन्ति स्वतत्त्वपरतत्त्व श्रुत्वा ज्ञात्वा च पुद्गलादिकं त्यक्त्वा स्वस्वरूप शुद्धस्वरूप स्वतत्त्वम् अर्हदादिपरतत्त्वं वा ध्यायन्ति चिन्तयन्तीत्यर्थः । उक्तं च । श्लो० ॥ 'विद्यन्ते कति नात्मबोधविमुखाः सदेहिनो देहिनः, प्राप्यन्ते कतिचित् कदाचन पुनर्जिज्ञासमानाः क्वचित् । आत्मज्ञाः परमप्रमोदमुखिनः प्रोन्मीलदन्तर्दृशो, द्वित्राः स्युर्बहवो यदि त्रिचतुरास्ते पञ्चषा दुर्लभाः ॥' इति विरलाना सम्यग्भावितचित्ताना केषाचित्पुसा धारणा जीवादितत्त्वधारणा कालान्तरेणाविस्मरणं भवति ॥ २७९ ॥ अथ तत्त्वाना कथनेन ग्रहणादिना च तत्त्वज्ञातृत्व ज्ञापयति—

तच्चं कहिज्जमाणं णिच्चल-भावेण गिण्हदे जो हि ।
तं चिय भावेदि[3] सया सो वि य तच्चं वियाणेइ[4] ॥ २८० ॥

॥ २७८ ॥ आगे कहते हैं कि तत्त्वोंको सुनने, जानने, अवधारण करने और मनन करनेवाले मनुष्य दुर्लभ हैं । **अर्थ**–जगतमें विरले मनुष्य ही तत्त्वको सुनते हैं । सुननेवालोंमेंसे भी विरले मनुष्य ही तत्त्वको ठीक ठीक जानते हैं । जाननेवालोंमेंसे भी विरले मनुष्य ही तत्त्वकी भावना-सतत अभ्यास करते हैं । और सतत अभ्यास करनेवालोंमेंसे भी तत्त्वकी धारणा विरले मनुष्योंको ही होती है ॥ **भावार्थ**–संसारमें राग रंग और काम भोगकी बातें सुननेवाले बहुत हैं, किन्तु तत्त्वकी बात सुननेवाले बहुत कम हैं । राग रंगकी बातें सुननेके लिये मनुष्य पैसा खर्च करता है किन्तु तत्त्वकी बात मुफ्त भी सुनना पसन्द नहीं करता । यदि कुछ लोग भूले भटके या पुराने संस्कारवश तत्त्वचर्चा सुनने आ भी जाते हैं तो उनमेंसे अधिकांशको नींद आने लगती है, कुछ समझते नहीं हैं । अतः सुननेवालोंमेंसे भी कुछ ही लोग तत्त्वको समझ पाते हैं । जो समझते हैं वे भी अपनी गृहस्थी के मोहजालके कारण दिनभर दुनियादारीमें फंसे रहते हैं । अतः उनमेंसे भी कुछ ही लोग तत्त्वचर्चासे उठकर उसका चिन्तन-मनन करते हैं । चिन्तन मनन करनेवालोंमेंसे भी तत्त्वकी धारणा कुछको ही होती है । अतः तत्त्वको सुननेवाले, सुनकर समझनेवाले, समझकर अभ्यास करनेवाले और अभ्यास करके भी उसे स्मरण रखनेवाले मनुष्य उत्तरोत्तर दुर्लभ होते हैं । कहा भी है–'आत्म ज्ञानसे विमुख और सन्देहमें पड़े हुए प्राणी बहुत हैं । जिनको आत्माके विषयमें जिज्ञासा है ऐसे प्राणी क्वचित् कदाचित् ही मिलते हैं, किन्तु जो आत्मिक प्रमोदसे सुखी हैं तथा जिनकी अन्तर्दृष्टि खुली है ऐसे आत्मज्ञानी पुरुष दो तीन अथवा बहुत हुए तो तीन चार ही होते हैं, किन्तु पांचका होना दुर्लभ है ।' ॥ २७९ ॥ आगे कहते हैं कि तत्त्वको कौन जानता है । **अर्थ**–जो पुरुष गुरुओंके द्वारा

१ ल ग णिसुणदि । २ स धारणं । ३ ग तं चे भावेह । ४ ब वियाणेह (=दि ?) ।

[छाया-तत्त्वं कथ्यमानं निश्चलभावेन गृह्णाति यः हि । तत् एव भावयति सदा सः अपि च तत्त्वं विजानाति ॥] हि यस्मात् कारणात् स्फुटं वा । यो भव्यजीवः निश्चलभावेन दृढपरिणामेन कथ्यमानं गुर्वादिना प्रकाश्यमानं तत्त्वं जीवादिवस्तुस्वरूपं गृह्णाति श्रद्धाविषयीकरोति तदेव तत्त्वं सदा सर्वकालं भावयति अनुभवविषयीकरोति स्वतत्त्वं शुद्ध-बोधैकस्वरूपं परमानन्दैकरूपम् अर्हदादिस्वरूपं वा अनुभवति चिन्तयति ध्यायतीत्यर्थः । अपि च, विशेषतः ग्राहकः भावुकश्च पुमान् तत्त्वं जीवादिस्वरूपं जानाति सम्यग्ज्ञानविषयीकरोति ॥२८०॥ अथ युवत्यादीनां कः को वशो नास्तीत्यावेदयति—

को ण[1] वसो इत्थि-जणे कस्स[2] ण मयणेण खंडियं माणं ।
को इंदिएहिं ण जिओ को ण कसाएहि संतत्तो ॥२८१॥

[छाया-कः न वशः स्त्रीजने कस्य न मदनेन खण्डितः मानः । कः इन्द्रियैः न जितः कः न कषायैः संतप्तः ॥] कः संसारी जीवः स्त्रीजने वशो न स्त्रीजनस्य वशवर्ती न जायते इति न । 'कान्ताकनकचक्रेण भ्रामितं भुवनत्रयम्' इति वचनात् । तथा च। 'संसारम्मि हि विहिणा महिलारूवेण मंडियं पासं । वज्जति जाणमाला अयाणमाणा विवज्जंति ॥' इति वचनात् सर्वजनः स्त्रीणां वशवर्ती भवतीत्यर्थः । कस्यापि संसारिणः जीवस्य मानः मदनेन कन्दर्पेण न खण्डितः न दलितः न चूर्णीकृतः, अपि तु खण्डित एव । उक्तं च । 'मत्तेभकुम्भदलने भुवि सन्ति शूराः, केचित्प्रचण्डमृगराजवधेऽपि दक्षाः । किंतु ब्रवीमि बलिनां पुरतः प्रसह्य, कन्दर्पदर्पदलने विरला मनुष्याः ॥' कः पुनः संसारी जीवः इन्द्रियैः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रैः न जितः न पराभूतः अपि तु जित एव, मातङ्गमीनमधुकरपतङ्गकुरङ्गादयः स्पर्शनरसन-घ्राणचक्षुःश्रोत्रेण एकैकेन्द्रियेण पराभूताः दुःखीकृताः । तथा। 'कुरङ्गमातङ्गपतङ्गभृङ्गमीना हताः पञ्चभिरेव पञ्च।' इति । कः पुनः संसारी जीवः कषायैः क्रोधमानमायालोभैः न संतप्तः नरकादिदुःखतापं न नीतः, अपि तु संतप्त एव ।

कहे हुए तत्त्वको निश्चल भावसे ग्रहण करता है और सदा उसीको भाता है, वही तत्त्वको जानता है ॥ **भावार्थ-**गुरु वगैरहने जीवादि वस्तुका जो स्वरूप कहा है, जो भव्य जीव उसपर दृढ श्रद्धा रखकर सदा उसीका चिन्तन मनन करता रहता है वही अपने शुद्ध, बुद्ध, परमानन्दस्वरूपको जानता है। बिना दृढ़ श्रद्धा और सतत भावनाके सम्यग्ज्ञानकी प्राप्ति नहीं हो सकती ॥ २८० ॥ आगे प्रश्न करते हैं कि स्त्री के वशमें कौन नहीं । **अर्थ-**इस लोकमें स्त्रीजनके वशमें कौन नहीं है ? कामने किसका मान खण्डित नहीं किया ? इन्द्रियोंने किसे नहीं जीता और कषायोंसे कौन संतप्त नहीं हुआ ॥ **भावार्थ-**संसारमें सर्वत्र कामिनी और कंचनका साम्राज्य है । इसीसे एक कविने कहा है कि कान्ता और कंचनके चक्रने तीनों लोकोंको घुमा डाला है । अच्छे अच्छे ऋषियों और तपस्वियोंका मान मदन महाराजने चूर्ण कर डाला । तभी तो भर्तृहरिने कहा है-'संसारमें मदोन्मत्त हाथियोंका गण्डस्थल विदीर्ण करनेवाले शूरवीर पाये जाते हैं । कुछ भयंकर सिंहको मारनेमें भी दक्ष हैं । किन्तु मैं बलवानोंके सामने जोर देकर कहता हूं कि कामदेवका दर्प चूर्ण करनेवाले मनुष्य विरले हैं' । बेचारा हिरन एक कर्णेन्द्रियके वश होकर मारा जाता है, हाथी एक स्पर्शन इन्द्रियके कारण पकड़ा जाता है । पतङ्ग एक चक्षु इन्द्रियके कारण दीपक पर जल मरता है । भौंरा कमलकी सुगन्धसे आकृष्ट होकर उसीमें बन्द हो जाता है । और मछली स्वादके लोभसे वंसीमें फस जाती है । ये बेचारे एक एक इन्द्रियके वश होकर अपनी जान खोते हैं । तब पांचों इन्द्रियों चक्करमें पड़े हुए मनुष्यकी दुर्दशाका तो कहना ही क्या है ? फिर इन्द्रियोंके साथ साथ कषायोंकी प्रबलता भी

१ ब न । २ ग कस्से ।

क्रोधेन द्वीपायनवसिष्ठादयः, मानेन कौरवादयः, मायया मस्करीपूर्णादयः, लोभेन लोभदत्तश्रेष्ठयादयश्च दुःखीकृताः ॥२८१॥ अथाभ्यन्तरबाह्यपरिग्रहस्य परित्यागमाहात्म्यं विशदयति—

सो ण[1] वसो इत्थि-जणे[2] सो ण जिओ इंदिएहि मोहेण[3] ।
जो ण य गिण्हदि गंथं अब्भंतर[4]-बाहिरं सव्वं ॥२८२॥

[छाया—स न वशः स्त्रीजने स न जितः इन्द्रियैः मोहेन । यः न च गृह्णाति ग्रन्थम् आभ्यन्तरबाह्यं सर्वम् ॥] यः ज्ञानी निःस्पृही पुमान् ग्रन्थं, ग्रन्थाति बध्नाति कर्म वा संसारमिति ग्रन्थः तं ग्रन्थं, परिग्रहं सर्वं चतुर्विंशतिभेदभिन्नम्, आभ्यन्तरः, 'मिथ्यात्ववेदहास्यादिषट्कषायचतुष्टयम् । रागद्वेषौ च संगाः स्युरन्तरङ्गाश्चतुर्दश ॥' बाह्यः दशधा, 'क्षेत्रं वास्तु धनं धान्यं द्विपदं च चतुष्पदम् । यानं शय्यासनं कुप्यं भाण्डं चेति बहिर्दश ॥' तं सर्वं संगं ग्रन्थं परिग्रहं न गृह्णाति नाङ्गीकरोति न स्वीकरोति स योगी स्त्रीजने स्त्रीजनस्य वश्यो वशवर्ती न स्यात् । च पुनः, इन्द्रियैः स्पर्शनादीन्द्रियैः तद्विषयैश्च न जितः न पराभूतः न दुःखीकृतः । च पुनः, मोहेन मोहनीयकर्मणा मिथ्यात्वादिकषायाद्यष्टाविंशतिभेदभिन्नेन शरीरादौ ममत्वभावेन च न जितः न पराभूतः ॥२८२॥ अथ लोकानुप्रेक्षामाहात्म्यमुद्भावयति—

एवं लोय-सहावं जो झायदि उवसमेक्क[5]-सब्भावो ।
सो खविय कम्म-पुंजं तिल्लोय[6]-सिहामणी होदि ॥२८३॥[7]

[छाया—एवं लोकस्वभावं यः ध्यायति उपशमैकसद्भावः । स क्षपयित्वा कर्मपुञ्जं त्रिलोकशिखामणिः भवति ॥] एवं स्वामिकार्त्तिकेयोक्तद्वादशानुप्रेक्षासु मध्ये एवं पूर्वोक्तप्रकारेण यः भव्यवरपुण्डरीकः पुमान् लोकस्वभावं लोकानुप्रेक्षां ध्यायति चिन्तयति, स भव्यपुमान् उपशमैकस्वभावः उपशमैकपरिणामपरिणतः सन् शाम्यस्वस्वरूपपरमानन्दशुद्धबुद्धैकस्वरूपपरिणतः एकत्वं गतः सन् स पुमान् क्षपितकर्मपुञ्जं द्रव्यकर्मभावकर्मनोकर्मसमूहं यथा भवति तथा मूलोत्तरोत्तर-

कोढमें खाजका काम करती है । क्रोधसे द्वीपायन मुनिकी, मानसे कौरवोंकी, मायासे मक्खलिकी और लोभसे लोभी सेठकी जो दुर्दशा हुई वह पुराणोंमें वर्णित है । इस तरह सभी मनुष्य विषय-कषायोंमें सिरसे पैर तक डूबे हुए हैं । अतः ग्रन्थकार यह प्रश्न करते हैं कि आखिर इसका कारण क्या है ? क्यों ज्ञानीसे ज्ञानी और बलीसे बली मनुष्य भी इस फन्देमें पड़े हैं ? क्या कोई ऐसा भी है जो इस नाग-पाशसे बचा है ? ॥ २८१ ॥ आगे ग्रन्थकार उक्त प्रश्नका समाधान करते हैं । **अर्थ—**जो मनुष्य बाह्य और अभ्यन्तर, समस्त परिग्रहको ग्रहण नहीं करता, वह मनुष्य न तो स्त्रीजनके वशमें होता है और न मोह तथा इन्द्रियोंके द्वारा जीता जा सकता है ॥ **भावार्थ—**परिग्रहको ग्रन्थ कहते हैं क्योंकि वह प्राणीको संसारसे बांधती है । उसके दो भेद हैं—अन्तरंग और बाह्य । अन्तरंग परिग्रहके चौदह भेद हैं—मिथ्यात्व, वेद, हास्य, रति अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, चार कषाय, राग और द्वेष । तथा बाह्य परिग्रहके दस भेद हैं—खेत, मकान, पशु, धन, धान्य, सोना, चाँदी, दास, दासी, वस्त्र, बरतन वगैरह । जो मनुष्य इन परिग्रहोंके चक्करमें नहीं पड़ा, अर्थात् जो अन्दर और बाहरसे निर्ग्रन्थ है वह स्त्री, मोह, और इन्द्रियोंके वशमें नहीं होता ॥ २८२ ॥ आगे लोकानुप्रेक्षाका महात्म्य बतलाते हैं । **अर्थ—**जो पुरुष उपशम परिणामरूप परिणत होकर इस प्रकार लोकके स्वरूपका ध्यान करता है वह कर्मपुंजको नष्ट करके उसी लोकका शिखामणि होता है ॥ **भावार्थ—**स्वामिकार्तिकेय मुनिके द्वारा कही गई बारह

---

१ ब न । २ ब एत्थ-जणे, स एत्थि जणे, ग एत्थ जए । ३ ब मोहेहि । ४ ग गिण्णदि गंथं अब्भितर । ५ ब उवसमेक, म उवसमिक्क । ६ ल म स ग तस्सेव । ७ ब इति लोकानुप्रेक्षा समाप्तः ॥१०॥ जीवो इत्यादि ।

कर्मराशिं क्षपित्वा तस्यैव* लोकस्य शिखामणिः शिरोरत्नं चूडामणिः सिद्धपर्यायो भवति । त्रैलोक्यशिखरे तनुवातोऽस्ति तन्मध्ये सम्यक्त्वाद्यष्टगुणविराजमानः सिद्धस्वरूपो भवतीत्यर्थः ॥ २८३ ॥

ख्यातः श्रीसकलादिकीर्तिमुनिपः श्रीमूलसंघेऽग्रणीः, तत्पट्टे भुवनादिकीर्तिगुणभृत् श्रीज्ञानभूषस्ततः ।
तत्पट्टे विजयादिकीर्तिरभवत् श्रीमच्छुभेन्दुस्ततः, तेनाकारि वराग्रहात् सुमतिसत्कीर्तेः सुटीकेयमा ॥ १ ॥
कार्तिकेयमृखाज्जाताऽनुप्रेक्षा क्षितकिल्बिषा । सल्लोकभावनाटीका तत्र जीयाच्चिरं शुभा ॥ २ ॥

सुशुभचन्द्रकृता समभिग्रहात् सुमतिकीर्तियतेर्वरयोगिनः ।
जयतु वै वरवृत्तिरियं सदा त्रिभुवनस्य सुभावनभाविता ॥ ३ ॥

इति षड्भाषाकविचक्रवर्तित्रैविद्यविद्येश्वरभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितायां
लोकानुप्रेक्षाटीकायां लोकानुप्रेक्षाप्रतिपादको
दशमोऽधिकारः समाप्तः ॥ १० ॥

[११. बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा]

बोधेन दुर्लभत्वं यो व्यनक्ति विशदो जनान् । तं सुबोधं सदा नौमि जिनं निर्जितकिल्बिषम् ॥
अथ बोधिदुर्लभां स्वामिश्रीकार्त्तिकेयः वक्तुकामः जीवानामनन्तकालं निगोदवासित्वमाचष्टे–

जीवो अणंत-कालं वसइ णिगोएसु आइ-परिहीणो ।
तत्तो णिस्सरिदूणं पुढवी-कायादिओ[1] होदि ॥ २८४ ॥

[छाया–जीवः अनन्तकालं वसति निगोदेषु आदिपरिहीनः । ततः निःसृत्य पृथ्वीकायादिकः भवति ॥] वसति तत् तत् निगोदपर्यायेण तिष्ठति । कः । जीवः संसारी आत्मा । क्व । निगोदेषु नि नियता गामनन्तसंख्याविच्छिन्नाना जीवानां गां क्षेत्रं ददातीति निगोदम् । निगोदं शरीरं येषा ते निगोदाः । निकोता वा साधारणजीवाः । उक्तं च । "साहारणमाहारो साहारणमाणपाणगहणं च । साहारणजीवाणं साहारणलक्खणं एवं ॥ १ ॥ गूढसिरसंधिपव्वं समभंगमहीरुहं च छिण्णरुहं । साहारणं सरीरं तव्विवरीयं च पत्तेयं ॥२॥ कंदे मूले छल्लीपवालसालदलकुसुमफलबीए । समभंगे तदणंता विसमे सदि होंति

अनुप्रेक्षाओंमेंसे लोकानुप्रेक्षाका कथन करते हुए जो लोकका स्वभाव बतलाता है, जो पुरुष साम्य भाव रखकर उसका चिन्तन करता रहता है, वह मनुष्य क्रमशः सब कर्मोंको नष्ट करके लोकके शिखरपर स्थित सिद्धस्थानमें जाकर विराजमान हो जाता है, यानी उसे सिद्धपर्याय प्राप्त हो जाती है ॥ २८३ ॥ इति लोकानुप्रेक्षा ॥ १० ॥

अब स्वामी कार्तिकेय बोधिदुर्लभ अनुप्रेक्षाको कहते हुए, जीवोंको अनन्त कालतक निगोदमें वास बतलाते हैं ! **अर्थ–**यह जीव अनादिकालसे लेकर अनन्तकालतक तो निगोदमें रहता है। वहांसे निकलकर पृथिवीकाय आदिमें जन्म लेता है ॥ **भावार्थ–**अंगुलके असंख्यातवें भाग क्षेत्रमें जो अनन्त-जीवोंको स्थान देता है उसे निगोद कहते हैं । निगोदिया जीवोंको साधारण जीव भी कहते हैं; क्यों कि एक निगोदिया शरीरमें बसनेवाले अनन्त जीवोंका आहार, श्वासोच्छ्वास वगैरह साधारण होता है । अर्थात् उन सब जीवोंका एक शरीर होता है, एक साथ सब आहार ग्रहण करते हैं, एक साथ सब श्वास लेते हैं । और एक साथही मरते और जन्म लेते हैं । सनिगोदके दो भेद हैं–नित्यनिगोद

१ ब-प्रतौ 'आ इति कोमलालापे अतिशयेन वा' इति पत्रान्ते लिखितम् । २ ल म स ग णीसरिऊणं पुढवी काया[इ]यो।

पत्तीया ॥३॥" इति । तेषु निगोदेषु साधारणजीवेषु अनन्तकायिकेषु जीवो वसति । कियत्कालम् । अनन्तकालम् । नित्यनिगोदापेक्षयानन्तानन्तातीताकालपर्यन्तं चतुर्गतिनिगोदापेक्षया अर्धतृतीयपुद्गलपरिवर्तनकालपर्यन्तम् । ननु निगोदेषु एतावत्कालपर्यन्तं स्थितिमान् जीवः एतावत्कालपरिमाणायुः किं वा अन्यदायुः इत्युक्ते प्राह । 'आ उपरिहीणो' इति आयुः परिहीनः उच्छ्वासाष्टदशैकभागलक्षणान्तर्मुहूर्तः स्वल्पायुर्विशिष्टः प्राणी । अथवा आदिपरिहीण इति पाठे आदिपरिहीनः सदैव नित्यनिगोदवासित्वादादिरहितः । तथा चोक्तम् । "अत्थि अणंता जीवा जेहिं ण पत्तो तसाण परिणामो । भावकलंकसुपउरा णिगोदवासं ण मुंचंति ॥" इति । ततः निगोदेभ्यः निःसृत्य निर्गत्य पृथ्वीकायिको जीवो भवति । आदिशब्दात् अप्कायिक तेजस्कायिकवनस्पतिकायिका गृह्यन्ते ॥२८४॥ अथ तत्र पृथ्व्यादिषु स्थितिकालं त्रसत्वं च दुर्लभमित्यावेदयति–

तत्थ वि असंख-कालं बायर-सुहुमेसु कुणइ[1] परियत्तं ।
चिंतामणि व्व दुलहं तसत्तणं लहदि[2] कट्ठेण ॥२८५॥

[छाया–तत्र अपि असंख्यकाल बादरसूक्ष्मेषु करोति परिवर्तम् । चिन्तामणिवत् दुर्लभं त्रसत्वं लभते कष्टेन ॥] तत्रापि पृथिवीकायिकाप्कायिकतेजस्कायिकवायुकायिकवनस्पतिकायिकेषु । कथंभूतेषु । बादरेषु स्थूलेषु सूक्ष्मेषु पृथ्वीकायादिना स्खलनादिरहितेषु च । असंख्यकालम् असंख्यातकालं परिवर्तनं परिभ्रमणं जीवः करोति । तथा चोक्तम् । कष्टेन अतिबहुतरकालेन ततः पृथ्वीकायादिपञ्चस्थावरेभ्यः निर्गत्य त्रसत्वं द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियलक्षणं लभते प्राप्नोति । कीदृशं तत् । दुर्लभं दुःप्राप्यं त्रसत्वं भावकोटिभिर्न प्राप्यते त्रसत्वमित्यर्थः । कमिव । चिन्तामणिवत् यथा चिन्तामणिरत्नं दुःप्राप्यं तथा त्रसत्वं जीवस्य दुर्लभं भवति ॥ अथ त्रसेषु स्थितिकाल पञ्चेन्द्रियत्वं दुर्लभमित्यावेदयति—

वियलिंदिएसु जायदि तत्थ वि अच्छेदि पुव्व-कोडीओ ।
तत्तो णिस्सरिदूणं[3] कहमवि[4] पंचिंदिओ[5] होदि ॥२८६॥

और चतुर्गतिनिगोद । जो जीव अनादिकालसे निगोदमें पडे हुए हैं वे नित्यनिगोदिया कहे जाते हैं । और जो त्रस पर्याय प्राप्त करके निगोदमें जाते हैं उन्हें चतुर्गति निगोदिया कहते हैं । नित्यनिगोदमें तो जीव अनादिकालसे अनन्तकालतक रहता है । गोम्मटसारमें कहा है–'ऐसे अनन्त जीव हैं जिन्होंने त्रस पर्याय प्राप्त नहीं की । उनके भावकर्म बहुत निबिड होते हैं इसलिये वे निगोदको नहीं छोडते' । नित्य निगोदसे निकलनेके विषयमें दो मत पाये जाते हैं । एक मतके अनुसार तो नित्य निगोदिया जीव सदा निगोदमें ही रहता है और वहांसे नहीं निकलता । दूसरे मतके अनुसार जबतक उसके भावकर्म निबिड रहते हैं तबतक नहीं निकलता । भावकर्मके कुछ शिथिल होते ही निकल आता है । स्वामीकार्त्तिकेयका मतभी यही जान पडता है । अतः वे कहते हैं कि प्रथम तो जीवका अनन्तकाल निगोदमें बीतता है । वहांसे निकलकर वह पृथिवीकाय वगैरहमें जन्म लेता है । अतः अज्ञानीका अज्ञानीही बना रहता है ॥ २८४ ॥ आगे त्रस पर्यायकी दुर्लभता बतलाते हैं । **अर्थ–**वहां भी असंख्य कालतक बादर और सूक्ष्म कायमें परिभ्रमण करता है । फिर चिन्तामणि रत्नकी तरह दुर्लभ त्रस पर्यायको बड़ी कठिनतासे प्राप्त करता है ॥ **भावार्थ–**निगोदसे पृथिवी काय वगैरहमें जन्म लेनेपरभी त्रस पर्याय आसानीसे नहीं मिलती । असंख्यात कालतक बादर और सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवोंमें ही भटकता है । फिर कहीं बडी कठिनाईसे त्रस पर्याय मिलती है ॥ २८५ ॥ आगे कहते हैं कि त्रस पर्याय पाकर भी पञ्चेन्द्रिय होना दुर्लभ है । **अर्थ–**एकेन्द्रिय पर्यायसे निकलकर विकलेन्द्रियोंमें जन्म

१ ल कुणय (कुणिय?) । २ ब लहइ । ३ ब णिसरि°, ल म स ग णीसरिऊणं । ४ ब कहमिवि । ५ ब पंचिदियो, ल म पंचेंदिओ, ग पंचंदिओ ।

[छाया-विकलेन्द्रियेषु जायते तत्र अपि आस्ते पूर्वकोटयः । ततः निःसृत्य कथमपि पञ्चेन्द्रियः भवति ॥] विकलेन्द्रियेषु द्वित्रिचतुरिन्द्रियेषु जायते उत्पद्यते तत्रापि द्वित्रिचतुरिन्द्रियेषु पूर्वकोटयः जीवः आस्ते तिष्ठतीत्यर्थः । तथा चोक्तं च (?) तत्तो तेभ्यः विकलत्रयेभ्यः निःसृत्य निर्गत्य कथमपि महता कष्टेन पञ्चेन्द्रियो जीवो भवति ॥ २८६ ॥ अथामनस्कसमनस्कपञ्चेन्द्रियत्वं दुर्लभं दर्शयति—

सो वि मणेण विहोणो ण य अप्पाणं परं पि[1] जाणेवि ।
अह मण-सहिवो[2] होवि हु तह वि तिरिक्खो[3] हवे रुद्दो ॥ २८७ ॥

[छाया-सः अपि मनसा विहीनः न च आत्मानं परम् अपि जानाति । अथ मनःसहितः भवति खलु तथापि तिर्यक् भवेत् रुद्रः ॥] सोऽपि पञ्चेन्द्रियो जीवः मनसा विहीनः द्रव्यभावमनसा चित्तेन विहीनः रहितः शिक्षालापादिग्रहणरहितः असंज्ञी जीवः सन् आत्मानं शुद्धबोधमयं अपिशब्दात् परमपि अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुप्रवचनदशलाक्षणिकधर्मादिकवचनं न जानाति न वेत्तीत्यर्थः । अह अथवा, हु इति वितर्के, कदाचित् महता कष्टेन मनःसहितः मनसा चेतसा युक्तः संज्ञी पञ्चेन्द्रियो जीवो भवति । तथापि संज्ञिपञ्चेन्द्रिये सत्यपि तिर्यङ् रुद्रः क्रूरः मार्जारमूषकबकगृध्रसर्पनकुलव्याघ्रसिंहमत्स्यादिरूपो भवेत् ॥ २८७ ॥ अथ तस्य नरकपातादिकं दर्शयति—

सो तिव्व-असुह-लेसो णरये[4] णिवडेइ[5] दुक्खवे भीमे ।
तत्थ वि दुक्खं भुंजदि सारीरं माणसं पउरं ॥ २८८ ॥

[छाया-स तीव्र अशुभलेश्यः नरके निपतति दुःखदे भीमे । तत्रापि दुःखं भुङ्क्ते शारीरं मानसं प्रचुरम् ॥] सो स तिर्यङ् क्रूरजीवः नरकं रत्नप्रभादिकं प्रति निपतति तत्रावतरतीत्यर्थः । कीदृक् सन् । तीव्राशुभलेश्यः, कषायपरिणता

लेता है। वहांभी अनेक पूर्वकोटि काल तक रहता है। वहांसे निकलकर जिस किसी तरह पञ्चेन्द्रिय होता है॥ **भावार्थ**-एकेन्द्रियसे दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय और चौइन्द्रिय होकर पञ्चेन्द्रिय होना दुर्लभ है। यदि विकलेन्द्रियसे पुनः एकेन्द्रिय पर्यायमें चला गया तो फिर बहुत काल तक वहाँसे निकलना कठिन है। अतः त्रस होकरभी पञ्चेन्द्रिय होना दुर्लभ है ॥ २८६ ॥ आगे कहते हैं कि पञ्चेन्द्रियोंमेंभी सैनी पञ्चेन्द्रिय आदि होना दुर्लभ है। **अर्थ**-विकलत्रयसे निकलकर पञ्चेन्द्रिय भी होता है तो मनरहित असैनी होता है। अतः आपको और परको नहीं जानता। और जो कदाचित् मनसहित सैनी भी होता है तो रौद्र परिणामी तिर्यञ्च होता है ॥ **भावार्थ**-यदि पञ्चेन्द्रिय पर्याय भी प्राप्त कर लेता है तो असंज्ञी होनेके कारण बातचीत, उपदेश वगैरह नहीं समझ सकता। अतः न तो स्वयं अपनेको जानता है और न अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, साधु, आगम, धर्म वगैरहको ही जानता है। कदाचित् जिस किसी तरह संज्ञी पञ्चेन्द्रिय भी होता है तो बिलाव, चूहा, भेड़िया, गृद्ध, सर्प, नेवला, व्याघ्र, सिंह, मगर, मच्छ आदि क्रूर तिर्यञ्च हो जाता है। अतः सदा पापरूप परिणाम रहते हैं ॥२८७॥ आगे कहते हैं कि वह नरकमें चला जाता है। **अर्थ**-सो तीव्र अशुभ लेश्यासे मरकर वह क्रूर तिर्यञ्च दुःखदायी भयानक नरकमें चला जाता है। वहाँ प्रचुर शारीरिक तथा मानसिक दुःख भोगता है ॥ **भावार्थ**-कषायके उदयसे रंगी हुई मन, वचन और कायकी प्रवृत्तिको लेश्या कहते हैं। तथा क्रोध, मान, माया और लोभको कषाय कहते हैं। प्रत्येक कषाय चार प्रकारकी होती है। उसमेंसे पत्थरकी

१ स वि । २ ब सहिदो (?), ल म ग सहिओ ३ ल म ग तिरक्खो । ४ ब ल म ग णरयं, स णरये (?), [णरयम्मि पडेइ] । ५ म णिवडेदि ।

योगप्रवृत्तिर्लेश्या, तीव्राः पाषाणभेदस्तम्भवेणुमूललाक्षारङ्गोपमादिभागाविष्टाः अशुभाः कृष्णनीलकपोतलक्षणाः लेश्याः। कषायपरिणतयोगपरिणामा यस्य स तथोक्तः। तत्थ वि तत्रापि रत्नप्रभादिनरके भुनक्ति भुङ्क्ते। किं तत्। दुःखम्। कीदृक्षम्। शारीरं शरीरोद्भवं शीतोष्णक्षुत्तृषापञ्चकोट्यष्टषष्टिलक्षनवनवतिसहस्रपञ्चशतचतुरशीतिव्याध्यादिजं मानसं मनसोद्भवं दुष्टकषायकलुषीकृतचित्तपरिणामजातम्। च पुनः, प्रचुरं छेदनभेदनक्रकचनविदारणपीलनकुम्भीपाकपचनशूलारोपणखड्गधारासूचिसदृशभूमिस्पर्शवैतरणीस्नानपरस्परकृतघातासुरोदीरितादिदुःखम्। कथंभूते नरके। दुःखदे दुःखदायिनि। पुनः कीदृक्षे। भीमे रौद्रे घोरतरे दुःखदे नरके ॥ २८८ ॥ अथ ततो निस्सरणं तिर्यग्गतिप्राप्तिं च विवृणोति—

तत्तो णिस्सरिदूणं[1] पुणरवि तिरिएसु जायदे पावो[2]।
तत्थ वि दुक्खमणंतं विसहदि जीवो अणेयविहं ॥ २८९ ॥

[छाया-ततः निःसृत्य पुनरपि तिर्यक्षु जायते पापः। तत्र अपि दुःखमनन्तं विषहते जीवः अनेकविधम् ॥] ततः रत्नप्रभादिनरकात् निःसृत्य पुनरपि नरकगतेः पूर्वं तिर्यङ् ततो निर्गतोऽपि तिर्यक्षु जायते मृगपशुपक्षिजलचरादिषु उत्पद्यते। पापम् अधर्मं यथा भवति तथा। तत्थ वि तत्रापि तिर्यग्गतावपि विषहते विशेषेण सहते क्षमते। कः। जीवः संसारी प्राणी तिर्यङ्। किं तत्। दुःखं अशर्म। कियन्मात्रम्। अनन्तं क्षुधातृषाभारारोपणदोहनशीतोष्णाद्यन्तरहितम्। पुनः कियत्प्रकारम्। अनेकविधं छेदनभेदनताडनतापनमरणादिपरस्परगलनाद्यनेकप्रकारम् ॥ २८९ ॥ अथ मनुष्यत्वं दुर्लभं सदृष्टान्तं दर्शयति—

रयणं चउप्पहे[3] पिव मणुयत्तं सुट्ठु दुल्लहं लहिय[4]।
मिच्छो हवेइ जीवो तत्थ वि पावं समज्जेवि ॥ २९० ॥

लकीरके समान क्रोध, स्तम्भकी तरह कभी न नमनेवाला मान, बांसकी जड़की तरह माया और लाखके रंगकी तरह कभी न मिटनेवाला लोभ अति अशुभ होता है अतः ऐसी कषायके उदयमें कृष्ण, नील और कापोत नामकी तीन अशुभ लेश्याएं ही होती हैं। इन अशुभ लेश्याओंसे मरकर वह क्रूर तिर्यञ्च रत्नप्रभा आदि नरकोंमें जन्म लेता है। वहाँ भूख, प्यास, शीत, उष्णके कष्टके साथही साथ, छेदना, भेदना, चीरना, फाड़ने आदिका कष्ट भोगता है; क्योंकि नारकी जीव परस्परमें एक दूसरेको अनेक प्रकारसे कष्ट देते हैं। कोल्हूमें पेलना, भाड़में भूजना, पकाना, शूलोंपर फेंक देना, तलवारके धारके समान नुकीले पत्तेवाले वृक्षोंके नीचे डाल देना, सुईकी नोकके समान नुकीली घासवाली जमीनपर डालकर खींचना, वैतरणी नदीमें डालना तथा अपनी विक्रियासे निर्मित अस्त्रशस्त्रोंसे परस्परमें मारना आदिके द्वारा बड़ा कष्ट पाते हैं। इसके सिवा तीसरे नरक तक असुर कुमार जातिके देव भी कष्ट पहुंचाते हैं। इस तरह नरकमें जाकर वह जीव बड़ा कष्ट भोगता है ॥ २८८ ॥ आगे कहते हैं कि नरकसे निकलकर पुनः तिर्यञ्च होता है। **अर्थ**—नरकसे निकालकर फिरभी तिर्यञ्च गतिमें जन्म लेता है और पापपूर्वक वहां भी अनेक प्रकारका अत्यन्त दुःख सहता है॥ **भावार्थ**-रत्नप्रभा आदि भूमिसे निकलकर यह जीव फिर भी तिर्यञ्च गतिमें जन्म लेता है। अर्थात् तिर्यञ्चगतिसे ही नरकमें गया था और नरकसे निकलकर भी तिर्यञ्चही होता है। तिर्यञ्च गतिमेंभी भूख, प्यास, शीत, उष्ण, भारवहन, छेदन, भेदन, ताड़न मारण आदिका महा दुःख सहना पड़ता है॥ २८९ ॥ आगे मनुष्यपर्यायकी दुर्लभता दृष्टान्तपूर्वक बतलाते हैं। **अर्थ**—जैसे चौराहेपर गिरे हुए रत्नका हाथ आना

१ ल म स ग णीसरिऊणं। २ ब पावो (?), ल स ग पावं, म पाउं। ३ ब चउप्पहवो। ४ ब लहिवि।

[छाया-रत्नं चतुष्पथे इव मनुजत्वं सुष्ठु दुर्लभं लब्ध्वा । म्लेच्छः भवति जीवः तत्र अपि पापं समर्जयति ॥] जीवः आत्मा मिथ्यादृष्टिम्लेच्छः म्लेच्छखण्डोद्भवः पञ्चाशदधिकाष्टशतम्लेच्छखण्डोद्भवः अनार्यदेशोत्पन्नो वा भवेत् । किं कृत्वा । पूर्वं लहिय लब्ध्वा प्राप्य । किं तत् । मनुष्यत्वं नरत्वम् । कीदृशम् । सुष्ठु अतिशयेन दुर्लभं दुःप्राप्यं चुल्लकपाशकादि दशदृष्टान्तेन दुरवापम् । क्व किमिव । चतुःपथे रत्नमिव यथा चतुष्पथे रत्नं दुर्लभं दुःप्राप्यं तथा मनुष्यत्वं दुर्लभम् । तत्रापि म्लेच्छजन्मनि समर्जयति समुपार्जयति । किं तत् । पापं दुरितं व्यसनादिकेन पापाचरणं चरति ॥ २९० ॥ अथार्यखण्डादिषु उत्तरोत्तरदुर्लभत्वं गाथाषट्केनाह—

अह लहदि[१] अज्जवत्तं[२] तह ण वि पावेइ उत्तमं गोत्तं ।
उत्तम-कुले वि पत्ते धण-हीणो जायदे जीवो ॥ २९१ ॥

[छाया-अथ लभते आर्यावर्तं तथा न अपि प्राप्नोति उत्तमं गोत्रम् । उत्तमकुले अपि प्राप्ते धनहीनः जायते जीवः ॥] अथ अथवा लभते प्राप्नोति । किं तत् । आर्यखण्डम्, अर्यते[३] गम्यते सेव्यते गुणैर्गुणवद्भिर्वासौ आर्याः उत्तमपुरुषस्तीर्थकरचक्रवर्त्यादिलक्षणः तद्वत् क्षेत्रम् आर्यखण्डमित्यर्थः । तत्रार्यखण्डे नापि प्राप्नोति न लभते । किं तत् । उत्तमं गोत्रं महाव्रतप्राप्तियोग्यं मोक्षसाधनयोग्यं च क्षत्रियादिकुलम् । तथा कदाचित् उत्तमकुले प्रशस्तकुले ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यकुले प्राप्ते संपन्ने जायते उत्पद्यते । कः । जीवः । कीदृक्षः । धनहीनः धनधान्यसुवर्णगृहरत्नमुक्ताफलगजाश्वगोमहिषीवस्त्राभरणादिरहितः दरिद्रो जीवः ॥ २९१ ॥

अह धण-सहिदो[४] होदि हु इंदिय-परिपुण्णदा तदो दुलहा ।
अह इंदिय-संपुण्णो तह वि सरोओ हवे देहो ॥ २९२ ॥

[छाया-अथ धनसहितः भवति खलु इन्द्रियपरिपूर्णता ततः दुर्लभा । अथ इन्द्रियसंपूर्णः तथापि सरोगः भवेत् देहः ॥] अथ अथवा, हु इति स्फुटं, कदाचित् धनसहितः धनाढ्यो महर्द्धिको भवति । ततः धनयुक्तत्वेऽपि इन्द्रियपरि-

दुर्लभ है वैसे ही मनुष्यभव भी अत्यन्त दुर्लभ है । तिर्यञ्च पर्यायसे निकलकर और अत्यन्त दुर्लभ मनुष्यभवको पाकर भी यह जीव मिथ्यादृष्टि म्लेच्छ होकर पापका उपार्जन करता है **भावार्थ-**मनुष्यभव पाकरभी यदि मिथ्यादृष्टि हुआ और म्लेच्छ खण्डोंमें जन्म लिया तो पापही करता है ॥ २९० ॥ आगे आर्य खण्ड वगैरहकी उत्तरोत्तर दुर्लभता बतलाते हैं । **अर्थ-**यदि कदाचित् आर्यखण्डमें जन्म लेता है तो उत्तम कुल पाना दुर्लभ है । कदाचित् उत्तम कुल भी मिला तो धनहीन दरिद्री होता है ॥ **भावार्थ-**जो गुणोंसे अथवा गुणवानोंसे सेवित होते हैं अर्थात् जो स्वयं गुणी होते हैं तथा गुणवानोंकी संगतिमें रहते हैं उन्हें आर्य कहते हैं । आर्य अर्थात् तीर्थङ्कर चक्रवर्ती आदि उत्तम पुरुष जिस भूमिमें जन्म लेते हैं वह भूमि आर्यखण्ड कही जाती है । यदि मनुष्यभव पाकर वह जीव आर्यखण्डका मनुष्य हुआ और महाव्रतकी प्राप्तिके योग्य अथवा मोक्ष साधनके योग्य उत्तम क्षत्रिय आदिका कुल नहीं पाया तो भी मनुष्यभव पाना व्यर्थ हुआ । तथा ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यका प्रशस्त कुल पाकर भी यदि धनधान्यसे रहित दरिद्री हुआ तो भी जीवन कष्टमेंही बीतता है ॥ २९१ ॥ **अर्थ-**अथवा धनसम्पन्न भी हुआ तो इन्द्रियोंकी पूर्णताका पाना दुर्लभ है । कदाचित् इन्द्रियां भी पूर्ण हुई और शरीर रोगी हुआ तौ भी सब व्यर्थ है ॥ **भावार्थ-**कदाचित् धनाढ्य भी हुआ तो हाथ पैरसे ठीक होना, अर्थात् अपंग, अन्धा वगैरह न होना कठिन है । कदाचित् शरीर अविकल हुआ और आँख नाक कान वगैरह

१ ल म ग लहइ, स लहई । २ ब अजवंत्त, ल म ग अजवंत्त, स अज्जेवंत्त, [अज्जवत्तं] । ३ ग आर्यते । ४ ल म सहिओ, ग सहिउ ।

पूर्णता चक्षुर्घ्राणश्रोत्रहस्तपादादिना हीनाङ्गतारहितता इन्द्रियाणां पटुत्वं दुर्लभा दुःप्राप्या। अथ अथवा इन्द्रियसंपूर्णः स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रहस्तपादाङ्गुल्याद्यवयवसंपूर्णः। तह वि तथापि इन्द्रियपटुत्वे सति देहः शरीरं सरोगः ज्वरभगन्दरकुठोदरकुक्षिशिरोरोगकुष्ठसंनिपातप्लीहपाठादिव्याधिसयुक्तो भवेत् ॥ २९२ ॥

अह णीरोओ होदि हु तह वि ण पावेदि[4] जीवियं सुइरं[3] ।
अह चिर-कालं जीवदि तो सीलं[5] णेव पावेदि[5] ॥ २९३ ॥

[छाया-अथ नीरोगः भवति खलु तथापि न प्राप्नोति जीवितं सुचिरम्। अथ चिरकालं जीवति तत् शीलं नैव प्राप्नोति ॥] अथ अथवा, हु इति कदाचित्, अव्ययानामनेकार्थत्वात्, नीरोगो जातः रोगरहितो भवति। तथापि सुचिरं जीवितव्यमायुर्न प्राप्नोति। अथ अथवा चेत् चिरकालं कोटिपूर्वादिपर्यन्तं जीवति प्राणधारणं विदधाति तो तर्हि शीलं ब्रह्मचर्यलक्षणं व्रतप्रतिपालनस्वभावं च नैव प्राप्नोति ॥ २९३ ॥

अह होदि सील-जुत्तो[6] तो[7] वि ण पावेइ साहु-संसग्गं ।
अह तं पि कह वि पावदि सम्मत्तं तह वि अइदुलहं ॥ २९४ ॥

[छाया-अथ भवति शीलयुक्तः ततः अपि न प्राप्नोति साधुसंसर्गम्। अथ तम् अपि कथमपि प्राप्नोति सम्यक्त्वं तथापि अतिदुर्लभम् ॥] अथ अथवा कथमपि यदि शीलयुक्तः ब्रह्मचर्यविशिष्टो वा उत्तमस्वभावसंयुक्तो वा गुणव्रतत्रयशिक्षाव्रतचतुष्कशीलसप्तकसंयुक्तो भवति। तथापि तर्हि पि साधुससर्गं साधूनां रत्नत्रयसाधकानां योगिनां संसर्गः संयोगः गोष्ठिः तं न प्राप्नोति न लभते। अथ यदि तमपि साधुसंसर्गं कथमपि प्राप्नोति तथापि सम्यक्त्वं तत्त्वश्रद्धानलक्षणं व्यवहारसम्यक्त्वं निश्चयसम्यक्त्वं च अतिदुर्लभं दुःप्राप्यं भवति ॥ २९४ ॥

सम्मत्ते वि य लद्धे चारित्तं णेव गिण्हदे[8] जीवो[9] ।
अह कह वि तं पि गिण्हदि तो पालेदुं ण सक्केदि ॥ २९५ ॥

[छाया-सम्यक्त्वे अपि च लब्धे चारित्रं नैव गृह्णाति जीवः। अथ कथमपि तत् अपि गृह्णाति तत् पालयितुं न शक्नोति ॥] अपि च विशेषे। कदाचिद् वत. इति पदं सर्वत्र योज्यम्। सम्यक्त्वे लब्धे सम्यग्दर्शने प्राप्ते सति जीवः आत्मा चारित्रं त्रयोदशप्रकारं सर्वसावद्यविरतिलक्षणं सामायिकादिपञ्चप्रकारं वा निश्चयव्यवहारात्मकं च नैव गृह्णाति। अथ यदि कथमपि महता कष्टेन तदपि चारित्रं कदाचिद्दैवयोगतः गृह्णाति, तो तर्हि तत् चारित्रं पालयितुं रक्षितुं न शक्नोति न समर्थो भवति। रुद्रवरत्रादिमुनिवत् ॥ २९५ ॥

[10]रयणत्तये वि लद्धे तिव्व-कसायं करेदि जइ जीवो ।
तो दुग्गईसु गच्छदि पणट्ठ-रयणत्तओ होउं[11] ॥ २९६ ॥

भी ठीक हुए तो नीरोग शरीर मिलना दुर्लभ है क्योंकि मनुष्यशरीर ज्वर, भगंदर, कुष्ठ, जलोदर, प्लीहा, सन्निपात आदि व्याधियोंका घर है ॥ २९२ ॥ **अर्थ**-अथवा कदाचित् नीरोग भी हुआ तो लम्बी आयु नहीं पाता, अर्थात् जल्दी ही मर जाता है। अथवा कदाचित् लम्बी आयु भी पाई तो उत्तम स्वभावरूप शीलको नहीं पाता ॥ २९३ ॥ **अर्थ**-कदाचित् उत्तम स्वभावरूप शीलको पाता भी है तो रत्नत्रयके साधक साधुजनोंकी संगति नहीं मिलती। यदि किसी प्रकार साधु संगतिका लाभ भी हो जाता है तो तत्त्वार्थश्रद्धानरूप सम्यक्त्वका पाना अति दुर्लभ है ॥ २९४ ॥ **अर्थ**-दैववश कदाचित् सम्यक्त्वको प्राप्त भी करले तो चारित्रको ग्रहण नहीं करता। और कदाचित् दैवयोगसे चारित्र ग्रहण भी करले तो उसे पालनेमें असमर्थ होता है ॥ २९५ ॥ **अर्थ**-कदाचित् सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और

---

१ प कुठदर। २ ल स ग पावेइ। ३ ब स सुयरं। ४ ब ग शीलं। ५ ल स ग पावेइ। ६ ग शीलयुत्तो। ७ ल म स ग तह वि। ८ ब गिन्हदे, गिन्हदी। ९ ग जीओ। १० प रयणत्तए। ११ ब होउ (?)।

[छाया–रत्नत्रये अपि लब्धे तीव्रकषायं करोति यदि जीवः । तर्हि दुर्गतिषु गच्छति प्रणष्टरत्नत्रयः भूत्वा ॥] यदि कथमपि दैवयोगात् रत्नत्रये लब्धेऽपि सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रात्मके प्राप्तेऽपि जीवः आत्मा तीव्रकषायं करोति अनन्तानुबन्धिलक्षणक्रोधमानमायालोभादिकं रागद्वेषादिकं विदधाति, तो तर्हि दुर्गतिषु गच्छति नरकतिर्यग् दुर्मनुष्यभवनव्यन्तरज्योतिष्केषु गतिषु याति । कीदृग्भूत्वा । प्रणष्टरत्नत्रयो भूत्वा त्यक्तसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रो भूत्वा रत्नत्रयं मुक्त्वा इत्यर्थः॥२९६॥ अथ मनुष्यत्वस्य दुर्लभत्वं व्यनक्ति—

रयणु[1] व्व जलहि-पडियं मणुयत्तं तं पि[2] होदि[3] अइदुलहं ।
एवं सुणिच्छइत्ता[4] मिच्छ-कसाए य वज्जेह[5] ॥ २९७ ॥

[छाया–रत्नमिव जलधिपतितं मनुजत्वं तत् अपि भवति अतिदुर्लभम् । एवं सुनिश्चित्य मिथ्यात्वकषायान् च वर्जयत ॥] एवं पूर्वोक्तप्रकारेण मनुष्यत्वस्य दुर्लभत्वं दुःप्रापत्वं, पुण्यैर्विना सुमनुष्यत्वं न प्राप्यते इत्यर्थः । सुनिश्चित्य निश्चयं कृत्वा पवज्जह यूयं प्रवर्जयत यूयं त्यजत । कान् । मिथ्यात्वकषायान् । मिथ्यात्वान्येकान्तादीनि पञ्च । तत्कम् । "एयंत बुद्धदरसी विवरीओ बंभ तावसो विणओ । इंदो विय ससइदो मक्कडिओ चेव अण्णाणी ॥" तथा द्रव्यक्षेत्रकालभावाच्चतुर्विधं मिथ्यात्वम् । कषाया अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलनक्रोधमानमायालोभाख्या हास्यादयश्च तान् यूयं त्यजत । एवं किम् । यन्मनुष्यत्वं नरजन्मत्वं तदपि अतिदुर्लभम् अतिदुःप्रापम् अत्यन्तदुःखेन महता कष्टेन प्राप्यम् । किमिव । जलधिपतितरत्नमिव यथा समुद्रे पतितं रत्नम् अतिदुःखेन प्राप्यते तथा मनुष्यत्वं नरजन्मसंसारसमुद्रे भ्रमता प्राणिना अतिदुःखेन प्राप्यते, बहुलपुण्यं विना न ॥ २९७ ॥ अथ देवत्वे यत् दुर्लभं तन्निगदति—

अहवा देवो होदि हु तत्थ वि पावेदि कह व सम्मत्तं ।
तो तव-चरणं ण लहदि देस-जमं[6] सील-लेसं पि ॥ २९८ ॥

[छाया–अथवा देवः भवति खलु तत्र अपि प्राप्नोति कथमिव सम्यक्त्वम् । ततः तपश्चरणं न लभते देशयम शीललेशम् अपि ॥] अथवा, हु इति कदाचिद्दैवयोगतः, "सराग(संयम–)संयमासंयमाकामनिर्जराबालतपांसि दैवस्य ।"

सम्यक्चारित्र रूप रत्नत्रयको प्राप्त करके भी यदि यह जीव अनन्तानुबन्धी क्रोध, मान, माया और लोभ रूप तीव्र कषायको करता है तो रत्नत्रयको नष्ट करके दुर्गतियोंमें गमन करता है अर्थात् मरकर या तो नरकमें चला जाता है, या तिर्यञ्च योनिमें जन्म लेता है, या दीन दुखी दरिद्री मनुष्य होता है, अथवा देव भी होता है तो भवनवासी, व्यन्तर या ज्योतिष्क जातिका देव होता है ॥ २९६ ॥ आगे मनुष्य पर्यायकी दुर्लभता बतलाते हैं । **अर्थ**–अतः जैसे समुद्रमें गिरा हुआ रत्न पाना अत्यन्त दुर्लभ है, वैसे ही संसारसमुद्रमें भटकते हुये मनुष्यजन्मका पाना अत्यन्त दुर्लभ है, ऐसा निश्चय करके तुम मिथ्यात्व और कषायोंको छोड़ दो ॥ २९७ ॥ आगे, देवपर्यायमें चारित्रकी दुर्लभता बतलाते हैं । **अर्थ**–यदि कदाचित् यह जीव मर कर देव भी होता है और वहां किसी तरह सम्यक्त्वको भी प्राप्त कर लेता है तो तप और चारित्रको नहीं पाल सकता । और तो क्या, देशसंयम और शीलका लेश भी नहीं होता ॥ **भावार्थ**–कदाचित् मनुष्य पर्यायमें इस जीवने रागसहित संयमका अथवा देशसंयमका पालन किया, अथवा अकाम निर्जरा और खोटा तप किया और मरकर पुण्ययोगसे देव हुआ । तथा देव होकर क्षयोपशमलब्धि, विशुद्धिलब्धि, देशनालब्धि, प्रायोग्यलब्धि, और करणलब्धिके मिल जानेसे सम्यग्दर्शन भी प्राप्त कर लिया किन्तु बारह प्रकारका तप और पांच प्रकारका

१ [रयणं व] । २ ब तो मणुयत्तं पि । ३ ब होइ । ४ ब सुणिच्छयंतो । ५ ब वज्जय (?), स ग वज्जह । ६ म देसवमं ।

इति पुण्ययोगात् देवः अमरो भवति । तत्रापि देवत्वे कथमपि महता कष्टेन काललब्ध्या, तथा 'खओवसमविसोहीदेसण-पाउग्गकरणलद्धीए' इति पञ्चलब्ध्या सम्यक्त्वं सुदर्शनं लभते प्राप्नोति । तो तर्हि सम्यक्त्वे लब्धेऽपि न लभते न प्राप्नोति । किं तत् । तपश्चरणं तपोऽनशनावमोदर्यादि द्वादशधा । चरणं सामायिकच्छेदोपस्थापनापरिहारविशुद्धिसूक्ष्मसांपरायात्मकं पञ्चभेदम् । अपि पुनः देशसयम देशचारित्रं श्रावकव्रतं पुनः शीललेशं ब्रह्मचर्याणुव्रतम् अथवा शीलसप्तक न प्राप्नोति ॥२९८॥ अथ मनुष्यगतावेव तपश्चरणादिकं दृढयति—

मणुव-गईए[1] वि तओ मणुव-गईए[2] महव्वदं[3] सयलं ।
मणुव-गदीए[4] झाणं[5] मणुव-गदीए वि णिव्वाणं ॥२९९॥

[छाया—मनुजगतौ अपि तपः मनुजगतौ महाव्रतं सकलम् । मनुजगतौ ध्यानं मनुजगतौ अपि निर्वाणम् ॥] मनुष्यगतावेव, अपिशब्द एवकारार्थे, तप 'अनशनावमोदर्यवृत्तिपरिसंख्यानरसपरित्यागविविक्तशय्यासनकायक्लेशा बाह्यं तपः' षोढा । प्रायश्चित्तविनयवैयावृत्त्यस्वाध्यायव्युत्सर्गध्यानान्यभ्यन्तरं च षोढा, इति द्वादशधा । इच्छानिरोधस्तपो वा । एकावली द्विकावली रत्नावली सर्वतोभद्रप्रमुखं वा भवति । पुनः मनुष्यगतावेव उत्तमक्षत्रियादिवंशे सर्वसावद्यनिवृत्ति-लक्षण महाव्रतं सकल संपूर्णं महाव्रत हिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहनिवृत्तिलक्षणं भवति । मनुष्यगत्यामेव सकल संपूर्णम् उत्कृष्टतां प्राप्त धर्मध्यानं शुक्लध्यानं च स्यात् । काकाक्षगोलकन्यायेन सकलशब्द उभयत्र व्रतध्यानयोर्योज्यम् । मनुष्य-गतावेव निर्वाणः सकलकर्मविप्रमुक्तिलक्षणः सम्यक्त्वाद्यष्टगुणोपेतः मोक्षो भवति ॥ २९९ ॥ अथ मनुष्यत्वे प्राप्ते सति निर्वाणः सकलकर्मविप्रमुक्तिलक्षणः सम्यक्त्वाद्यष्टगुणोपेतः मोक्षो भवति ॥२९९॥ अथ मनुष्यत्वे प्राप्ते सति विषयविव-र्जनम् अकुर्वत सदृष्टान्त दोषं विवृणोति—

इय दुलहं[6] मणुयत्तं लहिऊणं जे रमंति विसएसु ।
ते लहिय[7] दिव्व-रयणं भूइ[8]-णिमित्तं पजालंति[9] ॥३००॥

[छाया—इति दुर्लभं मनुजत्व लब्ध्वा ये रमन्ते विषयेषु । ते लब्ध्वा दिव्यरत्नं भूतिनिमित्त प्रज्वालयन्ति ॥] रमन्ते क्रीडन्ति ये नराः । क्व । विषयेषु पञ्चेन्द्रियाणां स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दभोगव्यापारलक्षणेषु । किं कृत्वा । लब्ध्वा प्राप्य । किं तत् । मनुष्यत्व नरजन्मत्वम् । इति पूर्वोक्तप्रकारेण लब्ध्यपर्याप्तनिगोदतः प्रारभ्य मनुष्यजन्मपर्यन्तं दुलहं दुःप्रापम् । ते पुरुषा दृष्टान्तद्वारेण किं कुर्वते इति कथयति । ते पुरुषा दिव्यरत्नम् अनर्घ्यरत्नं प्राप्य प्रज्वालयन्ति भस्मीकुर्वन्ति । किमर्थम् । भूतिनिमित्त भूतिर्भस्म तदर्थम् ॥३००॥ इति सर्वथा दुर्लभत्वं प्रकाश्य रत्नत्रये आदरं निगदति–

चारित्र तो वहां किसी भी तरह प्राप्त नहीं हो सकता । और तो क्या, श्रावकके व्रत तथा शीलका लेश भी पाल सकना वहां शक्य नहीं है। क्योंकि देवगतिमें संयम संभव नहीं है ॥ २९८ ॥ आगे कहते हैं कि मनुष्यगतिमें ही तपश्चरण आदि होता है । **अर्थ**—मनुष्यगतिमें ही तप होता है । मनुष्यगतिमें ही समस्त महाव्रत होते हैं । मनुष्यगतिमें ही ध्यान होता है और मनुष्यगतिमें ही मोक्षकी प्राप्ति होती है ॥ **भावार्थ**—अनशन, अवमौदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रसपरित्याग, विविक्तशय्यासन, और काय-क्लेश ये छै बाह्य तप और प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग, ध्यान ये छै अभ्यन्तर तप मनुष्यगतिमें ही होते हैं । हिंसा, झूंठ, चोरी, अब्रह्म और परिग्रह इन समस्त पापोंका पूर्ण त्यागरूप महाव्रत मनुष्य ही धारण कर सकते हैं । मनुष्यगतिमें ही उत्कृष्ट धर्मध्यान शुक्लध्यान होते हैं । तथा समस्त कर्मबन्धनसे मुक्ति भी मनुष्यगतिमें ही मिलती है ॥ २९९ ॥ आगे, जो मनुष्यभव प्राप्त होनेपर विषयोंमें फंस जाते हैं उनकी निन्दा करते हैं । **अर्थ**—पूर्वोक्त प्रकारसे दुर्लभ मनुष्य पर्यायको प्राप्त

१ ब गयए । २ म गदीए । ३ ब महव्वयं । ४ ब गदीये । ५ ग ज्झाणं । ६ ग दुल्लहं । ७ स लहइ । ८ ल ग भूय । ९ स पजालेदि ।

इय सव्व-दुलह-दुलहं दंसण-णाणं तहा चरित्तं च ।
मुणिऊण य संसारे महायरं कुणह तिण्हं[1] पि ॥३०१॥[2]

छाया-इति सर्वदुर्लभदुर्लभं दर्शनज्ञानं तथा चारित्रं च । ज्ञात्वा च संसारे महादरं कुरुत त्रयाणाम् अपि ॥] इति पूर्वोक्तप्रकारेण मत्वा ज्ञात्वा । किं तत् । सर्वं पूर्वोक्तम् एकेन्द्रियप्रभृति रत्नत्रयप्राप्तिपर्यन्तं दुलहदुलह दुर्लभात् दुःप्रापात् दुर्लभं दुःप्रापं तथा तेनैव दुर्लभप्रकारेण दर्शनज्ञानचारित्रं च, दर्शनम् अष्टाङ्गसम्यक्त्व स्वात्मश्रद्धानरूपं निश्चय-सम्यक्त्वं च, ज्ञानं द्वादशाङ्गपरिज्ञानं स्वात्मस्वरूपवेदनं निश्चयज्ञानं च, तथा चारित्रं सर्वसावद्यनिवृत्तिलक्षणं सामायिकादि-पञ्चभेदं पुनः स्वात्मानुभूतिलक्षणं निश्चयचारित्रं च । एतत् अयं दुर्लभात् दुर्लभं ज्ञात्वा । क्व । संसारे द्रव्यक्षेत्रकाल-भवभावप्राभृते । कुणह कुरुध्व त्वं विधेहि । किं तत् । महादरं महोद्यमम् । केषाम् । त्रयाणां दर्शनज्ञानचारित्राणाम्, अपिशब्दात् तपोध्यानादीनां च । महादरं भो भव्यवर पुण्डरीक त्वं कुरुष्व इत्यर्थः ॥३०१॥

योऽनुप्रेक्षा क्षितौ ख्याता समाख्याय सुखं बभौ । तट्टीकां विदधद्विद्वान् शुभचन्द्रो जयत्यलम् ॥

इति षड्भाषाकविचक्रवर्तित्रैविद्यविद्येश्वरभट्टारकश्रीशुभचन्द्रदेवविरचितायां
स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षाटीकायां बोधिदुर्लभानुप्रेक्षाप्रतिपादकः
एकादशोऽधिकारः ॥ ११ ॥

[१२. धर्मानुप्रेक्षा]

धर्मं सद्धर्मदातारं सकलं गुणभेदकम् । नत्वा सुमतिकीर्तेश्च स्वाग्रहाद्वच्मि तं पुनः ॥

अथ धर्मानुप्रेक्षां व्याचक्षाणः श्रीस्वामिकार्त्तिकेयः धर्ममूलं सर्वज्ञं देवं प्रकाशयति—

जो जाणदि पच्चक्खं तियाल-गुण-पज्जएहिं संजुत्तं ।
लोयालोयं सयलं सो सव्वण्हू[3] हवे देवो ॥३०२॥

करके जो पाञ्चों इन्द्रियोंके विषयोंमें रमते हैं वे मूढ़ दिव्य रत्नको पाकर उसे भस्मके लिए जलाकर राख कर डालते हैं ॥ ३०० ॥ आगे दुर्लभ रत्नत्रयको पाकर उसका आदर करनेका उपदेश देते हैं । **अर्थ-**इस तरह सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, और सम्यक्चारित्रको संसारकी सब दुर्लभ वस्तुओंमें भी दुर्लभ जानकर इन तीनोंका अत्यन्त आदर करो ॥ ३०१ ॥ इति बोधिदुर्लभानुप्रेक्षा ॥ ११ ॥

अब धर्मानुप्रेक्षाका कथन करते हुये स्वामी कार्त्तिकेय धर्मके मूल सर्वज्ञ देवका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ-**जो त्रिकालवर्ती गुणपर्यायोंसे संयुक्त समस्त लोक और अलोकको प्रत्यक्ष जानता है वह सर्वज्ञ देव है ॥ **भावार्थ-**जो सर्वज्ञका अर्थ है सबको जाननेवाला । और सबसे मतलब है-भूत, भावी और वर्तमान कालीन गुण और पर्याय सहित समस्त लोक और अलोक । अतः जो समस्त लोक और अलोकमें वर्तमान सब द्रव्योंको और उनकी सब पर्यायोंको जानता है वही सर्वज्ञ है । और वही वास्तवमें देव है क्योंकि वह अनन्त चतुष्टय स्वरूप परमानन्दमें क्रीड़ा करता है । कहा भी है-'जो अनेक प्रकारके समस्त चराचर द्रव्योंको तथा उनके सब गुणोंको और उनकी भूत,

---

१ ब ग तिन्हं । २ ब दुल्लहानुवोहि अनुप्रेक्षा ॥११॥ ३ म सव्वण्हु, ग सव्वण्ह ।

अथवा मरण जिन देवने नियत रूपसे जाना है, उस जीवके उसी देशमें, उसी कालमें, उसी विधानसे वह अवश्य होता है, उसे इन्द्र अथवा जिनेन्द्र कौन टालसकनेमें समर्थ है ? ॥ **भावार्थ**—सम्यग्दृष्टि यह जानता है कि प्रत्येक पर्यायका द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव नियत है । जिस समय जिस क्षेत्रमें जिस वस्तुकी जो पर्याय होने वाली है वही होती है उसे कोई नहीं टाल सकता । सर्वज्ञ देव सब द्रव्य, क्षेत्र काल और भावकी अवस्थाओंको जानते हैं । किन्तु उनके जानलेनेसे प्रत्येक पर्यायका द्रव्य क्षेत्र काल और भाव नियत नहीं हुआ बल्कि नियत होनेसे ही उन्होंने उन्हें उस रूपमें जाना है । जैसे, सर्वज्ञ देवने हमें बतलाया है कि प्रत्येक द्रव्यमें प्रति समय पूर्व पर्याय नष्ट होती है और उत्तर पर्याय उत्पन्न होती है । अतः पूर्व पर्याय उत्तर पर्यायका उपादान कारण है और उत्तर पर्याय पूर्व पर्यायका कार्य है । इसलिये पूर्व पर्यायसे जो चाहे उत्तर पर्याय उत्पन्न नहीं हो सकती, किन्तु नियत उत्तर पर्याय ही उत्पन्न होती है । यदि ऐसा न माना जायेगा तो मिट्टीके पिण्डमें स्थास कोस पर्यायके बिना भी घट पर्याय बन जायेगी । अतः यह मानना पड़ता है कि प्रत्येक पर्यायका द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव नियत है । कुछ लोग इसे नियतिवाद समझकर उसके भयसे प्रत्येक पर्यायका द्रव्य, क्षेत्र और भाव तो नियत मानते हैं किन्तु कालको नियत नहीं मानते । उनका कहना है कि पर्यायका द्रव्य, क्षेत्र और भाव तो नियत है किन्तु काल नियत नहीं है; कालको नियत माननेसे पौरुष व्यर्थ होजायेगा । किन्तु उनका उक्त कथन सिद्धान्तविरुद्ध है; क्योंकि द्रव्य क्षेत्र और भाव नियत होते हुये काल अनियत नहीं हो सकता । यदि कालको अनियत माना जायेगा तो काललब्धि कोई चीजही नहीं रहेगी । फिर तो संसार परिभ्रमणका काल अर्धपुद्गल परावर्तनसे अधिक शेष रहने भी सम्यक्त्व प्राप्त हो जायेगा और बिना उस कालको पूरा किये ही मुक्ति होजायेगी । किन्तु यह सब बातें आगम विरुद्ध हैं । अतः कालको भी मानना ही पड़ता है । रही पौरुषकी व्यर्थता की आशङ्का, सो समयसे पहले किसी कामको पूरा करलेनेसे ही पौरुषकी सार्थकता नहीं होती । किन्तु समयपर कामका होजाना ही पौरुषकी सार्थकताका सूचक है । उदाहरणके लिये, किसान योग्य समयपर गेहूं बोता है और खूब श्रमपूर्वक खेती करता है । तभी समयपर पककर गेहूं तैयार होता है । तो क्या किसानका पौरुष व्यर्थ कहलायेगा । यदि वह पौरुष न करता तो समयपर उसकी खेती पककर तैयार न होती, अतः कालकी नियततामें पौरुषके व्यर्थ होनेकी आशंका निर्मूल है । अतः जिस समय जिस द्रव्यकी जो पर्याय होनी है वह अवश्य होगी । ऐसा जानकर सम्यग्दृष्टि सम्पत्तिमें हर्ष और विपत्तिमें विषाद नहीं करता, और न सम्पत्तिकी प्राप्ति तथा विपत्तिको दूर करनेके लिये देवी देवताओंके आगे गिड़-गिड़ाता फिरता है ॥ ३२१-३२२ ॥ आगे सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टिका भेद बतलाते हैं । **अर्थ**—इस

[छाया-एवं यः निश्चयतः जानाति द्रव्याणि सर्वपर्यायान् । स सद्दृष्टिः शुद्धः यः शङ्कते स खलु कुदृष्टिः ॥] स भव्यात्मा सम्यग्दृष्टिः शुद्धः निर्मलः मूढत्रयादिपञ्चविंशतिमलरहितः । स कः । य एवं पूर्वोक्तप्रकारेण निश्चयतः परमार्थतः द्रव्याणि जीवपुद्गलधर्माधर्माकाशकालाख्यानि, सर्वपर्यायांश्च अर्थपर्यायान् व्यञ्जनपर्यायांश्च,जानाति वेत्ति श्रद्दधाति स्पृशति निश्चिनोति स सम्यग्दृष्टिर्भवति । उक्तं च तथा शक्रेण । "त्रैकाल्यं द्रव्यषट्कं नवपदसहितं जीवषट्कायलेश्याः, पञ्चान्ये चास्तिकाया व्रतसमितिगतिज्ञानचारित्रभेदाः। इत्येतन्मोक्षमूलं त्रिभुवनमहितैः प्रोक्तमर्हद्भिरीशैः, प्रत्येति श्रद्दधाति स्पृशति च मतिमान् यः स वै शुद्धदृष्टिः ॥" इति । हु इति स्फुटं, स पुमान् कुदृष्टिः मिथ्यादृष्टिः। स कः। शङ्कते यः जिनवचने देवगुरौ धर्मे तत्त्वादिके शङ्कां संशयं संदेहं करोति स मिथ्यादृष्टिर्भवेत् ॥ ३२३ ॥

जो ण विजाणदि[1] तच्चं सो जिणवयणे करेदि सद्दहणं[2] ।
जं जिणवरेहिं[3] भणियं तं सव्वमहं समिच्छामि ॥ ३२४ ॥

[छाया-यः न अपि जानाति तत्त्वं स जिनवचने करोति श्रद्धानम् । यत् जिनवरैः भणितं तत् सर्वमहं समिच्छामि ॥] यः पुमान् तत्त्वं जिनोदित जीवादिवस्तु ज्ञानावरणादिकर्मप्रबलोदयात् न विजानाति न च वेत्ति स पुमान् जिनवचने सर्वज्ञप्रतिपादितागमे इति अग्रे वक्ष्यमाणं तत्त्वं श्रद्धानं निश्चयं रुचिं विश्वासं करोति विदधाति इति । किं तत् । सर्वं जीवाजीवादितत्त्वं वस्तु अहं समिच्छामि वाञ्छामि चेतसि निश्चयं करोमि श्रद्दधामीत्यर्थः । तत् किम् । यद् भणितं कथितं प्रतिपादितम् । कैः । जिनवरतीर्थंकरपरमदेवैः । कथितं तत्त्वं वाञ्छामि । उक्तं च ।"सूक्ष्मं जिनोदितं तत्त्वं हेतुभिर्नैव हन्यते । आज्ञासिद्धं तु तद्ग्राह्यं नान्यथावादिनो जिनाः ॥" इति ॥ ३२४ ॥ अथ सम्यक्त्वमाहात्म्यं गाथात्रयेणाह—

रयणाण महा-रयणं [4]सव्वं जोयाण उत्तमं जोयं ।
रिद्धीण[5] महा-रिद्धी सम्मत्तं सव्व-सिद्धियरं ॥ ३२५ ॥

प्रकार जो निश्चयसे सब द्रव्योंको और सब पर्यायोंको जानता है वह सम्यग्दृष्टि है और जो उनके अस्तित्वमे शंका करता है वह मिथ्यादृष्टि है।। **भावार्थ**–पूर्वोक्त प्रकारसे जो जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और कालद्रव्यको तथा उनकी सब पर्यायोंको परमार्थ रूपमें जानता तथा श्रद्धान करता है वह सम्यग्दृष्टि है। कहा भी है–"तीन काल, छै द्रव्य, नौ पदार्थ, छै काय के जीव, छै लेश्या, पांच अस्तिकाय, व्रत, समिति, गति ज्ञान और चारित्रके भेद इन, सबको तीनों लोकोंसे पूजित अर्हन्त भगवानने मोक्षका मूल कहा है, जो बुद्धिमान ऐसा जानता है, श्रद्धान करता है और अनुभव करता है वह निश्चयसे सम्यग्दृष्टि है" । और जो सच्चे देव, सच्चे गुरु, सच्चे धर्म और जिनवचनमें सन्देह करता है वह मिथ्यादृष्टि है ॥ ३२३ ॥ **अर्थ**–जो तत्त्वोंको नहीं जानता किन्तु जिनवचनमें श्रद्धान करता है कि जिनवर भगवानने जो कुछ कहा है उस सबको मैं पसन्द करता हूँ। वह भी श्रद्धावान है ॥ **भावार्थ**–जो जीव ज्ञानावरणकर्मका प्रबल उदय होनेसे जिनभगवानके द्वारा कहे हुए जीवादि तत्त्वोंको जानता तो नहीं है किन्तु उनपर श्रद्धान करता है कि जिन भगवानके द्वारा कहा हुआ तत्त्व बहुत सूक्ष्म है, युक्तियोंसे उसका खण्डन नहीं किया जा सकता । अतः जिनभगवानकी आज्ञारूप होनेसे वह ग्रहण करने योग्य है क्यों कि वीतरागी जिन भगवान अन्यथा नहीं कहते, ऐसा मनुष्य भी आज्ञासम्यक्त्वी होता है ॥ ३२४ ॥ आगे, तीन गाथाओंके द्वारा सम्यक्त्वका माहात्म्य बतलाते हैं॥ **अर्थ**–सम्यक्त्व सब रत्नोंमें महारत्न है, सब योगोंमें उत्तम योग है, सब ऋद्धियोंमें

---

१ ल म स ग विजाणइ । २ म जीवाइ नव पयत्थे जो ण वियाणेइ करेदि सद्दहणं। ३ व जिणवरेण। ४ व सव्वं (?) ल स ग सव्व, म सव्वे । ५ व रिद्धिण ।

[छाया-रत्नानां महारत्नं सर्वयोगानाम् उत्तमः योगः । ऋद्धीनां महर्द्धिः सम्यक्त्वं सर्वसिद्धिकरम् ॥] सम्यक्त्वं सम्यग्दर्शनं भवतीत्यध्याहार्यम् । कीदृशम् । रत्नानां मणीनां पुष्परागवैडूर्यकर्केतनादिमणीनां मध्ये महद्रत्नं महामणिः अनर्घ्यत्वेन, महेन्द्राहमिन्द्रसिद्धपददायकत्वात् अनर्घ्यं रत्नं सम्यक्त्वं सम्यग्दर्शनं भवतीत्यध्याहार्यम् । कीदृशं च पुनः ? सर्वयोगानां मध्ये धर्मादिध्यानानां मध्ये उत्तमं ध्यानं परमप्रकर्षप्राप्तं योग्यं ध्यानम् । अथवा सर्वयोगानां सर्वरसानां कनकादिनिष्पादनरसानां मध्ये उत्तमरसं सम्यक्त्वम् ऋद्धीनाम् अणिमामहिमालघिमागरिमाप्राप्तिप्राकाम्येशित्ववशित्वर्द्धीनामष्टानां मध्ये, बुद्धितपोविक्रियाक्षीणरसबलौषधर्द्धीनां सप्तानां मध्ये, अष्टचत्वारिंशत् ऋद्धीनां मध्ये, चतुःषष्टेः ऋद्धीनां मध्ये वा महर्द्धिः, महती चासौ ऋद्धिश्च महर्द्धिः । कुतः । यत् सम्यक्त्वं सर्वसिद्धिः प्राप्तिः तां करोति इति सर्वसिद्धिकरम् ॥३२५॥

सम्मत्त-गुण-पहाणो देविंद-णरिंद-वंदिओ होदि ।
चत्त-वओ[1] वि य पावदि सग्ग-सुहं उत्तमं विविहं ॥३२६॥

[छाया-सम्यक्त्वगुणप्रधानः देवेन्द्रनरेन्द्रवन्दितः भवति । त्यक्तव्रत अपि च प्राप्नोति स्वर्गसुखम् उत्तम विविधम् ॥] सम्यक्त्वगुणप्रधानः सम्यक्त्वं सम्यग्दर्शनं तदेव गुणः अथवा सम्यक्त्वस्य गुणाः मूलोत्तरगुणाः त्रिषष्टिसंख्योपेताः ६३ । ते के । 'मूढत्रयं मदाश्चाष्टौ तथानायतनानि षट् । अष्टौ शङ्कादयश्चेति दृग्दोषाः पञ्चविंशतिः ॥' एतद्दोषनिराकरणाः सन्तो गुणा भवन्ति । 'सूर्यार्घ्यो ग्रहणस्नान संक्रान्तौ द्रविणव्ययः । सन्ध्यासेवाग्निसत्कारो देहगेहार्चनाविधिः ॥ गोपृष्ठान्तनमस्कारस्तन्मूत्रस्य निषेवणम् । रत्नवाहनभूवृक्षशस्त्रशैलादिसेवनम् ॥ आपगासागरस्नानमुच्चयः सिकताश्मनाम् । गिरिपातोऽग्निपातश्च लोकमूढं निगद्यते ॥' इति लोकमूढस्य परित्यागः सम्यक्त्वगुणः । रागद्वेषमलीमसदेवानां सेवा [देवमूढम् ।] देवमूढस्य परित्यागः सम्यक्त्वगुणः । बाह्याभ्यन्तरपरिग्रहवतां पाषण्डिनां कुगुरूणां नमस्कारादिकरणं [पाषण्डिमूढम् ।]

महाऋद्धि है, अधिक क्या, सम्यक्त्व सब सिद्धियोंका करनेवाला है ॥ **भावार्थ**-पुष्पराग, वैडूर्य, आदि रत्नोंमें सम्यक्दर्शन महारत्न है, क्योंकि वह इन्द्र, अहमिन्द्र और सिद्धिपदका दाता है । इसलिए सम्यग्दर्शन एक अमूल्य रत्न है । तथा धर्मध्यान आदि सब ध्यानोंमें उत्तम ध्यान है । और अणिमा महिमा आदि ऋद्धियोंमें अथवा बुद्धि तप विक्रिया आदि ऋद्धियोंमें सर्वोत्कृष्ट ऋद्धि है, क्योंकि बिना सम्यक्त्वके न उत्तम ध्यान होता है और उत्तम ऋद्धियोंकी प्राप्ति ही होती है ॥ ३२५ ॥ **अर्थ**-सम्यक्त्वगुणसे विशिष्ट अथवा सम्यक्त्वके गुणोंसे विशिष्ट जीव देवोंके इन्द्रोंसे तथा मनुष्योंके स्वामी चक्रवर्ती आदिसे वन्दनीय होता है । और व्रतरहित होते हुये भी नाना प्रकारके उत्तम स्वर्गसुखको पाता है ॥ **भावार्थ**-सम्यक्त्वके पचीस गुण बतलाये हैं । तीन मूढ़ता, आठ मद, छै अनायतन, और आठ शङ्का आदि इन पचीस दोषोंको टालनेसे सम्यक्त्वके पचीस गुण होते हैं । सूर्यको अर्घ्य देना, चन्द्रग्रहण सूर्यग्रहणमें गंगास्नान करना, मकरसंक्रान्ति वगैरहके समय दान देना, सन्ध्या करना, अग्निको पूजना, शरीरकी पूजा करना, मकानकी पूजा करना, गौके पृष्ठभागमें देवताओंका निवास मानकर उसके पृष्ठभागको नमस्कार करना, गोमूत्र सेवन करना, रत्न सवारी पृथ्वी वृक्ष शस्त्र पहाड़ आदिको पूजना, धर्म समझकर नदियोंमें और समुद्र (सेतुबन्ध रामेश्वर वगैरह) में स्नान करना, बालू और पत्थरका ढेर लगाकर पूजना, पहाड़से गिरकर मरना, आगमें जलकर मरना, ये सब लोकमूढ़ता है । लोकमें प्रचलित इन मूर्खताओंका त्याग करना सम्यक्त्वका प्रथम गुण है । रागी द्वेषी देवोंकी सेवा करना देवमूढ़ता है । इस देवविषयक मूर्खताको छोड़ना दूसरा गुण है ।

[1] ल म स ग । वओ ।

पाषण्डिमूढस्य परित्यागः सम्यक्त्वस्य गुणः सम्यक्त्वगुणः । 'ज्ञानं पूजां कुलं जातिं बलमृद्धिं तपो वपुः । अष्टावाश्रित्य मानित्वं स्मयमाहुर्गतस्मयाः ॥" ज्ञानादीनां मदपरित्यागे गर्वाहंकारपरिवर्जने अष्टौ सम्यक्त्वस्य गुणाः भवन्ति । 'कुदेवस्तस्य भक्तश्च कुज्ञानं तस्य पाठकः । कुलिङ्गी सेवकस्तस्य लोकेऽनायतनानि षट् ॥' कुदेवकुज्ञानकुलिङ्गिनां त्रयाणां तद्भक्तानां च परित्यागे वर्जने सम्यक्त्वस्य षड्गुणाः ६ भवन्ति ॥ अर्हदुपदिष्टद्वादशाङ्गप्रवचनगहने एकाक्षरं पदं वा किमिदं स्यादुवाच वेति शङ्कानिरासः जिनवचनं जैनदर्शनं च सत्यमिति सम्यक्त्वस्य निःशङ्कितत्वनामा गुणः ।१। ऐहलौकिकपारलौकिकेन्द्रियविषयभोगोपभोगाकाङ्क्षानिवृत्तिः कुदृष्ट्याचाराकाङ्क्षानिरासो वा निःकांक्षितत्वनामा सम्यक्त्वस्य गुणः ।२। शरीराद्यशुचिस्वभावमवगम्य शुचीति मिथ्यासंकल्पनिरासः, अथवा अर्हत्प्रवचने इदं मलधारणमयुक्तं घोरं कष्टं न चेदिदं सर्वमुपपन्नम् इत्यशुभभावनानिरासः, सम्यक्त्वस्य निर्विचिकित्सतानामा तृतीयो गुणः ।३। बहुविधेषु दुर्णयमार्गेषु तत्त्ववदाभासमानेषु युक्त्याभावमाश्रित्य परीक्षाचक्षुषा विरहितमोहत्वं मिथ्यातत्त्वेषु मोहरहितत्वं सम्यक्त्वस्यामूढदृष्टितागुणः ।४। उत्तमक्षमादिभावनया आत्मनः चतुर्विधसंघस्य च धर्मपरिवृद्धिकरणं चतुर्विधसंघस्य दोषझंपनं सम्यक्त्वस्य उपबृंहणम् उपगूहननाम् गुणः ।५। क्रोधमानमायालोभादिषु धर्मविध्वंसकारणेषु विद्यमानेष्वपि धर्मादप्रच्यवनं स्वपरयोर्धर्मप्रच्यवनपरिपालनं सम्यक्त्वस्य स्थितिकरण गुणः ।६। जिनप्रणीतधर्मामृते नित्यानुरागता जिनशासने सदानुरागित्वम्, अथवा सद्यः प्रसूता यथा गौर्वत्से स्निह्यति तथा चातुर्वर्ण्ये संघे अकृत्रिमस्नेहकरणं सम्यक्त्वस्य वात्सल्यनामा गुणः ।७। सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रतपोभिः आत्मप्रकाशन सुतपसा स्वसमयप्रकटनं महापूजामहादानादिभिर्धर्मप्रकाशनं च जिनशासनुद्द्योतकरणं सम्यक्त्वस्य प्रभावनागुणः ।८। इति पञ्चविंशतिगुणाः ॥२५॥ 'संवेगो १ निर्वेदो २ निन्दा ३ गर्हा ४ तथोपशमो ५ भक्तिः ६ । अनुकम्पा ७ वात्सल्यं ८ गुणास्तु सम्यक्त्वयुक्तस्य ॥" धर्मे धर्मफले च परमा प्रीतिः संवेगः १ । संसारशरीरभोगेषु विरक्तता निर्वेदः २ । आत्मसाक्षिका निन्दा ३ । गुरुसाक्षिका गर्हा ४ । उपशमः क्षमापरिणामः ५। सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेषु तद्वत्सु च भक्तिः ६ । सर्वप्राणिषु दया अनुकम्पा ७ । सार्धमिषु वात्सल्यम् ८ । इति सम्यक्त्वस्याष्टौ गुणाः ।८। शङ्काकाङ्क्षाविचिकित्सान्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः सम्यग्दृष्टेरतीचाराः । शंकनं शङ्का, यथा निर्ग्रन्थाना मुक्तिरुक्ता तथा सग्रन्थानामपि गृहस्थादीना किं मुक्तिर्भवतीति शङ्का वा भयप्रकृतिः शङ्का इति शङ्का न कर्तव्या । सम्यक्त्वस्य शङ्कातिचारपरिहारः गुणः ।१। इहलोकपरलोकभोगकाङ्क्षा इति आकाङ्क्षातिचारपरित्यागः सम्यक्त्वस्य गुणः ।२।

बाह्य और आभ्यन्तर परिग्रह से घिरे हुए कुगुरुओं को नमस्कार आदि करना गुरुमूढ़ता है। इस गुरुविषयक मूर्खताको छोड़ना तीसरा गुण है। आठों मदोंको छोड़नेसे सम्यक्त्वके आठ गुण होते हैं। इस तरह ये ग्यारह गुण हैं। कुदेव, कुदेवोंके भक्त मनुष्य, कुज्ञान, कुज्ञानके धारी, कुलिङ्गि (कुगुरु) और उसकी सेवा करनेवाले ये छै अनायतन हैं। इन छै अनायतनोंको त्याग देनेसे सम्यक्त्वके छै गुण होते हैं। इस तरह सतरह गुण हुए। अर्हन्त देवके द्वारा उपदिष्ट द्वादशाङ्ग वाणीमें से एकभी अक्षर अथवा पदके विषयमें ऐसी शङ्का न होना कि यह ठीक है अथवा नहीं, और जिनवचन तथा जैनदर्शनको सत्य मानना निःशंकित नामका गुण है। इस लोक अथवा परलोकमें इन्द्रियसम्बन्धी विषय भोगोंकी इच्छा न करना अथवा मिथ्या आचार की चाह न करना निःकांक्षित नामका गुण है। शरीर वगैरहको स्वभावसे ही अपवित्र जानकर उसमें 'यह पवित्र है' इस प्रकारका मिथ्या संकल्प न करना अथवा 'जैन शास्त्रोंमें या जैन मार्गमें जो मुनियोंके लिये स्नान न करना वगैरह बतलाया है वह ठीक नहीं है, इससे घोर कष्ट होता है, यह न होता तो शेष सब ठीक है' इस प्रकारकी दुर्भावनाका न होना तीसरा निर्विचिकित्सा गुण है। संसारमें प्रचलित अनेक मिथ्या मार्गोंको, जो सच्चे से प्रतीत होते हैं, परीक्षारूपी चक्षुके द्वारा युक्तिशून्य जानकर उनके विषयमें मोह न करना अर्थात् मिथ्या तत्त्वोंके भ्रममें न पड़ना अमूढदृष्टि नामक गुण है। उत्तम क्षमा आदि भावनाओंके द्वारा अपने और चतुर्विध संघके धर्मको बढ़ाना तथा चतुर्विध संघके दोषोंको

रत्नत्रयमण्डितशरीराणां जुगुप्सनं स्नानाद्यभावे दोषोद्भावनं विचिकित्सा इति तस्या अकरण सम्यक्त्वस्य विचिकित्सातिचारवर्जनो गुणः ।३। मिथ्यादृष्टीना मनसा ज्ञानचारित्रोद्भावनं प्रशंसा तदकरणं प्रशंसातिचारपरित्यागः सम्यक्त्वगुणः ।४। विद्यमानानाम् अविद्यमानानां मिथ्यादृष्टिगुणानां वचनेन प्रकटनं संस्तवः तस्य निरासः संस्तवातिचारपरित्यागः सम्यक्त्वस्य गुणः ।५। इति । 'इहपरलोयत्ताणं अगुत्ति मरणवेयणाकस्सा। सत्तविह भयमेदं णिद्दिट्टं जिणवरेंदेहिं ॥' इहलोकभयपरित्यागः १, परलोकभयवर्जनम् २, पुरुषाद्यरक्षणात्राणभयत्यागः ३, आत्मरक्षोपायदुर्गाद्यभावागुप्तिभयत्यागः ४, मरणभयपरित्यागः ५, वेदनाभयत्यागः ६, विद्युत्पाताद्याकस्मिकभयपरित्यागः ७ । मायाशल्यं माया परवञ्चन तत्परिहार सम्यक्त्वस्य गुणः १, मिथ्यादर्शनशल्य तत्त्वार्थश्रद्धानाभावः तत्त्यागः सम्यक्त्वस्य गुण २, निदानशल्य विषयसुखाभिलाषः तस्य परित्यागः सम्यक्त्वस्य गुणः ३, एवं एकत्रीकृताः अष्टचत्वारिंशन्मूलगुणाः जघन्यपात्रस्य सम्यग्दृष्टेः भवन्ति । सम्यक्त्वस्य

दूर करना उपबृंहण अथवा उपगूहन नामक गुण है। धर्मके विध्वंस करनेवाले क्रोध, मान, माया, लोभ वगैरह कारणोंके होते हुए भी धर्मसे च्युत न होना और दूसरे यदि धर्मसे च्युत होते हों तो उनको धर्ममें स्थिर करना स्थितिकरण गुण है। जिन भगवानके द्वारा उपदिष्ट धर्मरूपी अमृतमें नित्य अनुराग रखना, जिनशासनका सदा अनुरागी होना, अथवा जैसे तुरन्तकी ब्याही हुई गाय अपने बच्चे से स्नेह करती है वैसे ही चतुर्विध संघमें अकृत्रिम स्नेह करना वात्सल्य गुण है। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक् चारित्र और तप के द्वारा आत्माका प्रकाश करना और महापूजा महादान वगैरह के द्वारा जैन धर्मका प्रकाश करना अर्थात् ऐसे कार्य करना जिनसे जिनशासनका लोकमें उद्योत हो, आठवां प्रभावना गुण है। ये सम्यक्त्वके पचीस गुण है। टीकाकारने अपनी संस्कृत टीकामें सम्यक्त्वके ६३ गुण बतलाये हैं। और उसमेंसे ४८ को मूलगुण और १५ को उत्तर गुण कहा है। सम्यक्त्वके गुणोंके मूल और उत्तर भेद हमारे देखनेमें अन्यत्र नहीं आये। तथा इन त्रेसठ गुणोंमें से कुछ गुण पुनरुक्त पड़जाते हैं। फिरभी पाठकोंकी जानकारीके लिये उन शेषगुणोंका परिचय टीकाकारके अनुसार कराया जाता है। सम्यक्त्वके आठ गुण और हैं-संवेग, निर्वेद, निन्दा, गर्हा, उपशम, भक्ति, अनुकम्पा और वात्सल्य। धर्म और धर्मफलमें अत्यन्त अनुराग होना संवेग है। संसार, शरीर और भोगोंसे विरक्त होना निर्वेद है। निन्दा स्वयं की जाती है और गर्हा गुरु वगैरहकी साक्षीपूर्वक होती है। क्षमाभावको उपशम कहते हैं। सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रकी तथा सम्यग्दृष्टि, सम्यग्ज्ञानी, और चारित्रवानोंकी भक्ति करना भक्ति है। सब प्राणियोंपर दया करना अनुकम्पा है। साधर्मी जनोंमें वात्सल्य होता है। ये सम्यक्त्व के आठ गुण हैं। तथा शङ्का, कांक्षा, विचिकित्सा, अन्यदृष्टिप्रशंसा, अन्यदृष्टिसंस्तव, ये सम्यग्दृष्टिके अतिचार हैं। जैसे निर्ग्रन्थोंकी मुक्ति कही है वैसेही सग्रन्थ गृहस्थोंकी भी मुक्ति होसकती है क्या? ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये। यह सम्यक्त्वका शंका अतिचारसे बचने रूप प्रथम गुण है। इस लोक और पर लोकके भोगोंकी चाहको कांक्षा कहते हैं। इस कांक्षा अतिचारसे बचना सम्यक्त्वका दूसरा गुण है। रत्नत्रयसे मण्डित निर्ग्रन्थ साधुओंके मलिन शरीरको देखकर ग्लानि करना विचिकित्सा है, और उसका न करना सम्यक्त्वका तीसरा गुण है। मिथ्यादृष्टियोंके ज्ञान और चारित्रकी मनसे तारीफ करना प्रशंसा है। और उसका न करना सम्यक्त्वका चौथा गुण है। मिथ्यादृष्टिमें गुण हों अथवा न हों, उनका वचनसे बखान करना संस्तव है। और उसका न करना सम्यक्त्वका पांचवा गुण है। इस तरह पांच अतिचारोंको

मूलगुणाः अष्टचत्वारिंशत्संख्योपेताः कथिताः तर्हि उत्तरगुणा के इति चेदुच्यते। 'मद्य १ मांस २ मधु ३ त्यागः पञ्चोदुम्बरवर्जनम्' ८, तथा 'द्यूतं १ मासं २ सुरा ३ वेश्या ४ पापर्द्धिः ५ परदारता ६ स्तेयेन ७ सह सप्तेति व्यसनानि व्यदूरयेत्॥' इत्यष्टौ मूलगुणाः सप्त व्यसनानि च इति पञ्चविंशतिसंख्योपेताः (?) जघन्यपात्रस्य सम्यग्दृष्टेरुत्तरगुणा भवन्ति १५। एवं त्रिषष्टिः सम्यक्त्वस्य गुणाः ६३। प्रधाना मुख्या यस्य स सम्यक्त्वगुणप्रधानः स पुमान् देवेन्द्रनरेन्द्रवन्दितो भवति, देवेन्द्राः सौधर्मेन्द्रादयः नरेन्द्राः चक्रवर्त्यादयः तैः सम्यग्दृष्टिर्नरः वन्दितः नमस्करणीयः पूजनीयो भवति। त्यक्तव्रतोऽपि व्रतरहितोऽपि द्वादशव्रतरहितोऽपि, अपिशब्दात् [1]व्रतसम्यक्त्वसहितोऽपि, सम्यक्त्ववान् स्वर्गसुखं सौधर्मादि-देवलोकसुखं शर्म प्राप्नोति लभते। सम्यग्दृष्टिः सम्यक्त्वेन कल्पवासिदेवानामायुर्बध्यते 'सम्यक्त्वं च' इति वचनात्। कीदृक्ष स्वर्गसुखम्। उत्तमं सर्वश्रेष्ठं प्रशस्य सुखम्। पुन. कीदृक्षम्। विविधम् अनेकप्रकार सौधर्माद्यच्युतस्वर्गपर्यन्तं विमानदेवाङ्गनाविक्रियाद्युद्भवम्॥ ३२६॥

सम्माइट्ठी जीवो [2]दुग्गदि-हेदुं ण बंधदे कम्मं।
जं बहु-भवेसु बद्धं दुक्कम्मं तं पि णासेदि[3]॥ ३२७[4]॥

[छाया-सम्यग्दृष्टिः जीवः दुर्गतिहेतु न बध्नाति कर्म। यत् बहुभवेषु बद्धं दुष्कर्म तत् अपि नाशयति॥] सम्यग्दृष्टिः जीवः कर्म अशुभायुर्नामनीचगोत्रादिकं न बध्नाति प्रकृतिस्थित्यनुभागप्रदेशबन्धैः बन्धनं न करोति। किंभूतं कर्म।

छोड़ने से सम्यक्त्वके पांच गुण होते हैं। तथा सात प्रकारके भयको त्यागनेसे सात गुण होते हैं, जो इस प्रकार हैं-इस लोकसम्बन्धी भयका त्याग, परलोकसम्बन्धी भयका त्याग, कोई पुरुष वगैरह मेरा रक्षक नहीं है इस प्रकारके अरक्षाभयका त्याग, आत्मरक्षाके उपाय दुर्ग आदिके अभावमें होनेवाले अगुप्ति भयका त्याग, मरण भयका त्याग, वेदना भयका त्याग और बिजली गिरने आदि रूप आकस्मिक भयका त्याग। तीन शल्योंके त्यागसे तीन गुण होते हैं। मायाशल्य अर्थात् दूसरों को ठगने आदिका त्याग, तत्त्वार्थ श्रद्धानके अभावरूप मिथ्यादर्शन शल्यका त्याग, विषयसुखकी अभिलाषारूप निदान शल्यका त्याग। इस तरह इन सबको मिलानेपर सम्यग्दृष्टिके (२५+८+५+७+३=४८) अड़तालीस मूल गुण होते हैं। तथा मद्य, मांस, मधु और पांच उदुम्बर फलोंका त्याग और जुआ मांस मदिरा वेश्या शिकार परस्त्री और चोरी इन सात व्यसनोंका त्याग, इस तरह आठ मूल गुणों और सातों व्यसनोंके त्यागको मिलानेसे सम्यक्त्वके १५ उत्तर गुण होते हैं। सम्यक्त्वके इन ६३ गुणोंसे विशिष्ट व्यक्ति सबसे पूजित होता है। तथा व्रत न होनेपर भी वह देवलोकका सुख भोगता है क्योंकि सम्यक्त्वको कल्पवासी देवोंकी आयुके बन्धका कारण बतलाया है। अतः सम्यग्दृष्टि जीव मरकर सौधर्म आदि स्वर्गोंमें जन्म लेता है और वहां तरह तरहके सुख भोगता है॥ ३२६॥ **अर्थ-**सम्यग्दृष्टि जीव ऐसे कर्मोंका बन्ध नहीं करता जो दुर्गतिके कारण हैं। बल्कि पहले अनेक भवोंमें जो अशुभ कर्म बांधे हैं उनका भी नाश कर देता है॥ **भावार्थ-**सम्यग्दृष्टिजीव दूसरे आदि नरकोंमें लेजाने वाले अशुभ कर्मोंका बन्ध नहीं करता। आचार्योंका कहना है-'नीचे के छै नरकोंमें, ज्योतिष्क, व्यन्तर और भवनवासी देवोंमें तथा सब प्रकारकी स्त्रियोंमें सम्यग्दृष्टि जन्म नहीं लेता। तथा पांच स्थावर कायोंमें, असंज्ञी पञ्चेन्द्रियोंमें, निगोदियाजीवोंमें और कुभोग भूमियोंमें सम्यग्दृष्टि नियमसे उत्पन्न नहीं होता।' रविचन्द्राचार्यने भी कहा है कि नीचेकी छै

---

१ प व्रतसमस्तसहितोऽपि। २ ब दुग्गइ। ३ ग तं पणासेति। ४ ब अविरइसम्माइट्ठी बहुतस इत्यादि।

दुर्गतिहेतुर्दुर्गतिकारणं द्वितीयादिनरकगमनहेतुः ज्योतिष्कव्यन्तरभवनवासिसर्वस्त्रीद्वादशमिथ्यावादेषु उत्पत्तिकारणं कर्म न बध्नातीत्यर्थः । तदपि प्रसिद्धं दुःकर्म अशुभकर्म नाशयति स्फेटयति समयं समयं प्रति गुणश्रेणिमात्रनिर्जरणं करोति निर्जरामुखेन विनाशयतीत्यर्थः । तत् किम् । यत् बहुभवेषु नरनारकाद्यनेकभवेषु बद्धं कर्मबन्धनविषयं नीतं सम्यग्दृष्टि- दुर्गतिकारणं कर्म न बध्नाति । किं नाम दुर्गतिरिति चेत् आचार्या ब्रुवन्ति । "छसु हेट्ठिमासु पुढवी जोइसवणभवणसव्व- इत्थीसु । बारसमिच्छावादे सम्माइट्ठिस्स णत्थि उववादो ॥" "पंचसु थावरवियले असणिणिगोदेसु मेच्छकुभूभोगे । सम्मा- इट्ठी जीवा णो उववज्जति णियमेण ॥" तथा रविचन्द्राचार्येणोक्तं च । "षट्स्वधःपृथ्वीषु ज्योतिर्वनभवनजेषु च स्त्रीषु । विकलैकेन्द्रियजातिषु सम्यग्दृष्टेर्न चोत्पत्तिः ॥" तथा समन्तभद्रस्वामिनोक्तं च । "सम्यग्दर्शनशुद्धा नारकतिर्यङ्नपुंसकस्त्री- त्वानि । दुःकुलविकृताल्पायुर्दरिद्रता च व्रजन्ति नाप्यव्रतिकाः ॥" "दुर्गतावायुषो बन्धे सम्यक्त्वं यस्य जायते । गतिच्छेदो न तस्यास्ति तथाप्यल्पतरा स्थितिः ॥" " न सम्यक्त्वसमं किंचित्त्रैकाल्ये त्रिजगत्यपि । श्रेयोऽश्रेयश्च मिथ्यात्वसमं नान्यत् तनूभृताम् ॥" इत्यविरतसम्यग्दृष्टेर्जघन्यपात्रस्य सागारिणः केवलसम्यक्त्वमेव धर्मभेदः प्रथम निरूपितः ॥३२७॥ अथ द्वितीयदर्शनिकश्रावकलक्षणं लक्षयति गाथाद्वयेन—

बहु-तस-समण्णिदं जं मज्जं मंसादि णिंदिदं दव्वं ।
जो ण य सेवदि णियदं सो दंसण-सावओ होदि ॥३२८॥

[छाया-बहुत्रससमन्वितं यत् मद्य मांसादि निन्दितं द्रव्यम् । यः न च सेवते नियत स दर्शनश्रावकः भवति ॥] स प्रसिद्धः दर्शनश्रावकः सम्यक्त्वपूर्वकश्रावकः दर्शनिकप्रतिमापरिणतः श्राद्धो भवति । स कः । यः दर्शनिकश्रावकः यत् मद्यं सुराम् आसवं न सेवते न भक्षयति नात्ति न पिबति । च पुनः, मांसादि निन्दितं द्रव्यं मांसं पलं पिशितं द्विधातुजम् आदि-

---

पृथिवियोंमें, ज्योतिष्क व्यन्तर और भवनवासी देवोंमें, स्त्रियोंमें, विकलेन्द्रियों और एकेन्द्रियोंमें सम्यग्दृष्टि की उत्पत्ति नहीं होती । समन्तभद्र स्वामीने भी कहा है-'सम्यग्दर्शनसे शुद्ध व्रतरहित जीव भी मर- कर नारकी, तिर्यञ्च, नपुंसक, और स्त्री नहीं होते, तथा नीचकुलवाले, विकलाङ्ग, अल्पायु और दरिद्र नहीं होते ।' किन्तु यदि किसी जीवने पहले आयुबन्ध कर लिया हो और पीछे उसे सम्यक्त्वकी प्राप्ति हुई हो तो गतिका छेद तो हो नहीं सकता, परन्तु आयु छिदकर बहुत थोड़ी रह जाती है । जैसे राजा श्रेणिकने सातवें नरककी आयुका बन्ध किया था । पीछे उन्हें क्षायिक सम्यक्त्व हुआ तो नरक गतिमें तो उनको अवश्य जाना पड़ा परन्तु सातवें नरककी आयु छिदकर प्रथम नरककी जघन्य आयु शेष रह गई । अर्थात् ३३ सागरसे घटकर केवल चौरासी हजार वर्षकी आयु शेष रह गई । अतः सम्यग्दृष्टि जीव दुर्गतिमें लेजानेवाले अशुभ कर्मका बन्ध नहीं करता । इतना ही नहीं बल्कि पहले अनेक भवोंमें बांधे हुए अशुभ कर्मोंकी प्रतिसमय गुणश्रेणि निर्जरा करता है । इसीसे सम्यक्त्वका माहात्म्य बतलाते हुये स्वामी समन्तभद्रने कहा है कि 'तीनों लोकों और तीनों कालोंमें सम्यक्त्वके बराबर कल्याणकारी वस्तु नहीं है और मिथ्यात्वके समान अकल्याणकारी वस्तु नहीं है ।' इस प्रकार गृहस्थ धर्मके बारह भेदोंमेंसे प्रथम भेद अविरतसम्यग्दृष्टिका निरूपण समाप्त हुआ ॥ ३२७ ॥ आगे दो गाथाओंसे दूसरे भेद दर्शनिकका लक्षण कहते हैं । **अर्थ-**बहुत त्रसजीवोंसे युक्त, मद्य, मांस आदि निन्दनीय वस्तुओंका जो नियमसे सेवन नहीं करता वह दर्शनिक श्रावक है ॥ **भावार्थ-**दर्शनिक श्रावक, दो इन्द्रिय, ते इन्द्रिय, चौइन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय जीव जिसमें पाये जाते हैं ऐसा शराब और मांस तथा आदि शब्दसे चमड़ेके पात्रमें रखे हुये हींग, तेल, घी और जल वगैरह, तथा मधु, मक्खन, रात्रिभोजन, पञ्च उदुम्बर फल, अचार, मुरब्बे, घुना हुआ अनाज नहीं खाता और न सात

मद्यात् चर्मगतहिङ्गुतैलघृतजलादिमधुनवनीतं कांजिकं रात्रिभोजनं सजन्तुफलपत्रकं संधानकं द्विधान्यादिकं द्यूतादिसप्तव्यसनं च न सेवते न भजते, नियमात् निश्चयपूर्वकम्, नाश्नाति न सेवते च। कीदृक्षम् मद्यमांसमधुचर्मपात्रगतजलघृततैलमध्वादिकं[1] बहुत्रससमन्वितं द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियजीवसहितम् ॥३२८॥

जो दिढ-चित्तो कीरदि[2] एवं पि वयं णियाण-परिहीणो।

वेरग्ग-भाविय-मणो सो वि य दंसण-गुणो होदि ॥३२९॥[3]

[छाया-यः दृढचित्तः करोति एवम् अपि व्रत निदानपरिहीनः। वैराग्यभावितमनाः सः अपि च दर्शनगुणः भवति ॥] च पुनः, सोऽपि न पूर्वः पूर्वोक्तः इत्यपिशब्दार्थः। दर्शनगुणः दार्शनिकः श्रावको भवति। स कः। यः एवं पूर्वोक्तं मद्यादिवर्जनलक्षण व्रतं नियमं प्रतिज्ञां प्रत्याख्यान करोति विदधाति। कीदृक्षः दृढचित्तः निश्चलमनाः, माया-कपटपाषण्डरहित इत्यर्थः। पुनः किंलक्षणः। निदानपरिहीणः, निदानम् इहलोकपरलोकसुखाभिलाषलक्षणं तेन रहितः निदानरहितः। पुनः कथंभूतः। वैराग्यभावितमनाः, वैराग्येण भवाङ्गभोगविरतिलक्षणेन भावितं मनः चित्तं यस्य स

व्यसनोंका ही सेवन करता है। ये सभी वस्तुए निन्दनीय हैं। शराब पीनेसे मनुष्य बदहोश हो जाता है, उसे कार्य और अकार्यका ज्ञान नहीं रहता। मांस त्रस जीवोंका घात किये बिना बनता नहीं, तथा उसे खाकर भी मनुष्य निर्दयी और हिंसक बनजाता है। शहद तो मधुमक्खियोंके घातसे बनता है तथा उनका उगाल है। पीपल, बड़, गूलर वगैरहके फलोंमें त्रसजीव प्रत्यक्ष देखे जाते हैं। चमड़ेमें रखी हुई वस्तुओंके खानेसे मांस खानेका दोष लगता है। रात्रिभोजन तो अनेक रोगोंका घर है। अतः इन चीजोंका सेवन करना उचित नहीं है। तथा सप्त व्यसन भी विपत्तिके घर हैं। जुआ खेलनेसे पाण्डवोंने अपनी द्रौपदीतकको दावपर लगा दिया और फिर महाकष्ट भोगा। मांस खानेका व्यसनी होनेसे राजा बकको उसकी प्रजाने मार डाला। शराब पीनेके कारण यादववंश द्वीपायन मुनिके क्रोधसे नष्ट होगया। वेश्या सेवन करनेसे चारुदत्तकी बड़ी दुर्गति हुई। चोरी करनेसे शिवदत्तको कष्ट उठाना पड़ा। शिकार खेलनेसे ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती मरकर नरकमें गया। और परस्त्रीगामी होनेसे रावणकी दुर्गति हुई। अतः व्यसन भी बुराईयोंकी जड़ हैं। फिर सम्यग्दृष्टि तो धर्मकी मूर्ति है। वह भी यदि अभक्ष्य वस्तुओंको खाता है और अन्याय करता है तो अपनेको और अपने धर्मको मलिन करने और लजानेके सिवा और क्या करता है। अतः इनका त्यागीही दर्शनप्रतिमाका धारी होता है ॥ ३२८ ॥ **अर्थ**—वैराग्यसे जिसका मन भीगा हुआ है ऐसा जो श्रावक अपने चित्तको दृढ़ करके तथा निदानको छोड़कर उक्त व्रतोंको पालता है वही दर्शनिक श्रावक है॥ **भावार्थ**—जो श्रावक संसार, शरीर और भोगोंसे विरक्त होकर तथा इस लोक और परलोकके विषय सुखकी अभिलाषाको छोड़कर निश्चल चित्तसे पूर्वोक्त व्रतोंका पालन करता है वही दर्शनिक श्रावक कहा जाता है। टीकाकारने गाथाके 'वि' शब्दका 'भी' अर्थ करके यह अर्थ किया है कि केवल पूर्वोक्तही दर्शनिक श्रावक नहीं होता, किन्तु इस गाथामें बतलाया हुआ भी दर्शनिक श्रावक है किन्तु यहां हमें 'वि' शब्दका अर्थ 'ही' ठीक प्रतीत होता है; क्योंकि पहली गाथामें जो दर्शनिक श्रावकका स्वरूप बतलाया है उसीके ये तीन विशेषण और हैं। प्रथम तो उसे अपने मनमें दृढ़ निश्चय करके ही व्रतोंको स्वीकार करना चाहिये; नहीं तो परीषह आदिसे कष्ट पानेपर व्रतकी प्रतिज्ञासे चिग सकता है। दूसरे,

१ आदर्शे तु 'तैलरामठादिकं' इति पाठः। २ ल म स ग दढचित्तो जो कुव्वदि। ३ ब दंसणप्रतिमा पंचा इत्यादि।

वैराग्यभावितमनः, भवाङ्गभोगेषु विरक्तचित्त इत्यर्थः । तथा वसुनन्दिसिद्धान्तिना गाथात्रयेण दर्शनिकस्य लक्षणमुक्तं च । "पंचुंबरसहियाइं सत्त वि वसणाइ जो विवज्जेइ। सम्मत्तविसुद्धमई सो दंसणसावओ भणिओ ॥ उंबरवडपिंपलपिंपरीयसंधाण-तरुपसूणाइं । णिच्चं तससंसिद्धाइं ताइं परिवज्जियव्वाइं ॥ जूवं मज्ज मंस वेसा पारद्धि चोरपरदारं । दुग्गइगमणस्सेदाणि हेदुभूदाणि पावाणि ॥" इति दर्शनिकश्रावकस्य द्वितीयो धर्मः प्ररूपितः ॥ ३२९ ॥ अथ व्रतिकश्रावकं प्रकाशयति—

पंचाणुव्वय-धारी गुण-वय-सिक्खा-वएहिं[1] संजुत्तो ।
दिढ-चित्तो सम-जुत्तो णाणी वय-सावओ होदि ॥ ३३० ॥

[छाया—पञ्चाणुव्रतधारी गुणव्रतशिक्षाव्रतैः संयुक्तः । दृढचित्तः शमयुक्तः ज्ञानी व्रतश्रावकः भवति ॥] भवति अस्ति । कोऽसौ । व्रतश्रावकः । शृणोति जिनोदितं तत्त्वमिति श्रावकः, व्रतेन नियमेन अहिंसादिलक्षणेनोपलक्षितः श्रावकः व्रतश्रावकः । कथंभूतः । पञ्चाणुव्रतधारी, अणुव्रतानि स्थूलहिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहविरतिलक्षणानि पञ्च च तानि अणुव्रतानि पञ्चाणुव्रतानि धरतीत्येवंशीलः पञ्चाणुव्रतधारी, पञ्चस्थूलअहिंसादिव्रतधारी । पुनः कीदृक् । गुणव्रतशिक्षाव्रतैः संयुक्तः, गुणव्रतैः दिग्व्रत १ देशव्रत २ अनर्थदण्डविरतिव्रतैस्त्रिभिः, शिक्षाव्रतैः सामायिक १ प्रोषधोपवास २ भोगोपभोग-वस्तुसख्या ३ अतिथिसंविभाग ४ व्रतैश्चतुर्भिश्च संयुक्तः सहितः । पुनः कथंभूतः । दृढचित्तः निश्चलमनाः उपसर्गपरीषहा-दिभिरखण्डितव्रतः । पुनः किंलक्षणः । शमयुक्तः उपशमसाम्यसंवेगादिपरिणामः । पुनः कीदृक् । ज्ञानी आत्मशरीरयोर्भेद-विज्ञानसयुक्तः शुभाशुभपुण्यपापहेयोपादेयज्ञानविज्ञानवान् ॥ ३३० ॥ अथ प्रथमाणुव्रत गाथाद्वयेनाह—

जो वावरेइ[2] सदओ अप्पाण-समं परं पि मण्णंतो ।
णिंदण-गरहण-जुत्तो परिहरमाणो महारंभे[3] ॥ ३३१ ॥

इस लोक और परलोकमें विषयभोगकी प्राप्तिकी भावनासे व्रतोंका पालन नहीं करना चाहिये, क्यों कि जैन व्रताचरण भोगोंसे निवृत्तिके लिये हैं, भोगोंमें प्रवृत्तिके लिये नहीं । तीसरे, उसका मन संसार के भोगोंसे उदासीन होना चाहिये । मनमें वैराग्य न होते हुए भी जो लोग त्यागी बन जाते हैं वे त्यागी बनकर भी विषयकषायका पोषण करते हुए पाये जाते हैं । इसीसे शास्त्रोंमें शल्यरहितको ही व्रती कहा है । अतः इन तीन बातोंके साथ जो पूर्वोक्त व्रतोंको पालता है वही दर्शनिक श्रावक है । किन्तु जो मनमें राग होते हुए भी किसी लौकिक इच्छासे त्यागी बन जाता है वह व्रती नहीं है । आचार्य वसुनन्दि सिद्धान्तचक्रवर्तीने तीन गाथाओंके द्वारा दर्शनिकका लक्षण इस प्रकार कहा है-'जो सम्यग्दृष्टि जीव पांच उदुम्बर फलोंका और सात व्यसनोंका सेवन नहीं करता वह दर्शनिक श्रावक है । १ । गूलर, वड़, पीपल, पिलखन और पाकर ये पाँच उदुम्बर फल, अचार तथा वृक्षोंके फूल इन सबमें सदा त्रस जीवोंका वास रहता है, अतः इन्हें छोड़ना चाहिये । २ । जुआ, मद्य, मांस वेश्या, शिकार, चोरी, परस्त्री ये सात पाप दुर्गतिमें गमनके कारण हैं, अतः इन्हें भी छोड़ना चाहिये । ३ । इस प्रकार द्वितीय दर्शनिक श्रावकका स्वरूप बतलाया ॥ ३२९ ॥ अब व्रती श्रावकका स्वरूप बतलाते हैं । **अर्थ**—जो पांच अणुव्रतोंका धारी हो, गुणव्रत और शिक्षाव्रतोंसे युक्त हो, दृढ़चित्त समभावी और ज्ञानी हो वह व्रती श्रावक है ॥ **भावार्थ**—जो जिन भगवानके द्वारा कहे हुए तत्त्वोंको सुनता है उसे श्रावक कहते हैं, और जो श्रावक पांच अणुव्रत, तीन गुणव्रत और चार शिक्षाव्रतोंका धारी होता है उसे व्रती श्रावक कहते हैं [वह उपसर्ग परीषह आदि आनेपर भी व्रतोंसे विचलित नहीं होता तथा साम्यभावी और हेय उपादेयका जानकार होता है] ॥ ३३० ॥ आगे दो गाथाओंसे प्रथम अणुव्रत

१ स वयेहिं । २ ग वावरइ (वावारइ ?) ३ ग महारंभो ।

[छाया-यः व्यापारयति सदयः आत्मसम परम् अपि मन्यमानः। निन्दनगर्हणयुक्तः परिहरमाणः महारम्भान् ॥] यः श्रावकः सदयः मनोवाक्कायकृतकारितानुमतप्रकारेण द्वीन्द्रियादित्रसजीवरक्षणपरः कृपापरः व्यापृणोति गृहहट्टादिव्यापारं करोति। कीदृक् सन्। परं पि परमपि प्राणिनं जीवम् आत्मना समं स्वात्मना सदृशं परजीवं मन्यमानः श्रद्दधानः जानन् पश्यन्नपि। पुन. कीदृक्। निन्दनगर्हणयुक्तः आत्मना आत्मसाक्षिकं स्वदोषप्रकाशनं निन्दनं गुरुसाक्षिकं दोषप्रकाशनं गर्हणं, निन्दन स्वगर्हणं च निन्दनगर्हे ताभ्यां निन्दनगर्हाभ्यां युक्तः सहितः। पुनः कथंभूतः। महारम्भान् परिहरमाणः कृषिभूमिविदारणाग्निदाहागालितजलसेकशकटनौवाहनादिवनस्पतिच्छेदनाद्यनेकप्रकारान् महारम्भान् पापव्यापारान् परिहरमाणः त्यजन् परिहरन् निवृत्तिं कुर्वाणः इत्यर्थः ॥३३१॥

तस-घादं जो ण करदि मण-वय-काएहि णेव कारयदि ।
कुव्वंतं पि ण इच्छदि पढम-वयं जायदे तस्स ॥३३२॥

[छाया-त्रसघातं यः न करोति मनोवचःकायैः नैव कारयति। कुर्वन्तम् अपि न इच्छति प्रथमव्रतं जायते तस्य ॥] तस्य सम्यग्दृष्टेः श्रावकस्य प्रथमव्रतं हिंसाविरतिव्रतं जायते उत्पद्यते। तस्य कस्य। यः श्रावकः त्रसघातं न करोति त्रसाना द्वित्रिचतु.पञ्चेन्द्रियाणां शंखशुक्तिभूलताजलौकाकृमिकीटकादिकुन्थूद्देहिकामत्कुणकीटिकायूकावृश्चिकादिपतङ्गभ्रमरदंशमशकमक्षिकादिपशुमृगमनुष्यादिजीवाना जङ्गमाना घातः तत्र सघातं त्रसहिंसनं प्रमत्तयोगात् प्राणव्यपरोपणं न करोति न विदधाति। कै. कृत्वा। मनोवचःकायैः मनसा वचनेन शरीरेण च तैरेव कारयति कुर्वन्तं नैव प्रेरयति। अपि पुनः कुर्वन्तं हिंसादिकर्म कुर्वाणं नैव इच्छति न अनुमनुते अनुमोदना न करोति मनोवचनकायैः। तथाहि। स्वयमात्मना मनसा कृत्वा त्रसवध त्रसाना घात हिंसनं प्रमत्तयोगात् प्राणव्यपरोपणं न करोति इत्येको भङ्गः ।१। मनसा परपुरुषं संप्रेर्य त्रसजीवघात नैव कारयति। मनसि मध्ये एवं चिन्तयति। एनं पुरुषं कथयित्वा त्रसजीवघातं कारयिष्यामि इति चिन्तनं विदधातीत्यर्थः। इति द्वितीयो भङ्गः ।२। मनसा त्रसघातं कुर्वन्तं पुरुषं नानुमोदयति, त्रसघातं कुर्वन्तं नरं दृष्ट्वा अनुमोदनां हर्षं प्रमोद न करोतीत्यर्थः। इति तृतीयो भङ्गः ।३। स्वग स्वकीयवचनेन कृत्वा त्रसकायिकजीववधं हिंसनं बाधां प्रमत्तयोगात् प्राणव्यपरोपण न करोति। मया हिंसा कृता हिंसा करोमि कारिष्यामीति वचनं न वदति। इति चतुर्थो भङ्गः ।४। वचनेन परजनं प्रेरयित्वा त्रसकायिकाना हिंसा घात बाधा प्राणव्यपरोपण न कारयति। इति पञ्चमो भङ्गः ।५। वचनेन

को कहते हैं। **अर्थ**-जो श्रावक दयापूर्वक व्यापार करता है, अपने ही समान दूसरोंको भी मानता है, अपनी निन्दा और गर्हा करता हुआ महाआरम्भको नहीं करता॥ **भावार्थ**-जो श्रावक दूसरे जीवोंको भी अपनेही समान मानकर अपना सब काम दयाभावसे करता है जिससे किसीको किसीभी तरहका कष्ट न पहुंचे। यदि उससे कोई गल्ती होजाती है तो स्वयं अपनी निन्दा करता है और अपने गुरु वगैरहसे अपने दोषका निवेदन करते हुये नहीं सकुचाता। तथा जिनमें त्रस हिंसा अधिक होती है ऐसे कामोंको नहीं करता। जैसे भट्टा लगाना, जंगल फुकवाना, तालाव सुखाना, जंगल काटना आदि और उतना ही व्यापार करता है जितना वह स्वयं कर सकता है ॥ ३३१ ॥ **अर्थ**-तथा जो मन वचन और कायसे त्रसजीवोंका घात न स्वयं करता है, न दूसरोंसे कराता है और कोई स्वयं करता हो तो उसे अच्छा नहीं मानता, उस श्रावकके प्रथम अहिंसाणुव्रत होता है ॥ **भावार्थ**-शंख, सीप, केंचुआ जौंक, कीड़े, चींटी, खटमल, जूं, बिच्छु, पतिंगे, भौरा, डांस, मच्छर, मक्खी, पशु, मृग और मनुष्य वगैरह जंगम प्राणियोंकी मनसे, वचनसे, कायसे स्वयं हिंसा न करना, दूसरोंसे हिंसा न कराना और कोई करता हो तो उसको प्रोत्साहित न करना अहिंसाणुव्रत है। मन वचन काय और कृत, कारित अनुमोदनाको मिलानेसे नौ भंग होते हैं जो इस प्रकार हैं-अपने मनमें त्रसजीवोंको मारनेका विचार नहीं करता १। दूसरे पुरुषके द्वारा त्रसजीवोंका घात करनेका विचार मनमें नहीं लाना, अर्थात् ऐसा नहीं

त्रसजीवानां घातं नानुमोदयति । मया हिंसादिकर्मेदं समीचीनं कृतं तथा करोमि करिष्यामीति वचनानुमोदनं वचनेन हर्षोद्भवनं न करोति । इति षष्ठो भङ्गः ।६। स्वयं स्वात्मना कायेन कृत्वा त्रसकायिकानां जीवानां घातं प्राणव्यपरोपणं न करोति । मया हिंसा कृता हिंसां करोमि करिष्यामीति कायेन इति न करोति । इति सप्तमो भङ्गः ।७। कायेन परजनं प्रेर्य त्रसकायिकानां प्राणिनां हिंसां पीडां बाधां प्राणव्यपरोपणं त्रसघातं न कारयति । इति अष्टमो भङ्गः ।८। स्वयं शरीरेण त्रसघातं प्राणव्यपरोपणं नानुमोदयति । तत्कथम् हिंसाकर्मणि शरीरे सोद्यमबलभवनं यष्टिमुष्टिपादप्रहारादिदर्शनं, हिंसादिकं दृष्ट्वा श्रुत्वा च हर्षं प्राप्य मस्तकादिदोलन,चौरादिकपीडाकाष्ठभक्षणभृगुपातमल्लयुद्धप्रामादिषु सत्सु उत्साहपूर्वकं लोचनाभ्यामवलोकनं कर्णे तद्वार्ताश्रवणेऽपि उत्साहः चेत्यादिककायादिचेष्टनं शरीरानुमोदनादिकं न कर्तव्यम् । इति नवमो भङ्गः ।९। एवं नव भङ्गाः तथा मनोवाक्काययोगैः कृतकारितानुमतविकल्पैः त्रसजीवाना रक्षानुकम्पा दया कर्तव्या अनृतविरत्याद्यणुव्रतेषु ज्ञातव्याः। तथा गृहादिकार्यं विना वनस्पत्यादिपञ्चस्थावरजीवबाधा न कर्तव्या । तथा अहिंसाव्रतस्य

विचारता कि अमुक पुरुषसे कहकर त्रसजीवोंका घात कराऊंगा २ । किसीको त्रस घात करता हुआ देखकर मनमें ऐसा नहीं विचारता कि यह ठीक कर रहा है ३ । वचनसे स्वयं हिंसा नहीं करता अर्थात् कठोर अप्रिय वचन बोलकर किसीका दिल नहीं दुखाता, न कभी गुस्सेमें आकर यही कहता है कि तेरी जान लूंगा, तुझे काट डालूंगा आदि ४ । वचनसे दूसरोंको हिंसा करनेके लिये प्रेरित नहीं करता कि अमुकको मार डालो ५ । वचनसे त्रस घातकी अनुमोदना नहीं करता कि अमुक मनुष्यने अमुकको अच्छा मारा है ६ । स्वयं हाथ वगैरह से हिंसा नहीं करता ७ । हाथ वगैरहके संकेतसे दूसरोंको हिंसा करनेकी प्रेरणा नहीं करता ८ । और न हाथ वगैरह के संकेतसे किसी हिंसकके कार्यकी सराहना ही करता है अर्थात् लकड़ी, मुट्ठी और पैर वगैरहसे प्रहार करनेका संकेत नहीं करना और न हिंसाको देखकर अथवा सुनकर खुशीसे सिर हिलाता है, यदि कोई अपराधीकी भी जान लेता हो, या मल्लयुद्ध होता हो तो उसे उत्साह पूर्वक देखता नहीं रहता और न कानोंसे सुनकर ही प्रसन्न होता है ९ । इसप्रकार नौ विकल्पों से त्रस जीवोंकी हिंसा नहीं करना चाहिये । तथा बिना आवश्यकताके जमीन खोदना, पानी बहाना, आग जलाना, हवा करना और वनस्पति काटना आदि कार्य भी नहीं करने चाहिये । अर्थात् बिना जरूरतके स्थावर जीवोंको भी पीड़ा नहीं देना चाहिये । यह अहिंसाणुव्रत है । इसके पांच अतिचार (दोष) भी छोड़ने चाहियें । वे अतिचार इस प्रकार हैं–बन्ध, वध, छेद, अतिभारारोपण और अन्नपाननिरोध । प्राणीको रस्सी सांकल वगैरहसे ऐसा बांध देना, जिससे वह यथेच्छ चल फिर न सके यह बन्ध नामका अतिचार है । पालतु जानवरों को भी जहां तक संभव हो खुला ही रखना चाहिये और यदि बांधना आवश्यक हो तो निर्दयतापूर्वक नहीं बांधना चाहिये । लकड़ी, दण्डे, बेंत वगैरहसे निर्दयतापूर्वक पीटना वध नामक अतिचार है । कान, नाक अंगुलि, लिंग, आँख वगैरह अवयवोंको छेदना भेदना छेदनामका अतिचार है । किसी अवयवके विषाक्त होजानेपर दयाबुद्धिसे डाक्टरका उसे काट डालना इसमें सम्मिलित नहीं है । लोभमें आकर घोड़े वगैरहपर उचित भारसे अधिक भार लादना या मनुष्योंसे उनकी शक्तिके बाहर काम लेना अतिभारारोपण नामक अतिचार है । गाय, भैंस, बैल, घोड़ा,हाथी,पक्षी वगैरह को भूख प्यास वगैरहकी पीड़ा देना अन्नपाननिरोध नामका अतिचार है। ये और इस प्रकार अतिचार अहिंसाणुव्रतीको छोड़ने चाहिये । इस व्रतमें यमपाल नामका चाण्डाल प्रसिद्ध हुआ है । उसकी कथा इस प्रकार है–पोदनापुर नगरमें राजा महाबल राज्य करता था । राजाने अष्टाह्निकाकी काकी अष्टमीके दिनसे आठ दिन तक जीववध न करनेकी घोषणा कर रखी थी । राजपुत्र बलकुमार

पञ्चातिचारा वर्जनीयाः । तत्कथमिति चेत् । 'बन्धवधच्छेदातिभारारोपणान्नपाननिरोधाः ।' निजेष्टदेशगमनप्रतिबन्धकरणं रज्जुशृंखलादिभिः बन्धनं बन्धः ।१। यष्टितर्जनवेत्रदण्डादिभिः प्राणिनां ताडनं हननं वधः ।२। कर्णकंबलनासिकाङ्गुलि-लिङ्गप्रजननचक्षुरादीनाम् अवयवाना विनाशनं छेदः । ३ । न्यायागतभाराधिकभारवाहनं राजदानादिलोभादतिभारारोपणं बहुभारधारणम् । ४ । गोमहिषीबलीवर्दवाजिगजमहिषमानवशकुन्तादीनां क्षुधातृषादिपीडोत्पादनम् अन्नपाननिरोधः ।५। प्रथमाणुव्रतधारिणां पञ्चातिचारा वर्जनीयाः । अथ प्रथमव्रते यमपालमातङ्गबलकुमारयोः कथा ज्ञातव्या ॥ ३३२ ॥ अथ द्वितीयव्रतं गाथाद्वयेन व्यनक्ति—

> हिंसा-वयणं ण वयदि कक्कस-वयणं पि जो ण भासेदि ।
> णिट्ठुर-वयणं पि तहा ण भासदे गुज्झ-वयणं पि ॥ ३३३ ॥
> हिद-मिद वयणं भासदि संतोस-करं तु सव्व-जीवाणं ।
> धम्म-पयासण-वयणं अणुव्वदी होदि[1] सो बिदिओ ॥ ३३४ ॥

अत्यन्त मांसप्रेमी था । उसने राजाके उद्यानमें एकान्त देखकर राजाके मेढ़ेको मार डाला और उसे खा गया। मेढ़ेके मारनेका समाचार सुनकर राजा बड़ा क्रुद्ध हुआ और उसने उसके मारनेवालेकी खोज की । उद्यानके मालीने, जो उस समय वृक्षपर चढ़ा हुआ था, मेढ़ेको मारते हुए राजपुत्रको देख लिया था । रात्रिके समय उसने यह बात अपनी स्त्रीसे कही । राजा के गुप्तचरने सुनकर राजाको उसकी सूचना दे दी । सुबह होनेपर माली बुलाया गया । उसने सच सच कह दिया । 'मेरी आज्ञाको मेरा पुत्र ही तोड़ता है' यह जानकर राजा बड़ा रुष्ट हुआ और कोतवालको आज्ञा दी कि राजपुत्रके नौ टुकड़े कर डालो । कोतवाल कुमारको वधस्थान पर लेगया और चाण्डालको बुलानेके लिये आदमी गया । आदमीको आता हुआ देखकर चाण्डालने अपनी स्त्री से कहा-'प्रिये, उससे कह देना कि चाण्डाल दूसरे गांव गया है' । और इतना कह कर घरके कोनेमें छिप गया । कोतवालके आदमीके आवाज देनेपर चाण्डालनीने उससे कह दिया कि वह तो दूसरे गांव गया है । यह सुनकर वह आदमी बोला-'वह बड़ा अभागा है' आज राजपुत्रका वध होगा । उसके मारनेसे उसे बहुतसे वस्त्राभूषण मिलते ।' यह सुनकर धनके लोभसे चण्डालनीने हाथके संकेतसे चण्डालको बता दिया, किन्तु मुखसे यही कहती रही कि वह तो गांव गया है । आदमीने घरमें घुसकर चण्डालको पकड़ लिया और वध-स्थानपर लेजाकर उससे कुमारको मारनेके लिये कहा । चाण्डालने उत्तर दिया-आज चतुर्दशीके दिन मैं जीवघात नहीं करता । तब कोतवाल उसे राजा के पास लेगया और राजासे कहा-'देव, यह राजकुमारको नहीं मारता । चाण्डाल बोला-'स्वामिन् ! मुझे एक बार सांपने डस लिया और मैं मर गया । लोगोंने मुझे स्मशानमें ले जाकर रख दिया । वहां सर्वौषधि ऋद्धिके धारी मुनिके शरीरसे लगकर बहनेवाली वायुसे मैं पुनः जीवित हो गया । मैंने उनके पास चतुर्दशीके दिन जीवहिंसा न करनेका व्रत ले लिया । अतः आज मैं राजकुमारको नहीं मारूंगा । देव जो उचित समझें करें । अस्पृश्य चाण्डालके व्रतकी बात सोचकर राजा बहुत रुष्ट हुआ । और उसने दोनोंको बन्धवाकर तालाबमें फिंकवा दिया । प्राण जानेपर भी अहिंसा व्रतको न छोड़नेवाले चाण्डाल पर प्रसन्न होकर जल-देवताने उसकी पूजा की । जब राजा महाबलने यह सुना तो देवताके भयसे उसने भी चाण्डालकी पूजा की और उसे अपने सिंहासनपर बैठाकर अस्पृश्यसे स्पृश्य बना दिया ॥ ३३२ ॥ आगे दो

१ म हयदि, ग हविदि, ल हवदि ।

[छाया-हिंसावचनं न वदति कर्कशवचनम् अपि यः न भाषते । निष्ठुरवचनम् अपि तथा न भाषते गुह्यवचनम् अपि ॥ हितमितवचनं भाषते संतोषकरं तु सर्वजीवानाम् । धर्मप्रकाशवचनम् अणुव्रती भवति स द्वितीयः ॥] स द्वितीयः अणुव्रती, अणूनि अल्पानि व्रतानि यस्य स अणुव्रती भवति स्यात् । स कः । यः द्वितीयाणुव्रतधारी न वदति न वक्ति न भाषते । किं तत् । हिंसावचनं हिंसाकरं जीवहिंसाप्रतिपादकं च वचन वाक्य न वक्ति । अपि पुनः यः द्वितीयाणुव्रती कर्कशवचनं न भाषते । मूर्खस्त्वं बलीवर्दस्त्वं न किंचिज्जानासीति कर्कशवचनं कर्णकटुकप्रायं न वदति । परेषामुद्वेगजननीं, कुजातिस्त्वम्, मर्म च कटुका मर्मचालिनी त्वम्,अनेकदोषैर्दुष्टः मद्यपायी अभक्ष्यभक्षकस्त्वम् । परुषां भाषां न भाषते, तव मारयामि तव हस्तपादनासिकादिकं छेदयामि, परस्परविरोधकारिणी भाषेत्यदिवचनं निष्ठुरवाक्यं काठिन्यं वाक्यं न भाषते । अपि पुनः गुह्यवचन न भाषते प्रच्छन्नवचनं स्त्रीपुरुषकृतं गुह्यं च गोप्यं वाक्य न वक्ति तर्हि किं भाषते । हितमितवचनं भाषते । हितं हितकारिवचनं स्वर्गमुक्तिसुखप्राप्तिकरं पथ्यप्राय हितवाक्य वदति, मित स्वल्पं मर्यादावचनं भाषते । सर्वजीवाना सर्वेषा प्राणिना संतोषकरणं प्रमोदोत्पादकं भाषते । तु पुनः, धर्मप्रकाशवचन धर्मस्य वस्तुस्वरूपस्य उत्तमक्षमादिदशविधधर्मस्य श्रावकधर्मस्य यतिधर्मस्य वा प्रतिपादकं वाक्य धर्मोपदेशं वदति । तथा चोक्तं च । 'लाभलोभभयद्वेषैर्व्यलीकं वचन पुनः । सर्वथा तन्न वक्तव्य द्वितीयं तदणुव्रतम् ॥" "स्थूलमलीक न वदति न परान् वादयति सत्यमपि विपदे । यत्तद्वदन्ति सन्तः स्थूलमृषावादवैरमणम् ॥" अनृतवचनोपायचिन्तनमपि प्रमत्तयोगादनृतमुच्यते ।

गाथाओंसे दूसरे अणुव्रतका स्वरूप कहते हैं । **अर्थ**-जो हिंसाका वचन नहीं कहता, कठोर वचन नहीं कहता, निष्ठुर वचन नहीं कहता और न दूसरेकी गुप्त बातको प्रकट करता है । तथा हित मित वचन बोलता है, सब जीवोंको सन्तोषकारक वचन बोलता है, और धर्मका प्रकाश करनेवाला वचन बोलता है, वह दूसरे सत्याणुव्रतका धारी है ॥ **भावार्थ**-जिस वचनसे अन्य जीवोंका घात हो ऐसे वचन सत्याणुव्रती नहीं बोलता । जो वचन दूसरेको कडुआ लगे, जिसके सुनते ही क्रोध आजाये ऐसे कठोर वचन भी नहीं बोलता, जैसे, 'तू मूर्ख है, तू बैल है, कुछ भी नहीं समझता' इस प्रकारके कर्णकटु शब्द नहीं बोलता । जिसको सुनकर दूसरेको उद्वेग हो, जैसे तू कुजात है, शराबी है, कामी है, तुझमें अनेक दोष हैं, मैं तुझे मार डालूंगा, तेरे हाथ पैर काट डालूंगा' इस प्रकारके निष्ठुर वचन नहीं बोलता । किन्तु हितकारी वचन बोलता है, और ज्यादा बक बक नहीं करता, ऐसे वचन बोलता है जिससे सब जीवोंको सन्तोष हो तथा धर्मका प्रकाश हो । कहा भी है-'लोभसे, डरसे, द्वेषसे असत्य वचन नहीं बोलना दूसरा अणुव्रत है ।' स्वामी समन्तभद्रने रत्नकरंड श्रावकाचारमें सत्याणुव्रतका स्वरूप इस प्रकार बतलाया है-'जो स्थूल झूंठ न तो स्वयं बोलता है और न दूसरोंसे बुलवाता है, तथा सत्य बोलनेसे यदि किसीके जीवनपर संकट आता हो तो ऐसे समयमें सत्यवचन भी नहीं बोलता उसे सत्याणुव्रती कहते हैं' बात यह है कि मूल व्रत अहिंसा है, शेष चारों व्रत तो उसीकी रक्षाके लिये हैं । अतः यदि सत्य बोलनेसे अहिंसाका घात हो तो ऐसे समय अणुव्रती श्रावक सत्य नहीं बोलता । असत्य बोलनेके उपायोंका विचार करना भी असत्यमें ही सम्मिलित है । इस व्रतके भी पांच अतिचार होते हैं-मिथ्योपदेश, रहोआख्यान, कूट लेख क्रिया, न्यासापहार और साकार मंत्र भेद । मूर्ख लोगोंके सामने स्वर्ग और मोक्षकी कारणरूप क्रियाका वर्णन अन्यथा करना और उन्हें सुमार्गसे कुमार्गमें डाल देना मिथ्योपदेश नामका अतिचार है । दूसरोंकी गुप्त क्रियाको गुप्तरूपसे जानकर दूसरोंपर प्रकट कर देना रहोआख्यान नामका अतिचार है । किसी पुरुषने जो काम नहीं किया, न किसीको करते सुना, द्वेषवश उसे पीड़ा पहुंचानेके लिये ऐसा लिख देना कि इसने ऐसा किया है या कहा है,

तथा पञ्चातिचारा वर्जनीयाः । 'मिथ्योपदेशरहोभ्याख्यानकूटलेखक्रियान्यासापहारसाकारमन्त्रभेदाः' । अभ्युदयनिःश्रेयसयोरिन्द्राहमिन्द्रतीर्थंकरादिसुखस्य परमनिर्वाणपदस्य च निमित्त या क्रिया सत्यरूपा वर्तते तस्याः क्रियायाः मुग्धलोकस्य अन्यथाकथनम् अन्यथाप्रवर्तन धनादिनिमित्तं परवञ्चन च मिथ्योपदेशः ।१। स्त्रीपुरुषाभ्यां रहसि एकान्ते यः क्रियाविशेषोऽनुष्ठितः कृतः उक्तो वा स क्रियाविशेषो गुप्तवृत्त्या गृहीत्वा अन्येषा प्रकाश्यते तद्रहोभ्याख्यानम् ।२। केनचित्पुंसा अकथितम् अश्रुतं किंचित्कार्यं द्वेषवशात्परपीडार्थम् एवमनेनोक्तमेवमनेन कृतम् इति परवञ्चनार्थं यत् लिख्यते राजादौ दर्श्यते सा कूटलेखक्रिया पैशुन्यमित्यर्थः ।३। केनचित्पुरुषेण निजमन्दिरे किं द्रव्यं न्यासीकृतं निक्षिप्तं तस्य द्रव्यस्य ग्रहणकाले संख्या विस्मृता तद्विस्मरणात् अल्पं द्रव्यं गृह्णाति, न्यासवान् पुमान् अनुज्ञावचनं ददाति । हे देवदत्त यावन्मात्रं द्रव्यं तव वर्तते तावन्मात्रं त्वं गृहाण, किमत्र प्रष्टव्यम् । जानन्नपि परिपूर्णं तस्य न ददाति न्यासापहारः ।४। कार्यकरणमङ्गविकारं भ्रूक्षेपादिकं परेषां दृष्ट्वा पराभिप्रायमुपलभ्य ज्ञात्वा असूयादिकारणेन तस्य पराभिप्रायस्य अन्येषां प्रकटनं यत् क्रियते स साकारमन्त्रभेदः ।५। एते द्वितीयाणुव्रतस्य पञ्चातिचाराः वर्जनीयाः । असत्यवचने दृष्टान्तकथाः वसुनृपधनदेवजिनदेवसत्यघोषादीनां ज्ञातव्या. ॥३३३-३४॥ अथ तृतीयाचौर्यव्रतं गाथाद्वयेनाह–

जो बहु-मुल्लं[1] वत्थुं अप्पय[2]-मुल्लेण णेव गिण्हेदि ।
वीसरियं पि ण गिण्हदि लाहे थोवे[3] वि तूसेदि ॥३३५॥
जो परदव्वं ण हरदि माया-लोहेण कोह-माणेण ।
दिढ-चित्तो सुद्ध-मई अणुव्वई[4] सो हवे तिदिओ ॥३३६॥

[छाया–यः बहुमूल्यं वस्तु अल्पकमूल्येन नैव गृह्णाति । विस्मृतम् अपि न गृह्णाति लाभे स्तोके अपि तुष्यति ॥ यः

कूट लेख क्रिया नामका अतिचार है । किसी पुरुषने किसीके पास कुछ द्रव्य धरोहर रूपसे रखा । लेते समय वह उसकी संख्या भूल गया और जितना द्रव्य रख गया था उससे कम उससे मांगा तो जिसके पास धरोहर रख गया था वह उसे उतना द्रव्य दे देता है जितना वह मांगता है, और जानते हुए भी उससे यह नहीं कहता कि तेरी धरोहर अधिक है, तू कम क्यों मांगता है । यह न्यासापहार नामका अतिचार है । मुखकी आकृति वगैरहसे दूसरोंके मनका अभिप्राय जानकर उसको दूसरोंपर प्रकट कर देना, जिससे उनकी निन्दा हो, यह साकार मंत्रभेद नामका अतिचार है । इस प्रकारके जिन कामोंसे व्रतमें दूषण लगता हो उन्हें नहीं करना चाहिये । सत्याणुव्रतमें धनदेवका नाम प्रसिद्ध है । उसकी कथा इस प्रकार है : पुण्डरीकिणी नगरीमें जिनदेव और धनदेव नामके दो गरीब व्यापारी रहते थे । धनदेव सत्यवादी था । दोनोंने बिना किसी तीसरे साक्षीके आपसमें यह तय किया कि व्यापारसे जो लाभ होगा उसमें दोनोंका आधा आधा भाग होगा । और वे व्यापारके लिये विदेश चले गये तथा बहुतसा द्रव्य कमाकर लौट आये । जिनदेवने धनदेवको लाभका आधा भाग न देकर कुछ भाग देना चाहा । इसपर दोनोंमें झगड़ा हुआ और दोनों न्यायालयमें उपस्थित हुये । साक्षी कोई था नहीं, अतः जिनदेवने यही कहा कि मैंने धनदेवको उचित द्रव्य देनेका वादा किया था, आधा भाग देनेका वादा नहीं किया था । धनदेवका कहना था कि आधा भाग देना तय हुआ था । राजाने धनदेवको सब द्रव्य देना चाहा, किन्तु वह बोला कि मैं तो आधेका हकदार हूं, सबका नहीं । इसपरसे उसे सच्चा और जिन देवको झूंठा जानकर राजाने सब द्रव्य धनदेवको ही दिला दिया, तथा उसकी प्रशंसा की ॥ ३३३-३३४ ॥ आगे दो गाथाओंसे तीसरे अचौर्याणुव्रतका स्वरूप कहते हैं ।

१ ब मोल्लं । २ अप्पय इति पाठः पुस्तकान्तरे दृष्टः, ब ल म स ग अप्पमुल्लेण । ३ स ग थूवे । ४ स अणुव्वदी ।

परद्रव्यं न हरति मायालोभेन क्रोधमानेन। दृढचित्तः शुद्धमतिः अणुव्रती स भवेत् तृतीयः ॥] स पुमान् तृतीयः अणुव्रती तृतीयाचौर्यव्रतधारी भवेत् स्यात्। स कः। यः पुमान् नैव गृह्णाति न च आदत्ते। किं तत्। अल्पमूल्येन स्तोकद्रव्येण बहुमूल्यं बहुद्रव्यमूल्यं वस्तु अनर्घ्यं रत्नमणिमाणिक्यमुक्ताफलस्वर्णकर्पूरकस्तूरिकापट्टदुकूलसुवर्णरूप्यनाणकादिवस्तु कूटरत्न-मणिमाणिक्यमुक्ताफलपित्तललवणमषिस्थूलवस्त्रकूटसुवर्णरूप्यनाणकादिना तुच्छमूल्येन न गृह्णातीत्यर्थः। विस्मृतमपि वस्तु अपिशब्दात् अविस्मृतं वस्तु केनापि विस्मृतम् अविस्मृतं वस्तु नादत्ते न गृह्णाति। अपिशब्दात् पतितम् अस्वामिकं भूम्या-दौ लब्धं वस्तु न च गृह्णाति। हि स्फुट निश्चयेन वा। स्तोकेऽपि स्वल्पेऽपि लाभे व्यापारसमये स्तोकेन स्वल्पेन लाभेन तुष्यति संतोषं प्राप्नोति। यः संतोषव्रतधारी परद्रव्यं परेषाम् अन्येषां द्रव्यं रत्नसुवर्णमाणिक्यपट्टदुकूलादिवस्तुम् अदत्त सत् न हरते न आदत्ते न गृह्णाति न लाति। केन। मायालोभेन मायया कापट्येन धूर्तविद्यया पाषण्डप्रपञ्चेन, लोभेन तृष्णया वस्त्याकांक्षया, क्रोधमानेन कोप कृत्वा अदत्तं वस्तु न गृह्णातीत्यर्थः, मानेन अहंकारेण अहं सर्वमान्यः वृद्ध इति कृत्वा परद्रव्यमदत्तं न गृह्णातीत्यर्थः। कीदृक्षः। तृतीयाणुव्रतधारी दृढचित्तः स्वव्रते निश्चलमनाः। पुनः कीदृक्षः। शुद्धमतिः स्वाति-चारपञ्चकनिवृत्त्या निर्मलमतिः। 'स्तेनप्रयोगतदाहृतादानविरुद्धराज्यातिक्रमहीनाधिकमानोन्मानप्रतिरूपकव्यवहाराः'। कश्चित्पुमान् चोरी करोति, अन्यस्तु कश्चित् तं चोरपुरुष चोरयन्त स्वयं प्रेरयति मनसा वाचा कायेन, अन्येन वा केनचित् पुंसा तं चोरपुरुषं चोरयन्तं स्वयं प्रेरयति मनसा वाचा कायेन, अन्येन वा केनचित्पुंसा तं चोरयन्तं प्रेरयति मनसा वाचा कायेन, स्वयमन्येन वा प्रेर्यमाण चोरी कुर्वन्तं अनुमन्यते मनसा वाचा कायेन। इति नवप्रकारेण स्तेनप्रयोग. ।१। चोरेण

अर्थ–जो बहुमूल्य वस्तुको अल्प मूल्यमें नहीं लेता, दूसरे की भूली हुई वस्तुको भी नहीं उठाता, थोड़े लाभसे ही सन्तुष्ट रहता है, तथा कपट, लोभ, माया या क्रोधसे पराये द्रव्यका हरण नहीं करता, वह शुद्धमति दृढनिश्चयी श्रावक अचौर्याणुव्रती है ॥ **भावार्थ**-सात व्यसनोंके त्यागसे चोरीके व्यसनका त्याग तो हो ही जाता है। अतः अचौर्याणुव्रती बहुमूल्य मणि मुक्ता स्वर्ण वगैरहको तुच्छ मूल्यमें नहीं खरीदता, यानी जिस वस्तुकी जो कीमत उचित होती है उसी उचित कीमतसे खरीदता है क्योंकि प्रायः चोरीका माल सस्ती कीमतमें बिकता है। अतः अचौर्याणुव्रत होनेसे वह चोरीका माल नहीं खरीद सकता, क्योंकि इससेभी व्रतमें दूषण लगता है। तथा भूली हुई, या गिरी हुई, या जमीनमें गढ़ी हुई पराई वस्तुको भी नहीं लेता। व्यापारमें थोड़ा लाभ होने से ही सन्तुष्ट हो जाता है, चोरबाजारी वगैरहके द्वारा अधिक द्रव्य कमानेकी भावना नहीं रखता। कपट धूर्तता वगैरहसे, धनकी तृष्णासे, क्रोधसे अथवा घमण्डमें आकर परद्रव्यको झटकनेका प्रयत्न भी नहीं करता। अपने व्रतमें दृढ रहता है और व्रतमें अतिचार नहीं लगाता। इस व्रतके भी पांच अतिचार हैं–स्तेन प्रयोग, तदाहृतादान, विरुद्ध राज्यातिक्रम, हीनाधिकमानोन्मान, प्रतिरूपक व्यवहार। कोई पुरुष चोरी करता है, दूसरा कोई पुरुष उस चोरको मन वचन कायसे चोरी करनेकी प्रेरणा करता है, या दूसरेसे प्रेरणा कराता है अथवा प्रेरणा करने-वालेकी अनुमोदना करता है। इस तरह नौ प्रकारसे चोरी करनेकी प्रेरणा करनेको स्तेनप्रयोग कहते हैं। चोरीका माल मोल लेना तदाहृतादान नामक अतिचार है। राजनियमोंके विरुद्ध व्यापार आदि करना विरुद्ध राज्यातिक्रम नामक अतिचार है। तराजुको उन्मान कहते हैं, बांटोंको मान कहते हैं। खरीदनेके बांट अधिक और बेचनेके बांट कम रखना हीनाधिक मानोन्मान नामका अतिचार है। जाली सिक्कोंसे लेनदेन करना प्रतिरूपक व्यवहार नामका अतिचार है। ये और इस तरहके अतिचार अचौर्याणुव्रतीको छोड़ देने चाहिये। अचौर्याणुव्रतमें वारिषेणका नाम प्रसिद्ध है उसकी कथा इस प्रकार है। मगधदेशके राजगृह नगरमें राजा श्रेणिक राज्य करता था। उसकी रानी चेलना थी। उन दोनोंके

चोराभ्यां चोरैर्वा यद्वस्तु चोरयित्वा आनीतं तद्वस्तु यत् मूल्यादिना गृह्णाति तत् तदाहृतादानम् ।२। बहुमूल्यानि वस्तूनि अल्पमूल्येन नैव गृहीतव्यानि। अल्पमूल्यानि वस्तूनि बहुमूल्येन नैव दातव्यानि। राज्ञः आज्ञाधिकरणं यदविरुद्धं कर्म तत् राज्यमुच्यते। उचितमूल्यात् अनुचितदानम् अनुचितग्रहण च अतिक्रमः। विरुद्धराज्ये अतिक्रमः यस्मात्कारणात् राज्ञा घोषणा अन्यथा दापिता दानमादानं च अन्यथा करोति स विरुद्धराज्यातिक्रमः। अथवा राजघोषणां विनापि यद्वणिजो व्यापारं कुर्वन्ति। व्यापारं यदि राजा तथैव मन्यते तदा तु न विरुद्धराज्यातिक्रमः ।३। प्रस्थः चतुःसेरमानं तत्काष्ठादिना घटितं मानमुच्यते। उन्मानं तुलामानं, मानं चोन्मानं च मानोन्मानम्, एताभ्यां हीनाभ्यां ददाति अधिकाभ्यां गृह्णाति हीनाधिकमानोन्मानमुच्यते ।४। ताम्रेण घटिता रूप्येय च सुवर्णेन च घटितास्ताम्ररूप्याभ्या च घटिता ये द्रम्माः तत् हिरण्यमुच्यते, तत्सदृशाः केनचित् लोकावञ्चनार्थं घटिता द्रम्माः प्रतिरूपकाः उच्यन्ते, तैः प्रतिरूपकैः असत्यनाणकैः व्यवहारः क्रयविक्रयः प्रतिरूपकव्यवहारः। ५। एते पञ्चातिचारा अचौर्याणुव्रतधारिणा वर्जनीयाः। अत्र दृष्टान्ताः शिवभूतितापसवारिषेणादयो ज्ञातव्याः ॥ ३३५-३३६ ॥ अथ ब्रह्मचर्यव्रत व्याकरोति गाथाद्वयेन—

असुइ-मयं[1] दुग्गंधं महिला-देहं विरच्चमाणो जो।
रूवं लावण्णं पि य मण-मोहण-कारणं मुणइ ॥ ३३७ ॥
जो मण्णदि पर-महिलं[2] जणणी-बहिणी-सुआइ-सारिच्छं।
मण-वयणे काएण[3] वि बंभ-वई सो हवे थूलो[4] ॥ ३३८ ॥

[छाया—अशुचिमयं दुर्गन्ध महिलादेहं विरज्यमानः यः। रूप लावण्यम् अपि च मनोमोहनकारणं जानाति ॥ यः मन्यते परमहिला जननीभगिनीसुतादिसदृशाम्। मनोवचनाभ्या कायेन अपि ब्रह्मव्रती स भवेत् स्थूलः ॥] स भव्यात्मा

वारिषेण नामका पुत्र था। वारिषेण बड़ा धर्मात्मा तथा उत्तम श्रावक था। एक दिन चतुर्दशीकी रात्रिमें वह उपवासपूर्वक श्मशानमें कायोत्सर्गसे स्थित था। उसी दिन नगरकी वेश्या मगधसुन्दरी उद्योनोत्सवमें गई थी, वहां उसने सेठानीको एक हार पहने हुए देखा। उसे देखकर उसने सोचा कि इस हारके बिना जीवन व्यर्थ है। ऐसा सोचकर वह शय्यापर जा पड़ी। रात्रिमें जब उसका प्रेमी एक चोर आया तो उसने उसे इस तरहसे पड़ी हुई देखकर पूछा-'प्रिये, इस तरहसे क्यों पड़ी हो'? वेश्या बोली-'यदि सेठानीके गलेका हार लाकर मुझे दोगे तो मैं जीवित रहूँगी, अन्यथा मर जाऊंगी। यह सुनते ही चोर हार चुराने गया और अपने कौशलसे हार चुराकर निकला। हारकी चमक देखकर घररक्षकोंने तथा कोतवालने उसका पीछा किया। चोरने पकड़े जानेके भयसे वह हार वारिषेण कुमारके आगे रख दिया और स्वयं छिप गया। कोतवालने वारिषेणके पास हार देखकर उसे ही चोर समझा और राजा श्रेणिकसे जाकर कहा। राजाने उसका मस्तक काट डालनेकी आज्ञा दे दी। चाण्डालने सिर काटनेके लिये जैसे ही तलवारका वार किया वह तलवार वारिषेणके गलेमें फूलमाला बन गई। यह अतिशय सुनकर राजा श्रेणिकभी वहां पहुँचा और कुमारसे क्षमा मांगी। चोरने अभयदान मिलनेपर अपना सब वृत्तान्त कहा। सुनकर राजा वारिषेणसे घर चलनेका आग्रह करने लगा। किन्तु वारिषेणने घर न आकर जिनदीक्षा ले ली ॥ ३३५-३३६ ॥ अब दो गाथाओंसे ब्रह्मचर्यव्रतका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**—जो स्त्रीके शरीरको अशुचिमय और दुर्गन्धित जानकर उसके रूप लावण्यको भी मनमें मोहको पैदा करनेवाला मानता है। तथा मन वचन और कायसे पराई स्त्रीको माता, बहिन

---

१ ग मुयं। २ ब परिमहिला....सारिच्छा। ३ ल म स ग कायेण। ४ स ग थुओ।

स्थूलो ब्रह्मव्रती भवेत्, स्थूलब्रह्मव्रती चतुर्थब्रह्मचर्याणुव्रतधारी स्यात् । स कः । यः मणवयणे कायेण वि मनसा चित्तेन वचनेन वचसा कायेन शरीरेणापि । अपिशब्द चकारार्थे । परमहिलां परेषां स्त्रियम् अन्येषां युवतीं स्वकलत्रं विहाय अन्यां ता जानाति । कीदृशी परमहिलाम् । जननीभागिनीसुतादिसदृशीम् । जननी माता भागिनी स्वसा सुता पुत्री, आदिशब्दात् मातामही पितामही श्वश्रूः इत्यादिसमाना मन्यते । यः चतुर्थव्रतधारी मनोवचनकायैः कृतकारितानुमतविकल्पैः नवप्रकारैः परस्त्रियं मातृस्वसृपुत्रीमातामहीपितामहीश्वश्र्वादिसदृशी समाना मन्यते जानाति चिन्तयति । यः चतुर्थाणुव्रतधारी महिलादेहं वनिताशरीरम् अशुचिमयं रुधिरमांसास्थिचर्ममलमूत्रादिनिर्वृत्तं निष्पन्नं भृतम् अपवित्रम् अस्पृश्य पुनः मन्यते जानाति । पुनः दुर्गन्धं महापूतिगन्ध मलमूत्रप्रस्वेदनाद्युद्भवदुर्गन्धतायुक्त देहं मन्यते । विरज्यमानः विचारयन् सन् स्त्रीशरीरस्य विचारं कुर्वन् सन्, विरज्यमानो वा विरक्तिं गच्छन् सन् वैराग्यं गतवान् । तथा चोक्तं च । "दुर्गन्धे चर्मगर्ते व्रणमुखशिखरे मूत्ररेतःप्रवाहे मांसासृक्कर्दमार्द्रे कृमिकुलकलिते दुर्गमे दुर्निरीक्षे । विष्ठाद्वारोपकण्ठे गुदविवरगलद्वायुधूमार्तधूपे कामान्धः कामिनीनां कटितटनिकटे गर्दभत्युत्थमोहात् ॥" इति । तासां महिलानां रूपं सौरूप्यं शोभनरूपं लावण्य

और पुत्रीके समान समझता है, वह श्रावक स्थूल ब्रह्मचर्यका धारी है ॥ **भावार्थ**–चतुर्थ ब्रह्मचर्याणुव्रतका धारी श्रावक मनसे, वचनसे और कायसे अपनी पत्नीके सिवाय शेष सब स्त्रियोंको, जो बड़ी हो उसे माताके समान, जो बराबरकी हो उसे बहिनके समान और जो छोटी हो उसे पुत्रीके समान जानता है तथा रुधिर, मांस, हड्डी, चमड़ा, मल मूत्र वगैरहसे बने हुये स्त्रीशरीरको अस्पृश्य समझता है, और मल मूत्र पसीने वगैरहकी दुर्गन्धसे भरा हुआ विचारता है। इस तरह स्त्रीके शरीरका विचार करके यह कामसे विरक्त होनेका प्रयत्न करता है । कहाभी है–'स्त्रीका अवयव दुर्गन्धसे भरा हुआ है, उससे मूत्र बहता है, मांस और लोहूरूपी कीचड़से सदा गीला बना रहता है, कृमियोंका घर है, देखनेमें घिनावना है,किन्तु कामान्ध मनुष्य उसे देखते ही मोहसे अन्धा बन जाता है।' अतः ब्रह्मचर्याणुव्रती स्त्रियों के रूप, लावण्य, प्रियवचन, प्रिय गमन, कटाक्ष और स्तन आदिको देखकर यही सोचता है कि ये सब मनुष्योंको मूर्ख बनानेके साधन हैं । इस प्रकार ब्रह्मचर्याणुव्रती परस्त्रियोंसे तो सदा विरक्त रहता ही है, किन्तु अष्टमी और चतुर्दशीको अपनी स्त्रीके साथ भी कामभोग नहीं करता। कहा भी है–'जो पर्वके दिनोंमें स्त्रीसेवन नहीं करता तथा सदा अनंगक्रीडा नहीं करता उसे जिनेन्द्र भगवानने स्थूल ब्रह्मचारी कहा है।' आचार्य समन्तभद्रने कहा है। 'जो पापके भयसे न तो परस्त्रीके साथ स्वयं रमण करता है और न दूसरोंसे रमण कराता है उसे परदारनिवृत्ति अथवा स्वदारसन्तोष नामक व्रत कहते हैं' । इस व्रतकेभी पांच अतिचार हैं–अन्य विवाह करण, अनङ्गक्रीड़ा, विटत्व, विपुल तृषा, इत्वरिका गमन । अपने पुत्र पुत्रियोंके सिवाय दूसरोंके विवाह रचाना अन्य विवाहकरण नामक अतिचार है। कामसेवनके अंगोंको छोड़कर अन्य अंगोंमें क्रीड़ा करना अनंगक्रीड़ा नामक अतिचार है। अश्लील वचन बोलना विटत्व अतिचार है। कामसेवनकी अत्यन्त लालसा होना विपुल तृषा नामक अतिचार है। दुराचारिणी स्त्री वेश्या वगैरहके अंगोंकी ओर ताकना, उनसे संभाषण वगैरह करना इत्वरिका-गमन नामका अतिचार है। ये और इसप्रकारके अन्य अतिचार ब्रह्मचर्याणुव्रतीको छोड़ने चाहिये । इस व्रतमें नीली अत्यन्त प्रसिद्ध है। उसकी कथा इस प्रकार है–लाट देशके भृगुकच्छ नगरमें राजा वसुपाल राज्य करता था। वहां जिनदत्त नामका एक सेठ रहता था। उसकी पत्नीका नाम जिनदत्ता था। उन दोनोंके नीली नामकी एक अत्यन्त रूपवती पुत्री थी। उसी नगरमें समुद्रदत्त नामका एक दूसरा सेठ रहता था। उसकी पत्नीका नाम सागरदत्ता था। उन दोनोंके सागरदत्त नामका पुत्र था।

लवणिमा शरीरस्य सौभाग्य प्रियवचनं प्रियगमनं कटाक्षस्तनादिदर्शनं च मनोमोहनकारणं मनसः चेतसः मोहस्य व्यामोहस्याज्ञानस्य मौढ्यस्य कारणं हेतुः कुणइ करोति । मुणइ वा पाठे मनुते जानाति । स्त्रीणां रूपं लावण्यं च पुरुषस्य मनोमोहनकारणं करोति विदधातीत्यर्थः । तथा चतुर्थव्रतधारी अष्टम्यां चतुर्दश्यां च स्वस्त्रियः कामक्रीडां सदा सर्वकालं च त्यजति । तदुक्तं च । "पव्वेसु इत्थिसेवा अणंगकीडा सया विवज्जंतो । थूलयडबम्हचारी जिणेहिं भणिदो पवयणम्हि ॥" इति । तथा च । "न च परदारान् गच्छति न परान् गमयति च पापभीतेर्यत् । सा परदारनिवृत्तिः स्वदारसंतोषनामापि ॥" इति । तथा च चतुर्थव्रतधारी पञ्चातिचारान् वर्जयति । "अन्यविवाहाकरणानङ्गक्रीडाविटत्वविपुलतृषाः । इत्वरिकागमनं चास्मरस्य पञ्च व्यतीचाराः ॥" स्वपुत्रपुत्र्यादीन् वर्जयित्वा अन्येषां गोत्रिणां मित्रस्वजनपरिजनाना विवाहकरणातिचारः ।१। अङ्गं योनिर्लिङ्गं च ताभ्या योनिलिङ्गाभ्यां विना करकुक्षकुचादिप्रदेशेषु क्रीडनं अनङ्गक्रीडातिचारः ।२। विटत्वं भण्डवचनादिकम् अयोग्यवचनम् ।३। विपुलतृषाः कामसेवायां प्रचुरतृष्णा बहुलाकांक्षा । यस्मिन् काले स्त्रिया प्रवृत्तिरुक्ता तस्मिन् काले कामतीव्राभिनिवेशः । व्रतयुक्ताबालातिरश्चीप्रभृतीना गमनं रागपरिणामं विपुलतृषाः ।४। इत्वरिकागमनं पुंश्चलीवेश्यादासीनां गमनं जघनस्तनवदनादिनिरीक्षणसंभाषणहस्तभ्रूकटाक्षादिसंज्ञाविधानम् इत्येवमादिक निखिल रागित्वेन दुश्चेष्टितं गमनमित्युच्यते ।५। एते पञ्चातिचाराः चतुर्थव्रतधारिणा वर्जनीयाः । अत्र दृष्टान्ताः सुदर्शनश्रेष्ठिनीलीचन्दनादयः कोट्टपालकडारपिंगामृतमत्यादयश्च ॥३३७-३८॥ अथ परिग्रहविरतिपञ्चमाणुव्रतं गाथाद्वयेनाह—

एकबार वसन्तऋतुमें महापूजाके अवसर पर समस्त अलंकारसे भूषित नीलीको कायोत्सर्गसे स्थित देखकर सागरदत्त बोला-क्या यह कोई देवी है ? यह सुनकर उसके मित्र प्रियदत्तने कहा-'यह जिनदत्त सेठकी पुत्री नीली है । सागरदत्त उसे देखते ही उसपर आसक्त होगया और उसकी प्राप्तिकी चिंतासे दिन दिन दुर्बल हो चला । जब यह बात समुद्रदत्तने सुनी तो वह बोला-'पुत्र, जैनीके सिवाय दूसरेको जिनदत्त अपनी कन्या नहीं देगा । अतः बाप बेटे कपटी श्रावक बन गये और नीलीको विवाह लाये । उसके बाद पुनः बौद्ध होगये । बेचारी नीलीको अपने पिताके घर जानेकी भी मनाई होगई । नीली श्वसुर गृहमें रहकर जैनधर्मका पालन करती रही । यह देखकर उसके श्वसुरने सोचा कि संसर्गसे और उपदेशसे समय बीतनेपर यह बौद्ध धर्म स्वीकार कर लेगी । अतः उसने एक दिन नीलीसे कहा-'पुत्रि, हमारे कहनेसे एक दिन बौद्ध साधुओंको आहार दान दो ।' उसने उन्हें आमंत्रित किया और उनकी एक एक पादुकाका चूर्ण कराकर भोजनके साथ उन्हें खिला दिया । जब वे साधु भोजन करके जाने लगे तो उन्होंने पूछा-हमारी एक एक पादुका कहां गई ? नीली बोली-'आप ज्ञानी हैं, क्या इतना भी नहीं जान सकते ? यदि नहीं जानते तो वमन करके देखें, आपके उदरसे ही आपकी पादुका निकलेगी ।' वमन करते ही पादुकाके टुकड़े निकले, यह देख श्वसुरपक्ष बहुत रुष्ट हुआ । तब सागरदत्तकी बहनने गुस्सेमें आकर नीलीको पर पुरुषसे रमण करनेका झूठा दोष लगाया । इस झूठे अपवादके फैलनेपर नीलीने खानपान छोड़ दिया और प्रतिज्ञा ले ली कि यह अपवाद दूर होनेपर ही भोजन ग्रहण करूंगी । दूसरे दिन नगरके रक्षक देवताने नगरके द्वार कीलित कर दिये और राजाको स्वप्न दिया कि सतीके पैरके छूनेसे ही द्वार खुलेगा । प्रातः होनेपर राजाने सुना कि नगरका द्वार नहीं खुलता । तब उसे रात्रिके स्वप्नका स्मरण हुआ। तुरन्त ही नगरकी स्त्रियोंको आज्ञा दी गई कि वे अपने चरणसे द्वारका स्पर्श करें । किन्तु अनेक स्त्रियोंके वैसा करनेपर भी द्वार नहीं खुला । तब अन्तमें नीलीको ले जाया गया । उसके चरणके स्पर्शसे ही नगरके सब द्वार खुलगये । सबने नीलीको निर्दोष समझकर उसकी पूजा की ॥ ३३७-३३८ ॥

जो लोहं णिहणित्ता[1] संतोस-रसायणेण संतुट्ठो ।
णिहणदि तिण्हा दुट्ठा मण्णंतो[2] विणस्सरं सव्वं ॥३३९॥
जो परिमाणं[3] कुव्वदि धण-धण्ण[4]-सुवण्ण-खित्तमाईणं ।
उवओगं जाणित्ता अणुव्वदं[5] पंचमं तस्स ॥३४०॥[6]

[छाया-यः लोभं निहत्य संतोषरसायनेन संतुष्टः । निहन्ति तृष्णा दुष्टा मन्यमानः विनश्वर सर्वम् ॥ यः परिमाणं कुर्वते धनधान्यसुवर्णक्षेत्रादीनाम् । उपयोगं ज्ञात्वा अणुव्रतं पञ्चमं तस्य ॥] यः परिग्रहनिवृत्त्यणुव्रतधारी संतोषरसायनेन संतोषामृतरसेन संतुष्टिर्लोभनिवृत्तिः स चामृतरसेन संतुष्टः सन् संतोषवान् । किं कृत्वा । लोभं तृष्णा निहत्य मुक्त्वा इत्यर्थः । पुनः किं करोति । दुष्टाः तृष्णाः निहन्ति अनिष्टाः पापरूपाः दुष्टाः तृष्णाः परस्त्रीपरधनादिवाञ्छादिरूपा हिनस्ति स्फेटयति । किं कुर्वन् सन् । मन्यमानः जानन् विचारयन् । किं तत् । सर्वं देहगेहादिसमस्त विनश्वरं भङ्गुरं विनाशशीलम् ॥तस्य पुंसः अणुव्रतं पञ्चमं परिग्रहपरिमाणलक्षणं भवति यः पञ्चमाणुव्रतधारी धनधान्यसुवर्णक्षेत्रादीना परिमाणम् आदिशब्दात् गृहहट्टा-

आगे दो गाथाओंसे पांचवे परिग्रहविरति अणुव्रतका स्वरूप कहते है । **अर्थ**–जो लाभ कषायको कम करके, सन्तोषरूप रसायनसे सन्तुष्ट होता हुआ, सबको विनश्वर जानकर दुष्ट तृष्णाका घात करता है । और अपनी आवश्यकताको जानकर धन धान्य सुवर्ण और क्षेत्र वगैरहका परिमाण करता है उसके पांचवां अणुव्रत होता है ॥ **भावार्थ**–परिग्रहत्याग अणुव्रतका धारी सबसे प्रथम तो लोभ कषायको घटाता है, लोभकषायको घटाये विना परिग्रहको त्यागना केवल ढोंग है, क्योंकि परिग्रहका मूल लोभ है । लोभसे असन्तोष बढ़ता है, और असन्तोष बढ़कर तृष्णाका रूप ले लेता है । अतः पहले वह लोभको मारता है । लोभके कम होजानेसे सन्तोष पैदा होता है । बस, सन्तोष रूपी अमृतको पीकर वह यह समझने लगता है कि जितनी भी परिग्रह है सब विनश्वर है, यह सदा ठहरने वाली नहीं है, और इस ज्ञानके होते ही परस्त्री तथा परधनकी वांछारूपी तृष्णा शान्त हो जाती है । तृष्णाके शान्त होजानेपर वह यह विचार करता है कि उसे अपने और अपने कुटुम्बके लिये किस किस परिग्रहकी कितनी कितनी आवश्यकता है । यह विचारकर वह आवश्यक मकान, दुकान, जमीन, जायदाद, गाय, बैल, नोकर चाकर, सोना चांदी आदि परिग्रहकी एक मर्यादा बांध लेता है । कहा भी है-'धन्य धान्य आदि परिग्रहका परिमाण करके उससे अधिककी इच्छा न करना परिग्रह परिमाण व्रत है । इसका दूसरा नाम इच्छा परिमाण भी है ।' इस व्रतके भी पांच अतिचार छोड़ देने चाहियें-क्षेत्रवास्तुप्रमाणातिक्रम, हिरण्यसुवर्णप्रमाणातिक्रम, धनधान्यप्रमाणातिक्रम, दासीदास-प्रमाणातिक्रम और कुप्यप्रमाणातिक्रम । जिसमें अनाज पैदा होता है उसे क्षेत्र [खेत] कहते हैं । घर, हवेली वगैरहको वास्तु कहते हैं । चांदी ताम्बे वगैरहके बनाये हुए सिक्कोंको, जिनसे लेनदेन होता है, हिरण्य कहते हैं । सुवर्ण (सोना) तो प्रसिद्ध ही है । गाय, भैंस, हाथी, घोड़ा, ऊंट वगैरहको धन कहते हैं । धान्य अनाजको कहते हैं । धान्य अठारह प्रकारका होता है–गेहूं, धान, जौं, सरसों, उड़द, मूंग, श्यामाक चावल, कंगनी, तिल, कोंदों, मसूर, चना, कुलथा, अतसी, अरहर, समाई, राजमाष और नाल । दासी दाससे मतलब नौकर नौकरानीसे है । सूती तथा सिल्कके वस्त्र

१ ब णिहिणित्ता । २ ब मुण्णति विणस्सुरं (?) । ३ ब परमाणं । ४ ग धाण्ण । ५ लमसग अणुव्वयं । ६ ब इदि अणुव्वदाणि पंचादि ॥ अह इत्यादि ।

अपवरकादिवास्तुद्विपदचतुष्पदशयनासनवस्त्रभाण्डादीनां बाह्यदशसंगानां परिमाणं मर्यादां संख्यां करोति विदधाति । किं कृत्वा । पूर्वं तेषां संगानाम् उपयोग ज्ञात्वा कार्यकारित्वं परिज्ञाय परिग्रहाणां संख्यां करोति यः स पञ्चमाणुव्रतधारी स्यात् । तथा चोक्तं च । 'धनधान्यादिग्रन्थं परिमाय ततोऽधिकेषु निःस्पृहता । परिमितपरिग्रहः स्यादिच्छापरिमाणनामापि ॥' इति । तथा पञ्चातिचारान् वर्जयति पञ्चमाणुव्रतधारी । 'क्षेत्रवास्तुहिरण्यसुवर्णधनधान्यदासीदासकुप्यप्रमाणातिक्रमाः ।' क्षेत्रं धान्योत्पत्तिस्थानम्, वास्तु गृहहट्टापवरादिकम् ।१। हिरण्यं रूप्यताम्रादिघटितद्रम्मव्यवहारप्रवर्तनम्, सुवर्णं कनकम् ।२। धनं गोमहिषीगजवाजिवडवोष्ट्राजादिकम्, धान्यं व्रीह्यादि अष्टादशभेदसुसस्यम् । उक्तं च । "गोधूम १ शालि २ यव ३ सर्षप ४ माष ५ मुद्गाः, ६ श्यामाक ७ कङ्गु ८ तिल ९ कोद्रव १० राजमाषाः ११ । कीनाश १२ नाल १३ मच वैणव १४ माढकी च १५, सिबा १६ कुलत्थ १७ चणकादिसुबीजधान्यम् १८ ॥" ३ । दासी चेटी दासः चेटः ।४। कुप्यं क्षौमकौशेयककर्पासचन्दनादिकम् ।५। चत्वारि द्वे द्वे मिलित्वा पञ्चमं केवलं ज्ञातव्यम् । तेषां क्षेत्रादीना पञ्चानां प्रमाणानि, तेषा प्रमाणानाम् अतिक्रिमाः अतिरेकाः अतीवलोभवशात् प्रमाणातिलङ्घनानि । एते पञ्चातिचाराः परिग्रहपरिमाणव्रतस्य वेदितव्याः । अन्यच्च तदुक्तं च । "अतिवाहनातिसंग्रहविस्मयलोभातिभारवहनानि । परिमितपरिग्रहस्य च विक्षेपाः पञ्च लक्ष्यन्ते ॥" इति । अत्र दृष्टान्तकथाः जयकुमारश्मश्रुनवनीतपिण्याकश्रेष्ठ्यादीना ज्ञातव्याः । तथा चोक्तं च । "मातङ्गो धनदेवश्च वारिषेणस्ततः परः । नीली जयश्च संप्राप्ताः पूजातिशयमुत्तमम् ॥ धनश्रीसत्यघोषौ च तापसारक्षकावपि । उपाख्ये-

---

वगैरहको कुप्य कहते हैं। इनमेंसे शुरुके दो दो को लेकर चार तथा शेष एक लेनेसे पांच होते हैं। अत्यन्त लोभके आवेशमें आकर इनके प्रमाणको बढ़ा लेनेसे परिग्रह परिमाण व्रतके पांच अतिचार होते हैं। आचार्य समन्तभद्रने रत्नकरंड श्रावकाचारमें परिग्रह परिमाण व्रतके पांच अतिचार दूसरे बतलाये हैं जो इस प्रकार हैं-अतिवाहन, अतिसंग्रह, विस्मय, लोभ और अतिभारवाहन। जितनी दूरतक बैल वगैरह सुखपूर्वक जा सकते हैं, लोभमें आकर उससे भी अधिक दूर तक उन्हें जोतना अतिवाहन है। यह अनाज वगैरह आगे जाकर बहुत लाभ देगा इस लोभमें आकर बहुत अधिक संग्रह करना अतिसंग्रह नामका अतिचार है। प्रभूतलाभके साथ माल बेच देने पर भी यदि उसके खरीदारको और भी अधिक लाभ हो जाये तो खूब खेद करना अतिलोभ नामका अतिचार है। दूसरों की सम्पत्तिको देखकर आश्चर्य करना-आंख फाड़ देना, विस्मय नामका अतिचार है। लोभमें आकर अधिक भार लाद देना अतिभार वाहन नामका अतिचार है। इस व्रतमें जयकुमार बहुत प्रसिद्ध हुये हैं। उनकी कथा इस प्रकार है-हस्तिनागपुरमें राजा सोमप्रभ राज्य करता था। उसके पुत्रका नाम जयकुमार था। जयकुमार परिग्रह परिमाण व्रतका धारी था, और अपनी पत्नी सुलोचनामें ही अनुरक्त रहता था। एक बार जयकुमार और सुलोचना कैलास पर्वतपर भरतचक्रवर्तीके द्वारा स्थापित चौबीस जिनालयोंकी वन्दना करनेके लिये गये। उधर एक दिन स्वर्गमें सौधर्म इन्द्रने जयकुमारके परिग्रह परिमाण व्रतकी प्रशंसा की। उसे सुनकर रतिप्रभ नामका देव जयकुमारकी परीक्षा लेने आया। उसने स्त्रीका रूप बनाया और अन्य चार स्त्रियोंके साथ जयकुमारके समीप जाकर कहा-सुलोचनाके स्वयम्वरके समय जिसने तुम्हारे साथ संग्राम किया था उस विद्याधरोंके स्वामी नमिकी रानी बहुत सुन्दर और नवयुवती है। वह तुम्हें चाहती है। यदि उसका राज्य और जीवन चाहते हो तो उसे स्वीकार करो। यह सुनकर जयकुमार बोला-'सुन्दरि, मैं परिग्रहपरिमाणका व्रती हूँ। परवस्तु मेरे लिये तुच्छ है। अतः मैं राज्य और स्त्री स्वीकार नहीं कर सकता'। इसके पश्चात् उस देवने अपनी बात स्वीकार करानेके लिये जयकुमार पर बहुत उपसर्ग किया। किन्तु वह अपने व्रतसे विचलित

यास्तथा श्मश्रुनवनीतो यथाक्रमम् ॥" ३३९-४० ॥ इति स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षाया पञ्चाणुव्रताधिकारः समाप्तः ॥ अथ पञ्चाणुव्रतानि व्याख्याय गुणव्रतानि व्याचक्षाणुः प्रथमगुणव्रतं गाथाद्वयेन प्रथयति—

जह लोह-णासणट्ठं संग-पमाणं हवेइ जीवस्स ।
सव्व-दिसाण[1] पमाणं तह लोहं णासए[2] णियमा ॥ ३४१ ॥
जं परिमाणं कीरदि दिसाण सव्वाण सुप्पसिद्धाणं ।
उवओगं जाणित्ता गुणव्वदं जाण तं पढमं ॥ ३४२ ॥

[छाया—यथा लोभनाशनार्थं संगप्रमाणं भवति जीवस्य । सर्वदिशाना प्रमाण तथा लोभं नाशयति नियमात् ॥ यत् परिमाणं क्रियते दिशाना सर्वासां सुप्रसिद्धानाम् । उपयोगं ज्ञात्वा गुणव्रतं जानीहि तत् प्रथमम् ।] तत् प्रथमम् आद्यं दिग्व्रताख्यं गुणव्रतं व्रताना गुणकारकं जानीहि त्वं विद्धि, भो भव्य । तत् किम् । यत्क्रियते विधीयते । किं तत् । सुप्रसिद्धाना जगद्विख्यातानां दशदिशानाम् आशानां पूर्वदक्षिणपश्चिमोत्तरदिशानां चतसृणाम् अग्निनैऋत्यवायवीशानविदिशानां चतसृणाम् ऊर्ध्वदिशः अधोदिशश्चेति दशदिशां परिमाणं मर्यादा योजनाद्यैः सख्या, अतः परम् अहं न गच्छामि इति नियमेन मर्यादा क्रियते । अथवा दशसु दिक्षु हिमाचलविन्ध्यपर्वतादिकम् अभिज्ञानपूर्वकं मर्यादा कृत्वा परतो नियमग्रहणं दिग्विरतिव्रतमुच्यते । किं कृत्वा । उपयोगं कार्यकारित्वं ज्ञात्वा परिज्ञाय । जह यथा येनैव प्रकारेण जीवस्यात्मनः लोभनाशनार्थं तृष्णाविनाशाय

नहीं हुआ । तब देवने अपनी मायाको समेटकर जयकुमारकी प्रशंसा की और आदर करके स्वर्गको चला गया । इन पांच अणुव्रतोंसे उल्टे पांच पापोंमें अर्थात् हिंसा, झूंठ, चोरी, कुशील और परिग्रहमें क्रमसे धनश्री, सत्यघोष, तापस, कोतवाल और श्मश्रुनवनीत प्रसिद्ध हुए हैं । इस प्रकार पांच अणुव्रतों का व्याख्यान समाप्त हुआ ॥ ३३९-३४० ॥ पांच अणुव्रतोंका व्याख्यान करके आगे गुणव्रतोंका व्याख्यान करते हैं । प्रथमही दो गाथाओंसे प्रथम गुणव्रतको कहते हैं । **अर्थ—**जैसे लोभका नाश करनेके लिये जीव परिग्रहका परिमाण करता है वैसे ही समस्त दिशाओंका परिमाण भी नियमसे लोभका नाश करता है । अतः अपनी आवश्यकताको समझकर सुप्रसिद्ध सब दिशाओंका जो परिमाण किया जाता है वह पहला गुणव्रत है ॥ **भावार्थ—**पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण दिशाओंमें तथा आग्नेय, नैऋत्य, वायव्य और ईशान नामक विदिशाओंमें और नीचे व ऊपर, इन दस दिशाओंमें हिमाचल, विन्ध्य आदि प्रसिद्ध प्रसिद्ध स्थानोंकी अथवा योजनोंकी मर्यादा बांधकर 'इनसे बाहर मैं नहीं जाऊंगा' ऐसा नियम लेलेनाका नाम दिग्विरति व्रत है । किन्तु दिशाओंकी मर्यादा करते समय यह देख लेना चाहिये कि मुझे कहां तक जाना बहुत आवश्यक है, तथा इतनेमें मेरा काम चल जावेगा । विना आवश्यकताके इतनी लम्बी मर्यादा बांध लेना जो कभी उपयोगमें न आये, अनुचित है । अतः उपयोगको जानकर ही मर्यादा करनी चाहिये । जैसे परिग्रहका परिमाण करनेसे लोभ घटता है वैसे ही दिशाओंकी मर्यादा करलेनेसे भी लोभ घटता है, क्योंकि मर्यादासे बाहरके क्षेत्रमें प्रभूत लाभ होने पर भी मन उधर नहीं जाता । इसके सिवाय दिग्विरतिव्रत लेनेसे, मर्यादासे बाहर रहनेवाले स्थावर और जंगम प्राणियोंकी सर्वथा हिंसा न करनेके कारण गृहस्थ महाव्रतीके तुल्य हो जाता है । आचार्य वसुनन्दिने भी कहा है—'पूरब, उत्तर, दक्षिण और पश्चिम दिशामें योजनका प्रमाण करके उससे बाहर जानेका त्याग करना प्रथम गुणव्रत है ।' आचार्य समन्तभद्रने कहा है—"मृत्युपर्यन्त सूक्ष्मपापकी निवृत्तिके लिये दिशाओंकी मर्यादा करके 'इसके बाहिर मैं नहीं जाऊंगा' इस प्रकारका संकल्प करना दिग्व्रत है ।"

---

१ ल म स ग दिसिसु । २ ब णासये ।

छेदनार्थं संगप्रमाणं परिग्रहप्रमाणं भवेत् जायेत, तह तथा नियमात् निश्चयात् सर्वासु दिक्षु दशसु दिशासु सुप्रमाणं मर्यादा-संख्यां लोभं तृष्णां नाशयेत् । तेन च दिग्विरतिव्रतेन बहिःस्थितस्थावरजङ्गमप्राणिसर्वथाविराधनाभावात् गृहस्थस्यापि महाव्रतमायाति । तस्माद्बहिःक्षेत्रे मुक्तदिग्बाह्यप्रदेशे धनादिलाभे सत्यपि मनोव्यापारनिषेधात् लोभनिषेधश्चागारिणो भवति । तथा वसुनन्दिना चोक्तम् । " पुव्वुत्तरदक्खिणपच्छिमासु काऊण जोयणपमाणं । परदो गमणणियत्ती दिसि विदिसि गुणव्वदं पढमं ।" तथा समन्तभद्रेण "दिग्वलयं परिगणितं कृत्वातोऽहं बहिर्न यास्यामि । इति संकल्पो दिग्व्रतमामृत्यणुपाप-विनिवृत्त्यै ॥" तथातिचाराः पञ्च वर्जनीयाः । ते के इति चेदुच्यते । "ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्व्यतिक्रमक्षेत्रवृद्धिस्मृत्यन्तराधानानि ॥" वृक्षपर्वताद्यारोहणम् ऊर्ध्वव्यतिक्रमः ऊर्ध्वदिशः अतिलंघनम् अतिचारः ।१। वापीकूपभूमिगृहाद्यवतरणम् अधोव्यतिक्रमः अधोदिशः अतिलंघनम् अतिचारः ।२। सुरङ्गादिप्रवेशस्तिर्यग्व्यतिक्रमः तिर्यग्दिशः अतिलंघनम् अतिचारः ।३। व्यासंगमोहप्रमादादिवशेन लोभावेशात् योजनादिपरिच्छिन्नदिक्संख्याया अधिकाकाङ्क्षण क्षेत्रवृद्धिरुच्यते । यथा मान्या-खेटावस्थितेन केनचित् श्रावकेण क्षेत्रपरिमाणं यत् धारापुरीलंघनं मया न कर्तव्यम् इति, पश्चात् उज्जयिन्याम् अनेन भाण्डेन महान् लाभो भवतीति तत्र गमनाकाङ्क्षा गमनं च क्षेत्रवृद्धिः । दक्षिणापथागतस्य धाराया उज्जयिनी पंचविंशति-गव्यूतिभिः किंचिन्न्यूनाधिकाभिः परतो वर्तते ।४। स्मृतेरन्तरं विच्छित्तिः विस्मरणं स्मृत्यन्तरं तस्य आधानं विधानं स्मृतिराधानम् अननुस्मरणं योजनादिककृतावधेर्विस्मरणमित्यर्थः ।५। तथा समन्तभद्रैः प्रोक्तं च । 'ऊर्ध्वाधस्तात् तिर्यग्व्यतिपाताः क्षेत्रवृद्धिरवधीनाम् । विस्मरणं दिग्विरतेरतिचाराः पञ्च मन्यन्ते ॥' इति ॥ ३४१-३४२ ॥ अथ द्विती-मनर्थविरतिगुणव्रतं गाथाषट्केनाह—

कज्जं किं पि ण साहदि णिच्चं पावं करेदि जो अत्थो ।
सो खलु हवदि[1] अणत्थो पंच-पयारो वि सो विविहो ॥३४३॥

[छाया—कार्यं किम् अपि न साधयति नित्यं पापं करोति यः अर्थः । स खलु भवति अनर्थः पञ्चप्रकारः अपि स विविधः ॥] अनर्थदण्डाख्यं व्रतं व्याचक्षाणः अनर्थशब्दस्य अर्थं तद्भेदांश्च निगदति । खलु इति निश्चितम् । असौ अर्थः

इस व्रतकेभी पांच अतिचार छोड़ने चाहियें । वे इस प्रकार हैं–ऊर्ध्व अतिक्रम, अधोऽतिक्रम, तिर्यग्व्य-तिक्रम, क्षेत्रवृद्धि और स्मृत्यन्तराधान । वृक्ष पर्वत वगैरहपर चढ़कर ऊर्ध्व दिशाकी मर्यादाका उल्लंघन करना ऊर्ध्वातिक्रम अतिचार है । बावड़ी, कुआ, तलघरा वगैरहमें उतरकर अधो दिशाकी मर्यादाका उल्लंघन करना अधोऽतिक्रम अतिचार है । सुरंग वगैरहमें प्रवेश करके तिर्यग्दिशाका उल्लंघन करना तिर्यगतिक्रम अतिचार है । दिशाका यह उल्लंघन प्रमाद, अज्ञान अथवा अन्य तरफ ध्यान होनेसे होता है । यदि जान बूझकर उल्लंघन किया जायेगा तो व्रतभंग हो जायेगा । लोभमें आकर दिशाओंकी मर्यादाको बढालेनेका भाव होना अथवा बढ़ालेना क्षेत्रवृद्धि नामका अतिचार है । जैसे, मान्यखेट नगरके किसी श्रावकने क्षेत्रका परिमाण किया कि मैं धारानगरीसे आगे नहीं जाऊंगा । पीछे उसे मालूम हुआ कि उज्जयनीमें लेजाकर अमुक चीज बेचनेसे महान् लाभ होता है । अतः उज्जयनी जानेकी इच्छा होना और उज्जयनी चले जाना क्षेत्रवृद्धि नामका अतिचार है । क्योंकि मान्यखेट दक्षिणापथमें है, और दक्षिणापथसे आनेवालेके लिये धाराकी अपेक्षा उज्जयनी पचीस कोसके लगभग अधिक दूर है । अतः ऐसा करना सदोष है । की हुई मर्यादाको भूलजाना स्मृत्यन्तराधान नामका अतिचार है । समन्तभद्रस्वामीने भी कहा है– "ऊर्ध्वव्यतिपात, अधोव्यतिपात, तिर्यग्व्यतिपात, क्षेत्रवृद्धि और मर्यादाका भूल जाना, ये पांच दिग्विरति व्रतके अतिचार हैं ॥ ३४१-३४२ ॥ आगे छै गाथाओंसे अनर्थदण्डविरति नामक

---

१ ल स ग हवे ।

अनर्थः निरर्थकः, न विद्यते अर्थः प्रयोजनं यत्र स अनर्थः अनर्थक्रियाकारी यावत् तथानर्थकं पर्यटनविषयोपसेवनम् । अनर्थदण्डः स कः । यः अर्थः किमपि कार्यम् इष्टानिष्टधनधान्यशत्रुनाशादिकं न साधयति न निर्मापयति, पुनः यः अर्थः शस्त्राग्निविषप्रमुखः नित्यं सदा पापं दुरितं करोति स अनर्थः पञ्चप्रकारः पञ्चभेदः पञ्चविधः । अपि पुनः स पञ्चप्रकारः विविधः विविधप्रकारः अनेकविधः, एकस्मिन्नेकस्मिन्ननर्थदण्डे बहवः अनर्थाः सन्तीत्यभिप्रायः । अनर्थदण्डः पञ्चप्रकारः । अपध्यान १ पापोपदेश २ प्रमादचरित ३ हिंसाप्रदान ४ दुःश्रुति ५ भेदात् ३४३॥ तत्रापध्यानलक्षणं कथ्यते—

पर-दोसाण वि गहणं[1] पर-लच्छीणं समीहणं जं च ।
परइत्थी-अवलोओ[2] पर कलहालोयणं पढमं ॥३४४॥

[छाया—परदोषाणाम् अपि ग्रहणं परलक्ष्मीनां समीहनं यत् च । परस्त्र्यवलोकः परकलहालोकनं प्रथमम् ॥] पञ्चप्रकारेष्वनर्थदण्डेषु प्रथमम् अनर्थदण्डं प्रथयते । तं प्रथमम् अपध्यानाख्यम् अनर्थदण्डं जानीहि । तं कम् । यत्र परदोषाणां ग्रहणं परेषाम् अन्येषां पुंसां दोषाः अविनयादिलक्षणाः तेषां ग्रहणम् अङ्गीकारः स्वीकारः परजनानां दोषस्वीकारः, उपलक्षणत्वात् स्वकीयगुणप्रकाशनं च । च पुनः परलक्ष्मीनां परेषां लक्ष्मीनां गजवाजिरथस्वर्णरत्नमणिमाणिक्यवस्त्राभरणादीनां संपदानां समीहनं वाञ्छा ईहाभिलाषः परधनापहरणेच्छा च, परस्त्रीणाम् आलोकः परयुवतीनां जघनस्तनवदनादिकं रागबुद्ध्यावलोकनं तद्वाञ्छा च, परकलहालोकनं परैः अन्यैः कृतः कलहः झकटकः तस्यावलोकनं दर्शनं च वाञ्छा च, परप्राणिनां जयपराजयहननबन्धनकर्णाद्यवयवच्छेदनादिकं कथं भवेदिति मनःपरिणामप्रवर्तनम् अपध्यानं प्रथमं भवति । १ ॥३४४॥ अथ पापोपदेशाख्यं द्वितीयानर्थदण्डं व्याचष्टे—

दूसरे गुणव्रतको कहते हैं । **अर्थ**—जिससे अपना कुछ प्रयोजन तो साधता नहीं, और केवल पाप ही बंधता है उसे अनर्थ कहते हैं । उसके पांच भेद हैं तथा अनेक भेदभी हैं ॥**भावार्थ**—अनर्थदण्ड विरति व्रतका स्वरूप बतलाते हुये ग्रंथकारने पहले अनर्थ शब्दका अर्थ और उसके भेद बतलाये हैं । जिससे कुछ अर्थ यानी प्रयोजन सिद्ध नहीं होता वह अनर्थ है । अर्थात् जो इष्ट धनधान्यकी प्राप्ति या अनिष्ट शत्रु वगैरहका नाश आदि किसीभी कार्यको सिद्ध नहीं करता, बल्कि उल्टे पापका संचय करता है वह अनर्थ है । उसके पांच भेद हैं-अपध्यान, पापोपदेश, प्रमादाचरित, हिंसाप्रदान और दुश्रुति । इस एक एक अनर्थ दण्डके भी अनेक भेद हैं, क्योंकि एक एक अनर्थमें बहुतसे अनर्थ गर्भित होते हैं ॥ ३४३ ॥ आगे उनमेंसे अपध्यानका लक्षण कहते हैं । **अर्थ**—परके दोषोंको ग्रहण करना, परकी लक्ष्मीको चाहना, पराई स्त्रीको ताकना तथा पराई कलहको देखना प्रथम अनर्थ दण्ड है ॥ **भावार्थ**—पांच अनर्थदण्डोंमेंसे प्रथम अनर्थदण्डका स्वरूप बतलाते हैं । दूसरे मनुष्योंमें जो दुर्गुण हैं उन्हें अपनाना, दूसरेके धनको छीननेके उपाय सोचना, रागभावसे पराई युवतियोंके जघन, स्तन, मुख वगैरहकी ओर घूरना और उनसे मिलनेके उपाय सोचना, कोई लड़ता हो या मेढ़ों की, तीतरोंकी, बटेरोंकी लड़ाई होती हो तो उसमें आनन्द लेना, ये सब अपध्यान नामका अनर्थदण्ड है । अपध्यानका मतलब होता है-खोटा विचार करना । अतः अमुककी जय या पराजय कैसे हो, अमुकको किसी तरह फांसी हो जाये, अमुकको जेलखाना होजाये, अमुकके हाथ पैर आदि काट डाले जाये, इस प्रकार मनमें विचारना अपध्यान है । ऐसे व्यर्थ विचारोंसे

---

१ ल म दोसाणं गहणं, (स गहण, ग ग्गहणं) । २ ल म स ग आलोओ ।

जो उवएसो दिज्जदि किसि-पसु-पालण-वणिज्ज-पमुहेसु ।
पुरसित्थी[1]-संजोए अणत्थ-दंडो हवे बिदिओ ॥३४५॥

[छाया—यः उपदेशः दीयते कृषिपशुपालनवाणिज्यप्रमुखेषु । पुरुषस्त्रीसंयोगे अनर्थदण्डः भवेत् द्वितीयः ॥] स द्वितीयः पापोपदेशनामानर्थदण्डो भवेत् । स कः । यः उपदेशः दीयते । क्व । कृषिपशुपालनवाणिज्यप्रमुखेषु कृषिः कर्षणं भूमिखेटनं पामरादीनाम् अग्रे कथयति भूमिरेवं कृष्यते, उदकमेवं निःकाश्यते, वनदाह एवं क्रियते, क्षुद्रपादपतृणादयः एवमुत्पाट्यन्ते इत्याद्यारम्भः अनेनोपायेन क्रियते इत्यादिकथनम् आरम्भोपदेशः पापोपदेशः । तथा पशूनां पालन रक्षणं गोमहिषीतुरगगजोष्ट्राजखरादीना रक्षणं क्रियते, अनेनोपायेन वृद्धिर्जायते, इत्यादिकथनं पापोपदेशो भवति । वाणिज्ये व्यापारे क्रयविक्रयकरणे उपदेशः, अस्माद्देशात् गोमहिषीबलीवर्दोष्ट्रगजतुरङ्गादीन् यदि अन्यत्र देशे विक्रीणीते तदा महान् धनलाभो भवतीति तिर्यग्वणिज्यानामकः पापोपदेशो भवति । अस्मात् पूर्वादिदेशात् दासीदासान् अल्पमूल्यसुलाभात् गृहीत्वा अन्यस्मिन् गुर्जरादिदेशे तद्विक्रयो यदि क्रियते तदा धनलाभो भवेदिति क्लेशवणिज्या कथ्यते । अथवा वाणिज्यं धनधान्यादिलाक्षामधुशस्त्रतुम्बुककर्कोटिकादिवस्तुव्यापारः । तानि प्रमुखानि नौचालनशकटादिखेटनादीनि तेषु उपदेशः । तथा शाकुनिकाः पक्षिमारकाः वागुरिकाः मृगवराहादिमारकाः धीवरा मत्स्यमारकाः इत्यादीना पापकर्मोपजीविनाम् ईदृशीं वार्तां कथयति । अस्मिन् प्रदेशे वनजलाद्युपलक्षिते मृगवराहतित्तिरमत्स्यादयो बहवः सन्ति इति कथनं वधकोपदेशनामानर्थदण्डो भवति । पुरुसित्थीसंजोए पुरुषस्त्रीणां नरनारीणां संयोगे विवाहमेलने मैथुनादिसंयोजने उपदेशः इत्यादिपापोपदेशनामा अनर्थदण्डोऽनेकविधो भवति ॥३४५॥ अथ तृतीयं प्रमादचर्याख्यमनर्थदण्डं दर्शयति—

विहलो जो वावारो पुढवी-तोयाण अग्गि-वाऊणं[2] ।
तह वि वणप्फदि-छेदो[3] अणत्थ-दंडो हवे तिदिओ ॥३४६॥

[छाया-विफलः यः व्यापारः पृथ्वीतोयानाम् अग्निवायूनाम् । तथा अपि वनस्पतिच्छेदः अनर्थदण्डः भवेत् तृतीयः ॥] स तृतीयः प्रमादचर्याख्यः अनर्थदण्डो भवेत् । स कः । यः पृथिवीतोयानां भूमिजलानां व्यापारः विफलः कार्यं विना

लाभ तो कुछ नहीं होता, उल्टे पापका बन्ध होता है ॥३४४॥ आगे, पापोपदेश नामके दूसरे अनर्थ दण्डको कहते हैं। **अर्थ—**कृषि, पशुपालन, व्यापार वगैरहका तथा स्त्रीपुरुषके समागमका जो उपदेश दिया जाता है वह दूसरा अनर्थदण्ड है॥ **भावार्थ—**खेतिहरोंके सामने भूमि ऐसी जोती जाती है, पानी ऐसे निकला जाता है, जंगल इसतरह जलाया जाता है, छोटे छोटे वृक्ष छाल वगैरह ऐसे उखाड़े जाते हैं इस प्रकारके आरम्भका उपदेश देना पापोपदेश है। तथा गाय, भैंस, हाथी, घोड़ा, ऊंट वगैरह ऐसे पाले जाते हैं, ऐसा करनेसे उनकी वृद्धि होती है, ऐसा कहना पापोपदेश है, अमुक देशसे गाय, भैंस, बैल, ऊंट, हाथी, घोड़ा वगैरहको लेजाकर यदि अमुक देशमें बेचा जावे तो बड़ा लाभ होता है इस प्रकारका उपदेश देना तिर्यग्वाणिज्य नामका पापोपदेश है। अमुक देशमें दासी दास सस्ते हैं उन्हें वहांसे लेजाकर यदि गुजरात आदिमें बेचा जाये तो बहुत लाभ होता है। यह भी पापोपदेश है। अथवा धन, धान्य, लाख, शहद, शस्त्र, आदि वस्तुओंके व्यापारका उपदेश देना तथा पक्षीमार, शिकारी, धीवर वगैरहसे कहना कि अमुक प्रदेशमें हिरन, सुअर, तीतर या मछलियां बहुत है यह वधकोपदेश नामका अनर्थदण्ड है। स्त्री-पुरुषोंको मैथुन आदिका उपदेश देना भी पापोपदेश है। इस तरह पापोपदेश नामका अनर्थदण्ड अनेक प्रकारका है ॥ ३४५ ॥ आगे तीसरे प्रमादचर्या नामक अनर्थदण्डको कहते हैं। **अर्थ—**पृथ्वी, जल, अग्नि और पवनके व्यापारमें निष्प्रयोजन प्रवृत्ति करना, तथा निष्प्रयोजन वनस्पतिको काटना तीसरा अनर्थदण्ड है। **भावार्थ—**विना प्रयोजनके

१ स पुरसत्थी । २ ल म स ग अग्गिपवणाणं । ३ ल म स ग छेउ (छेओ ?)।

व्यापारः, प्रयोजनं विना पृथ्व्याः खननं भूमिकुट्टनं पाषाणचूर्णनम् इष्टिकानिष्पादनम्, जलाना व्यापारं कार्यं विना जलनिक्षेपः जलसेचनं जलसारिणीकूपसरउपकूपवापीप्रमुखेषु जलारम्भः। तथाग्निपवनानाम् अग्नीनां व्यापारः अग्नीना विध्यापनं दवप्रदानम् अग्न्येषा रन्धनादिनिमित्तमग्निदीपार्पणम्, वायुना व्यापारः व्यजनवस्त्रादिना निक्षेपणम्। अपि पुन, वनस्पतीनां छेदनं तृणवृक्षवल्लीपुष्पफलकन्दमूलशाखापत्रादीना छेदः विनाशनं निःफलः। इति प्रमादचर्यानर्थदण्डः। ३ ॥ ३४६ ॥ अथ चतुर्थं हिंसादानाख्यमनर्थदण्ड समाचष्टे—

मज्जार-पहुदि-धरणं आउह[1]-लोहादि-विक्कणं जं च।
लक्खा[2]-खलादि-गहणं अणत्थ-दण्डो हवे तुरिओ ॥ ३४७ ॥

[छाया—मार्जारप्रभृतिधरणम् आयुधलोहादिविक्रयः यः च। लाक्षाखलादिग्रहणम् अनर्थदण्डः भवेत् तुरीयः ॥] स चतुर्थः हिंसादानाख्यः अनर्थदण्डो भवेत्। स कः। यत् मार्जारप्रभृतिधरणं, मार्जारः आखुभुक् प्रभृतिशब्दात् परप्राणिघातहेतूनां मार्जारकुक्कुरकुक्कुटशुकपारापतश्येनसर्पव्याघ्रनकुलादीना हिंसकजीवाना धरणं रक्षणं पालनं पोषण च। च पुनः, आयुधलोहादिविक्रयः, आयुधानां खड्गकुन्तच्छुरिकाधनुर्बाणमुद्गरदण्डयष्टितोमरशक्तित्रिशूलपरशुप्रमुखाना शस्त्राणा, लोहाना कुठारदात्रखनित्रशृंखलाशाकखण्डनक्रकचलोहगोलकादीना च विक्रयः क्रयविक्रय व्यापारेण ग्रहण दानं च। लाक्षाखलादिग्रहणं, लाक्षा जतुका खलः पिण्याकः कर्कोटिकोषा वा तयोर्लाक्षाखलयो. आदिशब्दात् अहिफेनवत्सनागविषपाशजालकशाधात्रकीपुष्पसौराष्ट्रिकामधुपुष्पशिल्पफणाकमधुप्रमुखानां ग्रहणम् आदानम् अर्पण च हिंसादाननामानर्थदण्डश्चतुर्थो भवति ॥ ३४७ ॥ अथ पञ्चमं दुःश्रुत्याख्यमनर्थदण्डं दीपयति—

जं सवणं सत्थाणं भंडण-वसियरण-काम-सत्थाणं।
पर-दोसाणं च तहा अणत्थ-दण्डो हवे चरिमो[3] ॥ ३४८ ॥

[छाया—यत् श्रवणं शास्त्राणा मण्डणवशीकरणकामशास्त्रानाम्। परदोषणा च तथा अनर्थदण्डः भवेत् चरमः ॥] स चरमः पञ्चमः दुःश्रुत्याख्यः अनर्थदण्डो भवेत्। स कः। यत् शास्त्राणा कुनयप्रतिपादकाना भारतभागवतमार्कण्ड-

पृथ्वी खोदना, भूमि कूटना, पत्थर तोड़ना, ईंटे बनाना, पानी बिखराना, नल खुला छोड़ देना, आग जलाना, जंगल जलाना, दूसरोंको आग देना, हवा करना, तृण वृक्ष लता फूल फल पत्ते कन्दमूल टहनी वगैरहको व्यर्थ छेदना भेदना वगैरह प्रमादचर्या नामक अनर्थदण्ड हैं। ऐसे कामोंसे वस्तुओंका व्यर्थ दुरुपयोग होता है, और लाभ कुछ नहीं होता। जरूरतसे ज्यादा खाकर बीमार होना, अन्नको खराब करना, झूंठन छोडना आदि भी प्रमादाचरितमें ही संमिलित है ॥ ३४६ ॥ आगे चौथे हिंसादान नामक अनर्थदण्डको कहते हैं। **अर्थ**—बिलाव आदि हिंसक जन्तुओंका पालना, लोहे तथा अस्त्र शस्त्रोंका देना लेना और लाख विष वगैरहका देना लेना चौथा अनर्थदण्ड है ॥ **भावार्थ**- बिल्ली, कुत्ता, मुर्गा, बाज, सांप, व्याघ्र, नेवला आदि जो जन्तु दूसरोंके घातक हैं, उनका पालन पोषण करना, जिनसे दूसरोंका घात किया जा सकता है अथवा दूसरोंको बांधा जा सकता है ऐसे तलवार, भाला, छुरी, धनुषबाण, लाठी, त्रिसूल, फरसा आदि अस्त्र शस्त्रोंका तथा फावड़ा, कुल्हाड़ी सांकल, दराती आरा आदि लोहेके उपकरणोंका लेन देन करना-दूसरों को देना और दूसरों से लेना, लाखका व्यापार करना, अफीम, गांजा, चरस, धतूरा, संखिया. आदि जहरीले और नशीली वस्तुओंको लेना देना यह हिंसा दान (हिंसाके साधनोंका लेन देन करना) नामका अनर्थदण्ड है ॥ ३४७ ॥ आगे पांचवे दुश्रुति नामक अनर्थदण्ड को कहते हैं। **अर्थ**—जिन शास्त्रों या पुस्तकोंमें गन्दे, मजाक,

१ ल स ग आउध। २ ब लक्ख। ३ ब चरमो।

विष्णुपुराणलिङ्गपुराणाथर्वणयजुःसामऋग्वेदस्मृतीनां श्रवणम् आकर्णनम् । च पुनः मण्डक्रियाप्रतिपादकशास्त्रं प्रहसनकुशलवशीकरणशास्त्रं नृपसचिवकोट्टपालप्रमुखनरनारीव्याघ्रगजादिवशीकरणशास्त्रं कुमन्त्रयन्त्रचूर्णौषधिमण्यादिप्रतिपादकशास्त्रं स्तम्भनमोहनशास्त्रं कामशास्त्रं कामोत्पत्तिप्रतिपादकरागशास्त्रं कुक्कोकनामादिशास्त्रं च तेषां मण्डनवशीकरणकामशास्त्राणां श्रवणं व्याख्यानं कथनं च । तथा परदोषाणां परेषां दोषाणाम् अपवादानां श्रवणं कथनं च, राजस्त्रीचौरद्रव्यादिपञ्चविंशतिविकथानां श्रवणं प्रतिपादनं च, तथा रणप्रतिपादकम् इन्द्रजालादिशास्त्रं गृह्यते इति दुःश्रुतिनामानर्थदण्डः पञ्चमः ।५ ॥३४८॥ अथानर्थदण्डव्याख्यामुपसंहरन्नाह—

एवं पंच-पयारं अणत्थ-दण्डं दुहावहं णिच्चं ।
जो परिहरेदि[1] णाणी गुणव्वदी[2] सो हवे बिदिओ ॥३४९॥

[छाया—एवं पञ्चप्रकारम् अनर्थदण्डं दुःखावहं नित्यम् । यः परिहरति ज्ञानी गुणव्रती स भवेत् द्वितीयः ॥] स पुमान् द्वितीयः अनर्थदण्डपरित्यागी गुणव्रती, पञ्चानामणुव्रतानां गुणस्य कारकत्वादनुवर्धनत्वात् गुणव्रतानि विद्यन्ते यस्य स गुणव्रती, भवेत् स्यात् । कथंभूतः सन् । ज्ञानी आत्मशरीरभेदज्ञानवान् । स कः । यः परिहरति त्यजति । कम् । अनर्थदण्डम् । कियत्प्रकारम् । एवं पूर्वोक्तप्रकारेण अपध्यानपापोपदेशप्रमादचर्याहिंसादानदुःश्रुतिपञ्चप्रकारं पञ्चभेदं परिहरति । कीदृक्षम् । नित्यं सदा निरन्तरं दुःखावहम् अनेकसंसारदुःखोत्पादकम् । तथानर्थदण्डस्य विरतेः पञ्चातिचाराः

वशीकरण, काम भोग वगैरहका वर्णन हो उनका सुनना और परके दोषोंकी चर्चावार्ता सुनना पांचवा अनर्थदण्ड है ॥ **भावार्थ**–दुश्रुतिका मतलब है बुरी बातोंका सुनना। अतः जिन शास्त्रोंमें मिथ्याबातोंकी चर्चा हो, अश्लीलता हो, कामभोगका वर्णन हो, स्त्री-पुरुषोंके नग्न चित्र हों, जिनके सुनने और देखनेसे मनमें विकार पैदा हो, कुरुचि उत्पन्न हो, विषयकषायकी पुष्टि होती हो, ऐसे तंत्रशास्त्र, मंत्रशास्त्र, स्तम्भन शास्त्र, मोहनशास्त्र कामशास्त्र आदिका सुनना, सुनाना, बांचना वगैरह, तथा राजकथा, स्त्रीकथा, चोरकथा, भोजनकथा आदि खोटी कथाओंको सुनना,सुनाना,दुश्रुति नामक पांचवा अनर्थदण्ड है। आजकल अखबारोंमें तरह तरहकी दवाओंके, कोकशास्त्रोंके, स्त्री पुरुषके नग्न चित्रोंके विज्ञापन निकलते हैं और अनजान युवक उन्हें पढ़कर चरित्रभ्रष्ट होते हैं। सिनेमाओंमें गन्दे गन्दे चित्र दिखलाये जाते और गन्दे गाने सुनाये जाते हैं जिनसे बालक बालिकायें और युवक युवतियां पथभ्रष्ट होते जाते हैं। अतः आजीविकाके लिये ऐसे साधनोंको अपनाना भी गृहस्थके योग्य नहीं है। धनसंचयके लिए भी योग्य साधन ही ठीक है। समाजको भ्रष्टकरके पैसा कमाना श्रावकका कर्तव्य नहीं है ॥३४८॥ आगे, अनर्थदण्डके कथनका उपसंहार करते हैं। **अर्थ**–इसप्रकार सदा दुःखदायी पांच प्रकारके अनर्थदण्डोंको जो ज्ञानी श्रावक छोड़ देता है वह दूसरे गुणव्रतका धारी होता है॥ **भावार्थ**–जिनके पालनसे पांचों अणुव्रतोंमें गुणोंकी वृद्धि हो उन्हें गुणव्रत कहते हैं। दिग्विरति अनर्थदण्डविरति आदि गुणव्रतोंके पालनसे अहिंसा आदि व्रत पुष्ट और निर्मल होते हैं, इसीसे इन्हें गुणव्रत कहते हैं। ऊपर जो पांच अनर्थदण्ड बतलाये हैं वे सभी दुःखदायी हैं, व्यर्थ पापसंचयके कारण हैं, बुरी आदतें डालनेमें सहायक हैं। अतः जो ज्ञानी पुरुष उनका त्याग कर देता है। वह दूसरे गुणव्रतका पालन करता है। इस व्रतके भी पांच अतिचार छोड़ने चाहियें। जो इस प्रकार हैं– कन्दर्प, कौत्कुच्य, मौखर्य, अतिप्रसाधन और असमीक्षिताधिकरण। रागकी उत्कटताके कारण हास्य

१ ल म स ग परिहरेइ । २ ग गुणव्वई, स गुणव्वदं, व गुणव्वदं होदि ।

वर्जयति । तालाह । "कन्दर्पं १ कौत्कुच्यं २ मौखर्यं ३ मतिप्रसाधनं ४ पञ्च । असमीक्षिताधिकरणं ५ व्यतीत- शोऽनर्थदण्डकृद्विरतेः ॥" ३४९॥ अथ भोगोपभोगपरिमाणाख्यं तृतीयं गुणव्रतं विवृणोति—

जाणित्ता संपत्ती भोयण-तंबोल-वत्थमादीणं[1] ।
जं परिमाणं कीरदि भोउवभोयं वयं तस्स ॥३५०॥

छाया–ज्ञात्वा संपत्तीः भोजनताम्बूलवस्त्रादीनाम् । यत् परिमाण क्रियते भोगोपभोगं व्रतं तस्य ॥] तस्य पुंसः भोगोपभोगपरिमाणाख्यं व्रतं भवेत्, यः संपत्तीः गोगजतुरगमहिषीधनधान्यसुवर्णरूप्यादिसंपदाः लक्ष्मीः ज्ञात्वा परिज्ञाय स्ववित्तानुसारेण स्वशक्त्यनुसारेण च यत् भोजनताम्बूलवस्त्रादीनां परिमाणं मर्यादां संख्या करोति विदधाति । भोजनम् अशनं खाद्यं स्वाद्यं लेह्यं पानम्,ताम्बूलं नागवल्लीदलपूगलवङ्गकर्पूरैलादिकम्,वस्त्रं पट्टकूलादिवस्त्रम्,आदिशब्दात् भवनभाजनवाहनगृहहट्टयुवतिधनधान्यगोमहिषीदासदासीप्रसुवाना परिमाणं मर्यादां संख्या करोति विदधाति । तस्य भोगोपभोगव्रतं भवेत् । अशनपानचन्दनलेपपुष्पताम्बूलादिकं वस्तु सकृत एकवारं भुज्यते इति भोग. परिभोगो वा,शय्या- सनवस्त्राभरणभाजनभार्यादिकं वस्तु उपभुज्यते पुनः पुनः वारंवार भुज्यते उपभोग', तयोर्भोगोपभोगयोर्वस्तुनोः व्रतं नियमः भोगोपभोगव्रतं स्यात् ॥३५०॥ अथ विद्यमानं वस्तु त्यजन् स्तवनार्हं इति स्तौति—

जो परिहरेइ संतं तस्स वयं थुव्वदे सुरिंदो[3] वि ।
जो मण-लड्डु[4] व भक्खदि तस्स वयं अप्प-सिद्धियरं[5] ॥३५१॥[6]

[छाया–यः परिहरति सन्तं तस्य व्रतं स्तौति सुरेन्द्रः अपि । य. मनोलड्डुकम् इव भक्षयति तस्य व्रतम् अल्पसिद्धि- करम् ॥] यः पुमान् परिहरति त्यजति । कम् । सन्तं विद्यमानम् अर्थं वस्तु धनधान्ययुवतीपुत्रादिकं तस्य पुसः व्रतं संयमः नियमः स्तूयते प्रशस्यते । कैः । सुरेन्द्रैः देवस्वामिभिः इन्द्रादिकैः । तस्य पुसः व्रतम् अल्पसिद्धिकरं स्वल्पसंपदा-

---

सहित भण्डवचन बोलना कन्दर्प है । हास्य और भण्डवचनके साथ शरीरसे कुचेष्टा भी करना कौत्कुच्य है । धृष्टताको लिये हुए बहुत बकवाद करना मौखर्य है । आवश्यक उपभोग परिभोगसे अधिक इकट्ठा करलेना अति प्रसाधन है । बिना बिचारे काम करना असमीक्ष्याधिकरण नामका अतिचार है । इस प्रकार ये पांच अतिचार अनर्थदण्डव्रतीको छोड़ने चाहियें॥३४९॥ आगे भोगोपभोगपरिमाण नामक तीसरे गुणव्रतका वर्णन करते हैं । **अर्थ**–जो अपनी सामर्थ्य जानकर भोजन, ताम्बूल, वस्त्र आदिका परिमाण करता है उसके भोगोपभोगपरिमाण नामका गुणव्रत होता है ॥ **भावार्थ**–जो वस्तु एक बार भोगनेमें आती है उसे भोग कहते हैं । जैसे भोजन पेय, चन्दनका लेप, फूल, पान वगैरह । और जो वस्तु बार बार भोगनेमें आती है उसे उपभोग कहते हैं । जैसे शय्या, बैठनेका आसन, वस्त्र, आभरण, बरतन स्त्री वगैरह । अपनी शारीरिक और आर्थिक शक्तिको देखकर भोग और उपभोगका जन्म पर्यन्तके लिए अथवा कुछ समयके लिए नियम कर लेना कि मैं अमुक अमुक वस्तु इतने परिमाणमें इतने समय तक भोगूंगा, यह भोगोपभोगपरिमाण नामका तीसरा गुणव्रत है ॥ ३५० ॥ आगे, भोगोपभोगपरिमाण व्रतीकी प्रशंसा करते है । **अर्थ**–जो पुरुष विद्यमान वस्तुओंको भी छोड़ देता है उसके व्रतकी सुरेन्द्र भी प्रशंसा करते हैं । और जो मनके लड्डू खाता है उसका व्रत अल्प सिद्धिकारक होता है ॥ **भावार्थ**–जो घरमें भोगो- परभोगकी विपुल सामग्री होते हुए भी उसका व्रत लेता है, उसका व्रत अत्यन्त प्रशंसनीय है । किन्तु

---

१ ल स ग वत्थमाईणं । २ ब भोउवभोउं (यं ?) तं तिदिओ (म तदियं) । ३ ल म स ग सुरिंदेहिं । ४ल मणुलड्डु, म स मणलड्डव, ग मणलट्टु । ५ स सिद्धिकरं । ६ ब गुणव्रतनिरूपणं सामाइयस्स इत्यादि ।

निष्पादकम्। यः पुमान् अविद्यमानं च बुभुक्षति खादति व्रतयाति च तस्य स्वल्पसिद्धिकरं व्रतं स्यात्। किंवत्। मनोमोदकवत्, यथा मनोमोदकः बुभुक्षाक्षुधाविदारणं न करोति तथा अविद्यमानवस्तुनि त्यागे श्रेयो न भवति। अथवा मनोमोदकभक्षणप्रायम् अविद्यमानं वस्तु व्रतयति। तथा भोगोपभोगातिचारान् त्यजति। तान् कान्। 'सचित्त १ संबन्ध २ सन्मिश्रा ३ भिषव ४ दुःपक्वाहाराः ५।' जलकणादिसचित्तवस्त्वाहारः १, सचित्तसंघट्टमात्रेण दूषित आहारः संबन्धाहारः २, सचित्तेन संमिश्रितः सचित्तद्रव्यसूक्ष्मप्राण्यतिमिश्रोऽशक्यभेदकरणः आहारः सन्मिश्राहारः ३, अभिषवस्य रात्रिचतुःप्रहरैः क्लिन्न ओदनो द्रवः इन्द्रियबलवर्धनो माषादिविकारादिः वृष्यः द्रववृष्यस्याहारः अभिषवाहारः ४, अर्धपक्वः चीक्कणतया दुष्पक्वः दग्धपक्वः दुःपक्वः तस्य आहारः दुःपक्वाहारः ५। वृष्यदुःपक्वयोः सेवने सति इन्द्रियमदवृद्धिः। सचित्तोपयोगः वातादिप्रकोपोदरपीडादिप्रतीकारे अग्न्यादिप्रज्वालने महान् असंयमः स्यादिति तत्परिहार एव श्रेयान् ॥ ३५१ ॥ इति स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षाव्याख्याने गुणव्रतत्रयव्याख्यानं समाप्तम् ॥ अथ शिक्षाव्रतानि व्याचक्षाणः समायिकसामग्री प्रतिपादयति—

जो मनुष्य अपने पासमें अविद्यमान वस्तुका व्रत लेता है, उसका व्रत मनके लड्डुओंकी तरह है। अर्थात् जैसे मनमें लड्डुओंकी कल्पना करलेनेसे भूख नहीं बुझती, वैसेही अनहोती वस्तुके त्यागसे कल्याण नहीं होता। परन्तु अनहोती वस्तुका नियम भी व्रत तो है ही, इसलिये उसका थोड़ासा फल तो होता ही है। जैसे एक भीलने मुनिराजके कहनेसे कौएका मांस छोड़ दिया था। उसने तो यह जानकर छोड़ा था कि कौएके मांसको खानेका कोई प्रसंग ही नहीं आता। किन्तु एक बार वह बीमार हुआ और वैद्यने उसे कौएका मांस ही खाने को बतलाया। परन्तु व्रतका ध्यान करके उसने नहीं खाया और मर गया। इस दृढ़ताके कारण उसका जीवन सुधर गया। अतः अनहोती वस्तुका त्याग भी समय आनेपर अपना काम करता ही है, किन्तु विद्यमान वस्तुका त्याग ही प्रशंसनीय है। अस्तु, भोगोपभोग परिमाण व्रतकेभी पाँच अतिचार छोड़ने योग्य हैं–सचित्त आहार, सचित्त सम्बन्धाहार, सचित्त सम्मिश्राहार, अभिषवाहार और दुष्पक्वाहार। अर्थात् सचित्त (सजीव) वस्तुको खाना, सचित्तसे सम्बन्धित वस्तुको खाना, सचित्तसे मिली हुई, जिसे अलग करसकना शक्य न हो, वस्तुको खाना, इन्द्रिय बलकारक पौष्टिक वस्तुओंको खाना, और जली हुई अथवा अधपकी वस्तुको खाना। इसप्रकारका आहार करनेसे इन्द्रियोंमें मदकी वृद्धि होती है, तथा वायुका प्रकोप, उदरमें पीड़ा आदि रोग हो सकते हैं। उनके होनेसे उनकी चिकित्सा करनेमें असंयम होना अनिवार्य है। अतः भोगोपभोग परिमाण व्रतीको ऐसे आहारसे बचना ही हितकर है। इस प्रकार गुणव्रतोंका वर्णन समाप्त हुआ। यहाँ एक बात विशेष वक्तव्य है। यहां भोगोपभोग परिमाण व्रतको गुणव्रतोंमें और देशावकाशिक व्रतको शिक्षाव्रतोंमें गिनाया है, ऐसा ही आचार्य समन्तभद्रने रत्नकरंड श्रावकाचारमें कहा है। किन्तु तत्त्वार्थसूत्रमें देशावकाशिक व्रतको गुणव्रतोंमें गिनाया है और भोगोपभोग परिमाण व्रतको शिक्षाव्रतोंमें गिनाया है। यह आचार्योंकी विवक्षाका वैचित्र्य है। इसीसे गुणव्रत और शिक्षाव्रतोंके इस अन्तरको लेकर दो प्रकारकी परम्परायें प्रचलित हैं। एक परम्पराके पुरस्कर्ता तत्त्वार्थसूत्रकार हैं दूसरीके समन्तभद्राचार्य। किन्तु दोनोंमें कोई सैद्धान्तिक मतभेद नहीं है, केवल दृष्टिभेद है। जिससे अणुव्रतोंका उपकार हो वह गुणव्रत है, और जिससे मुनिव्रतकी शिक्षा मिले वह शिक्षाव्रत है। इस ग्रन्थमें भोगोपभोग परिमाण व्रतको अणुव्रतोंका उपकारी समझकर गुणव्रतोंमें गिनाया है। और तत्त्वार्थसूत्रमें उससे मुनिव्रतकी शिक्षा मिलती है, इसलिये शिक्षाव्रतोंमें गिनाया है, क्योंकि भोगोपभोगपरिमाण व्रतमें

सामाइयस्स करणे खेत्तं[1] कालं च आसणं विलओ[2] ।
मण-वयण-काय-सुद्धी णायव्वा हुंति सत्तेव ॥३५२॥

[छाया-सामायिकस्य करणे क्षेत्रं कालं च आसन विलयः। मनवचनकायशुद्धिः ज्ञातव्या भवन्ति सप्तैव ॥] समये आत्मनि भवं सामायिकम् । अथवा सम्यक् एकत्वेन अयनं गमन समयः, स्वविषयेभ्यो विनिवृत्य कायवाङ्मनः कर्मणामात्मना सह वर्तनात् । द्रव्यार्थेन आत्मन एकत्वगमनमित्यर्थः। समये एव सामायिकं समयः प्रयोजनमस्येति वा सामायिकम् । अथवा संशब्दः एकत्वे एकीभावे वर्तते, अयनम् अयः सम् एकत्वेन एकीभावेन गमनं परिणमन समयः । समय एव सामायिकं वा, समय. प्रयोजनमस्येति सामायिकम् । देववन्दनायां निःसंक्लेशं सर्वप्राणिसमताचिन्तनं सामायिकमित्यर्थः। सामायिकस्य करणे कर्तव्ये सति सप्तैव सामग्र्यो ज्ञातव्या ज्ञेया भवन्ति । ताः काः। क्षेत्रं प्रदेशलक्षणा १, कालं पूर्वाह्णमध्याह्नापराह्णकाललक्षणा २, आसन पद्मासनादिलक्षणा ३, विलयः ध्यान तन्मयतालक्षणा ४, मनोवचनकायशुद्ध्या आर्तरौद्रध्यान रहिता धर्मध्यानसहिता मनसः शुद्धि. निर्मलतालक्षणा ५, अन्तर्बाह्यजल्पनरहिता वचनस्य शुद्धिः निर्मलता ६, कायस्य शरीरस्य शुद्धिः निर्मलता ७ ॥ ३५२ ॥ अथ ता गाथापञ्चकेन प्रतिपादयति—

जत्थ ण कलयल-सद्दो[3] बहु-जण-संघट्टणं ण जत्थत्थि ।
जत्थ ण दंसादीया एस पसत्थो हवे देसो ॥३५३॥

[छाया-यत्र न कलकलशब्दः बहुजनसंघट्टनं न यत्रास्ति। यत्र न दंशादिकाः एष प्रशस्तः भवेत् देश. ॥] सामायिकस्य करणे सति एष प्रत्यक्षीभूत. देश. प्रदेशः स्थानकं क्षेत्रम् । एष क. । यत्र प्रदेशे कलकलशब्द नास्ति, जनाना वाद्याना पश्वादीनां च कोलाहलशब्दो न विद्यते । च पुनः, यत्र प्रदेशे बहुजनसंघट्टन बहुजनाना संघट्टन संघातः परस्पर मिलनं वा नास्ति, यत्र स्थाने दंशादिकाः दंशमशकवृश्चिककीटकमत्कुणचञ्चुपुटसर्पव्याघ्रविटपुरुषस्त्रीनपुंसकपशुमांसरक्तपूयचर्मास्थिमलमूत्रमृतककलेवरादयो न विद्यन्ते स एव प्रदेशः सामायिककरणस्थान प्रशस्यम् ॥३५३॥

अतिचार रूपसे सचित्त आदि भक्षणका त्याग करना होता है ॥ ३५१ ॥ आगे शिक्षाव्रतका व्याख्यान करते हुए सामायिक व्रतकी सामग्री बतलाते हैं । **अर्थ**—सामायिक करनेके लिये क्षेत्र, काल, आसन, विलय, मनःशुद्धि, वचनशुद्धि और कायशुद्धि, ये सात बातें जानने योग्य हैं ॥ **भावार्थ**—समय नाम आत्माका है । आत्मामें जो होती है उसे सामायिक कहते हैं । अथवा भलेप्रकार एक रूपसे गमन करनेको समय कहते हैं । अर्थात् काय वचन और मनके व्यापारसे निवृत्त होकर आत्माका एक रूपसे गमन करना समय है, और समयको ही यानी आत्माकी एक रूपताको सामायिक कहते हैं, अथवा आत्माको एक रूप करना ही जिसका प्रयोजन है वह सामायिक है । अथवा देववन्दना करते समय संक्लेश रहित चित्तसे सब प्राणियोंमें समताभाव रखना सामायिक है । सामायिक करनेके लिये सात बातें जान लेना जरूरी हैं । एक तो जहां सामायिक की जाये वह स्थान कैसा होना चाहिये । दूसरे सामायिक किस किस समय करनी चाहिये । तीसरे कैसे बैठना चाहिये । चौथे सामायिकमें तन्मय कैसे हुआ जाता है, पांचवे मनकी निर्मलता, वचनकी निर्मलता और शरीरकी निर्मलता को भी समझ लेना जरूरी है ॥ ३५२ ॥ आगे पांच गाथाओंसे उक्त सामग्रीको बताते हुये प्रथम ही क्षेत्रको कहते है । **अर्थ**—जहां कलकल शब्द न हो, बहुत लोगोंकी भीड़भाड़ न हो और डांस मच्छर वगैरह न हो वह क्षेत्र सामयिक करनेके योग्य है ॥ **भावार्थ**—जहां मनुष्योंका, बाजोंका और पशुओंका कोलाहल न हो, तथा शरीरको कष्ट देनेवाले डांस, मच्छर, बिच्छु, सांप, खटमल, शेर, आदि जन्तु न हों, सारांश यह कि चित्तको क्षोभ पैदा करनेके कारण जहां न हों वहां सामायिक करनी चाहिये ॥३५३॥

१ ब खित्तं । २ म विलउ । ३ ल म स ग सद्दं ।

पुव्वण्हे मज्झण्हे अवरण्हे तिहिं[1] वि णालिया-छक्को ।
सामाइयस्स कालो सविणय-णिस्सेस-णिद्दिट्ठो ॥३५४॥

[छाया-पूर्वाह्णे मध्याह्ने अपराह्णे त्रिषु अपि नालिकाषट्कम् । सामायिकस्य कालः सविनयनिःस्वेशनिर्दिष्टः ॥] सामायिकस्य सं सम्यक् आत्मनि अयति एकत्वम् एकीभावं गच्छति समय एव सामायिकः तस्य सामायिकस्य कालः । कथंभूतः कालः । स्वेभ्यः धनेभ्यः निष्क्रान्ताः निःस्वाः निर्ग्रन्थास्तेषामीशाः स्वामिनः गणधरदेवादयः सविनयेन दर्शनज्ञानचारित्रोपचारलक्षणेन सहिताः सविनयाः ते च ते निःस्वेशाश्च तैर्निर्दिष्टः कथितः विनयसंयुक्तगणधरदेवादिभिः कथितः कालः । स कियन्मात्रः कालः । पूर्वाह्णे पूर्वाह्णकाले सूर्योदयात् प्राक् रात्रेः घटिकात्रयम् एवं रात्रिपाश्चात्यघटिकात्रयं सूर्योदयादारभ्य च घटिकात्रयं पूर्वाह्णिकस्य सामायिकस्य योग्यकालः षट्घाटिकाप्रमाणम् इत्यर्थः । मध्याह्ने मध्यदिवसे दिवसस्य मध्ये द्वितीयप्रहरस्य पाश्चात्यनाडीत्रयं तृतीयप्रहरस्य चाद्यनाडीत्रयं मध्याह्नसमयस्य योग्यकालः षड्घटिकावधिः । अपराह्णे संध्यायां चतुर्थप्रहरस्य पाश्चात्यघटीत्रयं रात्रिप्रथमप्रहरस्य घटीत्रयं चेति अपराह्णसामायिकस्य योग्यकाल. घटिकाषट्कम् । तिहि वि त्रिविध प्रत्येक षट् षट् घटिकाकालः,अथवा त्रिष्वपि पूर्वाह्णमध्याह्नाप राह्णकालेष्वपि नाडिकाषट्क प्रत्येकं घटिकाद्वय स्यात् । केचित् घटीचतुष्टयमित्याहुः । एवं प्रतिक्रमणादौ काल. ज्ञातव्यः । तथा चोक्तं च । "योग्यकालासनस्थानमुद्रावर्तशिरोनतिः । विनयेन यथाजातः कृतिकर्मामलं भजेत् ॥"इति योग्यकालः कथितः । तथा योग्यमासनम् उद्भासन पर्यङ्कासन चेति । अथवा दण्डकस्यादौ अन्ते चोपवेशनं योग्यासनम् । योग्यं स्थानं प्रदेशः स्त्रीपशुनपुंसकरहितमेकान्तस्थानम् । चित्तस्याक्षेपस्यानुत्पादकं वन वेश्म वा स्थानं देवालयादिकं वा योग्यस्थानम् । योग्या मुद्रा नमस्कारमुद्रा । योग्यावर्ता भक्ति भक्ति प्रति द्वादशावर्ता भवन्ति । योग्याः शिरोनतयश्चत्वारः भवन्तीति ॥३५४॥

बंधित्ता पज्जंकं अहवा उड्ढेण उब्भओ ठिच्चा[2] ।
काल-पमाणं किच्चा इंदिय-वावार-वज्जिदो होउं[3] ॥३५५॥

आगे सामायिकका काल बतलाते हैं । **अर्थ**–विनय संयुक्त गणधर देव आदिने पूर्वाह्ण, मध्याह्न और अपराह्ण इन तीन कालोंमें छै छै घड़ी सामायिकका काल कहा हैं ॥ **भावार्थ**–सूर्योदय होनेसे पहले तीन घड़ी और सूर्योदयसे लेकर तीन घड़ी इसतरह छै घड़ी तक तो प्रभात समयमें सामायिक करनी चाहिये । मध्याह्न अर्थात् दिनके मध्यमें दूसरे पहरकी अन्तिम तीन घड़ी और तीसरे पहरकी शुरूकी तीन घड़ी इस तरह छै घड़ी सामायिकका काल है । अपराह्ण अर्थात् सन्ध्याके समय दिनके चतुर्थ पहरकी अन्तिम तीन घड़ी और रातके पहले पहरकी शुरूकी तीन घड़ी इस तरह छै घड़ी सामायिकका काल हैं । अर्थात् सामायिक प्रतिदिन तीनबार करनी चाहिये और प्रत्येक बार छै छै घड़ी करनी चाहिये । किन्तु यह उत्कृष्ट काल है इसलिये ऐसाभी अर्थ किया जा सकता है कि तीनों कालोंमें छै घड़ीतक सामायिकका काल हैं । अर्थात् प्रत्येक समय दो दो घड़ीतक सामायिक करनी चाहिये । किन्हींके मतसे चार घड़ी हैं । इसी प्रकार प्रतिक्रमण वगैरहके लियेभी कालका जानना जरूरी है । कहा भी है–'योग्य काल, योग्य आसन, योग्य स्थान, योग्य मुद्रा, योग्य आवर्त, योग्य नमस्कार आदिको जानकर विनयपूर्वक निर्दोष कृतिकर्म करना चाहिये ।' इसमेंसे योग्य स्थान और योग्य काल बतला दिया ॥ ३५४ ॥ आगे सामायिककी शेष सामग्रीको बतलाते हैं । **अर्थ**–पर्यंक आसनको बांधकर अथवा सीधा खड़ा होकर, कालका प्रमाण करके, इन्द्रियोंके व्यापारको छोड़नेके लिये जिनवचनमें मनको एकाग्र करके, कायको संकोचकर, हाथकी अंजलि करके, अपने स्वरूपमें लीन हुआ अथवा

---

१ ब तिहि छक्के (?) । २ ल ग उमउ ठिच्चा, म उमउ ट्ठिच्चा, स उढेण ऊमवो । ३ ल होउ ।

जिण-वयणेयग्ग-मणो संवुड[2]-काओ य अंजलिं किच्चा ।
स-सरूवे संलीणो वंदण-अत्थं विचिंततो ॥ ३५६ ॥
किच्चा देस-पमाणं सव्वं-सावज्ज-वज्जिदो होउं[3] ।
जो कुव्वदि सामइयं सो मुणि-सरिसो हवे[4] ताव ॥ ३५७ ॥[5]

वन्दनापाठके अर्थका चिन्तन करता हुआ, क्षेत्रका प्रमाण करके और समस्त सावद्य योगको छोड़कर जो श्रावक सामायिक करता है वह मुनिके समान है ॥ **भावार्थ**–सामायिक करनेसे पहले प्रथम तो समस्त सावद्यका यानी पापपूर्ण व्यापारका त्याग करना चाहिये। फिर किसी एकान्त चैत्यालयमें, वनमें, पर्वतकी गुफामें, खाली मकानमें अथवा स्मशानमें जहां मनमें क्षोभ उत्पन्न करनेके कारण न हों, जाकर क्षेत्रकी मर्यादा करे कि मैं इतने क्षेत्रमें ठहरूंगा। इसके बाद या तो पर्यङ्कासन लगाये अर्थात् बांए पैर पर दाहिना पैर रखकर बैठे या कायोत्सर्गसे खड़ा हो जाये, और कालकी मर्यादा करले कि मैं एक घड़ी, या एक मुहूर्त, या एक पहर अथवा एक दिन रात तक पर्यङ्कासनसे बैठकर अथवा कायोत्सर्गसे खड़ा होकर सर्व सावद्य योगका त्याग करता हूं। इसके बाद इन्द्रियव्यापारको रोक दे अर्थात् स्पर्शन, रसन, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन्द्रियां अपने अपने विषय स्पर्श, रस, गन्ध, वर्ण और शब्दमें प्रवृत्ति न करें। और जिनदेवके द्वारा कहे हुए जीवादितत्त्वोंमेंसे किसी एक तत्त्वके स्वरूपका चिन्तन करते हुए मनको एकाग्र करे। अपने अङ्गोपाङ्गको निश्चल रखे। फिर दोनों हाथोंको मिला मोती भरी सीपके आकारकी तरह अंजुलि बनाकर अपने शुद्ध बुद्ध चिदानन्द स्वरूपमें लीन होकर अर्हन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय, सर्वसाधु, जिनवाणी जिनप्रतिमा और जिनालयकी वन्दना करनेके लिये दो शिरोनति, बारह आवर्त, चार प्रणाम और त्रिशुद्धिको करे। अर्थात् सामायिक करनेसे पूर्व देववन्दना करते हुये चारों दिशाओंमें एक एक कायोत्सर्ग करते समय तीन तीन आवर्त और एक एक बार प्रणाम किया जाता है, अतः चार प्रणाम और बारह आवर्त होते हैं। देववन्दना करते हुए प्रारम्भ और समाप्तिमें जमीनमें मस्तक टेककर प्रणाम किया जाता है अतः दो शिरोनति होती हैं। और मन वचन और काय समस्त सावद्य व्यापारसे रहित शुद्ध होते हैं। इस प्रकार जो श्रावक शीत उष्ण आदिकी परिषहको सहता हुआ, विषय कषायसे मनको हटाकर मौनपूर्वक सामायिक करता है वह महाव्रतीके तुल्य होता है; क्योंकि उस समय उसका चित्त हिंसा आदि सब पापोंमें अनासक्त रहता है। यद्यपि उसके अन्तरंगमें संयमको घातनेवाले प्रत्याख्यानावरण कर्मके उदयसे मन्द अविरति परिणाम होते हैं फिरभी वह उपचारसे महाव्रती कहा जाता है। ऐसा होनेसे ही निर्ग्रन्थलिंगका धारी और ग्यारह अंगका पाठी अभव्य महाव्रतका पालन करनेसे अन्तरंगमें असंयम भावके होते हुए भी उपरिम ग्रैवेयक तक उत्पन्न हो सकता है। इस तरह जब निर्ग्रन्थरूपका धारी अभव्य भी सामायिकके कारण अहमिन्द्र हो सकता है तब सम्यग्दृष्टि यदि सामायिक करे तो कहना ही क्या है। सामायिक व्रतके भी पांच अतिचार हैं–योग दुःप्रणिधान,

१ ब वयणे एयग्ग। २ ब ग संवुड, [संवुड?]। ३ ब वज्जिओ होऊ, ग वज्जिदो होउ। ४ ल हवे सावउ, म स हवे साव, ग हवे सावउं। ५ ब सिक्खावयं पढमं। ण्हाण इत्यादि।

होता है और अशुभ प्रकृतियोंका उदय नीम, कांजीर, विष और हलाहल विषकी तरह होता है। इसे ही विपाक विचय धर्मध्यान कहते हैं। आचार्य वसुनन्दि सैद्धान्तिकने भी कहा है-"जो शुद्ध होकर जिन मन्दिरमें अथवा अपने घरमें, अथवा अन्य पवित्र स्थानमें जिनबिम्बके सन्मुख या पूर्वदिशा अथवा उत्तर दिशाकी ओर मुख करके सदा त्रिकाल जिनवचन, जिनधर्म, जिनबिम्ब, परमेष्ठी और जिनालयकी वन्दना करता है वह निश्चयसे सामायिकको करता है॥ तथा जो कायोत्सर्गसे स्थित होकर लाभ अलाभ, शत्रु मित्र, संयोग वियोग, तृण कांचन, चन्दन और विसौलाको समभावसे देखता है। तथा मनमें पंच नमस्कारको धारण करके आठ उत्तम प्रातिहार्योंसे युक्त जिन भगवान्‌के स्वरूपका अथवा सिद्धस्वरूपका ध्यान करता है, अथवा एक क्षणके लिये भी निश्चल अंग होकर आत्मस्वरूपका ध्यान करता है वह उत्तम सामायिकका धारी है॥" और भी कहा है-"मन वचन और कायको शुद्ध करके, मद रहित होकर विनय पूर्वक क्रमानुसार कृतिकर्म करना चाहिये। वह कृतिकर्म दो नमस्कार, बारह आवर्त तथा चार प्रणामके भेदसे तीन प्रकारका है और पर्यङ्कासन अथवा खड्गासन ये दो उसके आसन हैं॥ किन्तु यदि साधु बत्तीस दोषोंका निवारण करके कृतिकर्म नहीं करता तो कृतिकर्म करते हुये भी वह कृतिकर्मसे होनेवाली निर्जराका भागी नहीं होता॥" इस प्रकार सामायिक प्रतिमाका वर्णन समाप्त हुआ॥ ३७१-७२॥ आगे छै गाथाओंसे प्रोषध प्रतिमाको कहते

---

१ ब सत्तम। २ स जायऊण। ३ ल म स ग किरिया कम्मं काऊ (उं?), ब किच्चा किरियाः। ४ सर्वत्र तु चउव्विहं। ५ ब ग गहियं। ६ ब चिंताइ। ७ ब काऊणं। ८ ब णेइण। ९ ब पूजण। म तह य। १० ग भुञ्जाविऊण।

[छाया-सप्तमीत्रयोदशीदिवसे अपराह्णे गत्वा जिनभवने । कृत्वा क्रियाकर्म उपवासं चतुर्विधं गृहीत्वा ॥ गृहव्यापारं त्यक्त्वा रात्रिं गमयित्वा धर्मचिन्तया । प्रत्यूषे उत्थाय क्रियाकर्म च कृत्वा ॥ शास्त्राभ्यासेन पुनः दिवसं गमयित्वा वन्दनां कृत्वा । रात्रिं नीत्वा तथा प्रत्यूषे वन्दनां कृत्वा ॥ पूजनविधिं च कृत्वा पात्रं गृहीत्वा सविशेषं त्रिविधम् अपि । भोजयित्वा पात्रं भुञ्जानः प्रोषधः भवति ॥] स प्रोषधः प्रोषधव्रतधारी भवति । स कः । यःसप्तम्याख्त्रयोदश्याश्च दिवसे अतिथिजनाय पात्राय भोजनं दत्त्वा पश्चात् स्वयं भुक्त्वा ततः अपराह्णे जिनभवनं गत्वा श्रीजिनेन्द्रचैत्यालयं गत्वा, वसतिकायां वा गत्वा, ततः क्रियाकर्म कृतिकर्म देववन्दना कृत्वा, अथवा सिद्धयोगभक्ती कृत्वा, दत्त्वा वा, उपवासं गृह्णातीत्यर्थः । ततः किं कृत्वा । उपवासं चतुर्विधं गृहीत्वा अङ्गीकृत्य श्रीगुरुमुखेन अशनपानखाद्यस्वाद्यादीनां प्रत्याख्यानं चतुर्विधम् उपोषणशोषकक्षपण गृहीत्वा अङ्गीकृत्य,ततः गृहव्यापारं त्यक्त्वा वस्तूनां क्रयविक्रयस्नानभोजनकृषिमषिवाणिज्य-पशुपालनपुत्रमित्रकलत्रादिपालनप्रमुखं सर्वव्यापारं गृहस्थकर्म परित्यज्य, ततः रात्रिं धर्मचिन्तया गमयित्वा सप्तम्या रात्रिं रजनी त्रयोदश्या रात्रिं रजनी वा निर्गम्य नीत्वा । कया । धर्मचिन्तया धर्मध्यानचिन्तनेन 'आज्ञापायविपाकसंस्थान-विचयाय धर्म्यम्,' तथा पिण्डस्थपदस्थरूपस्थरूपातीतधर्मध्यानचिन्तनेन सप्तम्यास्त्रयोदश्या वा रात्रिं गमयति इत्यर्थः । ततः पश्चात् उट्ठित्ता अष्टम्या चतुर्दश्या वा प्रत्यूषे प्रभातकाले उत्थाय उद्भीभूय निद्रादिकं विहाय, ततः च पुनः कृतिकर्म क्रियाकर्म सामायिकचैत्यभक्त्यादिकं कादूण कृत्वा विधाय, ततः पुनः शास्त्राभ्यासेन दिवसं गमयित्वा अष्टम्या दिवसं चतुर्दश्या दिवसं गमयित्वा नीत्वा । केन । शास्त्राभ्यासेन श्रुतेन वा पठनपाठनश्रवणेन कृत्वा अष्टम्यां चतुर्दश्या वा उपवासदिवसं निर्गमयतीत्यर्थः । ततः पुनः वन्दना कृत्वा मध्याह्नकाले अपराह्णकाले मध्याह्नकापराह्णिकवन्दना चैत्यवन्दनां सामायिकादिस्तवनस्तोत्रादिकृतिकर्म कृत्वा विधाय ततः पुनः तथा धर्मध्यानप्रकारेण रात्रिं नीत्वा अष्टम्याः चतुर्दश्या वा रजनी निर्गम्य धर्मध्यानेन निर्गमयतीत्यर्थः । ततः पुनः तथा प्रत्यूषे वन्दनां कृत्वा तथा पूर्वोक्तप्रकारेण नवम्याः प्रभाते पूर्णिमाया अमावास्यायाः वा प्रभाते प्रातःकाले वन्दनां चैत्यवन्दनां सामायिकस्तवनादिकं कृत्वा विधाय, ततः

है । **अर्थ**-सप्तमी और तेरसके दिन दोपहरके समय जिनालयमें जाकर,सामायिक आदि क्रियाकर्म करके चार प्रकारके आहारको त्याग कर उपवास ग्रहण करे । और घरका सब कामधाम छोड़कर धर्मध्यान पूर्वक रात बितावे । फिर प्रातःकाल उठकर सामायिक आदि क्रियाकर्म करे । और शास्त्र स्वाध्याय पूर्वक दिन बिताकर सामायिक करे । फिर उसी तरह धर्म ध्यानपूर्वक रात बितावे और प्रातःकाल होनेपर सामायिक और पूजन वगैरह करके तीनों प्रकारके पात्रोंको पड़गाह कर भोजन करावे फिर स्वयं भोजन करें, उसके प्रोषध प्रतिमा होती है ॥ **भावार्थ**-प्रोषध प्रतिमाका धारी सप्तमी और तेरसके दिन पात्रको भोजन कराकर फिर स्वयं भोजन करके दोपहरके समय जिनालय अथवा किसी अन्य शान्त स्थानमें जाकर पहले सामायिक करता है । उसके बाद चारों प्रकारके भोजनको त्याग कर उपवासकी प्रतिज्ञा ले लेता है । और वस्तुओंका खरीदना बेचना, स्नान, भोजन, खेती, नौकरी, व्यापार, पशुपालन पुत्र मित्र स्त्री वगैरहका पालन पोषण आदि सब घरेलु धन्धोंको छोड़कर आज्ञाविचय, अपायविचय, संस्थानविचय और विपाकविचय नामक धर्मध्यान पूर्वक अथवा पिण्डस्थ,पदस्थ, रूपस्थ और रूपातीत नामक धर्मध्यान पूर्वक रात्रि बिताता है । फिर अष्टमी और चतुर्दशीके सबेरे उठकर सामायिक चैत्यभक्ति आदि क्रियाकर्म करता है । और अष्टमी तथा चतुर्दशीका पूरा दिन शास्त्रोंके पठन पाठनमें या सुननेमें सुनानेमें बिताता है । मध्याह्नके समय तथा सन्ध्याके समय सामायिक आदि करके अष्टमी और चतुर्दशीकी रात भी धर्मध्यान पूर्वक बिताता है । फिर नवमी और पूर्णमासी अथवा अमावस्याके प्रभातमें उठकर पहले सामायिक आदि करता है उसके बाद जिन भगवानके अभिषेकपूर्वक अष्ट द्रव्यसे पूजन करता है । फिर अपने घरपर आयेहुए जघन्य,मध्यम और उत्कृष्ट पात्रको पड़गाह कर यथायोग्य नवधा

पुनः पूजनविधिं कृत्वा जिनस्नपनाष्टधार्चनविधिं कृत्वा विधाय, ततः पुनः णवरि विशेषेण त्रिविधपात्रं गृहीत्वा जघन्य-मध्यमोत्कृष्टपात्रं सम्यग्दृष्टिश्रावकमुनीश्वरलक्षणं नवरि सप्तदातृगुणनवविधपुण्योपार्जनविशेषेण गृहीत्वा गृहागतं पात्रं प्रतिगृह्य भोजयित्वा भोजनं कारयित्वा, त्रिविधपात्रेभ्य आहारदानं दत्त्वा इत्यर्थः । ततः पश्चात् भोजनपारणां कुर्वन् प्रोषधो भवति प्रोषधव्रतधारी स्यात् । सप्तम्यास्त्रयोदश्याश्च दिवसे मध्याह्ने भुक्त्वा उत्कृष्टप्रोषधव्रती चैत्यालये गत्वा प्रोषधं गृह्णाति, मध्यमप्रोषधव्रती तत्संध्यायां प्रोषधं गृह्णाति, जघन्यप्रोषधव्रती अष्टमीचतुर्दशीप्रभाते प्रोषधं गृह्णाति ॥३७३-७६॥ अथ प्रोषधमाहात्म्यं गाथाद्वयेनाह—

एक्कं पि णिरारंभं उववासं जो करेवि उवसंतो ।
बहु-भव-संचिय-कम्मं सो णाणी खवदि[1] लीलाए ॥३७७॥

[छाया-एकम् अपि निरारम्भं उपवासं यः करोति उपशान्तः । बहुभवसंचितकर्म स ज्ञानी क्षपति लीलया ॥] स ज्ञानी भेदज्ञानी विवेकवान् प्रोषधव्रती पुमान् बहुभवसंचितकर्म क्षपयति बहुभवेषु अनेकभवेषु बहुजन्मसु संचितमुपार्जितं यत्कर्म ज्ञानावरणादिकं क्षयं नयति । कया । लीलया क्रीडया सुखेन प्रयासं विना । स कः । यः करोति विदधाति । कम् । एकमपि अद्वितीयमपि, अपिशब्दात् अनेकमपि, उपवासं प्रोषधं प्रोषधोपवासं करोति । कीदृक्षम् । निरारम्भं गृहव्यापारक्रयविक्रयादिसावद्यरहितम् । उक्तं च । 'कषायविषयाहारत्यागो यत्र विधीयते । उपवासः स विज्ञेयः शेषं लंघनकं विदुः' ॥३७७॥

उववासं कुव्वंतो आरंभं[2] जो करेदि मोहादो ।
सो णिय-देहं सोसवि ण झाडए[3] कम्म-लेसं पि ॥३७८॥[4]

छाया-उपवासं कुर्वन् आरम्भं यः करोति मोहात् । स निजदेहं शोषयति न शातयति कर्मलेशम् अपि ॥] स प्रोषधोपवासं कुर्वन् शुष्यति कृशतां नयति । कम् । निजदेहं स्वशरीरं कृशीकरोति, न झाडए नोज्झति न जीर्यते न

भक्तिपूर्वक उन्हें भोजन कराता है । उसके बाद स्वयं भोजन करता है । यह प्रोषध प्रतिमाके धारक श्रावककी विधि है। इसमें इतना विशेष है कि उत्कृष्ट प्रोषधव्रती सप्तमी और तेरसके दिन मध्याह्नमें भोजन करके चैत्यालयमें जाकर प्रोषधको स्वीकार करता है। प्रथम प्रोषधव्रती सप्तमी और तेरसकी सन्ध्याके समय प्रोषध ग्रहण करता है और जघन्य प्रोषधव्रती अष्टमी और चतुर्दशीके प्रभातमें प्रोषध ग्रहण करता है ॥ ३७३-३७६ ॥ आगे दो गाथाओंसे प्रोषधका माहात्म्य बतलाते हैं । अर्थ-जो ज्ञानी आरम्भको त्यागकर उपशमभावपूर्वक एकभी उपवास करता है वह बहुत भवोंमें संचित किये हुए कर्मको लीलामात्रमें क्षय कर देता है ॥ भावार्थ-कषाय और विषय रूपी आहारको त्यागकर तथा इसलोक और परलोकके भोगोंकी आशा छोड़कर जो एक भी उपवास करता है वह भेदज्ञानी विवेकी पुरुष भव भवमें संचित कर्मोंको अनायास ही क्षय करदेता है क्योंकि वही उपवास सच्चा उपवास है जिसमें कषाय और विषयरूपी आहारका त्याग किया जाता है । भोजन मात्रका छोड़ देना तो उपवास नहीं है, लंघन है । ऐसे एक उपवाससे भी जब भव भवमें संचित कर्म नष्ट हो जाते हैं तब जो प्रोषध प्रतिमा लेकर प्रत्येक पक्षमें दो उपवास करता है, उसका तो कहना ही क्या है ? ॥ ३७७ ॥ अर्थ-जो उपवास करते हुये मोहवश आरम्भ करता है वह अपने शरीरको सुखाता है उसके लेशमात्र भी कर्मोंकी निर्जरा नहीं होती ॥ भावार्थ-जो प्रोषध प्रतिमाधारी अष्टमी और चतुर्दशीको उपवास ग्रहण करके भी मोहमें पड़कर घर

---

१ ब खवदि, ग खवदि । २ ग आरंभो । ३ ब झाडइ ४ ब पोसह । सच्चित्तं इत्यादि ।

निर्जरायति । कम् । कर्मलेशम् अपि एकदेशेन कर्मनिर्जराम् अपिशब्दात् साकल्येन न कर्मनिर्जरां करोति, लेशमात्रकर्म न निर्जरतीत्यर्थः । स कः । य आरम्भं करोति, आरम्भं गृहहट्टव्यापारक्रयविक्रयकृषिमषिवाणिज्याद्युत्थम् आरम्भं करोति यः स लवलेशमात्रकर्म न निर्जरति । कुतः । मोहात् मोहनीयकर्मोद्रेकात्, ममत्वपरिणामाद्वा रागद्वेषपरिणामाद्वा । किं कुर्वन् । उपवासं प्रोषधं कुर्वन् विदधानः प्रोषधप्रतिमाधारी अष्टम्यां चतुर्दश्यां च प्रोषधोपवासमङ्गीकरोतीत्यर्थः । व्रते तु प्रोषधोपवासस्य नियमो नास्तीति । तथा वसुनन्दिसिद्धान्तिना प्रोक्तं च । "उत्तममज्झमजहणं तिविहं पोसहविहाणमुद्दिट्ठं । सगसत्तीए मासम्मि चउसु पव्वेसु कायव्वं १॥ सत्तमितेरसिदिवसम्मि अतिहिजणभोयणावसाणम्मि । भोत्तूण भुंजणिज्जं तत्थ वि काऊण मुहसुद्धिं ॥२॥ पक्खालिदूण वयणं करचलणे णियमिदूण तत्थेव । पच्छा जिणिंदभवणं गंतूण जिणं णमंसित्ता ॥३॥ गुरुपुरदो किरियम्मं वंदणपुव्वं कमेण कादूण । गुरुसक्खियमुववासं गहिऊण चउव्विहं विहिणा ॥४॥ वायणकहाणुपेहणसिक्खावणचिन्तणोवओगेहिं । णेदूण दिवससेसं अवरण्हियवंदणं किच्चा ॥ ५ ॥ रयणिसमयम्हि ठिच्चा काउस्सग्गेण णिययसत्तीए । पडिलेहिदूण भूमिं अप्पपमाणेण संथारं ॥६॥ णेदूण किंचि रत्तिं सुइदूण जिणालए णियघरे वा । अहवा सयलं रत्तिं काउस्सग्गेण णेदूण ॥७॥ पच्चूसे उट्ठित्ता वंदणविहिणा जिणं णमंसित्ता । तह दव्वभावपुज्जं जिणसुदसाहूण काऊण ॥८॥ पुव्वुत्तविहाणेणं दियहं रत्तिं पुणो वि गमिदूण । पारणदियहम्मि पुणो पूयं काऊण पुव्वं व ॥९॥ गंतूण णिययगेहं अतिहिविभागं च तत्थ काऊणं । जो भुंजइ तस्स फुडं पोसहविहिमुत्तमं होदि ॥१०॥ जह उक्कट्ठं तह मज्झिमं पि पोसहविहाणमुद्दिट्ठं । णवर विसेसो सलिलं छंडित्ता वज्जए सेसं॥११॥मुणिऊण गुरुवकज्जं सावज्जविवज्जियं णियारंभं । जदि कुणदि तं पि कुज्जा सेसं पुव्वं व णायव्वं ॥१२॥ आयंबिलणिव्वियडी एयट्ठाणं च एयभत्तं च । जं कीरदि तं णेयं जहण्णयं पोसहविहाणं ॥१३॥ सिण्हाणुवट्टणगंधधम्मिलकेसादिदेहसंकप्पं । अण्णं पि रागहेदुं विवज्जये पोसहदिणम्मि ॥१४॥" इत्यनुप्रेक्षाया प्रोषधप्रतिमा, पञ्चमो धर्मः ५ ॥ ३७८॥ अथ सचित्तविरतिप्रतिमा गाथाद्वयेन बंभणीति—

दुकानका काम धाम नहीं छोड़ता अर्थात् विषय कषायको छोड़े बिना केवल आहार मात्र ही छोड़ता है वह उपवास करके केवल अपने शरीरको सुखाता है, कर्मोंकी निर्जरा उसके लवमात्र भी नहीं होती । यहां इतना विशेष जानना कि व्रत प्रतिमामें जो प्रोषधोपवास व्रत बतलाया है उसमें प्रोषधोपवासका नियम नहीं है । आचार्य वसुनन्दि सैद्धान्तिकने प्रोषधोपवासका वर्णन इस प्रकार किया है-"उत्तम मध्यम और जघन्यके भेदसे तीन प्रकारका प्रोषधोपवास कहा है जो एक महिनेके चार पर्वोंमें अपनी शक्तिके अनुसार करना चाहिये । सप्तमी और तेरसके दिन अतिथिको भोजन देकर स्वयं भोजन करे और भोजन करके अपना मुंह शुद्ध करले ॥ फिर अपने शरीरको धोकर और हाथ पैरको नियमित करके जिनालयमें जाकर जिन भगवानको नमस्कार करे ॥ फिर वन्दनापूर्वक सामायिक आदि कृतिकर्म करके गुरुकी साक्षीपूर्वक चार प्रकारके आहारको त्यागकर उपवासको स्वीकार करे । शास्त्र वांचना, धर्मकथा करना, अनुप्रेक्षाओंका चिन्तना, दूसरोंको सिखाना आदि उपयोगोंके द्वारा शेष दिन बिताकर संध्याके समय सामायिक आदि करे ॥ रात्रिके समय भूमिको साफ करके उसपर अपने शरीरके बराबर संथरा लगाकर अपनी शक्तिके अनुसार कायोत्सर्ग करे॥कुछ रात कायोत्सर्गपूर्वक बिताकर जिनालयमें या अपने घर शयन करे । अथवा सारी रात कायोत्सर्गपूर्वक बितावे ॥ प्रातःकाल उठकर विधिपूर्वक जिनवन्दना करके देव शास्त्र और गुरुकी द्रव्यपूजा और भावपूजा करे ॥ फिर शास्त्रोक्त विधिके अनुसार वह दिन और रात बिताकर पारणाके दिन पहलेकी ही तरह पूजा करे ॥ फिर अपने घर जाकर अतिथियोंको भोजन कराके स्वयं भोजन करे । इस प्रकार जो करता है उसके उत्तम प्रोषधोपवास होता है॥ उत्कृष्ट प्रोषधोपवासकी जो विधि है वही मध्यम प्रोषधोपवासकी है । केवल इतना अन्तर है कि मध्यम उपवासमें पानीके सिवाय अन्य सब वस्तुओंका त्याग होता है । अत्यन्त आवश्यकता जानकर यदि कोई ऐसा कार्य करना चाहे जिसमें सावद्यका योग न हो और न आरम्भ करना पड़ता हो तो कर सकता है । शेष बातें उत्कृष्ट प्रोषधोपवासकी तरह जाननी चाहिये ॥ चावल या

सच्चित्तं पत्त-फलं छल्ली मूलं च किसलयं बीयं ।
जो ण य भक्खदि णाणी सचित्त-विरदो हवे सो दु ॥ ३७९ ॥

[छाया-सचित्तं पत्रफलं त्वक् मूलं च किसलयं बीजम् । यः न च भक्षयति ज्ञानी सचित्तविरतः भवेत् स तु ॥] सोऽपि प्रसिद्धः, अपि शब्दात् न केवलमग्रेसरः, श्रावकः सचित्तविरतः सचित्तेभ्यः जलफलादिभ्यो विरतः विगतरागः निवृत्तः भवेत् यःज्ञानी भेदविज्ञानविवेकगुणसंपन्नःश्रावकः न भक्षते न अश्नाति किं तत् । सचित्त चित्तेन चैतन्येन आत्मना जीवेन सह वर्तमानं सचित्तम् । किं तत् । पत्रफल मचित्तनागवल्लीदलनिम्बपत्रसर्षपचणकादिपत्रधत्तूरादिदलपत्रशाकादिकं नाश्नाति,फलं सचित्तचिर्भटकर्कटिकादिकूष्माण्डनींबूफलदाडिमबीजपूरापक्वाम्रकदलीफलादिकम्, छल्ली वृक्षवल्लयादिस-चित्तत्वक् नात्ति, मूलम् आर्द्रकादिलिम्बादिवृक्षवल्लीवनस्पतीनां मूलं न खादति, किसलयं पल्लवं लघुपल्लवं कुड्मलं नात्ति, बीजं सचित्तचणकमुद्गतिलवर्जरिकामाषाढकीजीरककुबेरराजीगोधूमव्रीह्यादिकं न भक्षते। उक्तं च। 'मूलफलशाक-शाखाकरीरकन्दप्रसूनबीजानि । नामानि योऽत्ति सोऽयं सचित्तविरतो दयामूर्तिः ॥' प्रासुकं कतिधेत्युच्यते । 'सुक्कं पक्कं तत्तं अंबिललवणेहिं मीसियं दव्वं । जं जंतेण य छिण्णं तं सव्वं पासुयं भणियं ॥' इति ॥ ३७९ ॥

जो ण य भक्खेदि सयं तस्स ण अण्णस्स जुज्जदे दाउं ।
भुत्तस्स भोजिदस्स हि णत्थि विसेसो जदो को वि ॥ ३८० ॥

[छाया-यः न च भक्षयति स्वयं तस्य न अन्यस्मै युज्यते दातुम् । भुक्तस्य भोजितस्य खलु नास्ति विशेषः यतः कः अपि ॥] च पुनः, स्वयम् आत्मना य सचित्तं जलफलदलमूलकिसलयबीजादिकं न भक्षयति न अत्ति तस्य सचित्त-विरतश्रावकस्य अन्यस्मै पुरुषाय सचित्तं वस्तु भोक्तुं दातुं न युज्यते,दातुं युक्तं न भवति । यतः यस्मात् कारणात् स्वयं भुक्तस्य स्वयं सचित्तादिकं भोजनं कुर्वतः सचित्तादिकं भोजयिष्यतः परान् भोजनं कारयिष्यतः सतः अन्यान्,हि स्फुटम्, कोऽपि विशेषो न, उभयत्र सदोषत्वात् ॥ ३८० ॥

चावलका माण्ड लेना, या गोरस, इक्षुरस, फलरस और धान्यरससे रहित कोई ऐसी वस्तु लेना जो विकार पैदा न करे, या एक वस्तु खाना अथवा एक बार भोजन करना जघन्य प्रोषध है ॥ प्रोषधके दिन स्नान, उबटन,इत्र, फुलेल, केशोंका संस्कार, शरीरका संस्कार तथा अन्य भी जो रागके कारण हैं, उन्हें छोड़ देना चाहिये ॥" इस प्रकार पांचवी प्रोषध प्रतिमाका वर्णन समाप्त हुआ ॥ ३७८ ॥ अब दो गाथाओंसे सचित्त विरत प्रतिमाको कहते हैं। **अर्थ-**जो ज्ञानी श्रावक सचित्त पत्र,सचित्त फल,सचित्त छाल, सचित्त मूल, सचित्त कोंपल और सचित्त बीजको नहीं खाता वह सचित्तविरत है ॥ **भावार्थ-**जो ज्ञानी श्रावक सचित्त अर्थात् जिसमें जीव मौजूद हैं ऐसे नागवल्लीके पत्तोंको,नीबूके पत्तोंको,सरसों और चनेके पत्तोंको,धतूरेके पत्तोंको और पत्तोंकी शाक वगैरहको नहीं खाता। सचित्त खरबूजे, ककड़ी, पेठा, नीम्बु, अनार, बिजौरा, आम, केला आदि फलोंको नहीं खाता। वृक्षकी सचित्त छालको नहीं खाता, सचित्त अदरक वगैरह मूलोंको नहीं खाता, या वनस्पतियोंका मूल यदि सचित्त हो तो नहीं खाता, छोटी छोटी ताजी नई कोंपलोंको नहीं खाता, तथा सचित्त चने, मूंग, तिल, उड़द, अरहर, जीरा, गेहूं, जौ वगैरह बीजोंको नहीं खाता, वह सचित्त त्यागी कहा जाता है। कहाभी है-"जो दयालु श्रावक मूल, फल, शाक, शाखा, कोंपल, वनस्पतिका मूल, फूल और बीजों को अपक्व दशामें नहीं खाता वह सचित्तविरत है।" ॥ ३७९ ॥ **अर्थ-**तथा जो वस्तु वह स्वयं नहीं खाता उसे दूसरोंको देना भी उचित नहीं है। क्यों कि खानेवाले और खिलानेवालेमें कोई अन्तर नहीं है ॥ **भावार्थ-**सचित्त विरत श्रावकको चाहिये कि जिस सचित्त जल, फल, पत्र, मूल, कोंपल बीज वगैरहको वह स्वयं नहीं खाता उसे अन्य पुरुषकोभी खानेके लिये नहीं देना चाहिये। तभी सचित्त त्यागव्रत पूर्ण रूपसे पलता है। क्यों कि स्वयं खाना और अन्यको खिलाना एक ही है। दोनों ही सदोष हैं ॥ ३८० ॥

१ ग सचित्त पत्त- । २ ल स ग बीजं, म बीज । ३ ब जो य ण य । ४ ल म स ग सचित्तविरओ (उ?) हवे सो वि । ५ 'निंब' इत्यपि पाठः । ६ 'कुंपलं' इत्यपि पाठः । ७ ल म स ग जदो ।

जो वज्जेदि सचित्तं दुज्जय-जीहा विणिज्जिया[1] तेण ।
दय-भावो होदि किओ[2] जिण-वयणं पालियं तेण ॥३८१॥[3]

[छाया—यः वर्जयति सचित्तं दुर्जयजिह्वा विनिर्जिता तेन । दयाभावः भवति कृतः जिनवचनं पालितं तेन ॥] तेन पुंसा दुर्जयजिह्वापि दुःखेन जीयते इति दुर्जया सा चासौ जिह्वा च दुर्जयजिह्वा दुःखेन जेतुमशक्या रसना, अपिशब्दात् शेषेन्द्रियाणि, निर्जिता जयं नीता वशं नीता इत्यर्थः । तेन दयाभावः कृपापरिणामः कृतः निष्पादितो भवति । तथा तेन पुंसा जिनवचनं पालितं सर्वज्ञवाक्यं पालितं रक्षितं भवति । तेन केन । यः सचित्तं जलफलदलकन्दबीजादिकं वर्जयति निषेधयति । इत्यनुप्रेक्षायां सचित्तविरतिप्रतिमा,षष्ठो धर्मो व्याख्यातः ६ ॥३८१॥ अथ रात्रिभोजनविरतिप्रतिमां गाथाद्वयेनाह-

जो चउ-विहं पि भोज्जं रयणीए[4] णेव भुंजदे[5] णाणी ।
ण य भुंजावदि[6] अण्णं णिसि-विरओ सो हवे भोज्जो[7] ॥३८२॥

[छाया—यः चतुर्विधम् अपि भोज्यं रजन्यां नैव भुङ्क्ते ज्ञानी । न च भोजयति अन्यं निशि विरतः स भवेत भोज्यः ॥] स भोज्यः भक्तः श्राद्धः भवेत् जायते । अथवा निशि रात्रौ भोज्यात् भुक्तेः आहारात् विरतः निवृत्तः रात्रिभुक्तिविरत इत्यर्थः । स कः । यः ज्ञानी सन् ज्ञानवान् बुद्धिमान् रजन्यां निशायां चतुर्विधमपि भोज्यम् अशनपान-खाद्य स्वाद्यादिकं भोजनम् आहारं नैव भुङ्क्ते नैवात्ति,च पुनः, अन्यं परपुरुषं न भोजयति भोजनं नैव कारयति ॥३८२॥

जो णिसि-भुत्तिं[8] वज्जदि सो उववासं करेदि छम्मासं ।
संवच्छरस्स मज्झे आरंभं चयदि रयणीए ॥३८३॥[9]

अर्थ—जिस श्रावकने सचित्तका त्याग किया उसने दुर्जय जिह्वाको भी जीत लिया तथा, दयाभाव प्रकट किया और जिनेश्वरके वचनोंका पालन किया ॥ **भावार्थ**—जिह्वा इन्द्रियका जीतना–बड़ा कठिन है । जो लोग विषयसुखसे विरक्त होजाते हैं उन्हें भी जिह्वाका लम्पटी पाया जाता है । किन्तु सचित्तका त्यागी जिह्वा इन्द्रियको भी जीत लेता है । वैसे सचित्रके त्यागनेसे सभी इन्द्रियां वशमें होती हैं क्यों कि सचित्त वस्तुका भक्षण मादक और पुष्टिकारक होता है । इसीसे यद्यपि सचित्तको अचित्त करके खानेमें प्राणिसंयम नहीं पलता किन्तु इन्द्रिय संयमको पालनेकी दृष्टिसे सचित्त त्याग आवश्यक है । सुखाने, पकाने, खटाई, नामक वगैरहके मिलाने तथा चाकू वगैरहसे काट देनेपर सचित्त वस्तु अचित्त हो जाती है । ऐसी वस्तुके खाने से पहला लाभ तो यह है कि इन्द्रियां काबूमें होती हैं । दूसरे इससे दयाभाव प्रकट होता है, तीसरे भगवानकी आज्ञाका पालन होता है, क्योंकि हरितकाय वनस्पतिमें भगवानने जीवका अस्तित्व बतलाया है । यहां इतना विशेष जानना कि भोगोपभोग परिमाण व्रतमें सचित्त भोजनको अतिचार मान कर छुड़ाया गया है, और यहां उसका व्रत रूपसे निरतिचार त्याग होता है ॥ इस प्रकार छठी सचित्त त्याग प्रतिमाका वर्णन समाप्त हुआ ॥ ३८१ ॥ अब रात्रिभोजन त्याग प्रतिमाको दो गाथाओंसे कहते हैं । **अर्थ**—जो ज्ञानी श्रावक रात्रिमें चारों प्रकारके भोजनको नहीं करता और न दूसरेको रात्रिमें भोजन कराता है वह रात्रि भोजनका त्यागी होता है ॥ **भावार्थ**—रात्रिमें खाद्य, स्वाद्य, लेह्य और पेय चारोंही प्रकारके भोजनको न स्वयं खाना और न दूसरेको खिलाना रात्रि भोजन त्याग प्रतिमा है । वैसे रात्रि भोजनका त्याग तो पहली और दूसरी प्रतिमामें ही हो जाता है क्योंकि रातमें भोजन करनेसे मांस खानेका दोष लगता है, रातमें जीवजन्तुओंका बाहुल्य रहता है और तेजसे तेज रोशनी परभी उनमें धोखा होजाता है । अतः त्रसजीवोंका घातभी होता है । परन्तु यहां कृत और कारित रूपसे चारोंही प्रकारके भोजनका त्याग निरतिचार रूपसे होता है ॥ ३८२ ॥ **अर्थ**—जो पुरुष रात्रिभोजनको छोड़ देता है वह एक वर्षमें छै महीना उपवास करता

---

१ स विणिज्जिदा । २ ब दयभावो वि य अजिउ (?) । ३ ब सचित्त विरदी । जो चउविहं इत्यादि । ४ लमसग रयणीये । ५ ब भुंजदि । ६ लमसग भुंजावइ(स?) । ७ ब भुज्जो । ८ लमसग भुयादि । ९ ब रायभत्तीए ॥ सव्वेसिं इत्यादि ।

[छाया-यः निशिभुक्तिं वर्जयति स उपवासं करोति षण्मासम् । संवत्सरस्य मध्ये आरम्भं त्यजति रजन्याम् ॥] यः पुमान् निशि भुक्तिं चतुर्धा रात्रिभोजनं विवर्जयति नियमेन निषेधयति स पुमान् संवत्सरस्य मध्ये वर्षस्य मध्ये षण्मासमुपवासं करोति, तस्य षण्मासकृतोपवासफलं भवतीत्यर्थः । च पुनः, रजन्यां रात्रौ स रात्रिभोजनविरतः पुमान् आरम्भं गृहव्यापारं क्रयविक्रयवाणिज्यादिकं खण्डनीपीसनीचुल्लीउदकुम्भप्रमार्जनीपञ्चसूनादिकं त्यजति स रात्रिभोजनविरतः रात्रौ सावद्यपापव्यापारादिकं त्यजति । तथा चोक्तं च । 'अन्नं पानं खाद्यं लेह्यं नाश्नाति यो विभावर्याम् । स च रात्रिभुक्तिविरतः सत्त्वेष्वनुकम्पमानमनाः ॥ यो निशि भुक्तिं मुञ्चति तेनानशनं कृतं च षण्मासम् । संवत्सरस्य मध्ये निर्दिष्टं मुनिवरेणेति ॥' तथा च चारित्रसारे 'रात्रिभक्तव्रतः रात्रौ स्त्रीणा भजनं रात्रिभक्तं तत् व्रतयति सेवते इति रात्रिभक्तव्रतः दिवा ब्रह्मचारीत्यर्थः' । तथा वसुनन्दिना चोक्तं । 'मणवयणकायकदकारिदाणुमोदेहिं मेहुणं णवधा । दिवसम्मि जो विवज्जइ गुणम्मि सो सावओ छट्ठो ॥' इति रात्रिभुक्तिव्रतप्रतिमा, सप्तमो धर्मः ७ ॥ ३८३ ॥ ब्रह्मचर्यप्रतिमां बंभणीति-

> सव्वेसिं इत्थीणं जो अहिलासं ण कुव्वदे णाणी ।
> मण-वाया-कायेण[1] य बंभ-वई सो हवे सदओ ॥ ३८४ ॥
> [2]जो कय-कारिय-मोयण[3]-मण वय-काएण मेहुणं चयदि ।
> बंभ-पवज्जारूढो बंभ-वई [4]सो हवे सदओ ॥ ३८४ * १ ॥[5]

[छाया-सर्वासां स्त्रीणां यः अभिलाषं न कुरुते ज्ञानी । मनोवाक्कायेन च ब्रह्मव्रती स भवेत् सदयः ॥ यः कृतकारितमोदनमनोवाक्कायेन मैथुनं त्यजति । ब्रह्मप्रव्रज्यारूढः ब्रह्मव्रती स भवेत् सदयः ॥] च श्रावकः ब्रह्मचर्यव्रतधारी भवेत् । कीदृक्षः सदयः । स्त्रीशरीरोत्पन्नजीवदयापरिणतः । उक्तं च । 'लिंगम्मि य इत्थीण थणंतरे णाहिकक्खदेसेसु । भणिओ सुहुमो काओ तासिं कह होइ पव्वज्जा ॥" श्लोकः । 'मैथुनाचरणे मूढा म्रियन्ते जन्तु-

है । और रात्रिमें आरम्भका त्याग करता है ॥ भावार्थ-जो श्रावक रातमें चारोंही प्रकारके भोजनको ग्रहण नहीं करता । वह प्रतिदिन रातभर उपवासा रहता है,क्यों कि चारों प्रकारके आहारको त्यागनेका नाम उपवास है । अतः वह एक वर्षमें छै महीना भोजन करता है और छै महीना उपवासा रहता है,इससे उसे प्रतिवर्ष छै महीनेके उपवासका फल अनायास मिल जाता है । तथा रातमें कूटना,पीसना, पानी भरना, झाडू लगाना, चूल्हा जलाना आदि आरम्भ करनेसे भी वह बच जाता है । कहाभी है- 'जो रात्रिमें अन्न (अनाज) पान (पीने योग्य जल वगैरह) खाद्य (लड्डू वगैरह), लेह्य (रबड़ी वगैरह) को नहीं खाता वह प्राणियोंपर दया करनेवाला श्रावक रात्रिभोजनका त्यागी है ।' और भी कहा है-'जो रात्रिमें भोजनका त्याग करता है वह वर्षमें छै महीना उपवास करता है ऐसा मुनिवरने कहा है ।' चारित्रसार नामक ग्रन्थमेंही स्त्री सेवन करनेका व्रत लेनेवालेको रात्रिभुक्तव्रत कहा है, अर्थात् जो दिनमें मैथुनका त्याग करता है उसके यह प्रतिमा होती है । आचार्य वसुनन्दिका भी यही कहना है यथा-'जो मन, वचन, काय और कृत, कारित, अनुमोदना इन नौ प्रकारोंसे दिनमें मैथुनका त्याग कर देता है वह छठी प्रतिमाका धारी श्रावक है ।" इस प्रकार रात्रिभुक्तव्रतका कथन हुआ ॥ ३८३ ॥ अब ब्रह्मचर्य प्रतिमाको कहते हैं । अर्थ-जो ज्ञानी मन, वचन और कायसे सब स्त्रियोंकी अभिलाषा नहीं करता वह दयालु ब्रह्मचर्यव्रतका धारी है ॥ भावार्थ-स्त्रियां चार प्रकारकी होती हैं-एक तो देवांगना, एक मानुषी, एक गाय, कुतिया वगैरह तिर्यञ्चनी और एक लकड़ी पत्थर

१ ब मणवयण कायेण (?) २ एषा गाथा ब म पुस्तकयोरेव । ३ म पुस्तके 'मोयण'इति पदं नास्ति । ४ ब सो हवो' इति मूलपाठः । ५ बमवई ॥ जो इत्यादि ।

कोटयः । योनिरन्ध्रसमुत्पन्ना लिङ्गसंघट्टपीडिताः ॥' धाए धाइ असंखेज्जा' इति । स कः । यः ज्ञानवान् अभिलाषं वाञ्छां न कुरुते न विदधाति । कासाम् । सर्वासां स्त्रीणां,देवी मानुषी तिरश्ची काष्ठपाषाणादिघटिता चेतना स्त्री इति चतुर्विधानां युवतीनाम्, अभिलाषं न कुरुते । केन । मनसा चित्तेन वाचा वचनेन कायेन शरीरेण, च शब्दात् कृतकारितानुमोदनेन च । मनःकृतकारितानुमोदनेन स्त्रीणां वाञ्छां न करोति न कारयति नानुमोदयति ३, [वाचा कृतकारितानुमोदनेन] स्त्रीणां वाञ्छां न करोति न कारयति नानुमोदयति ३, कायकृतकारितानुमोदनेन स्त्रीणां वाञ्छां न करोति न कारयति नानुमोदयति ३ । तथाष्टादशशीलसहस्रप्रकारेण शीलव्रतं पालयति । अट्ठारससीलसहस्सेसु 'जोगे ३ करणे ३ सण्णा ४ इंदिय ५ णिद्दा १० य सवणधम्मो य । अण्णोणं हय अट्ठारससीलसहस्सा य ॥' देवी मानुषी तिरश्ची अचेतना चतस्रः स्त्रीजातयः ४, मनोवचनकायैस्ताडिताः भेदाः १२, ते कृतकारितानुमतैस्त्रिभिः करणैः ३ गुणिताः भेदाः ३६, ते पञ्चेन्द्रियैर्हताः भेदाः १८०, ते दशसंस्कारैर्गुणिताः १८०० । तथाहि, शरीरसंस्कारः १, शृङ्गाररसरागसेवा २, हास्यक्रीडा ३, संसर्गवाञ्छा ४, विषयसंकल्पः ५, शरीरनिरीक्षणं ६, शरीरमण्डनं ७, दानं ८, पूर्वरतस्मरणं ९, मनश्चिन्ता १०, ते दशसंस्कारैर्गुणिताः १८०० । ते दशकामचेष्टाभिर्गुणिताः भेदाः १८००० । तथाहि,चिन्ता १, दर्शनेच्छा २,दीर्घोच्छ्वासः ३ शरीरे आर्तिः ४, शरीरदाहः ५, मन्दाग्निः ६, मूर्च्छा ७, मदोन्मत्तः ८, प्राणसंदेहः ९, शुक्रमोचनम् १०, इति । तथा

वगैरहसे बनाई गई अचेतन स्त्री आकृति । जो इन सभी प्रकारकी स्त्रियोंको मन वचन कायसे और कृत, कारित, अनुमोदनासे नहीं चाहता, अर्थात् स्वयं अपने मनमें स्त्रीकी अभिलाषा नहीं करता, न दूसरेको वैसा करनेके लिये कहता है और न जो किसी स्त्रीको चाहता है उसकी मनसे सराहना करता है । न स्वयं स्त्रियोंके विषयमें रागपूर्वक बात चीत करता है, न वैसा करनेके लिये किसीको कहता है और न जो वैसा करता है उसकी सराहना वचनसे करता है । स्वयं शरीरसे स्त्रीविषयक वांछा नहीं करता, न दूसरेको वैसा करनेका संकेत करता है और न जो ऐसा करता हो उसकी कायसे अनुमोदना करता है वह ब्रह्मचारी है । ब्रह्मचर्य अथवा शीलव्रतके अठारह हजार भेद बतलाये हैं जो इस प्रकार हैं-देवी, मानुषी, तिरश्ची और अचेतन ये स्त्रियोंकी चार जातियां हैं । इनको मन वचन और कायसे गुणा करने पर १२ भेद होते हैं । इन बारहको कृत, करित और अनुमोदनासे गुणा करने पर ३६ भेद होते हैं । इनको पांचो इन्द्रियोंसे गुणा करने पर १८० भेद होते हैं । इनको दस संस्कारोंसे गुणा करने पर १८०० अठारहसौ भेद होते हैं । दस संस्कार इस प्रकार हैं-शरीरका संस्कार करना, शृङ्गाररसका रागसहित सेवन करना, हंसी क्रीड़ा करना,संसर्गकी चाह करना, विषयका संकल्प करना, शरीरकी ओर ताकना, शरीरको सजाना, देना, पहले किये हुए संभोगका स्मरण करना और मनमें भोगकी चिन्ता करना । इन १८०० भेदोंको कामकी दस चेष्टाओंसे गुणा करने पर १८००० अट्ठारह हजार भेद होते हैं । कामकी दस चेष्टायें इस प्रकार हैं-चिन्ता, दर्शनकी इच्छा, आहें भरना, शरीरमें पीड़ा, शरीरमें जलन, खाना पीना छोड़ देना, मूर्छित हो जाना, उन्मत्त होजाना, जीवनमें सन्देह और वीर्यपात । इन अठारह हजार दोषोंको टालनेसे शीलके अठारह हजार भेद होते हैं । पूर्ण ब्रह्मचारी इन भेदोंका पालन करता है । जो ब्रह्मचर्य पालता है वह बड़ाही दयालु होता है; क्योंकि स्त्रियोंके गुप्तांगमें, स्तन देशमें, नाभिमें और कांखमें सूक्ष्म जीव रहते हैं । अतः जब पुरुष मैथुन करता है तो उससे उन जीवोंका घात होता है । आचार्य समन्तभद्रने ब्रह्मचर्य प्रतिमाका स्वरूप इस प्रकार कहा है-"स्त्रीके गुप्त अंगका मूल मल है, वह मलको उत्पन्न करनेवाला है, उससे सदा मल

'मलबीजं मलयोनिं गलन्मलं पूतगन्धि बीभत्सम्। पश्यन्नङ्गमनङ्गाद्विरमति यो ब्रह्मचारी सः॥' 'यो न च याति विकारं युवतिजनकटाक्षबाणविद्धोऽपि। स त्वेव शूरशूरो रणशूरो नो भवेच्छूरः॥' इति ब्रह्मचर्यप्रतिमा, अष्टमो धर्मः ॥३८४॥ अथारम्भविरतिप्रतिमां वक्तुमारभते—

जो आरंभं ण कुणदि अण्णं कारयदि णेव अणुमण्णे[1] ।
हिंसा-संतट्ठ-मणो चत्तारंभो हवे सो हु[2] ३८५॥[3]

[छाया-यः आरम्भं न करोति अन्य कारयति नैव अनुमन्यते। हिंसासंत्रस्तमनाः त्यक्तारम्भः भवेत् स खलु॥] हि निश्चितं, स त्यक्तारम्भः असिमषिकृषिवाणिज्याद्यारम्भनिवृत्तिप्रतिमापरिणतः श्रावको भवेत्। स कः। यः आरम्भम् असिमषिकृषिवाणिज्यादिगृहव्यापारजं प्रारम्भं स्वयम् आत्मना न करोति न विदधाति, च पुनः अन्यं परपुरुषं प्रेर्य आरम्भं नैव कारयति आरम्भं कुर्वन्त नरं नानुमोदयति। परपुरुषम् आरम्भं पापकर्म सावद्यादिकं कुर्वन्त दृष्ट्वा अनुमोदनामन. हर्षादिकं न प्राप्नोतीत्यर्थः। कीदृक्षः सन्। हिंसासंत्रस्तमनाः हिंसायाः संत्रस्तं त्रासं भयं प्राप्तं मनो यस्य स हिंसासंत्रस्तमनाः हिंसायाः प्राणातिपातात् भयभीतचित्तः। तथा चोक्तं च। 'सेवाकृषिवाणिज्यप्रमुखादारम्भतो व्युपरतमतिः। प्राणातिपातहेतोर्योसावारम्भविनिवृत्तः॥' इत्यारम्भविरतिप्रतिमा,नवमः श्रावकधर्मः ९॥ ३८५॥ अथ परिग्रहविरतिप्रतिमां गाथाद्वयेन विवृणोति—

जो परिवज्जइ[4] गंथं अब्भंतर-बाहिरं च साणंदो ।
पावं ति मण्णमाणो णिग्गंथो सो हवे णाणी ॥३८६॥

[छाया-यः परिवर्जयति ग्रन्थम् अभ्यन्तरबाह्यं च सानन्दः। पापम् इति मन्यमानः निर्ग्रन्थः स भवेत् ज्ञानी॥] स ज्ञानी भेदज्ञानी विवेकसंपन्नः निर्ग्रन्थः ग्रन्थेभ्यः बाह्याभ्यन्तरपरिग्रहेभ्यः निःक्रान्तो निर्गतः निर्ग्रन्थः। निरादयो निर्ग-

करता रहता है, दुर्गन्धयुक्त है, देखनेमें बीभत्स है। ऐसे अंगको देखकर जो कामसे विरक्त होता है वह ब्रह्मचारी है।" और भी कहा है-'जो युवतीयोंके कटाक्षरूपी बाणोंसे घायल होनेपर भी विकारको प्राप्त नहीं होता वही पुरुष शूरवीरमें शूरवीर है। जो रणके मैदानमें शूर है वह सच्चा शूर नहीं है।' इस प्रकार आठवीं ब्रह्मचर्य प्रतिमाका स्वरूप कहा॥ ३८४॥ आगे आरम्भ त्याग प्रतिमाको कहते हैं। **अर्थ**–जो श्रावक आरम्भ नहीं करता, न दूसरेसे कराता है और जो आरम्भ करता है उसकी अनुमोदना नहीं करता, हिंसासे भयभीत मनवाले उस श्रावकको आरम्भ त्यागी कहते हैं॥ **भावार्थ**– हिंसाके भयसे जो श्रावक तलवार चलाना, मुनीमी करना, खेती, व्यापार करना इत्यादि आरम्भोंको न तो स्वयं करता है, न दूसरे पुरुषोंको आरम्भ करनेकी प्रेरणा करता है और न आरम्भ करते हुये मनुष्यको देखकर मनमें हर्षित होता है वह आरम्भत्यागी है। कहा भी है-"जो हिंसाका कारण होनेसे खेती, नौकरी, व्यापार आदि आरम्भसे विरक्त होजाता है वह आरम्भत्यागी है।" इससे यह प्रकट होता है कि आरम्भत्यागी श्रावक जीविका उपार्जनके लिए कोई आरम्भ नहीं करता। किन्तु गृह सम्बन्धी आरम्भका त्याग उसके नहीं होता। अतः वह स्वयं भोजन बनाकर खा सकता है। इस प्रकार आरम्भत्याग प्रतिमाका स्वरूप कहा॥ ३८५॥ आगे दो गाथाओंसे परिग्रहत्याग प्रतिमाको कहते हैं। **अर्थ**–जो ज्ञानी पुरुष पाप मानकर अभ्यन्तर और बाह्य परिग्रहको आनन्दपूर्वक छोड़

१ ब अणुमण्णे (°मण्णो?) म अणुमण्णो, ल स अणुमण्णे (ग °मणो)। २ लमसग हि। ३ ब अणारंभा॥ जो परिवज्जइ इत्यादि। ४ म पडिवज्जइ, स परिवज्जदि।

भावार्थे पञ्चम्याः इति पञ्चमीतत्पुरुषः । स कः । यः अभ्यन्तरं ग्रन्थम्,'मिथ्यात्ववेदहास्यादिषट्कषायचतुष्टयम् । रागद्वेषौ च संगाः स्युरन्तरङ्गाश्चतुर्दश ॥' इति चतुर्दशप्रकारपरिग्रहं परिवर्जयति । च पुनः, बाह्यं ग्रन्थम्, 'क्षेत्रं वास्तु धनं धान्यं द्विपदं च चतुःपदम् । यानं शय्यासनं कुप्यं भांडं चेति बहिर्दश ॥' इति दशभेदभिन्नपरिग्रहं परिवर्जयति त्यजति ग्रन्थं ग्रन्थाति अनुबन्धाति संसारमिति ग्रन्थ. परिग्रहः तं परिवर्जयति त्यजति । यः श्रावकः । कीदृक्षः । सानन्दः आनन्देन शुद्धचिद्रूपोत्थानानन्देन सुखेन वर्तमानः सानन्दः । पुनः कीदृक् । परिग्रहं पापमिति दुरितमिति मन्यमानः जानन् । तथा चोक्तं च । 'मोत्तूण वत्थमेत्तं परिग्गहं जो विवज्जए सेसं । तत्थ वि मुच्छं ण करेदि जाण सो सावओ णवमो ॥' तथा च । 'बाह्येषु दशसु वस्तुषु ममत्वमुत्सृज्य निर्ममत्वरतः । स्वस्थः संतोषपरः परिचितपरिग्रहाद्विरतः ॥' 'बाह्यग्रन्थविहीना दरिद्रमनुजाः स्वपापतः सन्ति । पुनरभ्यन्तरसंगत्यागी लोकेऽतिदुर्लभो जीवः ॥' क्रोधादिकषायाणामार्तरौद्रयोः हिंसादिपञ्चपापानां भवस्य च जन्मभूमिः दूरोत्सारितधर्मशुक्लः परिग्रह इति मत्वा दशविधबाह्यपरिग्रहाद्विनिवृत्तः स्वस्थः संतोषपरो भवतीति ॥ ३८६ ॥

बाहिर-गंथ-विहीणा-दलिद्द-मणुवा[1] सहावदो होंति[2] ।
अब्भंतर-गंथं पुण ण सक्कदे को[3] वि छंडेदुं ॥३८७॥[4]

[छाया-बाह्यग्रन्थविहीनाः दरिद्रमनुजाः स्वभावतः भवन्ति । अभ्यन्तरग्रन्थं पुनः न शक्नोति कः अपि त्यक्तुम्॥] स्वभावतः निसर्गतः पापाद्वा दरिद्रमनुष्याः निर्द्रव्यपुरुषाः दरिद्रिणः नरा भवन्ति । कथंभूताः । बाह्यग्रन्थविहीनाः क्षेत्र-

---

देता है उसे निर्ग्रन्थ (परिग्रहत्यागी) कहते हैं ॥ **भावार्थ**-जो संसारसे बांधती है उसे ग्रन्थ अथवा परिग्रह कहते हैं। परिग्रहके दो भेद हैं-अन्तरंग और बाह्य । मिथ्यात्व एक, वेद एक, हास्य आदि छै नोकषाय, क्रोध, मान, माया, लोभ, राग और द्वेष ये चौदह प्रकारकी तो अन्तरंग परिग्रह हैं, और खेत, मकान, धन, धान्य, सोना, चांदी, दासी, दास, भाण्ड, सवारी ये दस प्रकारकी बाह्य परिग्रह है। जो इन दोनोंही प्रकारकी परिग्रहको पापका मूल मानकर त्याग देता है तथा त्याग करके मनमें सुखी होता है वही निर्ग्रन्थ अथवा परिग्रहका त्यागी है। वसुनन्दि श्रावकाचारमें भी कहा-'जो वस्त्र मात्र परिग्रहको रखकर बाकी परिग्रहका त्याग कर देता है और उस वस्त्र मात्र परिग्रहमें भी ममत्व नहीं रखता वह नवमी प्रतिमाका धारी श्रावक है।' रत्नकरंडश्रावकाचारमें कहा है-"बाह्य दस प्रकारकी वस्तुओंमें ममत्व छोड़कर जो निर्ममत्वसे प्रेम करता है वह स्वस्थ सन्तोषी श्रावक परिग्रहका त्यागी है॥" आशय यह है कि आरम्भका त्याग कर देनेके पश्चात् श्रावक परिग्रहका त्याग करता है। वह अपने पुत्र या अन्य उत्तराधिकारीको बुलाकर उससे कहता है कि 'पुत्र, आज तक हमने इस गृहस्थाश्रमका पालन किया। अब हम इससे विरक्त होकर इसे छोड़ना चाहते हैं अतः अब तुम इस भारको सम्हालो और यह धन, धर्मस्थान और कुटुम्बीजनोंको अपना कर हमें इस भारसे मुक्त करो। इस तरह पुत्रको सब भार सौंपकर वह गृहस्थ बड़ा हल्कापन अनुभव करता है और मनमें सुख और सन्तोष मानता है क्योंकि वह जानता है कि यह परिग्रह हिंसा आदि पापोंका मूल है, क्रोध आदि कषायोंका घर है और दुर्ध्यानका कारण है। अतः इसके रहते हुए धर्मध्यान और शुक्लध्यान नहीं हो सकते॥ ३८६ ॥ **अर्थ**-बाह्य परिग्रहसे रहित दरिद्री मनुष्य तो स्वभावसे ही होते हैं। किन्तु अन्तरंग परिग्रहको छोड़नेमें कोईभी समर्थ नहीं होता ॥ **भावार्थ**-वास्तवमें परिग्रह तो ममत्व-परिणाम ही है। धन धान्य वगैरहको तो इस

---

१ ल म ग दलिद्दमणुआ (स मणुवा)। २ ब हुंति। ३ ब को वि। ४ ब निर्ग्रंथः। जो अणु इत्यादि।

वास्तुधनधान्यादिबाह्यपरिग्रहरहिता. पुन: अनूचः कोऽपि कश्चित्पुमान् न शक्नोति न समर्थो भवति । किं कर्तुम् । छण्डयितुं त्यक्तुं मोक्तुं । कं तम् । अभ्यन्तरं ग्रन्थं मिथ्यात्वादिपरिग्रहम्, इन्द्रियाभिलाषलक्षणं परिग्रहं वा मनोऽभिलाषरूपं त्यक्तुं कः समर्थ, अपि तु न । इति परिग्रहविरतिप्रतिमा, श्रावकस्य दशमो धर्म. १० ॥३८७॥ अथानुमोदनविरतिं गाथाद्वयेन विवृणोति—

जो अणुमणणं ण कुणदि गिहत्थ-कज्जेसु पाव-मूलेसु[1] ।
भवियव्वं भावंतो अणुमण-विरओ हवे सो दु ॥३८८॥

[छाया—यः अनुमननं न करोति गृहस्थकार्येषु पापमूलेषु । भवितव्य भावयन् अनुमनविरत. भवेत् स तु ॥] स तु श्रावकः अनुमननविरतः अनुमोदनारहित. अनुमतरहित. श्राद्धो भवेत् । स क । य गृहस्थकार्येषु गृहस्थाना पुत्रपौत्रादिपरिवाराणां कार्याणि विवाहधनोपार्जनगृहहट्टनिर्मापणप्रमुखानि तेपु गृहस्थकार्येपु अनुमननम्, अनुमोदना मनसा वचसा श्रद्धानं रुचिरूपा न करोति न विदधाति । कथभूतेषु गृहस्थकार्येषु । पापमूलेषु पापकारणेषु पापानाम् अशुभकर्मणा मूलेषु कारणभूतेषु । कीदृक् सः । भवितव्य किंचित् भवितव्यं तत् भविष्यत्येव इति भावयन् चिन्तयन् । स श्रावकः आहारादीनाम् आरम्भाणामनुमननाद्विनिवृत्तो भवति ॥३८८॥

जो पुण[2] चिंतदि कज्जं सुहासुहं राय-दोस-संजुत्तो ।
उवओगेण[3] विहीणं स कुणदि पावं विणा कज्जं ॥३८९॥[4]

लिये परिग्रह कहा है कि वह ममत्व परिणामका कारण है । उनके होतेही मनुष्य उन्हें अपना मानकर उनकी रक्षा वगैरहकी चिन्ता करता है । किन्तु यदि भाग्यवश बाह्य परिग्रह नष्ट होजाये या मनुष्य जन्मसे ही दरिद्री हो तो भी उसके मनमें परिग्रहकी भावना तो बनी ही रहती है तथा बाह्य परिग्रहके न होने या नष्ट होजाने पर भी काम क्रोध, आदि अन्तरंग परिग्रह बनी ही रहती है । इससे आचार्य कहते हैं कि बाह्य परिग्रहके छोड़नेमें तारीफ नहीं है, किन्तु अन्तरंग परिग्रहके छोड़नेमें तारीफ है । सच्चा अपरिग्रही वही है जिसके अन्तरंगमें परिग्रहकी भावना नहीं है । इस प्रकार परिग्रहत्याग प्रतिमाका कथन सम्पूर्ण हुआ ॥ ३८७ ॥ आगे, दो गाथाओंसे अनुमोदनाविरतिको कहते हैं । **अर्थ**—'जो होना है वह होगा ही' ऐसा विचार कर जो श्रावक पापके मूल गार्हस्थिक कार्योंकी अनुमोदना नहीं करता वह अनुमोदनाविरति प्रतिमाका धारी है ॥ **भावार्थ**—परिग्रहत्याग प्रतिमाका धारी श्रावक आरम्भ और परिग्रहको छोड़ने पर भी अपने पुत्र पौत्रोंके विवाह आदि कार्योंकी, वणिज व्यापारकी, मकान आदि बनवानेकी मन और वचनसे अनुमोदना करता था, क्योंकि अभी उसका मोह अपने घरसे हटा नहीं था तथा वह घरमें ही रहता था । किन्तु अनुमोदना विरत श्रावक यह सोचकर कि 'जिसका जो कुछ भला बुरा होता है वह होवे' अपने घरकी ओरसे उदासीन होजाता है । उसके पुत्र वगैरह कोई भी गार्हस्थिक काम करें उससे उसे कोई प्रयोजन नहीं रहता । अब वह घरमें रहता है तो उदासीन बनकर रहता है, नहीं तो घर छोड़कर चैत्यालय वगैरहमें रहने लगता है । भोजनके लिये अपने घरका या पराये घरका जो कोई बुलाकर लेजाता है उसके घर भोजन कर लेता है । तथा ऐसा भी नहीं कहता कि हमारे लिये भोजनमें अमुक वस्तु बनवाना । जो कुछ गृहस्थ जिमाता है, जीम आता है । हां, भोजन शुद्ध होना चाहिये ॥ ३८८ ॥ **अर्थ**—जो बिना प्रयोजन राग द्वेषसे

---

१ म पावलेसेसु । २ ब पुणु । ३ म ग उवउग्गेण । ४ ब अणुमयविरओ । जो नव इत्यादि ।

[छाया:—यः पुनः चिन्तयति कार्यं शुभाशुभं रागदोषसंयुक्तः । उपयोगेन विहीनं स करोति पापं विना कार्यम्] स प्रसिद्धः करोति विदधाति । किं तत् । कार्यं विना पापं साध्यमन्तरेण फलं विना दुरितं करोति । स कः । यः पुनः चिन्तयति ध्यायति । किं तत् । शुभाशुभकार्यं पुत्रजन्माशनचूडाकरणाध्यापनविवाहादिकं शुभं कर्म परपीडनमारणबन्धादिकक्षितिखननादिकं चाशुभकार्यं चिन्तयति । कीदृश तत् । उपयोगेन साध्यसाधकत्वेन विहीनं रहितं निरर्थकमित्यर्थः । कीदृक्षः सन् । रागद्वेषसंयुक्तः शुभेषु कार्येषु रागः प्रीतिः अशुभेषु कार्येषु द्वेषः अप्रीतिः ताभ्यां संयुक्तः रागद्वेषमय इत्यर्थः एवंभूतस्य पुंसः अनुमननविनिवृत्ति कथं भवतीति । तथा वसुनन्दिना चोक्तं च । 'पुट्ठो वापुट्ठो वा णियपरेहिं च सगिहकज्जेसु । अणुमणणं जो ण कुणदि वियाण सो सावओ दहमो ॥' तथा च । 'अनुमतिरारम्भे वा परिग्रहे वैहिकेषु कर्मसु वा । नास्ति खलु यस्य समधीरनुमतिविरतः स मन्तव्यः ॥' इति । इत्यनुमतविरतिप्रतिमा, एकादशो धर्मः ११ ॥ ३८९ ॥ अथ गाथाद्वयेनोद्दिष्टविरतिप्रतिमां प्रपञ्चयति—

जो णव-कोडि-विसुद्धं[1] भिक्खायरणेण भुंजदे भोज्जं[2] ।
जायण-रहियं जोग्गं[3] उद्दिट्ठाहार-विरदो[4] सो ॥ ३९० ॥

[छाया—य नवकोटिविशुद्ध भिक्षाचरणेन भुङ्क्ते भोज्यम् । याचनरहितं योग्यम् उद्दिष्टाहारविरतः सः ॥] स श्रावक उद्दिष्टाहारविरत उद्दिष्ट. पात्र उद्देश्य निर्मापित उद्दिष्टः स चासौ आहारश्च उद्दिष्टाहारः तस्मात् उद्दिष्टाहारात् विरत निवृत्त उद्दिष्टाहारविरतः स्वोद्दिष्टपिण्डोपधिशयनवरासनवसत्यादेर्विरतः भवेत् । स कः । यः भुंक्ते अश्नाति भक्षयति । किं तत् । भोज्य भोजनमाहारम् अशनपानखाद्यस्वाद्यादिकं चतुर्विधम् । केन । भिक्षाचरणेन आयारार्थं परगृहगमनेन परिभ्रमणेन । कीदृक्ष तत् भोज्यम् । नवकोटिविशुद्ध मनोवचनकायैः प्रत्येक कृतकारितानुमोदनैः नवकोटिभिः नवोत्कृष्टप्रकारैः विशुद्ध दोषरहितं निर्मलं भोज्य निर्दोषम् । मनःकृतं भोज्यं १,मनःकारितं भोज्य २,मनोऽनुमतं भोज्यं ३, वचनकृत भोज्य ४, वचनकारित भोज्यं ५, वचनानुमोदित भोज्यं ६, कायकृतं भोज्यं ७, कायकारितं भोज्यं ८, काया-

संयुक्त होकर शुभ और अशुभ कार्योंका चिन्तन करता है वह व्यर्थ पापका उपार्जन करता है ॥ **भावार्थ**—मनुष्योंमें प्रायः यह आदत होती है कि ये जिनसे उनका राग होता है उनका तो वे भला विचारा करते हैं और जिनसे उनका द्वेष होता है उनका बुरा चाहते हैं। किन्तु किसीके चाहने मात्रसे किसीका भला बुरा नहीं होता। अतः ऐसे आदमी व्यर्थमें ही पापका संचय किया करते हैं। किन्तु अनुमोदना विरत श्रावक तो आरम्भ और परिग्रहको छोड़ चुका है । घरसे भी उसका वास्ता नहीं रहा। ऐसी स्थितिमें भी यदि वह राग और द्वेषके वशीभूत होकर पुत्रजन्म विवाह आदि शुभ कार्योंकी और दूसरोंको पीडा देना मारना पीटना आदि अशुभ कार्योंकी अनुमोदना करता है तो वह व्यर्थही पाप बन्ध करता है। ऐसे श्रावकके अनुमतित्याग प्रतिमा नहीं हो सकती॥ वसुनन्दिनेभी कहा है—"अपने या दूसरे लोगोंके द्वारा घरेलु कामोंके बारेमें पूछनेपर या बिना पूछे जो सलाह नहीं देता वह दसवीं प्रतिमाका धारी श्रावक है।" रत्नकरंडश्रावकाचारमें भी कहा है—"खेती आदि आरम्भके विषयमें,धन धान्य आदि परिग्रहके विषयमें और इस लोक सम्बन्धी विवाह आदि कार्योंमें जो अपनी अनुमति नहीं देता वह समबुद्धि श्रावक अनुमतिविरत है।" इस प्रकार अनुमतिविरत श्रावकका कथन समाप्त हुआ॥ ३८९॥ आगे दो गाथाओंसे उद्दिष्ट विरति प्रतिमाका स्वरूप कहते हैं। **अर्थ**— जो श्रावक भिक्षाचरणके द्वारा बिना याचना किये, नव कोटिसे शुद्ध योग्य आहारको ग्रहण करता है वह उद्दिष्ट आहारका त्यागी है ॥ **भावार्थ**—अपने उद्देश्यसे बनाये हुए आहारको ग्रहण न करने

१ ब नव । २ ब स ग विसुद्धं । ३ म भोम्मं । ४ ल म स ग विरओ (उ ?) ।

नुमोदितं भोज्यं ९ इति नवोत्कर्षप्रकारैः विशुद्धं दोषरहितमित्यर्थः। मनसाऽकृतभोजनमित्यादयः नवप्रकारः ज्ञातव्याः। अथवा अन्नं पवित्रं सत् १ दातारं २ पात्रं च ३ पवित्रं करोति। दाता शुद्धः सन् १ अन्नं २ पात्रं च ३ शुद्धं करोति। पात्रं शुद्धं सत् १ दातारम् २ अन्नं च ३ शुद्धं करोति इति नवा नूतना कोटिः प्रकर्षः तया विशुद्धम्। पुनः कीदृक्षम्। याच्ञारहितं मह्यम् अन्नं देहीति, आहारप्रार्थनार्थं द्वारोद्घाटनशब्दज्ञापनम् इत्यादियाच्ञया प्रार्थनया रहितम्। पुनः कीदृक्षम्। योग्यं मकारत्रयरहितं चर्मजलघृततैलरामठादिभिरस्पृष्टं रात्रावकृतं चाण्डालनीचलोकमार्जारशुनकादिस्पर्शरहितं यतियोग्यं भोज्यम् ॥३९०॥

जो सावय-वय-सुद्धो अंते आराहणं परं कुणदि।
सो अच्चुदम्हि[1] सग्गे इंदो सुर-सेविदो[2] होदि ॥३९१॥[3]

[छाया-यः श्रावकव्रतशुद्धः अन्ते आराधनं परं करोति। सः अच्युते स्वर्गे इन्द्रः सुरसेवितः भवति ॥] यः श्रावकव्रतशुद्धः श्रावकस्य श्राद्धस्य व्रतैः सम्यग्दृष्टिदर्शनिकव्रतसामायिकप्रोषधोपवाससचित्तविरतरात्रिभुक्तिविरताब्रह्म-

वाला श्रावक उद्दिष्ट आहारका त्यागी होता है। आहारकी ही तरह अपने उद्देश्यसे बनाई गई वसतिका, आसन, चटाई वगैरहको भी वह स्वीकार नहीं करता न वह निमंत्रण स्वीकार करता है। किन्तु मुनिकी तरह श्रावकोंके घर जाकर भिक्षा भोजन करता है। श्रावकोंके घर जाकर भी वह मांगता नहीं कि मुझे भोजन दो, और न आहारके लिए श्रावकोंका दरवाजा खटखटाता है। तथा मुनिके योग्य नव कोटिसे शुद्ध आहारको ही ग्रहण करता है। मन वचन कायके साथ कृत, कारित और अनुमोदनाको मिलानेसे नौ कोटियां अर्थात् नौ प्रकार होते हैं। अर्थात् उद्दिष्ट त्यागी जो भोजन ग्रहण करे वह उसके मनसे कृत न हो, मनसे कारित न हो, मनसे अनुमत न हो, वचनसे कृत न हो, वचनसे कारित न हो, वचनसे अनुमोदित न हो, कायसे कृत न हो, कायसे कारित न हो, कायसे अनुमोदित न हो। इन उत्कृष्ट नौ प्रकारोंसे युक्त विशुद्ध भोजनको ही उद्दिष्ट विरत श्रावक ग्रहण करता है ॥ ३९० ॥ **अर्थ-** जो श्रावक व्रतोंसे शुद्ध होकर अन्तमें उत्कृष्ट आराधनाको करता है वह अच्युत स्वर्गमें देवोंसे सेवित इन्द्र होता है ॥ **भावार्थ-**जो श्रावक सम्यग्दृष्टि, दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रोषधोपवास, सचित् विरत, रात्रिभुक्ति विरत, अब्रह्म विरत, आरम्भ विरत, परिग्रह विरत, अनुमति विरत, और उद्दिष्ट विरत इन बारह व्रतोंसे निर्मल होकर मरणकाल उपस्थित होनेपर सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक् चारित्र और तप इन चार आराधनाओंको करता है वह मरकर अच्युत नामके सोलहवें स्वर्गमें जाता है, उससे आगे नवग्रैवेयक वगैरहमें नहीं जाता, ऐसा नियम है। तथा वहां देवोंसे सेवित इन्द्र होता है। श्रीवसुनन्दि सैद्धान्तिकने उद्दिष्टाहार विरत प्रतिमाका लक्षण इस प्रकार कहा है-"ग्यारहवीं प्रतिमाका धारी उत्कृष्ट श्रावक दो प्रकारका होता है। एक तो एक वस्त्र रखनेवाला और दूसरा लंगोटी मात्र रखनेवाला॥ प्रथम उत्कृष्ट श्रावक अपने बाल उस्तरेसे बनवाता है अथवा कैंचीसे कतरवाता है। और सावधानी पूर्वक कोमल उपकरणसे स्थान आदिको साफ करके बैठता है॥ बैठकर स्वयं अपने हाथरूपी पात्रमें अथवा बरतनमें भोजन करता है। और चारों पर्वोंमें नियमसे उपवास करता है। उसके भोजनकी विधि इस प्रकार है--पात्रको धोकर वह चर्याके लिये श्रावकके घर जाता है और आंगनमें खड़ा होकर 'धर्मलाभ' कहकर स्वयं भिक्षा मांगता है॥ तथा भोजनके मिलने और न मिलनेमें सम-

१ ब अच्चुयम्मि। २ ल म स ग सेविओ (उ?)। ३ ब उद्दिट्ठ-विरदो। एवं सावयधम्मो समायत्तोः॥ जो रयणत्तय इत्यादि।

विरतारम्भविरतपरिग्रहविरतानुमतविरतोद्दिष्टाहारविरतप्रतैर्द्वादशप्रमितैः शुद्धः निर्मलः षष्टिदोषरहितः श्राद्धः अन्ते अवसाने जीवितान्ते मरणकाले वा । तथा चोक्तम् । "उपसर्गे दुर्भिक्षे जरसि रुजायां च निःप्रतीकारे । धर्माय तनुविमोचनमाहुः सल्लेखनामार्याः ॥" आराधनं करोति विदधाति सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रतपसां व्यवहारनियमतः आराधनं करोति विदधाति । कथंभूतम् । परम् उत्कृष्टम् । स श्रावकधर्मयुक्तः पुमान् अच्युतस्वर्गे इन्द्रो मघवा भवति अच्युतनाम्नि षोडशनाके षोडशस्वर्गे गच्छति । ततः परं नवग्रैवेयकादिषु न याति इति नियमो ज्ञातव्यः । कीदृक् इन्द्रः । सुरसेवितः सुरैः सामानिकादिदेववृन्दैः सेवितः सेव्यः स्यात् । तथा वसुनन्दिसिद्धान्तिनोद्दिष्टाहारविरतिप्रतिमालक्षणं प्रोक्तं च । 'एयारसम्मि ठाणे उक्किट्ठो सावओ हवे दुविहो । वत्थेयधरो पढमो कोवीणपरिग्गहो बिदिओ ॥१॥ धम्मिल्लाणचयणं कारदि कत्तरिछुरेण वा पढमो । ठाणादिसु पडिलेहदि मिदोवकरणेण पयडप्पा ॥२॥ भुंजेदि पाणिपत्तम्मि भायणे वा सयं समुवविट्ठो । उववासं पुण णियमा चउव्विहं कुणदि पव्वेसु ॥३॥ पक्खालिऊण पत्तं पविसदि चरियाए पगणे ठिच्चा । भणिदूण धम्मलाम जायदि भिक्खं सय चेव ॥४॥ सिग्घं लाहालाहो अदीणवयणो णियत्तिदूण तदो । अण्णम्हि गिहे वच्चदि दरिसदि मोणेण काय वा ॥५॥ जदि अद्धवहे कोइ वि मण्णइ एत्थेव भोयणं कुणह । भोत्तूण णिययभिक्खं तस्थिल्लं भुंजए सेस ॥६॥ अह ण लहइ तो भिक्खं भमिज्ज णियपोट्टपूरणपमाणं । पच्छा एयम्हि गिहे जायज्जो पासुगं सलिल ॥७॥ जं किं पि पडिदभिक्खं भुंजिज्जो सोहिदूण जत्तेण । पक्खालिदूण पत्तं गच्छेज्जो गुरुसयासम्मि ॥८॥ जदि एव ण चएज्जो कादू रिसिगेहणम्मि चरियाए । पविसित्तु एयभिक्खं पवित्तिणियमेण ता कुज्जा ॥९॥ गतूण गुरुसमीवं

बुद्धि रखकर, भोजन न मिलनेपर दीनमुख न करके वहांसे शीघ्र निकल आता है, और दूसरे घर आता है, तथा मौनपूर्वक अपना आशय प्रकट करता है ॥ यदि कोई भोजन करनेकी प्रार्थना करता है तो पहले ली हुई भिक्षाको खाकर शेष भिक्षा उससे लेकर खाता है ॥ यदि कोई मार्गमें भोजन करनेकी प्रार्थना नहीं करता तो अपने पेट भरने लायक भिक्षाकी प्रार्थना करता है और फिर किसी घरसे प्रासुक पानी माँगकर जो कुछ भिक्षामें मिला है उसे सावधानी पूर्वक शोधकर खा लेता है और पात्रको धोकर गुरुके पास चला जाता है ॥ किन्तु यदि किसी भी घरसे आहार नहीं मिलता तो उपवास ग्रहण कर लेता है ॥ यदि किसीको उक्त विधिसे गोचरी करना न रुचे तो वह मुनियोंके गोचरीका जानेके पश्चात् श्रावकके घरमें जावे, और यदि इस प्रकार भिक्षा न मिले तो उपवासका नियम लेलेना चाहिये ॥ गुरूके समीप जाकर विधि पूर्वक चार प्रकारके आहारका त्याग करता है । और यत्नपूर्वक गुरूके सामने अपने दोषोंकी आलोचना करता है ॥ दूसरे उत्कृष्ट श्रावककी भी यही क्रिया है । इतना विशेष है कि वह नियमसे केशलोंच करता है, पीछी रखता है और हाथमें भोजन करता है ॥ दिनमें प्रतिमायोग, स्वयं मुनिकी तरह भ्रामरीवृत्तिसे भोजनके लिये चर्या करना, त्रिकाल योग अर्थात् गर्मीमें पर्वतके शिखरपर, बरसातमें वृक्षके नीचे, और शीत ऋतुमें नदीके किनारे ध्यान करना, सूत्ररूप परमागमका और प्रायश्चित शास्त्रका अध्ययन, इन बातोंका अधिकार देश विरत श्रावकोंको नहीं है ॥ इस प्रकार ग्यारहवें उद्दिष्टविरत श्रावकके दो भेदोंका कथन संक्षेपसे शास्त्रानुसार किया ॥" समन्तभद्रस्वामीने भी कहा है-"घर छोड़कर, जिस वनमें मुनि रहते हैं वहां जाकर, जो गुरुके समीप व्रतोंको ग्रहण करता है, और भिक्षा भोजन करता है, तपस्या करता है तथा खण्ड वस्त्र रखता है वह उत्कृष्ट श्रावक है ।" चारित्रसार नामक ग्रन्थमें लिखा है-'उद्दिष्ट त्यागी अपने उद्देशसे बनाये हुये भोजन, उपधि, शय्या, वसतिका आदिका त्यागी होता है वह एक धोती रखता है, भिक्षा भोजन करता है और बैठकर अपने हाथमें ही भोजन करता है । रातमें प्रतिमायोग वगैरह तप करता है किन्तु आतापनयोग वगैरह नहीं करता । अणुव्रती और महाव्रती यदि समितियोंका

पच्चक्खाणं चउव्विहं विहिणा । वहिदूण तवो सव्वं आलोचेज्जो पयत्तेण ॥१०॥ एमेव होदि बिदिओ णवरि विसेसो कुणे

पालन करते हैं तो वे संयमी कहे जाते हैं। और बिना समितियोंके वे केवल विरत हैं। जैसा कि वर्गणाखण्डके बन्धाधिकारमें लिखा है–'संयम और विरतिमें क्या भेद है ? समिति सहित महाव्रतों और अणुव्रतोंको संयम कहते हैं और संयमके बिना महाव्रत और अणुव्रत विरति कहे जाते हैं।' उक्त ग्यारह प्रतिमाओंमेंसे (सब श्रावकाचारोंमें दार्शनिकसे लेकर उद्दिष्टत्याग तक ग्यारह प्रतिमायें ही बतलाई हैं) दर्शनिकसे लेकर गुरु की छै प्रतिमावाले श्रावक जघन्य होते हैं, उसके बाद सातवीं, आठवीं और नौवीं प्रतिमावाले श्रावक मध्यम होते हैं। और अन्तिम दो प्रतिमाधारी श्रावक उत्कृष्ट होते हैं।' चारित्रसारमें श्रावक धर्मका विस्तारसे वर्णन किया है जिसे संस्कृत टीकाकारने उद्धृत किया है। "अतः वह संक्षेपमें दिया जाता है–गृहस्थलोग तलवार चलाकर, लेखनीसे लिखकर, खेती या व्यापार आदि करके अपनी आजीविका चलाते हैं, और इन कार्योंमें हिंसा होना संभव है अतः वे पक्ष, चर्या और साधनके द्वारा उस हिंसाको दूर करते हैं। अहिंसारूप परिणामोंका होना पक्ष है। गृहस्थ धर्मके लिए, देवताके लिए, मंत्र सिद्ध करनेके लिए, औषधके लिए, आहारके लिए और अपने ऐशआरामके लिए हिंसा नहीं करूंगा। यही उसका अहिंसारूप परिणाम है। तथा जब वह गार्हस्थिक कार्योंमें हुई हिंसाका प्रायश्चित्त लेकर सब परिग्रहको छोड़नेके लिए उद्यत होता है और अपना सब घरद्वार पुत्रको सौंपकर घर तक छोड़ देता है उसे चर्या कहते हैं। और मरणकाल उपस्थित होनेपर धर्मध्यानपूर्वक शरीरको छोड़नेका नाम साधन है। इन पक्ष, चर्या और साधनके द्वारा हिंसा आदिसे संचित हुआ पाप दूर हो जाता है। जैनागममें चार आश्रम अथवा अवस्थायें कही हैं–ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ और भिक्षुक। ब्रह्मचारी पांच प्रकारके होते हैं–उपनय ब्रह्मचारी, अवलम्ब ब्रह्मचारी, दीक्षा ब्रह्मचारी, गूढ ब्रह्मचारी, और नैष्ठिक ब्रह्मचारी। जो ब्रह्मचर्यपूर्वक समस्त विद्याओंका अभ्यास करके गृहस्थाश्रम स्वीकार करते हैं वे उपनय ब्रह्मचारी हैं। क्षुल्लक रूपसे रहकर आगमका अभ्यास करके जो गृहस्थाश्रम स्वीकार करते हैं वे अवलम्ब ब्रह्मचारी हैं। बिना किसी वेशके आगमका अभ्यास करके जो गृहस्थाश्रम स्वीकार करते हैं वे अदीक्षा ब्रह्मचारी हैं। जो कुमारश्रमण विद्याभ्यास करके बन्धुजन अथवा राजा आदिके कारण अथवा स्वयं ही गृहस्थधर्म स्वीकार करते हैं वे गूढ ब्रह्मचारी हैं। जो चोटी रखते हैं, भिक्षा भोजन करते हैं और कमरमें रक्त अथवा सफेद लंगोटी लगाते हैं वे नैष्ठिक ब्रह्मचारी हैं। इज्या, वार्ता, दान, स्वाध्याय, संयम और तप ये गृहस्थके षट् कर्म हैं। अर्हन्त देवकी पूजाको इज्या कहते हैं। उसके पांच भेद हैं–नित्यपूजा, चतुर्मुखपूजा, कल्पवृक्षपूजा, अष्टान्हिकपूजा और इन्द्रध्वजपूजा। प्रति दिन शक्तिके अनुसार अपने घरसे अष्ट द्रव्य लेजाकर जिनालयमें जिनेन्द्र देवकी पूजा करना, चैत्य और चैत्यालय बनवाकर उनकी पूजाके लिए गांव जमीन जायदाद देना तथा मुनिजनोंकी पूजा करना नित्यपूजा है। मुकुटबद्ध राजाओंके द्वारा जो जिनपूजा की जाती है उसे चतुर्मुख पूजा कहते हैं, क्योंकि चतुर्मुख बिम्ब विराजमान करके चारोंही दिशामें की जाती है। बड़ी होनेसे इसे महापूजा भी कहते हैं। ये सब जीवोंके कल्याणके लिए की जाती है इसलिए सेइ सर्वताभद्र भी कहते हैं। याचकोंको उनकी इच्छानुसार दान देनेके पश्चात् चक्रवर्ती अर्हन्त भगवानकी

य णियमेण । लोच्चं धरिऊण पेच्छं भुंजिज्जो पाणिपत्तम्हि ॥११॥ दिणपडिमवीरचरियातियालजोगेसु णत्थि अहियारो । सिद्धंतरहस्साणं अज्झयणे देसविरदाणं ॥१२॥ उद्दिट्ठपिंडविरओ दुवियप्पो सावओ समासेण । एयारसम्मि ठाणे भणिओ सुत्ताणुसारेण ॥१३॥" तथा समन्तभद्रेणोक्तं च । 'गृहतो मुनिवनमित्वा गुरूपकण्ठे व्रतानि परिगृह्य । भैक्ष्याशनस्तपस्यन्नुत्कृष्टश्चेलखण्डधरः ॥' एकादशके स्थाने ह्युत्कृष्टः श्रावको भवेद्द्विविधः । वस्त्रैकधरः प्रथमः कौपीनपरिग्रहोऽन्यस्तु ॥२॥ कौपीनोऽसौ रात्रिप्रतिमायोगं करोति नियमेन । लोचं पिच्छं धृत्वा भुङ्क्ते ह्युपविश्य पाणिपुटे ॥३॥ वीरचर्या च सूर्यप्रतिमात्रैकाल्ययोगनियमश्च । सिद्धान्तरहस्यादिष्वध्ययनं नास्ति देशविरतानाम् ॥४॥ आद्यास्तु षड् जघन्याः स्युर्मध्यमास्तदनु त्रयम् । शेषौ द्वावुत्तमावुक्तौ जैनेषु जिनशासने ॥५॥' चारित्रसारे "स्वोद्दिष्टपिण्डोपधिशयनवरासनादेर्विरतः एकशाटकधरो भिक्षाशनः पाणिपात्रपुटेन उपविश्य भोजी रात्रिप्रतिमादितपःसमुद्यतः आतपनादियोगरहितो भवति । अणुव्रतिमहाव्रतिनौ समितियुक्तौ संयमिनौ भवतः समितिं विना विरतौ[1] । तथा चोक्तं वर्गणाखण्डस्य बन्धनाधिकारे । 'संजमविरईण को भेदो । ससमिदिमहव्वयाणुव्वयाइ संजमो, समिदीहि विणा महव्वयाणुव्वयाइं विरदी[2]' इति । असिमषिकृषिवाणिज्यादिभिः गृहस्थानां हिंसासंभवे पक्षचर्यासाधकत्वैर्हिंसाऽभावः क्रियते । तत्राहिंसापरिणामत्वं पक्षः १ । धर्मार्थं देवतार्थं मन्त्रसिद्ध्यर्थम् औषधार्थम् आहारार्थं स्वभोगार्थं च गृहमेधिनो हिंसां न कुर्वन्ति । हिंसासंभवे प्रायश्चित्तविधिना विशुद्धः सन् परिग्रहपरित्यागकरणे सति स्वगृहधर्मं च वंश्याय समर्प्य यावद्गृहं परित्यजति तावदस्य चर्या भवति २ । सकलगुणसंपूर्णस्य शरीरकम्पनोच्छ्वासनोन्मीलनविधिं परिहरमाणस्य निहितलोकाग्रमनसः शरीरपरित्यागः साधकत्वम् ३ । एवं पक्षादिभिस्त्रिभिर्हिंसाद्युपचितं पापमपगतं भवति । जैनागमे आश्रमाश्चत्वारः । उक्तं चोपासकाध्ययने । 'ब्रह्मचारी १ गृहस्थश्च २ वानप्रस्थश्च ३ भिक्षुकः ४ । इत्याश्रमास्तु जैनानां सप्तमाङ्गाद्विनिःसृताः ॥' तत्र ब्रह्मचारिणः पञ्चविधाः । उपनयावलम्बादीक्षागूढनैष्ठिकभेदेन । तत्र उपनयब्रह्मचारिणो गणधरसूत्रधारिणः समभ्यस्तागमा [गृहधर्मानुष्ठायिनो भवन्ति १ । अवलम्बब्रह्मचारिणः क्षुल्लकरूपेणागममभ्यस्य परिगृहीतगृहावासा भवन्ति २ । अदीक्षाब्रह्मचारिणः वेषमन्तरेणाभ्यस्तागमा]गृहधर्मनिरता भवन्ति ३ । गूढब्रह्मचारिणः कुमारश्रमणाः सन्तः स्वीकृतागमाभ्यासा बन्धुभिः दुस्सहपरीषहैरात्मना नृपादिभिर्वा निरस्तपरमेश्वररूपा गृहवासरता भवन्ति ४ । नैष्ठिकब्रह्मचारिणः समाधिगतशिखालक्षितशिरोलिङ्गा गणधरसूत्रोपलक्षितोरोलिङ्गाः शुक्लरक्तवसनखण्डकौपीनलक्षितकटीलिङ्गा स्नातका भिक्षावृत्तयो भवन्ति देवतार्चनपरा भवन्ति ५ । गृहस्थस्य इज्या १ वार्ता २ दत्तिः ३ स्वाध्यायः ४ संयमः ५ तपः ६ इत्यार्यषट्कर्माणि भवन्ति । तत्र अर्हत्पूजा इज्या, सा च नित्यमहः १ चतुर्मुखं २ कल्पवृक्षः ३ आष्टाह्निकं ४ ऐन्द्रध्वजः ५ इति । तत्र नित्यमहः नित्यं यथाशक्ति जिनगृहेभ्यो निजगृहाद्गन्धपुष्पाक्षतादिनिवेदनं चैत्यचैत्यालयं कृत्वा ग्रामक्षेत्रादीनां शासनदानं मुनिजनपूजनं च भवति १ । चतुर्मुखं मुकुटबद्धैः क्रियमाणा पूजा सैव महामहः सर्वतोभद्र इति २ । कल्पवृक्षः अर्थिनः प्रार्थितार्थैः संतर्प्य चक्रवर्तिभिः क्रियमाणो महः ३ । आष्टाह्निकं प्रतीतम् ४ । ऐन्द्रध्वजः इन्द्रादिभिः क्रियमाणाः बलिस्नपनं सन्ध्यात्रयेऽपि जगत्त्रयस्वामिनः पूजाभिषेककरणं ५। पुनरप्येषां विकल्पाः अन्येऽपि पूजाविशेषाः सन्तीति । वार्ता

जो पूजन करता है उसे कल्पवृक्ष पूजा कहते हैं। अष्टाह्निकापर्वमें जो जिनपूजा की जाती है वह आष्टान्हिक पूजा है। इन्द्रादिकके द्वारा जो जिनपूजा की जाती है वह इन्द्रध्वज है। असि (तलवार) मषि (लेखनी) कृषि (खेती) वाणिज्य (व्यापार) और शिल्प (दस्तकारी) के द्वारा न्यायपूर्वक धन कमानेको वार्ता कहते हैं। दानके चार भेद हैं-दयादान, पात्रदान, समदान और सकलदान। दयाके पात्र प्राणियोंपर दया करके दान देना दयादान है। महातपस्वी साधुओंको नवधा भक्तिपूर्वक निर्दोष आहार देना, शास्त्र तथा पीछी कमंडलु देना पात्रदान है। गृहस्थोंमें श्रेष्ठ साधर्मी भाईको कन्या, भूमि, सोना, हाथी, घोड़ा, रथ वगैरह देना समदान है। अपने पुत्र अथवा दत्तकको घरकापूरा भार सौंपकर गृहस्थीके त्याग करनेको सकलदान कहते हैं, और इसीका नाम अन्वयदान भी है। ये दानके भेद हैं। तत्त्वज्ञानके अध्ययन अध्यापनको स्वाध्याय कहते हैं। पांच अणुव्रतोंके पालन करनेका नाम संयम है। और बारह प्रकारका तप होता है। इन षट्कर्मोंका पालन करनेवाले गृहस्थ दो

१ मूलप्रतौ 'अविरतौ' इति पाठः । २ मूलाप्रतौ 'अविरदी' इति पाठः ।

असिमषिकृषिवाणिज्यादिशिल्पिकर्मभिर्विशुद्धवृत्त्या अर्थोपार्जनमिति । दत्तिः दया १ पात्र २ सम ३ सकलभेदा ४ चतुर्विधा । तत्र दयादत्तिः अनुकम्पया अनुग्राह्येभ्यः प्राणिभ्यस्त्रिशुद्धिभिरभयदानम् १ । पात्रदत्तिः महातपोधनेभ्यः प्रतिग्रहार्चनादिपूर्वकं निरवद्याहारदान ज्ञानसंयमोपकरणादिदानं च २ । समदत्तिः स्वसमक्रियाय मित्राय निस्तारकोत्तमाय कन्याभूमिसुवर्णहस्त्यश्वरथरत्नादिदानं, स्वसमानाभावे मध्यमपात्रस्यापि दानम् ३ । सकलदत्तिः आत्मीयस्वसंततिस्थापनार्थं पुत्राय गोत्रजाय वा धर्मं धन च समर्प्य प्रदानमन्वयदत्तिश्च सैव ४ । तथा चोक्तं । "जं उप्पज्जइ दव्वं तं कायव्वं च बुद्धिवंतेण । छम्मायगयं सव्वं पढमो भागो हु धम्मस्स ॥१॥ बीओ भागो गेहे दायव्वो कुडुंबपोसणत्थेण । तइओ भागो भोगे चउत्थओ सयणवग्गम्हि ॥२॥ सेसा जे बे भागा ठायव्वा होंति ते वि पुरिसेण । पुज्जामहिमाकज्जे अहवा कालावकालस्स ॥३॥" इति । स्वाध्यायः तत्त्वज्ञानस्य अध्ययनमध्यापनं स्मरणं च । संयमः पञ्चाणुव्रतप्रवर्तनम् । तपः अनशनादिद्वादशविधानुष्ठानम् । इति आर्यषट्कर्मनिरता गृहस्था द्विविधा भवन्ति । जातिक्षत्रियास्तीर्थक्षत्रियाश्चेति । तत्र जातिक्षत्रियाः क्षत्रियः १ ब्राह्मण २ वैश्य ३ शूद्र भेदाच्चतुर्विधाः १ । तीर्थक्षत्रियाः स्वजीवनविकल्पादनेकधा विद्यन्ते २ । वानप्रस्थाः अपरिगृहीतजिनरूपा वस्त्रखण्डधारिणो निरतिशयतपः समुद्यता भवन्ति । भिक्षवो जिनरूपधारिणस्ते बहुधा भवन्ति । अनगारा यतयो मुनय ते ऋषयश्चेति । तत्र अनगाराः सामान्यसाधव उच्यन्ते । यतयः उपशमक्षपकश्रेण्यारूढा भण्यन्ते । मुनयः अवधिमनःपर्ययज्ञानिनः केवलिनश्च कथ्यन्ते । ऋषयः ऋद्धिं प्राप्तास्ते चतुर्विधाः, राजब्रह्मदेवपरमऋषिभेदात् । तत्र राजर्षयः विक्रियाक्षीणर्द्धिप्राप्ता भवन्ति १, ब्रह्मर्षयः बुद्धयौषध्यर्द्धियुक्ताः कीर्त्यन्ते २, देवर्षयः गगनगमनर्द्धिसंपन्नाः पठ्यन्ते ३, परमर्षयः केवलज्ञानिनो निगद्यन्ते ४ । अपि च वृत्तम् । 'देशप्रत्यक्षवित्केवलभृदिह मुनिः स्यादृषिः प्रोद्गतर्द्धिरारूढश्रेणियुग्मोऽजनि यतिरनगारोऽपरः साधुरुक्तः । राजा ब्रह्मा च देवः परम इति ऋषिर्विक्रियाक्षीणशक्ति-प्राप्तो बुद्धयौषधीशो वियदयनपटुर्विश्ववेदी क्रमेण ॥ ३९१ ॥ इति श्रीस्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षायां शुभचन्द्रदेवविरचितटीकायां श्रावकधर्मव्याख्यानं समाप्तम् ॥ अथ यतिधर्मं व्याचष्टे—

जो रयण-त्तय-जुत्तो खमादि-भावेहिं परिणदो णिच्चं ।

सव्वत्थ वि मज्झत्थो सो साहू भण्णदे धम्मो ॥३९२॥

[छाया—यः रत्नत्रययुक्तः क्षमादिभावैः परिणतः नित्यम् । सर्वत्र अपि मध्यस्थः स साधुः भण्यते धर्मः ॥] स साधुः, साधयति रत्नत्रयमिति साधुः, धर्मः भण्यते कथ्यते, कारणे कार्योपचारात् । स कः । यः नित्यं सदा निरन्तरं रत्नत्रययुक्तः व्यवहारनिश्चयभेदाभेदसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रैः सहितः । पुनः कीदृक्षः । क्षमादिभावैः परिणतः उत्तमक्षमावि-

प्रकारके होते हैं -जातिक्षत्रिय और तीर्थक्षत्रिय । जातिक्षत्रिय क्षत्रिय, ब्राह्मण, वैश्य और शूद्रके भेदसे चार प्रकारके होते हैं। और तीर्थक्षत्रिय अपनी जीविकाके भेदसे अनेक प्रकारके होते हैं। जो खंडवस्त्र धारण करते हैं और तपस्यामें लगे रहते हैं वे वानप्रस्थ कहे जाते हैं। जिनरूपके धारकोंको भिक्षु कहते हैं। ये भिक्षु अनेक प्रकारके होते हैं। सामान्य साधुओंको अनगार कहते हैं। जो साधु उपशम अथवा क्षपक श्रेणिपर आरूढ होते हैं उन्हें यति कहते हैं। अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी और केवलज्ञानियोंको मुनि कहते हैं। ऋद्धिधारी साधुओंको ऋषि कहते हैं। ऋषिके चार भेद हैं-राजर्षि, ब्रह्मर्षि, देवर्षि और परमर्षि। विक्रिया ऋद्धि और अक्षीण ऋद्धिके धारी साधुओंको राजर्षि कहते हैं। बुद्धि ऋद्धि और औषध ऋद्धि धारिओंको ब्रह्मर्षि कहते हैं। आकाशगामिनी ऋद्धिके धारकोंको देवर्षि कहते हैं, और केवलज्ञानियोंको परमर्षि कहते हैं। इस प्रकार श्रावक धर्मका निरूपण समाप्त हुआ ॥ ३९१ ॥ अब मुनिधर्मको कहते हैं। **अर्थ—** जो रत्नत्रयसे युक्त होता है, सदा उत्तम क्षमा आदि भावोंसे सहित होता है और सबमें मध्यस्थ रहता है वह साधु है और वही धर्म है ॥ **भावार्थ—** जो व्यवहार और निश्चयरूप सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान

१ ब भावेण ।

दशप्रकारैः परिणतिं प्राप्तः । पुनः किंभूतः । सर्वत्र मध्यस्थः,सर्वेषु सुखे दुःखे तृणे रत्ने लाभालाभे शत्रौ मित्रे च मध्यस्थः उदासीनः समचित्तः । रागद्वेषरहितः असौ साधुः यतीश्वरः धर्मो भण्यते ॥३९२॥ अथ दशप्रकारं धर्मं विवृणोति—

सो चेव दह-पयारो खमादि-भावेहिं सुप्पसिद्धेहिं ।
ते पुणु भणिज्जमाणा मुणियव्वा परम-भत्तीए ॥३९३॥

[छाया—स चैव दशप्रकारः क्षमादिभावैः सुप्रसिद्धैः । ते पुनर्भण्यमानाः ज्ञातव्याः परमभक्त्या ॥] स एव यतिधर्मः दशप्रकारः दशभेदः । कैः । क्षमादिभावैः, उत्तमक्षमामार्दवार्जवसत्यशौचसंयमतपस्त्यागाकिंचन्यब्रह्मचर्याख्यैः परिणामैः परिणतैः । कथंभूतैस्तैः । सौख्यसारैः सौख्यं शर्म सारं श्रेष्ठं येषां येषु येभ्यो वा ते सौख्यसारास्तैः सौख्यसारैः सौख्येन शर्मणा स्वर्गमुक्त्यादिजेन सारैः श्रेष्ठैः । अथोत्तरार्धेन दशधर्मस्य दशगाथासूत्रेण व्याख्यायमानस्य पातनिका प्रतनोति । ते पुनः दश धर्माः दशविधधर्माः भणिज्जमाणा कथ्यमानाः मन्तव्याः ज्ञातव्याः । कया । परमभक्त्या परमधर्मानुरागेण श्रेष्ठभजनेन ॥३९३॥ अथोत्तमक्षमाधर्ममाचष्टे–

कोहेण जो ण तप्पदि सुर-णर-तिरिएहि कीरमाणे वि ।
उवसग्गे वि रउद्दे तस्स खमा णिम्मला होदि ॥३९४॥

[छाया—क्रोधेन यः न तप्यते सुरनरतिर्यग्भिः क्रियमाणे अपि । उपसर्गे अपि रौद्रे तस्य क्षमा निर्मला भवति ॥] तस्य मुनेः क्षमा क्षान्तिर्निर्मला भवति,उत्तमक्षमा धर्मः स्यात् । उत्तमग्रहणं ख्यातिपूजालाभादिनिवृत्त्यर्थं तत्प्रत्येकमभिसंबध्यते । उत्तमक्षमा उत्तममार्दवादिष्विति । तस्य कस्य । यो मुनिः क्रोधेन कोपेन कृत्वा न तप्यति तापं संतापं न गच्छति न ज्वलते इत्यर्थः । क्व सति । रौद्रे घोरे उपसर्गेऽपि चतुर्विधोपसर्गे अपिशब्दात् न केवलं अनुपसर्गे । कीदृक्षे । क्रियमाणे निष्पाद्यमाने अपिशब्दात् अचेतनेनानध्यवसायेन च । कैः क्रियमाणे उपसर्गे । सुरनरतिर्यग्भिः सुराश्च नराश्च तिर्यञ्चश्च सुरनरतिर्यञ्चः तैः ॥यथा श्रीदत्तमुनिः व्यन्तरकृतोपसर्गं प्राप्य शुद्धबुद्धैकशुद्धचिद्रूपस्वस्वरूपं साम्यस्वस्वरूपं वीतरागनिर्विकल्पसमाधिना समाराध्य घातिचतुष्टयं हत्वा केवलज्ञानं लब्ध्वा मोक्षं स्वात्मोपलब्धिं प्राप ॥ तथा विद्युच्चरमुनिः

और सम्यक् चारित्रका धारक होता है। उत्तम क्षमा आदि दस धर्मोंको सदा अपनाये रहता है और सुख दुःख, तृण रत्न, लाभ अलाभ और शत्रु मित्रमें समभाव रखता है, न किसीसे द्वेष करता है और न किसीसे राग करता है, वह साधु है। और वही धर्म है। क्योंकि जिसमें धर्म है वही तो धर्मकी मूर्ति है, बिना धार्मिकोंके धर्म नहीं होता ॥३९२॥ अब धर्म के दस भेदोंका वर्णन करते हैं। **अर्थ—**वह मुनिधर्म उत्तम क्षमा आदि भावोंके भेदसे दस प्रकारका है, उन भावोंका सार ही सुख है। आगे उसका वर्णन करेंगे। उसे परमभक्तिसे जानना उचित है॥ **भावार्थ—**उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, अकिंचन्य और ब्रह्मचर्यके भेदसे मुनिधर्म दस प्रकारका है। इन दस धर्मोंका सार सुख ही है। क्योंकि इनका पालन करनेसे स्वर्ग और मोक्षका सुख प्राप्त होता है। आगे इनमेंसे प्रत्येकका अलग अलग व्याख्यान करेंगे ॥ ३९३ ॥ अब उत्तम क्षमा धर्मको कहते हैं। **अर्थ—**देव, मनुष्य और तिर्यञ्चोंके द्वारा घोर उपसर्ग किये जाने पर भी जो मुनि क्रोधसे संतप्त नहीं होता, उसके निर्मल क्षमा होती है॥ **भावार्थ—**उपसर्गके चार भेद हैं—देवकृत, मनुष्यकृत, तिर्यञ्चकृत और अचेतनकृत। जो मुनि इन चारों ही प्रकारके भयानक उपसर्गोंसे विचलित होकर अपने मनमें भी क्रोधका भाव नहीं लाता, वही मुनि उत्तम क्षमाका धारी होता है। शास्त्रोंमें ऐसे क्षमा-

---

१ ल म स ग सुक्खसारेहिं। २ स होहि (ही?)।

चामुण्डाव्यन्तर्या कृतोपसर्गं सोढ्वा उत्तमक्षमाधर्मं भजन् वीतरागनिर्विकल्पसमाधिं प्राप्य केवलज्ञानमुत्पाद्य मोक्षं गतः ॥ श्रेणिकराजस्य पुत्रः चिलातीपुत्रः नाम्ना व्यन्तरीकृतोपसर्गं प्राप्य शरीरे निःस्पृहो भूत्वा परमक्षान्तिं प्राप्य उत्कृष्टधर्मध्यानबलेन समाधिना कालं कृत्वा सर्वार्थसिद्धिं गतः ॥ स्वामिकार्त्तिकेयमुनिः क्रौञ्चराजकृतोपसर्गं सोढ्वा साम्यपरिणामेन समाधिमरणेन देवलोकं प्राप्तः ॥ गुरुदत्तमुनिः कपिलब्राह्मणकृतोपसर्गं सोढ्वा परमक्षमाधर्मं प्राप्य कर्मक्षयं शुक्लध्यानेन कृत्वा मोक्षं गतः ॥ पञ्चशतमुनयः दण्डकराजेन यन्त्रमध्ये पीडिताः समाधिना मरणं कृत्वा सिद्धिं गताः ॥ गजकुमारमुनिः पांशुलश्रेष्ठिनरकृतोपसर्गं सोढ्वा समाधिमरणं कृत्वा सिद्धिं गतः ॥ चाणक्यादिपञ्चशतमुनयः मन्त्रिकृतोपसर्गं सोढ्वा शुक्लध्यानेन कर्मक्षयं कृत्वा सिद्धिं गताः ॥ सुकुमालस्वामी मुनिः शृगालीकृतोपसर्गं सोढ्वा शुभध्यानेन अच्युतस्वर्गे देवो जातः ॥ सुकोशलमुनिः मातृचरीव्याघ्रीकृतोपसर्गं सोढ्वा सर्वार्थसिद्धिं गतः ॥ श्रीपणिकमुनिः जलोपसर्गं सोढ्वा मुक्तिं गतः ॥ द्वात्रिंशत् श्रेष्ठिपुत्राः नदीप्रवाहे पतिताः सन्तः शुभध्यानेन मरणं प्राप्य स्वर्गे देवा जाताः ॥ इति देवमनुष्यपशुविचेतनकृतोपसर्गं सोढ्वा उत्तमक्षमां प्राप्य सद्गतिं गताः । चतुर्विधोपसर्गे क्रियमाणे क्रोधेन सतापं न गच्छन्ति तेषाम् उत्तमक्षमाधर्मो भवति । तथा हि। तपोबृंहणकारणशरीरस्थितिनिमित्तं निरवद्याहारान्वेषणार्थं परगृहाणि गच्छतो भिक्षोः भ्रमतः दुष्टमिथ्यादृग्जनाक्रोशनात् प्रहसनावज्ञानुताडनयष्टिमुष्टिप्रहारशरीरव्यापादनादीनां क्रोधोत्पत्तिनिमित्तानां सन्निधाने कालुष्याभावः क्षमा प्रोच्यते। उत्तमक्षमाया व्रतशीलपरिरक्षणमिहामुत्र च दुःखानभिष्वङ्गः सर्वस्य जगतः सन्मानसत्कारलाभप्रसिद्ध्यादिश्च गुणः, तत्प्रतिपक्षक्रोधस्य धर्मार्थकाममोक्षप्रणाशनं दोषः, इति विचिन्त्य क्षन्तव्यम् । किंच क्रोधनिमित्तस्यात्मनि भावानुचिन्तना । तावत् विद्यन्ते मयि विषये एते दोषा, किमत्र असौ मिथ्या ब्रवीतीति क्षमितव्यम् । अभावचिन्तनादपि नैते मयि विषये विद्यन्ते दोषाः, अज्ञानादसौ ब्रवीतीति क्षमा कार्या । अपि च बालस्वभावचिन्तनं परोक्षप्रत्यक्षाक्रोशनताडनमारणधर्मभ्रंशनानामुत्तरोत्तररक्षार्थम् । परोक्षमाक्रोशति बाले मूर्खे मिथ्यादृष्टौ क्षमितव्यम् । एवंस्वभावा हि बाला भवन्ति, दिष्ट्या च स मां परोक्षमाक्रोशति, न च प्रत्यक्षम्, एतदपि बालेष्विति लाभ एव मन्तव्य । प्रत्यक्षमाक्रोशति सोढव्यम्, विद्यते एतद्बालेषु, दिष्ट्या च मां प्रत्यक्षमाक्रोशति, न च ताडयति, एतदपि विद्यते बालेष्विति लाभ एव मन्तव्यः । ताडयत्यपि मर्षितव्यम्, दिष्ट्या च मां ताडयति, न प्राणैर्वियोजयति, एतदपि विद्यते [1]बालेष्विति लाभ एव मन्तव्यः ।

शील मुनियोंके अनेक कथानक पाये जाते हैं। श्रीदत्त मुनि व्यन्तर देवके द्वारा किये गये उपसर्गको जीतकर वीतराग निर्विकल्प ध्यानके द्वारा चार घातिया कर्मोंको नष्ट करके केवलज्ञानको प्राप्त हुये और फिर मुक्त हो गये। विद्युच्चर मुनि चामुण्डा नामकी व्यन्तरीके द्वारा किये हुये घोर उपसर्गको सहनकर वीतराग निर्विकल्प समाधिके द्वारा सर्वार्थ सिद्ध गये। राजा श्रेणिकका पुत्र चिलातीपुत्र व्यन्तरीके द्वारा किये गये उपसर्ग सहनकर उत्कृष्ट ध्यानके बलसे मरकर सर्वार्थ सिद्धि गया। स्वामी कार्तिकेयमुनिने क्रोंच राजाके द्वारा किये गये उपसर्गको साम्यभावसे सहनकर देवलोक प्राप्त किया। गुरुदत्तमुनि कपिल ब्राह्मणके द्वारा किये घोर उपसर्गको क्षमा भावसे सहनकर शुक्ल ध्यानके द्वारा कर्मोंका क्षय करके मोक्ष गये। दण्डक राजाने पांच सौ मुनियोंको कोल्हूमें पेल दिया। वे सभी समाधि मरण करके मुक्त हुए। गजकुमार मुनिने पांसुल सेठके द्वारा किये गये घोर उपसर्गको सहनकर मुक्ति प्राप्त की। चाणक्य आदि पांच सौ मुनि मंत्रीके द्वारा किये गये उपसर्गको सहकर शुक्ल ध्यानके द्वारा मुक्त हुए। सुकुमाल मुनि शृगालीके द्वारा खाये जानेपर शुभ ध्यानसे मर कर देव हुए। सुकोशल मुनि सिंहनीके द्वारा, जो पूर्व भवमें उनकी माता थी, खाये जानेपर शान्त भावोंसे प्राण त्यागकर सर्वार्थ सिद्धि गये। श्री पणिक मुनि जलका उपसर्ग सहकर मुक्त हुए। बत्तीस श्रेष्ठिपुत्र नदीमें बहनेपर शुभ ध्यानसे मरकर स्वर्गमें देव हुए। इस प्रकार घोर

१ कानिचिदादर्शेषु 'बालेष्वातलाभः' ।

प्राणैर्वियोजयत्यपि तितिक्षा कर्तव्या, दिष्ट्या च मा प्राणैर्वियोजयति, मदधीनाद्धर्मान्न भ्रंशयतीति । किंवान्यन्ममैवापराधोऽयं पुराचरितं तन्महद्दुःकर्म तत्फलमिदमाक्रोशवचनादि निमित्तमात्रं परोऽयमत्रेति सहितव्यमिति । उक्तं च । 'आकृष्टोऽहं हतो नैव हतो नैव द्विधाकृतः । द्विधाकृष्ट हतो धर्मः प्रतीदं शत्रुमित्रतः' ॥ इत्युत्तमः क्षमाधर्मः ॥ ३९४ ॥ अथ उत्तममार्दवमाह—

उत्तम-णाण-पहाणो उत्तम-तवयरण-करण-सीलो वि ।
अप्पाणं जो हीलदि मद्दव-रयणं भवे[1] तस्स ॥ ३९५ ॥

[छाया-उत्तमज्ञानप्रधानः उत्तमतपश्चरणकरणशीलः अपि । आत्मानं यः हेलयति मार्दवरत्नं भवेत् तस्य ॥] तस्य मुनेः मार्दवरत्नं मार्दवाख्यमुत्तमनिर्मलधर्मरत्नं भवेत् । तस्य कस्य । यः साधुः आत्मानं स्वयं हीलति हेलनाम्

उपसर्ग आनेपर भी जो क्षमा भावसे विचलित नहीं होते वही उत्तम क्षमाके धारी होते हैं । आशय यह है कि मुनि जन शरीरको बनाये रखनेके लिये आहारकी खोजमें गृहस्थोंके घर जाते हैं । उस समय दुष्ट मनुष्य उन्हें देखकर हंसते हैं, गाली बकते हैं, अपमान करते हैं, मार पीट करते हैं । किन्तु क्रोध उत्पन्न होनेके इन सब कारणोंके होते हुए भी मनमें जरा भी कलुषताका न आना उत्तम क्षमा है । ऐसे समयमें मुनिको उत्तम क्षमा धर्मकी अच्छाई और क्रोधकी बुराइयोंका विचार करना चाहिये । उत्तम क्षमा व्रत और शीलकी रक्षा करने वाली है, इस लोक और परलोकमें दुःखोंसे बचाती है, उत्तम क्षमाशील मनुष्यका सब लोक सन्मान करते हैं । इसके विपरीत क्रोध, धर्म, अर्थ, काम और मोक्षका नाशक है । ऐसा सोचकर मुनिको क्षमा धारण करना चाहिये । तथा यदि कोई मनुष्य अपशब्द कहता है तो उस समय यह विचारना चाहिये कि ये मनुष्य मुझमें जो दोष बतलाता है वे दोष मुझमें हैं या नहीं ? यदि हैं तो वह झूठ क्या कहता है ! और यदि नहीं है तो यह अज्ञानसे ऐसा कहता है, यह सोचकर उसे क्षमा कर देना चाहिये । और भी यदि कोई पीठपीछे गाली देता हो तो विचारना चाहिये कि मूर्खोंका स्वभाव गाली बकनेका होता ही है । वह तो मुझे पीठपीछे ही गाली देता है, मूर्ख लोग तो मुंहपर भी गाली बकते हैं । अतः वह क्षमाके योग्य है । यदि कोई मुंहपर ही अपशब्द कहे तो विचारना चाहिये कि चलो, यह गाली ही बककर रह जाता है, मारता तो नहीं है । मूर्ख लोग तो मार भी बैठते हैं अतः वह क्षम्य है । यदि कोई मारने लगे तो विचारे, यह तो मुझे मारता ही है, जान तो नहीं लेता । मूर्ख लोग तो जान तक ले डालते हैं । अतः क्षम्य है । यदि कोई जान लेने लगे तो विचारे, यह मेरी जान ही तो लेता है, धर्म तो भ्रष्ट नहीं करता । फिर यह सब मेरे ही पूर्व किये हुये कर्मोंका फल है, दूसरा मनुष्य तो केवल इसमें निमित्त मात्र है अतः इसको सहना ही चाहिये । किन्तु यदि कोई अपनी कमजोरी के कारण क्षमाका भाव धारण करता है और हृदयमें बदला लेनेकी भावना रखता है तो वह क्षमा नहीं है । इस प्रकार मुनियोंके उत्तम क्षमा धर्मका व्याख्यान समाप्त हुआ ॥ ३९४ ॥ आगे उत्तम मार्दव धर्मको कहते हैं । **अर्थ**—उत्कृष्ट ज्ञानी और उत्कृष्ट तपस्वी होते हुये भी जो मद नहीं करता वह मार्दव रूपी रत्न का धारी है ॥ **भावार्थ**—जो मुनि सकल शास्त्रोंका ज्ञाता होकर भी वह मद नहीं करता कि मैं सकल शास्त्रोंका ज्ञाता हूं,

---

१ ब हवे ।

अनादरं करोति, निर्मदं मदरहितमात्मानं करोतीत्यर्थः । कीदृक्षो मुनिः । उत्तमज्ञानप्रधानः, उत्तमं श्रेष्ठं पूर्वापरविरुद्ध-रहितं ज्ञानं जैनश्रुतं भेदविज्ञानं प्रधानं यस्य स तथोक्तः । जिनकथितसकलशास्त्रज्ञः सन् आत्मानं हीलति अनादरति ज्ञानमदं करोति । अहं विद्वान् सकलशास्त्रज्ञः, कविरहम्, अहं वादी, गमकोऽहम्, चतुरोऽहम्, मत्सकाशात् कोऽपि विद्वान् शास्त्रज्ञो न कवीश्वरादिको न च इत्यादिकं सर्वं मदं न विदधाति । मत्सकाशात् अनेकज्ञानिनो भवन्ति, श्रुतज्ञानिभ्यः सकाशात् अवधिज्ञानिनां ज्ञानं बहुतरम्, ततो मनःपर्ययज्ञानिनां ज्ञानमधिकम्, ततः केवलज्ञानिनां ज्ञानं सर्वोत्कृष्टम्, अहं केनमात्रः अल्पज्ञः इत्यादिकं निरहंकारत्वं विदधाति । पुनः कथंभूतः । उत्तमतपश्चरणकरणशीलः, उत्तमानि तानि च तपश्चरणानि ख्यातिपूजालाभरहितान्यनशनावमोदर्यादिद्वादशविधतपश्चरणानि तेषां करणे कर्तव्ये शीलं स्वभावो यस्य स तथोक्तः । अथवा उत्तमतपांसि अनशनादीनि द्वादश, उत्तमचरणानि चारित्राणि पञ्चमहाव्रतादीनि त्रयोदशधा, सामायिकादीनि वा, तेषां करणे शीलं स्वभावो यस्य स उत्तमतपश्चरणशीलः सन् आत्मनः हेलनां करोति, तपश्चरणादिगर्वं न करोति, अहं तपस्वी अहं चारित्रवान् साधुः इत्यादिमदं करोति । तथाहि उत्तमजातिकुलरूपविज्ञानैश्वर्यश्रुतलाभ-वीर्यस्यापि सतः विद्यमानस्य मुनेः तत्कृतमदावेशाभावात् परप्रयुक्तपरिभवनिमित्ताभिमानाभावो मार्दवं माननिर्हरणमवगन्तव्यम् । मार्दवोपेतं शिष्यं गुरवोऽनुगृह्णन्ति, साधवोऽपि साधु मन्यन्ते, ततश्च सम्यग्ज्ञानादीनां पात्रीभवति । अतः स्वर्गापवर्गफलप्राप्तिः । मानमलिनमनसि व्रतशीलानि नावतिष्ठन्ते । साधवश्चैनं परित्यजन्ति, तन्मूलाः सर्वा विपद इति ॥ ३९५ ॥ अथ मायास्वभावमाह—

जो चिंतेइ ण वंकं ण[1] कुणदि वंकं ण जंपदे[2] वंकं ।
ण य गोवदि णिय-दोसं अज्जव-धम्मो हवे तस्स ॥३९६॥

[छाया—यः चिन्तयति न वक्रं न करोति वक्रं न जल्पति वक्रम् । न च गोपायति निजदोषम् आर्जवधर्मः भवेत् तस्य ॥] तस्य मुनीश्वरस्य आर्जवधर्मो भवेत् । तस्य कस्य । यो मुनिः वक्रं न चिन्तयति, वक्रं कुटिलं कुटिलपरिणामं

कवि हूँ, वादी हूं, गमक हूं, चतुर हूँ, मेरे समान कोई भी विद्वान शास्त्रज्ञ अथवा कवि नहीं है, प्रत्युत यह विचारता है कि मुझसे बड़े अनेक ज्ञानी हैं क्योंकि श्रुतज्ञानियोंसे अवधि ज्ञानी बड़े होते हैं, उनसे मनःपर्ययज्ञानी बड़े होते हैं और उनसे बड़े सर्वोत्कृष्ट केवलज्ञानी होते हैं। मैं तो अल्पज्ञ हूं। वह मुनि मार्दवधर्मका धारी है। तथा जो मुनि अनशनआदि बारह प्रकारके तपोंको और तेरह प्रकारके चारित्रको पालता हुआ भी अपने तपश्चरणका गर्व नहीं करता वह मुनि मार्दव धर्मका धारी है। सारांश यह है कि उत्तम जाति, उत्तम कुल, उत्तम रूप, उत्तम ज्ञान, उत्कृष्ट ऐश्वर्य और शक्तिसे युक्त होते हुये भी मद न करना उत्तम मार्दव है। क्योंकि मानके दूर होनेका नाम मार्दव है। जो शिष्य विनयी होता है उसपर गुरुकी कृपा रहती है। साधु जन भी उसकी प्रशंसा करते हैं। अतः वह सम्यग्ज्ञानका पात्र होता है और सम्यग्ज्ञानका पात्र होनेसे उसे स्वर्ग और मोक्षकी प्राप्ति होती है। इसके विपरीत मानसे मलिन चित्तमें व्रत शील वगैरह नहीं ठहर सकते। साधु जन घमंडी पुरुषसे दूर रहते हैं। अतः अहंकार सब विपत्तियोंका मूल है ॥ ३९५ ॥ आगे आर्जव धर्मको कहते हैं। **अर्थ—** जो मुनि कुटिल विचार नहीं करता, कुटिल कार्य नहीं करता और कुटिल बात नहीं बोलता, तथा अपना दोष नहीं छिपाता, उसके आर्जव धर्म होता है ॥ **भावार्थ—**जिसके मनमें मायाचार नहीं है, जिसके कर्ममें मायाचार नहीं है और जिसकी बातोंमें मायाचार नहीं है, अर्थात् जो मनसे विचारता है, वही वचनसे कहता है और जो वचनसे कहता है वही कायसे करता है वह आर्जव धर्मका

---

१ लसग कुणदि ण । २ ल म स ग जंपए ।

मनसा वक्रं कुटिलत्वं नाचरात न विदधाति, सरलत्वं मनसा चिन्तयतीत्यर्थः । वक्रं न करोति, मायारूपं कुटिलत्वं छलं छद्म कायेन न विदधाति । तथा वक्रं कुटिलवचनं वचनेन जिह्वया न जल्पति न वक्ति । 'मनोवचनकायकर्मणाम् अकौटिल्यमार्जवमभिधीयते' इति वचनात् । तथा निजदोषं स्वयंकृतापराधम् अतिचारादिदोषकृतं नैव गोपायति न चाच्छादयति । स्वकृतदोषं गर्हानिन्दादिकं करोति प्रायश्चित्तं विदधाति च । योगस्य हि कायवाङ्मनोलक्षणस्य अवक्रता आर्जवमित्युच्यते । ऋजुहृदयमधिवसन्ति गुणा मायाभावं नाश्रयन्ति । मायाविनो न विश्वसिति लोकः । मायातिर्यग्योनिश्चेति गर्हिता च गतिर्भवतीति ॥३९६॥ शौचत्वमाह–

सम-संतोस-जलेणं जो धोवदि तिव्व[1]-लोह-मल-पुंजं ।

भोयण-गिद्धि–विहीणो तस्स सउच्चं हवे[2] विमलं ॥३९७॥

छाया–समसंतोषजलेन यः धावति तीव्रलोभमलपुञ्जम् । भोजनगृद्धिविहीनः तस्य शौचं भवेत् विमलम् ॥] तस्य मुनेः सुचित्तम् उत्तममानस शौचत्वं पवित्रं वा विमलं लोभादिमलरहितं शौचपरिणतचित्तमित्यर्थः भवति । तस्य कस्य । यः मुनि तृष्णालोभमलपुञ्ज धोवदि प्रक्षालयति । तृष्णा परपदार्थाभिलाषः, लोभः परवस्तुग्रहणाकांक्षा,तृष्णा च लोभश्च तृष्णालोभौ तावेव मलकिल्विषं तस्य पुञ्जः समूहः तं तृष्णालोभमलपुञ्जं,परपदार्थाभिलाषपरवस्तुग्रहणकांक्षारूपमलराशि

धारी होता है। क्योंकि मन, वचन और कायकी सरलताका नाम आर्जव है। तथा जो अपने अपराधको नहीं छिपाता, व्रतोंमें जो अतिचार लगते हैं उनके लिये अपनी निन्दा करना है और प्रायश्चित्तके द्वारा उनकी शुद्धि करता है वह भी आर्जव धर्मका धारी है। वास्तवमें सरलता ही गुणोंकी खान है। जो मायावी होता है उसका कोई विश्वास नहीं करता तथा वह मरकर तिर्यञ्च गतिमें जन्म लेता है ॥ ३९६ ॥ आगे शौच धर्मको कहते हैं। **अर्थ–**जो समभाव और सन्तोष रूपी जलसे तृष्णा और लोभ रूपी मलके समूहको धोता है तथा भोजनकी गृद्धि नहीं करता उसके निर्मल शौच धर्म होता है ॥ **भावार्थ–**तृण, रत्न, सोना, शत्रु, मित्र आदि इष्ट अनिष्ट वस्तुओंमें राग और द्वेष न होनेको साम्यभाव कहते हैं और संतोष तो प्रसिद्ध ही है। पदार्थोंकी अभिलाषा रूप तृष्णा और प्राप्त पदार्थोंकी लिप्सा रूप लोभ ये सब मानसिक मल है गन्दगी है। इस गन्दगीको जो समता और सन्तोष रूपी जलसे धोडालता है अर्थात् समताभाव और सन्तोषको अपनाकर तृष्णा और लोभको अपने अन्दरसे निकाल फेंकता है, वह शौच धर्मका पालक है। तथा मुनि कंचन और कामिनी का त्याग तो पहले ही कर देता है, शरीरकी स्थितिके लिये केवल भोजन ग्रहण करता है। अतः भोजनकी तीव्र लालसा नहीं होना भी शौच धर्मका लक्षण है। असलमें लोभ कषायके त्यागका नाम शौच है। लोभके चार प्रकार हैं–जीवनका लोभ, नीरोगताका लोभ, इन्द्रियका लोभ, और उपभोगका लोभ। इनमेंसे भी प्रत्येकके दो भेद हैं–अपने जीवनका लोभ, अपने पुत्रादिकके जीवनका लोभ, अपनी नीरोगताका लोभ, अपने पुत्रादिकके नीरोग रहनेका लोभ, अपनी इन्द्रियों का लोभ, पराई इन्द्रियोंका लोभ, अपने उपभोगका लोभ और परके उपभोगका लोभ। इनके त्याग का नाम शौच धर्म है। शौच धर्मसे युक्त मनुष्यका इसी लोकमें सन्मान होता है, उसमें दानादि अनेक गुण पाये जाते हैं इसके विपरीत लोभी मनुष्यके हृदयमें कोई भी सद्गुण नहीं ठहरता,

---

१ ग तिठ (ट्ठ ?) [=तृष्णा] । २ ल म स ग तस्स सुचित्त हवे ।

धावयति प्रक्षालयति । केन। समसंतोषजलेन, समः तृणरत्नकाञ्चनशत्रुमित्रेष्टानिष्टवस्तुसाम्यं समता संतोषः शुभाशुभेषु सर्वत्र माध्यस्थं समश्च संतोषश्च समसंतोषौ तावेव जलमुदकं तेन धोवति शुद्धं निर्मलं विदधाति । स मुनिः कीदृक्षः। भोजनगृद्धिरहितः भोजनम् आहारस्य उपलक्षणात् कनकयुवतिगजाश्ववस्त्रादीनां ग्रहणं तस्य अतिगृद्धिः अत्याकाङ्क्षा वाञ्छा तया विहीनः । शौचं लोभविनिर्मुक्तमित्युक्तत्वात् । तथाहि प्रकर्षप्राप्तलोभनिवृत्तिः शौचमित्युच्यते । शुच्याचारं नरमिहापि सम्मानयन्ति, सर्वे दानादयश्च गुणास्तमधितिष्ठन्ति, लोभभावनाक्रान्ते हृदये नावकाशं लभन्ते गुणाः । स च लोभः जीवितारोग्येन्द्रियोपभोगविषयभेदाच्चतुर्विधः । स्वपरविषयत्वात् स प्रत्येकं द्विधा भिद्यते । स्वजीवितलोभः १ परजीवितलोभः २ स्वारोग्यलोभः ३ परारोग्यलोभः ४ स्वेन्द्रियलोभः ५ परेन्द्रियलोभः ६ स्वोपभोगलोभः ७ परोपभोगलोभश्चेति ८ । अतस्तन्निवृत्तिलक्षणं शौचं चतुर्विधमिति ॥३९७॥ अथ सत्यधर्ममाह—

जिण-वयणमेव भासदि तं पालेदुं असक्कमाणो वि ।
ववहारेण वि अलियं ण वददि[1] जो सच्चवाई सो ॥३९८॥

[छाया-जिनवचनमेव भाषते तत् पालयितुम् अशक्यमानः अपि । व्यवहारेण अपि अलीकं न वदति यः सत्यवादी सः ॥] स मुनिः सत्यवादी सत्यं वदत्येवंशील. सत्यवादी सत्यधर्मपरिणतो भवेत् । स क. । यः जिनवचनमेव भाषते जिनस्य वचनं द्वादशाङ्गरूपं जैनसिद्धान्तशास्त्रं वक्ति ब्रूते । एवकारणेन न साङ्ख्यसौगतभट्टवैशेषिकचार्वाकादिपरिकल्पितं नैव वक्ति। तत् जिनवचनं पालयितुं रक्षितुं ज्ञातुं वा, ये गत्यर्थास्ते ज्ञानार्था इति पालधातुः ज्ञानार्थेऽपि वर्तते, अशक्यमानोऽपि अशक्तोऽपि असमर्थोऽपि अपिशब्दात् न केवलं शक्तोऽपि, अपि न वक्ति न वदति न भाषते । किं तत् । अलीकं मृषावचनम् असत्यं न वक्ति । केन । व्यवहारेण दत्तिप्रतिग्रहभोजनादिव्यापारेण,अथवा पूजाप्रभावनाद्यर्थम् अलीकवचनं न वदति। अपिशब्दात् न केवलम् अव्यापारेण । तथाहि सत्सु प्रशस्तेषु दिगम्बरेषु महामुनिषु तदुपासकेषु च श्रेष्ठेषु लोकेषु साधुवचनं समीचीनवचनं यत् तत्सत्यमित्युच्यते । सन्तः प्रव्रज्या प्राप्ताः तद्भक्ताः वा ये वर्तन्ते तेषु यद्वचनं साधु तत्सत्यम् । तथा

अतः लोभका त्यागरूप शौचधर्म पालना चाहिये ॥ ३९७ ॥ अब सत्यधर्म को कहते हैं । **अर्थ**–जैन शास्त्रोंमें कहे हुए आचार को पालनेमें असमर्थ होते हुए भी जो जिन वचनका ही कथन करता है, उससे विपरीत कथन नहीं करता, तथा जो व्यवहारमें भी झूंठ नहीं बोलता, वह सत्यवादी है ॥ **भावार्थ**–जैन सिद्धान्तमें आचार आदिका जैसा स्वरूप कहा है, वैसा ही कहना, ऐसा नहीं कि जो अपनेसे न पाला जाये, लोक निन्दाके भयसे उसका अन्यथा कथन करे, तथा लोक व्यवहारमें भी सदा ठीक ठीक वरतना सत्य धर्म है। सत्यवचनके दस भेद हैं–नाम सत्य, रूप सत्य, स्थापना सत्य, प्रतीत्य सत्य, संवृति सत्य, संयोजना सत्य, जनपद सत्य, देश सत्य, भाव सत्य और समय सत्य । सचेतन अथवा अचेतन वस्तुमें नामके अनुरूप गुणोंके न होनेपर भी लोक व्यवहार के लिए जो इच्छानुसार नामकी प्रवृत्ति की जाती है उसे नाम सत्य कहते हैं जैसे कि मनुष्य अपने बच्चों का इन्द्र आदि नाम रख लेते हैं। मूल वस्तुके न होते हुए भी वैसा रूप होनेसे जो व्यवहार किया जाता है उसे रूप सत्य कहते हैं जैसे पुरुषके चित्रमें पुरुष के चैतन्य आदि धर्मों के न होने पर भी पुरुषकी तरह उसका रूप होनेसे चित्रको पुरुष कहते हैं। मूल वस्तुके न होते हुये भी प्रयोजनवश जो किसी वस्तुमें किसीकी स्थापना की जाती है उसे स्थापना सत्य कहते हैं। जैसे पाषाणकी मूर्तिमें चन्द्रप्रभकी स्थापना की जाती है। एक दूसरेकी अपेक्षासे जो वचन कहा जाता है वह प्रतीत्य सत्य है। जैसे अमुक मनुष्य लम्बा है। जो वचन लोकमें प्रचलित

[1] ब जो ण वददि ।

च ज्ञानचारित्रादिशिक्षणे प्रचुरमपि अमितमपि वचनं वक्तव्यम् । सत्यसद्भावो दशविधः नाम १ रूप २ स्थापना ३ प्रातीत्य ४ संवित्ति ५ संयोजना ६ जनपद ७ देश ८ भाव ९ समय १० सत्यभेदेन । तत्र सचेतनेतरद्रव्यस्य असत्यर्थे यद्व्यवहारार्थं संज्ञाकरणं तन्नामसत्यम्, इन्द्र इत्यादि १ । यदर्थासंनिधानेऽपि रूपमात्रेणोच्यते तद्रूपसत्यम्, यथा चित्रपुरुषादिषु असत्यपि चैतन्योपयोगादावर्थे पुरुष इत्यादि २ । असत्यप्यर्थे यत्कार्यार्थं स्थापितं द्यूताक्षसारिनिक्षेपादिषु तत्स्थापनासत्यम्, चन्द्रप्रभप्रतिमा इत्यादि ३ । सादनादीनौपशमिकादीन् भावान् प्रतीत्य यद्वचनं तत्प्रतीत्यसत्यं,पुरुषस्ताल इत्यादि ४ । यल्लोकसंवृत्यागतं वचस्तत्संवित्तिसत्यम्,यथा पृथिव्याद्यनेककारणत्वेऽपि सति पङ्के जातं पङ्कजमित्यादि ५ । धूपचूर्णवासनानुलेपनप्रकर्षादिषु पद्ममकरहंसचक्रसर्वतोभद्रक्रौञ्चव्यूहादिषु अचेतनेतरद्रव्याणां यथाभागविधानं संनिवेशाविर्भावकं यद्वचस्तत्संयोजनासत्यम् ६ । द्वात्रिंशज्जनपदेषु आर्यानार्यभेदेषु धर्मार्थकाममोक्षाणां प्रापकं यद्वचस्तज्जनपदसत्यम्, राजा राणक इत्यादि ७ । ग्रामनगरराजगणपाषण्डिजातिकुलादिधर्माणामुपदेशकं यद्वचस्तद्देशसत्यम्, ग्रामो वृत्यावृत इत्यादि ८ । छद्मस्थज्ञानस्य द्रव्ययाथात्म्यादर्शनेऽपि संयतस्य संयतासंयतस्य वा स्वगुणपरिपालनार्थं प्रासुकमिदमप्रासुकमित्यादियद्वचस्तद्भावसत्यम् ९ । प्रतिनियतषड्द्रव्यपर्यायाणामागमगम्यानां याथात्म्याविष्करणं यद्वचन तत्समयसत्यम् । समयोत्तरवृष्ट्या बालो युवा पल्योपम इत्यादि १० । सत्यवाचि प्रतिष्ठिताः सर्वगुणसंपदः, अनृताभिभाषिणं नर बन्धवोऽप्यवमन्यन्ते, मित्राणि च विरक्तिभावमुपयान्ति, विषाण्युदकादीन्यप्येनं न सहन्ते, जिह्वाछेदनसर्वस्वहरणादिव्यसनभागपि भवति इति ॥३९८॥ संयमधर्ममाचष्टे–

जो जीव-रक्खण-परो गमणागमणादि[1]-सव्व-कज्जेसु[2] ।
तण-छेदं[3] पि ण इच्छदि संजम-धम्मो[4] हवे तस्स ॥३९९॥

[छाया–यः जीवरक्षणपरः गमनागमनादिसर्वकार्येषु । तृणच्छेदम् अपि न इच्छति संयमधर्मः भवेत् तस्य॥] तस्य मुनेः संयमभावः संयमनं वशीकरण स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रियमनसां षट्पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतित्रसकायिकाना

व्यवहारके आश्रयसे कहा जाता है वह संवृति सत्य है । जैसे पृथिवी आदि अनेक कारणोंसे उत्पन्न होनेपर भी कमलको पंकज (कीचड़से पैदा होनेवाला) कहा जाता है । चूर्ण वगैरहसे जो माण्डना वगैरह की स्थापना की जाती है उसमें जो यह कहा जाता है कि यह अमुक द्वीप है, यह अमुक जिनालय, इसे संयोजना सत्य कहते हैं । जिस देशकी जो भाषा हो वैसा ही कहना जनपद सत्य है । ग्राम नगर आदिका कथन करनेवाले वचनको देश सत्य कहते हैं । जैसे जिसके चारों ओर बाड़ हो वह गांव है । छद्मस्थका ज्ञान वस्तुका यथार्थ दर्शन करनेमें असमर्थ होता है फिर भी श्रावक अथवा मुनि अपना धर्म पालनेके लिए जो प्रासुक और अप्रासुकका व्यवहार करते हैं वह भाव सत्य है । जो वस्तु आगमका विषय है उसे आगमके अनुसार ही कहना समय सत्य है, जैसे पल्य और सागर वगैरहके प्रमाणका कथन करना । इन सत्य वचनोंको बोलनेवाले मनुष्यमें ही गुणोंका वास रहता है । किन्तु जो मनुष्य झूठ बोलता है, बन्धु बान्धव और मित्रगण भी उसका विश्वास नहीं करते । इसी लोकमें उसकी जीभ कटवादी जाती थी, राजा उसका सर्वस्व छीन लेता था । अतः सत्य वचन ही बोलना चाहिये ॥ ३९८ ॥ आगे संयमधर्मको कहते हैं । **अर्थ**–जीवकी रक्षामें तत्पर जो मुनि गमन आगमन आदि सब कार्योंमें तृणका भी छेद नहीं करना चाहता, उस मुनिके संयमधर्म होता है ॥ **भावार्थ**–स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु, श्रोत्र और मनको वशमें करना तथा पृथिवीकायिक जलकायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, और त्रसकायिक जीवोंकी रक्षा करनेका नाम संयम है । जो

१ ब गमणाइ । २ लमसग कम्मेसु । ३ ब तिणछेयं । ४ ल (मस?) ग संयमभाऊ (ओ) ब संजम्म ।

रक्षणं च तस्य भावः परिणामः भवेत् । तस्य कस्य । यः साधुः गमनागमनादिसर्वकर्मसु गमनम् अटनं परिभ्रमण आगमनम् आगतिः गमनागमने ते द्वे एवादियेषां तानि गमनागमनादीनि तानि सर्वकर्माणि च समस्तकार्याणि च तेषु गमनागमन-परिभ्रमणोपवेशनशयनादाननिक्षेपणभोजनमलमूत्रनिक्षेपणादिषु कार्येषु जीवरक्षणपरः प्राणिरक्षापरायणः दयापरिणतः पृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतिकायिककृमिकीटभूलतादियूकामत्कुणकीटककुन्थ्वादिदंशमशकपतङ्गमक्षिकादिगोमहिषाश्वमनुष्यदेवादित्रसजीवानां रक्षणपरः मुनिः तृणच्छेदं शुष्कद्रव्यतृणकाष्ठपाषाणादिच्छेदम् अपिशब्दात् चालननिक्षेपणोच्चालनं स्थापनादिकं च न इच्छति । तथाहि धर्मोपबृंहणार्थं पञ्चसमितिषु वर्तमानस्य मुनेः तत्प्रतिपालनार्थं प्राणव्यपरोपणं परिहरन् षडिन्द्रिय-विषयपरिहारणं संयम उच्यते । स संयमो द्विविधः, उपेक्षासंज्ञकः अपहृतसंज्ञकश्च । तत्रोपेक्षासंयमः देशकालविधानज्ञस्य, परेषामनुपरोधेन व्युत्सृष्टकायस्य त्रिगुप्तिगुप्तस्य मुनेः रागद्वेषयोरनभिषङ्गः इत्युपेक्षासंयमः । अपहृतसंयमस्य मुनेः समितयः कार्यास्ता उच्यन्ते । ईर्याभाषैषणादाननिक्षेपोत्सर्गाः समितयः इति । तत्र ईर्यासमितिः नामकर्मोदयापादितविशेषैकद्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियभेदेन चतुर्द्विद्विद्विश्चतुर्विकल्पचतुर्दशजीवस्थानादिविधानवेदिनो मुनेः धर्मार्थं पर्यटतः गच्छतः सूर्योदये चक्षुषो विषयग्रहणसामर्थ्यम् उपजायते । मनुष्यहस्त्यश्वशकटगोकुलादिचरणपातोपहतावश्यायप्राये प्रासुकमार्गे अनन्यमनसः शनैर्न्यस्तपादस्य सकुचितावयवस्य उत्सृष्टपार्श्वदृष्टेर्युगमात्रपूर्वनिरीक्षणावहितलोचनस्य स्थित्वा दिशोऽनवलोकयतः पृथिव्याद्यारम्भाभावात् ईर्यासमितिरित्याख्यायते १। हितमितासंदिग्धाभिधानं भाषासमितिः । मोक्षपदप्रापणप्रधानफल हितम्, तत् द्विविधं स्वहितं परहित चेति । मितमनर्थकबहुप्रलपनरहितं स्फुटार्थं व्यक्ताक्षर वा असंदिग्धं,तस्याः प्रपञ्चो मिथ्याभिधा-

---

मुनि आना, जाना, उठना, बैठना, सोना, रखना, उठाना, भोजन करना, मलमूत्र त्यागना आदि कार्योंमें जीवरक्षाका ध्यान रखता है, इन कार्योंको करते हुये पृथिवीकायिक, जलकायिक, तेजस्कायिक, वायुकायिक, वनस्पतिकायिक, कीट, पतंग, जूं, डांस, मच्छर, मक्खी, गाय, भैंस, घोड़ा, मनुष्य आदि किसी भी जीवको अपने निमित्तसे कष्ट नहीं पहुँचने देता वह मुनि संयमधर्मका पालक होता है । संयमके दो भेद हैं-उपेक्षा संयम और अपहृत संयम । तीन गुप्तियोंका पालक मुनि कायोत्सर्गमें स्थित होकर जो राग द्वेषका त्याग करता है उसके उपेक्षा संयम होता है । उपेक्षाका मतलब उदासीनता अथवा वीतरागता है । अपहृत संयमके तीन भेद हैं-उत्कृष्ट, मध्यम और जघन्य । अपने उठने बैठनेके स्थानमें यदि किसी जीव जन्तुको बाधा पहुँचती हो तो वहांसे स्वयं हट जाना उत्कृष्ट अपहृत संयम है, कोमल मयूर पिच्छसे उस जीवको हटादे तो मध्यम अपहृत संयम है और लाठी तिनके वगैरहसे उस जीवको हटाये तो जघन्य अपहृत संयम है । अपहृत संयमी मुनिको पांच समितियोंका पालन करना चाहिये । अतः समितियोंका स्वरूप कहते हैं । समितियां पांच हैं-ईर्या समिति, भाषा समिति एषणा समिति, आदाननिक्षेपण समिति और उत्सर्ग समिति । मुनिको जगह जगह घूमना पड़ता है, अतः सूर्यका उदय हो जानेपर जब आंखें ठीक तरहसे सब वस्तुओंको देख सकें, मनुष्य हाथी, घोड़ा गाड़ी, गोकुल आदिके आवागमनसे प्रासुक हुये मार्गपर मनको एकाग्र करके चार हाथ आगेकी जमीनको देखकर इधर उधर नहीं ताकते हुए धीरे धीरे चलना ईर्या समिति है । हित मित और असंदिग्ध बोलना भाषा समिति है । जिसका फल मोक्षकी प्राप्ति हो उसे हित कहते हैं । व्यर्थ बकवाद नहीं करनेको मित कहते हैं । जिसका अर्थ स्पष्ट हो, अथवा अक्षरोंका उच्चारण स्पष्ट हो उसे असंदिग्ध कहते हैं । मिथ्या, निन्दा परक, अप्रिय, भेद डाल देनेवाले, सार हीन, संशय और भ्रममें डाल देनेवाले, कषायसे भरे हुये, परिहासको लिये हुये, अयुक्त, असभ्य, निष्ठुर, धर्मविरोधी, देश काल के विरुद्ध और अतिप्रशंसापरक वचन मुनिको नहीं बोलना चाहिये । जीवदया-

नासूयाप्रियसंभेदाल्पसारशङ्कितसंभ्रान्तकषायपरिहासायुक्तासभ्यशपननिष्ठुरधर्मविरोधिदेशकालविरोध्यतिसंस्तवादिवाग्दो-षविरहिताभिधानम् २ । अनगारस्य मोक्षैकप्रयोजनस्य प्राणिवधातत्परस्य कायस्थित्यर्थं प्राणयात्रानिमित्तं तपोबृंहणार्थं च चर्यानिमित्तं पर्यटतः शीलगुणसंयमादिकं संरक्षतः संसारशरीरभोगनिर्वेदत्रयं भावयतो दृष्टवस्तुयाथात्म्यस्वरूपं चिन्तयतो देश-कालसामर्थ्यादिविशिष्टम् अगर्हितम् आहारं नवकोटिपरिशुद्धमेषणासमितिः । षड्जीवनिकायस्य उपद्रव उपद्रवणम्,अङ्गच्छे-दनादिव्यापारो विद्रावणं, संतापजननं परितापनं, प्राणिप्राणव्यपरोपणम् आरम्भः, एवं उपद्रवणविद्रावणपरितापनारम्भ-क्रियया निष्पन्नमन्नं स्वेन कृतं परेण कारितं अनुमतं च आधाकर्म, तत्सेविनो अनशनादितपांसि अभ्रावकाशादियोगा वीरा-सनादियोगविशेषाश्च भिन्नभाजनभरितामृतवत् प्रक्षरन्ति ततस्तदभक्ष्यमिव परिहरतो भिक्षोः परकृतप्रशस्तप्रासुकाहारग्रह-णेऽपि षट्चत्वारिंशद्दोषा भवन्ति ।तद्यथा। षोडशविध उद्गमदोषः १६,षोडशविध उत्पादनदोषः १६,दशविध एषणादोषः१०, संयोजनाप्रमाणाङ्गारधूमदोषाश्चत्वारः ४,एतैर्दोषैः परिवर्जितमाहारग्रहणमेषणासमितिरिति । नैःसंगिकीं चर्यामातिष्ठमानस्य पात्रग्रहणे सति तत्संरक्षणादिकृतो दोषः प्रसज्यते कपालमन्यद्वा भाजनमादाय पर्यटतो भिक्षोर्दैन्यम् आसज्यते । गृहिजना-नीतमपि भाजनं न सर्वत्र सुलभं, तत्प्रक्षालनादिविधौ च दुःपरिहारः पापलेपः । स्वभाजनेन देशान्तरं नीत्वा भोजने च आशानुबन्धः स्यात् । स्वपूर्वविशिष्टभाजनाधिकगुणासंभवाच्च येन केनचित् भुञ्जानस्य दैन्यं स्यात् । ततो निस्संगस्य निःप-रिग्रहस्य भिक्षोः स्वकरपुटभाजनाच्च नान्यद्विशिष्टमस्ति, तस्मात् स्वायत्तेन पाणिपुटेन निराबाधे देशे निरालम्बचतुरङ्गुला-

---

में तत्पर मुनि शरीरको बनाये रखने के लिए, और तपकी वृद्धिके लिए देश काल और सामर्थ्यके अनुसार जो नव कोटिसे शुद्ध निर्दोष आहार ग्रहण करता है उसे एषणा समिति कहते हैं। दूसरेके द्वारा दिए गए प्रासुक आहारको ही श्रावकके घर जाकर मुनि ग्रहण करता है। उसमें भी ४६ दोष होते हैं, जिनमें १६ उद्गम दोष, १६ उत्पादन दोष, १० एषणा दोष और चार संयोजन, प्रमाणा-तिरेक अंगार और धूम दोष होते हैं। इन छियालीस दोषोंको टालकर अपने हस्तपुटमें आहार ग्रहण करना एषणा समिति है। मुनि पात्रमें भोजन नहीं करते। उनकी सब चर्या स्वाभाविक होती है। वे यदि अपने पास भोजनके लिए बरतन रखें तो उसकी रक्षाकी चिन्ता करनी पड़े और बरतन लेकर भोजनके लिए जानेसे दीनता प्रकट होती है। तथा यदि बरतनमें भोजन मांगकर कहीं लेजाकर खायें तो तृष्णा बढ़ती है। गृहस्थोंके घरपर बरतन मिल सकता है, किन्तु उसको मांजने धोनेका आरम्भ करना पड़ता है। इसके सिवाय यदि किसी गृहस्थने टूटा फूटा बरतन खानेके लिए दिया तो उसमें भोजन करनेसे दीनता प्रकट होती है। अतः निष्परिग्रही साधुके लिये अपने हस्तपुटसे बढ़िया दूसरा पात्र नहीं है। इस लिये शान्त मकानमें बिना किसी सहारेके खड़े होकर अपने स्वाधीन पाणिपात्रमें देख भाल कर भोजन करनेवाले मुनिको उक्त दोष नहीं लगते। यह एषणा समिति है। ज्ञान और संयमके साधन पुस्तक कमंडलु वगैरहको देखकर तथा पीछीसे साफ करके रखना तथा उठाना आदान निक्षेपण समिति है। स्थावर तथा त्रस जीवोंकी विराधना न हो इस प्रकारसे मल मूत्रादि करना उत्सर्ग समिति है। इन समितियोंका पालन करते हुये एकेन्द्रिय आदि प्राणियोंकी रक्षा होनेसे प्राणिसंयम होता है तथा इन्द्रियोंके विषयोंमें राग द्वेष न करनेसे इन्द्रियसंयम होता है। कहा भी है-समितियोंका पालन करनेसे पापबन्ध नहीं होता और असावधानता पूर्वक प्रवृत्ति करनेसे पापबन्ध होता है। और भी कहा है--जीव मरे या जिये, जो अयताचारी है उसे हिंसाका पाप अवश्य लगता है। और जो सावधानता पूर्वक देख भाल कर प्रवृत्ति करता है उसे हिंसा हो जाने पर भी हिंसाका पाप नहीं लगता। और भी कहा है-'मुनिको यत्नपूर्वक चलना चाहिये, यत्नपूर्वक बैठना चाहिये, यत्नपूर्वक

न्तरसमधादाभ्यां स्थित्वा परीक्ष्य भुञ्जानस्य निभृतस्य तद्गतदोषाभावः इत्येषणासमितिः ३। धर्माविरोधिनां परानुपरोधिनां द्रव्याणां ज्ञानादिसाधनानां पुस्तकादीनां ग्रहणे विसर्जने च निरीक्ष्य मयूरपिच्छेन प्रमृज्य प्रवर्तनमादाननिक्षेपणसमितिः ४। स्थावराणां जङ्गमानां च जीवानामविरोधेन अङ्गमलमूत्रादिनिर्हरणं शरीरस्य च स्थापनम् उत्सर्गसमितिः ५। एवमीर्यासमित्यादिषु वर्तमानस्य मुनेः तत्प्रतिपालनार्थम् एकेन्द्रियादिप्राणिपीडापरिहारः प्राणिसंयमः, इन्द्रियार्थेषु रागपरित्यागः इन्द्रियसंयमः। स चापहृतसंयमस्त्रिविधः, उत्कृष्टो मध्यमो जघन्यश्चेति। तत्र प्रासुकवसतिभोजनादिमात्रबाह्यसाधनस्य स्वाधीनज्ञानादिकस्य मुनेः जन्तूपनिपाते आत्मानं ततोऽपहृत्य दूरीकृत्य जीवान् पालयतः उत्कृष्टसंयमो भवति १। मृदुना मयूरपिच्छेन प्रमृज्य जन्तून् परिहरतो मुनेः मध्यमः संयमः २। उपकरणान्तरेण प्रमृज्य जीवान् परिहरतो जघन्य. संयमः ३। तथा चोक्तं यत्नपरस्य समितियुक्तस्य हिंसादिपापबन्धो न भवति। अयत्नपरस्य पापबन्धो भवति। "मरदु व जीवदु जीवो अयदाचारस्स णिच्छिदा हिंसा। पयदस्स णत्थि बंधो हिंसामित्तेण समिदस्स जदं चरे जदं॥ चिट्ठे जद आसे जदं सये। जदं भुंजेज्ज भासेज्ज एवं पावं ण बज्झइ।" तस्यापहृतसंयमस्य प्रतिपालनार्थं शुद्ध्यष्टकोपदेशः। तद्यथा अष्टौ शुद्धयः। भावशुद्धिः १, कायशुद्धिः २, विनयशुद्धिः ३ ईर्यापथशुद्धिः ४, भिक्षाशुद्धिः ५, प्रतिष्ठापनाशुद्धिः ६, शयनासनशुद्धिः ७, वाक्यशुद्धिः ८ चेति। तत्र भावशुद्धिः कर्मक्षयोपशमजनिता मोक्षमार्गरुच्याहितप्रसादा रागाद्युपप्लवरहिता, तस्यां सत्याम्, आचारः प्रकाशते परिशुद्धभित्तिगतचित्रकर्मवत् १। कायशुद्धिः निरावरणाभरणा निरस्तसंस्कारा यथाजातमलधारिणी निराकृताङ्गविकारा सर्वत्र प्रयत्नवृत्तिः प्रशममूर्तिमिव प्रदर्शयन्ती, तस्यां सत्यां न स्वतोऽन्यस्य भयमुपजायते, नाप्यन्यतस्तस्य २। विनयशुद्धिः अर्हदादिपरमगुरुषु यथा अर्हत्पूजाप्रवणा ज्ञानादिषु यथाविधिभक्तियुक्ता गुरोः सर्वत्रानु-

---

सोना चाहिये, यत्नपूर्वक भोजन करना चाहिये और यत्नपूर्वक बोलना चाहिये, ऐसा करनेसे पाप नहीं लगता'॥ पहले जो अपहृत संयम बतलाया है उसके पालनेके लिए आठ शुद्धियां बतलाई हैं। वे आठ शुद्धियां इस प्रकार हैं-भावशुद्धि, कायशुद्धि, विनयशुद्धि, ईर्यापथशुद्धि, भिक्षाशुद्धि, प्रतिष्ठापनशुद्धि, शयनासनशुद्धि और वाक्यशुद्धि। इनका स्वरूप-कर्मोंके क्षयोपशमसे रागादि विकारोंसे रहित परिणामोंमें जो निर्मलता होती है वह भावशुद्धि है। जैसे स्वच्छ दीवारपर की गई चित्रकारी शोभित होती है वैसे ही भावशुद्धिके होनेपर आचार शोभित होता है। जैसे तुरन्तके जन्मे हुए बालकके शरीरपर न कोई वस्त्र होता है, न कोई आभूषण होता है, न उसके बाल वगैरह ही संवारे हुए होते हैं, और न उसके अंगमें किसी तरहका कोई विकार ही उत्पन्न होता है, वैसे ही शरीर पर किसी वस्त्राभूषणका न होना, बाल वगैरहका इत्र तेल वगैरहसे संस्कारित न होना और न शरीरमें काम विकारका ही होना कायशुद्धि है। ऐसी प्रशान्त मूर्तिको देखकर न तो उससे किसीको भय लगता है और न किसीसे उसे भय रहता है। अर्हन्त आदि परम गुरुओंमें, उनकी पूजा वगैरह विधिपूर्वक भक्ति होना, सदा गुरुके अनुकूल आचरण करना, प्रश्न स्वाध्याय कथा वार्ता वगैरहमें समय विचारनेमें कुशल होना, देश काल और भावको समझनेमें चतुर होना तथा आचार्यकी अनुमतिके अनुसार चलना विनयशुद्धि है। विनय ही सब संपदाओंका मूल है, वही पुरुषका भूषण है और वही संसाररूपी समुद्रको पार करनेके लिये नौका है। अनेक प्रकारके जीवोंके उत्पत्तिस्थानोंका ज्ञान होनेसे जन्तुओंको किसी प्रकारकी पीड़ा न होते हुए, सूर्यके प्रकाशसे प्रकाशित भूमिको अपनी आंखोंसे देखकर गमन, करना, न अति शीघ्र चलना, न अति विलम्बपूर्वक चलना, न ठुमक ठुमक कर चलना, तथा चलते हुए इधर उधर नहीं देखना, इस प्रकारके गमन करनेको ईर्यापथ शुद्धि कहते हैं। जैसे न्याय मार्गसे चलनेपर ऐश्वर्य स्थायी रहता है वैसे ही ईर्यापथ शुद्धिमें संयमकी प्रतिष्ठा है। भिक्षाके लिये जानेसे

कुलवृत्तिः प्रश्नस्वाध्यायवाचनाकथाविज्ञापनादिषु प्रतिपत्तिकुशला देशकालभावावबोधननिपुणा आचार्यानुमतचारिणी,तन्मूलाः सर्वसंपदः, सैव भूषा पुरुषस्य, सैव नौः संसारसमुद्रोत्तरणे ३। ईर्यापथशुद्धिः नानाविधजीवस्थानानां योनीनाम् आश्रयाणामव बोधात् जनितप्रयत्नपरिहृतजन्तुपीडा ज्ञानादित्यस्वेन्द्रियप्रकाशनिरीक्षितदेशगामिनी द्रुतविलम्बितसंभ्रान्तविस्मितलीलाविकारदिगन्तरावलोकनादिदोषविरहितगमना, तस्यां सत्यां संयमः प्रतिष्ठितो भवति विभव इव सुनीतौ ४। भिक्षाशुद्धिः परीक्षितोभयप्रचारा प्रमृष्टपूर्वापरस्वाङ्गदेशविधाना आचारसूत्रोक्तकालदेशप्रकृतिप्रतिपत्तिकुशला लाभालाभमानापमानसमानमनोवृत्तिः गीतनृत्यवाद्योपजीविप्रसूतिकामृतकपण्याङ्गनापापकर्मदीनानाथदानशालायजनविवाहादिमङ्गलगेहपरिवर्जनपरा[1] चन्द्रगतिरिव हीनाधिकगृहा विशिष्टोपस्थाना लोकगर्हितकुलपरिवर्जनोपलक्षिता दीनवृत्तिविगमा प्रासुकाहारगवेषणसावधाना आगमविहितनिरवद्याशनपरिप्राप्तप्राणयात्राफला तत्प्रतिबद्धा हि चरणसंपद् गुणसंपदिव साधुजनसेवानिबन्धना, सा भिक्षा लाभालाभयोः सरसविरसयोश्च समसंतोषवद्भिः भिक्षेति भाष्यते ५। भिक्षाशुद्धिपरस्य मुनेरशनं पञ्चविधं भवति, गोचाराक्षम्रक्षणोदराग्नि प्रशमनभ्रमराहारश्वभ्रपूरणनामभेदेन। यथा सलीलसालंकारवरयुवतिभिरुपनीयमाने घासे गौर्न तदङ्गतत्सौन्दर्यनिरीक्षणपरस्तृणमेवात्ति यथा वा तृणलवं नानादेशस्थं यथालाभमभ्यवहरति न योजनासंपदमपेक्षते तथा भिक्षुरपि भिक्षापरिवेषकजनमृदुललिततनुरूपवेषाभिलाषविलोकननिरुत्सुकः शुष्कद्रवाहारयोजनाविशेषं चानवेक्षमाणो यथागतमश्नातीति गौरिव चारो गोचार इति कथ्यते। तथा गवेषणेति च। यथा शकटी रत्नभारपूर्णां येन केनचित्स्नेहेन अक्षलेपं कृत्वा अभिलषितदेशान्तरं वणिग् नयति तथा मुनिरपि गुणरत्नभरितां तनुशकटीम् अनवद्यभिक्षायुरक्षम्रक्षणेनाभि

पहले अपने शरीरकी प्रतिलेखना करके, आचारांगमें कहे हुये काल, देश, स्वभावका विचार करे, तथा भोजनके मिलने न मिलनेमें, मान और अपमानमें समान भाव रक्खे और आगे लिखे घरोंमें भोजनके लिये न जावे। गा बजाकर तथा नाचकर आजीविका करनेवाले, जिस घरमें प्रसूति हुई हो या कोई मर गया हो, वेश्याके घर, जहां पापकर्म होता हो, दीन और अनाथोंके घर, दानशालामें, यज्ञशालामें, जहां विवाह आदि मांगलिक कृत्य हो रहे हों, इन घरोंमें भोजनके लिए न जाये, जो कुल लोकमें बदनाम हों वहां भी भोजनके लिए न जाये, धनवान और निधनका भेद न करे, दीनता प्रकट न करे, प्रासुक आहारकी खोजमें सावधान रहे, शास्त्रोक्त निर्दोष आहारके द्वारा जीवन निर्वाह करने पर ही दृष्टि हो। इसका नाम भिक्षा शुद्धि है। जैसे गुणसम्पदा साधु जनोंकी सेवा पर निर्भर करती है वैसे ही चारित्ररूपी सम्पदा भिक्षाशुद्धिपर निर्भर है। भोजनके मिलने और न मिलनेपर अथवा सरस या नीरस भोजन मिलनेपर भिक्षुको समान संतोष रहता है, इसीसे इसे भिक्षा कहते हैं। इस भिक्षाके पांच नाम हैं। गोचार, अक्षम्रक्षण, उदराग्नि प्रशमन, भ्रमराहार और गर्तपूरण। जैसे वस्त्राभूषणसे सुसज्जित सुन्दर स्त्रीके द्वारा घास डालनेपर गौ उस स्त्रीकी सुन्दरताकी ओर न देखकर घासको ही खाता है, वैसे ही भिक्षु भी भिक्षा देनेवाले स्त्रीपुरुषोंके सुन्दर रूपकी ओर न देखकर जो रुखा, सूखा अथवा सरस आहार मिलता है उसे ही खाता है, इसीसे इसे गोचार या गोचरी कहते हैं। जैसे व्यापारी मालसे भरी हुई गाड़ीको जिस किसीभी तेलसे औंघकर अपने इच्छित स्थानको ले जाता है वैसे ही मुनि भी गुणरूपी रत्नोंसे भरी हुई इस शरीररूपी गाड़ीको निर्दोष भिक्षारूपी तेलसे औंघकर समाधिरूपी नगर तक ले जाता है। इसलिये इसे अक्षम्रक्षण कहते हैं। जैसे गृहस्थ अपने भण्डारमें लगी हुई आगको गदले अथवा निर्मल पानीसे बुझाता है। वैसे ही मुनि भी उदराग्नि (भूखकी ज्वालाको) सरस अथवा नीरस कैसा भी आहार मिल जाता है उसीसे शान्त करता है इससे इसे

---

१ आदर्शे तु 'मंगलमेव परि° इति पाठः।

प्रेतसमाधिपत्तनं प्रापयतीति अक्षम्रक्षणमिति च नाम प्रसिद्धम् २। यथा भाण्डागारे समुत्थितं वैश्वानरं अशुचिना शुचिना वा पानीयेन प्रशमयति गृही तथा यथालब्धेन यतिरप्युदराग्निं सरसेन विरसेन वाहारेण प्रशमयतीत्युदराग्निप्रशमनमिति च निरुच्यते ३। दातृजनबाधया विना कुशलो मुनिर्भ्रमरवदाहरतीति भ्रमराहार इत्यपि परिभाष्यते ४। येन केनचित् कृतचारेण श्वभ्रपूरणवदुदरगर्तमनगारः पूरयति स्वादुना निःस्वादुना वाहारेणोदरगर्तपूरणमिति श्वभ्रपूरणं च निगद्यते ५। प्रतिष्ठापनशुद्धिपरः संयतो नखरोमसिंघाणकश्लेष्मनिष्ठीवनशुक्रमलमूत्रत्यजने देहपरित्यागे च ज्ञातप्रदेशकालो जन्तुपीडां बाधां विना प्रयतते ६। संयतेन शयनासनशुद्धिपरेण स्त्रीदुष्टजीवनपुंसकचोरमद्यपायिकल्यपालद्यूतकारपक्षिवधकनीचलोकादि-पापजनावासा वर्ज्याः, श्रृङ्गारविकारभूषणोज्ज्वलवेषवेश्याक्रीडाभिरामगीतनृत्यवादित्राकुलप्रदेशा विकृताङ्गगुह्यदर्शनका-ष्ठमयालेख्यहास्योपभोगमहोत्सववाहनदमनायुधव्यायामभूमयश्च रागकारणानीन्द्रियगोचरविषया मदमानशोककोपसंक्लेश-स्थानादयश्च परिहर्तव्याः, अकृत्रिमा गिरिगुहातरुकोटरादयः कृत्रिमाश्च शून्यागारादयो मुक्तमोचितावासाः अनात्मोद्देश-निष्पन्ना निरारम्भा. सेव्याः। तत्र संयतस्य त्रिविधो निवासः स्थानमासन शयनं चेति। पादौ चतुरङ्गुलान्तरे प्रस्थाप्य अधस्तिर्यगूर्ध्वान्यतमुखो भूत्वा यथात्मभावो यथावस्त्स्वभावः यथात्मबलवीर्यसदृशः कर्मक्षयप्रयोजनः असंश्लिष्टमति-स्तिष्ठेत्, अथ न शक्नुयात् निष्प्रतिज्ञातः पर्यङ्कादिभिरासनैरासीत यथापरिमितकालयोग· खिन्नो वा एकपार्श्वं बाहुप्रलम्बन-संवृत्ताङ्गादिभिरल्पकालं श्रमपरिहारार्थं शयीत ७। वाक्यशुद्धिः पृथिवीकायिकाद्यारम्भप्रेरणरहिता युद्धकामकर्कशसंभिन्ना-लापपैशून्यपरुषनिष्ठुरादिपरपीडाकरप्रयोगनिरुत्सुका स्त्रीभक्तराष्ट्रावनिपालाश्रितकथाविमुखा व्रतशीलदेशनादिप्रदानफला स्वपरहितमितमधुरमनोहरा परमवैराग्यहेतुभूता परिहृतपरात्मनिन्दाप्रशंसा संयतस्य योग्या तदधिष्ठानाः सर्वसंपद इति ८।

'उदराग्नि प्रशामन' भी कहते हैं। जैसे भौंरा फूलको हानि न पहुंचाकर उससे मधु ग्रहण करता है वैसे ही मुनि भी दाता जनोंको कुछ भी कष्ट न पहुंचाकर आहार ग्रहण करते हैं। इस लिये इसे भ्रमराहार या भ्रामरी वृत्ति भी कहते हैं। जैसे गड्ढे को जिस किसीभी तरह भरा जाता है वैसेही मुनि अपने पेटके गड्ढे को स्वादिष्ट अथवा बिना स्वादवाले भोजनसे जैसे तैसे भर लेता है। इससे इसे श्वभ्रपूरण भी कहते हैं। इस प्रकार भिक्षा शुद्धि जानना। प्रतिष्ठापन शुद्धिमें तत्पर मुनि देश कालको जानकर नख, रोम, नाकका मल, थूक, मल, मूत्र आदिका त्याग देश कालको जानकर इस प्रकार करता है, जिससे किसी प्राणीको बाधा न हो। यह प्रतिष्ठापन शुद्धि है। शयनासन शुद्धिमें तत्पर मुनिको ऐसे स्थानोंमें शयन नहीं करना चाहिये और न रहना चाहिये जहां स्त्री, दुष्टजीव, नपुंसक, चोर, शराबी, जुआरी हिंसक आदि पापी जन रहते हों, वेश्यायें गातीं नाचतीं हों, अश्लील चित्र अंकित हों, हंसी मजाक होता हो या विवाह आदिका आयोजन हो। इस प्रकार जहां रागके कारण हों, वहां साधुको नहीं रहना चाहिये। पहाड़ोंकी अकृत्रिम गुफाओं और वृक्षोंके खोखलोंमें तथा कृत्रिम शून्य मकानोंमें अथवा दूसरोंके द्वारा छोड़े हुये मकानोंमें, जो अपने उद्देश्यसे न बनाये गये हों, उनमें मुनिको निवास करना उचित है। मुनिके निवासके तीन प्रकार हैं–खड़े रहना, बैठना और सोना। दोनों पैरोंके बीचमें चार अंगुलका अन्तर रख कर, मुखको अवनत, उन्नत अथवा तिर्यग् करके अपने बल और वीर्यके अनुसार मुनिको खड़े होकर ध्यान करना चाहिये। यदि खड़ा रहना शक्य न हो तो पर्यङ्क आदि आसन लगा कर बैठे। यदि थकान मालूम हो तो उसे दूर करनेके लिये शरीरको सीधा करके एक करवटसे शयन करे। यह शयनासनशुद्धि है। पृथ्वी कायिक आदि जीवोंकी जिसमें विराधना होती हो, ऐसे आरम्भोंकी प्रेरणासे रहित वचन मुनिको बोलना चाहिये, जिससे दूसरेको पीड़ा पहुँचे ऐसे कठोर वचन नहीं बोलना चाहिये। स्त्री, भोजन, देश और राजाकी कथा नहीं करनी चाहिये। व्रत

संयमभेदाः साक्षान्मोक्षप्राप्तिकारणानि । सामायिकं १ छेदोपस्थापना २ परिहारविशुद्धिः ३ सूक्ष्मसांपरायः ४ यथाख्यातचारित्रमिति ५ । तथा च पञ्चमहाव्रतधारणपञ्चसमितिपरिपालनपञ्चविंशतिकषायनिग्रहमायामिथ्यानिदानदण्डत्रयत्यागपञ्चेन्द्रियजयः संयमः ।"वदसमिदिकसायाणं दंडाण तहेंदियाण पंचण्हं । धारणपालणणिग्गहचागजयो संजमो भणिओ॥" "असुहादो विणिवित्ती सुहे पवित्ती य जाण चारित्तं । वदसमिदिगुत्तिजुत्तं ववहारणयादु जिणभणियं ॥" एतेषां विस्तारव्याख्या गोम्मटसारभगवत्याराधनाचारित्रसाराचारसारादिग्रन्थेषु ज्ञातव्या ॥३९९॥ अथ तपोधर्ममाचष्टे—

इह-पर-लोय-सुहाणं णिरवेक्खो जो करेवि सम-भावो ।
विविहं काय-किलेसं[1] तव-धम्मो णिम्मलो तस्स ॥४००॥

[छाया–इहपरलोकसुखानां निरपेक्षः यः करोति समभावः । विविधं कायक्लेशं तपोधर्मः निर्मलः तस्य॥] तस्य मुनेः तपोधनस्य तपोधर्मस्तपश्चरणाख्यो धर्मो भवेत् । कथंभूतस्तपोधर्मः । निर्मलः मलातीतः दोषरहितः द्वादशविधतपश्चरणातिचाररहितः तस्य कस्य । यो मुनिः तपोधनः कायक्लेशं विविधं करोति अनेकप्रकारम् अनेकभेदभिन्नं शरीरदमनं शरीरस्पर्शनादीन्द्रियमनसा दमनं संयमनं वशीकरणं विदधाति । 'अनशनावमोदर्यवृत्तिपरिसंख्यानरसपरित्यागविविक्तशय्यासनकायक्लेशा बाह्यं तपः' । 'प्रायश्चित्तविनयवैयावृत्त्यस्वाध्यायव्युत्सर्गध्यानान्युत्तरम्' इति द्वादशविधं तपश्चरणं करोतीत्यर्थः । कायक्लेशं क्षुत्पिपासाशीतोष्णदंशमशकादिपरीषहसहनं शीतोष्णवर्षाकालेषु चतुःपथगिरिशिखरापगातटवृक्षमूलेषु योगधरण च करोति । यः कीदृक्षः सन् तपोधनः । इहपरलोकसुखाना निरपेक्षः, इहलोकसुखानां स्वर्गमर्त्यपातालस्थितानामिन्द्रनरेन्द्रधरणेन्द्रादीना सौख्याना वाञ्छारहितश्च । 'निःशल्यो व्रती' इति वचनात् मायामिथ्यानिदानशल्यत्रयरहित इत्यर्थः । पुनः कीदृक्षः तपोधनः । समभावः सर्वत्र सुखदुःखशत्रुमित्रलाभालाभेष्टानिष्टतृणकाञ्चनादिषु समपरिणामः सदृशपरिणाम इत्यर्थः । तथा हि उपार्जितकर्मक्षयार्थं मार्गाविरोधेन तपस्विना तप्यते इति तपः, सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्ररूपरत्नत्रयप्रकटीकरणार्थम् इच्छानिरोधो वा तपः ॥४००॥ अथ त्यागधर्ममाचष्टे–

[2]जो चयदि मिट्ठ–भोज्जं उवयरणं राय–दोस–संजणयं ।
वसदि[3] ममत्त–हेदुं चाय-गुणो सो हवे तस्स[4] ॥४०१॥

शील आदिका उपदेश करनेवाले, हित मित मधुर वचन ही बोलना चाहिये। दूसरोंकी निन्दा और अपनी प्रशंसा नहीं करना चाहिये। यह वाक्यशुद्धि है। इस प्रकार ये आठ शुद्धियां संयमीके लिये आवश्यक हैं। गोम्मटसारमें, पांच व्रतोंका धारण, पांच समितियोंका पालन, कषायोंका निग्रह, मन, वचन कायकी प्रवृत्तिका त्याग और पांचों इन्द्रियोंके जीतनेको संयम कहा है। इनका विस्तृत व्याख्यान चरणानुयोगके ग्रन्थोंसे जानना चाहिये ॥३९९॥ आगे तपधर्मको कहते हैं। **अर्थ**–जो समभावी इस लोक और परलोकके सुखकी अपेक्षा न करके अनेक प्रकारका कायक्लेश करता है उसके निर्मल तपधर्म होता है॥ **भावार्थ**–भूख, प्यास, शीत, उष्ण, डांस मच्छर वगैरहकी परीषहको सहना, तथा शीतऋतुमें खुले हुए स्थानपर, ग्रीष्मऋतुमें पर्वतके शिखरपर और वर्षाऋतुमें वृक्षके नीचे योग धारण करनेको कायक्लेश कहते हैं। और कायक्लेश करनेका नामही तप है। किन्तु उसी मुनिका तप निर्मल कहा जाता है जो सुख दुःखमें, शत्रु मित्रमें, लाभ अलाभमें, इष्ट अनिष्टमें और तृण कंचनमें समभाव रखता है, तथा इस लोक और परलोकके सुखोंकी जिसे चाह नहीं है। क्योंकि जो मायाचार, मिथ्यात्व और निदान (आगामी सुखोंकी चाह) से रहित होकर व्रतोंका पालन करता है वही व्रती कहलाता है। कर्मोंका क्षय करनेके उद्देश्यसे जैन मार्गके अनुकूल जो तपा जाता है वही तप तप है। इच्छाको रोकनेका नाम भी तप है ॥ ४०० ॥ अब त्याग धर्मको कहते हैं। **अर्थ**–जो मिष्ट भोजनको, राग

---

१ ल ग कलेसं। २ स पुस्तके एषा गाथा नास्ति। ३ म विसयविसमत्त। ४ म सुधो (हो?)।

छाया-यः त्यजति मिष्टभोज्यम् उपकरणं रागदोषसंजनकम्। वसतिं ममत्वहेतुं त्यागगुणः स भवेत् तस्य ॥] तस्य मुनेः भवत्प्रसिद्धः त्यागगुणः दानाख्यो गुणः त्यागधर्मो वा भवेत् स्यात् । कस्य । यः मुनिः त्यजति परिहरति । किं किम् । मृष्टभोज्यं रसादिकं वृष्यरसं कामजनकं कन्दर्पोत्पादकं सरसाहारं त्यजति, तथा रागद्वेषजनकम् उपकरणं त्यजति, रागद्वेषोत्पादकं परिग्रहं त्यजति,यत् रागद्वेषोत्पादकक्षेत्रभूमिप्रदेशवसतिकाधिधनधान्यद्विपदचतुष्पदादिकं त्यजति । चारित्रसारे, उपधित्यागः पुरुषहितो यतो यतः परिग्रहात् अपेतः ततस्ततः संयतो भवति । ततोऽस्य खेदो व्यपगतो भवति । परिग्रहपरित्याग इहपरलोकपरमसुखकारणं भवति । निरवद्यमनःप्रणिधानं पुण्यनिधानं भवति । परिग्रहो बलवती सर्वदोषप्रसवयोनिः । परिग्रहसंग्रह एव दुःखभयादिकं जनयतीति रागद्वेषजनकमुपकरण मनोज्ञरागकारिकनकरजतादिनि-ष्पादितकमण्डलुपट्टसूत्रखचितपिच्छकापुस्तकजपमालिकाचक्कलपीठादिकं त्यजति । मुनिवासमुपाश्रयस्थानं ममत्वकारणं मोहोत्पादकं त्यजति । तथा तत्त्वार्थसूत्रे 'संयमिना योग्य ज्ञानसंयमशौचोपकरणादिदानं त्याग उच्यते' ॥४०१॥ आकिं-चन्यधर्मं वितनोति—

ति-विहेण जो विवज्जदि चेयणमियरं च सव्वहा संगं ।
लोय-ववहार[1]-विरदो णिग्गंथत्तं हवे तस्स ॥४०२॥

[छाया-त्रिविधेन यः विवर्जयति चेतनमितरं च सर्वथा सगम् । लोकव्यवहारविरतः निर्ग्रन्थत्वं भवेत् तस्य ॥] तस्य मुनेः निर्ग्रन्थत्वं परिग्रहराहित्यम् आकिंचन्य नाम धर्मो भवेत् । तस्य कस्य । यो मुनिः विवर्जयति त्यजति । कम् । संगं परिग्रहं चेतनं शिष्यछात्रार्यिकाक्षुल्लिकापुत्रकलत्रमित्रस्वजनबान्धवादिलक्षणं सचेतन त्यजति, इतरञ्च अचेतन क्षेत्र-वास्तुधनसुवर्णरत्नरूप्यताम्रवस्त्रभाजनशय्याशनादिक वर्जयति । कथम् । सर्वथा सर्वप्रकारेण मनोवचनकाययोगेन त्रिविधेन प्रत्येकं कृतकारितानुमोदेन प्रकारेण संगं त्यजति । मनसा कृतकारितानुमोदनेन परिग्रह त्यजति,वचनेन कृतकारितानुमोदेन संगं त्यजति, कायेन कृतकारितानुमोदेन संगं परिहरति इत्यर्थः । कीदृक् सन् मुनिः । लोकव्यवहारविरतः लोकानां

द्वेषको उत्पन्न करनेवाले उपकरणको, तथा ममत्व भावके उत्पन्न होनेमें निमित्त वसतिको छोड़ देता है उस मुनिके त्याग धर्म होता है ॥ **भावार्थ**-संसार, शरीर और भोगोंसे विरक्त व्यक्ति ही मुनिपदका अधिकारी होता है, अतः इनका त्याग तो वह मुनिव्रत धारण करते समय ही कर देता है। यहां तो मुनिको जिन वस्तुओंसे काम पड़ता है उनके त्यागका ही निर्देश किया है। मुनिको जीनेके लिए भोजन करना पड़ता है, किन्तु वह कामोत्पादक सरस आहार ग्रहण नहीं करता, धर्मसाधनमें सहा-यक पीछी कमण्डलु आदि भी ऐसे नहीं रखता, जिनसे मनमें राग उत्पन्न हो, तथा ऐसी जगह नहीं बसता जिससे ममत्व पैदा हो। इसीका नाम त्याग है। तत्त्वार्थसूत्रकी टीकामें संयमी मुनिके योग्य ज्ञान, संयम और शौचके उपकरण पुस्तक, पीछी और कमण्डलु देनेको त्याग कहा है ॥ ४०१ ॥ आगे आकिंचन्य धर्मको कहते हैं। **अर्थ**-जो लोकव्यवहारसे विरक्त मुनि चेतन और अचेतन परिग्रहको मन वचन कायसे सर्वथा छोड़ देता है उसके निर्ग्रन्थपना अथवा आकिंचन्य धर्म होता है ॥ **भावार्थ**-मुनि दान, सन्मान, पूजा, प्रतिष्ठा, विवाह आदि लौकिक कर्मोंसे विरक्त होते ही हैं, अतः पुत्र,स्त्री,मित्र, बन्धुबान्धव आदि सचेतन परिग्रह तथा जमीन जायदाद, सोना चांदी, मणि मुक्ता आदि अचेतन परिग्रहको तो पहले ही छोड़ देते हैं। किन्तु मुनि अवस्थामें भी शिष्य संघ आदि सचेतन परिग्रहसे और पीछी कमंडलु आदि अचेतन परिग्रहसे भी ममत्व नहीं करते। इसीका नाम आकिंचन्य है। मेरा कुछ भी नहीं है, इस प्रकारके भावको आकिंचन्य कहते हैं। अर्थात् 'यह मेरा है' इस प्रकारके संस्कारको दूर करनेके लिये अपने शरीर वगैरहमें भी ममत्व न रखना आकिंचन्य धर्म है।

---

१ म स विवहार, ग चे (वे?) बहार ।

व्यवहारः मानसन्मानदानपूजालाभादिलक्षणः तस्मात् विरतः विरक्तः निवृत्तः, अथवा संघयात्राप्रतिष्ठाप्रतिमाप्रासादोद्ध-रणादिपुण्यकरणादिरहितः । तथा तत्त्वार्थसूत्रे एवमप्युक्तं च । 'नास्ति अस्य किंचन किमपि अकिंचनो निःपरिग्रहः तस्य भावः कर्म वा आकिंचन्यं निःपरिग्रहत्वं निजशरीरादिषु संस्कारपरिहाराय ममेदमित्यभिसंधिनिषेधनमित्यर्थः । तदाकिंचन्यं चतुःप्रकारं भवति । स्वस्य परस्य च जीवितलोभपरिहरणं १, स्वस्य परस्य च आरोग्यलोभपरिहरणं २, स्वस्य परस्य च इन्द्रियलोभपरिहरणं ३, स्वस्य परस्य चोपभोगलोभत्यजनं चेति ४।' शरीरादिषु निर्ममत्वात् परमनिर्वृतिमवाप्नोति । यथा शरीरं पोषयति तथा तथा लाम्पट्यं तज्जनयति, तपस्यनादरो भवति, शरीरादिषु कृताभिष्वङ्गस्य मुनेः संसारे सर्वकालमभिष्वङ्ग एव ॥४०२॥ अथ ब्रह्मचर्यधर्ममाख्याति—

जो परिहरेदि संगं महिलाणं णेव[1] पस्सदे रूवं ।
काम-कहादि-णिरीहो[2] णव-विह-बंभं[3] हवे तस्स ॥४०३॥

[छाया—यः परिहरति संगं महिलानां नैव पश्यति रूपम् । कामकथादिनिरीहः नवविधब्रह्म भवेत् तस्य ॥] तस्य मुनेः नवधा ब्रह्मचर्यं भवेत्, नवप्रकारं कृतकारितानुमतगुणितमनोवचनकायैः कृत्वा स्त्रीसंगं वर्जयतीति ब्रह्मचर्यं स्यात् । ब्रह्मणि स्वस्वरूपे शुद्धबुद्धैकरूपे शुद्धचिद्रूपे परमानन्दे परमात्मनि चरति गच्छति तिष्ठत्यनुभवतीति परमानन्दैकामृतरसं स्वादयति भुनक्तीति ब्रह्मचर्यं भवति । तस्य कस्य । यो मुनिः महिलानां संगं परिहरति, स्त्रीणां युवतीनां देवीनां मानुषीणां तिरश्चीनां च संगं संगतिं गोष्ठीं त्यजति वनितासंगासक्तशय्यासनादिकं परिहरतीति, तथा महिलानां स्त्रीणां रूपं जघनस्तनवदननयनादिमनोहराङ्गादिलक्षणं रूपं नैव पश्यति नैवावलोकते । कथंभूतो मुनिः । कामकथादिनिवृत्तः कामोत्पा-

---

शरीर वगैरहसे भी निर्ममत्व होनेसे मोक्षपदकी प्राप्ति होती है । किन्तु जो मुनि शरीरका पोषण करते हैं, उनका तपस्यामें आदर भाव नहीं रहता । अधिक क्या, शरीर आदिसे ममता रखनेवाला मुनि सदा मोहकी कीचड़में ही फंसा रहता है ॥ ४०२ ॥ आगे ब्रह्मचर्य धर्मका वर्णन करते हैं । **अर्थ—**जो मुनि स्त्रियोंके संगसे बचता है, उनके रूपको नहीं देखता, कामकी कथा आदि नहीं करता, उसके नवधा ब्रह्मचर्य होता है ॥ **भावार्थ—**ब्रह्म अर्थात् शुद्ध बुद्ध आनन्दमय परमात्मामें लीन होनेको ब्रह्मचर्य कहते हैं । अर्थात् परमानन्दमय आत्माके रसका आस्वादन करना ही ब्रह्मचर्य है । आत्माको भूलकर जिन परवस्तुओंमें यह जीव लीन होता है उनमें स्त्री प्रधान है । अतः स्त्रीमात्रका, चाहे वह देवांगना हो या मानुषी हो अथवा पशुयोनि हो, संसर्ग जो छोड़ता है, उनके बीचमें उठता बैठता नहीं है, उनके जघन, स्तन, मुख, नयन आदि मनोहर अंगोंको देखता नहीं है तथा उनकी कथा नहीं करता उसीके मन वचन काय और कृत कारित अनुमोदनाके भेदसे नौ प्रकारका ब्रह्मचर्य होता है । जिन शासनमें शीलके अठारह हजार भेद कहे हैं जो इस प्रकार हैं—स्त्री दो प्रकारकी होती है अचेतन और चेतन । अचेतन स्त्रीके तीन प्रकार हैं—लकड़ीकी, पत्थरकी और रंग वगैरहसे बनाई गई । इन तीन भेदोंको मन वचन काय और कृत कारित अनुमोदना इन छै से गुणा करने पर १८ भेद होते हैं । उनको पांच इन्द्रियोंसे गुणा करने पर १८×५=९० भेद होते हैं । इनको द्रव्य और भावसे गुणा करने पर ९० × २ = १८० एकसौ अस्सी भेद होते हैं । उनको क्रोध, मान, माया और लोभसे गुणा करने पर १८० × ४ = ७२० भेद होते हैं । चेतन स्त्रीके भी तीन प्रकार हैं—देवांगना, मानुषी और तिर्यञ्चनी । इनको कृत कारित अनुमोदनासे गुणा करनेपर ३ ×३=

---

१ ग णव । २ ल (स?) ग णियत्तो, म णिअत्तो । ३ ल म स ग णवहा बंभं ।

दकस्त्रीकथास्मरणविरक्त इति । ब्रह्मचर्यमनुपालयन्तं हिंसादयो दोषा न स्पृशन्ति, गुणसंपदाः श्रयन्ति च ।। तथा अष्टादश-सहस्रशीलगुणाः के इत्युच्यन्ते । 'जोए ३ करणे ३ सण्णा ४ इंदिय ५ भोम्मादि १० समणधम्मो य १०। अण्णोण्णेहि अभत्था अट्ठारहसीलसहस्साइं ॥'अशुभमनोवचनकाययोगाः शुभेन मनसा गुण्यन्ते इति त्रीणि शीलानि ३, अशुभमनोवचनकाययोगाः शुभेन वचनेन गुण्यन्ते इति षट् शीलानि ६, अशुभमनोवचनकाययोगाः शुभेन काययोगेन गुण्यन्ते इति नवशीलानि ९,तानि चतसृभिराहारादिसंज्ञाभिर्गुणितानि षट्त्रिंशच्छीलानि च ३६,तानि पञ्चभिः स्पर्शनादीन्द्रियैर्गुणितानि १८०, तानि पृथिवी १ जल २ अग्नि ३ वायु ४ प्रत्येक ५ साधारणवनस्पति ६ द्वित्रिचतुःपञ्चेन्द्रियजीवरक्षणैः दशभिर्गुणितानि १८००,तानि उत्तमक्षमादिदशधर्मैर्गुणितानि१८०००भवन्ति ॥ अथवा काष्ठपाषाणलेपकृताः स्त्रियः ३,मनोवचनकायकृतकारितानुमतगुणिता अष्टादश १८, स्पर्शनादिपञ्चेन्द्रियैर्गुणिताः नवतिः ९०, द्रव्यभावाभ्यां गुणिताः अशीत्यग्रशत १८०,क्रोधादिकषायैश्चतुर्भिर्गुणिता. विंशत्यधिकसप्तशतानि ७२०, इत्यचेतनस्त्रीकृतभेदाः। सचेतनस्त्रीकृतभेदास्ते के। देवी १ मानुषी २ तिरश्ची ३ च तिस्रः स्त्रियः कृतकारितानुमतगुणिता नव ९, एते मनोवचनकायगुणिताः सप्तविंशतिः २७, एते स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दैः पञ्चभिर्गुणिताः पञ्चत्रिंशदधिकशतं १३५, द्रव्यभावाभ्यां द्वाभ्यां गुणिता २७०, एते आहारादिभिः चतसृभिः संज्ञाभिर्गुणिता १०८०, एते अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलनक्रोधमानमायालोभैः षोडशैर्गुणिताः अशीत्यधिकद्विशताग्रसप्तदशसहस्रभेदाः १७२८० इति सचेतनस्त्रीकृतभेदाः । एकत्रीकृता सर्वे १८००० भवन्ति ॥ ४०३ ॥ स्त्रीणा कटाक्षबाणैर्न विद्धः स शूरः कथ्यते—

जो णवि जादि[1] वियारं तरुणियण-कडक्ख[2]-बाण-विद्धो वि ।
सो चेव सूर-सूरो रण-सूरो णो हवे सूरो ॥ ४०४ ॥

[छाया-यः नैव याति विकारं तरुणीजनकटाक्षबाणविद्धः अपि । स एव शूरशूरः रणशूरः न भवेत् शूरः ॥] स एव च शूरशूरः शूराणा विक्रमाक्रान्तपुरुषाणां मध्ये शूर सुभट पराक्रमी अजेयमल्लो भवेत् । रणशूरः संग्रामशौण्डः

---

९ भेद होते हैं। इन्हें मन वचन काय से गुणा करने पर ९ × ३ = २७ भेद होते हैं। उन्हें पांच इन्द्रियोंसे गुणा करने पर २७ × ५ = १३५ भेद होते हैं। इन्हें द्रव्य और भावसे गुणा करनेपर १३५ × २ = २७० भेद होते हैं। इनको आहार, भय, मैथुन और परिग्रह इन चार संज्ञाओंसे गुणा करने पर १०८० एक हजार अस्सी भेद होते हैं। इनको अनन्तानुबन्धी, अप्रत्याख्यानावरण, प्रत्याख्यानावरण, संज्वलन, क्रोध, मान, माया, लोभ इन सोलह कषायोंसे गुणा करने पर १०८०×१६ १७२८० सतरह हजार दो सौ अस्सी भेद होते हैं। इनमें अचेतन स्त्रीके सात सौ बीस भेद जोड़ देने से अट्ठारह हजार भेद होते हैं। ये सब विकार के भेद हैं। इन विकारों को त्यागनेसे शीलके अट्ठारह हजार भेद होते हैं। इन भेदोंको दूसरे प्रकार से भी गिनाया है। मन वचन और काय योगको शुभ मन, शुभ वचन और शुभ कायसे गुणा करने पर ९ भेद होते हैं। उन्हें चार संज्ञाओं से गुणा करनेपर ९ × ४ = ३६ छत्तीस भेद होते हैं। उन्हें पांच इन्द्रियोंसे गुणा करनेपर ३६ × ५ =१८० भेद होते हैं। उन्हें पृथ्वीकायिक, जलकायिक, वायुकायिक, प्रत्येक वनस्पति, साधारण वनस्पति, दो इन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय, पंचेन्द्रिय जीवोंको रक्षा रूप दससे गुणा करनेपर १८०० भेद होते हैं। और उन्हें उत्तम क्षमा आदि दस धर्मोंसे गुणा करनेपर अट्ठारह हजार भेद होते हैं ॥ ४०३ ॥ शूरकी व्याख्या इस प्रकार है। अर्थ-जो तरुणी स्त्रीके कटाक्ष रूपी बाणोंसे छेदा जाने पर भी विकारको प्राप्त नहीं होता वह शूर सच्चा शूर है, जो संग्राममें शूर है वह शूर नहीं है ॥

---

१ ब वि जाइ, ग वि जाति । २ ब तरुणिकडक्खेण बाण०

शूरः सुभटो न भवेत्, संग्रामाङ्गणे अनेकसुभटजयकारी शूरो न स्यात्। तर्हि कोऽसौ शूरः। यो मुनिर्भव्यो वा तरुणीकटाक्षबाणविद्धोऽपि तरुणीजनानां यौवनोन्मत्तस्त्रीजनानां सलीलहावभावविभ्रमरागचेष्टाविचेष्टितयुवतिजनसमूहानां नयनानि लोचनानि तेषां कटाक्षा अपाङ्गदर्शनानि केकरापाताः त एव बाणाः शराः तैर्विद्धः ताडितः सन् विकारं विक्रियां मनःक्षोभं चञ्चलत्वं न याति न प्राप्नोति स एव शूरशूरः अजेयमल्लो भवेत्। उक्तं च "शम्भुस्वयंभुहरयो हरिणेक्षणानां येनाक्रियन्त[1] सततं गृहकुम्भदासाः। वाचामगोचरचरित्रपवित्रिताय तस्मै नमो बलवते मकरध्वजाय॥ मत्तेभकुम्भदलने भुवि सन्ति शूराः केचित्प्रचण्डमृगराजवधेऽपि दक्षाः। किंतु ब्रवीमि बलिना पुरतः प्रसह्य कन्दर्पदर्पदलने विरला मनुष्याः॥ तावन्महत्त्वं पाण्डित्यं कुलीनत्वं विवेकिता। यावज्ज्वलति नाङ्गेषु हतः पञ्चेषुपावकः॥ विकलयति कलाकुशलं हसति शुचिं पण्डितं विडम्बयति। अधरयति धीरपुरुषं क्षणेन मकरध्वजो वीरः॥ दिवा पश्यति नो घूकः काको नक्तं न पश्यति। अपूर्वः कोऽपि कामान्धो दिवानक्तं न पश्यति॥" तथा विचार्यताम्। "दुर्गन्धे चर्मगर्ते व्रणमुखशिखरे मूत्ररेतःप्रवाहे, मांसासृक्कर्दमार्द्रे कृमिकुलकलिते दुर्गमे दुर्निरीक्षे। विष्ठाद्वारोपकण्ठे गुदविवरगलद्वायुधूमार्तधूपे, कामान्धः कामिनीनां कटितटनिकटे गर्तमत्युग्रमोहात्॥" ४०४॥ अथ दशप्रकारं धर्ममुपसंहरति-

एसो दह-प्पयारो धम्मो दह लक्खणो हवे णियमा।
अण्णो ण हवदि[2] धम्मो हिंसा सुहुमा[3] वि जत्थत्थि॥४०५॥

[छाया-एष दशप्रकारः धर्मः दशलक्षणः भवेत् नियमात्। अन्यः न भवति धर्मः हिंसा सूक्ष्मा अपि यत्रास्ति॥] एष प्रत्यक्षीभूतो जिनोक्तो धर्मः दशप्रकारः। उत्तमक्षमा १ उत्तममार्दवः २ उत्तमार्जवः ३ उत्तमसत्यम् ४ उत्तमशौचम् ५ उत्तमसंयमः ६ उत्तमतपः ७ उत्तमत्यागः ८ उत्तमाकिंचन्यम् ९ उत्तमब्रह्मचर्यम् १० इति दशविधधर्मः। संसारदुःखादुद्धृत्य मोक्षसुखे धरतीति धर्मः भवेत्। दशमेव इति कथम्। दशलक्षणत्वात्, दशधर्माणां पृथक्पृथक् लक्षणानि सन्तीति हेतोः। नियमात् निश्चयतः दशलक्षणो धर्मो भवेत्। पुनः अन्यो न धर्मः सांख्यबौद्धनैयायिकजैमिनीयचार्वाकजैनाभासादिप्रणीतवेदस्मृतिपुराणादिकथितधर्मो वृषो न भवति न स्यात्। कुतः यत्र धर्मे सूक्ष्मा हिंसा सूक्ष्मो जीववधो न चेतनाचेतनप्राणिवधो न। अपिशब्दात् स्थूलहिंसाजीवघातनं न नास्ति गोमेधाश्वमेधगजमेधनरमेधादिकं नास्ति स धर्मः॥४०५॥ अथ हिंसारम्भं गाथात्रयेण वारयति-

---

भावार्थ-और भी कहा है-'पृथ्वीपर मदोन्मत्त हाथीका गण्डस्थल विदारण करनेवाले वीर पाये जाते हैं। कुछ उग्र सिंहको मारनेमें भी कुशल हैं। किन्तु मैं बलवानों के सामने जोर देकर कहता हूं कि कामदेवका मद चूर्ण करनेवाले मनुष्य बहुत कम पाये जाते हैं'॥ वास्तवमें काम बड़ा ही बलवान है। इसीसे किसी कविने कहा है-'जिसने ब्रह्मा, विष्णु और महादेवको भी कामिनियोंका दास बना दिया तथा जिसकी करामातका वर्णन वचनोंसे नहीं किया जाता उसे कामदेवको हमारा नमस्कार है॥ और भी कहा है-'तभी तक पाण्डित्य, कुलीनता और विवेक रहता है जबतक शरीरमें कामाग्नि प्रज्वलित नहीं होती'॥ 'यह वीर कामदेव क्षणभरमें कलाकारको भी विकल कर डालता है, पवित्रताका दम्भ भरनेवालेको हंसीका पात्र बना देता है पण्डितकी विडम्बना कर देता है और धीर पुरुषको भी अधीर कर देता है।' 'उल्लूको दिनमें नहीं दिखाई देता, कौवोंको रात्रिमें नहीं दिखाई देता। किन्तु कामसे अन्धा हुआ मनुष्य को न दिनमें दिखाई देता है और न रात्रिमें दिखाई देता है।' अतः ब्रह्मचर्य दुर्धर है॥४०४॥ अब दसधर्मोंके कथनका उपसंहार करते हैं। **अर्थ**-वह दस प्रकारका धर्म ही नियमसे दशलक्षण रूप धर्म है। इसके सिवाय, जिसमें सूक्ष्म भी हिंसा होती है वह धर्म नहीं है॥ **भावार्थ**-जो संसारके दुःखोंसे उद्धार करके जीवको मोक्षके सुखमें धरता है

---

१ आदर्शे तु 'येन कृताः सततं ते गृह०'। २ ब हवइ। ३ ब सुहमा।

हिंसारंभो ण सुहो देव-णिमित्तं गुरूण कज्जेसु ।
हिंसा पावं ति मदो दया-पहाणो जदो धम्मो ॥४०६॥

[छाया-हिंसारम्भः न शुभः देवनिमित्त गुरूणा कार्येषु । हिंसा पापं इति मतं दयाप्रधानः यतः धर्मः ॥] हिंसारम्भः हिंसायाः प्रारम्भः न शुभः न पुण्यं नापि श्रेष्ठः समीचीनो न भवति । किमर्थं हिंसारम्भः । देवनिमित्तं हरिहरहिरण्यगर्भचण्डिकाकालिकामहन्मायाक्षेत्रपालयक्षभूतपिशाचादिदेवार्थं तथा गुरूणां कार्येषु कर्तव्येषु संशयिभिर्यदुक्तं देवगुरुधर्मकार्येषु हिंसा न दोषाय । तथा चोक्तं तत्सूत्रे । 'देवगुरुधम्मकज्जे चूरिज्जइ चक्कवट्टिसेण्णं पि । जइ तं कुणइ ण साहू अणंतसंसारिओ होइ ॥ संघस्स कारणेणं चूरिज्जइ चक्कवट्टिसेण्णं पि । जइ ण च्चूरइ मुणि सो अणंत संसारिओ होइ ॥' तथा 'तुरगगणचरत्वं गर्भसंसाररामा[1] स वसनपरिमुक्तो नायको तीर्थदेवः । पलमशनविधातुर्मन्दिरे भिक्षुचर्या समयगहनधातुर्मारणे नास्ति पापम् ॥' 'सेयंबरो वा दियंबरो वा अहवा बुद्धो य अण्णो वा । सममावभावियप्पा लहइ मोक्खं ण संदेहो ॥' बौद्धादीनां हिंसकानां मुक्तिः कथिता । तथा मधुमद्यामिषाहारादिकं कल्पे स्थापितम् । 'दुद्धं १ दहियं २ णवणीय ३ सप्पि ४ तिलं ५ गुडं ६ मज्जं ७ मंसं ८ महुव ९ इमाओ णवरसविगईओ अभिक्खणं २ आहारित्तये नो से कप्पइ बुद्धगिलाणस्स से वि य जा से वियणं परिपूरये नो चेव ण अपरिपूरये [?]' । अत एते संशयिनः आचार्या नरकं गच्छन्तीत्याह । पंचवण्ण कोडीणं पंचावण्णाइं सतसहस्साइ पंचसया बायाला आयरिया णरयं वज्जंति५५५५००५४२ । एतत्सर्वं तन्मतोक्तम् । इत्येतत्सूत्रेण देवार्थं गुरुकार्येषु हिंसारम्भो निराकृतः, यत. हिंसा पापं इति जीववधसंकल्पं पापमिति धर्मः यतिधर्मः दयाप्रधानो मतः कथितः षट्जीवनिकायरक्षापरः यतिधर्म. प्रतिपादितोऽस्ति । तथा प्रकारान्तरेण अस्याः गाथाया व्याख्यान-

वही धर्म है । वह धर्म उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम शौच, उत्तम सत्य, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन्य और उत्तम ब्रह्मचर्य इन दस लक्षण रूप है । धर्मके येही दस लक्षण है जहां थोड़ीसी भी हिंसा है वहां धर्म नहीं है ॥ ४०५ ॥ आगे तीन गाथाओंसे हिंसाका निषेध करते हैं । **अर्थ**—चूंकि हिंसाको पाप कहा है और धर्मको दयाप्रधान कहा है, अतः देवके निमित्तसे अथवा गुरुके कार्यके निमित्तसे भी हिंसा करना अच्छा नहीं है ॥ **भावार्थ**—जैनधर्मके सिवाय प्रायः सभी अन्य धर्मोंमें हिंसामें धर्म माना गया है । एक समय भारतमें यज्ञोंका बड़ा जोर था और उसमें हाथी घोड़े और बैलोंको ही नहीं मनुष्य तक होमा जाता था । वे यज्ञ गजमेध, अश्वमेध, गोमेध और नरमेधके नामसे ख्यात थे । जैनधर्मके प्रभावसे वे यज्ञ तो समाप्त होगये । किन्तु देवी देवताओंके सामने बकरों, भैंसों, मुर्गों वगैरहका बलिदान आज भी होता है । यह सब अधर्म है, किसी की जान ले लेनेसे धर्म नहीं होता । किन्हीं सूत्रग्रन्थोंमें ऐसा लिखा है कि देव गुरु और धर्मके लिये चक्रवर्तीकी सेनाको भी मार डालना चाहिये । जो साधु ऐसा नहीं करता वह अनन्त काल तक संसारमें भ्रमण करता है । कहीं मांसाहारका भी विधान किया है । ग्रन्थकारने उक्त गाथाके द्वारा इन सब प्रकारकी हिंसाओंका निषेध किया है । उनका कहना है कि धर्मके नाम पर की जानेवाली हिंसा भी शुभ नहीं है । अथवा इस गाथाका दूसरा व्याख्यान इस तरह भी है कि देवपूजा, चैत्यालय, संघ और यात्रा वगैरह के लिये मुनियोंका आरम्भ करना ठीक नहीं है । तथा गुरुओंके लिये वसतिका बनवाना, भोजन बनाना, सचित्त जल फल धान्य वगैरहका प्रासुक करना आदि आरम्भ भी मुनियोंके लिये उचित नहीं है, क्योंकि ये सब आरम्भ हिंसाके कारण हैं । वसु-

[1] 'गर्भसंसार' इत्यपि पाठः पुस्तकान्तरे ।

माह । देवनिमित्तं देवानामिज्याचैत्यचैत्यालयसंयमयात्राद्यर्थं यतिभिः हिंसारम्भः क्रियमाणः शुभो न भवति । तथा गुरूणां कार्येषु वसतिकानिष्पादनपाकादिविधानसचित्तजलफलधान्यादिप्रासुककरणादिषु च हिंसारम्भः सावद्यारम्भः पापारम्भः क्रियमाणः शुभो न भवति । वसुनन्दिना यत्याचारे प्रोक्तं च । "सावज्जकरणजोग्गं सव्वं तिविहेण तियरणविसुद्धं । वज्जंति वज्जभीरू जावज्जीवा य णिग्गंथा ॥" निर्ग्रन्थाः अवद्यभीरवः पापभीरवः सावद्यकरणं योग्यं सर्वमपि त्रिविधेन त्रिप्रकारेण कृतकारितानुमतरूपेण त्रिकरणविशुद्धं यथा भवति मनोवचनकायक्रियाशुद्धं यथा भवति तथा वर्जयन्ति परिहरन्ति यावज्जीवं मरणपर्यन्तम् । तथा "तणरुक्खहरिदछेदणतयपत्तपवालकंदमूलाइं । फलपुप्फबीयघादं ण करंति मुणी ण कारेंति ॥" तृणच्छेदं वृक्षच्छेदं हरितच्छेदनं छिन्नच्छेदनं च न कुर्वन्ति न कारयन्ति मुनयः । तथा त्वक्पत्रप्रवालकन्दमूलानि न छिन्दन्ति न छेदयन्ति । तथा फलपुष्पबीजघातं न कुर्वन्ति न कारयन्ति मुनयः । तथा "पुढवीय समारंभं जलपवणग्गीतसाणमारंभं । ण करंति ण कारेन्ति य कीरंतं णाणुमोदंति[1] ॥" पृथिव्याः समारम्भं खननोत्कीरणचूर्णनादिकं न कुर्वन्ति न कारयन्ति नानुमन्यन्ते धीरा बुद्धिमन्तो मुनयः । तथा जलपवनाग्नित्रसानां सेचनोत्कर्षणवीजनज्वालनमर्दनत्रासनादिकं न कुर्वन्ति न कारयन्ति नानुमन्यन्त इति ॥४०६॥ यतः ।

देव-गुरूण णिमित्तं हिंसा-सहिदो वि होदि[2] जदि[3] धम्मो ।
हिंसा-रहिदो[4] धम्मो इदि जिण-वयणं हवे अलियं ॥४०७॥

[छाया–देवगुर्वोः निमित्तं हिंसासहितः अपि भवति यदि धर्मः । हिंसारहितः धर्मः इति जिनवचनं भवेत् अलीकम् ॥] अथ हिंसारम्भः हिंसायाः जीववधस्य आरम्भः निष्पादनं स्थावरजङ्गमजीवघातनं हिंसाप्रारम्भः धर्मो वृषो भवति । किमर्थम् । देवगुर्वोर्निमित्तं देवकार्याय गुरुकार्याय च । हिंसारम्भो धर्मः इति यदि चेत् तर्हि । इति जिनवचनं अलीक असत्यं मिथ्या भवेत् । इति किम् । हिंसारहितो धर्मः जीवदयाधर्मः । उक्तं च । 'धर्मस्य मूलं दया' इति । तथा 'धम्मो मंगलमुक्किट्ठं अहिंसा संजमो तवो ।' इति ॥४०७॥

इदि एसो जिण-धम्मो अलद्ध-पुव्वो अणाइ[5]-काले वि ।
मिच्छत्त-संजुदाणं जीवाणं लद्धि-हीणाणं ॥४०८॥

नन्दि आचार्यने यति-आचार बतलाते हुये लिखा है--निर्ग्रन्थ मुनि पापके भयसे अपने मन वचन और कायको शुद्धकरके जीवन पर्यन्तके लिये सावद्य योगका त्याग कर देते हैं ॥ तथा मुनि हरित तृण, वृक्ष, छाल, पत्र, कोंपल, कन्दमूल, फल, पुष्प और बीज वगैरहका छेदन भेदन न स्वयं करते हैं और न दूसरोंसे कराते हैं ॥ तथा मुनि पृथिवीको खोदना, जलको सींचना, अग्निको जलाना, वायुको उत्पन्न करना और त्रसोंका घात न स्वयं करते हैं, न दूसरोंसे कराते हैं और यदि कोई करता हो उसकी अनुमोदना भी नहीं करते ॥ ४०६ ॥ क्यों कि । **अर्थ**–यदि देव और गुरुके निमित्तसे हिंसाका आरम्भ करना भी धर्म हो तो जिन भगवानका यह कहना कि 'धर्म हिंसासे रहित है' असत्य हो जायेगा ॥ **भावार्थ**–गृहस्थी विना आरम्भ किये नहीं चल सकती और ऐसा कोई आरम्भ नहीं है जिसमें हिंसा न होती हो । अतः गृहस्थके लिये आरम्भी हिंसाका त्याग करना शक्य नहीं है । किन्तु मुनि गृहवासी नहीं होते अतः वे आरम्भी हिंसाका भी त्याग कर देते हैं । वे केवल अपने लिये ही आरम्भ नहीं करते, बल्कि देव और गुरुके निमित्तसे भी न कोई आरम्भ स्वयं करते हैं, न दूसरोंसे कराते हैं और न ऐसे आरम्भकी अनुमोदना ही करते हैं ॥ ४०७ ॥ **अर्थ**–इस प्रकार यह जिन–

---

१ आदर्शे तु 'णाणुमोदए धीरा' इति पाठ । २ ल ग हिंसारंभो वि जो हवे धम्मो । ३ म स (?) होदि जदि, ब होइ जइ । ४ ल म स ग हिंसारहिओ (उ ?) । ५ ब अण्णाय, म अणीइ ।

[छाया-इति एव जिनधर्मः अलब्धपूर्वः अनादिकाले अपि । मिथ्यात्वसंयुतानां जीवानां लब्धिहीनानाम् ॥] इत्युक्तप्रकारेण एव प्रत्यक्षीभूतो जिनधर्मः सर्वज्ञोक्तधर्मः मिथ्यात्वसंयुक्तानां जीवानाम् अनादिकालीनमिथ्यात्वसंयुक्तानां जीवानाम् अनादिकालेऽपि अनन्तानन्तातीतकालेऽपि अपिशब्दात् अभव्यदूरानुत्तरभव्यापेक्षया वर्तमानकालानन्तानन्तभविष्यत्काले, अलब्धपूर्वः पूर्वं न लब्धः न प्राप्तः जिनधर्मो न प्राप्तः । कीदृक्षाणाम् लब्धिहीनानां क्षयोपशमलब्धिरहितानाम् ॥४०८॥ अथ दशप्रकारधर्मस्य माहात्म्यमभिष्टौति—

एदे दह-प्पयारा पावं-कम्मस्स[1] णासया भणिया ।
पुण्णस्स य संजणया पर पुण्णत्थं ण कायव्वा ॥४०९॥

[छाया-एते दश प्रकाराः पापकर्मणः नाशकाः भणिताः । पुण्यस्य च संजनकाः पर पुण्यार्थं न कर्तव्याः ॥] एते पूर्वोक्ता दशप्रकारा उत्तमक्षमादिदशभेदभिन्नाः पापकर्मणः नाशकाः । 'अतोऽन्यत्पापम् ।' असद्वेद्याशुभायुर्नामगोत्रज्ञानावरणदर्शनावरणमोहनीयान्तरायस्य अशुभप्रकृतेः द्व्यशीतिसङ्ख्यायाः ८२ नाशका विनाशकाः स्फेटकाः क्षयकर्तारः उपशमकाः क्षयोपशमका भणिताः कथिताः । च पुनः कथंभूताः । पुण्यस्य जनकाः पुण्यकर्मणः सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्रस्य पुण्यप्रकृतेः प्रशस्तशुभप्रकृतेः द्विचत्वारिंशत्संख्यायाः संजनकाः उत्पादकाः कथिताः । परं केवलं ते पूर्वोक्ताः दशविधोत्तमक्षमादिधर्माः पुण्यार्थं शुभप्रकृतिबन्धनार्थं न कर्तव्याः न कार्याः, पुण्यं संसारकारणमिति हेतोः ॥४०९॥ अथ पुण्यकर्मवाञ्छां गाथाचतुष्केण निषेधयति—

पुण्णं पि जो समिच्छदि संसारो तेण ईहिदो होदि ।
पुण्णं सुगई[2]-हेदु[3] पुण्ण-खएणेव[4] णिव्वाणं ॥४१०॥

[छाया-पुण्यम् अपि यः समिच्छति संसारः तेन ईहितः भवति । पुण्यं सुगतिहेतुः पुण्यक्षयेण एव निर्वाणम् ॥] यः पुमान् समिच्छति । किं तत् । पुण्यं शुभकर्म प्रशस्तप्रकृति । तेन पुंसा संसारः चतुर्गतिलक्षणो भवः ईहितो भवति

धर्म कालादि लब्धिसे हीन मिथ्यादृष्टि जीवोंको अनादि काल बीत जानेपर भी प्राप्त नहीं हुआ ॥४०८॥ **अर्थ**—ये धर्मके दशभेद पापकर्मका नाश करनेवाले और पुण्यकर्मका बन्ध करनेवाले कहे हैं। किन्तु इन्हें पुण्यके लिये नहीं करना चाहिये ॥ **भावार्थ**—सातावेदनीय एक, शुभ आयु तीन-तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु, देवायु, शुभ गोत्र एक तथा नामकर्मकी शुभ प्रकृतियां ३७, ये ४२ तो पुण्यकर्म हैं और चारों घातिकर्मोंकी ४७ प्रकृतियां, एक असातावेदनीय, एक नरकायु, एक नीच गोत्र तथा नामकर्मकी ३४ अशुभ प्रकृतियां ये चोरासी पुण्य प्रकृतियां हैं। दशलक्षण धर्मको पापका नाश करनेवाला और पुण्यका संचय करनेवाला कहा है। किन्तु पुण्यसंचयकी भावनासे इन दश धर्मोंका पालन नहीं करना चाहिये; क्योंकि पुण्य भी कर्मबन्ध ही है। अतः वह भी संस्कारका कारण है ॥ ४०९ ॥ आगे चार गाथाओंसे पुण्कर्मकी इच्छा का निषेध करते हैं। **अर्थ**—जो पुण्यको भी चाहता है वह संसारको चाहता है; क्योंकि पुण्य सुगतिका कारण है। पुण्यका क्षय होनेसे ही मोक्ष होता है ॥ **भावार्थ**—समस्त कर्मोंसे छूट जानेका नाम ही मोक्ष है। चूंकि पुण्य भी कर्म ही है। अतः जो पुण्यको चाहता है वह संसारमें ही रहना चाहता है। आशय यह है कि जो सम्यग्दृष्टि जीव हैं उनका देव शास्त्र और गुरुकी भक्ति रूप पुण्यकर्म भी परम्परासे मोक्षका कारण होता है। किन्तु सम्यक्त्वसे हीन जीवोंका पुण्य भी शुभकारी नहीं है। क्योंकि निदान पूर्वक बांधे गये पुण्यसे मिथ्यादृष्टि जीव दूसरे

---

१ सर्वत्र पाव-कम्मस्स [पावं-कम्मस्स]। २ स सुगइ ग गइहे। ३ ल म स ग हेउ (उं)। ४ लमसग खयेणे।

वाञ्छितोऽस्ति । यतः पुण्यं प्रशस्तं कर्म सद्गतिहेतुकम् उत्तममनुष्यदेवादिगतिकारणम् । पुण्यक्षयेणैव शुभप्रकृतिविनाशनेन एवं निश्चयेन निर्वाणं मोक्षः स्यात् । उक्तं च । 'सकलकर्मविप्रमोक्षो मोक्षः' इति । ननु पुण्यवाञ्छया कथं संसारः समीहितो भवति । तत्कथम् तदुत्तरमाह । सम्यक्त्वसहितानां पुण्यं देवशास्त्रगुरुभक्तिलक्षणं पाप च भद्रं परंपरया मोक्षकारणं स्यात् । सम्यक्त्वरहितानां पुण्यमपि भद्रं न भवति । कुतः । तेन निदानबन्धपुण्येन भवान्तरे स्वर्गादिसुखं लब्ध्वा पश्चान्नरकादिकं गच्छन्तीति भावार्थः । तथा चोक्तं । "वरं नरकवासोऽपि सम्यक्त्वेन हि संयुतः । न तु सम्यक्त्वहीनस्य निवासो दिवि राजते ॥" तथा च । 'जे णियदंसणअहिमुहा सोक्खु अणंतु लहंति । ते विणु पुण्ण करंता वि दुक्खु अणंतु सहंति ॥" ये केचन निजदर्शनाभिमुखाः निश्चयसम्यक्त्वाभिमुखास्ते पुरुषाः सौख्यमनन्तं लभन्ते । अपरे केचन तेन सम्यक्त्वेन विना पुण्य दानपूजादिकं कुर्वाणाः दुःखमनन्तमनुभवन्ति इति । तथा । "पुण्णेण होइ विहवो विहवेण मओ मएण मइमोहो । मइमोहेण य पावं त पुण्णं अम्ह मा होउ ॥" पुण्येन दृष्टश्रुतानुभूतभोगाकाङ्क्षारूपनिदानसहितेन विभवो विभूतिर्भवति । विभवेन मदोऽहंकारो गर्वो भवति । विज्ञानाद्यष्टविधमदेन मतिभ्रंशो विवेकमूढत्वम्, मोहेन मतिमूढत्वेन पाप भवति । तस्मादित्थंभूतं पुण्यम् अस्माकं माभूदिति । किमिति पुण्यम् । "देवहं सत्थहं मुणिवरहं भत्तिए पुण्णु हवेइ । कम्मक्खउ पुणु होइ णवि अज्जउ संति भणेइ ॥" तथा देवसेनेनोक्तम् । "अह कुणउ तवं पालेउ संजमं पढउ सयलसत्थाइं । जाम ण झावइ अप्पा ताम ण मोक्खं जिणो भणई ॥" तथा योगेन्द्रदेवेन । "पावें णारउ तिरिउ जिउ पुण्णें अमरु वियाणु । मिस्से माणुसगइ लहइ दोहि वि खए णिव्वाणु ॥" पापेन नारको जीवो भवति तथा तिर्यग्जीवो भवति पुण्येन अमरो देवो भवति इति जानीहि, मिश्रेण पुण्यपापद्वयेन मनुष्यगतिं लभते, द्वयोरपि पुण्यपापयोः कर्मणोः क्षयेन मोक्षं लभत इति ॥४१०॥

जो अहिलसेदि पुण्णं सकसाओ विसय-सोक्ख[1]-तण्हाए ।
दूरे तस्स विसोही विसोहि-मूलाणि पुण्णाणि ॥४११॥

[छाया-यः अभिलषति पुण्यं सकषायः विषयसौख्यतृष्णया । दूरे तस्य विशुद्धिः विशुद्धिमूलानि पुण्यानि ॥] यः पुमान् दृष्टश्रुतानुभूतभोगाकांक्षारूपनिदानबन्धपरिणामसहितः रत्नत्रयरहितः पुण्यं प्रशस्तं कर्म सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्र-

भवमें स्वर्ग आदिका सुख भोगकर पीछे नरक आदि कुगतिमें चला जाता है । कहा भी है-'सम्यक्त्व के साथ नरकमें रहना भी अच्छा है किन्तु सम्यक्त्वके बिना स्वर्गमें रहना भी अच्छा नहीं है ॥' और भी कहा है-'जो जीव आत्मदर्शनरूप निश्चय सम्यक्त्वके अभिमुख हैं वे अनन्त सुखको प्राप्त करते हैं । किन्तु जो सम्यक्त्वके बिना पुण्य करते हैं वे अनन्त दुःख भोगते हैं' ॥ पुण्यकी बुराई बतलाते हुए कहा है-'पुण्यसे विभूति मिलती है । विभूतिके मिलनेसे अहंकार पैदा होता है । अहंकारके होनेसे हिताहितका विवेक जाता रहता है । विवेकके नष्ट हो जानेसे मनुष्य पापमें लिप्त हो जाता है, अतः ऐसा पुण्य हमें नहीं चाहिये ॥' आचार्य देवसेनने भी कहा है-'कितना ही तप करो, संयमको पालो और शास्त्र पढ़ो, किन्तु जब तक आत्माको नहीं जानोगे तब तक मोक्ष नहीं होगा ।' योगीन्द्र देवने भी कहा है-'पापसे जीव नारकी और तिर्यञ्च होता है, पुण्यसे देव होता है तथा पुण्य और पापके मेलसे मनुष्य होता है । और पुण्य और पापके क्षयसे मोक्ष प्राप्त करता है' ॥ ४१० ॥ **अर्थ**-जो कषाय सहित होकर विषयसुखकी तृष्णासे पुण्यकी अभिलाषा करता है, उससे विशुद्धि दूर है और पुण्यकर्मका मूल विशुद्धि है ॥ **भावार्थ**-जो मनुष्य देखे हुए, सुने हुये अथवा भोगे हुये पाचों इन्द्रियोंके विषयोंकी तृष्णासे पीड़ित होकर इस लिये पुण्य कर्म करना चाहता है कि उससे मुझे स्वर्ग मिलेगा और वहां मैं देवांगनाओंके साथ भोग विलास करूंगा, उस मनुष्यके तीव्र कषाय है

१ ब सुक्ख ।

रूपं स्वर्गादिसुखजनकम् अभिलषति वाञ्छति ईहते । कथा । विषयसौख्यतृष्णया पञ्चेन्द्रियाणां सप्तविंशतिविषयसुखवाञ्छया पुण्यं वाञ्छति । स कीदृग्विधः सन् । सकषायः कषायैः सह वर्तते इति सकषायः क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादिपरिणाम-सहितः । तस्य पुंसः विशुद्धिः विशुद्धिता निर्मलता चित्तविशुद्धिता कर्मणामुपशान्ततादिर्वा अतिशयेन दूरतरा भवति । भवतु नाम विशुद्धेः दूरत्वं, का नो हानिः इति न वाच्यम् । यतः पुण्यानि शुभकर्माणि देवशास्त्रगुरुभक्तिकानि दानपूजा-व्रतशीलयुक्तानि विशुद्धिमूलानि विशुद्धिकारणानि, विशुद्धेरभावात्तेषामभावः ॥ ४११ ॥

पुण्णासाएँ[1] ण पुण्णं जवो णिरीहस्स पुण्ण-संपत्ती ।
इय जाणिऊण जइणो[2] पुण्णे वि म[3] आयरं कुणह[4] ॥ ४१२ ॥

[छाया-पुण्याशया न पुण्य यतः निरीहस्य पुण्यसप्राप्तिः । इति ज्ञात्वा यतयः पुण्ये अपि मा आदरं कुरुत ॥] भो यतयः भो साधवः मुनयः पुण्येऽपि, न केवलं पापे, आदरं प्रशस्तकर्मोपार्जने उद्यमं मा कुरुध्व यूयं मा कुरुत । किं कृत्वा । इति पूर्वोक्तं पुण्यफलं ज्ञात्वा मत्वा । इति किम् । निरीहस्य इह परलोकसौख्यवाञ्छारहितस्य दृष्टश्रुतानुभूतभोगा-कांक्षारूपनिदानरहितस्य लोभाकांक्षारहितस्य पुंसः पुण्यसंपत्तिः प्रशस्तकर्मणां प्राप्तिर्भवति, सद्वेद्यशुभायुर्नामगोत्रकर्मणा बन्धः स्यात् । यतः पुण्याशया पुण्यवाञ्छया शुभकर्मणामीहया पुण्यं न भवति, निदानादीनां वाञ्छाऽशुभकर्मोत्पादक-त्वात् ॥ ४१२ ॥

पुण्णं बंधदि जीवो[6] मंद-कसाएहि परिणदो संतो ।
तम्हा मंद-कसाया हेऊ[7] पुण्णस्स ण हि वंछा ॥ ४१३ ॥

[छाया-पुण्यं बध्नाति जीवः मन्दकषायैः परिणतः सन् । तस्मात् मन्दकषायाः हेतवः पुण्यस्य न हि वाञ्छा ॥] जीव आत्मा यतः कारणात् बध्नाति बन्धनं विदधाति । किं तत् । पुण्यं शुभं कर्म प्रशस्तप्रकृतिसमूहं 'सद्वेद्यशुभायुर्नाम-

अतः चित्तकी विशुद्धि उससे सैकड़ों कोस दूर है। शायद कोई कहे कि यदि उससे विशुद्धि दूर है तो रही आओ, हानि क्या है ? इसका उत्तर यह है कि देव शास्त्र और गुरुकी भक्ति, दान, पूजा, व्रत, शील आदि शुभ कर्मका मूल कारण चित्तकी विशुद्धि है। चित्तकी विशुद्धि हुये बिना पुण्यकर्मका संचय नहीं होता ॥ ४११ ॥ **अर्थ**–तथा पुण्यकी इच्छा करनेसे पुण्यबन्ध नहीं होता, बल्कि निरीह (इच्छा रहित) व्यक्ति को ही पुण्यकी प्राप्ति होती है। अतः ऐसा जानकर हे यतीश्वरों, पुण्यमें भी आदर भाव मत रक्खो ॥ ४१२ ॥ **अर्थ**–मन्दकषायरूप परिणत हुआ जीव ही पुण्यका बन्ध करता है। अतः पुण्यबन्ध का कारण मन्द कषाय है, इच्छा नहीं ॥ **भावार्थ**–इच्छा मोहकी पर्याय है अतः वह तीव्र कषाय रूप ही है। फिर इच्छा करनेसे ही कोई वस्तु नहीं मिल जाती। लोकमें भी यह बात प्रसिद्ध है कि इच्छा करनेसे कुछ नहीं मिलता और बिना इच्छाके बहुत कुछ मिल जाता है। अतः इच्छा तो पुण्यकी छोड़ मोक्षकी भी निषिद्ध ही है। यहां यह शङ्का हो सकती है कि पुराणोंमें पुण्यका ही व्याख्यान किया है और पुण्य करनेकी प्रेरणा भी की है। पुण्य कर्मसे ही मनुष्यपर्याय, अच्छा कुल, अच्छी जाति, सत्संगति आदि मोक्षके साधन मिलते हैं। तब ऐसे पुण्यकी इच्छा करना बुरा क्यों है ? इसका समाधान यह है कि भोगोंकी लालसासे पुण्यकी इच्छा करना बुरा है। जो भोगोंकी तृष्णासे पुण्य करता है, प्रथम तो उसके सातिशय पुण्यबन्ध ही नहीं होता। दूसरे, थोड़ा बहुत पुण्य बन्ध करके उसके फल स्वरूप जब उसे भोगोंकी प्राप्ति होती है तो वह अति अनुरागपूर्वक

१ ब पुण्णासए (?)। २ म होहि। ३ ब मुणिणो। ४ म ण। ५ ब कुणह। ६ ग जीउं (ओ?)। ७ म हेउं।

योत्राणीति पुण्यम्' बध्नाति। कीदृक्षः सन् जीवः। मन्दकषायैः परिणतः अप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसंज्वलनक्रोधमानमायालोभादि कषायैः सह परिणामं गतः। तस्मात्कारणात् पुण्यस्य शुभकर्मणा हेतुः प्रशस्तप्रकृतीनां कारणं मन्दकषाया एव, लतादार्वनन्तैकभागाद्यनुभाग परिणताः तुच्छकषायाः अप्रत्याख्यानादयः पुण्यस्य हेतवः कारणानि भवन्ति इत्यर्थः। हि यस्मात् वाञ्छा पुण्यस्य समीहा पुण्यकारणं न। उक्तं च। इत्युक्तत्वाद्धिताम्वेषी कांक्षा कापि न योजयेत्' इति ॥ ४१३ ॥
अथ सम्यक्त्वस्य निःशङ्कितगुणं गाथाद्वयेन विवृणोति—

किं जीव-दया धम्मो जण्णे' हिंसा वि होदि किं धम्मो।
इच्चेवमादि-संका तदकरणं जाण णिस्संका ॥ ४१४ ॥

[छाया—किं जीवदया धर्मः यज्ञे हिंसा अपि भवति किं धर्मः। इत्येवमादिशङ्का. तदकरणं जानीहि निःशङ्का ॥] इत्युक्तवक्ष्यमाणलक्षणेन एवमादिका एवंप्रकारा शङ्का संदेहः संशयः। इति किम्। किं जीवदया धर्मः, किमित्याक्षेपे, जीवानां स्थावरजङ्गमप्राणिनां दया रक्षणमनुकम्पा धर्मः वृषो भवति। अपि पुनः यज्ञे अश्वगजाजनरमेधगोमेधादिकयज्ञे कृतौ हिंसा जीववधो धर्मः किम्। न केवलम् अहिंसा धर्मः यज्ञे, अश्वगजगोछागनरवधादि. किं धर्मो भवति यज्ञे। प्रोक्तं च। "ओषध्य. पशवो वृक्षास्तिर्यञ्च पक्षिणो नराः। यज्ञार्थं निधनं प्राप्ताः प्राप्नुवन्त्युच्छ्रितां गतिम् ॥ गोसवे सुरभिं हन्यात् राजसूये तु भूभुजम्। अश्वमेधे हयं हन्यात् पौण्डरीके च दन्तिनम् ॥ यज्ञार्थं पशवः सृष्टाः स्वयमेव स्वयंभुवा। यज्ञो हि भूत्यै सर्वेषां तस्माद्यज्ञे वधोऽवधः ॥" तथा यजुर्वेदऋचयः। 'सोमाय हंसानालभते वायवे बलाकाः इन्द्राग्निभ्यां कुञ्चान् मित्राय मद्गून् वरुणाय नक्रान् ॥ वसुभ्य ऋष्यानालभते रुद्रेभ्यो रुरूनादित्येभ्यो न्यङ्कून् वरुणाय चक्रवाकानश्विभ्यां मयूरान् मित्रावरुणाभ्यां कपोतान् ॥ वसन्ताय कपिञ्जलानालभते ग्रीष्माय कलविङ्कान् वर्षाभ्यस्तित्तिरीञ्छरदे वर्तिका हेमन्ताय ककराञ्छिशिराय विककरान् ॥ इति षड्ऋतुयजनम्। समुद्राय शिशुमारानालभते पर्जन्याय मण्डूकानद्भ्यो मत्स्यान् मित्राय कुलीपयान् वरुणाय चक्रवाकान् ॥ अर्मेभ्यो हस्तिपं जवायाश्वपं पुष्ट्यै गोपालं वीर्यायाविपालं तेजसेऽजपालमिरायै कीनाश

भोगोंका सेवन करता है और उससे वह पुनः नरक आदि में चला जाता है। किन्तु जो मोक्ष प्राप्तिके भावनासे शुभ कर्मोंको करता है वह मन्दकषायी होनेसे सातिशय पुण्यबन्ध तो करता ही है, परम्परासे मोक्षभी प्राप्त करलेता है। अतः विषय सुखकी चाहसे पुण्य कर्म करना निषिद्ध है ॥ ४१३ ॥ आगे सम्यक्त्वके आठ अङ्गोंमें से निःशङ्कित अंगका वर्णन दो गाथाओंसे करते हैं। **अर्थ**-क्या जीवदया धर्म है अथवा यज्ञमें होनेवाली हिंसामें धर्म है, इत्यादि संदेहको शंका कहते हैं। और उसका न करना निःशङ्का है ॥ **भावार्थ**—पीछे धर्मका स्वरूप बतलाते हुए कहा है कि जहाँ सूक्ष्म भी हिंसा है वहाँ धर्म नहीं है। अतः अहिंसा धर्म और हिंसा अधर्म है, इस श्रद्धानका नाम ही सम्यक्त्व है, और उस सम्यक्त्वके आठ अंग हैं। उनमेंसे प्रथम अंग निःशंकित है। निःशंकितका मतलब है; शंका—संदेहका न होना। एक समय भारतमें याज्ञिक धर्मका बहुत जोर था। अश्वमेध; गजमेध; अजमेध; नरमेध, गोमेध, आदि यज्ञ हुआ करते थे। याज्ञिक धर्मके ग्रन्थोंमें लिखा है–'औषधियां; पशु; वृक्ष, तिर्यञ्च, पक्षी और मनुष्य यज्ञके लिये मरकर उच्च गतिको प्राप्त करते हैं ॥ गोसव यज्ञमें सुरभि गौको मारना चाहिये; राजसूय यज्ञमें राजाको मारना चाहिए, अश्वमेध यज्ञमें घोड़ेको मारना चाहिए; और पुण्डरीक यज्ञमें हाथीको मारना चाहिए ॥ ब्रह्माने स्वयं यज्ञके लिये ही पशुओंको बनाया है। यज्ञ सबके कल्याणके लिये है। अतः यज्ञमें कीजानेवाली हिंसा हिंसा नहीं है ॥' यजु-

१ ब ग जणे।

कीलालाय सुराकारं मद्राय शूद्रपं श्रेयसे वित्त धमाध्यक्ष्ययानुक्षतारम् । अथैतानष्टौ विरूपानालभतेऽतिदीर्घं चातिह्रस्वं चातिस्थूलं चातिकृशं चातिशुल्कं चातिकृष्णं चातिशुल्वं चातिलोमश च । अशूद्रा अब्राह्मणास्ते प्राजापत्याः । मागधः पुंश्चली कितवः क्लीबोऽशूद्रा अब्राह्मणास्ते प्राजापत्याः ॥ ब्रह्मणे ब्राह्मणमालभेत इन्द्राय क्षत्रियं मरुद्भ्यो वैश्यं तपसे शूद्रं तमसे तस्करं आत्मने क्लीबं कामाय पुंश्चलम् अतिकुष्टाय मागधम् । गीताय सुतम् आदित्याय स्त्रियं गर्भिणीम् ।" सौत्रामणौ य एवंविधा सुरां पिबति ना तेन सुरा पीता भवति । सुराश्च तिस्र एव श्रुतौ संमता', पैष्टी गौडी माधवी चेति । गोसवे ब्राह्मणो गोसवेनेष्ट्वा संवत्सरान्ते मातरमप्यभिलषति । उपेहि मातरमुपेहि स्वसारम् इत्यादि । यज्ञेषु जीववधो धर्मो भवति किमिति क्षेपं इत्येवप्रकारा या शङ्का तस्या अकरण नि शङ्का निश्शङ्कितगुण निरसन्देहं जानीहि। आदिशब्दात् किं दिगम्बराणा मूलोत्तरगुणप्रतिपालने धर्मः, किं वा तापसानां पञ्चाग्निधूम्रपानसाधने कन्दमूलपत्रादिभक्षणे धर्मः। तथा जैनाभासाना श्वेताम्बुकादीना सर्वत्र भिक्षाचरणे केवलिनां भुक्तिकरणे गृहिणां स्त्रीणामन्यलिङ्गिनां च मुक्तिगमनमित्यत्र किं वा धर्मः, किं वा जिन एव देव., किं वा ईश्वरब्रह्मविष्णुकपिलसौगतादयो देवा. किं जिनोक्तसप्ततत्त्वषड्द्रव्यपञ्चास्तिकायनवपदार्थानां श्रद्धाने धर्मः, किं वा अन्यमतजैनाभासशैवसांख्यसौगतादिकथिततत्त्वाना श्रद्धाने धर्मः, किं जैनशास्त्रोक्तः धर्मः, किं वा परमतशास्त्रोक्तः धर्मः इत्यादिशङ्काया' अकरणं निःसन्देहः । सूक्ष्मं जिनोक्त तत्त्वं हेतुभिर्नैव हन्यते । जिनदेवजिनधर्मजिनशास्त्रतत्त्वादिषु श्रद्धा रुचि' विश्वासः प्रतीतिः। रागद्वेषक्षुधादिदोषकदम्बकम् अज्ञानम् असत्यवचनकारण च वीतरागसर्वज्ञाना नास्ति, ततः कारणात् तत्प्रणीते हेयोपादेयतत्त्वे मोक्षम र्गे धर्मे गुरौ शास्त्रे च भव्यैः शङ्का सशयः संदेहो न कर्तव्य इति नि.शङ्कितगुणः ॥ ४१४ ॥

वेदकी ऋचाओंमें लिखा है। सोम देवताके लिये हंसोंका, वायुके लिये बगुलोंका, इन्द्र और अग्निके लिये सारसोंका, सूर्य देवताके लिये जलकारोंका, वरुण देवताके लिये नक्रोंका वध करना चाहिये। छै ऋतुओंमेंसे वसन्तऋतुके लिये कपिञ्जल पक्षियोंका, ग्रीष्मऋतुके लिये चिरौटा पक्षियोंका, वर्षाऋतुके लिये तीतरोंका, शरद्ऋतुके लिये वत्तकोंका, हेमन्तऋतुके लिये ककर पक्षियोंका, और शिशिरऋतुके लिये विककर पक्षियोंका वध करना चाहिये। समुद्रके लिये मच्छोंको, मेघके लिये मेंढकोंको, जलोंके लिये मछलियोंको, सूर्यके लिये कुलीषय नामक पशुओंको, वरुणके लिये चकवोंका वध करना चाहिये। तथा लिखा है—सूत्रामणि यज्ञमें जो इस प्रकारकी मदिरा पीता है वह मदिरा पीकर भी मदिरा नहीं पीता। श्रुतिमें तीन प्रकारकी मदिरा ही पीने योग्य कही है—पैष्टी गौडी और माधवी। इत्यादि सुनकर 'क्या जीववधमें धर्म है' इस प्रकारकी शङ्काका भी न होना अर्थात् जीववधको अधर्म ही मानना निःशंकित गुण है। इसी तरह क्या जैनधर्ममें कहे हुए मूलगुण और उत्त र गुणोंका पालन करनेमें धर्म है अथवा तापसोंके पंचाग्नि तप तपने और कन्द मूल फल खानेमें धर्म है? क्या जिनेन्द्रदेव ही सच्चे देव हैं अथवा ईश्वर, ब्रह्मा विष्णु, कपिल, बुद्ध वगैरह सच्चे देव हैं? क्या जैन धर्ममें कहे हुए सात तत्त्व, छै द्रव्य, और पाँच अस्तिकाय और नौ पदार्थोंके श्रद्धानमें धर्म है, अथवा सांख्य सौगत आदि मतोंमें कहे हुए तत्त्वोंके श्रद्धानमें धम है? इत्यादि सन्देहका न होना निःशंकित गुण है। सारांश यह है कि जिनभगवानके द्वारा प्रतिपादित तत्त्व बहुत गहन है, युक्तियोंसे उसका खण्डन नहीं किया जा सकता। ऐसा जानकर और मानकर जिनदेव, जिनशास्त्र, जिनधर्म और जैन तत्त्वोंमें श्रद्धा, रुचि और प्रतीति होनी चाहिये। क्योंकि मनुष्य राग द्वेष अथवा अज्ञानसे असत्य बोलता है। वीतराग और सर्वज्ञमें ये दोष नहीं होते। अतः उनके द्वारा कहे हुए तत्त्वोंमें और मोक्षके मार्गमें सन्देह नहीं करना चाहिये। निःसन्देह होकर प्रवृत्ति करनेमें ही कल्याण है ॥ ४१४ ॥

दय-भावो वि य धम्मो हिंसा-भावो[1] ण भण्णदे धम्मो ।
इदि संदेहाभावो[2] णिस्संका णिम्मला होदि ॥ ४१५ ॥

[छाया-दयाभावः अपि च धर्मः हिंसाभावः न भण्यते धर्मः । इति सन्देहाभावः निःशङ्का निर्मला भवति ॥] इति पूर्वोक्तप्रकारेण संदेहाभावः संशयस्य अभावः राहित्यमेव निर्मला निर्दोषा निःशङ्का निःशङ्कितगुणो भवति । इति किम् । दयाभावः स्थावरजङ्गमजीवरक्षणपरिणाम एव धर्मः । अपि च एवकारार्थो हिंसाभावः यज्ञोक्तजीववधपरिणामः धर्मः श्रेयो न भण्यते न कथ्यते ॥ ४१५ ॥ अथ निष्कांक्षितगुणं व्याचष्टे—

जो सग्ग-सुह-णिमित्तं धम्मं णायरदि दूसह-तवेहिं ।
मोक्खं[3] समीहमाणो णिक्खंखा जायदे तस्स ॥ ४१६ ॥

[छाया—यः स्वर्गसुखनिमित्तं धर्मं न आचरति दुःसहतपोभिः । मोक्षं समीहमानः निःकाङ्क्षा जायते तस्य ॥] तस्य भव्यजीवस्य निष्कांक्षागुणो निष्कांक्षितगुणो जायते । तस्य कस्य । यः जीवः धर्मं श्रावकधर्ममेकादशसम्यक्त्वादिप्रतिमालक्षणं यतिधर्मम् उत्तमक्षमादिदशप्रकारव्रतसमितिगुप्तिमूलोत्तरगुणरूपं धर्मं च नाचरति न करोति न विदधाति न प्रतिपालयति। किमर्थम् । स्वर्गसुखनिमित्तं देवलोकसुखाय इन्द्राहमिन्द्रधरणेन्द्रनरेन्द्रचक्रवर्त्यादिसुखप्राप्त्यर्थं वा । कथंभूतः सन् जीवः। मोक्षं समीहमानः सिद्धसुखं वाञ्छन् सन् कर्मणा मोचनं स्वात्मोपलब्धिं वाञ्छन् । कैः कृत्वा । दुःसहतपोभिः दुःसाध्यानशनादितपःपरीषहोपसर्गादिकैः । तथाहि इहलोकपरलोकागामिभोगाकांक्षानिदानत्यागेन केवलज्ञानाद्यनन्तगुणव्यक्तिरूपमोक्षार्थं दानपूजातपश्चरणाद्यनुष्ठानकरणं निःकाङ्क्षागुणो भण्यते । तथा निश्चयेन निश्चयरत्नत्रयभावनोत्पन्नपरमार्थिकस्वात्मोत्थसुखामृतरसेन चित्तसंतोषः स एव निःकांक्षागुण इति ॥ ४१६ ॥ अथ निर्विचिकित्सागुणं चिकित्सते—

दह-विह-धम्म-जुदाणं सहाव-दुग्गंध-असुइ-देहेसु ।
जं णिंदणं ण कीरदि[4] णिव्विदिगिंछा गुणो सो हु[5] ॥ ४१७॥

अर्थ—'दया भाव ही धर्म है, हिंसा भावको धर्म नहीं कहते' इस प्रकार निश्चय करके सन्देहका न होना ही निर्मल निःशंकित गुण है ॥ **भावार्थ**—'पूर्वोक्त प्रकारसे धर्मके स्वरूपके विषयमें सन्देहका न होना ही निःशंकित गुण है ॥ ४१५ ॥ आगे निःकांक्षित गुणको कहते हैं । **अर्थ**—दुर्धर तपके द्वारा मोक्षकी इच्छा करता हुआ जो प्राणी स्वर्गसुखके लिये धर्मका आचरण नहीं करता, उसके निःकांक्षित गुण होता है ॥ **भावार्थ**—इस लोक और परलोकमें भोगोंकी इच्छाको त्यागकर जो केवल ज्ञान आदि अनन्त गुणोंकी अभिव्यक्तिरूप मोक्षके लिये दान, पूजा, तपश्चरण आदि करता है उसके निःकांक्षा गुण कहा है । तथा निश्चयनयसे रत्नत्रयकी भावनासे उत्पन्न हुए सच्चे आत्मिक सुखरूपी अमृतसे चित्तका संतप्त होना ही निःकांक्षित गुण है ॥ ४१६ ॥ आगे निर्विचिकित्सा गुणको कहते हैं । **अर्थ**—दस प्रकारके धर्मोंसे युक्त मुनियोंके स्वभावसे ही दुर्गन्धित और अपवित्र शरीरकी जो निन्दा नहीं करता, उसके निर्विचिकित्सा गुण होता है ॥ **भावार्थ**—रत्नत्रयके आराधक भव्य जीवोंके दुर्गन्धित और घृणित शरीरको देखकर धर्मबुद्धि अथवा दया भावसे घृणा न करना निर्विचिकित्सा गुण है । अथवा, 'जैन धर्ममें और सब तो ठीक है, किन्तु साधुगणोंका नंगा रहना और स्नान आदि न करना ठीक नहीं है' इस प्रकारके कुत्सित विचारोंको विवेकके द्वारा रोकना निर्विचिकित्सा गुण है। इस

१ ल म (स) ग भावे । २ ग संदेहोऽभावो । ३ ल म स ग मुक्खं । ४ ल म स ग कीरइ । ५ ब गुणो तस्स (?)

[छाया-दशविधधर्मयुताना स्वभावदुर्गन्धाशुचिदेहेषु । यत् निन्दन न क्रियते निर्विचिकित्सागुणः स खलु ॥] हु इति स्फुटं, निश्चयतो वा,स निर्विचिकित्सागुणो भवति जुगुप्सारहितगुणः स्यात् । स कः । यत् न क्रियते न विधीयते । किं तत् । निन्दनं दोषोत्पादनं घृणाम् । केषु । स्वभावदुर्गन्धाशुचिदेहेषु दुर्गन्धाः पूतिगन्धाः अशुचयः अपवित्राः देहाः शरीराणि स्वभावेन सहजेन दुर्गन्धाश्च ते अशुचयश्च ते देहाः शरीराणि स्वभावेन सहजेन दुर्गन्धाश्च ते अशुचयश्च ते देहाः स्वभावदुर्गन्धाशुचिदेहाः तेषु स्वभावदुर्गन्धादिदेहेषु । केषाम् । दशविधधर्मयुक्तानां दशलाक्षणिकधर्मसहितानाम् उत्तमक्षमादिधर्मिष्ठानां महामुनीनां सहजेन दुर्गन्धापवित्रशरीरेषु निन्दनं घृणा न क्रियते । तथाहि भेदाभेदरत्नत्रयाराधकभव्यजीवानां दुर्गन्धबीभत्सादिकशरीरं दृष्ट्वा धर्मबुध्या कारुण्यभावेन वा यथायोग्यं विचिकित्सापरिहरणं द्रव्यनिर्विचिकित्सागुणो भण्यते । यत्पुनर्जिनसमये सर्वं समीचीनं परं किंतु वस्त्रप्रावरण जलस्नानादिकं च न कुर्वन्ति तदेव दूषणमित्यादिकुत्सितभावस्य विशिष्टविवेकबलेन परिहरणं सा भावनिर्विचिकित्सा भण्यते । इति निश्चयेन पुनस्तस्यैव व्यवहारनिर्विचिकित्सागुणस्य बलेन समस्तद्वेषादिविकल्पत्यागेन निर्मलात्मानुभूतिलक्षणे निजशुद्धात्मनि व्यवस्थानं निर्विचिकित्सा गुण इति ॥ ४१७ ॥ अथामूढदृष्टि गुणं दर्शयति—

भय-लज्जा-लाहादो[1] हिंसारंभो ण मण्णदे धम्मो ।
जो जिण-वयणे लीणो अमूढ-दिट्ठी हवे सो दु[2] ॥ ४१८ ॥

[छाया-भयलज्जालाभात् हिंसारम्भः न मन्यते धर्मः । यः जिनवचने लीनः अमूढदृष्टिः भवेत् स तु ॥] हु इति निश्चयेन, स जगत्प्रसिद्धः अमूढसम्यग्दृष्टिः अमौढ्यगुणपरिणतो भवेत् । स कः । यः हिंसारम्भः यज्ञयागादौ पुण्यनिमित्तं हिंसायाः जीववधस्य आरम्भः प्रारम्भः विधानं धर्मो वृषो न मन्यते, हिंसाधर्मं न श्रद्दधाति तत्र विप्रतीतिविश्वासं न विदधाति । कुतः । भयलज्जालाभात्, भयात् राजामात्याधिकारिजनयक्षयक्षिणीभूतपिशाचादिग्रहपीडाडाकिनीशाकिन्यादिभयात् इहपरलोकादिसप्तभयाद्वा, लज्जातः पितृमातृभ्रातृबान्धवमित्रादित्रपातः, लाभात् यज्ञादौ दीयमानसुवर्णादिदानप्राप्तेः हिंसाधर्मं यो न मानयति स अमूढदृष्टिः सम्यग्दृष्टिः स्यात् । तथाहि वीतरागसर्वज्ञकथितागमबहिर्भूतैः कुदृष्टिभिर्यत्प्रणीतं धातुवादखन्यवादमणिमन्त्रयन्त्रतन्त्रादिवादक्षुद्रविद्याभ्यन्तरविकुर्वणादिकर्म अज्ञानिजनचित्तचमत्कारोत्पादकं दृष्ट्वा श्रुत्वा च मूढभावेन योऽसौ धर्मबुध्या तत्र रुचिं भक्तिं प्रतीतिं न करोति एव व्यवहारेणामूढदृष्टिरुच्यते । निश्चयेन पुनः तस्यैव व्यवहारामूढदृष्टिगुणस्य प्रसादेन अन्तस्तत्त्वबहिस्तत्त्वनिश्चये जाते सति समस्तमिथ्यात्वरागादिषु शुभाशुभसंकल्पविकल्पेषु आत्मबुद्धिमुपादेयबुद्धिं हितबुद्धिं ममत्वभावं त्यक्त्वा त्रिगुप्तिरूपेण विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावे निजात्मनि निश्चलावस्थानं तदेवामूढदृष्टित्वमिति । सकल्पविकल्पलक्षणं कथ्यते । पुत्रकलत्रमित्रधनधान्यादौ बहिर्द्रव्ये ममेदमिति संकल्पनं सकल्पः, अभ्यन्तरे सुख्यहं दुःख्यहम् इति हर्षविषादकरणं विकल्प इति । अथवा वस्तुवृत्त्या संकल्पः इति कोऽर्थः, विकल्प इति तस्यैव पर्यायः ॥ ४१८ ॥ अथोपगूहनगुणं गृणाति—

व्यावहारिक निर्विचिकित्सा गुणके द्वारा द्वेष आदि समस्त विकल्पोंको त्यागकर निर्मल स्वानुभूतिरूप शुद्धात्मामें अपनेको स्थिर करना निश्चय निर्विचिकित्सा गुण है ॥४१७॥ आगे अमूढ दृष्टि गुणको कहते हैं । **अर्थ–**भय, लज्जा अथवा लालचके वशीभूत होकर जो हिंसा मूलक आरम्भको धर्म नहीं मानता, उस जिनवचनमें लीन पुरुषके अमूढ दृष्टि अंग होता है ॥ **भावार्थ–**जो सम्यग्दृष्टि पुरुष मिथ्यादृष्टियोंके द्वारा रचित और अज्ञानी मनुष्योंके चित्तमें चमत्कारको उत्पन्न करनेवाले मणि मंत्र तंत्र आदिको देखकर या सुनकर उनमें धर्मबुद्धिसे रुचि नहीं रखता वह व्यवहारसे अमूढ दृष्टि अंगका पालक कहा जाता है । और उसी व्यवहार अमूढ दृष्टि अंगके प्रसादसे अन्तस्तत्व और बाह्य तत्वोंका निश्चय होनेपर समस्त मिथ्यात्व राग वगैरहमें और शुभ तथा अशुभ संकल्प विकल्पोंमें ममत्वको त्यागकर विशुद्ध ज्ञान और विशुद्ध दर्शन स्वभाववाले अपने आत्मामें स्थिर होना निश्चय अमूढ दृष्टि अंग है

---

१ ब भयलज्जयारवेहि य (?) । २ म स ग (तु?) हु ।

जो पर-दोसं गोवदि णिय-सुकयं[1] जो ण पयडदे लोए ।
भवियव्व[2]-भावण-रओ उवगूहण-कारओ सो हु ॥ ४१९ ॥

[छाया--यः परदोषं गोपयति निजसुकृतं यः न प्रकटयति लोके । भवितव्यभावनारतः उपगूहनकारकः स खलु ॥] हु इति व्यक्तम् । स सम्यग्दृष्टिरूपगूहनकारकः उपगूहनं परेषामन्येषां दोषाच्छादनं तस्य कारकः कर्ता । स कः । यो भव्यः गोपयति आच्छादयति झम्पयति । कम् । परदोषं परेषामन्येषां सम्यग्दृष्टिश्रावकयतीनां सम्यक्त्वातिचारव्रतभङ्गादिजनिता-पराधः त लोके जगति गोपयति तथा लोके न प्रकाशते प्रकटयति न । किं तत् । निजसुकृतं स्वयंकृतदानपूजातपश्चरणादिकं शास्त्राध्ययनाध्यापनादिकं च । कीदृक्षः सन् । यो भव्यः भवितव्यभावनारतः, यद्भाव्यं तद्भवत्येवमिति भावनायां रतः तत्परः निश्चयः । तथाहि भेदाभेदरत्नत्रयभावनारूपो मोक्षमार्गः स्वभावेन शुद्ध एव तावत् । तत्राज्ञानिजननिमित्तेन तथैवाशक्तजननिमित्तेन च धर्मस्य पैशून्य दूषणम् अपवादो दुःप्रभावना यदा भवति तदागमाविरोधेन यथाशक्त्यर्थेन धर्मोपदेशेन वा यद्धर्मार्थं दोषस्य झम्पनं निवारणं क्रियते तद्व्यवहारनयेनोपगूहनं भण्यते । निश्चयेन पुनः तस्यैव सहकारित्वेन निजनिरञ्जननिर्दोषपरमात्मनः प्रच्छादकाः ये मिथ्यात्वरागादिदोषास्तेषां तस्मिन्नेव परमात्मनि सम्यक् श्रद्धानज्ञानानुष्ठानरूप यद्ध्यानं तेन प्रच्छादन विनाशनं गोपनं झम्पनं तदेवोपगूहनमिति ॥ ४१९ ॥ अथ स्थितिकरणं दृढयति—

धम्मादो चलमाणं जो अण्णं संठवेदि धम्मम्मि ।
अप्पाणं पि सुदिढयदि ठिदि-करणं[3] होदि तस्सेव ॥ ४२० ॥

[छाया- धर्मतः चलन्त यः अन्य सस्थापयति धर्मे । आत्मानमपि सुद्रढयति स्थितिकरणं भवति तस्य एव ॥] तस्यैव भव्यजीवस्यैव स्थितिकरण भवति । सम्यक्त्वव्रतज्ञानधर्मान् प्रच्युतवतः जीवस्य पुनः तत्र सम्यक्त्वादिषु स्थित्वा दृढीकरणं स्थिरीकरणम् । तस्य कस्य । यः पुमान् धर्मात् चलमानं सम्यक्त्वात् व्रताद्वा चलनेन पतनोन्मुखम् अन्यं परपुरुष सम्यग्दृष्टिं व्रतधारिण वा धर्मे सम्यक्त्वव्रतलक्षणे स्थापयति स्थिरीकरोति निश्चलीकरोति, अपि पुनः स द्रढयति सुष्ठु अतिशयेन दृढीकरोति । कम् । आत्मानं स्वदेहिनम् । क्व । धर्मे भेदाभेदरत्नत्रये स्वात्मानं द्रढयतीत्यर्थः । तथाहि भेदा-

॥४१८॥ आगे उपगूहन गुण कहते हैं। **अर्थ**–जो सम्यग्दृष्टि दूसरोंके दोषोंको तो ढांकता है और अपने सुकृतको लोकमें प्रकाशित नहीं करता। तथा ऐसे भावना रखता है कि जो भवितव्य है वही होता है, उसे उपगूहन गुणका धारी कहते हैं ॥ **भावार्थ**–किसी सम्यग्दृष्टि, श्रावक अथवा मुनिके द्वारा सम्यक्त्वमें कोई अतिचार लगाया गया हो, या व्रतका भंग किया गया हो जो सम्यग्दृष्टि उसे लोकमें प्रकाशित नहीं करता। आशय यह है कि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्ररूप मोक्षमार्ग स्वभावसे ही शुद्ध है। किन्तु जब अज्ञानी अथवा अश्रद्धालु मनुष्योंके निमित्तसे धर्मका अपवाद होनेके कारण उस मार्गकी बदनामी होती हो तो आगमके अनुसार धर्मोपदेशके द्वारा यथाशक्ति जो उस बदनामीका निवारण किया जाता है उसे व्यवहारसे उपगूहन अंग कहते हैं। तथा अपने निरंजन निर्दोष परमात्माको ढांकनेवाले जो मिथ्यात्व राग आदि दोष हैं, उन दोषोंको दूर करनेका उपाय करना निश्चयसे उपगूहन अंग कहा है ॥४१९॥ आगे स्थितिकरण गुणको कहते हैं। **अर्थ**–जो धर्मसे चलायमान अन्य जीवको धर्ममें स्थिर करता है तथा अपनेको भी धर्ममें दृढ़ करता है उसीके स्थितिकरण गुण होता है ॥ **भावार्थ**–मुनि, आर्यिका और श्रावक श्राविकाके भेदसे चार प्रकारके संघमेंसे जब कोई व्यक्ति दर्शन मोहनीय अथवा चारित्र मोहनीयके उदयसे सम्यग्दर्शन या सम्यक् चारित्रको छोड़ना चाहता हो तो यथाशक्ति आगमानुकूल धर्मका उपदेश देकर

१ ल म स ग सुकय णो पयासदे । २ म भविअव्व । ३ ब ट्ठिदियरण ।

भेदरत्नत्रयाधारस्य चातुर्वर्ण्यसंघस्य मध्ये यदा कोऽपि दर्शनचारित्रमोहोदयेन दर्शनं ज्ञानं चारित्रं वा परित्यक्तुं वाञ्छति तदागमाविरोधेन यथाशक्त्या धर्मश्रवणेन वार्थेन वा सामर्थ्येन वा केनाप्युपायेन यद्धर्मे स्थिरत्वं क्रियते तद्व्यवहारेण स्थिरीकरणमिति । निश्चयेन पुनस्तेनैव व्यवहारस्थिरीकरणगुणेन धर्मदृढत्वे जाते सति दर्शनचारित्रमोहोदयजनितसमस्तमिथ्यात्वरागादिविकल्पजालत्यागेन निजपरमात्मस्वभावेनोत्पन्नपरमानन्दैकलक्षणसुखामृतरसास्वादेन तल्लयतन्मयपरमसमरसीभावेन चित्तस्थिरीकरणमिति ॥ ४२० ॥ अथ वात्सल्यगुणमुल्लिखति—

जो धम्मिएसु भत्तो अणुचरणं कुणदि परम-सद्धाए ।
पिय-वयणं जंपंतो वच्छल्लं तस्स भव्वस्स ॥ ४२१ ॥

[छाया—यः धार्मिकेषु भक्तः अनुचरणं करोति परमश्रद्धया । प्रियवचनं जल्पन् वात्सल्यं तस्य भव्यस्य ॥] तस्य भव्यस्य प्राणिनः वात्सल्यं वात्सल्याख्यगुणो भवेत् । स कः । यो भव्यः धार्मिकेषु सम्यग्दृष्टिषु श्रावकेषु ऋषिमुनियत्यनगारेषु च भक्तः भक्तियुक्तः धर्मानुरागः । पुनः करोति यो भव्यः विदधाति । किम् । अनुचरणं साधर्मिकेषु भोजनसार्थगमनोद्भीभवनादिपरिचर्यां करोति । कया । परमश्रद्धया उत्कृष्टभावेन उत्कर्षेण रुचिरूपेण । किंभूतः सन् । साधर्मिकजनेषु प्रियवचनं मृदुवचनम् अहं तव किं करोमि इत्यादिकलक्षणं जल्पन् कथयन् । तथाहि बाह्याभ्यन्तररत्नत्रयाधारे चतुर्विधसंघे वत्से धेनुवत् पञ्चेन्द्रियविषयनिमित्तं पुत्रकलत्रसुवर्णादिस्नेहवत् वा यदकृत्रिमस्नेहकारणं तद्व्यवहारेण वात्सल्यं भण्यते । निश्चयवात्सल्यं पुनस्तस्यैव व्यवहारवात्सल्यगुणस्य सहकारित्वेन धर्मे दृढत्वे जाते सति मिथ्यात्वरागादिसमस्तशुभाशुभबहिर्भावेषु प्रीतिं त्यक्त्वा रागादिविकल्पोपाधिरहितपरमस्वास्थ्यसंवित्तिसंजातसदानन्दैकलक्षणसुखामृतरसास्वादे प्रीतिकरणं निश्चयवात्सल्यमिति ॥ ४२१ ॥ अथ प्रभावनागुणं गाथाद्वयेनाह—

जो दस-भेयं धम्मं[1] भव्व-जणाणं पयासदे विमलं ।
अप्पाणं पि पयासदि णाणेण पहावणा तस्स ॥ ४२२ ॥

[छाया—यः दशभेदं धर्मं भव्यजनानां प्रकाशयति विमलम् । आत्मानम् । अपि प्रकाशयति ज्ञानेन प्रभावना तस्य ॥] तस्य भव्यवरपुण्डरीकस्य प्रभावना प्रभावनाख्यगुणो भवति । तस्य कस्य । यः भव्यः भव्यजनानां भेदाभेदरत्नत्रयेण भवितुं स्वात्मोपलब्धिं प्राप्तुं योग्या भव्यास्ते च ते जनाः भव्यजनास्तेषां भव्यजनानां भव्यलोकानां भेदाभेदरत्नत्रये ज्ञापकानामग्रे दशभेदं धर्मम् उत्तमक्षमादिदशप्रकारं धर्मं प्रकाशयति प्रकटयति कथयति उपदेशयति । अपि पुनः ज्ञानेन भेदज्ञानेन कृत्वा निर्मलम् आत्मानं प्रकाशयति कर्ममलकलङ्करहितं शुद्धस्वरूपं परमात्मानं स्वस्वरूपं स्वयं स्वात्मानं प्रकटीकरोति । तथा भव्यलोकानामग्रे आत्मनः स्वरूपं प्रकाशयति इत्यर्थः ॥ ४२२ ॥

या धनकी सहायता देकर या शक्तिका प्रयोग करके अथवा किसी भी अन्य उपायसे जो उसे धर्ममें स्थिर किया जाता है उसे व्यवहारसे स्थितिकरण गुण कहते हैं । और मिथ्यात्व, राग वगैरह समस्त विकल्प जालको त्यागकर अपने आत्म स्वभावमें स्थिर होना निश्चयसे स्थितिकरण गुण है ॥४२०॥ अब वात्सल्य गुणको कहते हैं । **अर्थ**—जो सम्यग्दृष्टी जीव प्रियवचन बोलता हुआ अत्यन्त श्रद्धासे धार्मिकजनों में भक्ति रखता है तथा उनके अनुसार आचरण करता है उस भव्य जीवके वात्सल्य गुण कहा है **भावार्थ**—जैसे गाय अपने बच्चेसे स्वाभाविक प्रेम करती है वैसे ही रत्नत्रयके धारी चतुर्विध संघमें स्वाभाविक स्नेहका होना व्यवहारसे वात्सल्य गुण है । और व्यवहार वात्सल्य गुणके द्वारा धर्ममें दृढ़ता होनेपर मिथ्यात्व राग वगैरह समस्त अशुभ भावोंसे प्रीति छोड़कर परमानन्द स्वरूप अपने आत्मासे प्रीति करना निश्चयसे वात्सल्य गुण है ॥ ४२१ ॥ आगे दो गाथाओंसे प्रभावना गुणको कहते हैं । **अर्थ**—जो सम्यग्दृष्टी अपने ज्ञानके द्वारा भव्यजीवोंके लिये दश प्रकारके धर्मको

१ ब दसविह च धम्मं ।

जिण-सासण-माहप्पं बहु-विह-जुत्तीहि जो पयासेवि ।
तह तिव्वेण तवेण य पहावणा णिम्मला तस्स ॥ ४२३ ॥

[छाया-जिनशासनमाहात्म्यं बहुविधयुक्तिभिः यः प्रकाशयति । तथा तीव्रेण तपसा च प्रभावना निर्मला तस्य ॥] तस्य भव्यजनस्य प्रभावना प्रकर्षेण जिनशासनमाहात्म्यस्य भावना उत्साहेन प्रकटनं प्रभावनागुणो भवेत् । तस्य कस्य । यः भव्यः प्रकाशयति प्रकटयति । किम् । जिनशासनमाहात्म्य जिनशासनस्य जिनधर्मस्य महिमानं प्रकटयति । कैः कृत्वा । बहुविधयुक्तिभिः अनेकप्रकारत्रैविद्यविद्याकुशलत्वेन छन्दोऽलंकारव्याकरणसाहित्यतर्कागमाध्यात्मशास्त्रैश्च प्रकाशनैः समुद्द्योतनैः यात्राप्रतिष्ठाप्रासादोद्धरणजिनपूजानिर्मापणगीतनृत्यवादित्रकरणप्रमुखप्रकारैः च प्रकाशयति । तथा तीव्रेण तपसा च तीव्रेण दुःसाध्येन तपसा अनशनावमोदर्यादिकायक्लेशादिद्वादशविधतपश्चरणेन जिनशासनमुद्द्योतयतीत्यर्थः । तद्यथा । श्रावकेण दानपूजादिना तपोधनेन च पतःश्रुतादिना जैनशासनप्रभावना कर्तव्येति व्यवहारेण प्रभावनागुणो ज्ञातव्यः । निश्चयेन पुनस्तस्यैव व्यवहारप्रभावनागुणस्य बलेन मिथ्यात्वविषयकषायप्रभृतिसमस्तविभावपरिणामरूपपरसमयाना प्रभावं हत्वा शुद्धोपयोगलक्षणस्वयवेदनज्ञानेन विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावनिजशुद्धात्मनः प्रकाशनमनुभवनमेव निश्चयप्रभावनेति ॥ ४२३ ॥ अथ निःशङ्कितादिगुणानामाधारभूतं पुरुषं निरूपयति –

जो ण कुणवि पर-[1]तत्ति पुणु पुणु[2] भावेवि[3] सुद्धमप्पाणं ।
इंदिय-सुह-णिरवेक्खो[4] णिस्संकाई गुणा तस्स ॥ ४२४ ॥

[छाया-यः न करोति परतात्तिं पुनःपुनः भावयति शुद्धमात्मानम् । इन्द्रियसुखनिरपेक्षः निःशङ्कादयः गुणाः तस्य ॥] तस्य भव्यवरपुण्डरीकस्य निःशङ्काद्यष्टगुणा भवन्ति । तस्य कस्य । यः पुमान् न करोति न विदधाति । काम् । परतात्तिं परेषा निन्दा परदोषाभाषणं परापवाद न विदधाति न भाषते । तथा पुनः बारंवारं मुहुर्मुहुः भावयति ध्यायति चिन्तयति

प्रकाशित करता है, तथा अपने आत्माको भी (इस प्रकारके धर्मसे) प्रकाशित करता है उसके प्रभावना गुण होता है ॥ ४२२ ॥ **अर्थ**—जो सम्यग्दृष्टी अनेक प्रकारकी युक्तियोंके द्वारा तथा महान् दुर्द्धर तपके द्वारा जिन शासनका माहात्म्य प्रकाशित करता है उसके निर्मल प्रभावनागुण होता है ॥ **भावार्थ**—अनेक प्रकारकी युक्तियोंके द्वारा मिथ्यावादियोंका निराकरण करके अथवा अनेक प्रकारके शास्त्रोंकी रचना करके या जिनपूजा, प्रतिष्ठा, यात्रा वगैरहका, आयोजन करके अथवा घोर तपश्चरण करके लोकमें जैन धर्मका महत्त्व प्रकट करना व्यवहारसे प्रभावनागुण है । और उसी व्यवहार प्रभावनागुणके बलसे मिथ्यात्व, विषयकषाय वगैरह समस्त विभाव परिणामोंके प्रभावको हटाकर शुद्धोपयोगरूप स्वसंवेदनके द्वारा विशुद्ध ज्ञान दर्शन स्वरूप अपनी आत्माका अनुभव करना निश्चय प्रभावनागुण है ॥ ४२३ ॥ आगे बतलाते हैं कि निःशंकित आदि गुण किसके होते हैं । **अर्थ**—जो पुरुष पराई निन्दा नहीं करता और वारंवार शुद्ध आत्माको भाता है तथा इन्द्रिय सुखकी इच्छा नहीं करता उसके निःशङ्कित आदि गुण होते हैं ॥ **भावार्थ**—यहां तीन विशेषण देकर यह बतलाया है कि जिसमें ये तीनों बातें होती हैं उसीमें निःशंकित आदि गुण पाये जाते हैं । इसका खुलासा इस प्रकार है—जो पुरुष दूसरोंकी निन्दा करता है उसके निर्विचिकित्सा, उपगूहन, स्थितिकरण और वात्सल्य नामके गुण नहीं हो सकते, क्यों कि बुरे अभिप्रायसे किसीके दोषोंको प्रकट करनेका नाम निन्दा है । अतः जो निन्दक है वह उक्त गुणोंका पालक कैसे हो सकता है ? तथा जो अपनी शुद्ध

१ ब तत्ती । २ म स पुण पुण (?) । ३ ब भावेइ । ४ म णिरविक्खो ।

अनुभवति । कम् । शुद्धम् आत्मानं द्रव्यभावनोकर्ममलरहितं शुद्धं शुद्धचिद्रूपं भावयति । कीदृक्षः सन् । इन्द्रियसुखनिरपेक्षः इन्द्रियाणां स्पर्शन दीनां सुखतः शर्मणः निर्गता अपेक्षा वाञ्छा यस्य स तथोक्तः पञ्चेन्द्रियविषयवाञ्छारहितः ॥ ४२४ ॥ क्व क्व निःशङ्कितत्वमित्युक्ते चाह—

णिस्संका-पहुडि-गुणा जह धम्मे तह य देव-गुरु-तच्चे[1] ।
जाणेहि जिण-मयादो सम्मत्त-विसोहया[2] एदे ॥ ४२५ ॥

[छाया–निःशङ्काप्रभृतिगुणाः यथा धर्मे तथा च देवगुरुतत्त्वे । जानीहि जिनमतात् सम्यक्त्वविशोधकाः एते ॥] यथा येनैव प्रकारेण धर्मे उत्तमक्षमामार्दवार्जवसत्यशौचसंयमतपस्त्यागाकिंचन्यब्रह्मचर्यलक्षणे धर्मे दशप्रकारे व्यवहारनिश्चयरत्नत्रये धर्मे वा निःशङ्काप्रभृतिगुणा इति । निःशङ्कित १ निःकांक्षित २ निर्विचिकित्साऽ ३ मूढदृष्टि४ सोपगूहन ५ स्थितिकरण ६ वात्सल्य ७ प्रभावनागुणाः भवन्ति । तथा तेनैव प्रकारेण देवगुरुतत्त्वेषु तान् गुणान् जानीहि । देवे अष्टादशदोषरहितवीतरागसर्वज्ञदेवेऽष्टौ निःशङ्कितादिगुणान् त्वं भो भव्य जानीहि । तथा गुरौ निर्ग्रन्थाचार्ये चतुर्विंशतिपरिग्रहपरित्यक्तदिगम्बरगुरौ तान् निःशङ्कितायष्टौ गुणान् जानीहि । तथा तत्त्वेषु जीवाजीवास्रवबन्धसंवरनिर्जरामोक्षेषु सप्तसु पुण्यपापद्वयसहितनवपदार्थेषु जीवाजीवधर्माधर्मकालाकाशेषु षट्सु द्रव्येषु पञ्चास्तिकायेषु व्रततप. संयमसम्यक्त्वादिषु च निःशङ्किताद्यष्टगुणान् जानीहि । किं बहुना जिनोक्तसर्वपदार्थेषु शङ्कादयो न कर्तव्याः। जिनोक्तंकाक्षरार्थपदश्लोकादिषु शङ्कादिकं करोति तदा मिथ्यादृष्टिः स्यात् । कुतः । जिनमतात् जिनवचनात् सर्वज्ञवीतरागोपदेशात् जिनशासनमाश्रित्य । अतः एते निःशङ्कितादयो गुणाः सम्यक्त्वविशुद्धिकराः सम्यग्दर्शनस्य विशुद्धिकरा निर्मलकरा । अत्राञ्जनचोरादिकथा ज्ञातव्याः ॥ ४२५ ॥ युग्मम् ॥ अथ धर्मस्य ज्ञातृत्वकर्तृत्वदुर्लभत्वं व्यनक्ति—

आत्माको भाता है उसीके निःशंकित, अमूढ दृष्टि, प्रभावना नामके गुण हो सकते हैं; क्योंकि जिसको आत्माके स्वरूपमें सन्देह है और जिसकी दृष्टि मूढ है वह अपनी व आत्माकी बारम्बार भावना नहीं कर सकता । तथा जिसके इन्द्रियसुखकी चाह नहीं है उसीके निःकांक्षित गुण होता है, अतः जिनके इंद्रिय सुखकी चाह है उसके निःकांक्षित गुण नहीं होता । इस तरह उक्त तीन विशेषणोंवालेके ही आठों गुण होते हैं ॥ ४२४ ॥ आगे बतलाते हैं कि निःशंकित आदि गुण कहां कहां होने चाहिये **अर्थ–**ये निःशंकित आदि आठ गुण जैसे धर्मके विषयमें कहे वैसे ही देव गुरु और तत्त्वके विषयमें भी जैन आगमसे जानने चाहिये । ये आठों गुण सम्यग्दर्शनको विशुद्ध करते हैं ॥ **भावार्थ–**ऊपर उत्तम क्षमा आदि दस धर्मोंके विषयमें निशंकित गुणोंको बतलाया है। आचार्य कहते हैं कि उसीप्रकार अठारह दोष रहित वीतराग सर्वज्ञ देवके विषयमें, चौबीस प्रकारकी परिग्रह से रहित दिगम्बर गुरुओंके विषयमें, तथा जिन भगवानके द्वारा कहे हुए जीव अजीव आस्रव बन्ध संवर निर्जरा मोक्ष इन सात तत्त्वोंमें और इन्हींमें पुण्य पापको मिलानेसे हुए नौ पदार्थोंमें व जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल इन छै द्रव्योंमें भी निःशंकित आदि गुणोंका होना जरूरी है । अर्थात् सम्यग्दृष्टीको देव गुरु और तत्त्वके विषयमें शंका नहीं करनी चाहिये, उनकी यथार्थश्रद्धाके बदलेमें इन्द्रिय सुखकी काँक्षा (चाह) नहीं करनी चाहिये, उनके विषयमें ग्लानिका भाव नहीं रखना चाहिये, उनके विषयमें अपनी दृष्टि मूढ़ताको लिये हुए नहीं होनी चाहिये, उनके दोषोंको दूर करनेका प्रयत्न करना चाहिये, उनके विषयमें अपना मन विचलित होता हो तो उसे स्थिर करना चाहिये, उनमें सदा वात्सल्य भाव रखना चाहिये, और उनके महत्त्वको प्रकट करते रहना चाहिये । इन गुणोंको धारण करने से सम्यग-

---

१ ग तह देव । २ ब विसोहिया ।

धम्मं ण मुणदि जीवो[1] अहवा जाणेइ कह व कट्ठेण ।
काउं तो वि ण सक्कादि मोह-पिसाएण भोलविदो ॥ ४२६ ॥

[छाया-धर्मं न जानाति जीवः अथवा जानाति कथमपि कष्टेन । कर्तुं ततः अपि न शक्नोति मोहपिशाचेन भ्रामितः ॥] जीव आत्मा धर्मं श्रावकयतिभेदभिन्नं धर्मं जिनोक्तं न जानाति तत्स्वरूपं न वेत्ति । अथवा कथमपि केनापि प्रकारेण महता कष्टेन दुःखेन धर्मं जानाति चेत् तो वि तर्हि तथापि कर्तुं धर्मम् आचरितुं न शक्नोति । कीदृक् सन् जीवः । मोहपिशाचेन भ्रामितः, मोह एव पिशाचः राक्षसः प्रतारकत्वात् तेन भ्रामितः प्रतारितः छलितः मोहनीयकर्मपिशाचेन गृहीतः विकलीकृतः ग्रथिल इत्यर्थः ॥ ४२६ ॥ अथ सोपहासं दृष्टान्तेन धर्मकर्तृत्वेन धर्मदुर्लभत्वं विवृणोति—

जह जीवो कुणइ रइं[2] पुत्त-कलत्तेसु काम-भोगेसु[3] ।
तह जइ जिणिंद-[4]-धम्मे तो लीलाए सुहं लहदि ॥ ४२७ ॥

[छाया-यथा जीवः करोति रतिं पुत्रकलत्रेषु कामभोगेषु । तथा यदि जिनेन्द्रधर्मे तत् लीलया सुखं लभते ॥] यथा येनैव प्रकारेण उदाहरणोपन्यासे वा जीवः जन्तुः संसारी पुत्रकलत्रेषु रतिं करोति, तनुजकामिनीजनकजननी-भ्रातृबन्धुमित्रभृत्यादिषु रागं प्रीतिं स्नेहं विदधाति । यथा जीवः कामभोगेषु कन्दर्पसुखेषु भोगेषु पञ्चेन्द्रियाणां विषयेषु धनधान्यमन्दिरवस्त्राभरणादिषु च रतिं करोति तथा तेनैव पुत्रकलत्रकामभोगप्रकारेण यदि जिनेन्द्रधर्मे जिनवीतराग-सर्वज्ञोक्तधर्मे रतिं रागं प्रीतिं स्नेहं करोति चेत् तर्हि लीलया क्रीडया हेलामात्रेण सुखेन सुखं स्वर्गमोक्षोद्भवं सौख्यं लभते प्राप्नोति । तथा चोक्तं च । "जा दब्वे होइ मई अहवा तरुणीसु रूववंतीसु । सा जइ जिणवरधम्मे करयल-मज्झट्ठिया सिद्धी ॥" इति ॥ ४२७ ॥ अथ लक्ष्म्याः वाञ्छादरः सुलभ इत्यावेदयति—

दर्शन निर्मल होता है । इन गुणोंके धारक अञ्जनचोर वगैरहकी कथा जैनशास्त्रोंमें वर्णित है वहांसे जानलेनी चाहिये ॥ ४२५ ॥ आगे कहते हैं कि धर्मको जानना और जानकर भी उसका आचरण करना दुर्लभ हैं । **अर्थ**-प्रथम तो जीव धर्मको जानता ही नहीं है, यदि किसी प्रकार कष्ट उठाकर उसे जानता भी है, तो मोहरूपी पिशाचके चक्करमें पड़कर उसका पालन नहीं कर सकता ॥ **भावार्थ**-अनादिकालसे संसारमें भटकते हुए जीवको सच्चे धर्मका ज्ञान होना बहुत ही कठिन है, क्यों कि एकेन्द्रिय, दोइन्द्रिय, तेइन्द्रिय, चौइन्द्रिय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रियकी पर्यायमें तो हित-अहितको समझनेकी शक्ति ही नहीं होती । सैनी पञ्चेन्द्रिय पर्यायमें भी यदि नारकी या पशु हुआ तो नरकगति और पशुगतिके दुःखोंसे सदा आकुल रहता है । और यदि कदाचित् मनुष्य या देव हुआ तो प्रथम तो भोग विलासमें ही अपना जीवन बितादेता है । यदि काललब्धिके आजानेसे धर्मको जान भी लेता है तो स्त्री-पुत्रके मोहमें पड़कर धर्मका आचरण नहीं करता ॥ ४२६ ॥ आगे दृष्टान्तके द्वारा मोही जीवका उपहास करते हुए धर्मका माहात्म्य बतलाते हैं। **अर्थ**-जैसे यह जीव स्त्री पुत्र वगैरहसे तथा कामभोगसे प्रेम करता है वैसे यदि जिनेन्द्र भगवानके द्वारा कहे हुए धर्मसे प्रीति करे तो लीलामात्रसे ही सुखको प्राप्त कर सकता है ॥ **भावार्थ**-आचार्य कहते हैं कि स्त्री, पुत्र, माता, पिता, भाई, बन्धु, मित्र आदि कुटुम्बी जनोंसे तथा धन, धान्य, मकान, वस्त्र, अलंकार आदि परिग्रहसे व कामभोगसे यह जीव जितना प्रेम करता है वैसा प्रेम यदि वीतराग सर्वज्ञके द्वारा कहे हुए धर्मसे करे तो उसे

---

१ म जीओ । २ ब (?) म स रई । ३ ब भोएसु । ४ प जिणंद ।

लच्छिं[1] वंछेइ णरो णेव सुधम्मेसु आयरं[2] कुणइ ।
बीएण विणा कत्थ वि किं दीसदि[3] सस्स-णिप्पत्ती ॥ ४२८ ॥

[छाया-लक्ष्मीं वाञ्छति नरः नैव सुधर्मेषु आदरं करोति । बीजेन विना कुत्र अपि किं दृश्यते सस्यनिष्पत्तिः ॥] नरः पुमान् जनो वा लक्ष्मी वाञ्छति अश्वगजरथपदातिधनधान्यसुवर्णरत्नादिसंपदाम् इन्द्रधरणेन्द्रचक्रवर्त्यादिविभवं वा ईहते आकाङ्क्षति अभिलषति । सुधर्मेषु पूर्वापरविरोधरहितजिनकथितवृषेषु यतिश्रावकभेदभिन्नधर्मेषु नरः जनः आदरम् उद्यमम् अनुष्ठानं नैव कुरुते विदधाति नैव । धर्मं विना ता लक्ष्मी कथं लभते इत्यत्रोदाहरणेन दृष्टान्तेन युनक्ति । कत्थ वि कुत्रापि धान्यनिष्पत्तिक्षेत्रकेदारभूम्यादौ बीजेन विना व्रीहिगोधूमचणकमुद्गयवादिधान्यवपनं विना सस्यनिष्पत्तिः धान्योत्पत्तिः व्रीह्यादिसमुद्भवः किं दृश्यते अवलोक्यते किम्, अपि तु न, तथा धर्मं विना संपदा न दृश्यते । तथा च । "तं पुण्णह अहिणाणु ज गहिलाण वि रिद्धडी । तं पावह परिणामु जं गुणवंतह भिक्खडी" ॥ ४२८ ॥ अथ धर्मस्थो जीवः किं किं करोतीति गाथाद्वयेनाह—

जो धम्मत्थो जीवो सो रिउ-वग्गे वि कुणइ खम-भावं ।
ता पर-दव्वं वज्जइ जणणि-समं गणइ पर-दारं[4] ॥ ४२९ ॥

[छाया-यः धर्मस्थः जीवः स रिपुवर्गे अपि करोति क्षमाभावम् । तावत् परद्रव्यं वर्जयति जननीसमं गणयति परदारान्] स जीवः करोति । कम् । क्षमाभावं क्षान्तिपरिणामं क्रोधादिकषायाणामुपशान्तिम् । क्व । रिपुवर्गे शत्रुसमूहे यः क्षमाभावं करोति, अपिशब्दात् मित्रस्वजनादिवर्गे । स कः । यः धर्मस्थः धर्मे पूर्वोक्तदशलाक्षणिके वृषे तिष्ठतीति धर्मस्थः, यावत् जिनधर्मे स्थितः जीवः ता तावत्कालं परद्रव्यं वर्जयति परेषां रत्नसुवर्णमणिमाणिक्यधनधान्यवस्त्रादिकं वस्तु परिहरति । तथा परदारान् परेषां युवतीः जननीसमाः मातृतुल्याः स्वसृसमानाः सदृशाः गणयति मनुते जानाति ॥ ४२९ ॥

अनायासही स्वर्ग और मोक्षका सुख प्राप्त हो सकता है। कहा भी है-धनसम्पत्तिमें तथा रूपवती तरुणियोंमें तेरी जैसी रुचि है वैसी रुचि यदि जिनवर भगवानके कहे हुए धर्ममें हो तो मुक्ति तेरी हथेली पर रक्खी हुई है ॥ ४२७ ॥ आगे कहते हैं कि लक्ष्मीको चाहना सुलभ है किन्तु धर्मके बिना उसकी प्राप्ति सुलभ नहीं है । **अर्थ**–यह जीव लक्ष्मीको तो चाहता है किन्तु सुधर्मसे प्रीति नहीं करता। क्या कहीं बिना बीजकेभी धान्यकी उत्पत्ति देखी गई है ?॥ **भावार्थ**–घोड़ा, हाथी,रथ,धन,धान्य,सुवर्ण, वगैरह सम्पदाकी तथा इन्द्र, धरणेन्द्र और चक्रवर्ती वगैरहके वैभवकी तो यह जीव इच्छा करता है, किन्तु सच्चे धर्मको पालन करना नहीं चाहता । ऐसी स्थितिमें धर्मके बिना उस लक्ष्मीको वह कैसे प्राप्त कर सकता है ? क्या कहीं बिना बीजके गेहूँ, चना, मूंग, उड़द वगैरह पैदा होता देखा गया है ? अतः जैसे बिना बीजके धान्य पैदा नहीं होता वैसेही बिना धर्म किये लक्ष्मीकी प्राप्ति नहीं हो सकती है ॥ ४२८ ॥ आगे धर्मात्मा जीव क्या २ करता है यह दो गाथाओंसे बतलाते हैं । **अर्थ**–जो जीव धर्मका आचरण करता है, वह शत्रुओंपर भी क्षमा भाव रखता है, पराये द्रव्यको ग्रहण नहीं करता, और पराई स्त्रीको माताके समान मानता है ॥ **भावार्थ**–धर्मात्मा जीव अपने मित्र वगैरह स्वजनोंकी तो बातही क्या, अपने शत्रुओंपर भी क्रोध नहीं करता । तथा पराये रत्न, सुवर्ण, मणि, मुक्ता और धन धान्य वस्त्र वगैरहको पानेका प्रयत्न नहीं करता। और दूसरोंकी स्त्रियोंपर कभी कुदृष्टि नहीं डालता, उन्हें अपनी माता और बहिनके तुल्य समझता है ॥ ४२९ ॥

---

१ ब लच्छी । २ ग आइरं । ३ ब दीसइ । ४ ब (?) म परयारं ।

ता सव्वत्थ वि कित्ती ता सव्वत्थ[1] वि हवेइ[2] वीसासो ।
ता सव्वं पिय भासइ ता सुद्धं माणसं कुणइ[3] ॥ ४३० ॥

[छाया–तावत् सर्वत्र अपि कीर्तिः तावत् सर्वत्र अपि भवति विश्वासः । तावत् सर्वं प्रियं भाषते तावत् शुद्धं मानसं करोति ॥] यावत्कालं जिनधर्मः यस्य जीवस्य भवति तावत्कालं सर्वत्रापि अधोमध्योर्ध्वलोके तस्य जीवस्य कीर्तिः यशः महिमा ख्यातिः स्यात् । अपि पुनः ता तावत्कालं तस्य धर्मवतः पुंसः सर्वस्यापि समस्तत्रैलोक्यजनस्य, अपिशब्दात् स्वकीयस्य, विश्वासः विश्रम्भः प्रतीतिः स्यात् । ता तावत् सर्वं प्रियं हितकारकं भाषते । सर्वलोकः तं धर्मवन्तं प्रति प्रियहितमितमधुरकर्णप्रियवचनं भाषते । स धर्मवान् जीवः सर्वान् प्रति हितमितमधुरादिवाक्यं वक्तीत्यर्थः । ता तावत्कालं तस्य धर्मवतः मानसं चित्तं शुद्धं निर्मलं करोति परेषां मानसं सधर्मः सन् शुद्धं करोतीत्यर्थः ॥४३०॥ अथ धर्ममाहात्म्यं गाथाचतुष्केनाह—

उत्तम-धम्मेण जुदो होदि तिरिक्खो वि उत्तमो देवो ।
चंडालो वि सुरिंदो उत्तम-धम्मेण संभवदि[4] ॥ ४३१ ॥

[छाया–उत्तमधर्मेण युतः भवति तिर्यक् अपि उत्तमः देवः । चण्डालः अपि सुरेन्द्रः उत्तमधर्मेण संभवति ॥ ॥ तिर्यग्जीवः गोगजाश्वसिंहव्याघ्रशृगालकुर्कुरकुर्कुटदर्दुरादिप्राणी । कथंभूतः । उत्तमधर्मेण युक्तः सन्, सम्यक्त्वव्रतादिपञ्चनमस्कारदानपूजादिभावनादिलक्षणधर्मेण सहितः तिर्यक् उत्तमदेवो भवति सौधर्मस्वर्गाद्यच्युतस्वर्गनिवासी देवो जायते । सम्यक्त्वं विना व्रतादिना युक्तः तिर्यग्जीवः भवनवासी देवो व्यन्तरदेवो वा ज्योतिष्कदेवो वा जायते । अपिशब्दात् उत्तमधर्मेण युक्तः मनुष्यः उत्तमदेवो भवति । श्रावकधर्मेण सहितः गृहस्थः सौधर्माद्यच्युतान्तकल्पवासी देवः इन्द्रप्रतीन्द्रसामानिकादिको जायते । यतिधर्मेण युतः सौधर्मादिसर्वार्थसिद्धिपर्यन्तनिवासी उत्तमदेवो जायते, सकलकर्मक्षयं कृत्वा सिद्धोऽपि जायते । तथा उत्तमधर्मेण जिनोक्तधर्मेण सम्यक्त्वाणुव्रतादिलक्षणेन कृत्वा चाण्डालो मातङ्गः उत्तमदेवः सुरेन्द्रः प्रतीन्द्रसमानिको वा संभवति जायते । के के नराः । तिर्यञ्चश्च क्व क्वोत्कृष्टेन जायन्ते चेत्, त्रैलोक्यसारे प्रोक्तं च

अर्थ–धर्मात्मा पुरुषकी सब जगह कीर्ति होती है, सब लोग उसका विश्वास करते हैं, वह सबके प्रति प्रिय वचन बोलता है, और अपने तथा दूसरोंके मनको शुद्ध करता है ॥ **भावार्थ**–धर्मात्मा जीवका सब लोकोंमें यश फैल जाता है कि अमुक मनुष्य बड़ा सन्तोषी और सच्चा है, वह किसीकी वस्तुको नहीं हड़पता। इससे सब लोग उसका विश्वास करने लगते हैं। वह सबसे हितकारी मीठे वचन बोलता है, और सब लोग भी उससे मीठे वचन बोलते हैं। वह अपना मन साफ रखता है किसीका बुरा नहीं सोचता। इससे सब लोगभी उसके प्रति अपना मन साफ रखते हैं। कभी उसका बुरा नहीं चाहते। अतः धर्मात्मा जीव धर्मका पालन करनेसे केवल अपना ही भला नहीं करता किन्तु दूसरोंका भी भला करता है ॥ ४३० ॥ आगे चार गाथाओंसे धर्मका माहात्म्य बतलाते हैं। **अर्थ**–उत्तम धर्म युक्त तिर्यञ्च भी उत्तम देव होता है। तथा उत्तम धर्मसे युक्त चाण्डाल भी सुरेन्द्र होजाता है ॥ **भावार्थ**–सम्यक्त्व व्रत, पंच नमस्कार मंत्र, दान, पूजा आदि उत्तम धर्मका पालन करनेसे गाय, बैल, हाथी, घोड़ा, सिंह, व्याघ्र, शृगाल, कुत्ता, मुर्गा, मेंढक आदि प्राणि भी मरकर उत्तम देवपद पाते हैं। अर्थात् यदि वे सम्यग्दृष्टि होते हैं तो मरकर सौधर्म स्वर्गसे लेकर सोलहवें अच्युत स्वर्गतक जन्म लेते हैं। और यदि सम्यग्दर्शनके विना व्रतादिका पालन करते हैं तो मरकर भवनवासी, व्यन्तर अथवा ज्योतिष्क जातिके

१ ल म स ग सव्वस्स । २ ल ग हवइ । ३ ल म स ग कुणई । ४ ब संभवइ ।

"णरतिरिय देसअयदा उक्कस्सेणच्चुदो त्ति णिग्गथा । णर अयददेसमिच्छा गेवेज्जंतो त्ति गच्छंति ॥ सव्वट्ठो त्ति सुदिट्ठी महव्वई मोगभूमिजा सम्मा । सोहम्मदुगं मिच्छा भवणतियं तावसा य वरं ॥ चरया य परिव्वाजा बम्होत्तरपदो त्ति आजीवा । अणुदिसजणुत्तरादो चुदा ण केसवपदं जंति ॥" त्ति । तथा चोक्तं च । "प्रापद्दैवं तव नुतिपदैर्जीवकेनोपदिष्टैः, पापाचारी मरणसमये सारमेयोऽपि सौख्यम् । क संदेहो यदुपलभते वासवश्रीप्रभुत्वं, जल्पन् जाप्यैर्मणिभिरमलैस्त्वन्नमस्कारचक्रम् ॥" "अर्हच्चरणसपर्यामहानुभावं महात्मनामवदत् । भेकः प्रमोदमत्तः कुसुमेनैकेन राजगृहे ॥" तथा । "धर्मः सर्वसुखाकरो हितकरो धर्मं बुधाश्चिन्वते, धर्मेणैव समाप्यते शिवसुखं धर्माय तस्मै नमः । धर्मान्नास्ति परः सुहृद् भवभृतां धर्मस्य मूलं दया, धर्मे चित्तमहं दधे प्रतिदिनं हे धर्म मां पालय ॥" "सुकुलजन्मविभूतिरनेकधा प्रियसमागमसौख्यपरंपरा। नृपकुले गुरुता विमलं यशो भवति धर्मतरोः फलमीदृशम् ॥" इति ॥ ४३१ ॥

देव होते हैं। गाथामें आये हुए 'वि' शब्दसे इतना अर्थ और लेना चाहिये कि उत्तम धर्मसे युक्त मनुष्य मरकर उत्तम देव होता है। अर्थात् श्रावकधर्मका पालन करनेवाला मनुष्य मरकर सौधर्म स्वर्गसे लेकर अच्युत स्वर्ग पर्यन्त इन्द्र, प्रतीन्द्र, सामानिक आदि जातिका कल्पवासी देव होता है। तथा मुनिधर्मका पालक मनुष्य मरकर सौधर्मस्वर्गसे लेकर सर्वार्थसिद्धि पर्यन्त जन्म लेता है। अथवा सकल कर्मोंको नष्ट करके सिद्धपदको प्राप्त करता है। तथा सम्यक्त्व व्रत आदि उत्तम धर्मका पालक चाण्डाल भी मरकर उत्तम देव होजाता है। कौन २ मनुष्य और तिर्यञ्च मरकर उत्कृष्टसे कहां २ उत्पन्न होते हैं, इसका वर्णन त्रिलोकसारमें इस प्रकार किया है-'देशव्रती और असंयतसम्यग्दृष्टी मनुष्य और तिर्यञ्च मरकर अधिकसे अधिक सोलहवें स्वर्ग तक जन्म लेते हैं। द्रव्यलिंगी, किन्तु भावसे असंयत सम्यग्दृष्टी अथवा देशव्रती अथवा मिथ्यादृष्टी मनुष्य ग्रैवेयक तक जन्म लेते हैं॥ सम्यग्दृष्टी महाव्रती मरकर सर्वार्थसिद्धि तक जन्म लेते हैं। सम्यग्दृष्टी भोगभूमिया जीव मरकर सौधर्मयुगलमें जन्म लेते हैं और मिथ्यादृष्टि भोगभूमिया जीव मरकर भवनत्रिकमें जन्म लेते हैं। तथा उत्कृष्ट तापसी भी मरकर भवनत्रिकमें जन्म लेते हैं॥ नंगे तपस्वी और परिव्राजक ब्रह्मोत्तर स्वर्ग तक जन्म लेते हैं। आजीवक सम्प्रदायवाले अच्युत स्वर्ग तक जन्म लेते हैं। अनुदिश और अनुत्तरोंसे च्युत हुए जीव नारायण प्रतिनारायण नहीं होते॥" वादिराजसूरिने एकीभावस्तोत्रमें नमस्कार मंत्रका माहात्म्य बतलाते हुए कहा है-'हे जिनवर, मरते समय जीवन्धके द्वारा सुनाये गये आपके नमस्कार महामंत्रके प्रभावसे पापी कुत्ता भी मरकर देव गतिके सुखको प्राप्त हुआ। तब निर्मल मणियोंके द्वारा नमस्कार मंत्रका जप करने वाला मनुष्य यदि इन्द्रकी सम्पदाको प्राप्त करे तो इसमें क्या सन्देह है।' स्वामी समन्त भद्रने जिनपूजाका माहात्म्य बतलाते हुए श्री रत्नकरंडश्रावकाचारमें कहा है-'राजगृही नगरीमें आनन्दसे मत्त होकर भगवान महावीरकी पूजाके लिये एक फूल लेकर जाते हुए मेंढकने महात्माओंको भी बतला दिया कि अर्हन्त भगवानके चरणोंकी पूजाका क्या माहात्म्य है॥" धर्मका माहात्म्य बतलाते हुए किसी कविने कहा है-"धर्म सब सुखोंकी खान है और हित करने वाला है। (इसीसे) बुद्धिमान लोग धर्मका संचय करते हैं। धर्मसे ही मोक्ष सुखकी प्राप्ति होती है। उस धर्मको नमस्कार हो। संसारी प्राणियोंका धर्मसे बढ़कर कोई मित्र नहीं। धर्मका मूल दया है। अतः मैं प्रतिदिन अपना चित्त धर्ममें लगाता हूँ। हे धर्म मेरी रक्षा कर॥" और भी कहा है—अच्छे कुलमें जन्म, अनेक प्रकारकी विभूति, प्रिय जनोंका समागम, लगातार सुखकी प्राप्ति राजदरानेमें आदर सन्मान और निर्मल यश,

अग्गी वि य होवि हिमं होदि भुयंगो वि उत्तमं रयणं ।
जीवस्स सुधम्मादो देवा वि य किंकरा होंति[1] ॥ ४३२ ॥

[छाया-अग्निः अपि च भवति हिमं भवति भुजङ्गः अपि उत्तम रत्नम् । जीवस्य सुधर्मात् देवाः अपि च किङ्करा भवन्ति ॥] जीवस्यात्मनः सुधर्मात् श्रीजिनसर्वज्ञवीतरागोक्तयतिश्रावकधर्मात्, अपि च विशेषे, अग्निः वैश्वानरः हिमं शीतलो भवति । भुजङ्गोऽपि उत्तमं रत्नम् अनर्घ्यो मणिर्भवति । महाविषधरकृष्णसर्पः रत्नमाला पुष्पमाला च भवति । तथा च पुनर् देवाः भवनव्यन्तरज्योतिष्ककल्पवासिनः सुराः किंकराः सेवका भृत्या भवन्ति । अपिशब्दात् मानवाः किंकरा भवन्ति । उक्तं च । "धम्मो मंगलमुक्किट्ठं अहिंसा संजमो तवो । देवा वि तस्स पणमंति जस्स धम्मे सया मणो ॥" इति ॥ ४३२ ॥

तिक्खं खग्गं माला दुज्जय-रिउणो सुहंकरा सुयणा[2] ।
हालाहलं पि अमियं महावया संपया होवि ॥ ४३३ ॥

[छाया-तीक्ष्णः खड्गः माला दुर्जयरिपवः सुखंकराः सुजनाः । हालाहलम् अपि अमृतं महापदा संपदा भवति ॥] धर्मस्य माहात्म्येन धर्मवतः पुंस इति सर्वत्र संबन्धनीयम् । तीक्ष्णः शितः खड्गः असिः माला पुष्पस्रग्भवति । तथा दुर्जयरिपवः दुःसाध्यशत्रवः सुखकराः सुखसाधकाः सुजनाः सज्जना उत्तमपुरुषाः स्वपरहितकारकाः स्वकीयजना वा जायन्ते । तथा हालाहलं तात्कालिकमरणकारिविषं कालकूटविषम् अमृत सुधा जायते । तथा महापदा महत्कष्टं संपदा संपत्तिर्भवति ॥ ४३३ ॥

अलिय-वयणं पि सच्चं उज्जम-रहिए[3] वि लच्छि-संपत्ती ।
धम्म-पहावेण णरो अणओ वि सुहंकरो होवि ॥ ४३४ ॥

[छाया-अलीकवचनम् अपि सत्यम् उद्यमरहिते अपि लक्ष्मीसंप्राप्तिः । धर्मप्रभावेण नरः अनयः अपि सुखंकरः भवति ॥] तथापि निश्चितं धर्मप्रभावेण श्रीजिनधर्ममाहात्म्यात् धर्मवतः पुंसः अलीकवचनं कार्यात् कारणाद्वा रागद्वेषाद्वा

ये सब धर्मरूपी वृक्षके सुफल हैं ॥ ४३१ ॥ **अर्थ**-उत्तम धर्मके प्रभावसे अग्नि शीतल हो जाती है, महा विषधर सर्प रत्नोंकी माला होजाती है; और देव भी दास हो जाते हैं ॥ ४३२ ॥ **अर्थ**-उत्तम धर्मके प्रभावसे तीक्ष्ण तलवार माला हो जाती है, दुर्जय शत्रु सुख देने वाले आत्मीय जन बन जाते हैं, तत्काल मरण करने वाला हालाहल विष भी अमृत हो जाता है, तथा बड़ी भारी आपत्ति भी संपदा हो जाती है ॥ ४३३ ॥ **अर्थ**-धर्मके प्रभावसे जीवके झूंठ वचन भी सच्चे हो जाते हैं, उद्यम न करनेवाले मनुष्यको भी लक्ष्मीकी प्राप्ति हो जाती है, और अन्याय भी सुखकारी हो जाता है ॥ **भावार्थ**-आशय यह है कि यदि जीवने पूर्वभवमें धर्मका पालन किया है तो उसके प्रभावसे उसकी झूंठी बात भी सच्ची हो जाती है, विना परिश्रम किये भी सम्पत्ति मिल जाती है और अन्याय करते हुए भी वह सुखी रहता है । किन्तु इसका यह मतलब नहीं है कि अन्याय करने का फल उसे नहीं मिलता या झूंठ बोलना और अन्याय करना अच्छा है बल्कि धर्मके प्रभावसे अन्याय भी न्यायरूप हो जाता है । धर्मका प्रभाव बतलाते हुए किसी कविने भी कहा है—'जो लोग धर्मका आचरण करते हैं, उनपर सिंह, सर्प, जल, अग्नि, आदि के द्वारा आई हुई विपत्तियां नष्ट हो जाती हैं, सम्पत्तियाँ प्राप्त

१ म होदि । २ ब ग ल सुहंकरो सुयणो । ३ म रहिये ।

केनापि असत्यवचनं मुख्यम् अलीकम् आलं वस्त सत्यं जायते, दिव्यादिकेन शपथेन सत्यो नरो जायते। उद्यमरहितेऽपि पुंसि धर्मप्रभावात् लक्ष्मीः संपत्तिः संपदा नानाविधा भवति। धर्मप्रभावेण वृषमाहात्म्येन नरः अनयोऽपि न्यायरहितः अन्यायी अन्यो वा शुभंकरः सुखंकरो वा हितकारको भवतीत्यर्थः। "व्याघ्रव्यालजलानलादिविपदस्तेषां व्रजन्ति क्षयं, कल्याणानि समुल्लसन्ति विबुधाः सांनिध्यमध्यासते। कीर्तिः स्फूर्तिमियर्ति यात्युपचयं धर्मः प्रणश्यत्यघम्, स्वर्निर्वाणसुखानि संनिदधते ये शीलमाबिभ्रते॥" तोयत्यग्निरपि स्रजत्यहिरपि व्याघ्रोऽपि सारङ्गति, व्यालोऽप्यश्वति पर्वतोऽप्युपलति क्ष्वेडोऽपि पीयूषति। विघ्नोऽप्युत्सवति प्रियत्यरिरपि क्रीडातडागत्यपां, नाथोऽपि स्वगृहत्यटव्यपि नृणां धर्मप्रभावाद् ध्रुवम्॥" इति॥ ४३४॥ अथ धर्मरहितस्य निन्दां गाथात्रयेण दर्शयति—

देवो वि धम्म-चत्तो मिच्छत्त-वसेण तरु-वरो होदि।
चक्की वि धम्म-रहिओ णिवडइ[1] णरए ण[2] संदेहो॥ ४३५॥

[छाया-देवः अपि धर्मत्यक्तः मिथ्यात्ववशेन तरुवरः भवति। चक्री अपि धर्मरहितः निपतति नरके न सन्देहः॥] देवोऽपि भवनव्यन्तरज्योतिष्ककल्पनिवासी सुरोऽमरः। अपिशब्दात् मनुष्यतिर्यग्जीवः। किंभूतः। धर्मत्यक्तः। जिनोक्तधर्मरहितः सन् तरुवरो भवति चन्दनागरुकर्पूरकुङ्कुमसहकारद्राक्षादिरूपवृक्षवनस्पतिकायिको उपलक्षणात् पृथ्वीकायिकः अप्कायिकः पञ्चेन्द्रियतिर्यग्जीवः हीनमनुष्यो वा भवति जायते उत्पद्यते। केन कृत्वा। मिथ्यात्ववशेन अतत्त्वश्रद्धानवशेन कुदेवकुधर्मकुगुरुकुशास्त्राराधनेन। मिथ्यादृष्टिर्देवः क्व जायते चेत्, तदुक्तं च। "देवेण देवाण संपज्जदि कम्मसण्णितिरियणरे। पत्तेयपुढविआऊबादरपज्जत्तगे गमणं॥" इति। तथा चक्र्यपि चक्रवर्त्यपि षट्खण्डाधिपतिः चक्रवर्ती त्रिखण्डाधिपतिरर्धचक्री वासुदेवः प्रतिवासुदेवः। अपिशब्दात् मुकुटबद्धमाण्डलिकादिकः नरः धर्मत्यक्तः, मिथ्यात्ववशेन कृत्वा नरके घर्मावंशामेघाञ्जनारिष्टामघवीमाघवीषु जायते सुभौमब्रह्मदत्तादिवत् धर्मत्यक्तः पापं मिथ्यात्वं च संपदे संपन्निमित्तं न भवति संपदर्थं लक्ष्म्यर्थं न स्यात्॥ ४३५॥

होती हैं, विद्वान् लोग उनके निकट आकर बैठते हैं, सर्वत्र उनका यश फैलता है, धर्मका संचय होता है, पापका नाश होता है और स्वर्ग तथा मोक्षका सुख प्राप्त होता है॥' और भी कहा है—'धर्मके प्रभावसे अग्नि भी जलरूप हो जाती है, सर्प भी माला रूप हो जाता है, व्याघ्र भी हिरनके समान हो जाता है, दुष्ट हाथी भी घोड़ेके तुल्य हो जाता है, पहाड़ भी पत्थरके टुकड़ेके तुल्य हो जाता है, विषभी अमृतके तुल्य हो जाता है, विघ्न भी उत्सवके रूपमें बदल जाता है, शत्रु भी मित्र हो जाता है, समुद्र भी तालाबके तुल्य हो जाता है, और जंगल भी अपने घरके तुल्य बन जाता है, यह निश्चित है॥४३४॥ आगे तीन गाथाओंसे धर्मरहित जीवकी निन्दा करते हैं। **अर्थ**—धर्मरहित देव भी मिथ्यात्वके वशमें होकर वनस्पतिकायमें जन्म लेता है। और धर्मरहित चक्रवर्ती भी मरकर नरकमें जाता है, क्योंकि पापसे सम्पत्तिकी प्राप्ति नहीं होती॥ **भावार्थ**—कुदेव, कुधर्म, कुगुरु और झूंठे शास्त्रोंकी आराधना करनेसे मनुष्य और तिर्यञ्च की तो बात ही क्या, कल्पवासी देव भी मरकर एकेन्द्रिय हो जाता है। आगममें कहा है कि कर्मके वशसे देव और देवियां मरकर कर्मभूमिया तिर्यञ्च और मनुष्य होते हैं, तथा बादर पर्याप्तक पृथिवीकाय, बादर पर्याप्तक जलकाय और प्रत्येक वनस्पतिमें जन्म लेते हैं। तथा छैखण्डोंका स्वामी चक्रवर्ती और तीन खण्डके स्वामी नारायण और प्रतिनारायण भी मरकर सुभौम और चक्रवर्ती ब्रह्म दत्तकी तरह मिथ्यात्वके प्रभावसे नरकमें चले जाते हैं। अतः पापसे

---

१ ब णिवडय। २ ल स ग ण संपदे होदि।

धम्म-विहूणो[1] जीवो कुणइ असक्कं पि साहसं जइ[2] वि ।
[3]तो ण वि पावदि[4] इट्ठं सुट्ठु अणिट्ठं परं लहदि[5] ॥ ४३६ ॥

[छाया–धर्मविहीनः जीवः करोति अशक्यम् अपि साहस यदि अपि । तत् न अपि प्राप्नोति इष्टं सुष्ठु अनिष्टं परं लभते ॥] धर्मविहीनः जिनोक्तधर्मरहितो जीवः प्राणी यद्यपि असाध्यमपि साहसं करोति नौगमनपर्वतारोहणद्वीपान्तरगमनसंग्रामप्रवेशनासिमषिकृषिवाणिज्यव्यापारप्रमुखं साहसमुद्यमं करोति । तथा असाध्यं कार्यं केनापि साधयितुमशक्यं कार्यं करोति यद्यपि यहि एतत् असाध्यमपि साहसं विदधाति, तो तर्हि नैव प्राप्नोति सुष्ठु अतिशयेन इष्टसुखं पुत्रकलत्रमित्रभ्रातृधनधान्यादिवाञ्छितं वस्तु, परं केवलम् अनिष्टं शत्रुसर्पदुर्जनदारिद्र्यरोगादिकं दुःखं प्राप्नोति ॥४३६॥

इय पच्चक्खं पेच्छह[6] [7]धम्माहम्माण विविह-माहप्पं ।
धम्मं आयरह सया पावं दूरेण परिहरह ॥ ४३७ ॥[8]

[छाया–इति प्रत्यक्षं पश्यत धर्माधर्मयोः विविधमाहात्म्यम् । धर्मम् आचरत सदा पापं दूरेण परिहरत ॥] सदा निरन्तरम् आदरस्व भो भव्यवरपुण्डरीक कुरुष्व त्वम् । कम् । धर्मं जिनोक्तवृषम् । दूरेण दूरतः अत्यर्थं पापं वृजिनं दुरितं यूयं परिहरत मिथ्यात्वासंयमाव्रतादिकं किल्बिषं भो भव्या यूयं सर्वथा त्यजतेत्यर्थः। किं कृत्वा । इति पूर्वोक्तप्रकारेण धर्माधर्मयोर्विविधमाहात्म्यं प्रत्यक्षं दृष्ट्वा, धर्मस्य अनेकप्रकारप्रभावमहिमास्वर्गमोक्षादिसुखप्राप्तिं प्रत्यक्षं साक्षात् दृष्ट्वा, अधर्मस्य पापस्य विविधमाहात्म्य नरकतिर्यग्दारिद्र्यदुःखप्राप्तिं दृष्ट्वा पापं मुञ्च धर्ममादरस्व इति ॥४३७॥ इति स्वामिकार्तिकेयकृतानुप्रेक्षाया त्रैविद्यविद्याकुशलषड्भाषाकविचक्रवर्तिभट्टारकश्रीशुभचन्द्रविरचितटीकायां यतिधर्मानुप्रेक्षाया वर्णनाधिकारः द्वादशः समाप्तः ॥ अथ धर्मानुप्रेक्षायाश्चूलिकां व्याचक्षाणो द्वादशविधतपोविधानव्याख्यानं कार्तिकेयस्वामी वितनोति-

बारस-भेओ भणिओ णिज्जर-हेऊ[9] तवो[10] समासेण ।
तस्स पयारा एदे भणिज्जमाणा मुणेयव्वा ॥ ४३८ ॥

[छाया–द्वादशभेद भणितं निर्जराहेतुः तपः समासेन । तस्य प्रकाराः एते भण्यमानाः ज्ञातव्याः ॥] समासेन संक्षेपेण तपः तप्यते संतप्यते कर्मक्षयार्थं ख्यातिपूजालाभादिकमन्तरेण मुनीश्वरेण शरीरेन्द्रियाणीति । तपः कतिधा ।

सम्पत्तिकी प्राप्ति नहीं हो सकती ॥ ४३५ ॥ **अर्थ**–धर्म रहित जीव यदि अतुल साहस भी करे तो भी इष्ट वस्तुको प्राप्त नहीं कर सकता, बल्कि उल्टा अनिष्टको ही प्राप्त करता है॥ **भावार्थ**–पापी जीव ऐसा साहस भी करे जो किसी के लिये करना शक्य न हो, अर्थात् नौकासे समुद्र पार करे, दुर्लंघ्य पर्वतको लांघ जाये, द्वीपसे द्वीपान्तरको गमन करे, भयानक युद्धोंमें भाग ले, फिर भी उसे मन चाही वस्तुकी प्राप्ति नहीं होती, उल्टे शत्रु, सर्प, दुर्जन, गरीबी रोग वगैरह अनिष्ट वस्तुओंकी ही प्राप्ति होती है ॥ ४३६ ॥ **अर्थ**—अतः हे प्राणियों, इस प्रकार धर्म और अधर्मका अनेक प्रकार माहात्म्य प्रत्यक्ष देखकर सदा धर्मका आचरण करो और पापसे दूरही रहो ॥ **भावार्थ**–धर्मका फल स्वर्ग और मोक्ष सुखकी प्राप्ति है, तथा अधर्मका फल नरकगति और तिर्यञ्च गतिके दुःखोंकी प्राप्ति है । अतः पापको छोड़ो और धर्मका पालन करो ॥ ४३७ ॥ इस प्रकार स्वामिकार्त्तिकेयानुप्रेक्षाकी टीकामें धर्मानुप्रेक्षा नामक बारहवां अधिकार समाप्त हुआ ॥ आगे धर्मानुप्रेक्षाकी चूलिकाको कहते हुए कार्त्तिकेय स्वामी

---

१ ब विहीणो । २ ब जय । ३ ब तो विणु पावइ इट्ठं । ४ स पावइ । ५ लम स ग लहइ (ई ?) । ६ ल ग स पिच्छिय, म पिच्छिह (?) ७ स धम्माधम्माण । ८ धम्माणुवेक्खा ॥ बारसभेओ इत्यादि । ९ ब ग हेउं (ऊ ?) । १० ब तओ ।

द्वादशभेदं भणितं वक्ष्यमाणम् अनशनादिद्वादशप्रकारं कथितं जिनैरिति शेषः । द्वादशं तत्तपः निर्जराहेतुकं निर्जरया एकादशभेदभिन्नया कर्मक्षपणकारणम्, तस्य तपसः प्रकारा भेदाः एते अनशनादयः भण्यमानाः कथ्यमानाः मन्तव्या ज्ञातव्याः। भेदाभेदरत्नत्रयाविर्भावार्थमिच्छानिरोधस्तपः, वा यदा परद्रव्याभिलाषां परिहरति तदा तपः वा, द्रव्यकर्मभावकर्मक्षयार्थं मार्गाविरोधेन साधुना, तप्यते इति तपः, वा शरीरेन्द्रियसंतापनार्थं शोषणार्थं साधुना तप्यते संतप्यते इति तपः, वा कर्मेन्धनं तप्यते दह्यते भस्मीक्रियते इति तप. । तथा निश्चयतपोविधानमुक्तं च । "परद्रव्येषु सर्वेषु यदिच्छा तन्निवर्तनम् । तपः परममाम्नातं तन्निश्चयनयस्थितैः ॥" ४३८ ॥ अथ तत्रानशननामतपोविधानं गाथाचतुष्केन व्याकरोति–

उवसमणो अक्खाणं उववासो वण्णिदो[1] समासेण[2] ।
तम्हा भुंजंता वि य जिदिंदिया होंति उववासा ॥ ४३९ ॥

[छाया–उपशमनम् अक्षाणाम् उपवासः वर्णितः समासेन । तस्मात् भुञ्जमानाः अपि च जितेन्द्रियाः भवन्ति उपवासाः ॥] मुनीन्द्रैः प्रत्यक्षज्ञानवेदिभिः अवधिमनःपर्ययकेवलज्ञानिभिः तीर्थंकरगणधरदेवादिभिः वर्णितः व्याख्यातः। कः । उपवासः, उप-समीपे आत्मनः परमब्रह्मणः शुद्धबुद्धैकस्वरूपस्य वसतीत्युपवासः । अथवा स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दलक्षणेषु पञ्चसु विषयेषु परिहृतौत्सुक्यानि पञ्चापि इन्द्रियाणि उपेत्य आगत्य तस्मिन् उपवासे वसन्तीत्युपवासः । अशनादिचतुर्विधाहारस्य परित्यागो वा उपवासः । किमर्थमुपवासः कथित. । अक्षाणामुपशमने स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुःश्रोत्रेन्द्रियाणां तद्विषयाणां रागद्वेषयोश्च उपशमने उपशमननिमित्तं शान्त्यर्थं निमित्तात् कर्मणि सप्तमी वाच्या । तस्मादिन्द्रियोपशमकारणात् भुञ्जमानाः भोजनं कुर्वाणाः चतुर्विधाहारं जिमन्तः गृह्णन्तः, अपिशब्दात् अभुञ्जमानाः जितेन्द्रियाः जितानि इन्द्रियाणि यैस्ते जितेन्द्रियाः निर्जितपञ्चेन्द्रियमदाः इन्द्रियवशीकर्तारः उपवासाः उपवासिनो नराः सदा प्रोषधव्रतिनो भवन्ति । ये जितेन्द्रियास्ते सदोपवासिनो नरा भवन्तीत्यर्थः ॥ ४३९ ॥

बारह प्रकारके तपका व्याख्यान करते हैं । **अर्थ–**कर्मोंकी निर्जराका कारण तप संक्षेपसे बारह प्रकारका कहा है । उसके भेद आगे कहेंगे । उन्हें जानना चाहिये ॥ **भावार्थ–**ख्याति, लाभ, पूजा वगैरहकी भावनाको त्यागकर मुनीश्वरोंके द्वारा कर्मोंके क्षयके लिये जो तपा जाता है उसे तप कहते हैं । अथवा रत्नत्रयकी प्राप्तिके लिये इच्छाको रोकनेका नाम तप है । अथवा परद्रव्यकी अभिलाषाको दूर करनेका नाम तप है । अथवा शरीर और इन्द्रियोंका दमन करनेके लिये साधुके द्वारा जो तपा जाता है वह तप है । अथवा जिसके द्वारा कर्म रूपी ईंधनको जलाकर भस्म किया जाता है वह तप है । कहा भी है—'समस्त परद्रव्योंकी इच्छाको रोकना ही निश्चयसे उत्कृष्ट तप कहा है ॥' संक्षेपसे उस तपके बारह भेद कहे हैं । अनशन, अवमोदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रसपरित्याग, विविक्तशय्यासन और कायक्लेश ये छै प्रकारका बाह्य तप है । और प्रायश्चित्त, विनय, वैयावृत्त्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग और ध्यान, ये छै प्रकारका अभ्यन्तर तप है । इनका स्वरूप आगे कहेंगे ॥४३८॥ प्रथमही चार गाथाओंसे अनशन नामक तपका वर्णन करते हैं । **अर्थ–**तीर्थङ्कर, गणधर देव आदि मुनीन्द्रोंने इन्द्रियोंके उपशमनको (विषयोंमें न जाने देने को) उपवास कहा है । इसलिये जितेन्द्रिय पुरुष आहार करते हुए भी उपवासी है ॥ **भावार्थ–**शुद्ध बुद्ध स्वरूप आत्माके उप अर्थात् समीपमें वसनेका नाम उपवास है । और आत्माके समीपमें वसनेके लिये पाँचों इन्द्रियोंका दमन करना आवश्यक है, तथा इन्द्रियोंके दमनके लिये चारों प्रकारके आहारका त्याग करना आवश्यक है, क्योंकि जो भोजनके लोलुपी होते हैं उनकी इन्द्रियाँ उनके वशमें नहीं होती, बल्कि वे स्वयं इन्द्रियोंके दास

---

१ ब वण्णिओ । २ ल म स ग मुणिदेहिं ।

जो मण-इंदिय-विजई इह-भव-पर-लोय-सोक्ख[1]-णिरवेक्खो ।
अप्पाणे विय णिवसइ[2] सज्झाय-परायणो होदि ॥ ४४० ॥

[छाया-यः मनइन्द्रियविजयी इहभवपरलोकसौख्यनिरपेक्षः। आत्मनि एव निवसति स्वाध्यायपरायणः भवति ॥] स भव्यजनः स्वाध्यायपरायणो भवति । स्वाध्याये वाचनाप्रच्छनानुप्रेक्षाम्नायधर्मोपदेशलक्षणे पञ्चप्रकारे परायणः तत्परः सावधानः एकत्वं गतः । स कः । यो भव्यजनः आत्मन्येव शुद्धबुद्धचिदानन्दैकरूपशुद्धचिद्रूपाभेदरत्नत्रयरूपपरमानन्दे परमात्मनि स्वात्मनि निवसति निवासं करोति तिष्ठति ध्यानेन एकत्वं गच्छति, स्वस्वरूपसुखामृतम् अनुभवति स भव्यः स्वाध्यायपरायणः । कीदृग्विधो भव्यः । मनइन्द्रियविजयी मनः मानसं चित्तम्, इन्द्रियाणि स्पर्शनादीनि तेषां विजयी जेता वशीकारकः इन्द्रियमनोव्यापारविरहितः । पुनः कथंभूतः । यो भव्यः इहभवपरलोकसौख्यनिरपेक्षः, इहभवभुज्यमानायुष्यजन्म परलोक अग्रे प्राप्यमानस्वर्गादिभवः द्वन्द्वः तयोः सौख्यानि, शरीरपोषणमृष्टाहारग्रहणयुवतिसेवनमानपूजालाभादीनि विमानाप्सरोदेवसेवादीनि च तेषु निरपेक्षः निःस्पृहः वाञ्छारहितः । दृष्टश्रुतानुभूतभोगाकाङ्क्षारूपनिदानयशःख्यातिपूजामहत्त्वलाभादिरहित इत्यर्थः ॥ ४४० ॥

कम्माण णिज्जरट्ठं[3] आहारं परिहरेइ लीलाए ।
एग-दिणादि[3]-पमाणं तस्स तवं अणसणं होदि ॥ ४४१ ॥[4]

[छाया-कर्मणां निर्जरार्थम् आहारं परिहरति लीलया । एकदिनादिप्रमाणं तस्य तपः अनशनं भवति ॥] तस्य भव्यस्य [illegible] अनशनं तपो भवति । न विद्यते अशनं भोजनं चतुर्विधाहारः यस्मिन्निति तदनशनम्, अशनपानखाद्यलेह्यादिपरिहरणम् अनशनाख्यं तपः स्यात् । तस्य कस्य । यो भव्यः लीलया अक्लेशेन स्वशक्त्या आहारं चतुर्विधं भोज्यम्

होते हैं और जो इन्द्रियोंके दास होते हैं वे अपनी शुद्ध बुद्ध आत्मासे कोसों दूर बसते हैं । अतः स्पर्श, रस, गन्ध, रूप और शब्द इन पांचों विषयोंकी ओर अपनी अपनी उत्सुकता छोड़कर पांचों इन्द्रियोंका शान्त रहना ही वास्तवमें सच्चा उपवास है और इन्द्रियोंको शान्त करनेके लिये चारों प्रकारके आहारका त्याग करना व्यवहारसे उपवास है । अतः जिन्होंने अपनी इन्द्रियोंको जीतकर वशमें कर लिया है वे मनुष्य भोजन करते हुए भी उपवासी हैं । सारांश यह है कि जितेन्द्रिय मनुष्य सदा उपवासी होते हैं, अतः इन्द्रियोंको जीतनेका प्रयत्न करना चाहिये ॥ ४३९ ॥ **अर्थ**—जो मन और इन्द्रियोंको जीतता है, इस भव और परभवके विषयसुखकी अपेक्षा नहीं करता, अपने आत्मस्वरूपमें ही निवास करता है और स्वाध्यायमें तत्पर रहता है ॥ **भावार्थ**—सच्चा उपवास करने वाला वही है जो मन और इन्द्रियोंको अपने वशमें रखता है, इस लोक और परलोकके भोगोंकी इच्छा नहीं रखता अर्थात् इस लोकमें ख्याति लाभ और मान प्रतिष्ठाकी भावनासे तथा आगामी जन्ममें स्वर्ग लोककी देवांगनाओंको भोगनेकी अभिलाषासे उपवास नहीं करता, तथा जो शुद्ध चिदानन्द स्वरूप परमात्मामें अथवा स्वात्मामें रमता है और अच्छे अच्छे शास्त्रोंके अध्ययनमें तत्पर रहता है ॥ ४४० ॥ **अर्थ**—उक्त प्रकारका जो पुरुष कर्मोंकी निर्जराके लिए एक दिन वगैरहका परिमाण करके लीला मात्रसे आहारका त्याग करता है उसके अनशन नामक तप होता है ॥ **भावार्थ**—ऊपरकी गाथामें जो विशेषताएं बतलाई हैं विशेषताओंसे युक्त जो महापुरुष कर्मोंका एक देशसे क्षय करनेके लिये एक दिन, दो दिन आदिका नियम लेकर विना किसी कष्टके

१ ब सुक्ख । २ ब वि णिवेसइ । ३ ब एकदिणाइ । ४ ब अणसणं ॥ उववासं इत्यादि ।

एकदिनादिप्रमाणम् एकद्वित्रिचतुःपञ्चषट्सप्ताष्टनवदशादिदिवसपक्षमासऋत्वयनवर्षपर्यन्तं परिहरति चतुर्विधाहारं त्यजति । किमर्थम् । कर्मणा निर्जरार्थं ज्ञानदर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रान्तरायाणाम् अष्टकर्मप्रकृतीनां निर्जरार्थं गलनार्थं क्षयार्थम्, एकदेशकर्मक्षयनिमित्तम् । तथाहि वसुनन्दियत्याचारे "इत्तिरियं आवज्जीवं दुविहं पुण अणसणं मुणेदव्वं । इत्तिरयं साकंखं णिरावकंखं हवे बिदियं ॥" अनशनं पुनरित्तिरिय-यावज्जीवभेदाभ्यां द्विविधं ज्ञातव्यम्, इत्तिरियं साकाक्षं कालादिभिः सापेक्षम्, एतावन्तं कालमहमनशनादिकमनुतिष्ठामीति,निराकाक्ष भवेत् द्वितीय यावज्जीवम् आमरणान्तादपि न सेवनम् । साकाक्षानशनस्य स्वरूपमाह "छट्ठट्ठमदसमदुवालसेहि मासद्धमासखमणाणि । कणगेगावलिआदीतवोविहाणाणि णाहारे ॥" अहोरात्रमध्ये द्वे भक्तवेले तत्रैकस्या भक्तवेलाया भोजनमेकस्या परित्यागः एकभक्तः । चतसृणा भक्तवेलाना परित्यागश्चतुर्थ एकोपवासः। षण्णा भक्तवेलाना त्यागः षष्ठो द्विदिनपरित्यागः । द्वौ उपवासौ । अष्टाना परित्यागः अष्टमः त्रयः उपवासाः । दशमः चत्वारः उपवासाः, द्वादशः पञ्चोपवासाः । आवलीशब्दः प्रत्येकम्, कनकावलीमुरजमध्यविमान-पङ्क्तिसिंहविक्रीडितादीनि। अनाहारः अनशन षष्ठाष्टमदशमद्वादशैर्मासार्धमासादिभिश्च यानि क्षमणानि कनकैकावल्यादीनि च यानि तपोविधानानि, तानि सर्वाण्यनाहारः यावत् उत्कृष्टेन षण्मासास्तत्सर्वं साकाक्षमनशनमिति । तथा चारित्रसारे । दृष्टफलं मन्त्रसाधनाद्यनुद्दिश्य क्रियमाणमुपवसनम् अनशनमित्युच्यते । तत् किमर्थम् । प्राणीन्द्रियसंयमरागद्वेषाद्युच्छेद-बहुकर्मनिर्जरणशुभध्यानादिप्राप्त्यर्थम् । सकृद्भोजनचतुर्थषष्ठाष्टमदशमद्वादशपक्षमासऋतुअयनसंवत्सरेषु अशनपानखाद्य-स्वाद्यलक्षणचतुर्विधाहारनिवृत्तिः ॥ ४४१ ॥

उववासं कुव्वाणो आरंभं जो करेदि मोहादो ।
तस्स किलेसो अपरं कम्माणं णेव णिज्जरणं ॥ ४४२ ॥

छाया-[उपवासं कुर्वाणः आरम्भं यः करोति मोहतः । तस्य क्लेशः अपरं कर्मणां नैव निर्जरणम् ॥] तस्य प्रोषधव्रतिनः पुंसः क्लेशः क्षुधातृषादिबाधया कायक्लेशः श्रमः निरर्थः निष्फलः । अपरम् अन्यत् तस्य कर्मणा निर्जरण

प्रसन्नता पूर्वक अशन, पान, खाद्य और लेह्यके भेदसे चारों प्रकारके भोजनको छोड़ देता है वही अनशन तपका धारक है । वसुनन्दि यत्याचारमें कहा है—अनशन दो प्रकार का होता है, एक साकांक्ष और एक निराकांक्ष । 'इतने काल तक मैं अनशन करूंगा' इस प्रकार कालकी अपेक्षा रखकर जो अनशन किया जाता है उसे साकांक्ष अनशन कहते है, और जीवन पर्यन्तके लिये जो अनशन किया जाता है उसे निराकांक्ष अनशन कहते हैं । साकांक्ष अनशनका स्वरूप इस प्रकार कहा है—एक दिनमें भोजनकी दो वेला होती है । उसमेंसे एक वेला भोजन करे और एक वेला भोजनका त्याग करे । इसे एकभक्त कहते है । चार वेला भोजनका त्याग करनेको चतुर्थ कहते हैं, यह एक उपवास है । छ वेला भोजनका त्याग करनेको षष्ठ कहते हैं । यह दो उपवास हैं । इसी प्रकार आठ वेला भोजनका त्याग करनेको अष्टम कहते हैं, यह तीन उपवास हैं । दस वेला भोजनका त्याग करनेको दशम कहते हैं । दशम अर्थात् चार उपवास । बारह वेला भोजनका त्याग करनेको द्वादश कहते हैं । द्वादश नाम पांच उपवासका है । इसी तरह एक मास और अर्धमास आदि तक भोजनको त्यागना तथा कनकावली एकावली आदि तप करना साकांक्ष अनशन है । साकांक्ष अनशन उत्कृष्टसे छै महीना तक किया जाता है । चारित्रसारमें भी लिखा है-मंत्र साधन आदि लौकिक फलकी भावनाको त्यागकर प्राणिसंयम, इन्द्रियसंयम, राग द्वेषका विनाश, कर्मोंकी निर्जरा और शुभध्यान आदिकी सिद्धिके लिये एक बार भोजन करना, या चतुर्थ, षष्ठ, अष्टम, दशम, द्वादश, पक्ष, मास, ऋतु, अयन और संवत्सरमें चारों प्रकारके आहारका त्याग करना अनशन है ॥ ४४१ ॥ अर्थ—जो उपवास करते हुए मोहवश

निर्जरा नैव जायते। ज्ञानावरणाद्यष्टकर्मणां निर्जरा गलनं न भवतीत्यर्थः। तस्य कस्य। यः जन्तुः पुमान् उपवासम् उपवस्त्वं क्षपणां कुर्वाणः सन् विदधाति करोति। कम्। आरम्भम् असिमषिकृषिवाणिज्यव्यापारखण्डनीपेषणीचुल्लीजल-कुम्भगालनप्रमार्जनवस्त्रक्षालनगृहलिम्पनादिप्रारम्भं कुर्वन् उपवासादिकः कायक्लेशः। कुतः। मोहात् मोहनीयकर्मोदयात् ममत्वात् अज्ञानत्वात्। उक्तं च। "कषायविषयाहारत्यागो यत्र विधीयते। उपवासः स विज्ञेयः शेषं लङ्घनकं विदुः॥" "मोहात् द्रविणं भवनं मे मे युवतिः सुताश्च मे मे मे। इति मे मे मे कुर्वन् पशुरिव बद्धोऽस्ति संसारे॥" इति॥४४२॥ अथावमोदर्यतपोविधानं गाथाद्वयेन प्ररूपयति—

आहार-गिद्धि-रहिओ चरिया[1]-मग्गेण पासुगं[2] जोग्गं[3]।
अप्पयरं जो भुंजइ अवमोवरियं[4] तवं तस्स॥ ४४३॥

[छाया-आहारगृद्धिरहितः चर्यामार्गेण प्रासुक योग्यम्। अल्पतर य भुङ्क्ते अवमोदर्यं तपः तस्य॥] तस्य मुनेः भिक्षो अवमोदर्यम अवमोदर्याख्य द्वितीयतपोविधान भवेत्। तस्य कस्य। यो भिक्षुः अल्पतरमाहर स्तोकतरं तुच्छम् आत्मीयप्रकृत्यौदनस्याहारस्य चतुर्भागेनार्धेन ग्रासेन वा ऊनाहार भोजनं भुङ्क्ते अश्नाति। कीदृक्षमाहार भुङ्क्ते। प्रासुक मनोवचनकायेन कृतकारितानुमोदितादिदोषरहितम् उद्गमोत्पादैषणेङ्गालदोषरहितं वा। पुनः कीदृक्षम् आहारम्। योग्य यतीना ग्रहणोचितम्। "णहरोमजंतुअट्ठीकणकुंडयरुहिरमसचम्माणि। कंदफलमूलबीया छिण्ण मला चउदसा होंति॥" इति चतुर्दशमलरहित भोजन योग्यमुचितम्। केन कृत्वाहार भुङ्क्ते। चर्यामार्गेण यत्युक्ताहारप्रवृत्त्या यत्या-चारोक्तस्थितिभोजनैकभक्तचतुरङ्गुलपादान्तरालमौनस्थद्वात्रिंशदन्तरायरहितादिप्रवर्तनेन आहार भुङ्क्ते। कथंभूतो भिक्षु.। आहारगृद्धिरहितः आहारस्य भोजनस्य गृद्धपक्षिवत् गृद्धि. अत्यासक्तता मृष्टस्याकाङ्क्षा तया रहितः। तथा भगवत्याराधनायाम्। "बत्तीस किर कवला आहारो कुक्खिपूरणो होइ। पुरिसस्स महिलिआए अट्ठावीस हवे कवला॥" पुरुषस्य कुक्षिपूरणो भवत्याहार. द्वात्रिंशत्कवलमात्र:, सहस्रतण्डुलैः कृत्वा एककवलमात्र:, तादृग्द्वात्रिंशत्कवलमात्रं ३२ नरस्य स्वाभाविकाहारो भवतीत्यर्थः। महिलायाः स्त्रियाः कुक्षिपूरणो भवत्याहारः अष्टाविंशतिकवलमात्रः। ततः तस्मादा-हारात् "एकुत्तरसेढीए जाव य कवलो वि होदि परिहीणो। अवमोदरियतवो सो अद्धकवलमेगसित्थं च॥" एक कवलोत्तरश्रेण्या परिहीनः द्वात्रिंशत्कवलेभ्य. ३२ एकैककवलेनोन ३१ द्वाभ्या ३० त्रिभि २९ चतुर्भि २८ पञ्चभि २७ इत्येव यावत् एककवलः शेषः २६। २५। २४। २३। २२। २१। २०। १९। १८। १७। १६। १५। १४। १३। १२। ११। १०। ९। ८। ७। ६। ५। ४। ३। २। १॥ ततः अर्धकवल तस्य अर्धकवलं

आरम्भको करना है, उसके लिये यह एक और कष्ट तो हुआ किन्तु कर्मोंकी निर्जरा नहीं हुई॥ **भावार्थ**—जो मनुष्य अथवा स्त्री मोह अथवा अज्ञानके वशीभूत होकर उपवासके दिन असि, मषि, कृषि, सेवा, व्यापार, आदि उद्योगोंको तथा पीसना, कूटना, पानी भरना, चूल्हा जलाना, झाड़ू देना, कपड़े धोना, घर लीपना आदि आरंभको करता है वह उपवास करके भूख प्यासकी बाधासे केवल अपने कष्टको ही बढ़ाता है। कहा भी है—जिसमें विषय कषाय रूपी आहारका त्याग किया जाता है वही उपवास है, केवल भोजनका त्याग करना तो लंघन है॥ ४४२॥ आगे दो गाथाओंसे अवमोदर्य तपको कहते हैं। **अर्थ**—जो आहारकी तृष्णासे रहित होकर शास्त्रोक्त चर्याके मार्गसे थोड़ासा योग्य प्रासुक आहार ग्रहण करता है उसके अवमोदर्य तप होता है॥ **भावार्थ**—जो साधु आहारमें अति आसक्ति नहीं रखता और ईर्यासमिति पूर्वक श्रावकके घर जाकर, उसके पड़गाहने पर दिनमें एक बार खड़े होकर तथा भोजनके बत्तीस अन्तराय टालकर चौदह प्रकारके मलसे रहित भोजन एक चौथाई अथवा आधा ग्रास कम खाता है उसके अवमोदर्य तप होता है। भगवती आराधनामें कहा है—मनुष्यका

१ ग चरिआ। २ ब पासुकं योग्गं। ३ ल ग जोग्ग। अवमोदरियं तवं होदि तस्स भिक्खु॥ ४ म अवमोयरियं।

तदर्धं यावत् एकसिक्थक सिक्थम् अवशिष्टम् आहारस्याल्पतोपलक्षणमिति अवमोदर्याख्यं तपोविधानं स्यात् । किमर्थ-मवमोदर्यवृत्तिरनुष्ठीयते इति पृष्टे उत्तरमाह । "धम्मे वासयजोगे णाणादीए उवग्गह कुणदि । ण य इंदियप्पदोसयरी उवमोदरितवोवुत्ती ॥" अवमोदर्यतपोवृत्तिः धर्मे क्षमादिलक्षणे दशप्रकारे आवश्यकक्रियासु समतादिषु षट्सु योगेषु वृक्षमूलादिषु ज्ञानादिके पठनपाठनादिके स्वाध्याये चारित्रे च उपग्रह करोति न चेन्द्रियप्रद्वेषकारी । न चावमोदर्यवृत्त्या इन्द्रियाणि प्रद्वेषं गच्छन्ति किंतु वशे तिष्ठन्तीति । बह्वाशी यतिः धर्मं नानुतिष्ठति, आवश्यकक्रियाश्च न संपूर्णाः पालयति, त्रिकालयोगं च न क्षेमेण मानयति, स्वाध्यायध्यानादिकं च न कर्तुं शक्नोति, तस्य इन्द्रियाणि च स्वेच्छाकारीणि न भवन्ति(?) । निद्राजयः वातपित्तश्लेष्मादिशान्तिश्च भवति ॥ ४४३ ॥

जो पुणु कित्ति-णिमित्तं [1]मायाए मिट्ठ-भिक्ख-लाहट्ठं ।

अप्पं भुंजवि भोज्जं तस्स तवं णिप्फलं बिदियं ॥ ४४४ ॥

[छाया-यः पुनः कीर्तिनिमित्तं मायया मिष्टं भिक्षालाभार्थम् । अल्पं भुङ्क्ते भोज्य तस्य तपः निष्फलं द्वितीयम् ॥] तस्य भिक्षोः द्वितीयं तपोविधानम् अवमोदर्याख्य निष्फलं फलरहितं निरर्थकं वृथा भवेत् । तस्य कस्य । यो भिक्षुः भोजनमाहारम्, अल्पतर स्तोकतरम् एकसिक्थमारभ्य एकत्रिंशत्कवलपर्यन्त भुङ्क्ते वल्भते अत्ति अश्नाति । स्तोकतर भोजन करोति । किमर्थम् । कीर्तिनिमित्तम् । अनेन तपसा मम यशो महिमा ख्यातिः कीर्तिः प्रशंसा पूजालाभादिक जायते इति यशो निमित्तम् । पुनः अनु च किमर्थम् अल्प भोज्य भुंक्ते । मायया पाषण्डेन लोकप्रतारणार्थम् । तत अनु च किमर्थं स्तोक भोजनं भुङ्क्ते । मृष्टभिक्षालाभार्थं मृष्टान्नमोदकखवाक्षशर्करादिप्राप्तिनिमित्तम् । तस्य तपो वृथेति ॥४४४॥ अथ वृत्तिपरिसंख्यानं तपोविधानं प्ररूपयति—

[2]एगादि-गिह-पमाणं किच्चा[3] संकप्प-कप्पियं विरसं ।

भोज्जं पसु व्व भुंजदि वित्ति-पमाणं तवो[4] तस्स ॥ ४४५ ॥

[छाया-एकादिगृहप्रमाणं कृत्वा संकल्पकल्पित विरसम् । भोज्य पशुवत् भुङ्क्ते वृत्तिप्रमाण तपः तस्य ॥] तस्य भिक्षोः वृत्तिप्रमाणं वृत्तिपरिसंख्याख्यं तपोविधान भवति । वृत्तेः प्रमाण परिसंख्या वृत्तिपरिसंख्या । स्वकीयतपोविशेषेण

स्वाभाविक आहार बत्तीस ग्रास होता है और स्त्रीका स्वाभाविक आहार अट्ठाईस ग्रास होता है। अर्थात् एक हजार चावलका एक ग्रास होता है। और बत्तीस ग्रासमें मनुष्यका तथा अट्ठाईस ग्रासमें स्त्रीका पेट भर जाता है। उनमेंसे एक एक ग्रास घटाते घटाते एक ग्रास तक ग्रहण करना और उसमेंसे भी आधा ग्रास, चौथाई ग्रास या एक चावल ग्रहण करना अवमोदर्य तप है। अवमोदर्य तपके करनेसे इन्द्रियां शान्त रहती हैं, त्रिकाल योग शान्तिपूर्वक होता है; आवश्यक क्रियाओंमें हानि नहीं होती, स्वाध्याय ध्यान वगैरहमें आलस्य नहीं सताता, वात, पित्त और कफ शान्त रहते हैं, तथा निद्रापर विजय प्राप्त होती हैं ॥ ४४३ ॥ **अर्थ**–जो मुनि कीर्तिके लिये तथा मिष्ट भोजनकी प्राप्तिके लिये मायाचारसे अल्प भोजन करता है उसका अवमोदर्य तप निष्फल है ॥ **भावार्थ**–थोड़ा भोजन करनेसे लोग मेरी प्रशंसा करेंगे, पूजा करेंगे, मुझे लड्डू आदि अनेक प्रकारके मिष्टान्न खिलायेंगे, ऐसा विचार कर लोगोंको ठगनेके लिये जो मुनि अल्प भोजन करता है उसका अल्प भोजन करना निरर्थक है, वह अवमोदर्य नामका तप नहीं है ॥ ४४४ ॥ आगे वृत्तिपरिसंख्यान तपको कहते हैं । **अर्थ**–जो मुनि आहारके लिये जानेसे पहले अपने मनमें ऐसा संकल्प कर लेता है कि आज एक घर या दो घर तक

१ ब मायाये मिट्ठभक्खलाहट्ठं, ल ग मिट्ठिभिक्खलाहिट्ठं, म लाहिट्ठ, स मिट्ठिभिक्ख । २ ब एयादि, स एगादि । ३ ल ग किंवा । ४ ब तओ ।

रसरुधिरमांसशोषणद्वारेणेन्द्रियसंयमं परिपालयतो भिक्षार्थिनो मुनेः एकगृहसप्तगृहैकमार्गार्धदायकभाजनभोजनादिविषयः संकल्पो वृत्तिः परिसंख्यानम्, आशानिवृत्त्यर्थं वा, गृहदायकभोजनकालादीनां परिसंख्यानपूर्वकोऽवग्रहो नियमः वृत्तिः। आहारादौ प्रवर्तनं तस्याः प्रमाण संख्या मर्यादा, अस्मिन् मार्गे अस्मिन् गृहे अनेन दीयमानं भोज्यं भोक्ष्यामि इत्यादिसंकल्पेन मर्यादा। तस्य कस्य। यः मुनिः भुङ्क्ते अत्ति अश्नाति। किं तत्। भोज्यं आहारम्। कीदृशम्। एकादिगृहप्रमाणम्। एकस्मिन् गृहे द्वयोर्गृहयोः त्रिषु गृहेषु वा इत्यादिप्रमाणं परिसंख्यां मर्यादा विधाय अहम् आहारं भोक्ष्यामि, तदाह भुंक्ष्ये भोजनं करिष्यामीति। अन्यथा न इत्यादिप्रमाणं यत्र भोज्ये किंवा अथवा संकल्पकल्पितं मनसा संकल्पित विरसं विगतरसं रसरहित नीरसम्। किंवत्। पशुवत् यथा हावभावविभ्रमशृङ्गारमण्डितनवयौवनिककामिनी गोः धेनोः तृणखलकर्पासादिकं ददाति। सा गौः अधोमुखेन तृणादिकमत्ति। न तु कामिन्यादिकावलोकनेन प्रयोजनम्। तथा भिक्षुर्भिक्षावलोकनमधोमुखेन करोति, न तु कामिन्यादिकावलोकनेन प्रयोजन न तु परावरलोकन गोवत् गोचर्यामार्गेण वा सुस्वादुनिःस्वादुभिक्षां नावलोकते॥ तद्यथा। यत्याचारे। "गोयरपमाणदायगभाजणणाणाविधाण ज गहणं। तह एसणस्स गहणं विविधस्स य वुत्तिपरिसंखा॥" गोचरस्य प्रमाणं गोचरप्रमाणं गृहप्रमाणं एतेषु एकद्वित्रिकादिषु गृहेषु प्रविशामि नान्येषु बहुषु। अस्य गृहस्य परिकरतयावस्थितां भूमिं प्रविशामि न गृहमित्यभिग्रहः। पाटकस्य संख्यां पाटकस्य गृहस्य संख्यां च करोति। दायको दातारः स्त्रियैव तत्रापि बालया युवत्या स्थविरया निरलंकारया ब्राह्मण्या राजपुत्र्या, तथा एवंविधेन पुरुषेण इत्येवमादि- अवग्रहः। भाजनानि एवंभूतेन भाजनेनैवानीत गृह्णामि सौवर्णेन कांस्यभाजनेन राजतेन मृण्मयेनेत्यादि अभिग्रहः। यन्नानाविधान नानाकारण तस्य ग्रहण स्वीकरणम्। मार्गे गृहाङ्गणे च स्थितोऽहं कोऽपि मा प्रतिगृह्णाति तदाह तिष्ठामीति। तथा अनशनस्य विविधस्य नानाप्रकारस्य यद्ग्रहणम् अवग्रहोपादानम्। अद्य यवान्नं प्रासुक भोक्ष्ये नान्यत्। अथवाद्य मण्डकाद्

जाऊंगा अथवा नीरस आहार मिलेगा तो आहार ग्रहण करूंगा और वैसा आहार मिलनेपर पशुकी तरह उसे चर लेता है, उस मुनिके वृत्तिपरिसंख्यान तप होता है॥ **भावार्थ**—तपस्वी मुनि धर्म पालनके लिये शरीरकी रक्षा करना आवश्यक समझते हैं, अतः वे शरीरको बनाये रखनेके लिये दिनमें एक बार श्रावकोंके घरकी तरफ जाते हैं और विधिपूर्वक भोजन मिलता है, तो उसे ग्रहण कर लेते हैं। सारांश यह है कि वे भोजनके लिये नहीं जीते किन्तु जीनेके लिये भोजन करते हैं। अतः वे भोजनके लिये जानेसे पहले अपने मनमें अनेक प्रकारके संकल्प कर लेते हैं। जैसे, आज मैं भोजनके लिये एक घर या दो घर ही जाऊंगा, या एक मार्ग तक ही जाऊंगा दूसरा मार्ग नहीं पकड़ूंगा, या अमुक प्रकारका दाता अथवा अमुक प्रकारका भोजन मिलेगा तो भोजन करूंगा अन्यथा बिना भोजन किये ही लौट आऊंगा। इस प्रकारकी वृत्तिके परिसंख्यान अर्थात् मर्यादाको वृत्तिपरिसंख्यान तप कहते हैं। यह तप भोजनकी आशासे मनको हटानेके लिये किया जाता है। इस तपके धारी मुनि अपने किये हुए संकल्पके अनुसार भोजनके मिलनेपर उसे पशुकी तरह चर जाते हैं। अर्थात् जैसे गौको यदि हावभावसे युक्त, शृङ्गार किये हुए कोई सुन्दर तरुणी घास चारा देती है तो गौ नीचा मुख किये हुए उस चारेको चर जाती है, तरुणीके सौन्दर्यको ओर नहीं निहारती। वैसे ही साधु भी नीचा मुख किये हुए अपने हस्तपुटमें दिये हुए आहारको खाता है, देनेवालेके सौन्दर्यकी ओर अथवा भोजनके स्वादकी ओर ध्यान नहीं देता। यत्याचारमें कहा भी है—'घरोंका प्रमाण करना कि मैं भोजनके लिये एक या दो या तीन आदि घर जाऊंगा, इससे अधिक घरोंमें नहीं जाऊंगा। भोजन देनेवाले दाताका प्रमाण करना कि भोजन देनेवाला पुरुष अथवा स्त्री अमुक प्रकारकी होगी तो भोजन करूंगा अन्यथा नहीं करूंगा। भोजनका प्रमाण करना कि अमुक प्रकारके पात्रमें लाये हुए भोजनको ही ग्रहण करूंगा।

भोक्ष्ये, ओदनं वा ग्रहीष्यामि, शाकान्नमिद मिलिष्यति तदा भोक्ष्ये नान्यत्, चणकवल्लमुद्गमाषमसूरिकादीनि अन्नानि भक्षयामीति नान्यत्, यदेवमाद्यवग्रहं तत्सर्वं वृत्तिपरिसंख्यानमिति । तथा । "पत्तस्स दायगस्स य अवग्गहो बहुविहो ससत्तीए । इच्चेवमादिविधिणा णादव्वा वुत्तिपरिसंखा ॥" इति ॥ ४४५ ॥ अथ रसपरित्यागं तपोविधानमाह—

संसार-दुक्ख-तट्ठो विस-सम-विसयं[1] विचिंतमाणो[2] जो ।
णीरस-भोज्जं भुंजइ रस-चाओ तस्स सुविसुद्धो ॥ ४४६ ॥

[छाया-संसारदुःखत्रस्तः विषसमविषय विचिन्तयन् यः । नीरसभोज्यं भुङ्क्ते रसत्यागः तस्य सुविशुद्धः ॥] तस्य भिक्षोः रसत्यागः स्वशरीरेन्द्रियरागादिवृद्धिकरदुग्धदधिघृतगुडतैलादिरसानां त्यागः त्यजनं रसपरित्यागः, स्वाभिलषित-स्निग्धमधुराम्लकटुकादिरसपरिहारो वा रसत्यागः । घृतादिरसाना क्रमेण युगपद्वा त्यजनं चतुर्थं रसपरित्यागाख्यं तपो भवेत् । कथंभूतो रसत्यागः । सुविशुद्धः मिथ्यादिदोषरहिताः । तस्य कस्य । यः भिक्षुः भुङ्क्ते अत्ति अश्नाति जेमति । किं तत् । नीरसं भोज्य रसरहित भोजनमाहार दुग्धदधिघृततैलेक्षुरसलक्षणरहित भोज्यम् । घृतपूरलड्डुकखाद्यादिरहितं रससंसृष्टसूपापूपशाकपाकपक्वान्नवटकमण्डकादिरहितं तिक्तकटुकषायाम्लमधुररसरहित च भोजन भुङ्क्ते। उक्तं च मूलाचारे। "खीरदधिसप्पितेलं गुडलवणाणं च जं परिच्चयणं । तित्तकडुकसायंबिलमधुररसाण च ज चयण ॥" इति । कीदृग्विधो भिक्षुः सन् । ससारदुःखत्रस्तः चतुर्गतिलक्षणससारदुःखात् त्रासं संत्रास भय गच्छन् पञ्चसंसारदुःखेभ्यः भीरुः कातरः कम्पितदेहो वा। अपि पुनः किंभूतः साधुः । विषसमविषय विचिन्तयन् हालाहलतालकूटविषमदृशपञ्चेन्द्रियाणा सप्तविंशतिविषयान् चिन्तयन् स्मरन् । रसपरित्यागिना तपस्विना तर्हि कीदृशं भोजन भोक्तव्यम् । "अरसं च अण्णवेलाकद च सुद्धोदण च लुक्खं च आयंबिलमायामोदण च विगडोदणं चेव ॥" अरसं स्वादरहितम्, अन्यवेलाकृतं वेलान्तरकृत शीतलान्नम् शुद्धोदनं केनचित् अमिश्रम्, रूक्षं स्निग्धतारहितम् आचाम्लमसस्कृतसौवीरमिश्रम्,आचाम्लोदनं अप्रचुरजल सिक्थाढ्य केचिद्वदन्ति। अवसावणसहितं इत्यन्ये । विगडोदनम् अतीव तीव्रपक्वम् उष्णोदकसन्मिश्रान्नम् इत्यपरे । तत् किमर्थं रसत्याग । दान्तेन्द्रियत्वं तेजोहानिः संयमः अतिचाराद्विदोषनिवृत्तिरित्येवमाद्यर्थम् ॥४४६॥ अथ विविक्तशय्यासन तपश्चरणं गाथात्रयेण प्राह-

तथा भोज्यका प्रमाण करना कि आज प्रासुक यवान्न मिलेगा तो भोजन करूंगा, अन्यथा नहीं करूंगा, या प्रासुक मांड, या शाक या भात मिलेगा तो भोजन करूंगा, अन्यथा नहीं करूंगा । इस प्रकारके संकल्प करनेको वृत्तिपरिसंख्यान कहते हैं ।' संकल्पके अनुसार भोजनका योग मिलना दैवाधीन है। अतः यह बड़ा कठिन तप है ॥ ४४५ ॥ आगे रसपरित्याग तपको कहते हैं । **अर्थ**—संसारके दुःखोंसे संतप्त जो मुनि इन्द्रियोंके विषयोंको विषके समान मानकर नीरस भोजन करता है उसके निर्मल रस परित्याग तप होता है ॥ **भावार्थ** —शरीर और इन्द्रियोंमें रागादिको बढ़ाने वाले घी, दूध, दही, गुड़, तैल आदि रसोंके त्यागको रस परित्याग कहते हैं । अथवा अपनेको अच्छे लगनेवाले स्निग्ध, मधुर, खट्टा, कडुआ आदि रसोंके त्यागको रसपरित्याग कहते हैं । इन रसोंका त्याग क्रमसे अथवा एक साथ किया जाता है । मूलाचारमें कहा है- 'दूध, दही, घी, तेल, गुड़, और नमकका छोड़ना अथवा तीता, कडुआ, कसैला, खट्टा, और मीठा रसका छोड़ना रसपरित्याग है ॥'' रसपरित्यागसे इन्द्रियोंका दमन होता है, क्योंकि सभी रस मादक और उत्तेजक होते हैं । इसीसे साधुको कैसा भोजन करना चाहिये यह बतलाते हुए लिखा है—जो नीरस हो, तुरंतका बनाया हुआ गर्मागर्म न हो अर्थात् शीतल होगया हो, दालभात या दालरोटी इस तरह मिला हुआ न हो, अकेला भात हो, अकेली रोटी हो, अकेली दाल या अकेला शाक हो, रूखा हो, आचाम्ल (माढ़िया) हो या आचाम्ल ओदन (गर्म पानीमें मिले हुए खूब पके चावल) हो इस तरहका भोजन साधुके लिये करने योग्य है ॥४४६॥

१ स विसए । २ ब विसयं पि चिंतमाणो ।

जो राय-दोस-हेदू[1] आसण-सिज्जादियं परिच्चयइ ।
अप्पा णिव्विसय सया तस्स तवो पंचमो परमो ॥ ४४७ ॥

[छाया-यः रागद्वेषहेतुः आसनशय्यादिकं परित्यजति । आत्मा निर्विषयः सदा तस्य तपः पञ्चमं परमम् ॥] तस्य निर्ग्रन्थस्य पञ्चमं विविक्तशय्यासनाख्यं तपश्चरण स्यात्। कीदृक्ष पञ्चमं तपः। परमं परमकाष्ठां प्राप्तं परमोत्कृष्टम्। तस्य कस्य। यः साधुः आसनशय्यादिक सदा परित्यजति। आसनं सिंहासनपट्टपीठचक्कलादिकम्, शय्या शयनं मञ्चकपल्यङ्ककाष्ठफलादिकम्। आदिशब्दात् तृणपाषाणशिलादिशयनस्थानम्। कीदृक्षम् आसनशय्यादिकं रागद्वेषहेतुकं रागः रति: प्रेम स्नेहः, द्वेषः अरतिः अप्रेम इति रागद्वेषयोः कारण शयनासनादिक त्यजति, रागद्वेषकारणं वसत्यादिकमुत्पादादिदोषसहितं परिहरति कीदृशो मुनिः। निर्विषयः आत्मविषयेभ्यः पञ्चेन्द्रियार्थेभ्य. अतिक्रान्तः रहितः। आत्मा स्वयं वा ॥ ४४७ ॥

पूयादिसु[2] णिरवेक्खो संसार-सरीर-भोग[3]-णिव्विण्णो ।
अब्भंतर-तव-कुसलो[4] उवसम-सीलो महासंतो[5] ॥ ४४८ ॥
जो णिवसेदि[6] मसाणे वण-गहणे[7] णिज्जणे महाभीमे ।
अण्णत्थ वि एयंते[8] तस्स वि एदं तवं होदि ॥ ४४९ ॥[9]

[छाया-पूजादिषु निरपेक्षः संसारशरीरभोगनिर्विण्णः। अभ्यन्तरतपःकुशलः उपशमशीलः महाशान्तः॥ यः निवसति श्मशाने वनगहने निर्जने महाभीमे। अन्यत्र अपि एकान्ते तस्य अपि एतत् तपः भवति॥] युग्मम्। तस्यानगारिणः इदं विविक्तशयनासनाख्य तपो भवति। तस्य कस्य। यः भिक्षुः पूजादिषु निरपेक्षः पूजाख्यातियशोमहिमालाभादिषु निःस्पृहः दृष्टश्रुतानुभूतभोगाकाङ्क्षारूपनिदानरहितः। पुनः कथंभूतः। संसारशरीरभोगनिर्विण्णः, ससारः नरनारकादिचतुर्गतिलक्षण, शरीर देहः भोगः युवत्यादिसमुद्भवः इन्द्रियविषयोद्भवः द्वन्द्वः तेभ्यः निर्विण्णः विरक्तः

आगे तीन गाथाओंसे विविक्तशय्यासन नामक तपको कहते हैं। **अर्थ**-जो मुनि राग और द्वेषको उत्पन्न करने वाले आसन शय्या वगैरहका परित्याग करता है, अपने आत्मस्वरूपमें रमता है और इन्द्रियोंके विषयोंसे विरक्त रहता है उसके विविक्त शय्यासन नामका पांचवा उत्कृष्ट तप होता है॥ **भावार्थ**-आसन अर्थात् बैठनेका स्थान और शय्या अर्थात् सोनेका स्थान तथा 'आदि' शब्दसे मल मूत्र करनेका स्थान ऐसा होना चाहिये जहां राग द्वेष उत्पन्न न हो और वीतरागताकी वृद्धि हो। अतः मुनिको विविक्त अर्थात् ऐसे एकान्त स्थानमें बैठना और सोना चाहिये॥ ४४७॥ **अर्थ**-अपनी पूजा महिमाको नहीं चाहने वाला, संसार शरीर और भोगोंसे उदासीन, प्रायश्चित्त आदि अभ्यन्तर तपमें कुशल, शान्त परिणामी, क्षमाशील महा पराक्रमी जो मुनि श्मशानभूमिमें, गहन वनमें, निर्जन महाभयानक स्थानमें अथवा किसी अन्य एकान्त स्थानमें निवास करता है, उसके विविक्त शय्यासन तप होता है॥ **भावार्थ**-भगवती आराधनामें विविक्त शय्यासन तपका निरूपण करते हुए लिखा है-"जिस वसतिकामें मन को प्रिय अथवा अप्रिय लगने वाले शब्द रस रूप गन्ध और स्पर्शके निमित्तसे अशुभ परिणाम नहीं होवे तथा जहां स्वाध्याय और ध्यानमें बाधा नहीं आती वह वसतिका (निवास स्थान) एकान्त कही जाती है।" "जिसके द्वार बन्द हों अथवा खुले हों, जिसकी भूमि सम हो अथवा विषम हो,

१ ब हेउ। २ ल स ग पूजादिसु, म पुज्जा०। ३ ब भोय। ४ ब स ग कुसलो। ५ स महासत्तो। ६ ब णिवसेइ। ७ ल म ग गहिणे। ८ ब एयंतं, ल म स (?) ग एअंते। ९ ब युगलं।

वैराग्यं प्राप्तः। नरकादिगतिषु दुःखच्छेदनशूलारोपणकुम्भीपाकपचनक्षुधातृषावेदनोद्वेष्टानिष्टवियोगसंयोगमानसिकादिजं दुःखं वर्तते । शरीरं विनाशि सप्तधातुमयमिति । भोगः रोगगृहं विनाशकारीति चिन्तयन् वैराग्यवान् । पुनः कथंभूतः ? अभ्यन्तरतपःकुशलः अभ्यन्तरेषु तपस्सु तपश्चरणेषु प्रायश्चित्तादिषु कुशलः निपुणः निष्णातः दक्षः चतुरः विवेकी। पुनः कीदृक्षः । उपशमशीलः क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादीनामुपशमस्वभावः अनुदयस्वरूपः । पुनः कीदृक् । महाशान्तः महान् पूज्यः स चासौ शान्तः क्षमादिपरिणतः, यः एवंभूतः क्षपकः स श्मशाने निवसति पितृवने तिष्ठति । क्व क्व वसति संतिष्ठते वनगहने महावने गहनारण्ये अन्यत्रापि उद्वसगृहगिरिगुफाकन्दरकोटरादिके । कथंभूते । विविक्ते ध्यानाध्ययनविघ्नकर-स्त्रीपशुपाण्डकादिवर्जिते । पुनः कथंभूते स्थाने । महाभीमे महारौद्रे अतिभयानके एवंभूते वासे वसति यः तस्य विविक्त-शयनासनतपोविधानं स्यात् । तथा श्रीभगवत्याराधनायां विविक्तशयनासननिरूपणा कथ्यते । "जहिं ण विसोत्तिय अत्थि दु सद्दरसरूवगंधफासेहिं । सज्झायझाणवाघादो वा वसधी विवित्ता सा ॥" यस्यां वसतौ न विद्यते अशुभपरिणामः । कैः कृत्वा । शब्दरसरूपगन्धस्पर्शैः करणभूतैः मनोज्ञैः अमनोज्ञैर्वा सा विविक्ता वसतिः । स्वाध्यायध्यानयोर्व्याघातो वा नास्ति सा विविक्ता भवति । "वियडाए अवियडाए समविसमाए बहिं च अंतो वा । इत्थिणउंसयपसुवज्जिदाए सीदाए उसिणाए ॥" विघटायाम् उद्घाटितद्वारायाम् अविघटितायाम् अनुद्घाटितद्वारायां वा समभूमिसमन्वितायां वा विषमभूमिसमन्वितायां बहिः अभ्यन्तरे वा स्त्रीभिर्नपुंसकैः पशुभिश्च वर्जितायां वसतौ शीतायाम् उष्णायाम् ।

जो बाह्य भागमें हो अथवा अभ्यन्तर भागमें हो, जहां स्त्री नपुंसक और पशु न हों, जो ठंडी हो, अथवा गर्म हो वह वसतिका एकान्त वसतिका है।" जो वसतिका उद्गम, उत्पादन और एषणा दोषोंसे रहित है वह एकान्त वसतिका मुनिके योग्य है। उद्गम आदि दोष इस प्रकार हैं–वृक्ष काटना, काटकर लाना, ईंटें पकाना, जमीन खोदना, पत्थर बालु वगैरहसे गड्ढा भरना, जमीन कूटना, कीचड़ करना, खम्भे खड़े करना, अग्निसे लोहेको तपाकर पीटना, आरासे लकड़ी चीरना, विसोलेसे छीलना, कुल्हाड़ीसे काटना, इत्यादि कार्योंसे छै कायके जीवोंको बाधा देकर जो वसतिका स्वयं बनाई हो अथवा दूसरोंसे बनवाई हो वह वसतिका अधःकर्मके दोषसे युक्त होती है। जितने दीन, अनाथ, कृपण अथवा साधु आयेंगे, अथवा निर्ग्रन्थ मुनि आयेंगे अथवा अन्य तापसी आयेंगे उन सबके लिये यह वसतिका होगी, इस उद्देश्यसे बनाई गई वसतिका उद्देशिक दोषसे युक्त होती है। अपने लिये घर बनवाते समय 'यह कोठरी साधुओंके लिये होगी' ऐसा मन में विचार कर बनवाई गई वसतिका अभ्योब्भव दोषसे युक्त होती है। अपने घरके लिये लायेगये बहुत काष्ठादिमें श्रमणोंके लिये लाये हुए काष्ठादि मिलाकर बनवाई गई वसतिका पूतिक दोषसे युक्त होती है। अन्य साधु अथवा गृहस्थोंके लिये घर बनवाना आरम्भ करने पर पीछे साधुओंके उद्देश्यसे ही काष्ठ आदिका मिश्रण करके बनवाई गई वसतिका मिश्र दोषसे दूषित होती है। अपने लिये बनवाये हुए घर को पीछे संयतोंके लिये दे देनेसे वह घर स्थापित दोषसे दूषित होता है। मुनि इतने दिनोंमें आयेंगे जिस दिन वे आयेंगे उस दिन सब घरको लीप पोतकर स्वच्छ करेंगे ऐसा मनमें संकल्प करके जिस दिन मुनिका आगमन हो उसी दिन वसतिकाको साफ करना पाहुडिग दोष है। मुनिके आगमनसे पहले संस्कारित वसतिका प्रादुष्कृत दोषसे दूषित होती है। जिस घरमें बहुत अंधेरा हो मुनियोंके लिये प्रकाश लानेके निमित्तसे उसकी दीवारमें छेद करना, लकड़ीका पटिया हटाना उसमें दीपक जलाना, यह पादुकार दोष है। खरीदे हुए घरके दो भेद हैं–द्रव्यक्रीत और भावक्रीत। गाय बैल वगैरह सचित्त पदार्थ देकर अथवा गुड़ खांड वगैरह अचित्त पदार्थ देकर खरीदा हुआ मकान द्रव्य

"उग्गमउप्पादणएसणाविसुद्धाए अकिकरियाए दु । वसदि अममत्ताए णिप्पाहुडियाए सेज्जाए ॥" उद्गमोत्पादनैषणादोष-रहिताया वसत्याम् । तत्रोद्गमदोषो निरूप्यते । वृक्षच्छेदनतदानयनम् । इष्टिकापाकः भूमिखननं पाषाणसिकतादिभिः पूरणं धरायाः कुट्टनं कर्दमकरणं कीलाना करणमग्निना लोहतापन कृत्वा प्रताड्य क्रकचैः काष्ठपाटन परशुभिः छेदनमित्येवमादि-व्यापारेण षण्णा जीवनिकायाना बाधां कृत्वा स्वेन वा उत्पादिता अन्येन वा वसतिः आधाकर्मशब्देनोच्यते ।१। यावन्तो दीनानाथकृपणा आगच्छन्ति लिङ्गिनो वा तेषामियमित्युद्दिश्य कृता पाषण्डिनामेवेति वा निर्ग्रन्थानामेवेति सा उद्देसिग-वस-तिर्भण्यते । २ । अपवरक संयतानां भवत्विति विकृत अज्झोवज्झं । ३ । आत्मनो गृहार्थमानीतैः काष्ठादिभिः सह बहुभिः श्रमणार्थमानीयाल्पेन मिश्रिता यत्र गृहे तत्पूतिकमिति ।४। पाषण्डिनां गृहस्थाना वा क्रियमाणे गृहे पश्चात् संयतान् उद्दिश्य काष्ठादिमिश्रेण निष्पादित वेश्म मिश्रम् । ५ । स्वार्थमेव कृत संयतार्थमिति स्थापितं ठविदं इत्युच्यते । ६ । संयतः स च यावद्भिर्दिनैरागमिष्यति तत्प्रवेशदिने गृहसंस्कार सकलं करिष्यामः इति चेतसि कृत्वा यत्संस्कारित वेश्म तत् पाहुडिगं, तदागमानुरोधेन गृहसंस्कारकालापह्रास कृत्वा वा संस्कारिता वसतिः।७। यद्गृहमन्धकारबहुल तत्र बहुलप्रकाशसंपादनाय यतीना छिद्रीकृतकुड्यम् अपाकृतफलक सुविन्यस्तप्रदीपक वा तत्प्रादुष्कारशब्देन भण्यते । ८ । द्रव्यक्रीत भावक्रीतमिति द्विविध क्रीतं वेश्म सचित्त गोबलीवर्दादिकं दत्त्वा संयतार्थं क्रीतम् अचित्त वा घृतगुडखण्डादिक दत्त्वा क्रीत द्रव्यक्रीत, विद्या-मन्त्रादिदानेन वा क्रीत भावक्रीतम् ।९। अल्पमृणं कृत्वा वृद्धिसहितमवृद्धिकं वा गृहीतं संयतेभ्यः पामिच्छं। १० । मदीये वेश्मनि तिष्ठतु भवान् युष्मदीय तावद्गृहं यतिभ्यः प्रयच्छेति गृहीतं परियट्टं । ११ । कुड्याद्यर्थं कुटीरककटादिक स्वार्थं

क्रीत है । विद्या मंत्र वगैरह देकर खरीदा हुआ मकान भावक्रीत है । बिना ब्याजपर अथवा ब्याजपर थोड़ासा कर्जा करके मुनियोंके लिये खरीदा हुआ मकान पामिच्छ दोषसे दूषित होता है । आप मेरे घरमें रहें और अपना घर मुनियोंके लिये देदें इस प्रकार से लिया हुआ मकान परिवर्त दोषसे दूषित होता है । अपने घरकी दीवारके लिये जो स्तम्भ आदि तैयार किये हों वह संयतोंके लिये लाना अभ्याहृत नामक दोष है । इस दोषके दो भेद हैं—आचरित और अनाचरित । जो सामग्री दूर देशसे अथवा अन्य ग्रामसे लाई गई हो उसको अनाचरित कहते हैं और जो ऐसी नहीं हो उसे आचरित कहते हैं । ईंट, मिट्टी, बाड़ा, किवाड़ अथवा पत्थरसे ढका हुआ घर खोलकर मुनियोंके लिये देना उद्भिन्न दोष है । नसैनी वगैरहसे चढ़कर 'आप यहां आईये, यह वसतिका आपके लिये है' ऐसा कहकर संयतोंको दूसरी अथवा तीसरी मंजिल रहनेके लिये देना मालारोह नामका दोष है। राजा मंत्री वगैरहका भय दिखाकर दूसरेका मकान वगैरह मुनियोंके लिये दिलाना अछेद्य नामका दोष है । अनिसृष्ट दोषके दो भेद हैं—जिसे देनेका अधिकार नहीं है ऐसे गृहस्वामीके द्वारा जो वसतिका दी जाती है वह अनिसृष्ट दोषसे दूषित है । और जो वसतिका बालक और पराधीन स्वामीके द्वारा दीजाती है वह भी उक्त दोषसे दूषित है । यह उद्गम दोषोंका निरूपण किया । अब उत्पादन दोषोंका कथन करते हैं । धायके काम पांच हैं । कोई धाय बालकको स्नान कराती है, कोई उसको आभूषण पहनाती है, कोई उसका मन खेलसे प्रसन्न करती है, कोई उसको भोजन कराती है, और कोई उसको सुलाती है । इन पांच धात्री कर्मोंमेंसे किसी कामका गृहस्थको उपदेश देकर उससे वसतिका प्राप्त करना धात्रीदोष है । अन्य ग्राम, अन्य नगर, देश, देशान्तरके समाचार कह कर प्राप्त की गई वसतिका दूतकर्म दोषसे दूषित है । अंग, स्वर, व्यंजन, लक्षण, छिन्न, भौम, स्वप्न और अन्तरिक्ष ये आठ महानिमित्त हैं । इन आठ महानिमित्तोंके द्वारा शुभाशुभ फल बतलाकर प्राप्त की गई वसतिका निमित्त दोषसे दूषित है । अपनी जाति, कुल, ऐश्वर्य, वगैरहका माहात्म्य बत-

निष्पन्नमेव यत् संयतार्थमानीतं तद् अब्माहिड इति । तद्विविधम् । दूरदेशाद्ग्रामान्तराद्वा आनीतम् अनाचरितम्,इतरदाचरितम् ।१२। इष्टिकादिभिः मृत्पिण्डेन वृत्त्या कवाटेनोपलेन वा स्थगितम् अपनीय दीयते यत्तदुद्भिन्नम् ।१३।[निश्रेण्यादिभिरारुह्य इत आगच्छत युष्माकमिय वसतिरिति या दीयते द्वितीया तृतीया वा भूमिः सा मालारोहमित्युच्यते । १४] राजामात्यादिभिर्भयमुपदर्श्य परकीयं यद्दीयते तत् अच्छेज्ज इति ।१५। अनिसृष्टं द्वेधा गृहस्वामिना अनियुक्तेन या दीयते यदस्वामिनापि बालेन परवशवर्तिना दीयते द्विविधमनिसृष्टमिति ।१६। उत्पादनदोषो निरूप्यते । पञ्चविधाना धात्रीकर्मणाम् अन्यतमेनोत्पादिता वसतिः, काचिद्दारक स्नपयति भूषयति क्रीडयति आशयति स्वापयति वा वसत्यर्थमेवमुत्पादितवसतिर्धात्रीदोषदुष्टा ।१। ग्रामान्तरात् नगरान्तराच्च देशात् अन्यदेशतो वा संबन्धिना वार्ताम् अभिधायोत्पादिता दूतकर्मोत्पादिता ।२। अङ्ग १ स्वरो २ व्यजनं ३ लक्षण ४ छिन्नं ५ भौमं ६ स्वप्नः ७ अन्तरिक्षमिति एवंभूतनिमित्तोपदेशेन लब्धा वसतिर्निमित्तदोषदुष्टा ।३। आत्मनो जातिं कुलमैश्वर्यं वाऽभिधाय स्वमाहात्म्यप्रकटनेनोत्पादिता वसतिराजीवशब्देनोच्यते ।४। भगवन् सर्वेषामाहारदानात् वा वसतिदानाच्च पुण्य किमु महदुपजायते इति पृष्टे न भवतीत्युक्ते [गृहिजन. प्रतिकूलवचनरुष्टो वसतिं न प्रयच्छेदिति एवमिति] तदनुकूलमुक्त्वा या उत्पादिता सा [वणिवग-शब्देनोच्यते] ।५। अष्टविधया चिकित्सया लब्धा चिकित्सोत्पादिता ।६। क्रोध [–मानमायालोभ–] उत्पादिताः च ।७-१० । गच्छतामागच्छता च यतीनां भवदीयमेव गृहमाश्रयः [इतीयं वार्ता दूरादेवास्माभिः श्रुतेति पूर्वं स्तुत्वा या लब्धा सा पूर्वसंस्तवदुष्टा । वसनोत्तरकाल च गच्छन्प्रशसा करोति पुनरपि वसतिं लप्स्ये इति यत्प्रगमति [मन्त्रेण, चूर्णेन, योगेन, मूलकर्मणा । सा पश्चात्संस्तव–] दोषदुष्टा ।१३। विद्यया मन्त्रादिना गृहिणं वशे स्थापयित्वा लब्धा वसति. अभिहितदोषा ।१२–१६। एषणादोषान् एवं जानीहि। किम् इयं योग्या वसतिर्नेति शङ्किता ।१। तदानीमेव सिक्ता लिप्ता वा म्रक्षितदोषः ।२। सचित्तपृथिव्यप्तेजोवायुवनस्पतिबीजाना त्रसानाम् उपरि स्थापितं पीठफलकादिकम्, अत्र मया शय्या कर्तव्या या दीयते वसतिः सा निक्षिप्ता ।३। सचित्तमृत्तिकापिधानमपाकृष्य या दीयते सा पिहिता ।४। काष्ठादिकाकर्षणं कुर्वता पुरो यायिना उपदर्शिता वसतिः साहरणा ।५। मृतजातसूतकयुक्तगृहिजनेन व्याधितेन ग्रथिलेन दीयमाना वसतिर्दायक-

---

लाकर प्राप्त की गई वसतिका आजीवक दोषसे दूषित है । 'भगवान्, सबको आहार दान देनेसे और वसतिकाके दानसे क्या महान् पुण्यकी प्राप्ति नहीं होती ?' ऐसा श्रावकका प्रश्न सुनकर श्रावकके अनुकूल उत्तर देकर वसतिका प्राप्त करना वनीपक दोष है । आठ प्रकारकी चिकित्सा करके वसतिका प्राप्त करना चिकित्सा दोष है । क्रोध आदिसे प्राप्त की गई वसतिका क्रोधाद्युत्पादित दोषसे दूषित है । 'आने जानेवाले मुनियोंको आपका ही घर आश्रय है' ऐसी स्तुति करके प्राप्त की गई वसतिका पूर्व-स्तुति नामक दोषसे दुष्ट है । वसतिका छोड़ते समय 'आगे भी कभी स्थान मिल सके' इस हेतुसे गृहस्थकी स्तुति करना पश्चात् स्तुति नामक दोष है । विद्या मंत्र वगैरहके प्रयोगसे गृहस्थको वशमें करके वसतिका प्राप्त करना विद्यादि दोष है । भिन्न जातिकी कन्याके साथ सम्बन्ध मिलाकर वसतिका प्राप्त करना अथवा विरक्तोंको अनुरक्त करके उनसे वसतिका प्राप्त करना मूलकर्म दोष है । इस प्रकार ये सोलह उत्पादन दोष हैं । आगे दस एषणा दोष कहते हैं । यह वसतिका योग्य है अथवा नहीं ऐसी शंका जिसमें हो वह वसतिका शंकित दोषसे दुष्ट है । उसी समय लीपी पोती गई या धोई गई वसतिका म्रक्षित दोषसे दूषित है । सचित्त पृथिवी, जल, अग्नि, वनस्पति वगैरह अथवा त्रस जीवोंके ऊपर आसन वगैरह रखकर 'यहां आप विश्राम करें' ऐसा कह कर दी गई वसतिका निक्षिप्त दोषसे दूषित है । सचित मिट्टी वगैरहके आच्छादनको हटाकर दी गई वसतिका पिहित दोषसे दूषित है । लकड़ी वगैरहको घसीट कर ले जाते हुए पुरुषके द्वारा बतलाई गई वसतिका साधारण दोषसे दुष्ट है । मरणके अशौच या जन्मके अशौचसे युक्त गृहस्थके द्वारा अथवा रोगी

दुष्टा । ६ । स्थावरैस्त्रसैः पिपीलिकामत्कुणादिभिः सहितोन्मिश्रा । ७ । अधिकवितस्तिमात्राया भूमेरधिकाया ग्रहणं प्रमाणातिरेकदोषः ।८। शीतवातातपाद्युपद्रवसहिता वसतिरियं निन्दां कुर्वतो वसनं धूमदोषः ।९। निर्वाता विशाला नात्युष्णा शोभनेयमिति तत्रानुराग इङ्गालदोषः । एवमेतैरुद्गमादिदोषैरनुपहता वसतिः शुद्धा,तस्याः दुःप्रमार्जनादिसंस्कार-रहितायाः जीवसंभवरहितायाः शय्यारहिताया वसत्याः अन्तर्बहिर्वा वसति यतिः विविक्तशय्यासनरतः । अथ का विविक्ता वसतिरित्यत्राह । "सुण्णघरगिरिगुहारुक्खमूलआगंतुगारदेवकुले । अकदप्पब्भारारामघरादीणि य विवित्ताइं ॥" शून्यं गृह गिरेर्गुहावृक्षमूलं आगन्तुकाना वेश्म देवकुल शिक्षागृहं केनचिदकृतम् अकृतप्राग्भारं कथ्यते । आरामगृहं क्रीडार्थमाया-तानामावासाय कृतम् एता विविक्ता वसतयः । अत्र वसतेर्दोषाभावमाचष्टे ॥ "कलहो बोलो झंझा वामोहो संकरो ममत्ति च । झाणज्झयणविघादो णत्थि विवित्ताए वसधीए ॥ "कलहो ममेदं च वसतिस्तवेदमिति कलहो न केनचित् अन्यजनरहित-त्वात्, बोलो शब्दबहुलता, झझा संक्लेशः, व्यामोहो वैचित्यम्,संकरम् अयोग्यैरसयतैः सह मिश्रणम्, ममत्वं ममेदं नास्ति, ध्यानस्य अध्ययनस्य च व्याघातः । इति विविक्तशयनासनतपोविधानम् ॥४४९॥ अथ कायक्लेशतपोविधानं प्रतनोति—

दुस्सह-उवसग्ग-जई आतावण-सीय-वाय-खिण्णो वि ।
जो णवि खेदं गच्छदि काय-किलेसो तवो[1] तस्स ॥४५०॥

[छाया-दुस्सहोपसर्गजयी आतापनशीतवातखिन्नः अपि । यः नैव खेदं गच्छति कायक्लेशं तपः तस्य ॥] तस्य निर्ग्रन्थमुनेः कायक्लेशः कायस्य शरीरस्य उपलक्षणात् इन्द्रियादेश्च क्लेशः क्लेशन दमन कदर्थन तपो भवति । तस्य कस्य । यो मुनि खेदं श्रम चित्तक्लेशं मानसे खेदखिन्नत्वं नापि गच्छति नैव प्राप्नोति । कीदृग्विधो मुनिः । आतापनशीत-

गृहस्थके द्वारा दी गई वसतिका दायक दोषसे दूषित है । स्थावर जीवों और त्रस जीवोंसे युक्त वसतिका उन्मिश्र दोषसे दूषित है । मुनियोंको जितने वितस्ती प्रमाण जमीन ग्रहण करनी चाहिये उससे अधिक जमीन ग्रहण करना प्रमाणातिरेक दोष है । इस वसतिकामें हवा ठंड या गर्मी वगैरहका उपद्रव है ऐसी बुराई करते हुए वसतिकामें रहना धूम दोष है । यह वसतिका विशाल है, इसमें वायुका उपद्रव नहीं है, यह बहुत अच्छी है, ऐसा मानकर उसके ऊपर राग भाव रखना इंगाल दोष है । इस प्रकार इन उद्गम, उत्पादन और एषणा दोषोंसे रहित वसतिका मुनियोंके योग्य है। ऐसी वसतिकामें रहनेवाला मुनि विविक्त शय्यासन तपका धारी है ॥ ४४८-४९ ॥ आगे कायक्लेश तपको कहते हैं । **अर्थ-**दुःसह उपसर्गको जीतनेवाला जो मुनि आतापन, शीत वात वगैरहसे पीड़ित होनेपर भी खेदको प्राप्त नहीं होता, उस मुनिके कायक्लेश नामका तप होता है **भावार्थ-**तपस्वी मुनि ग्रीष्म ऋतुमें दुःसह सूर्यकी किरणोंसे तपे हुए शिलातलोंपर आतापन योग धारण करते हैं। तथा शीत ऋतुमें अर्थात् पौष और माघके महीनेमें नदी समुद्र आदिके किनारे पर अथवा वनके बीचमें किसी खुले हुए स्थानपर जोग धारण करते हैं । और वर्षाऋतुमें वृक्षके नीचे योग धारण करते हैं, जहां वर्षा रुक जानेपर भी पत्तोंसे पानी टपकता रहता है और झंझा वायु बहती रहती है । इस तरह गर्मी सर्दी और वर्षा का असह्य कष्ट सहनेपर भी उनका चित्त कभी खिन्न नहीं होता। इसके सिवाय वे देव मनुष्य तिर्यञ्च और अचेतनके द्वारा किये हुए दुःसह उपसर्गोंको और भूख प्यासकी परीषहको भी सहते हैं, उन मुनिके कायक्लेश नामका तप होता है । चारित्रसार आदि ग्रन्थोंमें भी कहा है-वृक्ष के मूलमें ध्यान लगाना, निरभ्र आकाशके नीचे आतापन योग धारण करना, वीरासन, कुक्कुटासन, पर्यङ्कासन आदि अनेक प्रकारके आसन लगाना, अपने शरीरको संकुचित करके शयन करना, ऊपरको मुख

१ ल ग तउ (ओ ?) ।

वातखिन्नोऽपि आतापन दुःखसहसूर्यकिरणसंतप्तपर्वतशिलातलेषु वैशाखज्येष्ठमासादिषु आतापनम् आतापयोगधारणम्। उक्तं च। 'दिनकरकिरणनिकरसंतप्तशिलानिचयेषु निःस्पृहाः' इत्यादिहु ज्ञेयम्। शीतकाले पौषे माघे च नद्यादिसमुद्रादिकूले वनमध्यस्थचतुष्पदे च हिमभवं शीतम्। तथा अविरतबहलतुहिनकणवारिभिरंघ्रिपपत्रशातनैरित्यादिक ज्ञेयम्। वर्षाकाले वनमध्यस्थितवृक्षादिमूले झञ्झावातादिमहन शिखिगलकज्जलालिमलिनैरित्यादिकं मन्तव्यम्। आतपन च शीत च वातश्च आतापनशीतवाताः तैः खिन्न. खेद प्राप्त. जर्जरीकृतः। अपिशब्दात् अखिन्न.। पुन कीदृक्षः। दुःसहोपसर्गजयी दुःसहा. दुःखेन महता कष्टेन सह्यन्ते इति दुःसहाः ते च ते उपसर्गाः देवमनुष्यतिर्यगचेतनकृताः, उपलक्षणात् क्षुत्पिपासादयः परीषहा गृह्यन्ते, तान् दुःसहोपसर्गान् परीषहांश्च जयतीत्येवशीलः दुःसहोपसर्गजयी। तथा चारित्रसारादौ। वृक्षमूलाभ्रावकाशातापनयोगवीरासनकुक्कुटासनपर्यङ्कासनसकुञ्चितगात्रशयनउत्तानशयनमकरमुखहस्तिशुण्डमृतकशयनैः एकपार्श्वदण्डधनुःशय्याभिः शरीरपरिखेदः कायक्लेशः। तथा प्रमृष्टस्तम्भादिकमुपाश्रित्य स्थानमुर्द्धीभवन स्थापितस्थान निश्चयमवस्थान कायोत्सर्गः। समौ पादौ कृत्वा स्थानम्, एकेन पादेनावस्थानम्, बाहू प्रसार्यावस्थानम् इत्यादिकैः कायोत्सर्गैः शरीरक्लेशनम्। रात्रौ अशयनम् अस्नान दन्तानामशोधनम् इत्यादिकायक्लेशनम्। किमर्थं कायक्लेशः। वर्षाशीतातपविसंस्थुलासनविषमशय्यादिषु शुभध्यानपरिचर्यार्थं दुःखोपसहनार्थं विषयसुखभङ्गार्थं शासनप्रभावनाद्यर्थं स्वकायक्लेशानुष्ठानं क्रियते इति एतद्बाह्यं तपः षड्विधं बाह्यजनानां मिथ्यादृष्टीनाम् अपि प्रकटं प्रत्याख्यानम् ॥ ४५० ॥ अथ आभ्यन्तरं षड्विधं तपो विधानं व्याख्यायते। तत्र प्रायश्चित्तं तपो गाथापञ्चकेनाह—

दोसं ण करेदि सयं अण्णं पि ण कारएवि जो तिविहं।
कुव्वाणं पि ण इच्छदि[1] तस्स विसोही परा[2] होदि ॥ ४५१ ॥

[छाया-दोषं न करोति स्वयम् अन्यम् अपि न कारयति यः त्रिविधम्। कुर्वाणम् अपि न इच्छति तस्य विशुद्धिः परा भवति ॥] तस्य मुनेः तपस्विनः परा विशुद्धिः परा उत्कृष्टा विशुद्धिः निर्मलता प्रायश्चित्त भवति। तद्यथा। प्रकृष्टो

करके सीधा सोना, मगरके मुखकी तरह या हाथीकी सूंडकी तरह अथवा मुर्देकी तरह या दण्डकी तरह निश्चल शयन करना, एक करवटसे सीधा सोना या धनुषकी तरह शयन करना, इत्यादि प्रकारोंसे शरीरको कष्ट देना कायक्लेश तप है। तथा स्तम्भ वगैरह का आश्रय लेकर खड़े रहना, जहाँ रहे है वहाँ निश्चल खड़े रहना, दोनों पैरोंको समान करके कायोत्सर्ग पूर्वक खड़े रहना, एक पैरसे खड़े रहना या दोनों पैरों या बाहूको फैलाकर खड़े रहना इत्यादि प्रकारके कायोत्सर्गोंसे शरीरको कष्ट देना, रात्रिमें शयन न करके ध्यान लगाना, स्नान न करना, दातौन न करना, इन सबको कायक्लेश कहते हैं। वर्षामें, शीतमें, घाममें, पथरीले स्थानमें, ऊंचे नीचे प्रदेशमें भी शुभ ध्यान करनेके लिये, दुःख सहन करनेकी क्षमताके अभ्यासके लिये, विषयसुखसे मनको रोकनेके लिये तथा जिनशासनकी प्रभावना आदिके लिये इस कायक्लेश तपको किया जाता है। इन छै तपोंको बाह्य तप इस लिये कहते हैं कि बाह्य मिथ्यादृष्टि भी इन तपोंको करते हुए देखे जाते हैं, अथवा अन्य लोगोंको इनका प्रत्यक्ष हो जाता है ॥ ४५० ॥ आगे छै प्रकारके अभ्यन्तर तपका वर्णन करते हुए प्रथम ही पांच गाथाओंसे प्रायश्चित तपको कहते हैं। **अर्थ**—जो तपस्वी मुनि मन वचन कायसे स्वयं दोष नहीं करता, अन्यसेभी दोष नहीं कराता तथा कोई दोष करता हो तो उसे अच्छा नहीं मानता, उस मुनिके उत्कृष्ट विशुद्धि होती है ॥ **भावार्थ**—यहां विशुद्धिसे आशय प्रायश्चित्त से है। 'प्रायः' का अर्थ है। प्रकृष्ट चारित्र। अतः प्रकृष्ट चारित्र जिसके हो उसे भी 'प्रायः' कहते हैं। इस लिये 'प्रायः' माने

---

१ ब इच्छइ। २ ल म ग परो।

अयः शुभावहो विधिर्यस्य साधुलोकस्य स प्रायः प्रकृष्टचारित्रः प्रायस्य साधुलोकस्य चित्तं यस्मिन् कर्मणि तत्प्रायश्चित्तम् आत्मशुद्धिकरम्। अथवा प्रगतः प्रणष्टः अयः प्राय अपराधः तस्य चित्तशुद्धिः प्रायश्चित्तमपराधं प्राय इत्युच्यते लोकश्चित्तं तस्य मनो भवेत् तस्य शुद्धिकरं प्रायश्चित्तम्। तथा च प्रायश्चित्तमपराधं प्राप्तः सन् येन तपसा पूर्वकृतात् पापात् विशुध्यते पूर्वव्रतैः सपूर्णो भवतीति प्रायश्चित्त स्यात्। तस्य कस्य। यः तपस्वी स्वयमात्मना दोषम् अपराधं महाव्रतादिन्यूनताकरणलक्षणं न करोति न विदधाति। अपि पुनः अन्यं परं पुरुषं दोषं व्रतातिचारं न कारयति। दोषं कुर्वाणम् अव्रतातिचारमाचरन्तं न प्रेरयतीत्यर्थः। अपि पुनः अन्यं दोषं कुर्वाणं व्रतातिचारमाचरन्तं न इच्छति न अनुमनुते। मनोवचनकायेन कृतकारितानुमतप्रकारेण व्रतातिचारादिकं दोषमपराधं स्वयं न करोति न कारयति नानुमोदयति ३। पर प्रेरयित्वा मनसादिकेन न करोति न कारयति नानुमोदयति ३। अन्यं कुर्वन्तं दृष्ट्वा मनसादिकेन न करोति न कारयति नानुमोदयति ३। दशप्रकार प्रायश्चित्तं यत्याचारोक्तमाह। "आलोयणपडिकमणं उभय विवेगो तहा विउस्सग्गो। तव छेदो मूलं पि य परिहारो चेव सद्दहणा॥" एकान्तनिषण्णाय प्रसन्नचेतसे विज्ञातदोषदेशकालाय सूरये गुरवे तादृशेन शिष्येण विनयसहितं यथा भवत्येवमवञ्चनशीलेन शिशुवत्सरलबुद्धिना आत्मप्रमादप्रकाशनं निवेदनम् आलोचनम्।१। रात्रिभोजनपरित्यागव्रतसहितपञ्चमहाव्रतोच्चारण सभावन दिवसप्रतिक्रमण पाक्षिक वा। अथवा निजदोषमुच्चार्योच्चार्य मिथ्या मे दुष्कृतमस्तु इति प्रकटीकृतप्रतिक्रियं प्रतिक्रमणम्। २। शुद्धस्याप्यशुद्धत्वेन यत्र सदेहविपर्ययौ भवतः, अशुद्धस्यापि शुद्धत्वेन वा यत्र निश्चयो भवति, तत्र तदुभयम् आलोचनप्रतिक्रमणद्वय भवति।३। यद्वस्तु नियमितं भवति तद्वस्तु चेन्निजभाजने पतति मुखमध्ये वा समायाति यस्मिन् वस्तुनि गृहीते वा कषायादिकम् उत्पद्यते तस्य सर्वस्य वस्तुन. त्यागः क्रियते, तद्विवेकनामप्रायश्चित्तम्।४। नियतकायस्य वाचो मनसश्च त्यागो व्युत्सर्गः कायोत्सर्गः।५। उपवासादिपूर्वोक्तं षड्विधं बाह्यं तपः तपोनामप्रायश्चित्तम्।६। दिवसपक्षमासादिविभागेन दीक्षाहापन छेदो नाम प्रायश्चित्तम्। ७। पुनरद्यप्रभृति व्रतारोपणं मूलप्रायश्चित्तम्। ८।

साधु लोग, उनका चित्त जिस काममें हो उसे प्रायश्चित कहते हैं। अतः जो आत्माकी विशुद्धि करता है वह प्रायश्चित्त है। अथवा 'प्रायः' माने अपराध, उसकी चित्त अर्थात् शुद्धिको प्रायश्चित्त कहते हैं। सारांश यह है कि जिस तपके द्वारा पहले किये हुए पापकी विशुद्धि होती है अर्थात् पहलेके व्रतोंमें पूर्णता आती है उसे प्रायश्चित्त कहते हैं। इस प्रकार जो मुनि मन वचन काय और कृत कारित अनुमोदनासे दोष नहीं करता उसके प्रायश्चित तप होता है। मुनियोंके आचारमें प्रायश्चितके दस भेद कहे हैं, जो इस प्रकार हैं—आलोचन, प्रतिक्रमण, उभय, विवेक, व्युत्सर्ग, तप, छेद, मूल, परिहार और श्रद्धान। एकान्त स्थानमें बैठे हुए, प्रसन्न चित्त, और देश कालको जाननेवाले आचार्यके सामने विनयपूर्वक जानकर, बच्चेकी तरह सरल चित्तसे शिष्यके द्वारा अपना अपराध निवेदन करना आलोचना नामक प्रायश्चित्त है। अपने दोषको यह कह कर 'मेरा यह दोष मिथ्या हो' उस दोषके प्रति अपनी प्रतिक्रियाको प्रकट करना प्रतिक्रमण नामका प्रायश्चित है। शुद्ध वस्तुमें भी शुद्धताका सन्देह होनेपर या शुद्धको अशुद्ध अथवा अशुद्धको शुद्ध समझ लेने पर आलोचन और प्रतिक्रमण दोनों किये जाते हैं। इसे उभय प्रायश्चित कहते हैं। जो वस्तु त्यागी हुई हो वह वस्तु यदि अपने भोजनमें आजाये अथवा मुखमें चली जाये, तथा जिस वस्तुके ग्रहण करनेपर कषाय वगैरह उत्पन्न होती हो, उन सब वस्तुओंका त्याग किया जाता है। इसे विवेक नामका प्रायश्चित कहते हैं। कायोत्सर्ग करनेको व्युत्सर्ग प्रायश्चित कहते हैं। पहले कहे हुए अनशन आदि छै बाह्य तपोंके करनेको तप प्रायश्चित कहते हैं। दिन, पक्ष और मास आदिका विभाग करके मुनिकी दीक्षा छेद देनेको छेद प्रायश्चित कहते हैं। पुनः दीक्षा देनेको

दिवसपक्षमासादिविभागेन दूरतः परिवर्जनं परिहारः। अथवा परिहारः द्विप्रकारः। गणप्रतिबद्धो, यत्र प्रश्रवणादिकं कुर्वन्ति मुनयः तत्र तिष्ठति पिच्छिकामग्रतः कृत्वा यतीना वन्दनां करोति तस्य यतयः प्रतिवन्दनां न कुर्वन्ति। एवं या गणे क्रिया गणप्रतिबद्धः परिहारः। यत्र देशे धर्मो न ज्ञायते[1] तत्र गत्वा मौनेन तपश्चरणानुष्ठानकरणमगणप्रतिबद्धः परिहारः ।९। तथा श्रद्धान तत्त्वरुचौ परिणामः क्रोधादिपरित्यागो वा श्रद्धानम् ।१०। तत्त्वार्थसूत्रे नवमोपस्थापनाप्रायश्चित्तं कथितमस्ति। महाव्रताना मूलच्छेदनं विधाय पुनरपि दीक्षाप्रापणम् उपस्थापना। एतद्दशप्रकारं प्रायश्चित्तं दोषानुरूपं दातव्यमिति ॥४५१॥

अह कह[2] वि पमादेण य दोसो जदि एदि तं पि पयडेदि।
णिद्दोस-साहु-मूले दस-दोस-विवज्जिदो[3] होदु[4] ॥४५२॥

[छाया-अथ कथमपि प्रमादेन च दोषः यदि एति तम् अपि प्रकटयति। निर्दोषसाधुमूले दशदोषविवर्जितः भवितुम्॥] अथ अथवा यदि चेत् कथमपि प्रमादेन पञ्चदशप्रमादप्रकारेण "विकहा तह य कसाया इंदियणिद्दा तहेव पणओ य। चदु चदु पणमेगेगं होंति पमादा हु पण्णरसा॥" इति। विकथाः ४, कषायाः ४,इन्द्रियाणि ५, निद्रा १,प्रणयः स्नेहः १ इति पञ्चदशप्रकारप्रमादाचरणेन दोष अपराधः व्रतातिचारादिकः एति आगच्छति प्राप्नोति तमपि दोषं व्रतातिचारादिकं प्रकटयति प्रकटीकरोति। क्व। निर्दोषसाधुमूले निर्दोषा यथोक्ताचारचारिण. साधवः सूरिपाठकमुनय. निर्दोषाश्च ते साधवश्च निर्दोषसाधव. तेषां साधूना सूरिप्रमुखाणा मूले पादमूले तदग्रे इत्यर्थः। किं कर्तुम्। होदुं भवितुं दशदोषवर्जितः भूत्वा, दोषाः आकम्पितादयः दश ते च दोषाश्च दशदोषाः तैर्वर्जितो भूत्वा। उक्त च भगवत्याराधनायाम्। दशदोषरहितमालोचनं कर्तव्यम्। "आकपिय १ अणुमाणिय २ जं दिट्ठ ३ बादरं ४ च सुहुम च ५। छण्णं ६ सद्दाउलयं ७ बहुजण

मूल प्रायश्चित्त कहते हैं। कुछ दिन, कुछ पक्ष या कुछ मासके लिये मुनिको संघसे पृथक् कर देनेको परिहार प्रायश्चित कहते हैं। अथवा परिहारके दो भेद हैं—गणप्रतिबद्ध और अगण प्रतिबद्ध। पीछी आगे करके मुनियोंकी वन्दना करनेपर मुनिगण उसे प्रतिवन्दना नहीं करते। यह गणप्रतिबद्धपरिहार प्रायश्चित्त है। जहां आचार्य आज्ञा दें वहां जाकर मौनपूर्वक तपश्चरण करना अगणप्रतिबद्धपरिहार प्रायश्चित्त है। तत्त्वोंमें रुचि होना अथवा क्रोध आदिका छोड़ना श्रद्धान प्रायश्चित्त है। तत्त्वार्थसूत्रके नौवें अध्यायमें श्रद्धानके स्थानमें उपस्थापना भेद गिनाया है। और उसका लक्षण मूल प्रायश्चित्तके समान है। अर्थात् महाव्रतोंका मूलसे उच्छेद करके फिरसे दीक्षा देना उपस्थापना प्रायश्चित्त है। यह दस प्रकार का प्रायश्चित्त (तत्त्वार्थसूत्रमें प्रायश्चित्तके नौ ही प्रकार बतलाये हैं) दोषके अनुसार देना चाहिये॥ ४५१॥ **अर्थ**—अथवा किसी प्रकार प्रमादके वशीभूत होकर अपने चारित्रमें यदि दोष आया हो तो निर्दोष आचार्य, उपाध्याय अथवा साधुओंके आगे दस दोषोंसे रहित होकर अपने दोषको प्रकट करे॥ **भावार्थ**—पांच इन्द्रियां, चार विकथा (स्त्रीकथा, भोजनकथा, देशकथा, राजकथा), चार कषाय, एक निद्रा और एक स्नेह ये पन्द्रह प्रमाद हैं। इन प्रमादों के कारण साधुके आचारमें यदि दोष लगता है तो साधु अपने से बड़े साधुओंके सामने अपने दोषकी आलोचना करता है। भगवती आराधनामें भी कहा है कि आलोचना दस दोषोंसे रहित होनी चाहिये। आलोचनाके दस दोष इस प्रकार कहे हैं—आकम्पित, अनुमानित, दृष्ट, बादर, सूक्ष्म, प्रच्छन्न, शब्दाकुलित, बहुजन, अव्यक्त और तत्सेवी। आचार्यको उपकरण आदि देकर उनकी अपने ऊपर करुणा उत्पन्न करके आलोचना करना अर्थात् उपकरण

१ आदर्शे तु 'धर्मोऽनुज्ञायते'। २ ब कहव। ३ ब दसदोसविवज्जिउ। ४ ब होदि (?)।

८ अव्यत्त ९ तस्सेवी १० ॥" आकम्पितमुपकरणादिदानेन गुरोरनुकम्पामुत्पाद्य आलोचयति ।१। अनुमानितं वचनेनानुमान्यं वा आलोचयति ।२। यद्दृष्टं यल्लोकैर्दृष्टं तदेवालोचयति ।३। बादरं च स्थूलदोषमेवालोचयति ।४। सूक्ष्मम् अल्पमेव दोषमालोचयति ।५। छन्नं केनचित्पुरुषेण निजदोषः प्रकाशितः भगवन् यादृशो दोषोऽनेन प्रकाशितस्तादृशो दोषो ममापि वर्तते इति प्रच्छन्नमालोचयति ।६। शब्दाकुलं यथा भवत्येवं यथा गुरुरपि न शृणोति तादृशे कोलाहलमध्ये आलोचयति ।७। बहुजन बहून् गुरुजनान् प्रत्यालोचयति ।८। अव्यक्तम् अव्यक्तस्य अप्रबुद्धस्य गुरोरग्रे आलोचयति ।९। तस्सेवी यो गुरुस्त दोषं सेवते तदग्रे आलोचयति ।१०। ईदृग्विधमालोचनं यदि पुरुष आलोचयति तदा एको गुरुः एकः आलोचकः पुमान् स्त्री चेदालोचयति तदा चन्द्रसूर्यादिप्रकाशे एको गुरुः द्वे स्त्रियौ अथवा द्वौ गुरू एका स्त्रीति। प्रायश्चित्तमकुर्वतः पुंसः महदपि तपोऽभिप्रेतफलप्रद न भवति ॥ अथ प्रायश्चित्तकरणे आचार्यमपृष्ट्वा आतापनादिकरणे आलोचना भवति, पुस्तकपिञ्छादिपरोपकरणग्रहणे आलोचना, परोक्षे प्रमादतः आचार्यादिवचनाकरणे आलोचना, आचार्यमपृष्ट्वाचार्यप्रयोजनेन गत्वा आगमनेन आलोचना, परसंघमपृष्ट्वा स्वसंघागमने आलोचना, देशकालनियमेन अवश्यकर्तव्यस्य व्रतविशेषस्य धर्मकथाप्रसंगेन विस्मरणे सति पुनः करणे आलोचना स्यात् । षडिन्द्रियेषु वचनादिदुःपरिणामे

भेंट करनेसे प्रसन्न होकर आचार्य मुझे थोड़ा प्रायश्चित्त देंगे ऐसा सोचकर आलोचना करना आकम्पित दोष है। गुरु थोड़ासा प्रायश्चित्त देकर मेरे ऊपर अनुग्रह करेंगे ऐसा अनुमान करके फिर आलोचना करना अनुमानित नामका दोष है। जो अपराध दूसरोंने देख लिया हो उसे तो कहे और जिस अपराधको करते हुए किसीने न देखा हो उसे न कहे, यह दृष्ट दोष है। स्थूल दोष तो कहे किन्तु सूक्ष्म दोषको न कहे, यह बादर दोष है। सूक्ष्म दोष ही कहे और स्थूल दोषको न कहे यह सूक्ष्म नामका दोष है। किसी साधुको अपना दोष कहते सुनकर आचार्यसे यह कहना कि 'भगवन् जैसा दोष इसने कहा है वैसाही दोष मेरा भी है' और अपने दोषको मुखसे न कहना प्रच्छन्न दोष है। कोई दूसरा न सुने इस अभिप्रायसे जब बहुत कोलाहल होरहा हो तब दोष को प्रकट करना शब्दाकुलित दोष है। अपने गुरुके सामने आलोचना करके पुनः अन्य गुरुके पास इस अभिप्रायसे आलोचना करना कि इस अपराधका प्रायश्चित्त ठीक है या नहीं, बहुजन नामा दोष है। जिस मुनिको आगमका ज्ञान नहीं है और जिसका चारित्र भी श्रेष्ठ नहीं है ऐसे मुनिके सामने आलोचना करना अव्यक्त नामका दोष है। जो गुरु स्वयं दोषी है उसके सामने अपने दोषोंकी आलोचना करना तत्सेवी नामक दोष है। इस प्रकार इन दोषोंसे रहित आलोचना करनेवाला यदि पुरुष हो तो एक गुरु और एक आलोचना करनेवाला पुरुष ये दो होना जरूरी है। और यदि आलोचना करनेवाली स्त्री हो तो चन्द्र सूर्य वगैरहके प्रकाशमें एक गुरु और दो स्त्रियां अथवा दो गुरु और एक स्त्री होना जरूरी है। जो साधु अपने दोषोंका प्रायश्चित्त नहीं करता उसकी बड़ी भारी तपस्या भी इष्ट फल दायक नहीं होती। यहां कुछ दोषोंका प्रायश्चित्त बतलाते हैं—पुस्तक पीछी आदि पराये उपकरणोंको लेलेने पर आलोचना प्रायश्चित्त होता है। प्रमादवश आचार्य वचनोंका पालन न करनेपर आलोचना प्रायश्चित होता है। आचार्यसे विना पूछे आचार्यके कामसे जाकर लौट आनेपर आलोचना प्रायश्चित्त होता है। पर संघसे विना पूछे अपने संघमें चले आनेपर आलोचना प्रायश्चित्त होता है। देश और कालके नियमसे अवश्य करने योग्य किसी विशेष व्रतको, धर्मकथामें लग जानेसे भूल जानेपर यदि वादको कर लिया हो तो आलोचना प्रायश्चित्त होता है। षट्कायके जीवोंके प्रति यदि कठोर वचन निकल गया हो तो प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त होना है।

१ लम किमु बहुवं वा, (स बहुवं च), ग थोवि किमु बहुव वा।

प्रतिक्रमणम्, पैशून्यकलहादिकरणे प्रतिक्रमणम्, वैयावृत्त्यस्वाध्यायातिप्रमादे प्रतिक्रमणम्, आचार्यादिषु हस्तपादादिसंघट्टने प्रतिक्रमणम्, व्रतसमितिगुप्तिषु स्वल्पातिचारे प्रतिक्रमणम्, गोचरगतस्य मुनेः लिङ्गोत्थाने प्रतिक्रमणम्, परसंक्लेशकरणादौ च प्रतिक्रमणम् । दिवसराश्यन्ते भोजनगमनादौ आलोचनाप्रतिक्रमणद्वयम्, लोचनखच्छेदस्वप्नमैथुनाचरणरात्रिभोजनेषु उभयम्, पक्षमासचतुर्माससंवत्सरादिदोषादौ च उभयम् । मौनादिना विना लोचनविधाने व्युत्सर्गः, हरिततृणोपरि गमने व्युत्सर्गः, कर्दमोपरि गमने व्युत्सर्गः, उदरकृमिनिर्गमने व्युत्सर्गः, हिमदंशमशकादिवातादिरोमाञ्चे व्युत्सर्गः आर्द्रभूम्युपरि गमने व्युत्सर्गः, जानुमात्रजलप्रवेशे व्युत्सर्गः, परनिमित्तवस्तुनः स्वोपयोगविधाने व्युत्सर्गः, नावादिनदीतरणे व्युत्सर्गः, पुस्तकपतने व्युत्सर्गः, प्रतिमापतने व्युत्सर्गः, पञ्चस्थावरविघातादृष्टदेशतनुमलविसर्गादिषु व्युत्सर्गः पक्षादिप्रतिक्रमण-क्रियान्तरव्याख्यानप्रवृत्त्यादिषु व्युत्सर्गः उच्चारप्रस्रवणादिषु व्युत्सर्गः । एवमुपवासच्छेदमूलपरिहारादिकरणं ग्रन्थतो ज्ञेयम् ॥ ४५२ ॥

जं किं पि तेण दिण्णं तं सव्वं सो करेदि सद्धाए ।
णो पुणु हियए संकदि किं थोवं किं पि बहुयं वा ॥४५३॥

[छाया-यत् किमपि तेन दत्तं तत् सर्वं स करोति श्रद्धया । नो पुनः हृदये शङ्कते किं स्तोक किमपि बहुकं वा ॥] यत् किमपि प्रायश्चित्तम् आलोचनाप्रतिक्रमणादिदशभेदभिन्नं तेन श्रीगुरुणा दत्तं वितारितम् अर्पितं तत्सर्वं प्रायश्चित्तम् आलोचनादशभेदभिन्नं स साधुः तपस्वी मुमुक्षुः करोति विदधाति, सर्वं प्रायश्चित्तं श्रद्धया रुचिरूपेण अन्तःकरणभावनया करोति । पुनः हृदये स्वमनसि न शङ्कते शङ्कां सदेहं न करोति । मम प्रायश्चित्तं श्रीगुरुणा स्तोकं स्वल्पं दत्तं, वा अथवा, किं बहुतरं प्रचुरं दत्तम् इति नाशङ्कते ॥ ४५३ ॥

पुणरवि काउं णेच्छदि[1] तं दोसं जइ वि जाइ सय[2]-खंडं ।
एवं णिच्छय-सहिदो पायच्छित्तं तवो होदि[3] ॥ ४५४ ॥

[छाया-पुनर् अपि कर्तुं न इच्छति तं दोषं यद्यपि याति शतखण्डम् । एवं निश्चयसहितः प्रायश्चित्तं तपः भवति ।] एवं पूर्वोक्तप्रकारेण प्रायश्चित्तं प्रायश्चित्ताख्यमाभ्यन्तरं तपो भवति । एवं कथम् । यः निश्चयसहितः जिनधर्मे जिनवचने च

किसीकी चुगली करनेपर या किसीसे कलह करने पर प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त होता है । वैयावृत्य स्वाध्याय वगैरहमें आलस्य करनेपर प्रतिक्रमण प्रायश्चित होता है । आचार्य वगैरहसे हाथ पैरके टकरा जानेपर प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त होता है । व्रत समिति गुप्ति वगैरहमें स्वल्प अतिचार लगनेपर, गोचरीके लिये जाते समय लिंगमें विकार आजानेपर और दूसरोंको संक्लेश पैदा करनेपर प्रतिक्रमण प्रायश्चित होता है । दिन या रात्रिके अन्तमें गमनागमन करनेपर, स्वप्नमें मैथुन सेवन या रात्रि-भोजन करनेपर और पाक्षिक मासिक चातुर्मासिक तथा वार्षिक दोष वगैरहमें उभय (आलोचना और प्रतिक्रमण) प्रायश्चित होता है । विना मौन पूर्वक आलोचन करनेपर, हरे तृणोंके ऊपर चलने पर, कीचड़मेंसे जानेपर, पेटमेंसे कीड़े निकलने पर शीत मच्छर वायु वगैरहके कारण रोमांच हो जानेपर, घुटनेतक जलमें प्रवेश करनेपर, दूसरेके लिये आई वस्तुका अपने लिये उपयोग करनेपर, नौका आदिके द्वारा नदी पार करनेपर, प्रतिक्रमण करते समय व्याख्यान आदि प्रवृत्तियोंमें लग जानेपर या मल मूत्र करनेपर व्युत्सर्ग प्रायश्चित होता है । इसी प्रकार उपवास, छेद, मूल, परिहार आदि प्रायश्चित्तोंकी विधि अन्य ग्रन्थोंसे जाननी चाहिये ॥ ४५२ ॥ **अर्थ**–दोषकी आलोचना करनेके पश्चात् आचार्यने जो प्रायश्चित्त दिया हो उस सबको श्रद्धा पूर्वक करना चाहिये । और हृदय

१ ब णेच्छदि (?), लमस णिच्छदि, ग णच्छदि । २ ग सइ । ३ ब होति ।

निश्चयः प्रतीतः विश्वासः तेन सहितः युक्तः मुनिः श्रावको वा पुनरपि एकवारं दोषनिराकरणे कृते पुनः तं दोषं कर्तुं न इच्छति, न अपराधं व्रतातिचारादिकं विधातुं न वाञ्छति ईहते नैव। यद्यपि स्वयं शतखण्डं याति परीषहैः उपसर्गैः व्याधिभिः शरीरं शतधा खण्डता याति तथापि तं दोषं कर्तुं न इच्छति ॥ ४५४ ॥

जो चिंतइ अप्पाणं णाण-सरूवं पुणो पुणो णाणी ।

विकहा-विरत्त-चित्तो[1] पायच्छित्तं वरं[2] तस्स ॥ ४५५ ॥

[छाया-यः चिन्तयति आत्मानं ज्ञानस्वरूपं पुनः पुनः ज्ञानी । विकथाविरक्तचित्तः प्रायश्चित्तं वरं तस्य ॥] तस्य मुनेः श्रावकस्य वा प्रायश्चित्तं वरं श्रेष्ठं तपो भवति । तस्य । यः ज्ञानी भेदाभेदरत्नत्रयविज्ञानी भेदविज्ञानसंपन्नः चिन्तयति ध्यायति । कम् । कर्मतापन्नं पुनःपुनः वारंवारं मुहुर्मुहुः आत्मानं स्वपरमात्मानं शुद्धचिद्रूपम् । कीदृक्षम् । ज्ञानस्वरूपं शुद्धबोधमयं केवलज्ञानदर्शनमयम् । कीदृक् सन् । विकथादिविरक्तमनाः विरूपकथाकथनं विकथा, स्त्रीभोजनराजचोरादिकथाक्रोधमानमायालोभस्पर्शनादीन्द्रियनिद्रास्नेहाः । तेभ्यः विरक्त निवृत्त मनः चित्तं यस्य स तथोक्तः । पञ्चदशबाह्याभ्यन्तरप्रमादरहितः सार्धसप्तत्रिंशत्सहस्रप्रमादविरतो वा आत्मनः परा उत्कृष्टा विशोधनाय यथा स्यादित्येवमर्थः । स्वसाक्षिका परसाक्षिका च विशुद्धिरुत्कृष्टेति मन्यते । प्रायः इत्युच्यते लोकश्चित्तं तस्य मनो भवेत्, चित्तशुद्धिकरं कर्म प्रायश्चित्तमिति । प्रायश्चित्तफलं भावप्रसादनम् अनवस्थाया अभावः शल्यपरिहरणं धर्मदार्ढ्यादिकं च वेदितव्यम् ॥ ४५५ ॥ अथ विनयतपो गाथात्रयेण विवृणोति —

विणओ[3] पंच-पयारो दंसण-णाणे तहा चरित्ते य ।

बारस-भेयम्मि तवे उवयारो[4] बहु-विहो णेओ ॥ ४५६ ॥

[छाया-विनयः पञ्चप्रकारः दर्शन-ज्ञाने तथा चारित्रे च । द्वादशभेदे तपसि उपचारः बहुविधः ज्ञेयः ॥] विनयः कषायेन्द्रियाणां विनयः स्ववशीकरणं विनयः, अथवा रत्नत्रयस्य तद्वतां रत्नत्रयवतां मुनीनां च नीचैर्वृत्तिर्विनयः । स पञ्चप्रकारः पञ्चभेदभिन्नः । क्व क्व । दर्शने सम्यग्दर्शने सम्यक्त्वे तत्त्वार्थश्रद्धाने शङ्काकाङ्क्षाविचिकित्सानां वर्जनं परिहारः उपबृंहणस्थिरीकरणवात्सल्यप्रभावना भक्त्यादयो गुणाः पञ्चपरमेष्ठिभक्त्यानुरागस्तेषामेव पूजा तेषामेव गुणानुवर्तनम् । तद्यथा । "उवबूहादिअ पुव्वुत्ता तह भत्तिआदिआयगुणा । संकादिवज्जणं पि य दंसणविणओ समासेण ॥" इति दर्शने

में ऐसी शंका नहीं करनी चाहिये कि आचार्यने मुझे जो प्रायश्चित्त दिया है वह थोड़ा है या बहुत है ॥ भले ही शरीरके खण्ड खण्ड होजायें फिर भी लगे हुए दोषका प्रायश्चित्त लेनेके पश्चात् जो उस दोषको नहीं करना चाहता उस दृढ़ निश्चयवाले साधुके प्रायश्चित्त नामक तप होता है ॥ **भावार्थ**—जो साधु यह निश्चय कर लेता है कि परिषह, उपसर्ग, व्याधि वगैरहके द्वारा यदि मेरे शरीरके खण्ड खण्ड भी होजायें तो भी मैं किये हुए दोषको पुनः नहीं करूंगा उसी साधुका प्रायश्चित्त तप सफल है। और जो प्रायश्चित्त लेने के पश्चात् पुनः उसी दोषको कर बैठता है उसका प्रायश्चित्त निष्फल है ॥ ४५३-४ ॥ **अर्थ**—जो ज्ञानी मुनि ज्ञान स्वरूप आत्माका वारंवार चिन्तन करता है और विकथा आदि प्रमादोंसे जिसका मन विरक्त रहता है, उसीके उत्कृष्ट प्रायश्चित्त होता है ॥ **भावार्थ**—पन्द्रह अथवा साढ़े सैंतीस हजार प्रमादोंसे रहित होकर जो मुनि अपने शुद्ध ज्ञानस्वरूप आत्माका ही सदा चिन्तन करता है उसीके वास्तविक प्रायश्चित्त तप होता है; क्यों कि ऐसा करनेसे सब दोषोंसे छुटकरा हो जाता है ॥ ४५५ ॥ आगे तीन गाथाओंसे विनय तपको कहते हैं । **अर्थ**—विनयके पाँच भेद हैं । दर्शनकी विनय, ज्ञानकी विनय, चारित्रकी विनय, बारह प्रकारके तपकी विनय, और उपचार विनय । उपचार विनयके बहुतसे प्रकार हैं ॥

---

१ ल स ग विकहादिविरत्तमणो (म माणो ?)। २ म तवो । ३ ल म स ग विणयो । ४ म उवयारो ।

विनयः । १ । ज्ञाने जिनोक्तसिद्धान्ते द्वादशाङ्गचतुर्दशपूर्वाणां कालशुद्ध्या पठनं व्याख्यानं परिवर्तनम् । हस्तपादौ प्रक्षाल्य पर्यायावस्थितस्याध्ययनम् । अवग्रहविशेषेण पठनम् । बहुमानं यत्पठति यस्मात् शृणोति तयोः पूजा गुणस्तवनम् । अनिह्नवः यत्पठति यस्मात्पाठयति तयोः कीर्तनम् । व्यञ्जनशुद्धम् अर्थशुद्धं व्यञ्जनार्थशुद्धम् इति । ज्ञाने अष्टप्रकारो विनयः । यः शिक्षां विद्योपादानं करोति, ज्ञानाभ्यासं करोति, ज्ञानं परस्मै उपदिशति । य एवं करोति स ज्ञानविनीतो भवति इति ज्ञाने विनयः । २ । तथा तेनैव प्रकारेण चारित्रे व्रतसमितिगुप्तिलक्षणे त्रयोदशप्रकारे सामायिकादिपञ्चप्रकारे वा तदाचरणं तल्लक्षणोपायेन यत्नः चारित्रे विनयः । तथा इन्द्रियकषायाणां प्रसरनिवारणम् इन्द्रियकषायव्यापारनिरोधनम् इति चारित्रविनयः । ३ । च पुनः द्वादशभेदे तपसि अनशनावमोदर्यादिद्वादशप्रकारे तपसि अनुष्ठानम् उत्साहः उद्योगः । तथा आतापनाद्युत्तरगुणेषु उद्यमः उत्साहः । समताम्तववन्दनाप्रतिक्रमणप्रत्याख्यानकायोत्सर्गाणाम् आवश्यकानामपरिहाराणि । तथा यस्यावश्यकस्य यावन्तः पठिताः कायोत्सर्गाः तावन्त एव कर्तव्याः न तेषां हानिर्वृद्धिर्वा कार्या । द्वादशविधतपोऽनुष्ठाने भक्तिरनुरागः तपस्विनां भक्तिः इति तपसि विनयः । ४ । उपचारो विनयः, उपचर्यते उपचारेण क्रियते साक्षादिति उपचारो विनयः । बहुधा बहुप्रकारः । कायिकविनयः साधूनां दूरदर्शनात् आसनाद् उत्थानम्, सिद्धश्रुतगुरुभक्तिपूर्वकं कायोत्सर्गादिकरणम्, नमनं शिरसा प्रणामः, अञ्जलिपुटेन नमनम्, सम्मुखगमनम्, पृष्ठिगमनम्, देवगुरुभ्यः पुरतः नीचं स्थानम्, वामपार्श्वे स्थानम्, गुरोर्वामपार्श्वे पृष्ठतो वा गमनम्, इत्यादिकोपचारिककायविनयः । वाचिकविनयः । तथा । पूज्यवचनं बहुवचनोच्चारणं यूयं भट्टारकाः पूज्याः इत्येवमादिकम् । हितस्य पथ्यस्य भाषणम् इहलोकपरलोकधर्मकारणं वचनम् । मितस्य परिमितस्य भाषणं वाल्पाक्षरबह्वर्थम् । मधुरं मनोहरवचनं श्रुतिसुखदम् । सूत्रानुवीचिवचनम् आगमदृष्ट्या भाषणं यथा पापं न भवति । निष्ठुरकर्कशकटुकादिकं वर्जयित्वा भाषणम् । क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादिविरहितं वचनम् । उकारमकारादिरहितं वचनम् । बन्धनत्रासनताडनादिरहितं वचनम् । असिमसिकृष्यादिक्रियारहितं वचनम् । परसुखविधायकं वचनं धर्मोपदेशनम् । इत्यादिवाचिकविनयः यथायोग्यं कर्तव्यो भवति । मानसिकविनयः । यथा । हिंसादिपापकारिपरिणामस्य परित्यागः । आर्तरौद्रपरिणामस्य परित्यागः । सम्यक्त्वविराधनापरिणामरहितः । मिथ्यात्वपरिणामपरित्यागः । धर्मे सम्यक्त्वे ज्ञाने चारित्रे तद्वत्सु च शुभपरिणामः कर्तव्यः । कायादिको विनयः प्रत्यक्षं, दीक्षागुरौ श्रुतगुरौ तपोऽधिके साधुषु सूरिपाठकेषु आर्यिकासु गृहस्थश्रावकलोकेषु च यद्विद्यमानेषु यथायोग्यं विनयः कर्तव्यः । एतेषु परोक्षभूतेषु गुर्वादिषु कायादिको विनयः कर्तव्यः । गुरूणामाज्ञादेशतदुपदेशवचनप्रतिपालनतदुपदिष्टेषु जीवादिपदार्थेषु श्रद्धानं कर्तव्यं परोक्षविनयः । विनयस्य फलम्, विनये सति ज्ञानलाभो भवति, आचारविशुद्धिश्च संजायते । विनयहीनस्य शिक्षा श्रुताध्ययनं सर्वं निष्फलम् । विनयवान् सर्वकल्याणानि स्वर्गमोक्षसुखानि लभते । जन्मादिकपञ्चकल्याणकं चतुर्विधाराधनादिकं च लभते । तदुक्तं च । 'विणओ मोक्खद्दारं विणयादो संजमो तवो णाणं । विणएणाराहिज्जदि आयरिओ सव्वसंघो य ॥' विनयो मोक्षस्य द्वारं प्रवेशकः, विनयात् संयमः, विनयात् तपः, विनयात् ज्ञानं, विनयेन आराध्यते आचार्यः सर्वसंघश्चापि । तथा च । 'कित्ती मेत्ती माणस्स भंजणं गुरुजणे य बहुमाणं । तित्थयराणं आणा गुणाणुमोदो य विणयगुणा ॥' विनयस्य कर्ता कीर्तिं यशः सर्वव्यापि प्रतापं लभते, तथा मैत्री सर्वैः सह मित्रभावं लभते, तथात्मनो मानं गर्वं निरस्यति, गुरुजनेभ्यो बहुमानं लभते, तीर्थंकराणामाज्ञां पालयति, गुणानुरागं च करोति । इत्यादिविनयतपोविधानगुणाः ॥४५६॥

दंसण-णाण-चरित्ते सुविसुद्धो जो हवेइ परिणामो ।
बारस-भेदे[1] वि तवे[2] सो च्चिय[3] विणओ हवे तेसिं ॥ ४५७ ॥

भावार्थ—कषाय और इन्द्रियोंको अपने वशमें करना विनय है । अथवा रत्नत्रय और रत्नत्रयके धारी मुनियोंके विषयमें विनम्र रहना विनय है । उसके पांच भेद हैं ॥ ४५६ ॥ **अर्थ**—दर्शन, ज्ञान और चारित्रके विषयमें तथा बारह प्रकारके तपके विषयमें जो विशुद्ध परिणाम होता है वही उनकी विनय है ॥ **भावार्थ**—तत्त्वार्थके श्रद्धानरूप सम्यग्दर्शनके विषयमें शंका, कांक्षा, विचिकित्सा आदि दोषोंको छोड़ना और उपगूहन, स्थितिकरण, वात्सल्य, प्रभावना, आदि गुणोंका होना

१ ब भेउ, स भेए । २ ब तवो (?) । ३ ब चिय ।

[छाया-दर्शनज्ञानचारित्रे सुविशुद्धः यः भवति परिणामः। द्वादशभेदे अपि तपसि स एव विनयः भवेत् तेषाम् ॥] तेसिं तेषां दर्शनज्ञानचारित्रतपसा सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रतपसा स एव विनयो भवेत् । स कः । यः सुविशुद्धः अतिशयेन निर्मलः तद्ग्राहकपरिणामो वा परिणामः परिणतिः भावो भवति । केषु । दर्शनज्ञानचारित्रेषु भेदाभेदरत्नत्रयरूपसम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेषु, दर्शने तत्त्वार्थश्रद्धानलक्षणे निश्चयव्यवहारसम्यक्त्वे निःशङ्कितादिदोषरहिते स्वस्वरूपशुद्धबुद्धैकात्मनि श्रद्धानरुचिलक्षण वा दर्शनविनयः १। ज्ञाने द्वादशाङ्गलक्षणे व्यञ्जनोर्जितादिना पठनं पाठन वा चिदानन्दैकस्वस्वरूपपरिज्ञाने वा ज्ञानविनयः २। चारित्रे त्रयोदशप्रकारे सर्वातिचाररराहित्येन पञ्चपञ्चभावनायुक्तत्वेन वा प्रवृत्तिः स्वस्वरूपानुभवन वा चारित्रविनयः ३। अपि पुनः द्वादशभेदे तपसि अनशनादिद्वादशभेदभिन्नतपोविधानेषु अखेदेन प्रवृत्तिः, तदाचरणे उत्साहः, आहारेन्द्रियकषायाणां रागद्वेषयोश्च परित्यागः इत्यादितपोविनयः ॥ ४५७ ॥

रयण-त्तय-जुत्ताणं अणुकूलं जो चरेदि[1] भत्तीए।
भिच्चो जह[2] रायाणं उवयारो सो हवे विणओ ॥ ४५८ ॥

[छाया-रत्नत्रययुक्तानाम् अनुकूल यः चरति भक्त्या । भृत्यः यथा राज्ञाम् उपचारः स भवेत् विनयः ॥] यो भव्य रत्नत्रययुक्ताना सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रवताम् आचार्योपाध्यायसाधूना दीक्षाशिक्षाश्रुतदानगुरूणा च भक्त्या धर्मानुरागेण परमार्थबुद्धया अनुकूलम् अभ्युत्थानमभिगमन करयोटन वन्दनानुगमनं पृष्ठगमनम् इत्यादिकम् आचरति, आनुकूल्येन

तथा पंच परमेष्ठीमें भक्ति होना, उन्हींके गुणोंका अनुसरण करना, ये सब दर्शनविनय है। कहा भी है—'उपगूहन आदि तथा भक्ति आद आत्मगुणोंका होना और शंका आदि दोषोंको छोड़ना संक्षेपसे दर्शनविनय है ॥' काल शुद्धिका विचार करके जिन भगवानके द्वारा कहे हुए बारह अंग और चौदह पूर्वरूप सिद्धान्तका पढ़ना, व्याख्यान करना, पाठ करना, हाथ पैर धोकर पर्यङ्कासनसे बैठकर उसका मनन करना ज्ञान विनय है। ज्ञान विनयके आठ प्रकार हैं-योग्यकालमें स्वाध्याय करना, श्रुतभक्ति करना, स्वाध्याय कालतक विशेष नियम धारण करना, आदरपूर्वक अध्ययन करना, गुरुके नामको न छिपाना, दोषरहित पढ़ना, शुद्ध अर्थ करना, शुद्ध अर्थ और शुद्ध शब्द पढ़ना, ये क्रमशः काल विनय, उपधान, बहुमान, अनिह्नव, व्यंजन, अर्थ और तदुभय नामक आठ प्रकार हैं। इसी प्रकार व्रत, समिति और गुप्तिरूप तेरह प्रकारके चारित्रका अथवा सामायिक आदिके भेदसे पांच प्रकारके चारित्रका पालन करना, इन्द्रिय और कषायोंके व्यापारको रोकना अथवा अपने स्वरूपका अनुभवन करना चारित्रविनय है। अनशन, अवमोदर्य आदि बारह प्रकार के तपका उत्साह पूर्वक पालन करना, तथा आतापन आदि उत्तरगुणोंमें उत्साहका होना, समता, स्तव, वन्दना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और कायोत्सर्ग इन छै आवश्यकोंमें कभी भी हानि नहीं करना, (जिस आवश्यकके जितने कायोत्सर्ग बतलाये हैं उतने ही करने चाहियें उनमें घटाबढ़ी नहीं करनी चाहिये) इस प्रकार बारह प्रकारके तपके अनुष्ठानमें तथा तपस्वियोंमें भक्तिका होना तपकी विनय है ॥ ॥४५७॥ **अर्थ-**जैसे सेवक राजाके अनुकूल प्रवृत्ति करता है वैसे ही रत्नत्रय अर्थात् सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रके धारक मुनियोंके अनुकूल भक्तिपूर्वक प्रवृत्ति करना उपचार विनय है ॥ **भावार्थ-**औपचारिक विनयको उपचार विनय कहते हैं। पहले कहा है कि उपचार विनयके अनेक प्रकार हैं। अपने दीक्षागुरु, विद्यागुरु, तपस्वी साधुको दूरसे देखते ही खड़े हो जाना, हाथ जोड़कर या सिर नवाकर नमस्कार करना, उनके सामने जाना, या पीछे पीछे

१ ब चरेइ। २ ग जिह।

सम्मुखत्वेन परमभक्तत्वेन प्रवर्तते । यथा सेवकः राज्ञां सेवा करोति तथा रत्नत्रयधारिणा शिष्यः यो भव्यः अनुकूलत्वेन प्रवर्तते स प्रसिद्धः । उपचारो विनयः, औपचारिकोऽयं विनयो भवति । इति विनयतपोविधानं षष्ठम् ॥ ४५८ ॥ अथ वैयावृत्त्यं तपो गाथाद्वयेन विभावयति ।

जो उवयरदि जदीणं उवसग्ग-जराइ-खीण-कायाणं ।
पूयादिसु[1] णिरवेक्खं वेज्जावच्चं[2] तवो तस्स ॥ ४५९ ॥

[छाया-यः उपचरति यतीनाम् उपसर्गजरादिक्षीणकायानाम् । पूजादिषु निरपेक्षं वैयावृत्त्य तपः तस्य ॥] तस्य साधोः वैयावृत्त्यं तपः । व्यावृत्तिः परदुःखादिहरणे प्रवृत्तिः व्यावृत्तेर्भावः वैयावृत्त्यम् । अथवा कामपीडादुःपरिणामविनाशार्थं कायचेष्टया द्रव्यान्तरेणोपदेशेन च व्यावृत्तस्य यत्कर्म तद्वैयावृत्त्यं नाम तपोविधानं भवेत् । तस्य कस्य । यो महान् भव्यः यतीनाम् आचार्योपाध्यायतपस्विशैक्ष्यग्लानगणकुलसंघसाधुमनोज्ञानां दशविधानां पुरुषाणां दशविधं वैयावृत्त्य भवति। पञ्चधाचारं स्वयमाचरन्ति शिष्यादीनामाचारयन्तीत्याचार्याः १। मोक्षार्थमुपेत्याधीयते शास्त्रं तस्मादित्युपाध्यायः श्रुतगुरु २। महोपवासकायक्लेशादितपोऽनुष्ठानं विद्यते यस्य स तपस्वी ३। शास्त्राभ्यासशीलः शैक्षः ४। रोगादिपीडितशरीरो ग्लानः ५। वृद्धमुनिसमूहो गणः ६। दीक्षकाचार्यशिष्यसंघातः कुलं वा स्त्रीपुरुषसंतानः कुलम् ७। ऋषिमुनियत्यनगारलक्षणश्चातुर्वर्ण्यश्रवणसमूहः संघः, ऋष्यार्यिकाश्रावकश्राविकासमूहो वा संघः ८। चिरदीक्षितः साधुः ९।

जाना, देव और गुरुके सन्मुख नीचे स्थानपर बैठना, या उनके बाईं ओर खड़े होना, ये सब कायिक उपचार विनय है। आर्यिका और श्रावकोंके भी आने पर उनकी यथायोग्य विनय करना चाहिये। गुरुजनोंके परोक्षमें भी उनके उपदेशोंका ध्यान रखना, उनके विषयमें शुभ भाव रखना मानसिक उपचार विनय है। गुरु जनोंके प्रति पूज्य वचन बोलना-आप हमारे पूज्य है, श्रेष्ठ हैं इत्यादि. हित मित मधुर वचन बोलना, निष्ठुर कर्कश कटुक वचन न बोलना आदि वाचिक उपचार विनय है। इस प्रकार विनय तपके पांच भेद हैं। इस विनय तपका पालन करनेसे ज्ञानलाभ होता है और अतिचारकी विशुद्धि होती है। जिसमें विनय नहीं है उसका पठन पाठन सब व्यर्थ है। विनयी पुरुष स्वर्ग और मोक्षके सुखको प्राप्त करता है, तीर्थङ्करपद प्राप्त करके पांच कल्याणकोंका पात्र होता है, और चारों आराधनाओंको भजता है। कहा भी है 'विनय मोक्ष का द्वार है, विनयसे संयम, तप और ज्ञानकी आराधना सरल होती है विनयसे आचार्य और समस्त संघ भी वशमेंमें हो जाता है।' और भी कहा है-'विनयी पुरुषका यश सर्वत्र फैलता है, सबके साथ उसकी मित्रता रहती है, वह अपने गर्वसे दूर रहता है, गुरुजन भी उसका सन्मान करते हैं, वह तीर्थङ्करोंकी आज्ञाका पालन करता है, और गुणानुरागी होता है।' इस प्रकार विनयमें बहुतसे गुण हैं। अतः विनय तपका पालन करना चाहिये ॥ ४५८ ॥ आगे दो गाथाओंसे वैयावृत्य तपको कहते हैं। **अर्थ**-जो मुनि उपसर्गसे पीड़ित हो और बुढ़ापे आदिके कारण जिनकी काय क्षीण होगई हो, जो अपनी पूजा प्रतिष्ठाकी अपेक्षा न करके उन मुनियोंका उपकार करता है उसके वैयावृत्य तप होता है ॥ **भावार्थ**-अपनी शारीरिक चेष्टासे अथवा किसी अन्य वस्तुसे अथवा उपदेशसे दूसरोंके दुःख दूर करनेकी प्रवृत्तिका नाम वैयावृत्य है। यह वैयावृत्य आचार्य, उपाध्याय, तपस्वी, शैक्ष्य, ग्लान, गण, कुल, संघ, साधु और मनोज्ञ इन दस प्रकारके मुनियोंकी की जाती हैं। इससे वैयावृत्यके दस भेद हो जाते हैं। जो पाँच प्रकारके आचारका स्वयं पालन करते हैं और शिष्योंसे

१ ल म स ग पूजादिसु । २ ब (?) ल म ग विज्जावच्चं ।

वक्तृत्वादिगुणविराजितो लोकाभिसंमतो विद्वान् मुनिर्मनोज्ञः तादृशोऽसंयतसम्यग्दृष्टिर्वा मनोज्ञः १० । एतेषां दशविधानां यतीनाम् उपचरति उपकुर्वते उपकारं व्याधौ सति प्रासुकौषधभक्तपानादिपथ्यवसतिकासंस्तरणादिभिः उपकार करोति, धर्मोपकरणैः पुस्तकैः सिद्धान्तदानैः उपकारं करोति, तथा परीषहविनाशनैः उपकारं विदधाति, मिथ्यात्वादिसंभवे सम्यक्त्वे प्रतिष्ठापनम्, बाह्यद्रव्यासंभवे कायेन श्लेष्माद्यन्तर्मलापनयनं तदनुकूलानानुष्ठानं करोति । कथम् । पूजादिषु निरपेक्षा पूजाख्यातिलाभमहत्त्वादिषु अपेक्षा वाञ्छारहितं यथा भवति तथा । कीदृग्विधाना यतीनाम् । उपसर्गजरादिक्षीणकायानां देवमनुष्यतिर्यग्जलाग्निवातपाषाणादिसंभवोपसर्गप्राप्तानां जरया ग्रस्तानां वृद्धानां क्षीणशरीराणां रोगैः कृत्वा क्षीणशरीराणा यतीनाम् उपकारं वैयावृत्त्यं करोति । तस्य वैयावृत्त्याख्यं तपो भवतीति । तथा चोक्तं । 'करचरणपुट्ठिसिरसाण मद्दणअभंगसेवकिरियाहि । उव्वत्तणपरियत्तणपसारणाकुंचणाईहिं ॥ पडिजग्गणेहि तणुजोयभत्तपाणेहिं भेसजेहि तहा । उच्चारादीण विकिंचणेहिं तणुधोवणेहिं च ॥ संथारसोहणेहि य वेयावच्चं सया पयत्तेण । कायव्वं सत्तीए णिव्विदिगच्छेण भावेण ॥ देहतवणियमसजमसीलसमाही य अभयदाणं च । गदिमदिबलं च दिण्णं वेयावच्चं करंतेण ॥" इति । किंबहुना, वैयावृत्त्यकारी जीवः यशकीर्तिजिनाज्ञारूपसंपदास्वर्गमोक्षसुखं प्राप्नोति ॥ ४५९ ॥

जो वावरइ सरूवे सम-दम-भावम्मि- सुद्ध[1]-उवजुत्तो ।
लोय[2]-ववहार-विरदो[3] वेयावच्चं[4] परं तस्स ॥ ४६० ॥

पालन कराते हैं उन्हें आचार्य कहते हैं। जिनके समीप जाकर मोक्षके लिये शास्त्राध्ययन किया जाता है उन्हें उपाध्याय अर्थात् विद्यागुरु कहते हैं। जो बड़े बड़े उपवास करता हो, कायक्लेश आदि तपोंको करता हो उसे तपस्वी कहते हैं। जो शास्त्रोंका अभ्यास करता हो वह शैक्ष्य है। जिसका शरीर रोगसे पीड़ित हो वह ग्लान है। वृद्ध मुनियोंके समूहको गण कहते हैं। दीक्षाचार्यकी शिष्य-परम्पराको कुल कहते हैं। ऋषि यति मुनि और अनगारके भेदसे चार प्रकारके श्रमणोंके समूहको संघ कहते हैं। अथवा मुनि आर्यिका श्रावक श्राविकाके समूहको संघ कहते हैं। जिसको दीक्षा लिये चिरकाल होगया हो उसे साधु कहते हैं। जो विद्वान मुनि वक्तृत्व आदि गुणोंसे सुशोभित हो और लोकमें जिसका सन्मान हो उसे मनोज्ञ कहते हैं। उक्त गुणोंसे युक्त असंयत सम्यग्दृष्टि भी मनोज्ञ कहा जाता है। इन दस प्रकारके मुनियोंको व्याधि होने पर प्रासुक औषधि, पथ्य, वसतिका और संथरा वगैरहके द्वारा उनकी व्याधिको दूर करना, धर्मके उपकरण पुस्तक आदि देना, परीषहका दूर करना, उनके मिथ्यात्वकी ओर अभिमुख होनेपर उन्हें सम्यक्त्वमें स्थिर करना, उनके श्लेष्माआदि मलोंको फेंकना, तथा उनके अनुकूल चलना, ये सब वैयावृत्य है। यह वैयावृत्य ख्याति लाभ आदिकी भावनासे नहीं करना चाहिये। कहा भी है-हाथ, पैर, पीठ और सिर का दवाना, तेल मलना, अंग सेकना, उठाना, बैठाना, अंग फैलाना, सिकोड़ना, करवट दिलाना, आदि कार्योंके द्वारा, शरीरके योग्य अन्न पान तथा औषधियोंके द्वारा, मल मूत्र आदि दूर करनेके द्वारा, शरीरका धोना, संथरा आदि बिछाना आदि कार्योंके द्वारा ग्लानिरहित भावसे शक्तिके अनुसार वैयावृत्य करना चाहिये। वैयावृत्य करनेवाला देह, तप, नियम, संयम, शक्तिका समाधान, अभयदान, तथा गति, मति और बल देता है ॥ ४५९ ॥ **अर्थ**-विशुद्ध उपयोगसे युक्त हुआ जो मुनि शम दम भाव रूप अपने आत्मस्वरूपमें प्रवृत्ति करता है और लोकव्यवहारसे विरक्त रहता है, उसके उत्कृष्ट वैयावृत्य तप होता है ॥ **भावार्थ**-रागद्वेषसे रहित साम्य-भावको शम कहते हैं,

१ ल म स ग सुद्धि । २ म जिवहार । ३ ब विरओ । ४ म विज्जावच्चं (?), स वेज्जावच्चं ।

[छाया—यः व्यावृणोति स्वरूपे शमदमभावे शुद्ध-उपयुक्तः । लोकव्यवहारविरतः वैयावृत्यं परं तस्य ॥] तस्य भव्यजीवस्य परम् उत्कृष्टं वैयावृत्यं तपो भवेत् । तस्य कस्य । यो भव्यः स्वरूपे व्यापृणोति शुद्धबुद्धचिदानन्दरूपशुद्धचिद्रूपे अभेदरत्नत्रयस्वरूपपरमात्मनि व्यापारं करोति प्रवर्तते आत्मनात्मनि तिष्ठति, आत्मानमनुभवतीत्यर्थः । कथंभूतो भव्यः सन् । शुद्धिउपयुक्तः शुद्धिः निर्मलता तया उपयुक्त सहितः शुद्धाष्टकेनान्वितो वा । क्व । शमदमभावे शमः उपशमः क्रोधाद्युपशान्तिः दमः पञ्चेन्द्रियनिग्रहः तयोर्भावः परिणामः, तस्मिन् शमदमभावे निर्मलतासहितः । अथवा कथंभूते स्वरूपे । शान्तदान्तपरिणामे निर्विकल्पसाम्यसमाधिपरिणामे । पुनः कीदृक्षः सन् । लोकव्यवहारविरतः लोकाना जनानां व्यवहार. अशनपानेन्द्रियविषयप्रवृत्तिनिवृत्तिरूपः व्यापारः तस्मात् विरतः विरक्तः, दानपूजाख्यातिलाभादिविरहितो वा ॥४६०॥ अथ स्वाध्यायतपोविधानं गाथाषट्केनाह—

पर-तत्ती[1]-णिरवेक्खो दुट्ठ-वियप्पाण णासण-समत्थो ।
तच्च-विणिच्छय-हेदू सज्झाओ झाण-सिद्धियरो ॥४६१॥

धम्मे एयग्ग-मणो जो[1] णवि वेदेदि पंचहा-विसयं ।
वेरग्ग-मओ णाणी धम्मज्झाणं[2] हवे तस्स ॥ ४७९ ॥

[छाया—धर्मे एकाग्रमनाः यः नैव वेदयति पञ्चधाविषयम् । वैराग्यमयः ज्ञानी धर्मध्यानं भवेत् तस्य ॥] तस्य योगिनः ध्यातुर्भव्यस्य धर्माख्य ध्यानं भवेत् । तस्य कस्य । यो भव्यः धर्मे एकाग्रमनाः धर्मे निजशुद्धबुद्धैकस्वभावात्मभावनालक्षणे पूर्वोक्तोत्तमक्षमादिदशविधे निश्चयव्यवहाररत्नत्रयरूपे वा । एकाग्रमना एकाग्रचित्तः आर्तरौद्रध्यान परित्यज्य तद्धर्मध्यानगतचित्तः । निश्चलत्वं धर्मे इत्यर्थः । कथंभूतः । स ध्याता इन्द्रियविषयं न वेदयति, पञ्चेन्द्रियाणा समुद्भवविषयम् अर्थं नानुभवति स्पर्शनादिपञ्चेन्द्रियाणां स्पर्शादिसप्तविंशतिविषयान् नानुभवति न सेवते न भजते इत्यर्थः । पुनः कीदृक्षः, वैराग्यमयः संसारशरीरभोगेषु विरक्तिर्विरमणं वैराग्यं तत्प्रचुरं यस्य स वैराग्यमयः । प्राचुर्ये मयट्प्रत्ययः । पुनः कीदृक्षः । ज्ञानी भेदज्ञानवान् ॥ ४७९ ॥ अथ धर्मध्यानस्योत्तमत्वं गाथात्रयेणाह—

सुविसुद्ध-राय-दोसो बाहिर-संकप्प-वज्जिओ धीरो ।
एयग्ग-मणो संतो जं चिंतइ तं पि सुह-झाणं ॥ ४८० ॥

[छाया—सुविशुद्धरागद्वेषः बाह्यसंकल्पवर्जितः धीरः । एकाग्रमनाः सन् यत् चिन्तयति तदपि शुभध्यानम् ॥] तदपि शुभध्यान धर्मध्यान भवेत् । तत् किम् । यत् चिन्तयति । कः । सन् सत्पुरुषः भव्यवरपुण्डरीकः । कीदृक् सन् । सुविशुद्धरागद्वेषः,सुष्ठु अतिशयेन विशुद्धो शोधनं प्राप्तो नाशितौ रागद्वेषौ येन स तथोक्तः । क्रोधमानमायालोभरागद्वेषादि-

---

क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य रूप आत्मपरिणामको भी धर्म कहते हैं । इसीको शास्त्रोंमें धर्मके दस भेद कहा है । सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चारित्र रूप तीन रत्नोंको भी धर्म कहते हैं । तथा सब प्रकारके प्राणियोंकी रक्षा करनेको भी धर्म कहते हैं । क्यों कि ऐसा कहा है कि धर्मका लक्षण अहिंसा है ॥४७८॥ आगे धर्मध्यान किसके होता है यह बतलाते हैं । **अर्थ—**जो ज्ञानी पुरुष धर्ममें एकाग्र मन रहता है, और इन्द्रियोंके विषयोंका अनुभव नहीं करता, उनसे सदा विरक्त रहता है, उसीके धर्मध्यान होता है ॥ **भावार्थ—**ऊपर धर्मके जो जो स्वरूप बतलाये हैं, जो उन्हींमें एकाग्र चित्त रहता है, अर्थात् अपने शुद्ध बुद्ध चैतन्य स्वरूपमें ही सदा लीन रहता है अथवा उत्तम क्षमा आदि दस धर्मों और रत्नत्रय रूप धर्मका सदा मन वचन कायसे आचरण करता है, मन वचन काय और कृत कारित अनुमोदनासे किसी भी जीव को कष्ट न पहुंचे इसका ध्यान रखता है, स्पर्शन आदि इन्द्रियोंके विषयोंका कभी सेवन नहीं करता, संसार, शरीर और भोगोंसे उदासीन रहता है, उसी ज्ञानीके धर्मध्यान होता है ॥ ४७९ ॥ आगे तीन गाथाओंसे धर्मध्यानकी उत्तमता बतलाते हैं । **अर्थ—**राग द्वेषसे रहित जो धीर पुरुष बाह्य संकल्प विकल्पोंको छोड़कर एकाग्रमन होता हुआ जो विचार करता है वह भी शुभ ध्यान है ॥ **भावार्थ—**शुभ ध्यानके लिये कुछ बातोंका होना आवश्यक है । प्रथम तो राग और द्वेषको दूर करना चाहिये ।

---

१ ल म स ग जो ण वेदेदि इंदियं विसयं । २ म स ग धम्मं झा (ज्झा) णं ।

रहित इत्यर्थः । पुनः कीदृक् । बाह्यसंकल्पवर्जितः, बाह्यानां शरीरादीनां संकल्पः मनसा चिन्तनं तेन वर्जितः रहितः । क्षेत्रवास्तुधनधान्यद्विपदचतुष्पदादिषु पुत्रकलादिषु ममेदं चिन्तनम् अहं सुखी इत्याविचिन्तनारहितो वा । पुनः कीदृक् । धीरः धियम् आत्मधारणा बुद्धिं राति गृह्णातीति धीरः, उपसर्गपरीषहसहनसमर्थो वा । पुनः कथंभूतः । एकाग्रमनाः एकाग्रः धर्मध्याने चित्तः निश्चलः । एवंविधो ध्याता योगी शुभध्यानम् आज्ञापायविपाकसंस्थानविचयं धर्मध्यानं चिन्तयतीत्यर्थः ॥ ४८० ॥

स-सरूव-समुब्भासो णट्ठ-ममत्तो जिदिंदिओ संतो ।
अप्पाणं चिंतंतो सुह-झाण-रओ[1] हवे साहू ॥ ४८१ ॥

[छाया-स्वस्वरूपसमुद्भासः नष्टममत्वः जितेन्द्रियः सन् । आत्मानं चिन्तयन् शुभध्यानरतः भवेत् साधुः ॥] साधुः साधयति स्वीकरोति स्वात्मानं स्वात्मोपलब्धिलक्षणं मोक्षमिति साधुः योगीश्वरः । कथंभूतः शुभध्यानरतः धर्मध्यानतत्परो भवेत् । कीदृक्षः पुनः । स्वस्वरूपसमुद्भासः स्वस्यात्मनः स्वरूप केवलज्ञानदर्शनानन्तसुखादिस्वभावः तस्य समुद्भासः प्राकट्यं प्रकटीकरण यस्य स तथोक्तः । आत्मनः ज्ञानादिप्रकटकरणोद्यम् इत्यर्थः । साधुः पुनरपि कीदृक्षः । नष्टममत्वः नष्टं गत विनष्टं ममत्व ममेदमिति ममता यस्य स तथोक्तः निरीहः निःस्पृह इत्यर्थः । पुनः कीदृक् । जितेन्द्रियः जितानि वशीकृतानि इन्द्रियाणि स्पर्शनादीनि येन स जितेन्द्रियः इन्द्रियवशीकर्ता । वशी पुनः कीदृक्षः । आत्मानं चिन्तयन् शुद्धचिदानन्दं ध्यायन् सन् एवंभूतः साधुः स्वात्मानं ध्यायतीत्यर्थः ॥ ४८१ ॥

वज्जिय-सयल-वियप्पो अप्प-सरूवे मणं णिरुंधंतो[2] ।
जं चिंतदि साणंदं तं धम्मं उत्तमं झाणं[3] ॥ ४८२ ॥

[छाया-वर्जितसकलविकल्पः आत्मस्वरूपे मनः निरुन्धन् । यत् चिन्तयति सानन्दं तत् धर्म्यम् उत्तम ध्यानम् ॥] तत् उत्तमम् उत्कृष्टं श्रेष्ठं वरं धर्म्यं ध्यानं भवति । तत् किम् । यत् सानन्दम् आनन्दनिर्भरम् अनन्तसुखस्वरूपं परमात्मानं चिन्तयति ध्यायति । किं कृत्वा । आत्मस्वरूपे स्वशुद्धबुद्धैकचिदानन्दे मनः चित्तं संकल्पविकल्परूपं मानसं निरुध्यारोपयित्वा इत्यर्थः । कीदृक्षः सन् । वर्जितसकलविकल्पः, वर्जिताः दूरीकृताः सकलाः समस्ताः विकल्पाः अन्तरङ्गममत्वपरिणामाः

दूसरे, स्त्री पुत्र धनधान्य सम्पदा मेरी है । मैं इन्हें पाकर बहुत सुखी हूँ इस प्रकार बाह्य वस्तुओंमें मनको नहीं जाना चाहिये और तीसरे उपसर्ग परीषह वगैरहको सहनेमें समर्थ होना चाहिये । उक्त बातोंसे सहित मनुष्य जो भी एकाग्र मनसे विचार करता है वही धर्मध्यान है ॥ ४८० ॥ **अर्थ**–जिसको अपने स्वरूपका भान होगया है, जिसका ममत्व नष्ट होगया है और जिसने अपनी इन्द्रियोंको जीत लिया है, ऐसा जो साधु आत्माका चिन्तन करता है वह साधु शुभ ध्यानमें लीन होता है ॥ ४८१ ॥ **अर्थ**–सकल विकल्पोंको छोड़कर और आत्मस्वरूपमें मनको रोककर आनन्दसहित जो चिन्तन होता है वही उत्तम धर्मध्यान है ॥ **भावार्थ**–संकल्प विकल्पोंको छोड़कर अनन्त सुखस्वरूप आत्माका आनन्दपूर्वक ध्यान करना ही श्रेष्ठ धर्मध्यान है । इस धर्मध्यानके चार भेद कहे हैं–आज्ञाविचय, अपायविचय, विपाकविचय और संस्थानविचय । ये चारों प्रकारका धर्मध्यान असंयत सम्यग्दृष्टी, देशविरत, प्रमत्त संयत और अप्रमत्त संयत गुणस्थानवर्ती जीवोंके होता है । यद्यपि मुख्यतारूपसे यह पुण्यबन्धका कारण है, फिर भी परम्परासे मुक्तिका कारण है । इन चारों धर्मध्यानोंका स्वरूप इस प्रकार है–अपनी बुद्धि मन्द होने और किसी विशिष्ट गुरुका अभाव होनेपर जिन भगवानके द्वारा कहे गये नौ पदार्थ और उत्पाद व्यय ध्रौव्य तथा गुण पर्यायसे युक्त छै द्रव्योंकी सूक्ष्म चर्चाका

१ ब सज्झाणरओ । २ ल म स ग णिरुंभित्ता । ३ ब धम्मज्झाणं ॥ जत्थ इत्यादि ।

येन स तथोक्तः । तथा हि आर्तरौद्रपरित्यागलक्षणमाज्ञापायविपाकसंस्थानविचयसंज्ञाचतुर्भेदभिन्नं तारतम्यवृद्धिक्रमेणा-संयतसम्यग्दृष्टिदेशविरतप्रमत्तसंयताप्रमत्तसंयताभिधानचतुर्गुणस्थानवर्तिजीवसंभवं मुख्यवृत्त्या पुण्यबन्धकारणमपि परंपरया मुक्तिकारणं चेति । तद्यथा । स्वयं मन्दबुद्धित्वेऽपि विशिष्टोपाध्यायाभावेऽपि शुद्धजीवाजीवास्रवबन्धसंवर-निर्जरामोक्षपुण्यपापद्वयसहितनवपदार्थाना सप्ततत्त्वाना जीवादिद्रव्याणां षण्णा द्रव्यपर्यायगुणयुक्तानाम् उत्पादव्ययध्रौव्य-सहिताना सूक्ष्मत्वे सति 'सूक्ष्मं जिनोदितं वाक्यं हेतुभिर्नैव हन्यते । आज्ञासिद्धं तु तद्ग्राह्यं नान्यथा वादिनो जिनाः ॥' इति श्लोककथितक्रमेण पदार्थाना निश्चयकरणमाज्ञाविचयधर्मध्यानं भण्यते १ । तथैव भेदाभेदरत्नत्रयभाव-नाबलेनास्माकं परेषा वा कर्मणामपायो विनाशो भविष्यतीति चिन्तनमपायविचयध्यानं ज्ञातव्यम् २ । शुद्धनिश्चयेन शुभाशुभकर्मविपाकरहितोऽप्ययं जीवः पश्चादनादिकर्मबन्धवशेन पापस्योदयेन नारकादिदुःखविपाकफलमनुभवति । पुण्योदयेन देवादिसुखविपाकफलमनुभवति । इति विचारणं विपाकविचयं विज्ञेयम् ३ । पूर्वोक्तलोकानुप्रेक्षाचिन्तनं संस्थानविचयमिति ४ । चतुर्विधधर्मध्यानं भवति । तथा दशविध धर्मध्यानं भवति । "अपायोपायजीवाज्ञाविपाका जीवहेतवः । विरागभवसंस्थानाः स्त्वेतेभ्यो विचयं भवेत् ॥ सद्दृष्ट्याद्यप्रमत्तान्ता ध्यायन्ति शुभलेश्यया । धर्मं विशुद्धिरूपं यद्रागद्वेषादिशान्तये ॥" स्वसंवेद्य-माध्यात्मिक धर्मध्यान दशप्रकारम् । एतद्दशविधमपि दृष्टश्रुतानुभूतेहपरलोकभोगाकांक्षादोषवर्जनपरस्परस्य मन्दतरकषाया-नुरञ्जितस्य भव्यवरपुण्डरीकस्य भवति । एकान्तनिरञ्जनस्थाने बद्धपल्यङ्कासनस्य स्वाङ्के वामहस्ततलस्योपरि दक्षिणहस्तत-लस्थापितस्य नासिकाग्रस्थापितलोचनस्य पुंसः शुभध्यान स्यात् । अपायविचयं नाम अनादिसंसारे यथेष्टचारिणो जीवस्य मनोवाक्कायप्रवृत्तिविशेषोपार्जितपापाना परिवर्जनं तत्कथं नाम मे स्यादिति । अथवा मिथ्यादर्शनज्ञानचारित्रेभ्यः स्वजीवस्य अन्येषा वा कथम् अपायः विनाशः स्यादिति संकल्पः चिन्ताप्रबन्धः प्रथमं धर्म्यम् ।१। उपायविचयं प्रशस्तमनोवाक्कायप्रवृत्ति-विशेषोऽपायः कथं मे स्यादिति संकल्पोऽध्यवसानं वा, दर्शनमोहोदयाच्चिन्तादिकरणवशाज्जीवाः सम्यग्दर्शनादिभ्यः पराङ्मुखा इति चिन्तनम् उपायविचय द्वितीयं धर्म्यम् ।२। जीवविचयं जीव उपयोगलक्षणो द्रव्यार्थादनाद्यनन्तो असंख्येयप्रदेशः स्वकृतशुभाशुभकर्मफलोपभोगी गुणवान् आत्मोपात्तदेहमात्रः प्रदेशसंहरणविसर्पणधर्मा सूक्ष्मः अव्याघातः ऊर्ध्वगतिस्वभाव

'जिन भगवानके द्वारा कहा हुआ तत्त्व बहुत सूक्ष्म है, युक्तियोंसे उसका खण्डन नहीं किया जा सकता। उसे जिन भगवानकी आज्ञा समझकर ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि जिन भगवान मिथ्यावादी नहीं होते।' इस उक्तिके अनुसार श्रद्धान करना आज्ञाविचय धर्मध्यान है। रत्नत्रयकी भावनाके बलसे हमारे तथा दूसरोंके कर्मोंका विनाश होता है ऐसा विचारना अपायविचय धर्मध्यान है। अनादिकालसे यह जीव शुभाशुभ कर्मबन्धमेंसे पापकर्मका उदय होनेपर नरकादि गतिके दुःखोंको भोगता है और पुण्यकर्मका उदय होनेपर देवादि गतिके सुखोंको भोगता है, ऐसा विचार करना विपाक विचय धर्मध्यान है। पहले लोकानुप्रेक्षामें कहे गये लोकके स्वरूपका विचार करना संस्थानविचय धर्मध्यान है। इस प्रकार धर्मध्यानके चार भेद हैं। सम्यग्दृष्टिसे लेकर अप्रमत्तसंयत गुणस्थानवर्ती जीव राग द्वेषकी शान्तिके लिये शुभ भावोंसे इन धर्मध्यानोंको ध्याते हैं। इस लोक और परलोक सम्बन्धी भोगोंकी चाह को सदोष जानकर मन्दकषायी भव्य जीव निर्जन एकान्त स्थानमें पल्यंकासन लगावे और अपनी गोदमें बाई हथेलीके ऊपर दाहिनी हथेलीको रखकर तथा दोनों नेत्रोंको नासिकाके अग्रभागमें स्थापित करके शुभध्यान करे। धर्मध्यानके दस भेद भी कहे हैं जो इस प्रकार हैं। इस अनादि संसारमें स्वच्छन्द विचरण करनेवाले जीवके मन वचन और कायकी प्रवृत्तिविशेषसे संचित पापोंकी शुद्धि कैसे हो ऐसा विचारना अपायविचय धर्मध्यान है। अथवा मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्रमें फंसे हुए जीवोंका कैसे उद्धार हो ऐसा विचार करते रहना अपायविचय धर्मध्यान है। मेरे मन वचन और कायकी शुभ प्रवृत्ति कैसे हो ऐसा विचार करना अथवा दर्शनमोहनीयके उदयके कारण

अनादिकर्मबन्धनबद्धस्तत् क्षयान्मोक्षभागी इत्यादिनामस्थापनाद्रव्यभावनिर्देशादिसदादिप्रमाणनयनिक्षेपविषय इत्यादि जीवस्वभावानुचिन्तनं वा जीवा उपयोगमया अनाद्यनिधना मुक्तेतररूपा जीवस्वरूपचिन्तनं जीवविचयः तृतीयं धर्म्यम् ।३। अजीवविचयं जीवभावविलक्षणानाम् अचेतनानां पुद्गलधर्माधर्माकाशद्रव्याणाम् अनन्तविकल्पपर्यायस्वभावानुचिन्तनं चतुर्थं धर्म्यम् ।४। विपाकविचयम् अष्टविधकर्माणि नामस्थापनाद्रव्यभावलक्षणानि मूलोत्तरोत्तरप्रकृतिविकल्पविस्तृतानि गुडखण्डसितामृतमधुरविपाकानि निम्बकाञ्जीरविषहालाहलकटुकविपाकानि चतुर्विधबन्धानि लतादारुअस्थिशैलस्वभावानि कासु कासु गतियोनिषु अवस्थासु च जीवानां विषया भवन्ति उदयं गच्छन्ति विपाकविशेषानुचिन्तनं पञ्चमं धर्म्यम् ।५। विरागविचयं शरीरमिदमनित्यमपरित्राणं विनश्वरस्वभावमशुचि त्रिदोषाधिष्ठितं सप्तधातुमयं बहुमलमूत्रादिपरिपूर्णम् अनवरतनिष्यन्दितस्रोतोविलम् अतिबीभत्सम् आधेयम् शौचमपि पूतिगन्धि सम्यग्ज्ञानिजनवैराग्यहेतुभूतं नास्त्यत्र किंचित्कमनीयम् इन्द्रियसुखानि प्रमुखरसिकानि क्रियावसानविरसानि किंपाकपाकविपाकानि पराधीनानि अनवस्थानप्रचुरभङ्गुराणि यावत् यावदेषा रामणीयक तावत्तावद्भोगिनां तृष्णाप्रसंगोऽनवस्थः। यथाग्नेरिन्धनैर्जलनिधेर्नदीसहस्रेण न तृप्तिः तथा कस्याप्येतैः न तृप्तिरुपशान्तिश्च। ऐहिकामुत्रिकविनिपातहेतवः तानि देहिनः सुखानीति मन्यन्ते महादुःखकारणान्यनात्मनीनत्वादिष्टान्यप्यनिष्टानीति वैराग्यकारणविशेषानुचिन्तनम्। अथवा संसारदेहविषयेषु दुःखहेतुत्वानित्यचिन्तनं विरागचिन्तनं षष्ठं धर्म्यम् ।६। भवविचयं सचित्ताचित्तामिश्रशीतोष्णमिश्रसंवृतविवृतमिश्रभेदासु योनिषु जरायुजाण्डजपो-

---

जीव सम्यग्दर्शन वगैरहसे विमुख हो रहे हैं इनका उद्धार कैसे हो इसका विचार करना उपाय विचय धर्मध्यान है। जीवका लक्षण उपयोग है, द्रव्यदृष्टिसे जीव अनादि और अनन्त है, असंख्यात प्रदेशवाला है, अपने किये हुए शुभाशुभ कर्मोंके फलको भोगता है, अपने शरीरके बराबर है, आत्मप्रदेशोंके संकोच और विस्तार धर्मवाला है, सूक्ष्म है, व्याघात रहित है, ऊपरको गमन करनेका स्वभाववाला है, अनादि कालसे कर्मबन्धनसे बंधा हुआ है, उसके क्षय होनेपर मुक्त हो जाता है, इस प्रकार जीवके मुक्त और संसारी स्वरूपका विचार करना जीवविचय नामक तीसरा धर्मध्यान है। जीवसे विलक्षण पुद्गल, धर्म, अधर्म, काल और आकाश इन अचेतन द्रव्योंकी अनन्त पर्यायोंके स्वरूपका चिन्तन करना अजीवविचय नामक चौथा धर्मध्यान है। आठों कर्मोंकी बहुतसी उत्तर प्रकृतियां हैं, उनमेंसे शुभ प्रकृतियोंका विपाक गुड़ खांड शक्कर और अमृतकी तरह मधुर होता है तथा अशुभ प्रकृतियोंका विपाक लता, दारु, अस्थि और शैलकी तरह कठोर होता है, कर्मबन्धके चार प्रकार हैं, किस किस गति और किस किस योनिमें जीवोंके किन २ प्रकृतियों का बन्ध, उदय वगैरह होता है, इस प्रकार कर्मोके विपाकका विचार करना विपाकविचय नामक पांचवा धर्म ध्यान है। यह शरीर अनित्य है, अरक्षित है, नष्ट होनेवाला है, अशुचि है, वात पित्त और कफके आधार है सात धातुओंसे बना है, मलमूत्र वगैरहसे भरा हुआ है, इसके छिद्रोंसे सदा मल बहा करता है, अत्यन्त बीभत्स है, पवित्र वस्तुएं भी इसके संसर्गसे दूषित होजाती हैं, सम्यग्ज्ञानी पुरुषोंके वैराग्यका कारण है, इसमें कुछ भी सुन्दर नहीं है, इसमें जो इन्द्रिय हैं वे भी किंपाक फलके समान उत्तरकालमें दुःखदायी हैं, पराधीन हैं, ज्यों ज्यों भोगी पुरुष इनसे भोग भोगता है त्यों त्यों इसकी भोगतृष्णा बढ़ती जाती है। जैसे इन्धनसे अग्निकी और नदियोंसे समुद्रकी तृप्ति नहीं होती है वैसे ही इन इन्द्रियोंसे भी किसीकी तृप्ति नहीं होती। ये इन्द्रियां इसलोक और परलोकमें पतनकी कारण हैं, प्राणी इन्हें सुखका कारण मानता है, किन्तु वास्तवमें ये महादुःखकी कारण हैं, क्योंकि ये आत्माको हितकारक नहीं है, इसप्रकार वैराग्यके कारणोंका चिन्तन करना विरागचिन्तन नामका छठा धर्मध्यान है।

तोपपादसंमूर्च्छनजन्मतो जीवस्य भवाद्भवान्तरसंक्रमणे इषुगतिपाणिमुक्तालाङ्गलिकागोमूत्रिकाः चेति। तत्र इषुगतिरविग्रहा एकसामयिकी ऋज्वी संसारिणां सिद्धानां च जीवानां भवति। पाणिमुक्ता एकविग्रहा द्विसामयिकी संसारिणां भवति। लाङ्गलिका द्विविग्रहा त्रैसामयिकी भवति। गोमूत्रिका त्रिविग्रहा चतुःसामयिकी भवति। एवमनादिसंसारे भ्रमतो जीवस्य गुणविशेषानुपलब्धितस्तस्य भवसंक्रमण निरर्थकमित्येवमादिभवसंक्रमणदोषानुचिन्तनं वा चतुर्गतिभवभ्रमणयोनिचिन्तनं भवविचयं सप्तमं धर्म्यम्। ७। यथावस्थितमीमांसा संस्थानविचय तत् द्वादशविधम्। अनित्यत्वम् १ अशरणत्वम् २ संसारः ३ एकत्वम् ४ अन्यत्वम् ५ अशुचित्वम् ६ आस्रवः ७ संवरः ८ निर्जरा ९ लोकः १० बोधिदुर्लभः ११ धर्म-स्वाख्यातः १२ इत्यनुप्रेक्षाचिन्तनं संस्थानविचयम् अष्टमं धर्म्यध्यानम्।८। आज्ञाविचयम् अतीन्द्रियज्ञानविषयं ज्ञातुं चतुर्षु ज्ञानेषु बुद्धिशक्त्यभावात् परलोकबन्धमोक्षलोकालोकसदसद्विवेचनीयधर्माधर्मकालद्रव्यादिपदार्थेषु सर्वज्ञप्रामाण्यात् तत्प्रणीतागमकथितमवितथ न सम्यग्दर्शनस्वभावत्वात् निश्चयचिन्तन सर्वज्ञागमं प्रमाणीकृत्य अत्यन्तपरोक्षार्थावधारणं वा आज्ञाविचय नवमं धर्म्यध्यानम् ९। हेतुविचयम् आगमविप्रतिपत्तौ नैगमादिनयविशेषगुणप्रधानभावोपनयदुर्धर्षस्याद्वाद-शक्तिप्रतिक्रियावलम्बिनः तर्कानुसारिरुचेः पुरुषस्य स्वसमयगुणपरसमयदोषविशेषपरिच्छेदेन यत्र गुणप्रकर्षः तत्राभिनिवेशः श्रेयानिति स्याद्वादतीर्थंकरप्रवचने पूर्वापराविरोधहेतुपरिग्रहणसामर्थ्येन समवस्थानगुणानुचिन्तनं हेतुविचयं दशमं धर्म्य-ध्यानम् १०। सर्वमेतम् धर्मध्यान पीतपद्मशुक्ललेश्याबलाधानम् अविरतादिसरागगुणस्थानभूमिकं द्रव्यभावात्मकसप्तप्रकृति-क्षयकारणम्। आ अप्रमत्तात् अन्तर्मुहूर्तकालपरिवर्तनं परोक्षज्ञानत्वात् क्षायोपशमिकभावं स्वर्गापवर्गगतिफलसंवर्तनीयं शेषैकविंशतिभावलक्षणमोहनीयोपशमक्षयनिमित्तम्। तत्पुनः धर्मध्यानमाभ्यन्तर बाह्यं च। सहजशुद्धपरमचैतन्यशालिनि निर्भरानन्दमालिनि भगवति निजात्मन्युपादेयबुद्धिं कृत्वा पश्चादनन्तज्ञानोऽहमनन्तसुखोऽहमित्यादिभावनारूपमाभ्यन्तर-

---

सचित्त, अचित्त, सचित्ताचित्त, शीत, उष्ण, शीतोष्ण, संवृत, विवृत, संवृतविवृत ये नौ योनियां हैं। इन योनियोंमें गर्भ उपपाद और सम्मूर्छन जन्मके द्वारा जीव जन्म लेता है। जब यह जीव एक भवसे दूसरे भवमें जाता है तो इसकी गति चार प्रकारकी होती है–इषुगति, पाणिमुक्ता गति, लांगलिका गति और गोमूत्रिका गति। इषुगति बाणकी तरह सीधी होती है, इसमें एक समय लगता है। यह संसारी जीवोंके भी होती है और सिद्ध जीवोंके भी होती है। शेष तीनों गतियां संसारी जीवोंके ही होती है। पाणिमुक्ता गति एक मोडेवाली होती है, इसमें दो समय लगते हैं। लांगलिका गति दो मोडेवाली होती है, इसमें तीन समय लगते हैं। गोमूत्रिका गति तीन मोडेवाली होती है, इसमें चार समय लगते हैं। इस प्रकार अनादिकालसे संसारमें भटकते हुए जीवके गुणोंमें कुछभी विशेषता नहीं आती, इसलिये उसका यह भटकना निरर्थक ही है, इत्यादि रूपसे भवभ्रमणके दोषोंका विचार करना भवविचय नामका सातवां धर्मध्यान है। अनित्य, अशरण आदि बारह भावनाओंका विचार करना संस्थानविचय धर्मध्यान है। सर्वज्ञके द्वारा उपदिष्ट आगमको प्रमाण मानकर अत्यन्त परोक्ष पदार्थोमें आस्था रखना आज्ञाविचय धर्मध्यान है। आगमके विषयमें विवाद होनेपर नैगम आदि नयोंकी गौणता और प्रधानताके प्रयोगमें कुशल तथा स्याद्वादकी शक्तिसे युक्त तर्कशील मनुष्य अपने आगमके गुणोंको और अन्य आगमोंके दोषोंको जानकर 'जहां गुणोंका आधिक्य हो उसीमें मनको लगाना श्रेष्ठ है' इस अभिप्रायको दृष्टिमें रखकर जो तीर्थङ्करके द्वारा उपदिष्ट प्रवचनमें युक्तियोंके द्वारा पूर्वापर अविरोध देखकर उसकी पुष्टिके लिये युक्तियोंका चिन्तन करता है, वह हेतुविचय धर्मध्यान है। इस प्रकार धर्मध्यानके दस भेद हैं। धर्मध्यानके दो भेद भी हैं–एक आभ्यन्तर और एक बाह्य। सहज शुद्ध चैतन्यसे सुशोभित और

धर्मध्यानमुच्यते १। पञ्चपरमेष्ठिभक्त्यादि तदनुकूलशुभानुष्ठानं बहिरङ्गधर्मध्यानं भवति २। तथा पदस्थपिण्डस्थरूपस्थ-रूपातीत चतुर्विधं ध्यानमाभ्यन्तरं धर्म्यं कथ्यते। "पदस्थं मन्त्रवाक्यस्थं पिण्डस्थं स्वात्मचिन्तनम्। रूपस्थं सर्वचिद्रूपं रूपातीतं निरञ्जनम् ॥" इति धर्मध्यानं विचित्रं ज्ञातव्यम् ॥ "पदान्यालम्ब्य पुण्यानि योगिभिर्यद्विधीयते। तत्पदस्थं मत ध्यानं विचित्रनयपारगैः ॥" तद्यथा। "पणतीससोलछप्पण चदुदुगमेगं च जवह झाएह। परमेट्ठिवाचयाणं अण्णं च गुरूव-एसेण ॥" 'णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाण, णमो लोए सव्वसाहूण।' एतानि पञ्चत्रिंशदक्षराणि सर्वपदानि भण्यते ३५। 'अरहतसिद्धआयरियउवज्झायसाहू।' वा 'अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नमः।' एतानि षोडशाक्षराणि नामपदानि भण्यन्ते १६। 'अरहंतसिद्ध' एतानि षडक्षराणि अर्हत्सिद्धयोर्नामपदे द्वे भण्यते ६। पण, 'असिआउसा' एतानि पञ्चाक्षराण्यादिपदानि भण्यते ५। चदु, 'अरहत' इदमक्षरचतुष्टयमर्हतो नामपदम्। दुग, 'सिद्ध' 'अर्हं' वा इत्यक्षरद्वयस्य सिद्धस्य अर्हतो वा नामादिपदम् २। 'अ' इत्येकाक्षरमर्हत आदिपदम् अथवा 'ओं' इत्येकाक्षर पञ्चपरमेष्ठिनामादिपदम्। तत्कथमिति चेत्। "अरहता असरीरा आयरिया तह उवज्झया मुणिणो। पढमक्खरणिप्पण्णो ओंकारो पंचपरमेट्ठी ॥" 'सवर्णे सह दीर्घः, उ ओ, मोनुस्वारः' इत्यादिना निष्पद्यते। एतेषां पदानां सर्वमन्त्रवादपदेषु मध्ये सारभूतानामिहलोकपरलोकेष्टफलप्रदानाम् अर्थं ज्ञात्वा पश्चादनन्तज्ञानादिगुण-स्मरणरूपेण वचनोच्चारणेन च जापं कुरुत। तथैव शुभोपयोगरूपत्रिगुप्तावस्थायां मौनेन ध्यायत। पुनरपि कथं भूतानां पञ्चपरमेष्ठिवाचकानाम्। अनन्तज्ञानादिगुणयुक्तोऽर्हदाद्यभिधेयः इत्यादिरूपेणार्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसाधुवाचकानाम्। अन्यदपि द्वादशसहस्रप्रमितपञ्चनमस्कारग्रन्थकथितक्रमेण लघुसिद्धचक्र बृहत्सिद्धचक्रमित्यादिदेवार्चनविधानम्। तथाहि।बो

आनन्दसे भरपूर अपनी आत्मामें उपादेयबुद्धि करके पुनः 'मैं अनन्त ज्ञानवाला हूँ' 'मैं अनन्त सुखस्वरूप हूँ' इत्यादि भावना करना आभ्यन्तर धर्मध्यान है। और पंच परमेष्ठीमें भक्ति रखना उनके अनुकूल प्रवृत्ति करना बहिरंग धर्मध्यान है। धर्मध्यानके चार भेद और भी हैं। पदस्थ, पिण्डस्थ रूपस्थ और रूपातीत। ये चारों धर्मध्यान आभ्यन्तर हैं। पवित्र पदोंका आलम्बन लेकर जो ध्यान किया जाता है उसे पदस्थध्यान कहते हैं। द्रव्यसंग्रह में कहा है—"परमेष्ठीके वाचक पैंतीस, सोलह, छै, पांच, चार, दो और एक अक्षरके मंत्रोंको जपो और ध्याओ। तथा गुरुके उपदेशसे अन्य मंत्रोंको भी जपो और ध्याओ"। 'णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं।' यह पैंतीस अक्षरोंका मंत्र है। 'अरहंतसिद्ध आयरिय उवज्झाय साहू' अथवा 'अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नमः' यह मंत्र सोलह अक्षरोंका है। 'अरहंत सिद्ध' यह छै अक्षरोंका मंत्र है। 'अ सि आ उ सा' यह पांच अक्षरका मंत्र है। 'अरहंत' यह चार अक्षरोंका मंत्र है। 'सिद्ध' अथवा 'अर्हं' ये दो अक्षरोंके मंत्र हैं। 'अ' यह एक अक्षरका मंत्र अर्हन्तका वाचक है। अथवा 'ओं' यह एक अक्षरका मंत्र पंचपरमेष्ठीका वाचक है। कहाभी है—'अरहंत, असरीर (सिद्ध) आचार्य, उपाध्याय और मुनि (साधु) इन पांचों परमेष्ठियोंके प्रथम अक्षरोंको लेकर मिलानेसे (अ+अ+आ+उ+म्) पंचपरमेष्ठीका वाचक 'ओं' पद बनता है।' ये मंत्र सब मंत्रोंमें सारभूत हैं तथा इस लोक और परलोकमें इष्ट फलको देनेवाले हैं। इनका अर्थ जानकर अनन्त ज्ञान आदि गुणोंका स्मरण करते हुए और मंत्रका उच्चारण करते हुए जप करना चाहिये। तथा शुभोपयोग पूर्वक मन, वचन और कायको स्थिर करके मौनपूर्वक इनका ध्यान करना चाहिये। इन मंत्रोंके सिवाय बारह हजार प्रमाण पंचनमस्कार ग्रन्थमें कही हुई विधिसे लघुसिद्धचक्र बृहत्-सिद्धचक्र आदि विधानभी करना चाहिये। इस सिद्धचक्रके ध्यानकी विधि इस प्रकार है—नाभिमण्डलमें

भव्यः नाभिमण्डले षोडशदलयुक्तकमले दलं दलं प्रति षोडशस्वरश्रेणिं भ्रमन्तीं चिन्तयेत्। अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः। तथा हृदये चतुर्विंशतिपत्रसंयुक्तकमले पञ्चविंशतिककारादिमकारान्तान् व्यञ्जनान् स्मरेत्। क ख ग घ ङ। च छ ज झ ञ। ट ठ ड ढ ण। त थ द ध न। प फ ब भ म। ततः वदनकमलेऽष्टदलसहिते शेषयकारादिहकारान्तान् वर्णान् प्रदक्षिणं चिन्तयेत्। "इमां प्रसिद्धसिद्धान्तप्रसिद्धां वर्णमातृकाम्। ध्यायेद्यः स श्रुताम्भोधेः पारं गच्छेच्च तत्फलात् ॥" "अथ मन्त्रपदाधीशं सर्वतत्त्वैकनायकम्। आदिमध्यान्तभेदेन स्वरव्यञ्जनसंभवम् ॥ ऊर्ध्वाधो रेफसंरुद्धं सकलं बिन्दुलाञ्छितम्। अनाहतयुतं तत्त्वं मन्त्रराजं प्रचक्षते ॥" र्हं। "देवासुरनत मिथ्यादुर्बोधध्वान्तभास्करम्। शुक्लमूर्धस्थचन्द्रांशुकलापव्याप्तदिग्मुखम् ॥" "हेमाब्जकर्णिकासीनं निर्मलं विधु साङ्गणे। सञ्चरन्तं च चन्द्राभं जिनेन्द्रतुल्यमूर्जितम् ॥" "ब्रह्मा कैश्चिद्धरिः कैश्चिद्बुद्धः कैश्चिन्महेश्वरः। शिवः सार्वस्तथेशानो वर्णोऽयं कीर्तितो महान् ॥" "मन्त्रमूर्तिं किमादाय देवदेवो जिनः स्वयम्। सर्वज्ञः सर्वगः शान्तः साक्षादेष व्यवस्थितः ॥" "ज्ञानबीजं जगद्वन्द्यं जन्ममृत्युजरापहम्। आकारादिहकारान्त रेफबिन्दुकलाङ्कितम् ॥" भुक्तिमुक्त्यादिदातार स्रवन्तममृताम्बुभिः। मन्त्रराजमिदं ध्यायेत् धीमान् विश्वसुखावहम् ॥" "नासाग्रे निश्चलं वापि भ्रूलतान्ते महोज्ज्वलम्। तालुरन्ध्रेण वा यातं विशन्तं वा मुखाम्बुजे ॥" "सकृदुच्चारितो येन मन्त्रोऽयं वा स्थिरीकृतः। हृदि तेनापवर्गाय पाथेयं स्वीकृतं परम् ॥" इमं महामन्त्रराज यो ध्यायति स कर्मक्षयं कृत्वा मोक्षसुखं प्राप्नोति। अर्हं। तथा हकारमात्रं सूक्ष्मचन्द्ररेखासदृशं शान्तिकारणं यो भव्यः चिन्तयति स स्वर्गेषु देवो महर्द्धिको भवेत्। यो भव्य ओंकार पञ्चपरमेष्ठिप्रथमाक्षरोत्पन्न देदीप्यमानं चन्द्रकलाबिन्दुना भिन्नवर्णं धर्मार्थकाममोक्षदं हृदयकमलकर्णिकामध्यस्थं चिन्तामणिसमानं चिन्तयति स भव्यः सर्वसौख्यं लभते। ओं, इमं मन्त्रराज शत्रुस्तम्भने सुवर्णाभं, विद्वेषे कृष्णाभं, वशीकरणे रक्तवर्णं, पापनाशने शुभ्रं, सर्वकार्यसिद्धिकरं चिन्तयेत् ॥ तथा,

---

सोलह पत्रवाले कमलके प्रत्येक दलपर अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ए ऐ ओ औ अं अः इन सोलह स्वरोंका क्रमसे चिन्तन करो। फिर हृदयमें चौबीस पत्तोंसे युक्त कमलके ऊपर क ख ग घ ङ, च छ ज झ ञ, ट ठ ड ढ ण, त थ द ध न, प फ ब भ म, इन ककारसे लेकर मकार तक पचीस व्यंजनोंका चिन्तन करो। फिर आठ दल सहित मुखकमलपर बाकीके यकार से लेकर हकार पर्यन्त वर्णोंको दाहिनी ओर से चिन्तन करो। सिद्धान्तमें प्रसिद्ध इस वर्ण मातृकाका जो ध्यान करता है वह संसारसमुद्रसे पार हो जाता है ॥ समस्त मंत्रपदोंका स्वामी सब तत्त्वोंका नायक, आदि मध्य और अन्तके भेदसे स्वर तथा व्यंजनोंसे उत्पन्न, ऊपर और नीचे रेफसे युक्त, बिन्दुसे चिह्नित हकार (र्हं) बीजाक्षर है। अनाहत सहित इस बीजाक्षरको मंत्रराज कहते हैं। देव और असुर इसे नमस्कार करते हैं, भयंकर अज्ञानरूपी अन्धकारको दूर करनेके लिये वह सूर्य के समान है। अपने मस्तकपर स्थित चन्द्रमा (ँ) की किरणों से यह दिशाओंको व्याप्त करता है। सुवर्णकमलके मध्यमें कर्णिकापर विराजमान, निर्मल चन्द्रमाकी तरह प्रकाशमान, और आकाशमें गमन करते हुए तथा दिशाओंमें व्याप्त होते हुए जिनेन्द्र देवके तुल्य यह मंत्रराज है। कोई इसे ब्रह्मा कहता है, कोई इसे हरि कहता है, कोई इसे बुद्ध कहता है, कोई महेश्वर कहता है, कोई शिव, कोई सार्व और कोई ईशान कहता है। यह मंत्रराज ऐसा है मानो सर्वज्ञ, सर्वव्यापी, शान्तमूर्ति देवाधिदेव जिनेन्द्र स्वयं ही इस मंत्ररूपसे विराजमान हैं ॥ यह ज्ञानका बीज है, जगतसे वन्दनीय है, जन्म मृत्यु और जराको हरनेवाला है, मुक्तिका दाता है, संसारके सुखोंको लाता है, रेफ और बिन्दुसे युक्त अर्हं इस मंत्रका ध्यान करो। नासिकाके अग्र भाग में स्थिर, भौंहोंके मध्यमें स्फुरायमाण, तालुके छिद्रसे जाते हुए और मुखरूपी कमलमें प्रवेश करते हुए इस मंत्रराजका ध्यान करना चाहिये। जिसने एक बार भी इस मंत्रराजको उच्चारण करके अपने हृदयमें स्थिर करलिया, उसने मोक्षके लिये उत्तम कलेवा ग्रहण करलिया। आशय यह है कि जो इस महा-

"पञ्चगुरुनमस्कारलक्षणं मन्त्रमूर्जितम् । चिन्तयेज्जगज्जन्तुपवित्रीकरणक्षमम् ॥" स्फुरद्विमलचन्द्राभे दलाष्टकविभूषिते । कञ्जे तत्कर्णिकासीनं मन्त्रं सप्ताक्षरं स्मरेत् ॥" दिग्दलेषु ततोऽन्येषु विदिक्पत्रेष्वनुक्रमात् । सिद्धादिकं चतुष्कं च दृष्टिबोधादिकं तथा ॥" ओं णमो अरहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आइरियाणं, णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं । अपराजितमन्त्रोऽयं दर्शनज्ञानचारित्रतपांसि । "श्रियमात्यन्तिकीं प्राप्ता योगिनो ये च केचन । अमुमेव महामन्त्रं ते समाराध्य केवलम् ॥" "अनेनैव विशुध्यन्ति जन्तवः पापपङ्किलाः । अनेनैव विमुच्यन्ते भवक्लेशान्मनीषिणः ॥" "एतद्व्यसनपाताले भ्रमत्संसारसागरे । अनेनैव जगत्सर्वमुद्धृत्य विधृतं शिवे ॥" "कृत्वा पापसहस्राणि हत्वा जन्तुशतानि च । अमुं मन्त्रं समाराध्य तिर्यञ्चोऽपि दिवं गताः ॥" तथा यो भव्यः मस्तके भालस्थले मुखे कण्ठे हृदये नाभौ च प्रत्येकमष्टदलकमलं तन्मध्ये कर्णिका विधाय प्रत्येकं पञ्चनमस्कारान् पञ्चत्रिंशद्वर्णोपेतान् कमलं प्रति नवसंख्योपेतान् जपेत् चिन्तयति । अवरोहणारोहणेन द्वादशकमलेषु एकीकृताः नमस्काराः अष्टोत्तरशतप्रमा भवन्ति । तत्फलमाह । "शतमष्टोत्तरं चास्य त्रिशुद्धया चिन्तयन्मुनिः । भुञ्जानोऽपि चतुर्थस्य प्राप्नोत्यविकलं फलम् ॥" मस्तके वदने कण्ठे हृदये नाभिमण्डले । ध्यायेच्चन्द्रकलाकारे योगी प्रत्येकमम्बुजम् ॥" "स्मर मन्त्रपदोद्भूतां महाविद्यां जगन्नुताम् । गुरुपञ्चकनामोत्थषोडशाक्षरराजिताम् ॥" "अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नमः ।" षोडशाक्षरविद्या । "अस्याः शतद्वयं ध्यानी जपन्नेकाग्रमानसः । अनिच्छन्नप्यवाप्नोति चतुर्थतपसः फलम् ॥" "विद्यां षड्वर्णसंभूतामजय्यां पुण्यशालिनीम् । जपन् चतुर्थमभ्येति फलं ध्यानी शतत्रयम् ॥" 'अरहंतसिद्ध' अथवा 'अरहंतसाहु' ॥ "चतुर्वर्णमयं मन्त्रं चतुर्वर्गफलप्रदम् । चतुःशती जपन् योगी चतुर्थस्य फलं लभेत् ॥"

मंत्रका ध्यान करता है वह कर्मोंका क्षय करके मोक्षसुखको पाता है। जो भव्य 'अर्हं' इस मंत्रको अथवा सूक्ष्म चन्द्ररेखाके समान हकार मात्रका चिन्तन करता है वह स्वर्गोंमें महर्द्धिक देव होता है। जो भव्य पंचपरमेष्ठीके प्रथम अक्षरोंसे उत्पन्न ॐ का चिन्तन अपने हृदयकमलमें करता है वह सब सुखों को पाता है ॥ इस मंत्रराज ॐ को शत्रुका स्तम्भन करनेके लिये सुवर्णके समान पीला चिन्तन करे। द्वेषके प्रयोगमें कज्जलकी तरह काला चिन्तन करे, वशीकरणके प्रयोगमें लालवर्णका चिन्तन करे, और पापकर्मका नाश करनेके लिये चन्द्रमाके समान श्वेतवर्णका चिन्तन करे ॥ तथा पंच परमेष्ठियोंको नमस्कार करने रूप महामंत्रका चिन्तन करे। यह नमस्कार मंत्र जगतके जीवोंको पवित्र करनेमें समर्थ है ॥ स्फुरायमान निर्मल चन्द्रमाके समान और आठ पत्रोंसे भूषित कमलकी कर्णिका पर सात अक्षरके मंत्र 'णमो अरिहंताणं' का चिन्तन करे। और उस कर्णिकाके आठ पत्रोंमें से ४ दिशाओंके ४ पत्रोंपर क्रमसे 'णमो सिद्धाणं' णमो आइरियाणं' 'णमो उवज्झायाणं' 'णमो लोए सव्वसाहूणं' इन चार मंत्रपदोंका स्मरण करे। और विदिशाओंके ४ पत्रोंपर क्रमसे 'सम्यग्दर्शनाय नमः' 'सम्यग्ज्ञान नमः' 'सम्यक् चारित्राय नमः' 'सम्यक् तपसे नमः', इन चार पदोंका चिन्तन करे ॥ इस लोकमें जितने भी योगियोंने मोक्षलक्ष्मी को प्राप्त किया उन सबने एकमात्र इस नमस्कार महामंत्रकी आराधना करके ही प्राप्त किया ॥ पापी जीव इसी महामंत्रसे विशुद्ध होते हैं। और इसी महामंत्रके प्रभावसे बुद्धिमान् लोग संसारके क्लेशोंसे छूटते हैं। दुःखरूप होते हैं। और इसी महामंत्रके प्रभावसे बुद्धिमान् लोग संसारके क्लेशोंसे छूटते हैं। दुःखरूप पातालोंसे भरे हुए संसाररूपी समुद्रमें भटकते हुए इस जगतका उद्धार करके इसी मंत्रने मोक्षमें रखा है ॥ हजारों पापोंको करके और सैकड़ों जीवोंको मारकर तिर्यञ्च भी इस महामंत्रकी आराधना करके स्वर्गको प्राप्त हुए ॥ मस्तक, भालस्थान, मुख, कण्ठ, हृदय और नाभिमेंसे प्रत्येकमें आठ पत्तोंका कमल और उसके बीचमें कर्णिकाकी रचना करके प्रत्येक कमलपर पैंतीस अक्षरके पंच नमस्कार मंत्रको नौ बार जपना चाहिये। इस प्रकार ऊपरसे नीचे और नीचेसे ऊपर बारह कमलोंपर जपनेसे १०८ बार जाप हो जाती है। जो मुनि मन वचन और कायको शुद्ध करके इस मंत्रको १०८ बार ध्याता है वह मुनि आहार करता हुआभी एक उपवासके पूर्ण फलको प्राप्त होता है ॥ पंच नमस्कार मंत्रके पांच पदोंसे

अरहत ॥ "वर्णद्वयं श्रुतस्कन्धे सारभूतं शिवप्रदम्। ध्यायेज्जन्मोद्भवाशेषक्लेशनिर्मूलनक्षमम् ॥' 'सिद्ध' 'अर्हं'वा ॥'अवर्णस्य सहस्रार्धं जपन्नानन्दसंभृतः। प्राप्नोत्येकोपवासस्य निर्जरां निर्जिताशयः ॥" 'अः'। तथा "आदिमं चार्हतो नाम्नोऽकारं पञ्चशतप्रमाम्। वाराद् जपेत् त्रिशुध्या यः स चतुर्थफलं श्रयेत् ॥" अ ॥ "पञ्चवर्णमयीं विद्यां पञ्चतत्त्वोपलक्षिताम्। मुनिवीरैः श्रुतस्कन्धाद्बीजबुध्या समुद्धृताम् ॥ 'ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ साय नमः ।'"अस्या निरन्तराभ्यासाद्वशीकृतनिजाशयः। प्रोच्छिनत्त्याशु निःशङ्को निगूढं जन्मबन्धनम् ॥" "मङ्गलशरणोत्तमपदनिकुरम्बं यस्तु संयमी स्मरति। अविकलमेकाग्रधिया स चापवर्गश्रियं श्रयति ॥" चत्तारि मंगलं, अरहंत मंगलं, सिद्ध मंगलं, साहु मंगलं केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगोत्तमा, अरहत लोगोत्तमा, सिद्ध लोगोत्तमा, साहु लोगोत्तमा, केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगोत्तमो। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरहंत सरणं पव्वज्जामि, सिद्ध सरणं पव्वज्जामि, साहु सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तो धम्मो सरणं पव्वज्जामि ॥ "सिद्धेः सौधं समारोढुमियं सोपानमालिका। त्रयोदशाक्षरोत्पन्ना विद्या विश्वातिशायिनी ॥" 'ओं, अरहंत सिद्ध योगि केवली स्वाहा'। यो भव्यः इमम् ऋषिमण्डलमन्त्रराजं सप्तविंशतिवर्णोपेतम् 'ओ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रें ह्रैं ह्रौं ह्रः असिआउसासम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यो नमः।" इति ध्यायति जपति सहस्राष्टकम्। ८००० । स वाञ्छितार्थम् इहपरलोकसुखसर्वाभीष्टं प्राप्नोति। तथा ओं ह्रीं श्री अर्हं नमः। नमः सिद्धाणं। ओ नमो अर्हते केवलिने परमयोगिने अनन्तविशुद्धपरिणामविस्फुरदुरुशुक्लध्यानाग्निनिर्दग्धकर्मबीजाय

उत्पन्न सोलह अक्षरोंके मंत्रका भी जप करना चाहिये। वह मंत्र है-'अर्हत् सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नमः'। जो ध्यानी मनको एकाग्र करके दो सौ बार इस मंत्रका जप करता है वह नहीं चाहते हुएभी एक उपवासके फलको प्राप्त करता है ॥ 'अरहंत सिद्ध' अथवा 'अरहंत साहु' इन छै अक्षरोंके मंत्रको तीन सौ बार जप करनेवाला मनुष्य एक उपवासके फलको प्राप्त होता है ॥ 'अरहंत' इन चार अक्षरोंके मंत्रको चार सौ बार जप करनेवाला मनुष्य एक उपवासके फलको प्राप्त होता है ॥'सिद्ध' अथवा 'अर्हं' यह दो अक्षरोंका मंत्र द्वादशांगका सारभूत है, मोक्षको देनेवाला है और संसारसे उत्पन्न हुए समस्त क्लेशोंको नष्ट करनेमें समर्थ है। इसका ध्यान करना चाहिये ॥ जो मुनि 'अ' इस वर्ण का पांच सौ बार जप करता है वह एक उपवासके फलको प्राप्त करता है ॥ जो मन वचन कायको शुद्ध करके पांच सौ बार 'अर्हत्' के आदि अक्षर 'अ' मंत्रका जाप करता है वह एक उपवासके फलको प्राप्त करता है ॥ पांच तत्त्वोंसे युक्त तथा पांच अक्षरमय 'ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ साय नमः' इस मंत्रको मुनिश्वरोंने द्वादशांग वाणीमेंसे सारभूत समझकर निकाला है। इसके निरन्तर अभ्याससे अति कठिन संसाररूपी बन्धन शीघ्र कट जाता है ॥ जो मुनि 'चत्तारि मंगलं,अरहंता मंगलं,सिद्धा मंगलं,साहू मंगलं, केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा,अरहंता लोगुत्तमा,सिद्धा लोगुत्तमा, साहू लोगुत्तमा,केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो। चत्तारि सरणं पव्वज्जामि, अरहंतसरणं पव्वज्जामि, सिद्धसरणं पव्वज्जामि,साहूसरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि।' एकाग्र मनसे इन पदोंका स्मरण करता है वह महालक्ष्मीको प्राप्त करता है ॥ 'ॐ अर्हत् सिद्ध सयोग केवली स्वाहा' यह तेरह अक्षरोंका मंत्र मोक्ष महलपर चढ़नेके लिये सीढ़ियोंकी पंक्ति है ॥ 'ओं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रें ह्रैं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ साय सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यो नमः' इस सत्ताईस अक्षरोंके ऋषिमण्डल मंत्रको जो भव्य आठ हजार बार जपता है वह इस लोक और परलोकमें समस्त वाञ्छित सुखको पाता है ॥ तथा

प्राप्तानन्तचतुष्टयाय सौम्याय शान्ताय मङ्गलवरदाय अष्टादशदोषरहिताय स्वाहा । तथा । "स्मरेन्दुमण्डलाकारं पुण्डरीकं मुखोदरे । दलाष्टकसमासीनं वर्णाष्टकविराजितम् ॥ ओं णमो अरहंताणमिति वर्णानपि क्रमात् । एकशः प्रतिपत्रं तु तस्मिन्नेव निवेशयेत् ॥ स्वर्णगौरी स्वरोद्भूता केसराली ततः स्मरेत् । कर्णिकां च सुधास्यन्दबिन्दुव्रजविभूषिताम् ॥ (अकारादि) प्रोद्यत्सपूर्णचन्द्राभं चन्द्रबिम्बाच्छनैः शनैः । समागच्छत्सुधाबीजं मायावर्णं तु चिन्तयेत् ॥ विस्फुरन्तमतिस्फीतं प्रभामण्डलमध्यगम् । संचरन्त मुखाम्भोजे तिष्ठन्तं कर्णिकोपरि ॥ ह्री ॥ भ्रमन्तं प्रतिपत्रेषु चरन्त वियति क्षणे । छेदयन्त मनोध्वान्त स्रवन्तममृताम्बुभिः ॥ व्रजन्तं तालुरन्ध्रेण स्फुरन्तं भ्रूलतान्तरे । ज्योतिर्मयमिवाचिन्त्यप्रभावं चिन्तयेन्मुनि ॥" 'ओं णमो अरहंताणं' इमे अष्टौ वर्णाः । ह्रीं । इमं महामन्त्र स्मरन् योगी विषनाशसर्वशास्त्रपारगो भवति । निरन्तराभ्यासात् षड्भिर्मासैर्मुखमध्यात् धूमवर्ति पश्यति । ततः संवत्सरेण मुखान्महाज्वाला निःसरन्तीं पश्यति । तत् सर्वज्ञमुखम् । ततः सर्वज्ञं प्रत्यक्षं पश्यति । यः 'क्ष्वी' इति ध्यायति ललाटे स सकलकल्याण प्राप्नोति । तथा । ओं ह्री । ह्रीं ओं ओं ह्री हसः ॥ ओ अर्हं ॥क्ष्वी॥ ह्री ओ सः ॥ क्ष्वी हं ओ ह्री ॥ ह्री ओ ओं ह्री ॥ उ । छ । क्ष्वी । विद्या च । ओ जोगे मग्गे तच्चे भूए भव्वे भविस्से अक्खे पक्खे जिणपारिस्से स्वाहा । ओं ह्री अर्हं णमो अरहताण ह्रीं नमः ॥ छ ॥ श्रीमद्-

---

'ओं ह्रीं श्रीं अर्हं नमः, णमो सिद्धाणं. और 'ओं नमो अर्हते केवलिने परमयोगिने अनन्तविशुद्धपरिणामविस्फुरदुरुशुक्लध्यानाग्निनिर्दग्धकर्मबीजाय प्राप्तानन्तचतुष्टयाय सौम्याय शान्ताय मंगलवरदाय अष्टादशदोषरहिताय स्वाहा' इन मंत्रोंका ध्यान करना चाहिये। मुखमें चन्द्रमण्डलके आकारका आठ अक्षरोंसे शोभायमान, आठ पत्रोंका एक कमल चिन्तन करना चाहिये ॥ 'ओं णमो अरहंताणं' इन आठ अक्षरोंको क्रमसे इस कमलके आठ पत्रोंपर स्थापन करना चाहिये ॥ इसके पश्चात् अमृतके झरनोंके बिन्दुओंसे शोभित कर्णिकाका चिन्तवन करे और इसमें स्वरोंसे उत्पन्न हुई तथा सुवर्णके समान पीतवर्ण वाली केशरकी पंक्तिका ध्यान करना चाहिये ॥ फिर उदयको प्राप्त हुए पूर्ण चन्द्रमाकी कान्तिके समान और चन्द्रबिम्बसे धीरे धीरे आनेवाले अमृतके बीज रूप मायावर्ण 'ह्रीं' का चिन्तन करना चाहिये ॥ स्फुरायमान होते हुए, अत्यन्त उज्ज्वल प्रभामण्डलके मध्यमें स्थित, कभी पूर्वोक्त मुखकमलमें संचरण करते हुए, कभी उसकी कर्णिकाके ऊपर स्थित, कभी उस कमलके आठों पत्रोंपर घूमते हुए, क्षणभरमें आकाशमें विचरते हुए, मनके अज्ञानान्धकारको दूर करते हुए, अमृतमयी जलसे टपकते हुए, तालुके छिद्रसे गमन करते हुए तथा भौंकी लताओंमें स्फुरायमान होते हुए और ज्योतिर्मयके समान अचिंत्य प्रभाववाले मायावर्ण 'ह्रीं' का चिन्तन करना चाहिये ॥ इस महामंत्रका ध्यान करनेसे योगी समस्त शास्त्रोंमें पारंगत हो जाता है। छै मासतक निरन्तर अभ्यास करनेसे मुखके अन्दरसे धूम निकलते हुए देखता है । फिर एक वर्ष तक अभ्यास करनेसे मुखसे निकलती हुई महाज्वाला देखता है। फिर सर्वज्ञका मुख देखता है । उसके बाद सर्वज्ञको प्रत्यक्ष देखता है। इस प्रकार, मुखकमलमें आठ दलके कमलके ऊपर 'ओं णमो अरिहंताणं' इन आठ अक्षरोंको स्थापन करके ध्यान करनेके फलका वर्णन किया । अब अन्य विद्याओंका वर्णन करते हैं। जो ललाट देशमें 'क्ष्वीं' इस विद्याका ध्यान करता है वह सब कल्याणोंको प्राप्त करता है। ह्रीं ओं ओं ह्रीं हं सः ओं जोग्गे मग्गे तच्चे भूदे भव्वे भविस्से अक्खे पक्खे जिणपारिस्से स्वाहा' 'ओं ह्रीं अर्हं नमो णमो अरहंताणं ह्री नमः,' 'श्रीमद् वृषभादिवर्द्धमानान्तेभ्यो नमः,' इस मंत्रोंका भी ध्यान करना

वृषभादिवर्धमानान्तेभ्यो नमः ॥ ओं अर्हन्मुखकमलवासिनि पापात्मक्षयंकरि श्रुतज्ञानज्वालासहस्रप्रज्वालिते सरस्वति मत्पापं हन हन दह दह क्षां क्षीं क्षूं क्षौं क्षः क्षीरधवले अमृतसंभवे वं वं हूं हूं स्वाहा । इयं पापभक्षिणी विद्या । सिद्धचक्रम् । असिआउसा । अवर्णं नाभिकमले, सि मस्तककमले, सा मुखकमले, आ कण्ठकमले, उ हृदये । नमः सर्वसिद्धेभ्यः । ओंकार-ह्रींकार-अकार-अर्हम् इत्यादिकं क स्मरणीयम् । "नेत्रद्वन्द्वे श्रवणयुगले नासिकाग्रे ललाटे, वक्त्रे नाभौ शिरसि हृदये तालुनि भ्रूयुगान्ते । ध्यानस्थानान्यमलमतिभिः कीर्तितान्यत्र देहे, तेष्वेकस्मिन् विगतविषयं चित्तमालम्बनीयम् ॥" इति । इति पदस्थध्यान समाप्तम् ॥ अथ पिण्डस्थध्यानमुच्यते । पिण्डस्थध्याने पञ्च धारणा भवन्ति । ताः काः पार्थिवी १, आग्नेयी २, मारुती ३, वारुणी ४, तात्त्विकी ५ चेति । निरञ्जनस्थाने योगी चिन्तयति । किम् । क्षीरसमुद्र रज्जुप्रमाणमध्यलोकसमानं शब्दरहितमुपशमितकल्लोलं कर्पूरहारतुषारदुग्धवदुज्ज्वलं स्मरति । तस्य मध्ये जम्बूद्वीपप्रमाण सहस्रदलकमल सुवर्णं देदीप्यमानं तद्रूपस्थपद्मरागमणिसदृशकेसरालीविराजितं मनोभ्रमररञ्जकं स्मरति । तत्र जम्बूद्वीपप्रमाण–सहस्रदलकमले हेमनिभे कनकाचलमयी दिव्यकर्णिका चिन्तयेत् । ततः तत्कर्णिकाया मध्ये शरत्कालचन्द्रसदृशमुन्नतं सिंहासनं चिन्तयति । ततः तस्य सिंहासनोपरि आत्मानं सुखासीन शान्तदान्तरागद्वेषादिरहितं ध्यायेत् पार्थिवी । १ । ततोऽसौ ध्यानी निजनाभिमण्डले मनोज्ञकमनीयषोडशोन्नतपत्रकं कमल, तस्य कमलस्य पत्रं पत्र प्रति स्वरम्, एवं षोडशस्वरान् स्मरेत् । तत्कर्णिकाया मध्ये महामन्त्रं विस्फुरन्तम् ऊर्ध्वरेफं कलाबिन्दुसहित चन्द्रकोटिकान्त्या व्याप्तदिग्मुखं 'अर्हं' इति चिन्तयेत् । ततस्तस्याहंमित्यक्षरस्य रेफात् निर्गच्छन्तीं धूमशिखां स्मरेत् । ततस्तत्पश्चात् स्फुलिङ्गपंक्तीः अग्निकणान् चिन्तयेत् । ततः ज्वालावलीम् । अग्निज्वालाश्रेणी चिन्तयेत् । ततः तेन ज्वालाकलापेन वर्धमानेन हृदयस्थितं कमल दहति । तत्कमलमष्टकर्मनिर्माणमष्टपत्राढ्यम् अधोमुख महामन्त्रोत्पन्नवैश्वानरो दहति । ततः शरीरस्य बहिः त्रिकोणम् अग्निमण्डलम् । "वाह्निबीजसमाक्रान्तत पर्यन्ते स्वस्तिकाङ्कितम् । ऊर्ध्वं वायुपुरोद्भूतं निर्धूमं कनकप्रभम् ॥" "अन्तर्दहति मन्त्रार्चिर्बहिर्वह्निपुरपुरम् । धगद्धगति विस्फूर्जज्ज्वालाप्रचयभासुरम् ॥ भस्मभावमसौ नीत्वा शरीरं तच्च पङ्कजम् । दाह्याभावात् स्वयं शान्ति

चाहिये 'ओं अर्हन्मुखकमलवासिनि पापात्मक्षयंकरि श्रुतज्ञानज्वालासहस्रप्रज्वलिते सरस्वति मत्पापं हन हन दह दह क्षां क्षीं क्षूं क्षौं क्षः क्षीरवरधवले अमृतसंभवे वं वं हूं हूं स्वाहा ।' ये पापभक्षिणी विद्याके अक्षर हैं । सिद्धचक्रमंत्रका भी ध्यान करना चाहिये । अ सि आ उ सा इन पांच अक्षरोंमें से 'अकार' को नाभिकमलमें, 'सि' अक्षरको मस्तक कमलपर, 'आ' अक्षरको कंठस्थ कमलमें, 'उ' अक्षरको हृदय कमलपर और 'सा' अक्षरको मुखस्थ कमलपर चिन्तवन करना चाहिये । 'नमः सर्वसिद्धेभ्यः' यह भी एक मंत्रपद है । इस शरीरमें निर्मल ज्ञानियोंने मुख, नाभि, शिर, हृदय, तालु भृकुटियोंका मध्य इनको ध्यान करनेके स्थान कहा है । उनमेंसे किसी एकमें चित्तको स्थिर करना चाहिये । इस प्रकार पदस्थ ध्यानका वर्णन समाप्त हुआ । अब पिण्डस्थ ध्यानको कहते हैं । पिण्डस्थ ध्यानमें पांच धाराएँ होती हैं । पार्थिवी, आग्नेयी, मारुती, वारुणी और तात्त्विकी । इनमेंसे पहले पार्थिवी धारणाको कहते हैं । प्रथम ही योगी किसी निर्जन स्थानमें एकराजु प्रमाण मध्य लोकके समान निःशब्द निस्तरंग और कपूर अथवा बरफ या दूधके समान सफेद क्षीरसमुद्रका ध्यान करे । उसमें जम्बूद्वीपके बराबर और कपूर अथवा बरफ या दूधके समान सफेद क्षीरसमुद्रका ध्यान करे । उसमें जम्बूद्वीपके बराबर सुवर्णमय हजार पत्तों वाले कमलका चिन्तन करे । वह कमल पद्मरागमणिके सदृश केसरोंके पंक्तिसे शोभित हो और मनरूपी भौंरेको अनुरक्त करने वाला हो । फिर उस जम्बूद्वीप जितने विस्तार वाले सहस्र दल कमलमें सुमेरुमय दिव्य कर्णिकाका चिन्तन करे । फिर उस कर्णिकामें शरद् कालके चन्द्रमाके समान श्वेतवर्णका एक ऊंचा सिंहासन चिन्तन करे । उस सिंहासनपर अपनेको सुखसे बैठा हुआ शान्त, जितेन्द्रिय और रागद्वेषसे रहित चिन्तवन करे । यह पार्थिवी धारणाका स्वरूप है । इसके पश्चात् वह ध्यानी पुरुष अपने नाभिमण्डलमें सोलह ऊंचे पत्तोंवाले एक मनोहर कमलका

याति वह्निः शनैः शनैः ॥" इति आग्नेयी धारणा ।२। "अथापूर्य दिशाकाशं संचरन्तं महाबलम् । महावेगं स्मरेत् ध्यानी समीरणं निरन्तरम् ॥ तद्रजः शीघ्रमुद्धूय तेन प्रबलवायुना । ततः स्थिरीकृताभ्यासः पवनं शान्तिमानयेत् ॥" इति मारुती ।३। "वारुण्यां जलदव्रातं स वर्षन्तं नभस्तलात् । स्थूलधाराप्रजैर्विद्युद्गर्जनैः सह चिन्तयेत् ॥ ततोऽर्धेन्दुसमं कान्तं पुरं वरुणलाञ्छितम् । स्मरेत्सुधापयःपूरैः प्लावयन्तं नभोंगणम् ॥ तेन ध्यानोत्थनीरेण दिव्येन प्रबलेन सः । प्रक्षालयेच्च निःशेषं तद्भस्म कायसंभवम् ॥ इति वारुणी । ४ । ततः योगी स्वात्मानं सर्वज्ञसदृशं सप्तधातुविनिर्मुक्तं चन्द्रकोटिकान्तिसमं सिंहासनारूढं दिव्यातिशयसंयुतं कल्याणमहिमोपेतं देववृन्दैरर्चितं कर्ममलकलङ्करहितं स्वस्वरूपं चिन्तयेत् । "तेओ पुरुसायारो झायव्वो णियसरीरगब्भत्थो । सियकिरणविप्फुरंतो अप्पा परमप्पयसरूवो ॥ णियणाहिकमलमज्झे परिट्ठिय विप्फुरंतरविनेयं । झाएह अरुहरूव झाणं त मुणह पिंडत्थ ॥ झायह णिय-करमज्झे मालयले हिययकंठदेसम्हि । जिणरूवं रवितेयं पिंडत्थ मुणह झाणम्हि ॥" "मस्तके वदने कण्ठे हृदये नाभिमण्डले । ध्यायेच्चन्द्रकलाकारे योगी प्रत्येकमम्बुजम् ॥" सिद्धसादृश्य गतसिक्थमूषिकागर्भसमान स्वात्मानं ध्यानी ध्यायेत् सिद्धसुखादिकं लभेत् । इति पिण्डस्थध्यानं समाप्तम् ॥ अथ रूपस्थध्यानमुच्यते । ध्यानी समवसरणस्थं जिनेन्द्रचन्द्रं चिन्तयेत् । "मानस्तम्भाः सरासि प्रविमलजलसत्खातिका पुष्पवाटी, प्राकारो नाट्यशालाद्वितयमुपवन वेदिकान्तर्ध्वजाद्याः ।

ध्यान करे। फिर उस कमलके सोलह पत्रोंपर 'अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ॡ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः, इन सोलह अक्षरोंका ध्यान करे । और उस कमलकी कर्णिकापर 'अर्हं' (ह्रँ) इस महामंत्रका चिन्तन करे । इसके पश्चात् उस महामंत्रके रेफसे निकलती हुई धूमकी शिखाका चिन्तवन करे । उसके पश्चात् उसमेंसे निकलते हुए स्फुलिंगोंकी पंक्तिका चिन्तवन करे । फिर उसमेंसे निकलती हुई ज्वालाकी लपटोंका चिन्तन करे । फिर क्रमसे बढ़ते हुए उस ज्वालाके समूहसे अपने हृदयमें स्थित कमलको जलता हुआ चिन्तन करे । वह हृदयमें स्थित कमल आठ पत्रोंका हो उसका मुख नीचेकी ओर हो और उन आठ पत्रोंपर आठ कर्म स्थित हों। उस कमलको नाभिमें स्थित कमलकी कर्णिकापर विराजमान 'ह्रँ' से उठती हुई प्रबल अग्नि निरन्तर जला रही है ऐसा चिन्तन करे । उस कमलके दग्ध होनेके पश्चात् शरीरके बाहर त्रिकोण अग्निका चिन्तन करे । वह अग्नि बीजाक्षर 'र' से व्याप्त हो और अन्तमें स्वस्तिकसे चिह्नित हो । इस प्रकार वह धगधग करती हुई लपटोंके समूहसे देदीप्यमान अग्निमंडल नाभिमें स्थित कमल और शरीरको जलाकर राख कर देता है । फिर कुछ जलानेको न होनेसे वह अग्निमण्डल धीरे धीरे स्वयं शान्त हो जाता है । यह दूसरी आग्नेय धारणाका स्वरूप कहते हैं । आगे मारुती धारणाका स्वरूप कहते हैं । ध्यानी पुरुष आकाशमें विचरण करते हुए महावेगवाले बलवान वायुमण्डलका चिन्तन करे । फिर यह चिन्तन करे कि उस शरीर वगैरहकी भस्मको उस वायुमण्डलने उड़ा दिया फिर उस वायुको स्थिर रूप चिन्तवन करके शान्त कर दे । यह मारुती धारणाका स्वरूप है । आगे वारुणी धारणाका वर्णन करते हैं । फिर वह ध्यानी पुरुष आकाश से गर्जन तर्जनके साथ बरसते हुए मेघोंका चिन्तन करे । फिर अर्ध चन्द्रमाके आकार मनोहर और जलके प्रवाहसे आकाश रूपी आंगनको बहाते हुए वरुण मण्डलका चिन्तवन करे । उस दिव्य ध्यानसे उत्पन्न हुए जलसे शरीरके जलनेसे उत्पन्न हुई राखको धोता है ऐसा चिन्तन करे । यह वारुणी धारणा है । अब तत्त्ववती धारणाको कहते हैं । उसके बाद ध्यानी पुरुष अपनेको सर्वज्ञके समान, सप्तधातुरहित, पूर्णचन्द्रमाके समान प्रभावला, सिंहासनपर विराजमान, दिव्य अतिशयोंसे युक्त, कल्याणकोंकी महिमा सहित, देवोंसे पूजित, और कर्मरूपी

शालः कल्पद्रुमाणां सपरिवृतिवनं स्तूपहर्म्यावली च,प्रकारः स्फाटिकोऽन्तर्नृसुरमुनिसभापीठिकाग्रे स्वयंभूः ॥" आदिदेवस्य द्वादशयोजनप्रमाणम्, अजितस्य सार्धैकादशयोजनप्रमाणम्, शम्भवस्यैकादशयोजनमानमित्यादिक्रमेण हीयमानं महावीरस्य योजनप्रमाणं समवसरणम् ।तथा विदेहक्षेत्रस्थितश्रीसीमंधरयुग्मंधरादीनां समवसरणं द्वादशयोजनप्रमाणम् । तत्र समवसरणस्य मध्ये तृतीयसिंहासनोपरि चतुरङ्गुलान्तरित स्वयंभुवमर्हन्तं चिन्तयेत् । तद्यथा । "आर्हन्त्यमहिमोपेतं सर्वज्ञं परमेश्वरम् । ध्यायेद् देवेन्द्रचन्द्रार्कसभान्तस्थं स्वयंभुवम् ॥ सर्वातिशयसंपूर्णं दिव्यलक्षणलक्षितम् । अनन्तमहिमाधारं सयोगिपरमेश्वरम् ॥ सप्तधातुविनिर्मुक्तं मोक्षलक्ष्मीकटाक्षितम् । सर्वभूतहितं देवं शीलशैलेन्द्रशेखरम् ॥" तथा । 'भामण्डलादियुक्तस्य शुद्ध-स्फाटिकभासिनः । चिन्तनं जिनरूपस्य रूपस्थं ध्येयमुच्यते ॥' चतुस्त्रिंशदतिशयोपेतमष्टमहाप्रातिहार्यविराजितमनन्त-ज्ञानाद्यनन्तचतुष्टयमण्डितं द्वादशगणोपेत जिनरूपं चिन्तयेज्ज्ञानी । तथा च । 'णट्ठचाइकम्ममहणो अइसयवरपाडिहेर-संजुत्तो । झाएह धवलवण्णो अरहंतो समवसरणत्थो ॥ एवं झाणं दुविहं सगयं तह परगयं च जं भणियं । सगयं

कलंकसे रहित चिन्तवन करे । फिर अपने शरीरमें स्थित आत्माको आठ कर्मोंसे रहित, अत्यन्त निर्मल पुरुषाकार चिन्तवन करे । इस प्रकार यह पिण्डस्थ ध्यानका वर्णन हुआ । अब रूपस्थ ध्यानको कहते हैं । ध्यानी पुरुषको समवशरणमें स्थित जिनेन्द्र भगवानका चिन्तन करना चाहिये । समवशरणकी रचना इस प्रकार होती है—सबसे प्रथम चारों दिशाओं में चार मानस्तम्भ होते हैं, मानस्तम्भोंके चारों ओर सरोवर होते हैं, फिर निर्मल जलसे भरी हुई खाई होती है, फिर पुष्पवाटिका होती है, उसके आगे पहला कोट होता है, उसके आगे दोनों ओर दो दो नाट्यशालाएँ होती हैं, उसके आगे दूसरा उपवन होता है, उसके आगे वेदिका होती है, फिर ध्वजाओंकी पंक्तियाँ होती हैं, फिर दूसरा कोट होता है, उसके आगे वेदिकासहित कल्पवृक्षोंका उपवन होता है, उसके बाद स्तूप और मकानोंकी पंक्ति होती है, फिर स्फटिकमणिका तीसरा कोट होता है, उसके भीतर मनुष्य, देव और मुनियोंकी बारह सभाएँ हैं । फिर पीठिका है, और पीठिकाके अग्रभागपर स्वयंभु भगवान विराजमान होते हैं । ऋषभ देवके समवसरणका प्रमाण बारह योजन था । अजितनाथके समवसरणका प्रमाण साढ़े ग्यारह योजन था । संभवनाथके समवसरणका प्रमाण ग्यारह योजन था । इस प्रकार क्रमसे घटते घटते महावीर भगवानके समवशरणका प्रमाण एक योजन था । तथा विदेह क्षेत्रमें स्थित श्री सीमंधर जुगमंधर आदि तीर्थङ्करोंके समवसरणका प्रमाण बारह योजन है । ऐसे समवसरणके मध्यमें तीसरे सिंहासनके ऊपर चार अंगुलके अन्तरालसे विराजमान अर्हन्तका चिन्तन करे । लिखा भी है—'अर्हन्तपदकी महिमासे युक्त, समस्त अतिशयोंसे सम्पूर्ण, दिव्य लक्षणोंसे शोभित, अनन्त महिमाके आधार, सयोगकेवली, परमेश्वर, सप्तधातुओंसे रहित, मोक्षरूपी लक्ष्मीके कटाक्षके लक्ष्य, सब प्राणियोंके हित, शीलरूपी पर्वतके शिखर, और देव, इन्द्र, चन्द्र, सूर्य वगैरहकी सभाके मध्यमें स्थित स्वयंभू अर्हन्त भगवानका चिन्तन करना चाहिये । इस तरह चौंतीस अतिशयोंसे युक्त, आठ महाप्रातिहार्योंसे शोभित और अनन्त ज्ञान आदि अनन्त चतुष्टयसे मण्डित तथा बारह सभाओंके बीचमें स्थित जिनरूपका ध्यान करना रूपस्थ ध्यान है ।' और भी कहा है—'घातियकर्मोंसे रहित, अतिशय और प्रातिहार्योंसे युक्त, समवसरणमें स्थित धवलवर्ण अरहंतका ध्यान करना चाहिये । रूपस्थ ध्यान दो प्रकारका होता है—एक स्वगत और एक परगत । आत्माका ध्यान करना स्वगत है और अर्हन्तका ध्यान करना परगत है । इस प्रकार

णियअप्पाणं परमयं च जाव परमेट्ठी ॥' इति रूपस्थं तृतीय ध्यानं समाप्तम् । अथ रूपातीत ध्यानं कथ्यते । 'अथ रूपे स्थिरीभूतचित्तः प्रक्षीणविभ्रमः । अमूर्तमजमव्यक्तं ध्यातुं प्रक्रमते ततः ॥ चिदानन्दमयं शुद्धममूर्तं परमाक्षरम् । स्मरेद्यत्रात्मनात्मानं तद्रूपातीतमिष्यते॥ विचार्येति गुणान् स्वस्य सिद्धानामपि व्यक्तितः। निराकृत्य गुणैर्भेदं स्वपरात्मशिवात्मनाम्॥ तद्गुणग्रामसंपूर्णं तत्स्वभावैकभावितम्। कृत्वात्मान ततो ध्यानी योजयेत्परमात्मनि ॥ यः प्रमाणनयैर्नूनं स्वतत्त्वमवबुध्यते । बुध्यते परमात्मान स योगी वीतविभ्रमः ॥ व्योमाकारमनाकार निष्पन्नं शान्तमच्युतम् । चरमाङ्गात्कियन्न्यून स्वप्रदेशैर्घनैः स्थितम् ॥ लोकाग्रशिखरासीन शिवीभूतमनामयम् । पुरुषाकारमापन्नमप्यमूर्तं च चिन्तयेत् ॥ विनिर्गतमधूच्छिष्टप्रतिमे मूषिकोदरे। यादृग्गगनसंस्थानं तदाकार स्मरेद्विभुम् ॥ सर्वावयवसंपूर्णं सर्वलक्षणलक्षितम् । विशुद्धादर्शसंक्रान्तप्रतिबिम्बसमप्रभम् ॥ इत्यसौ सतताभ्यासवशात्सञ्जातनिश्चयः । अपि स्वप्नाद्यवस्थासु तमेवाध्यक्षमीक्षते ॥ सोऽहं सकलवित्सार्वः सिद्धः साध्यो भवच्युतः । [परमात्मा परंज्योतिर्विश्वदर्शी निरञ्जनः ॥ तदासौ निश्चलोऽमूर्तो निष्कलङ्को जगद्गुरुः ।] चिन्मात्रः प्रस्फुरत्युच्चैर्ध्यातृध्यानविवर्जितः ॥ पृथग्भावमतिक्रम्य तथैक्य परमात्मनि । प्राप्नोति स मुनिः साक्षाद्यथान्यत्वं न विद्यते॥' उक्तं च । 'निःकलः परामात्माहं लोकालोकावभासकः । विश्वव्यापी स्वभावस्थो विकारपरिवर्जितः ॥' तथा चोक्तं । 'ण य

तीसरा रूपस्थ ध्यान समाप्त हुआ। आगे रूपातीत ध्यानको कहते हैं-रूपस्थ ध्यानमें जिसका चित्त स्थिर होगया है और जिसका विभ्रम नष्ट होगया है ऐसा ध्यानी अमूर्त, अजन्मा और इन्द्रियोंके अगोचर परमात्माके ध्यानका आरम्भ करता है ॥ जिस ध्यानमें ध्यानी पुरुष चिदानन्दमय, शुद्ध, अमूर्त, परमाक्षररूप आत्माका आत्माके द्वारा ध्यान करता है उसे रूपातीत ध्यान कहते हैं ॥ इस ध्यानमें पहले अपने गुणोंका विचार करे। फिर सिद्धोंके भी गुणका विचार करे। फिर अपनी आत्मा दूसरी आत्माएं तथा मुक्तात्माओंके बीचमें गुणकृत भेदको दूर करे इसके पश्चात् परमात्माके स्वभावके साथ एकरूपसे भावित अपने आत्माको परमात्माके गुणोंसे पूर्ण करके परमात्मामें मिलादे। जो ध्यानी प्रमाण और नयोंके द्वारा अपने आत्मतत्त्वको जानता है वह योगी बिना किसी सन्देहके परमात्माको जानता है ॥ आकाशके आकार किन्तु पौद्गलिक आकारसे रहित, पूर्ण, शान्त, अपने स्वरूपसे कभी च्युत न होनेवाले, अन्तके शरीरसे कुछ कम, अपने घनीभूत प्रदेशोंसे स्थिर, लोकके अग्रभागमें विराजमान, कल्याणरूप, रोगरहित, और पुरुषाकार होकर भी अमूर्त सिद्ध परमेष्ठीका चिन्तन करे ॥ जिसमेंसे मोम निकल गया है ऐसी मूषिकाके उदरमें जैसा आकाशका आकार रहता है तदाकार सिद्ध परमात्माका ध्यान करे ॥ समस्त अवयवोंसे पूर्ण और समस्त लक्षणोंसे लक्षित, तथा निर्मल दर्पणमें पड़ते हुए प्रतिबिम्बके समान प्रभावाले परमात्माका चिन्तन करे ॥ इस प्रकार निरन्तर अभ्यासके वशसे जिसे निश्चय होगया है ऐसा ध्यानी पुरुष स्वप्नादि अवस्थामें भी उसी परमात्माको प्रत्यक्ष देखता है ॥ इस प्रकार जब अभ्याससे परमात्माका प्रत्यक्ष होने लगे तो इस प्रकार चिन्तन करे-वह परमात्मा मैं ही हूं, मैं ही सर्वज्ञ हूँ, सर्वव्यापक हूँ, मैं सिद्ध हूँ, मैं साध्य हूँ, और संसारसे रहित हूँ। ऐसा चिन्तन करनेसे ध्याता और ध्यानके भेदसे रहित चिन्मात्र स्फुरायमान होता है ॥ उस समय ध्यानी मुनि पृथक्पनेको दूर करके परमात्मासे ऐसे ऐक्यको प्राप्त होता है कि जिससे उसे भेदका भान नहीं होता ॥ कहा भी है—'मैं लोक और अलोकको जानने देखनेवाला, विश्वव्यापी, स्वभावमें स्थिर और विकारोंसे रहित निकल परमात्मा हूँ ।' और भी कहा है—जिसमें न तो शरीरमें स्थित आत्माका विचार करे, न शरीरका विचार करे और न स्वागत या परगत

चिंतइ देहत्थं देहं च ण चिंतए किं पि । ण सगयपरगयरूवं तं गयरूवं णिरालंबं ॥ जत्थ ण झाणं झेयं झायारो णेय चिंतणं किंपि । ण य धारणावियप्पो तं झाणं सुट्ठु भाणिज्ज ॥' 'धर्मध्यानस्य विज्ञेया स्थितिरान्तर्मुहूर्तिका । क्षायोपशमिको भावो लेश्या शुक्लैव शाश्वती ॥' इति रूपातीतं चतुर्थं ध्यानम् । धर्मध्यानवर्णनं समाप्तम् ॥४८२॥ अथ शुक्लध्यानं गाथापञ्चकेन विशदयति ।

जत्थ गुणा सुविसुद्धा उवसम-खमणं च जत्थ कम्माणं ।
लेसा वि जत्थ सुक्का तं सुक्कं भण्णदे झाणं ॥४८३॥

[छाया-यत्र गुणाः सुविशुद्धाः उपशमक्षपणं च यत्र कर्मणाम् । लेश्या अपि यत्र शुक्ला तत् शुक्लं भण्यते ध्यानम्॥] तत् प्रसिद्धं शुक्लं शुक्लाख्यं ध्यानं भण्यते कथ्यते जिनैरिति शेषः । तत् किम् । यत्र गुणः सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रादयो गुणाः सकलमूलोत्तरगुणा वा । कथंभूतास्ते गुणाः । सुविशुद्धाः शङ्कादिमलरहिताः । च पुनः, यत्र ध्याने कर्मणा मिथ्यात्वादिप्रकृतीनाम् उपशमः करणत्रयविधानेन उपशमनम् । वज्रवृषभनाराचवज्रनाराचनाराचसंहननाविष्टो मुनिः अपूर्वोपशमकानिवृत्त्युपशमकसूक्ष्मसांपरायोपशमकोपशान्तकषायपर्यन्तगुणस्थानचतुष्टये उपशमश्रेणिघटितः उपशमसम्यग्दृष्टिरष्टाविंशतिमोहनीयकर्मप्रकृतीनाम् उपशमं विदधाति, पृथक्त्ववितर्कवीचारशुक्लध्यानबलेन उपशमं करोति । क्षायिकसम्यग्दृष्टिस्तु एकविंशतिप्रकृतीनामुपशमं विदधाति । तद्ध्यानबलेनेत्यर्थः । अथवा क्षपणं कर्मणा निःशेषनाशनं च । वज्रवृषभनाराचसंहननस्थ क्षपकः अपूर्वकरणक्षपकानिवृत्तिकरणक्षपकसूक्ष्मसांपरायक्षपकाभिधानगुणस्थानत्रये क्षपकश्रेण्यारूढः प्रथमशुक्लध्यानबलेन ज्ञानावरणादीनां प्रकृतीनां क्षयं विदधाति इत्यर्थः । अपि पुनः, यत्र शुक्लध्याने लेश्यापि शुक्ला, अपिशब्दात् न केवलं ध्यानं शुक्लं शुक्ला शुक्ललेश्यासहितं शुक्लं ध्यानं चतुर्थं स्यादित्यर्थः । तथा चोक्तं ज्ञानार्णवे । 'आदिसंहननोपेतः सर्वज्ञः पुण्यचेष्टितः । चतुर्विधमपि ध्यानं स शुक्लं ध्यातुमर्हति ॥' 'शुचिगुणयोगाच्छुक्लं कषायरजसः

